वस्ति नाम बड़ी ऑत के लिए प्रयुक्त होता है । इस अभ्यास में गुदा द्वारा वायु अथवा जल को खीचा जाता है जिससे बड़ी ऑत की सफाई होती है। चुँकि बड़ी आंत शरीर में अवशिष्ट पदार्थो का निष्काषन शरीर से बाहर करती है।

महर्षि घेरण्ड वस्ति के भेदों को बताते हुए कहते है–

जल वस्ति शुष्कुवस्तिर्वस्ती चद्विविथौस्मृतौ
जल वस्ति जल कुर्वाच्छुषकवस्तिं सदा क्षितौ
घेरण्ड संहिता 1/45

अर्थात वस्ति कर्म दो प्रकार का होता है।

(1) जल वस्ति (2) शुष्क वस्ति

जल वस्ति का अभ्यास जल में किया जाता है शुष्क वस्ति का अभ्यास भूमि पर, सूखे स्थल पर किया जाता है।

15.3.1 जल वस्ति– जल से बड़ी ऑतो की सफाई की यह क्रिया जल वस्ति के नाम से जानी जाती है।

महर्षि घेरण्ड ने जल वस्ति की विधि को इस प्रकार परिभाषित किया है।

नाभिमग्न जले पायुन्यजस्त नालोत्कायसन
आकुन्चंन प्रसारं च जल वस्तिं समाचरेत्

घेरण्ड संहिता 1/46

अर्थात जल में नाभिपर्यत्न बैठकर उत्कट आसन लगाये और गुह्य देश का आकुन्चन प्रसारण करे यह जल वस्ति है।

क्रियाविधि–

1. सरोवर, नदी में उत्कट आसन लगाकर खडे हो जाये।
2. पैरो को उत्कट आसन में इतना मोडे कि जल नाभि तक आ जाये।
3. दोनों हाथों को जंघाओं पर रख लीजिए।
4. गुदा द्वार का संकुचन व प्रसारण कीजिए।

नोट– जल वस्ति की वह प्राचीनतम प्रक्रिया के लाभ एनिमा द्वारा भी लिए जा सकते है।

लाभ –

1. मधुमेह के उपचार में सहायक है।
2. ऑतों के अनेकानेक रोगों विशेष रूप से कब्ज व बवासीर में लाभकारी है।
3. शरीर से दूषित वायु का निष्कासन कर शरीर की शुद्धि करती है।
4. तंत्रिका तंत्र पर इसका प्रभाव पड़ता है।
5. त्वचा सम्बनधित रोगों में भी लाभकारी है।

सावधानियॉं– हठयोग की प्राचीनतम यह क्रिया गुरू के मार्गदर्शन व निर्देश के अनुसार की जानी चाहिए। चूँकि वर्तमान में सरोवर तालाब का जल अशुद्ध देखा गया है। अतः योग गुरू के निर्देशानुसार इस क्रिया की जगह 'एनिमा' घर पर ही लिया जा सकता है।

15.3.2 स्थल वस्ति– चूँकि यह क्रिया स्थयल अर्थात जमीन पर की जाती है अतः यह क्रिया स्थल अर्थात जमीन पर की जाती है अतः यह क्रिया स्थल वस्ति के नाम से जानी जाती है। महर्षि घेरण्ड ने राजा चण्डिकापालि को स्थल वस्ति की क्रियाविधि व लाभ को समझाते हुए कहा –

पश्चिमोत्त्ानतो वस्तिं चालयित्वा शनैशनैः।

अश्विनीमुद्रया पायुमाकुंचयेत्प्र सारयेत्

ववमभ्यासयोगेन कोष्ठरदोषो न विद्यते

विवद्धेयेज्जवठराग्निमामवातं विनाशयेत्

घे0सं0 1/48,49

अर्थात – अश्विनी मुद्रा के द्वारा गुदा का आकुन्चन एवं प्रसारण करना चाहिए। पश्चिमोतान आसन में बैठकर नीचे के भाग में वस्ति का परिचालन करें। नीचे के भाग में वस्ति का इसके साधन से कोष्ठ के दोष एवं आमवात आदि रोगों का शमन और जठराग्नि का वर्धन होता है।

क्रियाविधि–

1. सर्वप्रथम दण्डासन में बैठ जाये।
2. दोनों हाथो से दोनों पैरों की अंगुलियों को पकड़ ले।
3. गुद्रा द्वार का आंकुन्चन एवं प्रसारण कीजिए।
4. श्वास लेते समय गुद्रा द्वारा का आंकुन्चन तथा श्वास छोड़ते समय गुदा द्वार का प्रसारण कीजिए।

लाभ–

1. बड़ी आंत की स्वछता की यह सर्वोत्तम विधि है।
2. इस अभ्यास को नियमित करने से कोष्ठ दोष से मुक्ति मिलती है।
3. भूख बढ़ाने में यह क्रिया सहायक है।
4. वायु विकार, अजीर्ण कब्ज, पित्त व कफ दोषों में लाभकारी है।

सावधानियॉं–

1. उच्च रक्त चाप व हार्निया में इस अभ्यास को न करें।
2. पाचन सम्बन्धी कोई गंभीर रोग हो तो वो व्यक्ति भी इस अभ्यास को न करे।
3. योग गुरू की सलाह इस अभ्यास को करना चाहिए।

4. इस अभ्यास को करने से पहले जल वस्ति का अभ्यास कर लें।

अभ्यास प्रश्न

1. बहुविकल्पीय प्रश्न

(क) वस्ति का सम्बन्ध है–

(अ) बड़ी आंत से (ब) छोटी आंत से

(स) यकृत से (द) आमाशय से

(ख) महर्षि घेरण्ड ने घेरण्ड संहिता के किस अध्याय में वस्ति का वर्णन किया है।

(अ) प्रथम (ब) द्वितीय

(स) तृतीय (द) चतुर्थ

15.4 नेति

नेति षटकर्मों की तृतीय शुद्धिकरण की प्रक्रिया है। नेति क्रिया को आधुनिक समय में कान, नाक व गले से सम्बद्ध किया है। नेति क्रिया के माध्यम से मुख्य रूप से उपरोक्त् तीन अंगों (नाक, कान, गले) की सफाई होती है। शास्त्रीय विवेचन करे तो हठयोग के महत्वतपूर्ण ग्रन्थों हठ–प्रदीपिका व घेरण्ड संहिता में नेति की प्रक्रिया में सिर्फ सूत्र नेति का वर्णन मिलता है। परन्तु वर्तमान में नेति क्रिया अनेको रूपों में प्रयोग की जाती है। जैसे जल नेति, दुग्ध् नेति, घृत नेति, मूत्र नेति, रबर नेति, सूत्र नेति इत्याहदि। महर्षि घेरण्ड ने घेरण्ड संहिता में नेति की क्रिया को इस प्रकार परिभाषित किया है।

वितस्तिमानं सूक्ष्मिसूत्रं नासानाले प्रवेशयेत

मुखानिर्गभयेत्श्चोसत प्रोच्यरते नेतिकर्मकम

साधनानेतिकार्यस्य् खेचरीसिद्धिमात्नुयात्

कफदोषाः विनश्ययन्ति दिव्द्‌ृष्टिरू प्रजायते्

घे0सं0 1/50,51

अर्थात,

वालिश्तभर (आधा हाथ) लम्बा डोरा लेकर नासिका में घुसायें और मुख से बाहर निकाल दें। इसे नेति कर्म कहते है। इसका साधन करने से खेचरी की सिद्धि कफ–दोषों की निवृत्ति और दिव्य दृष्टि की उपलब्धि होती है।

भलई उपरोक्त घेरण्ड संहिता के श्लोक मात्र सूत्र नेति की व्यायख्या की है पर आपको अध्ययन के लिए नेति की वर्तमान में प्रचलित विविध विधियों की व्याख्या की जा रही है।

15.4.1 जल नेति– जल द्वारा इसमें नासिका मार्ग का शुद्धिकरण किया जाता है।

क्रियाविधि–

(1) नेति पोट (टोटीं वाला लोटा) ले लीजिए।

(2) उकडूं बैठकर या बडे होकर सिर को आगे झुकाये।

(3) स्वच्छ जल शरीर के तापमान को बराबर जिसमें नमक (स्वादानुसार) डला हो उसे नेति पोट में भर लीजिए।

(4) जो स्वर चल रहा हो उसमें नेति पोट के टोटी को घुसाये।

(5) मुँह खोल जीजिए तथा गर्दन को थोड़ा झुकायें।

(6) जल दूसरे नाक से स्वतः आने लगेगा।

(7) 20–25 सेकण्ड तक जब पानी पूरा खत्म हो जाये नेति पोट की नाक से निकाल लेता या पुनः दूसरी नाक से इस क्रिया को दोहराये।

विशेष –

(1) नेति पोट वर्तमान में प्लाास्टिक व तॉबे, पीतल का बना बाजार में उपलब्ध रहता है।

(2) जल नेति में जल का तथा अन्य नेति में घृत, मूत्र (स्वःमूत्र–मध्य भाग का) प्रयोग गुरू के निर्देशानुसार किया जा सकता है।

15.4.2 रबर नेति– रबर नेति अर्थात कैथेडर द्वारा नासिका मार्ग की सफाई इस प्रक्रिया में की जाती है।

क्रियाविधि–

(1) लम्बी , पतली रबर की ट्यूब (कैथेडर) को (जो अच्छी तरह उबली हो) ले लीजिए।

(2) खडे होकर बिना तनाव लिये जो स्वर चल रहा हो उस ट्यूब को धीरे–धीरे नासिका मार्ग में डाले।

(3) थोड़ी देर बाद रबर नेति (कैथेडर) का दूसरा सिरा गले तक पहुँच जायेगा।

(4) अंगूठा व तर्जनी अंगुली मुँह में डालकर गले से उसके दूसरे सिरे को खीच लीजिए।

(5) थोडी देर दोनों छोरों को पकड़कर उसमें आगे–पीछे घर्षण करें।

(6) अन्त में धीरे–धीरे रबर नेति को बाहर निकाल दीजिए।

(7) पुनः इस प्रक्रिया को दूसरे नासाछिद्र में डालकर दोहराइये।

15.4.3 सूत्र नेति – 7.8 इंच लम्बे 8–10 महीन सूती धागों में मोम डालकर बॅट लीजिए। एक हिस्सेव को लगभग 6 इंच मोम में डालरक कडा होने दे। इस प्रकार सूत्र नेति बनाकर इस प्रक्रिया को किया जाता है।

क्रियाविधिः

1. एक सूत्र नेति लेकर सावधानी पूर्वक जो स्वर चल रहा हो उसमें सूत्र नेति धीरे–धीरे डालिए।
2. थोड़ी देर बाद सूत्र नेति का दूसरा सिरा गले तक पहुँच जायेगा।
3. अंगूठा व तर्जनी अंगुली को मुँह में डालकर गले से उसके दूसरे सिरे को खीच लीजिए।
4. थोड़ी देर सूत्र नेति के दोनों छोरों को पकड़कर घर्षण कीजिए।
5. अन्त में मुँह से सूत्र नेति निकाल दीजिए पुनः दूसरे नाक से इस प्रक्रिया को दोहराये।

नोट – वर्तमान में बाजार में सूत्र नेति बनाई हुए उपलब्ध रहती है। उसे प्रयोग हेतु खरीदा जा सकता है।

सभी प्रकार की नेति की लाभ व सावधानियाॅ इस प्रकार है।

लाभ –

1. नेति क्रिया का साइनस ग्रन्थि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।
2. नाक से निकलने वाले श्लेरष्मा का नियंत्रण करती है।
3. श्वसन संस्थान के रोगों, साइनोसाइटिस, ब्रोकाइटिस, अस्थमा में लाभकारी है।
4. दूर व निकट दृष्टि में अतयन्त लाभकारी है।
5. ऑख, नाक व कानों के रोगों में लाभप्रद है ।
6. नासिका मार्ग में श्ले ष्माो झिल्ली की मालिश होने से उसकी क्रियाशीलता बढ़ती है तथा रक्त का प्रभाव तेज होता है।
7. नेति क्रिया से तनाव, चिन्ता, अवसाद के रोगियों को भी लाभ पहुँचता है।
8. मस्तिष्क में गर्मी, उत्ते जल, मिर्गी की बीमारी में भी इसका सार्थक प्रभाव पड़ता है।

सावधानियाॅ–

1. नासिका मार्ग एक नाजुक अंग है, रबर या सूत्र नाक में नहीं जाये तो जबरदस्ती ना करे।
2. रबर नेति या सूत्र नेति करने से पहले यह अवश्य साफ होनी चाहिए।
3. नेति करते समय हाथ स्वच्छ रहे तथा नाखुन कटे होने चाहिए।
4. एक कुशल मार्गदर्शन में नेति का अभ्यास करें।

15.5 नौलि

नौलि (लौलिकी) षटकर्मो में शुद्धिकरण की चौथी प्रक्रिया है। पिछली इकाई में धौति के प्रकारों में आपने अग्निसार क्रिया का अध्ययन किया। नौलि क्रिया अग्निसार का ही एक प्रकार है या यूँ कहे कि नौलि क्रिया अग्निसार अन्तः धौति की उच्च अभ्यास है। जठराग्नि को बढ़ाने वाली इस क्रिया में उदरगत मॉसपेशियों की मालिश होती है या पेट की समस्त मांसपेशियों की क्रियाशीलता त्वरित गति से बढ़ती है। महर्षि घेरण्ड ने नौलि की क्रियाविधि व लाभों को समझाते हुए कहा है।

अमन्दहवेगेन तुन्द्रि, भामयेदुभपार्श्वरयो
सर्वरोगान्निहन्तीनह देहानलविवर्द्धनम्
घे0सं0 1/52

अर्थात उदर को दोनों पार्श्वो में अत्यतन्त वेगपूर्वक घुमाना चाहिए। यह लौलिकी, अर्थात जठराग्नि का उद्धीपक है।

भलई महर्षि घेरण्ड ने नौलि क्रिया की विधि में उदर को दोनों पार्श्वो में घुमाने की बात कही है पर अध्ययन की सुविधा दृष्टि ने नौलि के निम्नं प्रकार की विधियों को समझना उचित है।

15.5.1 सामान्य या मध्यनम नौलि – इस नौलि में सामान्य रूप से पेट की मॉसपेशियों को समेट कर कुछ देर सिकोड कर रखते है।

क्रियाविधि

1. दोनों पैरो में कन्धे की दूरी के बराबर जगह बनाये।
2. दोनों हाथों को घुटने पर रखकर थोड़ा झुक जाये।
3. पूरा श्वास का रेचक कीजिए।
4. पेट को अन्दर की ओर खींच लीजिए।
5. दोनों हाथों से घुटने पर हल्का दबाब डाले उदर की मांसपे शियॉ बीच में स्वतः हो जायेगी।
6. यह मध्यम या सामान्य नौलि की एक आवृति है।

15.5.2 वाम नौलि – वाम अर्थात बायी और उदरगत मॉसपेशियों के समूह को ले जाना वाम नौलि कहलाती है।

क्रियाविधि –

1. दोनों पैरों में कन्धों की दूरी के बराबर जगह बनाये।
2. दोनों हाथों को घुटनों या जांघों पर रखकर थोड़ा झुक जाइये।
3. फिर उपरोक्त मध्यम नौलि कीजिए।
4. उदर की दाहिनी मॉसपेशियों को ढ़ीला कर दीजिए।
5. तदपश्चात् उदर की बायीं ओर की मांसपेशियों को संकुचित करें।
6. उदरगत मॉसपेशियों का पिण्डी बायी और स्वतः आ जायेगा।
7. यह बाम नौलि की एक आवृति है।

15.5.3 दक्षिण नौलि – दक्षिण अर्थात दाहिने ओर उदरगत मांसपेशियों के समूह को ले जाना दक्षिण नौलि कहलाता है।

क्रियाविधि–

1. दोनों पैरों में कन्धों् की दूरी के बराबर जगह बनाइये।
2. दोनों हाथों की घुटनों पर या जंघाओं पर रख लीजिए।
3. सामान्य नौलि की अवस्थाओ में आये।

4. उदरगत बाये भाग की मांसपेशियों की अन्दर की ओर संकुचित करें।
5. स्वगत मांसपेशियों का पिण्डी संकुचित होकर पेट के दाहिने ओर आ जायेगा।
6. यह दक्षिण नौलि की एक आवृति है।

15.5.4 भ्रमर नौलि – जब उपरोक्त तीनों नौलियों सामान्य, वाम व दक्षिण को एक साथ जोड़ देते है तो वह भ्रमर नौलि कहलाती है। इस नौलि की प्रक्रिया में गुरू के निर्देशानुसार 5–6 बार घड़ी की सुई की दिशा में व 5–6 बार उसकी विपरीत दिशा में उदरगत मांसपेशियों को घुमाते है। इसलिए इसे भ्रमर नौलि के नाम से जाना जाता है।

क्रियाविधि

1. सर्वप्रथम सामान्य (मध्यम) नौलि कीजिए।
2. तद्पश्चात वाम नौलि कीजिए।
3. फिर दक्षिण नौलि कीजिए।
4. जब वेगपूर्वक उपरोक्त क्रिया करेंगे तो भ्रमर नौलि स्वतः ही होने लगेगी।

लाभ –

1. नौलि क्रिया से कुण्डलीनी शक्ति जागृत होती है।
2. उदरगत मांसपेशियों की क्रियाशीलता बढ़ती है तथा वहॉ रक्त् का संचार तीव्र होता है।
3. मणिपुर चक्र की जागृति होती है।
4. तन्त्रिका तन्त्र के साथ–साथ शिराओं पर इस नौलि क्रिया का प्रभाव पड़ता है।
5. रक्त् परिसंचरण संस्थान पर इसका सार्थक प्रभाव पड़ता है।
6. भूख बढ़ती है जठराग्नि बढ़ती है।
7. अग्नाशय पर इसका सार्थक प्रभाव पड़ता है इसलिए मधुमेह में भी लाभकारी है।

सावधानियॉ–

1. नौलि का अभ्याास अगर पेट में दर्द हो तो न करें।
2. हार्निया, पथरी में यह अभ्यास वर्जित है।
3. उच्च रक्त चाप, पेप्टिक अल्सर, एसिडिटी के रोगी इस अभ्यास को नहीं करें।
4. गर्भवती महिलाये इस अभ्यातस को बिल्कुलि न करें।
5. वस्तुतः यौगिक षटकर्म गुरू के निर्देश में ही किये जाते है। इस बात का विशेष ध्यान रखे।
6. भोजन के बाद इस अभ्यास को नहीं करें।
7. नौलि क्रिया से पहले उड्डयान बन्ध और अग्निसार का अभ्यास कर लीजिए।

अभ्यास प्रश्न

2. निम्न् प्रश्नों का एक शब्द में उत्तर दीजिए–

(क) नौलि के कितने भेद बताये गये है।

(ख) नेति को षटकर्मों में किस स्थान पर रखा है।

15.6 सारांश

षटकर्मों में वस्ति, नेति व नौलि की प्रक्रिया के शारीरिक लाभ के साथ–साथ आध्यात्मिक लाभ भी है। इस इकाई में अपने षटकर्मों के तीन महत्वपूर्ण अभ्यासों (वस्ति, नेति व नौलि) का अध्ययन किया वस्ति का सम्बन्ध बडी ऑत की सफाई से, नेति का सम्बन्ध नाक, कान व गले की स्वच्छता से तथा नौलि का सम्बन्ध उदरगत मॉसपेशियों की क्रियाशीलता को बढ़ाने से था।उक्त तीन अभ्यास भलई शारीरिक स्वास्थ्य लाभ को दृष्टित करते है परन्तु इन अभ्यासों के आध्यातमिक लाभ भी है। मूलाधार में सुप्त पड़ी कुण्डलीनी शक्ति जो शक्ति के प्रतीक रूप में हैं उसकी जागृति षटकर्मों के अभ्यास में निहित है और इसका जागरण ही हठयोग का परम लक्ष्य है।

15.7 पारिभाषिक शब्दावली

नेति –नाक, कान, गले से सम्बन्धित

वस्ति – बड़ी ऑत

नौलि – उदरगत मांसपेशियों को घुमाना

निष्कासन– निकालना

उत्कट– आधा बैठी व आधी उठी स्थिति

प्रसारण– फैलाव

एनिमा – बड़ी ऑत की स्वठच्छवता की एक विधि

मधुमेय – मीठा अधिक लेने से होना बाया रोग, शुगर

बवासीर – बड़ी ऑत का एक रोग

कोष्ठर – कोढ या कुष्ठन रोग

शमन – नाश करना

अजीर्ण – अपच

धृत – घी

साइनस – नासिका की एक ग्रन्थि

ब्रोकाइटिस – श्वसन संस्थान का एक रोग

अग्निसार– अग्नि अर्थात आग, सार अर्थात तत्व

मणिपुर – यौगिक चक्रों में से एक चक्र जिसका स्थान नाभि प्रदेश है।

15.8 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1. (क) अ (ख) प्रथम
2. (क) चार (ख) तीसरे

15.9 संदर्भ ग्रंथ सूची

1. घेरण्ड संहिता – महर्षि घेरण्ड प्रकाशक – योग पब्लिकेशन ट्रस्ट, मुंगेर, बिहार

15.10 निबंधात्मक प्रश्न

1. वस्ति क्रिया के विविध प्रकारों की व्याख्या कीजिए।
2. नेति क्रिया क्या है ? सूत्र नेति व जल नेति की क्रियाविधि बताये।
3. नौलि क्रिया के लाभ व सावधानियों की चर्चा कीजिए।
4. बाम नौलि व दक्षिण नौलि की क्रियाविधि बताये।
5. वस्ति क्रिया के क्याल लाभ है विस्तारपूर्वक चर्चा कीजिए।

इकाई–16 घेरण्ड संहिता में वर्णित त्राटक एवं कपालभाति की विधि, लाभ एवं सावधानियाँ

इकाई की संरचना

16.1 प्रस्तावना

पिछली इकाईयों में आपने षटकर्म के चार महत्वपूर्ण अभ्यासों (धौति, वस्ति, नेति, नौलि) का अध्ययन किया तथा इन अभ्यासों की क्रियाविधि प्रकार, लाभ व सावधानियों को समझा। प्रस्तुत इकाई में आप त्राटक व कपालभॉति का अध्ययन करेंगे। ध्यान रहे कि शोधन की क्रियाये अतयन्त गोपनीय है जहॉ इनके लाभ वर्तमान में दृष्टित हो रहे है वही दूसरी ओर उचित मार्गदर्शन में इन अभ्यासों को अगर न करे तो व्यक्ति को नुकसान भी हो सकता है। अतः जिज्ञासु पाठक एक योग्य गुरू के संरक्षण में इन अभ्यासों को करें। वर्तमान में हर व्यक्ति त्राटक व कपालभॉति से सम्बन्धित निम्न प्रश्नो के उत्तर जानने के लिए उत्सुक रहता है।

- ❖ त्राटक कैसे किया जाता है ?
- ❖ त्राटक करने में क्याा सावधानियॉ बरतनी चाहिए ?
- ❖ त्राटक के शारीरिक मानसिक व आध्याात्मिक लाभ क्या है ?
- ❖ कपालभॉति कैसे की जाती है ?
- ❖ इसका शरीर पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

आगे के पृष्ठों का अध्ययन कर लेने के पश्चात् आप उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर जान लेने में सक्षम हो जायेंगे।

16.2 उद्देश्य

इस इकाई में हमारा उद्देश्य आपको षटकर्मों की अन्तिम दो क्रियाओं त्राटक व कपालभॉति की जानकारी देना है। इस इकाई का अध्ययन कर लेने के पश्चात आपको निम्नलिखित तथ्यो का ज्ञान हो जायेगा।

- ❖ त्राटक की क्रिया कैसे की जाती है और यह कितने प्रकार की है।
- ❖ त्राटक का शरीर व मन पर क्या प्रभाव पड़ता है ?
- ❖ कपालभाति वस्तुतः कितने प्रकार की होती है।
- ❖ कपालभॉति करने से क्या लाभ है ?

16.3 त्राटक

त्राटक शुद्धिकरण की पॉचवी प्रक्रिया है। त्राटक का अर्थ है किसी एक वस्तु या प्रतीक को लगातार देखते रहना। त्राटक का एक अर्थ है लक्ष्य को एकटक देखते हुए उसके प्रति सजग रहना। त्राटक की प्रक्रिया दिव्य नेत्रों को प्रदान करने वाली तो है ही साथ ही साथ इस प्रक्रिया के कई मानसिक व आध्यात्मिक लाभ भी है। व्यक्ति अपने मस्तिष्क को त्राटक के अभ्यास से प्रभावित कर सकता है। मस्तिष्क ही पूरे शरीर में स्थित तन्त्रों का नियंत्रक

है। हमारी सोच, विचारणा, संवेदना का केन्द्रबिन्दु है। मस्तिष्क में ही सृजन व रचनात्मकता का एक विचार उत्पन्न, होता है। सृजन का एक विचार सामान्य मानव को महामानव बना देता है। हमारे अन्दर अन्तरनिहित शक्तियों का जागरण त्राटक क्रिया से सम्भव होता है तथा साथ ही साथ त्राटक से मस्तिष्क के क्षेत्र को शान्त और निर्मल बनाया जा सकता है। त्राटक वास्तव में आन्तरिक सजगता की एक उच्च अवस्था है।

महर्षि घेरण्ड ने राजा चण्डिकापालि को त्राटक की क्रियाविधि व लाभ की ओर इशारा करते हुए कहा

निमेषोन्मेहषकं त्वरक्वापाल सूक्ष्मवलक्ष्यां निरीक्षयेत्
पतन्ति यावदश्रूणित्राटकं प्रोच्यवते बुधै
एवभभ्यायसयोगेन शाम्वी जायतेध्रुवम्
नेत्ररोगा विनश्य न्ति दिव्यतदृष्टिरू प्रजायते

घे०सं० १/५३–५४

अर्थात– निमेष–उन्मेष को रोककर जब तक ऑसू न गिरने लगे, तब तक किसी सूक्ष्म लक्ष्य की ओर टकटकी लगा कर देखते रहने को त्राटक कहते है। इसके अभ्यास से शाम्भवी मुद्रा की प्राप्ति होती है।

16.4 त्राटक के प्रकार

महर्षि घेरण्ड ने त्राटक की प्रक्रिया में एक सूक्ष्म लक्ष्य की ओर टकटकी लगा कर देखते रहने की बात की है। योग शास्त्रों में त्राटक की तीन महत्वपूर्ण प्रक्रियाये बताई है। पहली प्रक्रिया का नाम वहिःत्राटक है इसमें संसार में साकार रूप में जितनी वस्तुए दिखाई देती है जैसे– सूर्य चन्द्रमा, तारे, मूर्ति, वृक्ष, आराध्य का चित्र, महायोगियों का चित्र पर त्राटक किया जाता है। दूसरी प्रक्रियायें का नाम है अन्तरंग त्राटक। इस त्राटक में साधक अपनी कल्पना शक्ति का उपयोग कर ऑख बन्द कर प्रतीक पर त्राटक करता है। तीसरी प्रक्रिया का नाम है अधोत्राटक इसका अभ्यास ऑखों को आधा खुला और आधा बन्द कर किया जाता है। त्राटक की उपरोक्त तीनों अवस्थाओं की विस्तृत वर्णन इस प्रकार है।

16.4.1 वहिर्त्राटक – बहिर्त्राटक जैसा नाम से स्पष्ट है बहि अर्थात बाहर, त्राटक अर्थात एकटक देखना। इस प्रक्रिया में पूर्णिमा दृष्टि का प्रयोग किया जाता है संसार में हमें विविध वस्तु ,प्रतीक दिखाई देते है साधक सबसे पहले किसी एक प्रतीक का चुनाव करता है फिर पूर्णिमा दृष्टि का प्रयोग करते हुए उस लक्ष्य को एकटक तब तक देखता है जब तक ऑखों से ऑसू न निकले । तद्पश्चात उस प्रतीक का ऑख बन्द कर अवलोकन करता है। इस प्रक्रिया में जलती मोमबत्ती का प्रयोग भी किया जा सकता है जिसे वर्तमान में कई लोग (Candle light meditation) भी कहते है।

16.4.2 अन्तःरंग त्राटक –अन्तरंग त्राटक के नाम से ही स्पष्ट है है अन्तःरंग का मतलब है अन्तःकरण के अन्दर त्राटक का अर्थ है एकटक देखना। अर्थात ऑख बन्द कर लक्ष्य का काल्पनिक अवलोकन कर उसे देखते रहना। व्यक्ति ऑख खोलकर स्थूल रूप से विविध वस्तुओं को देख सकता है पर जो वस्तुव उसने स्थूल जगत में देखी है अगर व काल्पनिक अवलोकन करे तो अन्तः चक्षु से उसे वह वस्तुए ऑख बन्द कर भी दिखाई देती है।

उदाहरणार्थ ऑख बन्द करवाकर आपसे कहा जाये, आपके ईष्ट, आराध्य, गुरू, सूरज, चन्द्रमा, तारे तो आपको एक पल वह स्पष्ट दिखाई देने लगेंगे भलई आपकी अमा दृष्टि ही क्यो न हो। त्राटक की काल्पनिक अवलोकन की यह प्रक्रिया अन्तःरंग त्राटक का अन्तरत्राटक के नाम से जाती है।

16.4.3 अधोत्राटक – अधोत्राटक की इस प्रक्रिया में ऑखों को आधा खुला आधा बन्द किया जाता है। योग के ग्रन्थों में इस अवस्था को प्रतिपदा दृष्टि, नासिकाग्र मुद्रा या कही इसे शाम्भवी मुद्रा भी कहा जाता है। अधोत्राटक में लक्ष्य या प्रतीक को प्रतिपदा दृष्टि से देखा जाता है अभ्यास के क्रम में बीच में ऑख बन्द कर उसका काल्पनिक अवलोकन भी कर सकते है।

त्राटक भलई शास्त्रों में तीन प्रकार का बताया गया है पर त्राटक की सर्वसुलभ क्रियाविधि को गुरू के निर्देशानुसार निम्नानुसार किया जा सकता है।

16.4.4 त्राटक क्रियाविधि

1. ध्यान के किसी आसन (स्वस्तिक, पदमासन, सिद्धासन या सुखासन) में बैठ जाए।
2. सिर, कन्धे व रीढ की हड्डी एक सीध में रहे।
3. ऑखों के ठीक सामने २ फिट की दूरी पर एक जलती मोमबत्ती रख दीजिए।
4. ऑख बन्द कर काल्पननिक अवलोकन कर शरीर का ध्यान करें।
5. कायास्थैर्यम् का अभ्यास करे तो उचित होगा।
6. अब धीरे से ऑख खोलकर मोमबत्ती की लौ को अनवरत देखते रहे।
7. लौ को तब तक देखे जब तक ऑखों से ऑसू न निकले।
8. ४०–५० सेकण्डो से २–३ मिनट तक लगातार लौ पर त्राटक करे।
9. तद्पश्चात् ऑखे बन्दे कर चिदाकाश में उस लौ का अवलोकन कीजिए।

11. उचित मार्गदर्शन में २–३–४ बार यह प्रक्रिया दोहराई जा सकती है।

16.4.5 लाभ –

1. त्राटक की क्रिया नेत्र दोषों में लाभकारी है।
2. त्राटक के अभ्याास से ऑखों में जमा मल बाहर निकल जा सकता है।
3. दूरदृष्टि दोष, निकट दृष्टिदोष व मोतियाबिन्द में लाभकारी है।
4. त्राटक के आध्याात्मिक लाभ में दिव्यम दृष्टि की प्राप्ति होती है।
5. त्राटक के अभ्यास मात्र से साधक सभी अष्ट सिद्धियों की प्राप्ति कर सकता है।
6. त्राटक के अभ्यास से आत्मसाक्षात्कार किया जा सकता है।
7. त्राटक के अभ्यास से शाम्भवी मुद्रा की भी सिद्धि प्राप्त होती है।
8. चित्त स्थिर व तनाव को दूर करता है।
9. त्राटक के अभ्या्स से पीनियल ग्रन्थि पर सार्थक व सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।
10. स्मरण शक्ति बढ़ाने, कल्पना शक्ति का विकास करने में त्राटक एक अचूक रसायन है।
11. आन्तरिक उत्तेजनाओं पर नियंत्रण होता है आत्मबल बढ़ता है मन शान्त होता है, तथा शक्ति प्रदान होती है।

16.4.6 सावधानियाँ

1. त्राटक का अभ्यास एक कुशल मार्गदर्शन में करना चाहिए।
2. माइग्रेन हो तो त्राटक न करें।
3. अवसाद के रोगियों को भी त्राटक नहीं कराना चाहिए।
4. ऑखों में अगर चश्मा (ज्यांदा पावर) का लगा है तो उचित देखरेख में करें।
5. मोतियाबिन्द का आपरेशन हुआ हो तो वह व्यक्ति भी इस अभ्यास को न करें।
6. इस अभ्यास को प्रातः काल या रात्रि के समय में ही करें।

अभ्यास प्रश्न

1.बहु विकल्पीय प्रश्न

(क) अमा दृष्टि का मतलब है

(अ) ऑखे बन्द रखना (ब) ऑखे खुली रखना

(स) अधखुली ऑखे (द) दिव्य दृष्टि

(ख) घेरण्ड संहिता में त्राटक शुद्धिकरण की कौन सी अवस्था है।

(अ) तीसरी (ब) चौथी

(स) पॉचवी (द) छठी

(ग) अधो त्राटक किया जात है।

(अ) अभा दृष्टि में (ब) प्रतिपदा दृष्टि में

(स) पूर्णिमा दृष्टि में (द) काल्पनिक अवलोकन में

16.5 कपालभॉति

कपालभाति षटकर्मों की अन्तिम क्रिया है। कपाल का अर्थ है मस्तिष्क, व भॉति का अर्थ होता है चमकाना, अर्थात प्रकासित करना। कपालभॉति की क्रिया में मतिष्क का का शोधन होता है। वस्तुतः कपालभाति शोधन की ही क्रिया है परन्तु कई जगह इसे प्राणायाम की क्रिया भी कहा गया है।

प्रिय विद्यार्थियों वास्तव में कपालभॉति नाम सुनकर आपके मानसिक पटल पर एक ही प्रक्रिया आ रही होगी जिसे आप कई बार टी०वी०, योग शिविरों में देख चुके है तथा जिस प्रक्रिया में जोर से (झटके से) श्वास को बाहर निकालते है। परन्तु आपको स्पष्ट कर दूँ कि वास्तव में कपालभॉति श्वास को जोर–जोर निकालने की प्रक्रिया मात्र नहीं है। महर्षि घेरण्ड ने कपालभॉति के अन्य प्रकार भी बताये है अब जिज्ञासु पाठकों के मन में निम्न प्रश्नों को जानने की उत्सुकता हो रही है।

❖ कपालभाति षटकर्म है या प्राणायाम
❖ कपालभाति के कितने प्रकार है।

- ❖ कपालभाति के लाभ क्या है।
- ❖ कपालभाति करने में क्या सावधानियॉ बरतनी चाहिए।

आगे के पृष्ठों का अध्ययन कर लेने के बाद आपको स्वतः ही उपरोक्तं प्रश्नो का उत्तर मिल जायेगा। अभी तक आपने षटकर्मों की पॉच प्रक्रियाओं (धौति, वस्ति, नेति, नौलि, त्राटक) का अध्ययन किया है। उपरोक्त प्रक्रियाओं में पंच तत्वों के माध्यम से आपने शरीर व अन्ततःकरण की शुद्धि की है। षटकर्म की अन्तिम (कपालभाति) की प्रक्रिया में जल व वायु द्वारा शरीर का शुद्धिकरण किया जाता है विशेषतः कपालभॉति की प्रक्रिया में मस्तिष्क का शोधन होता है। शोधन की क्रिया होने के कारण इसे षटकर्म कहा जाता है।

कपालभॉति की एक प्रक्रिया में श्वाास–प्रश्वाोस को जोड़ा जाता है। चूँकि यह प्रक्रिया प्राणायाम (श्वास–प्रश्वास) पर आधारित है इसलिए इसे प्राणायाम भी कहा जाता है। शास्त्रीय मान्याता है कि प्राणायाम के माध्यम से श्वास क्रिया पर व्यक्ति नियंत्रण कर सकता है। प्राणायाम की तीन प्रक्रियाये पूरक, कुम्भक व रेचक मस्तिष्क को अनुप्राणित तो करती ही है साथ ही साथ हमारे रक्त का शोधन भी करती है। कपालभॉति की प्रक्रिया में योगी झटके से श्वास का रेचक करता है इसलिए श्वास के साथ जुड़े रहने के कारण इसे प्राणायाम कहा गया है।

महर्षि घेरण्ड ने कपालभॉति को परिभाषित कर कहा है।
वातक्रमेण व्युत्क्रमेण शीत्क्रमेण विशेषतः
भालभाति त्रिधा कुर्यात्ककफदोषं निवारयेत्

घे०सं० १/५५

अर्थात वातक्रम कपालभाति, व्युत्क्रम कपालभाति और शीतक्रम कपालभाति के भेद से कपालभॉति तीन प्रकार की होती है। इसका साधन करने से कफ से उत्पन्न दोषों का निवारण होता है।

उपरोक्त श्लोक में महर्षि घेरण्ड ने कपालभॉति के प्रकारों की व्यााख्या तो की है साथ ही साथ कपालभाति के लाभों की ओर इशारा करते कहा है कि ''कफदोष निवारयेत'' अर्थात कफदोषों का निवारण भी कपालभाति के अभ्यास से होना है।

16.6 कपालभॉति के प्रकार

महर्षि घेरण्ड ने राजा चण्डिकापालि को हठयोग की शिक्षा देते हुए कपालभॉति के तीन प्रकार बताये है।

16.6.1 वातकर्म कपालभॉति– वात का अर्थ है हवा, वायु कर्म का अर्थ है क्रिया। कपाल का अर्थ मस्तिष्क, भाति का अर्थ है धोंकनी या प्रकाशित इस प्रक्रिया में वायु में वायु तत्व से लोहार की धौकनी के समान शीघ्रता से रेचक करते हुए मस्तिष्क को प्रकाशित करते है। मस्तिष्क को प्रकाशित करने से तात्पर्य है कि मस्तिष्क के एक–एक कोश को अनुप्राणित करना। अगर मस्तिष्क का एक–एक कोश अनुप्राणित हो गया तो साधक सामान्य व्यक्ति से महामानव तक बन सकता है। साधक समाधि की अवस्था तक पहुँच सकता है।

वातक्रम कपालभाति की क्रियाविधि महर्षि घेरण्ड ने इस प्रकार बताई है–

इडया पूरयेद्वायुं रेचयेत्पिडलया पुनः

पिडलया पूरयित्वां पुनश्चडन्द्रेण रेचयेत्

पूरकं रेचकं कृत्वा वेगेन न तु धारयेत्

एवमभ्यास योगेन कफ दोषं निवारयेत्

घे०सं० १/५६–५७

अर्थात – इडा नाडी या बायी नासिक से श्वास अन्दर लेनी है और पिंगला नाडी या दाहिनी नासिका से श्वांस छोड़नी है फिर पिंगला से श्वास अन्दर लेनी है और चन्द्र नाडी (बायी नासिका) से उसे बाहर निकाल देना है। पूरक और रेचक की जो क्रियायें होती है, उनकी गति तेज नहीं होनी चाहिए, इस क्रिया के अभ्यास से सर्दी खांसी से मुक्ति होती है।

क्रियाविधि –

1. ध्यान के किसी आसन में बैठ जाये।
2. कमर, गर्दन व रीढ की हड्डी को एक सीध में रखे।
3. दोनों हाथों को घुटनों पर रखें।
4. दानों नासाछिद्रों से श्वास को झटके के साथ बाहर निकाले तथा पेट को अन्दर पिचकायें।
5. तद्पश्चात् विश्राम कर पुनः प्रक्रिया को दोहराये।

नोट – वातक्रम कपालभॉति की यह प्रक्रिया वर्तमान में प्रचलित है। प्रारम्भ में १०–१५ राउण्ड से शुरू करते हुए गुरू के निर्देश में ४०–५० स्टोक इसके किये जा सकते है।

लाभ –१. पाचन संस्थान के रोगों में लाभकारी है।

२. मस्तिष्क का शोधन कर मानसिक विकारों से मुक्त करती है।

३. मोटापा को कम करता है तथा फेफड़ों की क्षमता को बढ़ती है।

४. कुण्डलिनी जागरण में लाभकारी अभ्यास है।

सावधानियॉ

१. गर्भवती महिलायें इस अभ्यास को न करें।

२. हार्निया या पेट का आपरेशन हुआ हो तो भी यह अभ्यास नहीं करना चाहिए।

३. उच्च रक्तचाप, हृदय रोग के रोगी इस अभ्यास को न करे।

४. अभ्यास के दौरान चक्कर आने लगे तो अभ्यास बन्द कर दे।

16.6.2 व्युत्क्रम कपालभॉति – व्युत का अर्थ है उल्टा तथा क्रम का अर्थ है क्रिया। व्युत्क्रम कपालभॉति की इस प्रक्रिया में नाक से पानी खींचकर मुँह से निकाला जाता है। महर्षि घेरण्ड व्युतक्रम कपालभॉति की प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुए कहते है–

नाभाभ्यांर जलमाकृष्यक पुनर्वक्त्रेणरेचयेत्

पायं पायं व्युतत्क्र्मेण श्लेवष्मायदोषं निवारयेत्

घे०सं० १/५८

अर्थात नासिका के दोनों छिद्रों द्वारा जल खींचे और मुख से निकाल दे तथा मुख से जल खींचकर नासिका से निकाल दें, यह व्युतक्रम कपालभॉति कफज दोषों का निवारण करती है।

क्रियाविधि– व्युतक्रम कपालभाति की वर्तमान प्रचलित क्रियाविधि का वर्णन इस प्रकार है–

1. सर्वप्रथम हल्का नमक डला हुआ गुनगुना पानी लें।
2. ग्लास, नेति पात्र या जग में उस पानी को डाल दे।
3. कागी गुद्रा में बैठे तथा दोनों नासाछिद्रोंको पानी में डुबा दे।
4. दोनों नासाछिद्रों से जल को अन्दर खीचें फिर श्वास छोड़ते हुए मुँह से पानी को बाहर निकाल दें।

लाभ –

1. नासिका मार्ग को स्वच्छ करने वाला अभ्यास है।
2. आज्ञा तथा बिन्दु चक्र पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।
3. खेचरी मुद्रा की सिद्धि में लाभकारी है।
4. श्वसन संस्थान को स्वच्छ करता है नेत्र रोगों में लाभकारी है।

सावधानियॉ – यह एक कठिन अभ्यास है योग्य गुरू के निर्देशानुसार ही इस अभ्यास को करना चाहिए।

16.6.3 शीतक्रम कपालभॉति – शीत का अर्थ है ठण्डा व क्रम का अर्थ है क्रिया चूँकि इस क्रिया से शीतलता प्रदान होती है इसलिए इसे शीतक्रम कपालभाति कहते है। महर्षि घेरण्ड शीतक्रम कपालभाति की प्रक्रिया तथा लाभों को बताते कहते है–

शीत्कार करता हुआ साधक मुख के द्वारा जल ग्रहण कर नासिका के द्वारा निकाल दें। यह क्रिया शीतक्रम कपालभॉति कहलाती है। इसके द्वारा साधक का शरीर कामदेव के समान सुन्दर हो जाता है और वार्धक्य या बुढ़ापा नहीं सताता। शरीर में स्वदच्छता उत्पन्न होती है तथा कफदोष का निवारण होता है।

क्रियाविधि –

1. सर्वप्रथम हल्का नमक युक्त गुनगुना पानी ले।
2. पानी को गिलास की सहायता से मुँह में डालकर पूरा मुँह भर लें।
3. लम्बी् गहरी नाक से श्वास भरें।
4. पानी को गले तक घुटके तद्पश्चात ठोडी को कण्ठ कूप पर मिलाये।
5. श्वास को दोनों नासाछिद्रों से बाहर निकाले तो जल स्वतः ही दोनों नासिका से बाहर निकल जायेगा।

लाभ –

1. इस क्रिया से शरीर सुन्दर तथा कान्तिमय हो जाता है।
2. नासिका मार्ग तथा श्वसन संस्थान की गन्दगी बाहर निकल जाती है।
3. शीतक्रम कपालभाति करने से वृद्धावस्था, बिमारी छू नहीं सकती है।
4. मन शान्त रहता है मानसिक रोगों से मुक्ति मिलती है।

सावधानियॉ –

1. यह एक गोपनीय क्रिया है गुरू के संरक्षण में ही इसका अभ्यास करें।
2. प्रयोग किये जाने वाला जल स्वच्छ हो तथा उसमें नमक डला हुआ हो।

16.7 सारांश

त्राटक व कपालभॉति शोधन की एक महत्पूर्ण क्रियाये है। महर्षि घेरण्ड ने त्राटक व कपालभॉति को शोधन क्रिया के रूप में वर्णन किया है। त्राटक का सीधे–सीधे अर्थ व्यक्ति किसी वस्तु का प्रतीक को लगातार देखने के रूप में लेता है कई लोगों की मान्यता है कि त्राटक से दूर दृष्टि आती है व्यक्ति को सम्मोहित किया जा सकता है पर वास्तव में ऐसा नहीं है। हठयोग में त्राटक क्रिया को सिद्धि प्रदायक नहीं वरन एक शुद्धिकरण की क्रिया के रूप में देखा है। त्राटक से मस्तिष्क व नेत्रों का शुद्धिकरण होता है।

कपालभॉति को श्वास–प्रश्वास से होने वाली क्रिया समझकर व्यक्ति इसे प्राणायाम मानता है पर वास्तव में कपालभाति प्राणायाम न होकर एक शोधन की क्रिया है। कपालभॉति से मस्तिष्क का शोधन होता है तथा प्राणमय कोश की शुद्धि होती है।

अभ्यास प्रश्न

सत्य/असत्य बताइये–

2.

(क) घेरण्ड संहिता में कपालभाति को पॉचवे स्थान पर रखा है।

(ख) कपालभाति के तीन भेद है।

(ग) कपालभाति एक प्राणायाम है।

(घ) त्राटक का अर्थ है कि सूक्ष्म लक्ष्य की ओर एकटक देखे रहना।

(ड) शीतक्रम कपालभाति में मुँह से पानी पीकर नाक से निकालते है।

(च) हार्निया या पेट के आपरेशन में वातक्रम कपालभॉति लाभकारी है।

16.8 शब्दावली –

विचारणा – विचार करना, चिन्तन करना, सोचना
अन्तरनिहित – साधक के अन्दर विद्यमान
निमेष – ऑख खोलना
उन्मेष – ऑख बन्द करना
पूर्णिमा दृष्टि– ऑख खोले रखना
अभादृष्टि – ऑखे बन्द रखना
प्रतिपदा दृष्टि –ऑखों को आधा खुला रखना
दृष्टि दोष – ऑखों के विकार

कपाल – मस्तिष्क
भॉति – धौकनी, चमकाना
पूरक –श्वास लेना
कुम्भिक – श्वास रोकना
रेचक – श्वास छोड़ना
कुण्डिलिनी – मूलाधार चक्र के समीप सोई हुई एक शक्ति
नासाछिद्र –नाक के छेद
वात – हवा
हार्निया – आंतों का एक रोग
काग – कौवा
इड़ा –चन्द्र नाडी, वायॉ स्वर
पिंगला –सूर्य नाडी, दायॉ स्वर
व्यूत – उल्टा
शीत – ठण्डा

16.9 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

१ (क) अ (ख) ग (ग) ब

२ (क) असत्य (ख) सत्य (ग) असत्य (घ) सत्य

(ड) सत्य (च) असत्य

16.10 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

१. सरस्वती निरंजनानन्द स्वामी घेरण्ड संहिता (१६६७) योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट मुगेंर बिहार।
२. सरस्वती सत्यानन्द् स्वामी आसन प्राणायाम मुद्रा बंध (१६६६) योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट मुगेंर बिहार ।
३. गौरे डॉ० एम०एम० – शरीर क्रिया विज्ञान एवं योगाभ्यामस (२०११) डोलिया पुस्तक भण्डार, हरिद्वार।

16.11 निबंधात्मक प्रश्न

१. घेरण्ड संहिता के अनुसार कपालभाति की सुदीर्घ व्याख्या करे।

२. त्राटक क्रिया की विधि लाभ व सावधानियॉ का वर्णन कीजिए।

३ कपालभाति क्या है इसके प्रकारों की लाभ सहित व्याख्या कीजिए।

इकाई– 17 घेरण्ड संहिता में वर्णित 1 से 16 आसनों की विधि लाभ एव सावधानियॉ।

इकाई की संरचना–

17.1 प्रस्तावना

प्रिय पाठकों जैसा कि ''कि घेरण्ड संहिता'' हठयोग का एक प्रमुख ग्रन्थ है। जिसमें महर्षि घेरण्ड एवं राजा चण्डकपालि के संवाद के माध्यम से हठयोग के गूढ़ रहस्यों का विवेचन किया है। महर्षि घेरण्ड ने हास्य योग अर्थात हठयोग की सिद्धि के लिए सात प्रकार के साधनों की चर्चा की है। इन्हें सप्त साधना के नाम से भी जाना जाता है।

हठयोग के प्रथम अंश के रूप में घेरण्ड संहिता में षठकर्मो का विस्तार से वर्णन किया गया है। तथा द्वितीय अंग के रूप में 32 आसनों का विधि लाभ एवं सावधानियॉ के साथ विस्तृत विवचेन भी हमें प्राप्त होता है। पाठकों प्रस्तुत इकाई में हमारे अध्ययन का विषय है...घेरण्ड संहिता में वर्णित 1–16 आसनों की भी विधि उपयोगिता तथा इन आसनों को करते समय रखी जाने वाली सावधानियॉ।

तो आइये चर्चा करते हैं विभिन्न प्रकार के आसनों के बारे में।

17.2 उद्देश्य–

प्रिय विधार्थियों प्रस्तुत इकाई का अध्ययन करने के बाद आप –

- घेरण्ड संहिता में वर्णित विविध आसनों की विधि को स्पष्ट कर सकेंगें।
- आसनों की व्यवहारिक जीवन तथा साधना की दृष्टि से महता हो स्पष्ट कर सकेंगे।
- आसन करते समय रखी जाने वाली सावधानियॉ का वर्णन कर सकेंगे।

17.3 घेरण्ड संहिता में वर्णित आसनों(1से16) की विधि लाभ एवं सावधानियॉ

1.सिहासन

विधिः–

सिहासन करने के लिए सबसे पहले अपने पैरो को सामने फैला लेते है। दाहिने पैर को मोड़कर दाहिनी एड़ी को ठीक गुदा ठारपर रखते है जिसमें गुदा हार पर दबाव पड़े। जब तक एड़ी का हलका दबाव सिवनी पर न पड़ने लने तथा जब तक सुविधा का अनुभव न हो तब तक अपने शरीर को हिला–डुला कर व्यवस्थित करें। पुनः बायें पैर को मोड़कर बायीं एड़ी को दाहिनी एड़ी के ऊपर इस प्रकार रखते है कि टखने एक–दुसरे को स्पर्श करते दबाव पड़े। पुरूष एड़ी को अपने मूत्र संस्थान के ऊपर रखते है तो वह दबती है। महिलायें एक एड़ी को दूसरी एड़ी के ऊपर योनि स्थान में रखती है। यदि अन्तिम अवस्था में कठिनाई का अनुभव हो तो अपनी बाँधी एड़ी को सरलतापूर्वक श्रोणी के अधिकतम निकट रखने का प्रयास करते है। इसके बाद पैरो को इसी स्थिति में बाँध दिया जाता है। दाहिने पैर की उंगुलियों को जो नीचे है, बाँयी जाँघ पिण्डली के बीच घुसा देते है। इस स्थिति में ताला सा लग जाता है।

सावधानियाँः–

इस आसन का अभ्यास सभी कर सकते है। केवल ऐसे व्यक्तियों को यह अभ्यास नहीं करना चाहिए जिन्हें साइटिका हो या रीढ़ की हड्डी के निचले भाग में गड़बड़ी हो या अण्डकोष बढ़ा हुआ हो, क्योकि बहुत बार जब बिना अभ्यास के इस आसन को लोग करते है, तब यदि अण्डकोष बढ़ा हुआ हो तो फट जाता है, जिसके कारण पानी थैली में आ जाता है और दर्द होने लगता है।

लाभः–
सिहासन ध्यान का एक आसन है, जिससे मेरूदण्ड की स्थिरता को बनाए रखा जा सकता है, जो ध्यान के लिए आवश्यक है।

यह प्रजनक हार्मोनो के हाख को नियन्त्रित करता है, जो आध्यार्तमण्ड प्रगति के लिए आवश्यक है। जिन लोगों को स्वप्नदोष होता है, उनके लिए यह उत्तम आसन है, क्योकि इसमें हमारी मूत्रोन्हेय की नाड़ियाँ दबती है और उन पर लगातार तो दबाव पड़ता रहता है, उससे बाद में शरीर को आन्तरिक ग्रन्थियाँ सुहढ़ बनती है।
महिलाओं को जो श्वेत–पदर होता है वह भी इस अभ्यास से नियंत्रण में आ जाता है।
मूलाधार चक्र की जाग्रति भी इस आसना के सही अभ्यास से होती है।

2.पद्यासन

विधिः– सबसे पहले पैरो को सामने फैला कर एक पैर को दूसरे पैर की जाँच के ऊपर और दूसरे पैर को पहले पैर की जाँघ के ऊपर रख देना है तलव उर्ध्वमुखी रहे तथा एड़ी पेट के अग्रभाग के निचले हिस्से को स्पर्श करें। अन्तिम अवस्था में दोनो घुटने जमीन के सम्पर्क में रहेंगें। सिर एवं पीठ को बिना जोर लगाये सीधा रखने का प्रयास करें। आँखो को बन्द करें। इसे तो हम लोग पद्यासन कहतें है, लकिन महार्षे घेरण्ड ने जिस स्थिति का यहाँ वर्णन किया है वह है–बहपद्यासन शरीर के पृष्ठ भाग से अपने हाथो को ले जाकर दाहिने हाथ से दायें पैर के अँगूठे को और बायें हाथ से बायें पैर के अँगूठे को पकड़ लेना है। इसे कहते है बहपद्यासन।

सावधानियाँ– पद्यासन लगाने के पूर्व यदि पैरो को लचीला बनाने के लिए तितली आसन तथा घुटना घुमाने का अभ्यास करे तो यह सुविधा होती है। यदि पैर पर्याप्त लचीला नहीं है, तो जोर लगाकर पद्यासन करने का प्रयास न करें अपित पैर को लचीला बनाने वाले आसनों का नियमित अभ्यास तब तक करें जब तक पैर लचीले न हो जायें। साइटिका, सेक्रल इन्फेक्शन, तथा घुटनों के दर्द से पीड़ित व्यक्ति इस आसन को न करें।

लाभः– मानसिक शान्ति, शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाने में सहायक। जठराग्नि तीव्र होती है भूख बढ़ती है। मन को एकाग्रचिप्त करने के लिए बहुत ही शक्तिशाली माध्यम।

3.उष्ट्रासन

विधिः–

वज्रासन में बैठते है। भुजाओं को बगल में रखते हुए घुटनो पर खड़े होते है। इस आसन में घुटनों से नीचे पैरो को जमीन पर टिकातें है। घुटने पैर आपस में मिले रहते है, किन्तु यदि उन्हें अलग–अलग रखने में सुविधा का अनुभव हो तो अलग–अलग भी कर सकते है। पीठ को पीछे की ओर मोड़ कर दायें हाथ से दायीं एड़ी तथा बायें हाथ से बायीं एड़ी को पकड़ते है।

इसमें एक बात का ध्यान रखियें कि जब इस प्रकार के आसन में खड़े होते है तब एड़ियों के बीच कमर की चौड़ाई जितनी दूरी होनी चाहिए। इसका अर्थ यह हुआ कि जांघो को घुटनो से कमर तक सीधा ही रखना है और कमर से ऊपर शरीर को मोड़ना है। इस

स्थिति में आने के लिए अमाशय को जोर लगाकर सामने की ओर फैलाते हैं। इस अवस्था में सिर की पीछे की ओर ले जाते है। पूरे शरीर को विशेषकर मेरूदण्ड को शिथिल बनाने का प्रयास करते है। शरीर को भार समान रूप से हाथो एवं पैरो पर रहना चाहिए। पीठ को चपाकार आकृति में बनाए रखने के लिए भुजाए कन्धो को अवलम्ब प्रदान करती है।

जब तक सुविधा पूर्वक इस अन्तिम स्थिति में रह सकते है रहें। तत्पश्चात् हाथों को एक–एक कर एड़ियों से हटातें हुए प्राम्भिक स्थिति में आ जातें है। उष्ट्रासन का अभ्यास करते समय शरीर की आकृति ऊँट के कूबड़ के सदृश हो जाती है।

सावधानियाँः–
उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों को यह अभ्यास नहीं करना चाहिए।
जिनकी थायराइड गृन्थि बढ़ी हो उन्हें सावधानी रखनी चाहिए।
कटिवात से पीड़ित व्यक्तियों का विशेष निर्देशन में ही आसन को करना चाहिए।

4.भद्रासन

भद्र अर्थात् कल्याण कारी, यह भद्रासन सभी रोगों को दूर करता है। इसलिए इसे भद्रासन कहतें है।

विधिः–

सर्वप्रथम वज्रासन में बैठकर दोनो पैरों के अँगूठों को साथ–साथ रखते है। घुटनों को जितना हो सके दूर–दूर फैलते है। पैरों की अँगुलियों का सर्म्पक जमीन से बना रहे। एड़ियों को इतना फैलाते है कि नितम्ब फर्श पर जम जाये। फिर दोनों हाथों से टखने को पकड़ते है।

लाभः– यह आसन मुख्य रूप से आध्यात्मिक साधकों के लिए हैं, क्योकि इस स्थिति में आने मात्र से मूलाधार चक्र अत्तेजित होने लगता है। यह ध्यान का एक उत्तम आसन है।वज्र नाड़ी पर जोर पडने के कारण पाचन शक्ति तीव्र होती है। साथ ही साथ बिना प्रयास किये स्वाभाविक रूप से अश्विनी और वज्रोली मुद्रा का अभ्यास भी इसमें हो जाता है। मस्तिष्क एवं उसकी उत्तेजना को शान्त करने का उत्तम उपाय है।प्राण के प्रवाह की संयत और सन्तुलित बनाने के लिए, उर्ध्वगामी बनाने के लिए इसका अभ्यास किया जाता है।

5.मुक्तासन

यह मुक्तासन योगियों के लिए सिद्धि प्रदान करने वाला है। इसलिए इसे मुक्तासन कहतें है।

विधिः–

इसमें पहले पैरों को सामने फैला लेते है। बायें पैर को मोड़कर दायीं जांघ के नीचे रखतें है और जितना हो सके, शरीर के समीप लाने का प्रयास करते है। फिर दाहिने पैर को बायें पैर ऊपर रहे।

लाभः– सुखासन ध्यान का सरलतम तथा सबसे अधिक सुविधाजनक आसन है।

जो लोग ध्यान के अन्य कठिन आसनों में नहीं बैठ सकते, वे इस आसन का उपयोग कर सकते है।यह आसन किसी प्रकार का तनाव या दर्द उत्पन्न किये बिना शारीरिक एवं मानसिक सन्तुलन प्रदान करता है।

6.वज्रासन

इसमें दोनों जंघाएँ वज्र के समान हो जाती है इसलिए इसे वज्रासन कहा जाता है।

विधिः–दोनो पैरों को सामने फैलाकर बैठते है तथा बगल में हथेलियाँ जमीन पर रहेंगी। अब दाहिने पैर को घुटने से मोड़कर दाहिने नितंब के नीचे ले जाएँ, पैर के पंजे अंदर की तरफ रहेंगे। इसी तरह बाएँ पैर को मोड़कर बाएँ नितंब के नीचे ले जाएँ। दोनों हाथों को दोनो जंघाओं पर रखते है। आँखें बंद कर लेते है। यह वज्रसान होतो है। इसमें सिर, गरदन तथा रीढ़ तीनो एक सीध में रहना चाहिए।

लाभः– इस आसन से जंघाओं तथा पिंडलियों की मांसपेशियाँ मजबूत होती है। इसको करने से पाचन संस्थान तथा प्रजनन संस्थान पर प्रभाव पड़ता है। आमाशय के रोगों –अति अम्लता (Hyper Acidity) एवं पेप्टिक अलसर का निवारण करता है। पाचन की दर को तीव्र करता है। इसको खाना खाने के बाद किया जाना लाभदायक है। यह श्रेणि प्रदेश में रक्त प्रवाह एवं स्नायविक आवेगों में परिवर्तन करता है।मांसपेशियों को पुष्ट करता है। साधक की यौन भावनाएँ उसके नियंत्रण में आ जाती है। इसके अभ्यास से वज्र नाड़ी पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है। यह ब्रह्मचर्य पालन के लिए उत्तम अभ्यास है। ध्यान के लिए भी इस अभ्यास को उपयोगी माना गया है। साइटिका एवं सेक्रल इन्फेक्शन से पीड़ित व्यक्तियों के लिए यह ध्यान का सर्वोत्तम आसन है। इसमें प्राण प्रवाह सुचारू रूप से होता है। कुण्डलिनी योग में सुषुम्ना की जागृति के लिए भी इस आसन का अभ्यास किया जाता है।

सावधानियाँः– यदि जांघों में दर्द का अनुभव हो तो इसी आसन में घुटनों को थोड़ा अलग कर लें।घुटने के दर्द वाले व्यक्ति इसको ने करें। बवासीर की शिकायत वाले रोगी भी इसे न करें।

7.स्वस्तिकासन

विधिः– बायें घुटने को मोड़कर बायें पैर के तलवे को दायी जांघ के भीतरी भाग के पास इस प्रकार रखते है कि एड़ी सिवनी का स्पर्श न करें। बायें घुटने को मोड़कर दायें पैर को बायें पैर के ऊपर रखते है। जैसे सुखासन में बैठते है। अब केवल सुखासन में बैठना नहीं

है। जिस प्रकार सिहासन के अभ्यास में पैर के पंजे को जांघ और पिण्डली के बीच से निकाला जाता है, ठीक उसी प्रकार सुखासन में बैठकर, बायें पैर को मोड़कर पंजे को दाहिनी जांघ पिण्डली के बीच से ऊपर निकालना है और दाहिने पैर के पंजे को बायी जांघ पिण्डली के बीच से दबे रहते है और एड़ी से श्रेणि प्रदेश को स्पर्श न करें। घुटने जमीन के सर्म्पक में रहें। रीढ़ की हड्डी को सीधा रखें। हाथो को ज्ञान मुहा में घुटनो के ऊपर रखें या फिर गोद में रखें। आँखें बन्द कर पूरे शरीर को शिथिल बनायें। शरीर को व्यवस्थित कर आसन को आरामदायक बनायें शरीर को स्थिर बनाने के लिए या एक सरल अभ्यास है।

सावधानियाँः– साइटिका एवं रीढ़ के निचले भाग के विकारो से पीड़ित लोगों को यह आसन नहीं करना चाहिए।

लाभः– स्वास्तिकासन ध्यान का एक आसन है जिससे मेरूदण्ड की स्थिरता का बनाए रखा जा सकता है, जो ध्यान के लिए आवश्यक है। महिलाओं में जो श्वेत प्रदर होता है वह भी इस अभ्यास से नियंत्रण में आता है। मूलाधार चक्र की जागृति होती है। प्रजनक हार्मोनों के स्त्राव को नियन्त्रित करता है। स्वप्न– दोष वालो के लिए यह उत्तम आसन है।

8.योगासन

विधिः– एक पैर जांघ के ऊपर दूसरा जांघ के नीचे रहता है। इस अवस्था में हाथो को घुटने पर रखना है। नासिकाग्र हष्टि का अभ्यास करना है। यही योगासन है। यह एक सहज आसन है, जिसे कोई भी व्यक्ति कहीं पर भी बैठकर ध्यान के लिए, एकाग्रता के लिए जप के लिए अपने आपको स्थिर बनाने के लिए और सहज भाव से बैठने के लिए कर सकता है।

9.सिंहासन

यह सिंह गर्जना के आधार पर निर्मित किया गया है । यह सिंहासन नामक आसन सभी रोगों को नष्ट करने वाला है।

विधिः– सर्वप्रथम वज्रासन में बैठकर घुटनों को लगभग 45 सेन्टीमीटर फैलाते है। पैरो की अँगुलियाँ एक–दूसरे का स्पर्श करती रहें । सामने झुककर अपनी हथेलियों को घुटनों के मध्य जमीन पर रखते है। अँगुलियाँको शरीर की ओर रखते है। भुजाओं को एकदम सीधा रखते हुए पीठ को सीधा रखते है। शरीर का भार भुजाओं पर रहें। सिर का ऊपर उठाते हैं ताकि ग्रीवा का अधिकतम विस्तार हो और कण्ठ मार्ग खुला रहें। आँखों को खुला रखते हुए शाम्भवी मुद्रा में भूमध्य पर एकाग्र करते है।

लाभः– जो लोग ठीक से बोल नहीं पाते, बोलने में परेशानी होती है, या जिनकी आवाज कर्कश है, मधुर नहीं है, या हकलाते हैं, उनके लिए तथा गले के स्वर रज्जु, स्वर उत्पन्न करने वाली ग्रन्थी से समबद्ध रोगों में। टॉन्सिलाइटिस जिसमें मवाद भरता या खून निकलता है (गले में सूजन आ जाती है) दर्द होता है और मुँह के छालों के लिए इसका

अभ्यास उत्तम माना गया है। इससे वक्ष एवं मध्य पट का तनाव दूर होता है। निराश एवं अन्तर्मखी लोगों के लिए भी यह आसन उपयोगी है। इससे आवाज ओजस्वी एवं सुन्दर होती है। इसमें शाम्भवी मुद्रा के लाभ भी प्राप्त होते है।

10.गोमुखासन

शरीर की आकृति गाय के मुख के समान हो जाती है। इसलिए गोमुखासन कहतें है।

विधिः– सर्वप्रथम पैरों को फैला लेते है। इस आसन में इस प्रकार बैठते है कि एक पैर दूसरे पैर के ऊपर रहे तथा एड़ियाँ बगल में रहें। दाएँ पैर को मोड़कर एड़ी को बाएँ नितंब के समीप व दोनो घुटनों को एक–दूसरे पर रखते है दाएँ हाथ को पीठ के पीछे ल जाकर दोनों हाथों की अँगुलियाँ को परस्पर बाँध लेते है। कोहनी बगल के सीध में होनी चाहिए रीढ़ सीधी रहे तथा सिर पीछे की ओर व आँखें बंद होनी चाहिए।

लाभः–छाती का ऊपरी भाग, कंधे, गरदन तथा मेरूदण्ड की पेशियों का तनावयुक्त व्यायाम होता है। पेशियाँ मजबूत होती है। यह मधुमेह, स्पॉडिलाइटिस, स्वप्नदोष, निद्रादोष, धातुदौर्बल्य तथा प्रजनन संबंधित रोगों में लाभदायक है। फेफड़ो की कार्य क्षमता को बढ़ता है। ध्यान में प्रगति करने के लिए यह लाभदायक है। इसके अभ्यास से पुरूषों के अण्डकोष वृद्धि रोग में लाभ होता है।

सवाधानियाँः– जिनको बवासीर की शिकायत हो वे इसे न करें। इस आसन में जोर जबरदस्ती करने पर कंधों को हानि पहुँच सकती है।

11.वीरासन

यह आसन वीरता का प्रतीक होने के कारण इसे वीरासन कहते हैं।

विधिः– वज्रासन की स्थिति में बैठें। दाहिने घुटने को ऊपर उठाकर दायें पैर को बायें घुटने के भीतरी भाग के पास जमीन पर रखते है। दायी केहुनी को दायें घुटने पर रखते हैं तथा ठुड्डी को दायी हथेली के ऊपर रखतें है। आँखें बंद कर विक्षाम करतें है। शरीर पूरी तरह गतिहीन रहे। रीढ़ एवं सिर सीधे रहते है। फिर बायें पैर को दाहिने घुटने के पास रखकर इस अभ्यास को दोहराते हैं।

श्वास– यह कल्पना करते हुये कि श्वास भूमध्य से अन्दर बाहर आ–जा रहीं है, धीमा, गहरा श्वसन करें।

लाभः– जिन लोगों को ध्यान के आसन में बैठने में कठिनाई होती है वे इस अवस्था में ध्यान का अभ्यास कर सकते है। जब तक पैर पर बैठे–बैठे थक जायें तब पैर का बदल लें। शरीर को एक आरामदायक स्थिति में लाने के लिए और उसमें एकाग्रता का अभ्यास करने, पढ़ाई करने एवं मन को केन्द्रित करने के लिए उपयोगी आसन है। जो लोग

वज्रासन नहीं कर पाते, जिनकी जाँघ की मांसपेशियाँ कड़ी है या एड़ी अथवा घुटनों में दर्द होता है। वे इस आसन को कर सकतें है। स्नायविक विकार के लिए भी यह उपयोगी है।

12.धनुरासन

इसमें शरीर की आकृति तने हुए धनुष के समान हो जाती है। इसलिए इसे धनुरासन कहा जाता है।

विधिः– सर्वप्रथम इसमें पेट के बल लेट जाते हैं फिर पैरों को पीछे की ओर मोड़कर एड़ियों को नितंबों के समीप लाते हुए पैरों को हाथों से पकड़ लेते है। अब धीरे से पकड़े हुए पैरों को ऊपर की ओर खीचते हुए जांघें, सिर तथा छाती तीनों को एक साथ उठाते हैं। शरीर का आकार धनुष के समान हो जाता है। वापस आते समय छाती व जांघें टिकाऊँ व पाँव छोड़ दीजिए और पूर्व स्थिति में आ जाएँ।

लाभः– यह मेरूदण्ड तथा पीठ की मांसपेशियों को लछीला बनाता है तथा इससे स्नायु दुर्बलता दूर होती है। यह कब्ज तथा पित्त विकार दूर करने में सहायक है। जठराग्नि प्रदीप होती है। तथा पाचन क्रिया ठीक होती है। श्वास संबंधी रोगों को सुधरने में सहायक है। आमाशय व एड्रीनल ग्रन्थि से हारमोन के स्राव में संतुलन आता है। यह अपच, कब्ज, यकृत की मंद क्रियाशीलता, मधुमेह, इन्द्रिय संयम, मासिक धर्म संबंधित अवियमितताओं के अपचार में सहायक है। अंगों को सुडौल बनाता है।

सावधानियाँः–

जल्दी करने का प्रयास न करें। इसको खाली पेट करना चाहिए। हदृय विकार, उच्च रक्तचाप, हर्निया, कमर दर्द आदि होने पर इसको नहीं करना चाहिए।

13.शवासन

शव का अर्थ होता है–मृत शरीर इस आसन में शरीर की स्थिति मुर्दे के समान हो जाती है, अंग–अंग शिथिल हो जाता है इसलिए इस आसन का नाम शवासन है।

विधिः– सर्वप्रथम पीठ के बल सीधे लेट जाते हैं। दोनों पाँवों में लगभग डेढ़ फीट फासला रखते हैं। दोनों हाथों को शरीर से लगभग छः इंच दूर रखते हैं और हथेलियाँ आसमान की ओर रहती है। अंगुलियाँ हलकी सी मुड़ी हुई तथा आँखें बंद रहेंगी । गरदन सुविधानुसार किसी एक तरफ को कर देते है। कुछ समय इसी अवस्था में विश्राम करते है।

लाभः– यह आसन शरीर व मन को शांति तथा शिथिलता प्रदान कर तनाव जनित अन्य रोगों को दूर करता है। यह शरीर के प्रति सजगता प्रदर्शित करता है तथा थकान को दूर करता है।उच्च रक्तचाप, मधुमेह, तंत्रिका तंत्र दौर्बल्य, हदृय, रोगों से ग्रसित रोगी को यह

आसन बहुत लाभ पहुँचाता है। इस आसन को अन्य आसनों के बीच–बीच में और अंत में किया जाता है।

सावधानियाँः– जिन्हें डॉक्टर ने किसी कारणवश पीठ के बल सोने से मना किया हो वे इसे न करें।

इस आसन में मुँह बंद, आँखें बंद, सिर, मेरूदण्ड व गर्दन तीनों एक सीध में तथ चेंहरे पर किसी प्रकार का तनाव नहीं होना चाहिए ।सामान्यतः इस आसन में नींद नहीं लेनी चाहिए।

14.गुप्तासन

इस आसन में पैरों को जांघ के नीचे रखा जाता है। पंजो, एड़ियों और पिण्डलियों को जाँघ के नीचे छुपाकर रखने का प्रयास किया जाता है। इसी कारण इसे गुप्तासन कहतें है।

गुदा को दोनो पंजो के ऊपर रखते है। यह एक सरल आसन है और सभी व्यक्ति इसका अभ्यास कर सकते है।

15.मकरासन

विधिः– पेट के बल सीधा लेट जायें सिर और कन्धों को ऊपर उठायें तथा ठेहुसेयों को जमीन पर रखते हुए ठुड़ी को हथेलियों पर टिकायें। मेरूदण्ड को अधिक चापाकर स्थिति में करने के लिए केहुनियों को मिलाकर रखें। यदि गर्दन पर अतिरिक्त तनाव पड़ रहा हो तो केहुनियो को थोड़ा फैला ले। मकरासन में दो बिन्दुओं पर प्रभाव का अनुभव होता है– गर्दन एवं पीठ का निचला भाग। यदि केहुनिया आपस में बहुत दूर रहेगी तो गर्दन में तनाव का अनूभव होगा उन्हें वक्ष के बहुत पास लाये ंतो पीठ के निचले भाग में अधिक तनाव का अनुभव होगा। केहुनियों की स्थिति को इस प्रकार व्यवस्थित करें कि ये दोनों बिन्दु संतुलित हो जाए। आँखों को बन्द कर पूरे शरीर को शिथिल बनायें।

सावधानियाँः– जिन व्यक्तियों की पीठ में दर्द रहता है, उन्हें यदि इस आसन में दर्द का अनुभव हो तो वे इसका अभ्यास न करें।

लाभः– छाती फेफड़ो का विस्तार करता है। जले को साफ करता है।जमा हुआ कफ साफ हो जाताह है और बन्द मार्ग खुल जाता है। स्लिपीडस्क, साइटिका, पीठ के निचले भाग में दर्द या मेरूदण्ड सम्बन्धी अन्य रोगों से पीड़ित लोगों के लिए यह आसन बहुत प्रभावकारी है।

16.मत्स्यासन

नामाकरणः– मछली की आकृति के समान होने के कारण इसे मत्स्यासन कहते है। यह रोगों को नष्ट करने वाला होता है।

विधिः— सर्वप्रथम पद्मासन में बैठकर केहुनियों के सहारे पीछे की ओर झुकाते है और सिर को ब्रह्मरंध्र को जमीन पर रखते हैं। फिर दोनों हाथों से पैरो के पंजों को पकड़ लेते है। केहुनियाँ जमीन पर रहती है। अतः पैर और जाँघ पद्मासन की अवस्था में जमीन पर मेरूदण्ड एक संतु की तरह चापाकर स्थिति में और सिर भूमि पर रहेगा। सिर की स्थिति को इस प्रकार व्यवस्थित करें कि मेरूदण्ड को अधिकतम विस्तार हो। शरीर का भार नितम्बों एवं पैरों पर डालकर भुजाओं एवं पुरे शरीर को शिथिल बनायें । आँखें बन्द करें तथा धीमा, गहरा श्वसन करें। फिर जिस क्रम से आप मत्स्यासन की स्थिति में आयें थे, उसके विपरीत क्रम से प्रारम्भिक स्थिति में लौट आयें। पैरों को बदलकर अभ्यास की पुनरावृत्ति करें। यह मत्स्यासन का अभ्यास है।

लाभः— इस आसन से आँतों तथा आमाशय के अंगों का विस्तार होता है। यह पेट के सभी रोंगों के लिए लाभकारी है।यह प्रदाही एवं खूनी बवासीर को भी दूर करता है। प्रजनन संस्थान के रोगों को दूर करने या उनसे बचाव में सहायता मिलती है। इस अभ्यास से फेफड़ों का विस्तार होता है और फेफड़ो तथा श्वसन से संबंधित रोग दूर होते है। हदृय रोग, पेप्टिक अलसर, हार्निया, मेरूदण्ड से संबंधित रोगों का किसी गंभीर रोग से पीड़ित व्यक्तियों को इस आसन का अभ्यास नहीं करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को भी इसका अभ्यास नहीं करना चाहिए।

अभ्यास प्रश्न— सत्य/ असत्य कथन

1. पदमासन एक ध्यानात्मक आसन है।
2. बज्रासन का अभ्यास भोजन के उपरान्त किया जा सकता है।
3. सायटिका से ग्रस्त व्यक्ति का स्वस्तिकासन करना चाहिये।
4. धनुरासन में शरीर की आकृति तने हुये धनुष के समान हो जाती है।

17.4 सारांश—

प्रिय पाठकों उपर्युक्त विवेचन से आप खण्ड संहिता में वर्णित विभिन्न आसनों की विधि लाभ एवं सावधानियों को जान गये होंगे। वस्तुतः जिस साररिक स्थिति में एक लम्बे संयम स्थिरता के साथ सुखपूर्वक बैठा जा सके। उसे ही योग की भाषा में आसन की संज्ञा दी गई है। महर्षि घेरण्ड के अनुसार आसनों का अभ्यास शारीरिक दृढता की प्राप्ति के लिए किया जाता है। जिससे की साधक आगे की साधना में सहायता पूर्वक आगे बढ़ सकें।

17.5 शब्दावली

भद्र — कल्याणकारी

पदम्– कमल

चक्र – उर्जा केन्द्र नाड़ियों के गुद्दे भी गोलाकार रूप में पाये जाते हैं।

धातुदौर्बल्य – रस, खत, मॉस भेद, अस्थि एवं शुक्र इन सप्तधातुओं में कमजोरी।

17.6 –अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1. सत्य 2. सत्य 3. असत्य 4. सत्य

17.7 – संदर्भ ग्रन्थ सूची

1.निरंजनानंद सरस्वती, घेरण्ड संहिता, मुंगेर बिहार।

2.स्वामी विद्यानानंद सरस्वती। (2007) योग विज्ञान, योग निकेतन ट्रस्ट, ऋषिकेष गढ़वाल।

17.8 – निबंधात्मक प्रश्न –

प्रश्न 5. – घेरण्ड संहिता में वर्णित किन्ही तीन ध्यानात्क आसनों की विधि लाभ एवं सावधानियों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 2. – धनुरासन एवं उष्ट्रासन की विधि उपयोगिता एवं सावधानियों पर प्रकाश डालियें।

इकाई – 18 – घेरण्ड संहिता में वर्णित 17–32 आसनों की विधि लाभ एंव सावधानियॉ

इकाई की संरचना

18.1 – प्रस्तावना

प्रिय पाठकों, इससे पूर्व की इकाई में आपने घेरण्ड संहिता में वर्णित प्रारंभिक 16 आसनों के बारे में विस्तृत अध्ययन किया हैं। प्रस्तुत इकाई में हम इसी क्रम को आगे बढ़ाने हुये आगे के सभी आसनों के बारे में चर्चा करेगें जिसमें इन आसनों को करने के तरीके उनसे होने वाले विभिन्न प्रकार के शारीरिक मानसिक एंव आध्यात्मिक लाभों तथा सावधानियों इत्यादि के बारे में प्रकाश डाला जायेगा।

18.2 – उददेश्य –

प्रिय विद्यार्थियों इस इकाई को पढने के बाद आप–

- विभिन्न आसनों की विधियों का विश्लेषण कर सकेगें।
- आसनों की उपयोगिता को स्पष्ट कर सकेंगे।
- आसन करते समय ध्यान रखने योग्य बातों का विवेचन कर सकेंगे।

18.3 – घेरण्ड संहिता में वर्णित (17 से 32) आसनों की विधि, लाभ एवं सावधानियॉं

मत्येन्द्रासन

विधिः–सबसे पहले अपने पैरो को पहले सामने फैला लेते है दाहिने पैर को मोड़कर जमीन पर बायें घुटने की बगल में बाहर की ओर रखते है। दायें पैर को उँगुलियाँ सामने की ओर रहंगी। बायें पैर को मोड़कर बायीं एड़ी को दाहिने नितम्ब के पास रखते है। इसमें एक पैर उठा हुआ रहता है। अब जो पैर उठा हुआ हो उसकी विपरीत भुजा को छाती घुटने के बीच से ले जाते है, इससे एक प्रकार का तनाव उत्पन्न होता है।

इस बाद केहुनी से घुटने को शरीर की तरफ दबाते हुए हाथ को सीधा करके पैर या टखने को इस प्रकार पकड़ते हैं कि दायीं घुटना काँख के पास रहे। दाहिनी भुजा को सामने की ओर फैलाकर हण्टि को उँगुलियो के अगुभाग पर केन्द्रित करते है।

सावधानियाँः– महिलाएँ दो–तीन महीने के गर्भ के बाद इस आसन का अभ्यास न करें।

जिन्हें छदय रोग है वह इसका अभ्यास नहीं करें। साइटिका स्लिप डिस्क से पीड़ित व्यक्तियों को इस आसन से बहुत लाभ हो सकता है।

लाभः– यकृत मूत्राशय को सक्रिय बनाता है। पाचन –संस्थान सम्बन्धी रोगों को निवारण होता है। यह आसन अधिवृक्क ग्रन्थि उपवृक्क गन्थि पित्त के स्त्राव का नियमन करता है। इसका उपयोग साइनासाइटिस, हे फीवर, ब्रोकांइटिस, कब्ज, कोलाइटिस, मासिक हार्म सम्बन्धी अनियमितताओं, मूत्र निष्कासन प्रणाली से सम्बन्ध रोगों तथा सखाइकल स्पॉण्डेलाइटिस के योगोपाचार के लिए किया जा सकता है।पैर के मांसपेशियों को लचीला बनाता है। तथा जोडों के कड़ेपन को दूर करता है।

दिल के मरीजों के लिए उत्तम आसन है। जिन लोगों को दिल की धड़कन बीच–बीच में बन्द होने लगती है, इस प्रकार के रोगों को ठीक करने के लिए यह आसन बहुत उपयोगी है।

यह आसन पाचन एवं प्रजनन प्रणलियों के लिए लाभकारी है। यह अमाशय का विस्तार करता है, कब्ज को दूर करता है। पीठदर्द कटिवात, कूबड़ झुके हुए कन्धों के उपचार में सहायक होता है।

इस आसन से थायराइड ग्रन्थि के कार्यो में नियमितता आती है।

गोरक्षासन

यह गोइक्षासन योगी गोइक्षनाथ द्वारा सिद्ध किया गया है, इसलिए इसे गोइक्षासन कहते हैं, यह गोइक्षासन योगियों को सिद्धि प्रदान करने वाला है।

विधिः–दोनों पैरों को सामने फैलाकर बैठ जाते है। घुटनो को मोड़कर, तलवों को मिलाकर एड़ियों को ऊपर उठा देतें है। घुटने और पैर के पंजे जमीन पर रहते है। इसमें श्रेणि प्रदेश, नितम्ब और प्रजननेन्द्रियाँ एड़ी के पीछे रहती है। हाथों को नितम्बों के पीछे इस प्रकार रखते है कि उँगुलियाँ बाहर की ओर रहें शरीर को सामने की ओर झुकाते हुए इतना ऊपर उठाते है कि पाँव जमीन के लम्बवत् हो जायें। भाभि के सामने से दोनों कलाइयों को आर–पार करते हुए बायीं एड़ी को दायें हाथ से तथा दायीं एड़ी को बायें हाथ से पकड़ लेते हैं। मेरूदण्ड को सीधा रखते हुए सामने की ओर देखते हैं। इस अवस्था में जालन्धर बन्ध एवं नासिकाग्र दृष्टि का अभ्यास भी करते है। सामान्य श्वास लेते हुए जितनी देर तक आराम से बैठ सकते हैं, उतनी देर बैठियें।

लाभः– इस आसन से अभ्यास से प्रजनन इन्द्रियों, काम वासना और वीर्य स्खलन पर नियन्त्रण प्राप्त किया जाता है।यह पैरे को बहुत अधिक लचीला बना देता हैं।यह आसन अपान के प्रवाह को उर्ध्वगामी बनाकर ध्यान की अवस्था लाने में सहायक होता है।इसमें मन तुरन्त एकाग्र होता हैं क्योंकि शरीर की अवस्था इस प्रकार की हो जाती है कि मन भटकता ही नहीं। गले के संकुचन की क्रिया से अनेक रोगों का नाश होता है।

पश्चिमोतासन

पृष्ठभाग को ताना जाता है इसलिए इसको पश्चिमोतासन कहा जाता है।

विधिः– दोनों पैरो को मिलाकर सामने की ओर फैलाकर बैठते है। दोनों हाथों से दोनों पैरों अँगूठे को पकड़ लेते है तथा सिर को घुटनो से स्पर्श कराते हैं। दोनों कोहनियाँ जमीन से स्पर्श करनी चाहिए। कुछ देर इसी स्थिति में रूकें फिर वापस आ जाएँ।

लाभः– इस आसन से प्राण का सुषुम्ना नाड़ी में संचार होता है। जठराग्नि प्रदीप्त होती है। डायबिटीज के रोगियों के लिए आभदायक है। यह कब्ज, अजीर्ण तथा शुक्र दौर्बल्य को दूर करता है तथा साइटिका होने की संभावना को टालता है। पेट व कमर में लचीलापन आता है। मोटापे को घटाता है। मूत्र तथा प्रजनन संस्थान से रोगों को दूर करने में सहायक है। स्त्रियों के लिए बहुत अधिक लाभदायक है। यह बुद्धि को बढ़ाता है।

सावधानियाँः– आसन करते समय झटके के साथ कुछ नहीं करना चाहिए। उच्च रक्तचाप, हदृय रोगी, स्पॉडिलाइटिस से पीड़ित व्यक्ति को नही करना चाहिए। स्लिप डिस्क, मेरूदण्ड से संबंधित दोष तथा पेट मे अलसर की शिकायत होने पर इसे न क

उत्कटासन

इसका नाम उत्कट आसन इसलिए पड़ा है कि इसमें बैठने से उत्सुकता झलकती हैं, उत्सुकता के समय व्यक्ति इसी प्रकार बैठता है ताकि यदि जल्दी से कुछ काम करना हो तो तुरंत उठ जायें । पंजे और एड़ियाँ परस्पर जुड़ी हुई रहती है।

विधिः–सामान्य रूप से हम उत्कट आसन का अभ्यास इस प्रकार करते हैं– सीधे खड़े होकर पैरों के बीच कमर की चौड़ाई जितनी दूरी रखते है और घुटनों को मोड़ लेते हैं। हाथों को घुटनों पर रखते हैं। यह सबसे सरल तरीका है। लेकिन उसकी अन्तिम अवस्था दूसरी है। वह भी बहुत सरल है। अन्तिम अवस्था में दोनों पैरों को आपस में सटाकर रखते है। अब जिस प्रकार ताडासन में पंजों को ऊपर उठाते हैं, उसी प्रकार ऊपर उठाते है और उसी अवस्था में फिर घुटनों को फैलाते हुए इस प्रकार बैठते है कि एड़ी गुदा द्वार से लग जाये। घुटने ऊपर रहते है। दोनों हाथ घुटनों पर रहेंगे । घुटनों को जमीन से नहीं लगाना है, वे ऊपर रहेंगे। केवल पंजों पर शरीर का भार रहेगा और एड़ियाँ गुदा–द्वार से सटी हुई रहेंगी।

लाभः– यह बहुत सरल आसन है। इसमें केवल शारीरिक संतुलन का ध्यान रखना है। चाहे आगे गिरेया पीछे चोट लगेगी । जाँघों की मांसपेशियों को पुष्ठ बनाता है। यह शारीरिक संतुलन को पक्का बनाने के लिए, संतुलन समूह के आसनों में से एक है।

संकट आसन

नामाकरणः– यह एक कठिन आसन है। दोनों पैरों में दर्द होने पर पेशियों को आराम देने के लिए हम एक पैर को उस संकटमय स्थिति में ऊपर उठा लेते है।इस लिए इस संकटासन कहते है।

विधिः– खड़े होकर बायें पैर को जमीन पर रखते है और दाहिने पैर को मोड़कर बायें पैर को चारों तरफ लपेट लेते हे। दायीं जाँघ बायीं जाँघ के सामने रहेगी। हाथों को जाँघों पर दबा कर रखना है। इसके महर्षि घेरण्ड नक संकटासन कहा है।

लाभः– यह मांसपेशियों को पुष्ट बनाता है। यह मूलाधार चक्र को जाग्रत करता है। स्नायुओं को स्वास्थय प्रदान करता है। तथा पैर के जोड़ो को ढीला बनाता है। एकाग्रता बढ़ती है।

मयूरासन

मयूर के आकृति होने के कारण इस आसन को विशेषज्ञों ने मयूरासन कहा है। यह जठराग्नि को प्रदीप्त करता है।

विधिः–पहले वज्रासन में बैठ जाते है और घुटनों को अलग कर सिंहासन की स्थिति में आ जाते है, जिसमें दोनों हथेलियाँ अन्दर की तरफ मुड़ी रहती है। हाथों की स्थिति को सुविधा एवं लचीलेपन के अनुसार व्यवस्थित किया जा सकता है। भुजाओं के कुहनियों से नीचे के भाग तथा कुहनियों को आपस में सटाकर नाभि के समीप रखते है और सामने झुककर पेट को केहनियों पर तथा वक्ष को भुजाओं के ऊपरी भाग पर टिकाते हैं। पैरों को पीछे ले जाकर पहले जमीन पर ही रखते हैं, उसके बाद शरीर की मांसपेशियों को तानते हुए सिर और पैरों को उतना ऊपर उठाते हैं कि वे जमीन के समानान्तर हो जायें।

सावधानियाँः–

खाने के तत्काल बाद इसे नहीं करना चाहिए। केवल वही व्यक्ति कर सकता है जो पूर्णरूपेरण स्वस्थ हो।किसी प्रकार के रोग में इस आसन का अभ्यास नहीं होता।

लाभः– इस अभ्यास के अनेक लाभ हैं, क्योंकि इसमें पूरे शरीर का भार कुहनियों पर पड़ता है और कुहनियाँ नाभि क्षेत्र को भीतर की ओर दबाती हैं, जिससे यकृत, मूत्राशय, आँतों अमाशय और तन्त्रिका–तन्त्र की भी नाड़ियाँ प्रभावित होती है। स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिए यह बहुत ही अच्छा अभ्यास है। इसमें आन्तरिक अंगों की क्षमता में वृद्धि होती है और इसका वास्तविक प्रभाव पड़ता है। शरीर की अन्तः स्रावी ग्रन्थियों पर। चुल्लिका ग्रन्थि में अगर किसी प्रकार का दोष हो, हार्मोनों का उत्पादन बन्द हो गया हो अथवा काम या अधिक मात्रा में उत्पादन हो रहा हो, तो उस दोष का दूर करने के लिए, चुल्लिका ग्रन्थियों को संतुलित और नियन्त्रित रखने के लिए इसका अभ्यास किया जाता है।

कुक्कुटासन

कुक्कुट का अर्थ होता है मुर्गा।इस आसन में शारीरिक विन्यास एक मुर्गे की भाँति होता है।

विधिः– पद्यासन में बैठियें हाथों को पिण्डलियों एवं जाँघों के बीच घुटनों के पास से निकालते हुए धीरे–धीरे भुजाओं को कुहनियों तक पैरों के बीच से निकाल लें। हथेलियों को जमीन पर दृढ़ता से इस प्रकार रखें की अंगुलियाँ सामने की ओर रहे। हाथों को सीधा एवं आँखों को सामने के किसी बिन्दु पर स्थिर रखते हुए शरीर को जमीन से ऊपर उठायें। पुरा शरीर केवल हाथों पर सन्तुलित रहता है। पीठ को सीधा रखें जब तक आराम से रह सकते हैं, अन्तिम स्थिति में रहें, फिर जमीन पर वापस आ जायें और धीरे–धीरे भुजाओं, हाथों एवं पैरों को शिथिल बनायें पैरों की स्थिति बदलकर इस अभ्यास को दुहरायें।

लाभः– इस आसन से भुजाओं एवं कन्धों की मांसपेशियों को शक्ति प्राप्त होती है। वक्ष का विस्तार होता है।यह पैरों के जोड़ो को ढीला कर सन्तुलन एवं स्थिरता के भाव को विकसित करता है। कन्धों के रोग, भुजाओं, छाती, फेफड़ों और दिल से सम्बन्धित रोगों के निराकरण में यह विशेष उपयोगी अभ्यास है। मूलाधार चक्र के उद्दीपन के कारण इसका

उपयोग कुण्डलिनी जागरण के लिए किया जाता है। कुछ लोग तो काँख तक अपने शरीर को ऊपर उठा लेते हैं।

कूर्मासन

विधिः— पैरों को सामने की ओर फैलाकर बैठियें। पैरों को यथासंभव दूर—दूर रखियें। एड़ियों को जमीन के सम्पर्क में रखते हुए घुटनों को थोड़ा सा मोड़िये। आगे झुककर हाथो को घुटनो के नीचे रखिये, हथिलियाँ ऊपर या नीचे की ओर खुली रहें। आगे झुके तथा भुजाओं को धीर—धीरे पैरों के नीचे सरकायें। आवश्यकता पड़े तो घुटनो को थोड़ा मोड़ सकते है। घुटनो के नीचे से हाथों को इतना पीछे ले जायें कि केहुनियाँ घुटनों के पीछे के भाग के निकट आ जायें। पीठ की मांसपेशियों में तनाव न आने दे। एड़ियों को धीरे से आगे खिसकाते हुए पैरो को यथासम्भव सीधा करने का प्रयास करें। इससे शरीर भी अपने आप और आगे झुकेगा। श्वास एवं शिथिलता के प्रति सजग रहते हुए शरीर को धीरे—धीर आगे झुकाये जब तक ललाट पैरों के बीच जमीन का स्पर्श न करें। किसी प्रकार का जोर न लगाए। भुजाओं को मोड़कर नितम्बों के नीचे परस्पर बांध लें। यह अन्तिम स्थिति हैं। पूरे शरीर को शिथिल बनायें आँखों को बन्द करें तथा धीमी गहरी श्वास लें।जब तक इस अन्तिम स्थिति में आराम से रह सकते हो रहें। तत्पश्चात् श्वासन में विश्राम करें।

सावधानियाँः— स्लिपडिस्क, साइटिका, हार्निया या दीर्घकालिक गठिया से पीड़ित व्यक्ति इस आसन का अभ्यास न करें। यदि मेरूदण्ड पर्याप्त लचीला हो तभी इसका अभ्यास किया जाना चाहिए है।

लाभः— मधुमेह, कब्ज जैसे रोगों के उपचार में सहायक होता है। क्रोध को नियंत्रण में लाने के लिए उपयोगी। मानसिक उत्तेजना को शान्त करने के लिए, मन को अन्तर्मुखी बनाने के लिए मेरूदण्ड को लचीला बनाने के लिए इसका अभ्यास किया जाता है। इस आसन के अभ्यास से आत्म संयम, आन्तरिक सुरक्षा तथा समर्पण की भावना जाग्रत होती है। सुख—दुख का प्रभाव समाप्त हो जाता है। वासना एवं भय कम होते है तथा शरीर एवं मन को स्कुर्ति प्राप्त होती है।

उत्तान कूर्मासन

विधिः— उत्तान कूर्मासन का अभ्यास पद्मासन में किया जाता है। पद्मासन में हाथों को जांघों और पिण्डलियों के बीच से निकालकर कन्धों को पकड़ते है और उसके बाद जमीन पर सीधा लेट जाते है। यही उत्तान कूर्मासन है। कुक्कुटासन उत्तान कूर्मासन में यही भिन्नता है कि उत्तान कूर्मासन में हथेलियों को जमीन पर न टिकाकर उनसे कन्धों को पकड़ते है शरीर पद्मासन की अवस्था में जमीन पर ही रहता है।

लाभः— इस आसन के लाभ कुक्कुट आसन के लाभ के समान ही है। अन्तर इतना ही है कि इसमें शरीर ज्यादा संकुचित हो जाता है, एक आकृति में बन्ध जाता है। शरीर की संकुचित अवस्था में जब हम सिर को नीचे रखते है और पिण्डलियों को केहुनियों के ऊपर रहते है तब सभी अंगों में दबाव की उत्पत्ति होती है। इस आसन को करने से पूरे शरीर

में नये रक्त का संचार तीव्र गति से होता है, विशेषकर मांसपेशियों में जमे हुए रक्त को हटाने के लिए इस आसन का अभ्यास किया जाता है।

उत्तान मण्डूकासन

विधिः– उत्तान मण्डूकासन का अभ्यास सुप्त वज्रासन के समान किया जाता है। वज्रासन पीछे लेट जाना है। सिर को नीचे रख लेना है, दोनों जांघों एक साथ रहेगी। यह सुप्त वज्रासन है। इससे नितम्ब एड़ी के ऊपर रहते है, वज्रासन को ही तरह केवल पीठ धनुषाकार मुड़ी हुई रहती है। उत्तान मण्डूकासन में कमर को भी उठा दिया जाता है। कमर को उठाने से शरीर का भार केवल घुटनों और सिर पर रहता है। इसमें पैर अलग–अलग रहते है।

लाभः– इस आसन का अभ्यास छाती के विस्तार, श्वसन प्रणाली से सम्बन्धित रोगों के निदान, स्पाण्डिलाइटिस, स्लिपडिस्क, साइटिका इत्यादि के उपचार के लिए किया जाता है।

मण्डूकासन

यह आसन मेढक की आकशति कि होने के कारण इसे माण्डूकासन कहते है।

विधिः– मण्डूकासन की विधि बहुत सरल है। वज्रासन में बैठ कर घुटनों को यथासंभव दूर–दूर फैलाते हैं, फिर पैरों एवं एड़ियों को इतना फैलाते है कि नितम्ब आराम से भूमि पर टिक जायें। पैरों की अंगुलियाँ बाहर की और होती है तथा पैरों का भीतरी भाग भूमि के सम्पर्क में रहता है। यदि पैरों की अँगुलियों की बाहर की ओर रखते हुए आसन में बैठना सम्भव न हो तो उन्हें अन्दर की ओर भी रख सकते हैं, किन्तु नितम्ब भूमि पर टिके रहने चाहिए। हाथों को घुटनों के ऊपर रखें, सिर एवं मेरूदण्ड को सीधा रखें। आँखों को बन्द करें और पूरे शरीर को शिथिल बनाएँ। यह आसन 'मण्डूक' अर्थात् मेंढ़क की भाँति दिखने वाला आसन है।

लाभः– इस आसन के अभ्यास के बाद ताजगी प्राप्त होती है। वीर्य की रक्षा होती है।

उदर से सम्बन्धित रोगों के लिए भी लाभकारी है।

वृक्षासन

इस आसन में शरीर की आकृति वृक्ष के समान होने के कारण इस वृक्षासन कहते हैं।

विधिः– इस आसन में हम खड़े होकर आँखों की सीध में किसी बिन्दु पर दृष्टि को स्थिर करे हैं, दाहिने पैर को मोड़कर उसके पंजे को अर्ध पद्मासन की स्थिति में बायीं जाँघ पर रख लेना है और एक वृक्ष की भाँति स्थिर अवस्था में खड़े होना है। हाथों को प्रणाम की मुद्रा में छाती से लगा लेना है और दायें घुटने को मोड़ते हुए, शारीरिक सन्तुलन बनायें रखते हुए धीरे–धीरे नीचे आना है। दाहिने पैर के घुटने को जमीन पर रखना है। इस

अन्तिम स्थिति में कुछ देर रूकना है। फिर धीरे–धीरे शरीर को ऊपर उठाते हुएह दायें घुटने को सीधा कर प्रारम्भिक स्थिति में आ जाना है। बायें पैर को सीधा कर जमीन पर रख लेना है। यह है वातायनासन इसे महर्षि घेरण्ड ने वृक्षासन की संज्ञा दी है।

लाभः– इस आसन का अभ्यास अन्तुल की प्राप्ति के लिए, पैरों की मांसपेशियों और उदर क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए किया जाता है। यह वृक्क एवं मूत्राशय की अति क्रियाशीलता को कम करता है। यह ब्रह्मचर्य का पालन के लिए वीर्य रक्षा की क्षमता विकसित करता है।

गरूड़ासन

नामाकरणः– दोनों जाँघों और घुटनों से धरती को दबायें और देह को स्थिर रखें तथा दोनों घुटनों पर दोनों हाथ रखकर बैठ जायें। यह गरूड़ासन कहलाता है।

विधिः– जमीन पर बैठकर पैरों को सामने जितना फैला सकते है, उतना फैला लेना है। जाँघों को हाथों से जमीन पर दबाना है। मेरूदण्ड को सीधा रखना है। और शरीर के भार को एड़ियों और नितम्बों से ऊपर करना है। ताकि पूरा भार जाँघों पर आ जाए। इस अभ्यास में मेरूदण्ड को जितना ऊपर उठाने का प्रयास करेंगे, उतना कम भार नीचे पैर में पड़ेगा और जितना कम भार नीचे पड़ेगा, उतने ही बल से शरीर का गुरूत्व केन्द्र जाँघों में आ जाएगा। फिर धीरे–धीरे ऊपर उठ सकते हैं।

लाभः– गरूड़ासन हाथों एवं पैरों की मांसपेशियों को शक्तिप्रदान करता है।स्नायुओं को स्वस्थ तथा जोड़ों को ढीला बनाता है। यह साइटिका, आमवात तथा हाइड्रोसिल से उपचार में सहायक होता है।यह अभ्यास कुण्डलिनी शक्ति को जाग्रत करने में सहायक होता है।

शलभासन

विधिः– पैरों को सटाकर रखते हुए पेट के बल लेटते हैं, तलवें ऊपर की ओर रहे। प्रारम्भिक अवस्था में हाथों को जाँघों को जाँघों के नीचे भी रखा जा सकता है। जब हम हाथों को जाँघों के नीचे के नीचे रखते हैं, तब पैरों को उठाने के लिये हाथों की सहारा ले सकते हैं, लेकिन धीरे–धीरे जग अभ्यास पक्का हो जायें, तब हाथों को जाँघों के नीचे से निकाल कर बगल में रख देते हैं। हथेलियाँ नीचे की ओर रहती है। ठुड्डी को थोड़ा सामने की ओर ले जाकर जमीन पर रखते हैं। पूरे अभ्यास के दौरान जमीन पर ही रखते हैं। आँखों को बन्द कर पूरे शरीर को शिथि बनाते हैं। यह आरम्भिक स्थिति है। पैरों को सटाकर रखते हुए धीरे–धीरे जितना संभव हो उतना ऊपर उठाते हैं। पैरों को ऊपर उठाने के लिए हाथों से जमीन पर दबाव डालते हैं और कमर के पीछे के भाग की मांसपेशियाँ को संकुचित करते है। बिना तनाव के जब तक आराम से अन्तिम में रह सकते हैं तब तक रहते हैं। फिर पैरों को धीरे–धीरे जमीन पर ले जाते हैं। यह एक आवृति हुई। प्रारम्भिक स्थिति में वापस आकर सिर को एक ओर मोड़ते हुए, श्वास एवं हृदय गति के सामान्य होन तक विश्राम करते हैं। श्वास–प्रारम्भिक स्थिति में गहरी श्वास लेते हैं। पैरों को ऊपर उठाते समय तथा अन्तिम स्थिति में श्वास रोकें रहें। पैरों को नीचे लाते हुए श्वास छोड़े।

आरम्भिक अभ्यासियों को पैरों को ऊपर उठाते समय श्वास लेने में अभ्यास में सुविधा होती है। उच्च अभ्यासी आरम्भिक स्थिति में लौटने के पश्चात् रेचक करें।

सावधानियाँः–

(1) शलभासन से लिए बहुत अधिक शारीरिक प्रयास की आवश्यकता होती है। अतः जिन लोगों की हृदय कमजोर हैं, हृदय धमनी घनास्त्रता या उच्च रक्तचाप हो, उन्हें यह अभ्यास नहीं करना चाहिये।

(2) पेस्टिक, अलसर, हार्निया, आँतों के यक्ष्मा तथा इस प्रकार के अन्य रोगों से पीड़ित व्यक्तियों को यह अभ्यास नहीं करनें का सुझाव दिया जाता है।

लाभः–

(1) परानुकम्पी तन्त्रिकाओं का प्रधान्य विशेष रूप से गर्दन, एवं श्रोणि प्रदेश में होता है।य

(2) शलभासन पूरे स्वेच्छिक तन्त्रिका तंत्र को विशेष परानुकम्पी निःस्त्राव को उद्दीप्त करता है।

(3) यह पीठ के नीचले भाग एवं श्रोणि प्रदेश के अंगों को पुष्ट बनाता है।

(4) यह यकृत तथा आमाशय के अन्य अंगों की क्रियाशीलता को समन्जित एवं सन्तुलित करता है।

(5) पेट एवं आँतों के रोगों को दूर कर क्षुधा बढ़ाता है।

भुजंगासन

नामाकरणः– इस आसन में शरीर का आकार भुजंग अर्थात् सर्प के समान होता है।

विधिः– इसको करने के लिए सर्वप्रथम पेट के बल जाते हैं, हाथों को कोहनी से मोड़कर सीने के पास रखते हैं, पीछे से पैर मिल रहते है।अब हाथों का सहारा लेकर शरीर को चेहरे से घीरे–धीरे ऊपर उठाते है। भाभि तक शरीर को ऊपर उठाते है। फिर कुछ समय तक इसी स्थिति में रूकते है। और धीरे –धीरे वापस आते है। भुजाओं पर सारा जो पड़ता है इसलिए इसे भुजंगासन कहते है।

लाभः– इसका प्रभाव शरीर की मांसपेशियों में गहराई से होता है। डिंब ग्रन्थि रीढ़ गर्भाशय को स्वस्थ बनाता है। दमा, मंदाग्नि तथा वायु दोषों पर इसका विशेष प्रभाव है तथा इससे रीढ़ की हड्डी लचीली बनी रहती है।भूख बढ़ाता है तथा कब्ज को दूर करता है।स्त्री रोगों में विशेष लाभकारी होता है।तंत्रिका तंत्र को सुदृढ़ करता है।?

सावधानियाँ– झटका देकर शरीर न उठाएं तथा नीचे के हिस्से को ऊपर न उठाएं। पेस्टिक, अलसर,हार्निया, आँतों के यक्ष्मा या थाइराइड से ग्रस्त व्यक्तियों की यह विशेष निर्देशन में ही करना चाहिए।

अभ्यास प्रश्न – सत्य/असत्य

1. गोरक्षासन का नामकरण हठयोगी गोरक्षनाथ के आधार पर किया गया है।
2. पश्चिमोतानासन से जठराग्नि प्रदीप्त होती है।
3. अल्सर होने पर पश्चिमोतानासन करना चाहियें।

4. संकटासन मूलाधार चक्र को जागृत करता है।
5. मन को अन्तर्मुखी बनाने में कूर्मासन का अभ्यास अतयन्त उपयोगी है।

18.4 –सारांश

प्रिय विद्यार्थियो अब जान गये होंगे की घेरण्ड संहिता में कितने प्रकार के आसनों का वर्णन किया गया है। कुछ आसन बैठ कर किये जाने वाले हैं तो कुछ पेट या पीठ के बल लेटकर और कुछ खड़े होकर। शरीर की समस्त मॉस पेशियों के लचीलेपन के लिये सभी प्रकार के आसन अत्यन्त उपयोगी है। जैसे–जैसे इन आसनों का अभ्यास बढ़ता जाता है। वैसे–वैसे शरीर में स्थिरता आने लगती है। तथा साथ ही मन भी संतुलित एवं एकाग्रत होने लगता है।

18.5 – शब्दावली

कूर्म – कछुआ

कुटकुट – मुर्गा

मयूर – मोर

मण्डूक – मेंढ़क

18.6 – अभ्यास प्रश्नों के उत्तर –

1. सत्य 2. सत्य 3. असत्य 4. सत्य 5. सत्य

18.7– संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. निरंजनानंद सरस्वती, घेरण्ड संहिता, मुंगेर बिहार।

2. स्वामी विद्यानानंद सरस्वती। (2007) योग विज्ञान, योग निकेतन ट्रस्ट, ऋषिकेश गढ़वाल।

18.8 – निबंधात्मक प्रश्न –

प्रश्न 1. मयूरासन एवं पश्चिमोतानासन की विधि, लाभ एवं सावधानियों का वर्णन कीजिये।

प्रश्न 2. कुर्मासन एवं मण्डूकासन की विधि, उपयोगिता एवं सावधानियों पर प्रकाश डालिये।

इकाई–19 घेरण्ड संहिता में वर्णित विभिन्न प्राणायामों की विधि लाभ एवं सावधानियॉ

इकाई की संरचना

19.1 प्रस्तावना–

प्रिय विद्यार्थियो, इसमें पूर्व की ईकाईयों में आपने हठयोग के द्वितीय अंग आसन का घेरण्ड संहिता के अनुसार विस्तृत अध्ययन किया है। प्रस्तुत इकाई में हम ''प्राणायाम'' के बारे विवेचन करेगें। पाठको आपके मन में यह प्रश्न उठ रहा होगा कि यह प्राणायाम वास्तव में क्या है साधना की दृष्टि से इसका क्या महत्व है प्राणायाम करते समय किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इत्यादि। वस्तुतः प्राणायाम, व्रह्माण्डीय प्राण उर्जा के साथ अपना सम्पर्क स्थापित करने की एक अत्यन्त वैज्ञानिक तकनीक है। अलग– अलग ग्रन्थो में प्राणायाम के अनेक प्रकारों तथा घेरण्ड संहिता के अनुसार प्राणायाम का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत इकाई में किया जा रहा है। दो जिज्ञासु विद्यार्थियों आइये विस्तार पूर्वक चर्चा करते हैं प्राणायाम तथा इसके भेद लाभ एवं सावधानियों के बारे में।

19.2 उद्देश्य –

इस इकाई के अध्ययन करने के बाद आप

–प्राणायाम के कार्य को स्पष्ट कर सकेगें।

–घेरण्ड संहिता के अनुसार प्राणायाम के विभिन्न भेदों का विश्लेषण कर सकेगें।

–प्राणायाम के महत्व को स्पष्ट कर सकेगें।

–प्राणायाम करते समय रखी जाने वाली सावधनियों को स्पष्ट कर सकेगें।

19.3 घेरण्ड संहिता में वर्णित प्राणायामों की विधि, लाभ एवं सावधानियॉ

1. **सहित प्राणायाम–** सहित प्राणायाम दो प्रकार के होते है– सगर्भ और निगर्भ। सगर्भ में बीच मन्त्र का प्रयोग किया जाता है। और निगर्भ का अभ्यास बीज मऩ्त्र रहित होता है।

सगर्भ प्राणायामः–

पहले ब्रह्मा पर ध्यान लगाना है, उन पर सजगता को केन्द्रित करते समय उन्हें लाल रंग में देखना है यह कल्पना करनी है कि वे लाल है और रजस गुणों से परिपूर्ण है। उनका सांकेतिक वर्ण 'म' है फिर इड़ा नाड़ी अर्थात् बायीं नासिका से पूरक करते हुए वायु को अन्दर खींचना है और आकार की मात्रा को सोलह बार गिनना है पूरक के पश्चात् कुम्भक लगाना है और कुम्भक लगाकर उड्डियान बन्ध लगाना है अब यह बड़ा विचित्र लगता है, क्योकि पेट भरा है और उसके बाद पेट को अन्दर करना है यह सहन नहीं है।

सगर्भ प्राणायाम की यही विशेषता है, क्योकि सामान्य रूप से प्राणायाम की पहति में शिक्षा दी जाती है कि अगर व्यक्ति अन्तर्कुम्भक लगाता है, तो साथ में मूलबन्ध जाल–धल बन्ध का अभ्यास होना चाहिए यदि बहिर्कुम्भक का अभ्यास कर रहा है तो उड्डियान बन्ध लगाना चाहिए, क्योकि उस समय पेट खाली रहता है।

निगर्भ प्राणायामः–

इसके तीन विभाजन किए गए है– उत्तम मध्यम और अधम । इस प्राणायाम में बीज मन्त्र का सहारा नहीं लेना है और तत्व धरणा का अभ्यास भी नहीं करना है। केवल संख्या की गिनती करती है। पूरक कुम्भक और रेचक की कुल गिनती 112 तक की जा सकती है।

उत्तम निगर्भ प्राणायाम में 20 तक गिनती से पूरक आरम्भ होता है। अर्थात् 20 गिनने तक श्वास लेना। 80 गिनने तक रोकना 40 गिनने तक छोड़ना। मध्यम निगर्भ में 16 मात्रा का अभ्यास करना है अर्थात् पूरक कुम्भक रेचक में 16, 64, 32 का अनुपात रहे अधम निगर्भ में 12 तक गिनती से पूरक क्रिया की जाती है।

व्यावहारिक रूप से हम प्रथमा मध्यमा उत्तमा कह सकते है, क्योकि जो व्यक्ति 20 गिनने तक पूरक, 80 मात्रा तक कुम्भक 40 मात्रा तक रेचक करता है। उसके लिए स्यंम

पर, अपनी श्वास पर शारीरिक आन्तरिक बैचनी पर मानसिक उत्तेजना और मस्तिष्क की स्थिति पर बहुत संयम रखना आवश्यक हो जाता है।

उत्तम प्राणायाम की सिह होने पर भुमि व्याग होता है। मध्यम की सिहि की लक्षण है मेरूदण्ड में कम्पन अधम निगर्भ प्राणायाम से अगर शरीर से पसीना निकलने लगे तो यह मान लेना चाहिए कि इसकी भी सिहि हो गई प्राणों के क्षेत्र में स्पन्दन या जाग्रति प्रारम्भ हो रही है।

2.**सूर्यभेदन प्राणायाम–**

विधिः– ध्यान के किसी सुविधाजनक आसन में बैठते है सिर एवं मेरूदण्ड को सीधा रखें हाथों को घुटनों के ऊपर चित्र या ज्ञान मुद्रा में रखें आँखों को बन्द कर पूरे शरीर को शिथिल बनाए। जब शरीर शान्त, शिथिल एवं आरामदायक स्थिति में हो तो श्वास के प्रति तब तक संयम बने रहे जब एक यह धीमी गहरी न हो जाए। फिर दाहिने हाथ की तर्जनी मध्यमा को भ्रूमध्य पर रखें। दोनों उंगुलियाँ तनावरहित रहें अंगूठें को दायीं नासिकाके ऊपर तथा अनामिका को बायीं नासिका के ऊपर रखें इन उंगुलियों द्वारा क्रम से नासिका छिद्रा को बन्द कर श्वास के प्रवाह को नियन्त्रित किया जाता है।

पहली और दूसरी उंगुली हमेशा भ्रूमध्य में रहेगी । अनामिका से बायीं नासिका को बन्द कर दाहिनी नासिका से श्वास अन्दर खीचते है, गिनती के साथ ताकि श्वास पर नियन्त्रण रहे। पूरक की समाप्ति पर दोनों नासिकाओं को बन्द कर लेते है। कुम्भक करते हुए जलन्धर मूलबन्ध लगाते है पहली बार अभ्यास करते हुए कुछ ही क्षण रहे। फिर मूलबन्ध छोड़कर जालन्धर बन्ध को छोड़े। पूरक, कुम्भक रेचक का अनुपात 1:4:2 होता है। प्रारम्भ में 1:3:3 भी हो सकता है। फिर जालन्धर मूलबन्ध का अभ्यास करते है। चार के अनुपात में कुम्भक के पश्चात् पहले मूलबन्ध छोड़ते है, फिर जालन्धर बन्ध । सिर को सीधा करते है। दाहिनी नासिका से ही श्वास बाहर करते है। यह एक आवृति है। प्रारम्भ में इसकी 10 आवृतियाँ प्रर्याप्त है किन्तु धीरे–धीरे इस अवधि को 10,15 मिनट तक बढ़ाया जा सकता है।

सावधानियाँः– भोजन के पश्चात् कदापि न करें। इसका अभ्यास अधिक देर तक करने पर यह श्वसन चक्र में असन्तुलन उत्पन्न कर सकता है। ह्मदय रोग, उच्च रक्तचाप, मिर्गी से ग्रस्त व्यक्तियों को इसका अभ्यास नहीं करना चाहिए।

लाभः– कुण्डलिनी शक्ति को जागृत करता है। शरीर की अग्नि, ताप को उत्तेजित करता है। अन्तमुखी को बहिर्मुखी बनाने में उपयोगी है। वात–दोष का निवारण करता है। निम्न रक्तचाप, बाँझपन कृमि के उचार में भी सहायक है।

3.उज्जायी प्राणायाम

विधिः– दोनों नासिकाओं से पूरक करते हुए श्वास को अन्दर खींचना है और वायु को मुँह में ही रखनाहै। इसके बाद कण्ठ को सकांचित कर सूक्ष्म ध्वनि उत्पन्न करते हुए ह्मदय गले से वायु को खींचना है। इस वायु का योग पूरक के द्वारा खींची गई वायु से करना है। इस

प्रकार पूर्ण उज्जायी श्वास लेकर फिर अतेरंग कुम्भक जालन्धर बन्ध का अभ्यास करना है। इसके पश्चात् उसी मार्ग में वैसी ही ध्वनि करते हुए रेचक के द्वारा धीरे–धीरे श्वास को बाहर निकाल दिया जाता है।

सावधानियाँ:–

अन्तर्मुखी व्यक्ति इसका अभ्यास न करें। ह्रदय रोग से पीड़ित व्यक्तियों को उज्जायी के साथ बन्धो कुम्भक का अभ्यास नहीं करना चाहिए।

लाभः– अनिद्रा में लाभकारी अभ्यास है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित व्यक्तियों के लिए भी सहायक होता है। इसका अभ्यास निरन्तर करने से कफ, कब्ज, आंव, आंत, का फोड़ा, जुकान, बुखार यकृत आदि के रोग नहीं होते। प्रत्याहार के अभ्यास में उच्चायी विशेष लाभप्रद है।

4. शीतली प्राणायाम

विधिः– जीभ को बाहर निकाल कर उसे एक नली के सहश बनाना उस नली के माध्यम से गहरी श्वास खींचकर उदर को वायु से भर देना है तथ छुछ क्षणों के लिए की कुम्भक का अभ्यास करना है।पूरक रेचक के बीच क्षणमात्र का अन्तराल होना चाहिए। तो क्षण भर कुम्भ्क के दौरान जीभ को अन्दर खींचा जाता है। मुँह को बन्द किया जाता है। फिर नासिका से श्वास बाहर निकाली जाती है यह एक आवृति हुई।

लाभः– इस अभ्यास से अजीर्ण कफ, पित्त की बीमारी नहीं होती है।यह मानसिक भवनात्मक उत्तेजनाओं को शान्त करता है।निद्रा के पूर्व प्रशान्तक के रूप में किया जा सकता है। भूख–व्यास पर नियन्त्रण होता है तुष्टि की भावना उत्पन्न होती है। रक्तचाप पेट की अम्लीयता को कम करने में सहायक।

5.भस्त्रिका प्राणायाम

विधिः– इस प्राणयाम में लोहार की धौकनी की भांति समान अन्तर से नासिका द्वारा बार–बार पूरक एवं रेचक की क्रिया की जाती है। नासिका से लययुक्त श्वास लेने छोड़ने की क्रिया जल्दी–जल्दी की जाती है। यहाँ एक नासिका से अभ्यास करने का निर्देश नहीं दिया गया है, लेकिन व्यावहारिक रूप से यही सिखलाया जाता है कि एक नासिका से 20 बार जल्दी–जल्दी श्वास को लेना छोड़ना है इसके पश्चात् 21 श्वास खींचकर कुम्भाक लगाना है। तत्पश्चात् जितनी देर तक कुम्भक लगा सकते है लगाइये। अन्य ग्रन्थों में इसके साथ जालन्धर मुवबन्ध का भी प्रयोग बतलाया जाता है। फिर जब श्वास को अन्दर नहीं रोक सकते तब उसी नासिका से श्वास को धीरे–धीरे बाहर किया जाता है। इसके बाद दूसरी नासिका से जल्दी–जल्दी लययुक्त श्वास लेनी छोड़नी है। इस नासिका से भी उक्त विधि को दुहराना है। फिर दोनों नासिकाओं से एक साथ इस अभ्यास को दुहराना है।

सावधानियाँः– उच्च रक्तचाप ह्रदय रोग, हार्निया, गेहिट्रक, अलसर, मिर्गो या भूमि से पीड़ित व्यक्तियों को यह अभ्यास नहीं करना चाहिए। गरमी के दिनों में इसका अभ्यास कम करना चाहिए। क्योकि इस प्राणायाम से शरीर के तापमान में वृद्धि होती है।यदि भ्रस्त्रिका का अधिक अभ्यास करेंगें तो रक्त की गन्दगी तीव्र गति से बाहर आयेगी ओर शरीर में कोड़े कुन्सी घाव चर्म रोग इत्यादि को निकायत होने लगेगी। अतः धैर्यपूर्वक अभ्यास में आगे बढ़े। अशुद्धियों का निष्कासन धीरे–धीरे होने दें जिससें किसी बीमारी से ग्रस्त होने की ज्यादा सम्भावना न रहे।

लाभः– यह वात, पित्त, कफ का निवारण होता है।फेफड़ों के वायुकोशों को खोलता है।चपापचय की गति बढ़ जाती है।मल और विषाक्त तत्वों का निष्कासन होता है।पाचन संस्थान को स्वस्थ बनाती है।

प्राणिक शरीर को सामर्थ्यशाली बनाता है।यह प्राणायाम शरीर को नाड़ी संस्थान को पूर्ण प्रशिक्षण देने का उत्तम अभ्यास है।यह गले की सूजन जमा कफ को दूर करता है। तन्त्रिका तन्त्र को सन्तुलित शक्तिशाली बनाता है।

6.भ्रामरी प्राणायाम

प्रारम्भिक अवस्थाः–

ध्यान के किसी सुविधाजनक आसन में बैठते है। मेरूदण्ड एवं सिर को सीधा रखते है। दोनों हाथ चिन या ज्ञानमुद्रा में घुटनों के ऊपर रखतें है। इस अभ्यास के आदर्श आसन पद्यासन या सिंहासन है। जिसकी विधि इस प्रकार है– कम्बल को बेलनाकार मोड़कर उसके ऊपर इस प्रकार बैठते है कि एड़ियाँ नितम्बों के पास रहें, तलवे जमीन पर घुटने ऊपर उठे रहते है केहुनियों को घुटने के ऊपर रखते है। आँखों को बन्द कर पूरे शरीर को शिथिल बनाते है। पूरे अभ्यास के समय दांतो को परस्पर अलग रखते तथा मुँह को बन्द रखते है इससे कम्पन को स्पष्ट सुना जा सकेगा तथा उसको मस्तिष्क में अनुभव भी किया जा सकेगा जबड़ो को ढीला रखें। हाथों को बगल में कन्धों के समानान्तर फैलाते है। फिर केहुनियों से मोड़कर होथों को कानों के पास लाते हुए तर्जनी या मध्यमा उँगनियों सें कानो को बन्द करते है। यदि नादानुसंधान के आसन में बैठतें है तो कानो को उंगूठों से बन्द कर शेष चार अँगुनियों को सिर के ऊपर रखें ताकि बाहर की आवाजें प्रवेश न करें। इसके बाद अपनी सजगता को मस्तिष्क के केन्द्र पर एकाग्र करें, जहाँ आज्ञा चक्र स्थित है। सम्पूर्ण शरीर को पूर्णतया स्थिर रखें। नासिका से पूरक कर रेचक के समय भ्रमर के गुंजन के समान आवाज करें। गूंजन की ध्वनि पूरे रेचक में स्थिर, गहरी सम अखण्ड होनी चाहिए। रेचक पूर्ण रूप से नियन्त्रित हो तथा उसकी गति मन्द हो। यह एक आवृति हुई। रेचक पूर्ण होने पर गहरी श्वाास लें और अभ्यास की पुनरावृत्ति करें।

दूसरी अवस्थाः– इस अभ्यास की अगली अवस्था में कानों को बन्द रखते हुए चुपचाप सामान्य श्वास लेते बैठे रहते है धीरे–धीरे अपनी सजगता को अन्तर्मुखी एवं सूक्ष्म बनाते हुए भीतर में उत्पन्न ध्वनियों को सुनने का प्रयास करते है। आरम्भ में श्वास की आवाज सुनाई पड़ती है। जैसे ही एक ध्वनि के प्रति सजग होते है, वैसे ही अन्य ध्वनियो को छोड़कर केवल उस ध्वनि के प्रति सजग रहने का प्रयत्न करते है। कुछ दिनों या सप्ताहों

के नियमित अभ्यास से आपको ऐसा प्रतीत होगा कि वह ध्वनि अधिक स्पष्ट तीव्र होती जा रही। पूर्ण सजगता से उस ध्वनि से सुनते जाए। केवल उस ध्वनि की ओर अपनी सजगता को प्रवाहित होने दे तथा अन्य सभी ध्वनियों एवं विचारों को भूल जायें।

सावधानियाँः– भ्रामरी का अभ्यास लेटकर नहीं करना चाहिए। कानों में संक्रमण होने पर इसका उपयोग न करें। ह्रदय रोग से पीड़ित व्यक्तियों को बिना कुम्भक इसका अभ्यास करना चाहिए।

लाभः– भ्रामरी क्रोध, चिन्ता, अनिद्रा का निवारण कर तथा रक्त चाप को घटाकर प्रमस्तिष्कीय तनाव परेशानी को दूर करता है। गले के रोगों का निवारण करता है। यह आवाज को सुधारता, मजबूत बनाता है।यह शरीर के ऊतकों के स्वस्थ होने की गति को बढ़ाता है।

7. मूर्च्छा प्राणायाम– मूर्च्छा प्राणायाम का अभ्यास किसी भी आरामदायक आसन में कर सकते है। इसके सिर सबसे उत्तम है। पद्मासन सिंहासन, सिंहयोनि आसन स्वास्तिकासन, वज्रसान या सुखासन में भी बैठ सकते है। सिर मेरूदण्ड की एकदम सीधा रखते हैं। सम्पूर्ण शरीर को शिथिल बनाते हैं आँखों बन्द कर श्वास अन्दर खीचते हैं फिर धीरे–धीरे सिर को ऊपर उठाया जाता है। एकदम छत की तरफ नहीं वस 45 अंश का कोण बनाते हुए सिर को उठाते हुए आँखों को धीरे–धीरे खोलते है 45 अंश के कोण तक सिर के पहुँचते–पहुँचते आँखें पूरी खुल जाती है और शाम्भवी दृष्टि का अभ्यास होता है। शाम्भवी दृष्टि में कुम्भक लगाया जाता है।

हाथो से घुटनों पर दबाव डालते हुए केहुनियों को सीधा रखते है। जब तक कुम्भक लगा सकते है तब तक शाम्भवी दृष्टि का अभ्यास करते जाइए। जब देर तक कुम्भक न लगा सकते हो तब धीरे धीरे श्वास छोड़ते हुए सिर को नीचे लाइये आँखों को सामने लाकर उन्हें बन्द कर लीजिये। भुजाओं को शिथिल कीजिए सामान्य श्वास लेते हुए सम्पूर्ण मन में प्रकाश शान्ति फैलाने का अनुभव करें। खोपड़ी में जो हलकेपन का अनुभव हो रहा है उसे देखते रहिए यह मूर्च्छा प्राणायाम है।

सावधानियाँः– उच्च रक्तचाप सिर में चक्कर आना या मस्तिष्क में चोट लगना ह्रदय या फेफड़े के रोगों से पीड़ित व्यक्तियों को नहीं करना चाहिए।

लाभः– शरीर मस्तिष्क को विश्राम मिलता है। व्यक्ति का बहिर्मुखी मन स्वतः अन्तर्मुखी होने लगता है।

8. केवली प्राणायाम

विधिः–यह वास्तव में अजपाजप है। इसमें शरीर के तीन मुख्य केन्द्रों में श्वास की कल्पना की जाती है। जब से ऊपर चढ़ रही है अनाहत चक्र को पार करके नासिकाग्र तक पहुँच रही है। जब श्वास छोड़ते है तब अनुभव करना है कि श्वास की चेतना नासिका के अग्रभाग से नीचे मूलाधार की ओर जा रही है क्रमशः जैसे–जैसे इन श्वास केन्द्रों से गुजरती है, इस पर ध्यान को केन्द्रित करना है।

अभ्यास प्रश्न –

सत्य/असत्य

1. केवली प्राणायाम का विवेचन ह0 प्रदीपका में किया गया है।
2.प्लावनी प्राणायाम का वर्णन होरण्ड संहिता में किया गया है।
3.अन्तर्मुखी ब्यक्तियों को उज्जायी प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए
4.सूर्य भेदी प्राणायाम पिंगला नाड़ी को जागृत करता है।

19.4–सारांश–

प्रिय पाठको उपरोक्त वर्णन से आप जान गये होगें की व्यवहारिक एवं साधनात्मक दोनों दृष्टिकोणों से प्राणायाम का अभ्यास कितना लाभकारी है। वस्तुतः प्राणयाम के नियमित अभ्यास से मानसिक स्थिरता आने लगती है क्योकि प्राण के चंचल होने पर ही मन चंचल होता है तथा प्राण के नियमित होने पर मन स्वतः ही नियंत्रित होने लगता है। घेरण्ड संहिता में सगर्भ, निगर्भ, सूर्यभेदी, उज्जायी, शीतली भ्रामरी, मस्त्रिका इत्यादि विभिन्न प्राणायामो का वर्णन किया गया है।

प्राणायाम का अभ्यास करते समय व्यक्ति को अपने आहार,शारीरिक स्थिति, समय, मौसम इत्यादि सभी का ध्यान रखते हुये समय परिस्थिति एंव अपने शारीरिक बल के अनुसार उपयुक्त प्राणायाम का चयन करना चाहिये।

19.5 शब्दावली

सूर्य भेदी– पिंगला या सूर्य नाडी का भेदन करने वाला।
भ्रामरी– जिसमें भ्रमर की गुंजन जैसी आवाज होती है।
शीतली– शीतलता प्रदान करने वाला।
टायाम– विस्तार करना, फैलाना

19.6 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. दिगम्बर स्वामी (2001) स्वात्माराम कृत हठप्रदीपिका, कैवल्यधाम, श्रीमन्माधव, योग मन्दिर समिति, लोनावाला।
2. निरंजनानन्द स्वामी (2003) महर्षि घेरण्ड कृत घेरण्ड संहिता योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट मुंगेर बिहार।
3. सरस्वती स्वामी सत्यानन्द – आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बन्ध (2003) योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट मुंगेर बिहार।

19.7 निबंधात्मक प्रश्न–

प्रश्न– भ्रामरी एंव उज्जायी प्राणायाम का विस्तृत विवेचन कीजिए।
प्रष्न– सगर्भ, निगर्भ एंव केवली प्राणायाम का विवेचन कीजिए।

इकाई–20 घेरण्ड संहिता में वर्णित मुद्राओं की विधि, लाभ एवं सावधानियाँ

इकाई की संरचना

20.1 प्रस्तावना

घेरण्ड संहिता के तीसरे अध्याय में मुद्राओं का वर्णन किया गया है। घेरण्ड संहिता में 25 मुद्राओं का वर्णन मिलता है जिनमें 16 मुद्राएँ, 4 बन्ध तथा 5 धारणाएँ है। प्रस्तुत इकाई में हम मुद्राओं, बन्धों तथा धारणाओं की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करेंगे। महर्षि घेरण्ड कहते हैं कि मुद्रा बहुमूल्य साधन है जो ब्रह्मद्वार अर्थात् मूलस्थान पर सोती हुई कुण्डलिनी शक्ति का जागरण करके साधक को लक्ष्य तक पहुँचाती है परन्तु मुद्राओं को सोने की पिटारी की तरह गुप्त रखना चाहिए। अतः स्पष्ट होता है कि बन्ध व मुद्राएं हमें बाह्य या भौतिक जगत् से हटाकर अर्न्तजगत् में ले जाती है तथा लक्ष्य की प्राप्ति हो जाती है प्रस्तुत इकाई में आप मुद्राओं, बन्धों तथा धारणों की विधियों का अध्ययन करेंगे।

20.2 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई से आप–

- मुद्राओं की विधि तथा लाभ का अध्ययन करेंगे।
- मुद्रा व बन्धों की सावधानियों का अध्ययन करेंगे।
- मुद्रा व बन्धों के उद्देश्यों को समझ सकेंगे।
- घेरण्ड संहित में वर्णित विविध मुद्रा व बन्धों का विश्लेषण कर सकेंगे।

20.3 घेरण्ड संहिता में वर्णित मुद्राएँ

घेरण्ड संहिता में 25 मुद्राओं का वर्णन मिलता है। जिनमें 16 मुद्राएँ, 4 बंध तथा 5 धारणाएँ है। घेरण्ड संहिता के तीसरे अध्याय में मुद्राओं का वर्णन किया गया है। मुद्रा का अभ्यास मानसिक स्थिरता प्रदान करता है। योग में मुद्राओं एवं बन्धों का स्थान आसन और प्राणायाम से भी बढ़कर बताया गया है क्योंकि मुद्रा का अभ्यास हमारे प्राणमय कोश और मनोमय कोश को प्रभावित करता है।

महामुद्रा नभोमुद्रा उड्डीयानं जलन्धरम्।
मूलबन्धो महाबन्धो महाबेधश्च खेचरी।।
विपरीतकरी योनिर्वज्रोणि शक्तिचालनी।
ताडागी माण्डुकी मुद्रा शाम्भवी पंचधारणा।।
अश्विनी पाशिनी काकी मातंगी च भुजंगिनी।
पंचविंशतिमुद्राश्च सिद्धिया इह योगिनाम्।। घे०सं० 3/1 2 3

अर्थात् घेरण्ड मुनि कहते हैं– महामुद्रा, नभोमुद्रा, उड्यिान बंध, जालन्धर बंध, मूलबंध, महाबन्ध, महाबेध मुद्रा, खेचरी मुद्रा, विपरीतकरणी मुद्रा, योनि मुद्रा, वज्रोणि मुद्रा, शक्तिचालिनी मुद्रा, तडागी मुद्रा, माण्डुकी मुद्रा, शाम्भवी मुद्रा, पार्थिवी धारणा, आम्भसी धारणा, आग्नेयी धारणा, वायवीय धारणा, आकाशी धारणा, अश्विनी, पाशिनी, काकी, मातंगी

और भुजंगिनी इत्यादि 25 मुद्राएँ हैं। इनका अभ्यास करने से योगी को कई प्रकार की सिद्धियाँ प्राप्त होती है।

20.3.1 महामुद्रा

घेरण्ड मुनि ने महामुद्रा का वर्णन इस प्रकार किया है–

विधि–

पायुमूलं वामगुल्फे संपीड्य दृढ़यत्नतः।
याम्यपादं प्रासार्याथ करोपात्तपदाङगुलिः।।
कण्ठ संकोचनं कृत्वा भ्रुवोर्मध्यं निरीक्षयेत।
पूरकैर्वायुं सम्पूर्य महामुद्रा निगद्यते।। घे०सं० 3/29 30

बाँयी एडी से गुदा प्रदेश को दबाये तथा दाहिने पैर को सीधा रखे। गहरी श्वास ले तथा श्वास छोड़ते हुए आगे झुक कर दाहिने पैर के पंजे को दोनों हाथों से पकड़ ले। कण्ठ को संकुचित कर जालन्धर बंध लगाए तथा दोनों आँखों को भूमध्य (शाम्भवी मुद्रा) में केन्द्रित करें। पूरक की गई वायु को यथा सम्भव रोके (अन्तर्कुम्भक)। यह महामुद्रा कहलाती है।

लाभ– वलितं पलितं चैव जरा मृत्युं निवारयेत्।
क्षयकासं उदावर्तप्लीहाजीर्णज्वरं तथा।
नाशयेतत्सर्वरोगांश्च महामुद्राप्रसाधनात्।। घे०सं० 3/31

यह मुद्रा चित्त की चंचलता को समाप्त करती है, मन की एकाग्रता को बढ़ाती है। इस मुद्रा के अभ्यास से बुढ़ापे पर विजय प्राप्त होती है तथा मृत्यु का नाश होता है। चिकित्सा की दृष्टि से देखे तो कहा गया है कि यह मुद्रा यक्ष्मा, कफ तथा श्वास सम्बन्धित रोगों को ठीक करती हैं। साथ ही साथ प्लीहा के रोग, पाचन सम्बन्धी रोग तथा तन्त्रिका तंत्र में संतुलन की प्राप्ति होती है।

सावधानियाँ– मुद्रा हठयोग का उच्च अभ्यास है, इसलिए बिना शरीर शुद्धि के पूर्व इस मुद्रा का अभ्यास नहीं करना चाहिए। उच्च रक्तचाप से पीड़ित रोगियों तथा हृदय रोगियों को यह अभ्यास नहीं करना चाहिए। इस मुद्रा के अभ्यास को गर्मीयों में नहीं करना चाहिए क्योंकि इसका अभ्यास शरीर के ताप में वृद्धि करता है।

20.3.2 नभो मुद्रा–

विधि– यत्र यत्र स्थितो योगी सर्वकार्येषु सर्वदा।
उर्ध्वजिहः स्थिरो भूत्वा धारयेत्पवनं सदा।
नभो मुद्रा भवेदेषा योगिनां रोगनाशिनी।। घे०सं० 3/32

सभी कार्यों में लगे रहते हुए या कहीं भी स्थिर हुआ योगी इस मुद्रा में जीभ को उल्टा कर ऊपर तालु से सटा दे तथा कुम्भक लगाकर वायु को रोक दे यह नभो मुद्रा कहलाती है।

लाभ–

यह मुद्रा एक प्रकार से खेचरी का सरल अभ्यास है इसलिए इससे खेचरी मुद्रा के लाभ मिलते हैं। कहा गया है कि जो अभ्यासी इसका निरन्तर अभ्यास करते हैं उन्हें किसी भी प्रकार के रोग नहीं होते।

सावधानी–

उच्च रक्तचाप वाले व्यक्ति तथा हृदय रोग से पीड़ित रोगियों को इसका अभ्यास नहीं करना चाहिए। जीभ को तालु से लगाते समय सावधानी रखे। बिना गुरू के इसका अभ्यास न करे।

20.3.3 खेचरी मुद्रा विधि

जिह्वाधो नाड़ी संछित्य रसनां चालयेत्सदा।
दोहयेत्रवनीतेन लौहयन्त्रेण कर्षयेत्।।
एवं नित्यं समभ्यासाल्लम्बिका दीर्घतां व्रजेत्।
यावद्गच्छेद्भ्रुवोर्मध्ये तदा सिध्यति खेचरी।।
रसना तालुमूले तु शनैः शनैः प्रवेशयेत्।
कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।
भ्रुवोर्मध्ये गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी।। घे०सं० 3/33 34 35

जिह्वा और जिह्वा मूल को मिलाने वाली नाड़ी का छेदन कर जिह्वा के आगे वाले भाग का निरन्तर चालन करें और मक्खन लगाकर निरन्तर दोहन करें साथ ही साथ लोहे की चिमटी से खीचें। इसका प्रतिदिन अभ्यास करने से जिह्वा बढ़ती है। जिह्वा को इस अभ्यास से इतना लम्बा कर लेना चाहिए कि वह भौहो के मध्य तक पहुँच सके। तत्पश्चात् जिह्वा को तालू मूल में धीरे–धीरे प्रविष्ट करें। जिह्वा को उलटकर कपालरन्ध्र में ले जाना चाहिए। दृष्टि को दोनों भौहों के मध्य भाग में रखे। यह खेचरी मुद्रा कहलाती है।

लाभ–

न च मूर्च्छा क्षुधा तृष्णा नैवालस्यं प्रजायते।
न च रोगो जरा मृत्युर्देवदेहः स जायते।।
नाग्निना दह्यते गात्रं न शोषयति मारूतः।
न देहं क्लेदयन्त्यापो दशेन्न भुजंगमः।।
लावण्यं च भवेद्गात्रे समाधिर्जायते ध्रुवम्।
कपालवक्त्रसंयोगे रसना रसमाप्नुयात्।।
नानारससमुद्भूतमानन्दं न दिने दिने।
आदौ च लवणं क्षारं च ततस्तिक्तकषायकम्।।
नवनीतं घृतं क्षीरं दधितक्रमधूनि च।
द्राक्षारसं च पीयूषं जायते रसनोदकम्।। घे०सं० 3/36 37 38 39 40

खेचरी सिद्ध होने पर साधक को मूर्च्छा, क्षुधा, तृष्णा, आलस्य आदि नहीं सताते। उसे रोग, जरा और मृत्यु का भय नहीं रहता। उसका शरीर आग में नहीं जलता और न ही पवन से सूखता है और न ही जल उसके शरीर को भिगो सकता है। उसके शरीर पर सर्प के विष का असर नहीं होता। साधक को निश्छल समाधि सिद्ध हो जाती है। तालू के ऊपर और कपाल कुहर में जो स्वाद ग्रन्थियाँ होती है साधक की उनके कई स्वादों का अनुभव होने लगता है तथा साथ ही साथ कई रस भी उत्पन्न होने लगते हैं। कई नवीन आनन्द की अनुभूति होती है। प्रारम्भ में लवण, क्षार, तिक्त और कषाय रस का अनुभव होता है तथा इसके बाद मक्खन, धृत, दूध, दधि, तक्र, मधु, द्राक्षा और अमृत आदि रसों का स्वाद उत्पन्न होता है।

सावधानी

खेचरी मुद्रा का अभ्यास उच्च तथा जटिल अभ्यास है जिह्वा को तालु को काटते समय सावधानी बरते तथा किसी योग्य गुरू के निर्देशन में ही इसका अभ्यास करे। जिह्वा व्रण तथा मुँह का अन्य किसी रोग में अभ्यास को न करे।

20.3.4 महाबेध मुद्रा

विधि– महाबेध की विशेषता बताते हुए घेरण्ड मुनि कहते हैं कि महाबेध के बिना मूलबंध तथा महाबंध दोनो ही निष्फल है, जिस प्रकार बिना पुरुष के स्त्री का रूप, यौवन और लावण्य व्यर्थ है।

महाबन्धंसमासाद्य कुम्भकं चरेदुड्डीन।
महाबेधः समाख्यातौ योगिनां सिद्धिदायकः।। घे०सं० 3/42

सर्वप्रथम महाबंध का अभ्यास करे तत्पश्चात् उड्डियान बंध कर वायु को कुम्भक द्वारा रोके। यही महाबेध मुद्रा है।

लाभ–

महाबन्धमूलबन्धौ महाबेधसमन्वितौ।
प्रत्यहं कुरुते यस्तु स योगी योगवित्तमः।। घे०सं० 3/43
न मृत्युतो भयं तस्य न जरा तस्य विद्यते।
गोपनीयः प्रयत्नेन वेधोऽयं योगिपुंगवैः।। घे०सं० 3/44

जो साधक प्रतिदिन महाबेध के साथ महाबंध, मूलबंध का अभ्यास करता है वह सभी योगियों में श्रेष्ठ माना जाता है। उसे वृद्धावस्था नहीं आती, उसे मृत्यु का भय नहीं सताता। साधको को इसका अभ्यास गोपनीय रखना चाहिए।

सावधानी–

इस अभ्यास में तीनों बंधो (मूलबंध, उड्डियानबंध, जालंधर बंध) में निपूणता होनी चाहिए। बिना गुरू के निर्देशन के इसका अभ्यास न करे।

20.3.5 विपरीत करणी मुद्रा

विधि—

घेरण्ड मुनि कहते हैं कि नाभिमूल में सूर्य तथा तालू मूल में चन्द्र स्थित है। चन्द्र द्वारा अमृत का स्त्राव होता है, सूर्य इस अमृत का पान करता है जिससे प्राणी की मृत्यु होती है किन्तु अगर चन्द्र नाडी के अमृतपान करने पर मृत्यु नहीं आती। इसलिए सूर्य को ऊपर और चन्द्र को नीचे कर ले। यही विपरीतयकरणी है—

भूमौ शिरश्च संस्थाप्य करयुग्मं समाहितः।
उर्ध्वपादः स्थिरो भूत्वा विपरीतकरी मता।। घे०सं० 3/47

सिर को भूमि पर रखे तथा दोनों हाथों से कमर को सहारा देकर दोनों पावों को ऊपर उठाएँ तत्पश्चात् कुम्भक द्वारा वायु को रोके, यही विपरीतकरणी मुद्रा है।

लाभ— मुद्रां च साधयेन्नित्यं जरा मृत्युं च नाशयेत्।
स सिद्धः सर्वलोकेषु प्रलयेऽपि न सीदति।। घे०सं० 3/48

इस मुद्रा का नित्यप्रति अभ्यास करने से वृद्धावस्था व मृत्यु नहीं आती। इसका अभ्यास करने वाला साधक सब लोकों में सिद्धि प्राप्त करता है तथा प्रलयकाल में भी दुखी नहीं होता है।

सावधानी—

शरीर के स्वस्थ होने पर ही इसका अभ्यास करना चाहिए। उच्च रक्तचाप, हृदय रोग से पीड़ित रोगियों को तथा थायराइड़ वृद्धि पर इसका अभ्यास न करे। मस्तिष्क चक्र के दौरान इसका अभ्यास वर्जित है। प्रारम्भ में इसका अभ्यास गुरू के निर्देशन में ही करे। मोटे व्यक्ति इसका अभ्यास दीवार या किसी अन्य सहारे से करे।

20.3.6 योनि मुद्रा

विधि—

सिद्धासनं समासाद्य कर्णचक्षुर्नसामुखम्।
अङ्गुष्ठतर्जनी मध्यानामाद्यैः पिद्धीत वै।।
प्राणमाकृष्य काकीभिरपाने योजयेत्ततः।
षट् चक्राणि क्रमाद्ध्यात्वा हुं हंसमनुना सुधीः।।
चैतन्यमानयेद्देवीं निद्रिया या भुजंगिनी।
जीवेन सहितां शक्ति समुत्थाप्य पराम्बुजे।।

शक्तिमयो स्वयं भूत्वा परं शिवेन संगमम्।
नानासुखं विहारं च चिन्तयेत्परमं सुखम्।।
शिवशक्तिसमायोगादेकान्तं भुविभावयेत्।
आनन्दमानसो स्वयं भूत्वा अहं ब्रह्मेति संभवेत्।। घे०सं० 3/49–53

सर्वप्रथम सिद्धासन में बैठकर दोनों हाथों के अँगूठों से दोनों कानों को, दोनों तर्जनियों से आँखों को, मध्यमाओं से नासिका को तथा अनामिका से मुख को बन्द करें। काकी मुद्रा द्वारा प्राण खींचकर अपान में मिला दे। शरीर में स्थित छहः चक्रों पर ध्यान लगाते हुए "हूँ" अथवा "हंस" मन्त्र से कुण्डलिनी शक्ति को जगाकर उसके साथ ही जीवात्मा को सहस्त्रार चक्र में ले जाए। इसी समय साधक को यह भावना करनी चाहिए कि "मैं शिव के साथ शक्ति सम्पन्न होकर सुखपूर्वक विहार कर रहा हूँ। शिव शक्ति के संगम से ही मैं आनन्दमय स्वयंभू व्रह्म हो गया हूँ।" यही योनिमुद्रा है।

लाभ–

ब्रह्महाभ्रूणहा चैव सुरापी गुरू तल्पगः।
एतैः पोपेर्न लिप्यते योनि मुद्रा निबन्धनात्।।
योनिमुद्रा परागोप्या देवानामपि दुर्लभा।
सकृत्तु लब्धसंसिद्धः समाधिस्थः स एव हि।।
यानि पापानि घोराणि उपपापानि यानि च।
तानि सर्वाणि नश्यन्ति योनिमुद्रा निबन्धनात्।
तस्मादभ्यासनं कुर्याद्यादि मुक्तिं समिच्छति।। घे०सं० 3/54 55 56

इस मुद्रा के नियमित अभ्यास से ब्रह्म हत्या, भ्रूण हत्या, सुरापान, गुरुतल्प गमन आदि महापापो से मुक्ति मिलती है। इसके और अधिक लाभों को बताते हुए कहते हैं कि यह मुद्रा परम गोपनीय है इसलिए देवताओं के लिए भी यह दुर्लभ है। इसका नियमित अभ्यास करने वाला साधक समाधि को प्राप्त कर लेता है। संसार के जितने भी पाप है इसके निरन्तर अभ्यास से दूर हो जाता है। जो साधक मोक्ष को प्राप्त करना चाहते है। उनको इस मुद्रा का अभ्यास नित्यप्रति करना चाहिए।

सावधानी–

जो व्यक्ति अन्तर्मुखी हो वो इसका अभ्यास न करे। गृहस्थ आश्रम में रहने वाले सिद्धासन में ज्यादा देर न बैठे। साइटिका से पीड़ित व्यक्ति इसका अभ्यास न करे। जिन व्यक्तियों के कान बहते हो, वो भी इसका अभ्यास न करे।

20.3.7 वज्रोणि मुद्रा–

विधि– धरामवष्टभ्य करयोस्तलाभ्यां उर्ध्वे क्षिपेत्पाद युगंशिरखे।
शक्ति प्रबोधाय चिरजीवनाय वज्रोणिमुद्रा मुनयोः वदन्ति।।
घे०सं० 3/57

दोनों हथेलियों को भूमि पर रखे तथा दोनों पैरों को एवं सिर को आकाश की तरफ उठा ले। यह मुद्रा, ब्रह्मचर्य आसन की स्थिति जैसी है। योगियों ने इस मुद्रा को शक्ति संचार तथा जीवन प्राप्त कराने वाली कहा है। यही वज्रोणि मुद्रा है।

लाभ–

अयं योगे योग श्रेष्ठो योगिनां मुक्तिकारणम्।
अयं हितप्रदो योगो योगिनां सिद्धिदायकः।।
एतद्योगप्रसादेन बिन्दुसिद्धिर्भवेद्ध्रुवम्।
सिद्धे विन्दौ महायत्ने किं न सिध्यति भूतले।।
भेगेन महता युक्तो यदि मुद्रां समाचरेत्।
तथापि सकला सिद्धिर्भवति तस्य निश्चितम्।। घे०सं० 3/58 59 60

इस मुद्रा के लाभो का वर्णन करते हुए महर्षि घेरण्ड कहते हैं कि यह मुद्रा मुक्ति देने वाली तथा हितकारिणी है। यह मुद्रा श्रेष्ठ है तथा सिद्धि प्रदान करने वाली है। इससे बिन्दु सिद्धि होती है तथा बिन्दु सिद्ध होने पर पृथ्वी के सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं। यदि भोग में लिप्त व्यक्ति भी इस मुद्रा का नियमित अभ्यास करे तो उसे भी सभी सिद्धियाँ प्राप्त होती है।

सावधानी–

जिन व्यक्तियों को भुजाएँ कमजोर हो उनको यह अभ्यास सावधानी से करना चाहिए।

20.3.8 शक्तिचालिनी मुद्रा

विधि– शक्तिचालिनी मुद्रा की विधि बताने से पूर्व महर्षि घेरण्ड कुण्डलिनी शक्ति के विषय में बताते हैं, वह इस शक्ति का वर्णन इसलिए कर रहे हैं क्योंकि इस मुद्रा के अभ्यास से वह गोपनीय शक्ति जो सभी मनुष्यों में सोई हुई है, जाग्रत हो जाती है।

कुण्डलिनी शक्ति जो मूलाधार चक्र में साढे तीन फेरा लगाए हुए सर्प के समान सोई पड़ी है, इस अवस्था में साधक पशु के समान है। इसलिए जब तक यह जाग्रत न हो जाए इसका अभ्यास करते रहना चाहिए। घेरण्ड मुनि कहते हैं कि नाभि को वस्त्र से लपेटे तथा अकेले में ही इसका अभ्यास करे। नग्न रहकर, सबसे सामने इसका अभ्यास बिल्कुल न करे।

विधि–

वितस्तिप्रमितं दीर्घं विस्तारे चतुरङ्गुलम्।
मृदुलं धवलं सूक्ष्मं वेष्टनाम्बरलक्षणम्।।
एवमम्बरयुक्तं च कटिसूत्रेण योजयेत्।

संलिप्य भस्मनागात्रं सिद्धासनमाचरेत्।।
नासाभ्यां प्राणमाकृष्याप्यपाने योजयेद्बलात्।
तवादाकुंचयेद् गुह्यमश्विनीमुद्रया शनैः।।
यावद्रच्छेत्सुषुम्णायां हठाद्वायुः प्रकाशयेत्।
तदा वायुप्रबन्धेन कुम्भिका च भुजङ्गिनी।।
घे०सं० 3/65 66 67 68।।

एक कोमल वस्त्र लेकर जो कि एक बालिस्त लम्बा तथा चार अंगुल चौड़ा हो, नाभि पर लगाकर कटि में बाँधे। समस्त शरीर पर भस्म लगाएँ, सिद्धासन में बैठे तथा प्राण को अपान से मिलाने का प्रयास करें। अश्विनी मुद्रा द्वारा गुदा द्वार को संकुचित रखे, जब तक कि सुषम्ना द्वार से चलती हुई वायु प्रकाशित न हो। इस प्रकार कुम्भक द्वारा सर्प रूपिणी कुण्डलिनी जाग्रत हो ऊर्ध्वगामी हो जाती है।

लाभ–

बद्धश्वासस्ततो भूत्वा चोर्ध्वमार्ग प्रपद्यते।
विना शक्तिचालनेन योनिमुद्रा न सिध्यति।।
आदौ चालनमभ्यस्य योनिमुद्रां ततोऽभ्यसेत्।
इति ते कथितं चण्डकापाले शक्तिचालनम्।।
गोपनीयं प्रयत्नेन दिने दिने समभ्यसेत्।
मुद्रेयं परमा गोप्या जरामरणनाशिनी।।
तस्मादभ्यसनं कार्यं योगिभिः सिद्धिकांक्षिभिः।
नित्यंयोऽभ्यसते योगी सिद्धिस्तस्य करे स्थिता।
तस्य विग्रहसिद्धिः स्याद्रोगाणां संक्षयो भवेत्।। घे०सं० 3/69 70 71 72।।

इसके लाभों का वर्णन करते हुए महर्षि कहते हैं कि इसके अभ्यास के बिना योनिमुद्रा सिद्ध नहीं हो सकती। इसका अभ्यास नित्य प्रति करने को कहा है साथ ही इसे गोपनीय रखने को भी कहा गया है। इससे विग्रह–सिद्धि सहित सभी सिद्धियाँ मिलती है और सभी रोगों का भी निवारण होता है।

सावधानी– इस मुद्रा का अभ्यास गोपनीय ढंग से करना चाहिए। खुले बदन में इसका अभ्यास नहीं करना चाहिए। वस्त्र को लपेट कर, एकान्त में बैठ कर शक्तिचालनी मुद्रा का अभ्यास करना चाहिए।

20.3.9 तडागी मुद्रा–

विधि–

उदरंपश्चिमोत्तानं कृत्वा च तडागाकृतिः।
ताडागी सा परामुद्रा जरा मृत्यु विनाशिनी।। घे०सं० 3/73

सर्वप्रथम पश्चिमोत्तासान में बैठे, पीठ को सीधा रखे। श्वास ले तथा पेट को ऐसे फुलाएँ जैसे उसके अन्दर पानी भरा हुआ हो। श्वास छोड़ते हुए पेट को अन्दर करे।

लाभ—यह एक महत्त्वपूर्ण मुद्रा है इसका अभ्यास करने से बुढ़ापा नहीं आता तथा मृत्यु का भय भी दूर हो जाता है।

सावधानी—

गर्भवती महिलाएँ, हर्निया या भ्रंश से पीड़ित रोगियों को इसका अभ्यास नहीं करना चाहिए। श्वास लेते तथा छोड़ते हुए सावधानी बरतें।

20.3.10 माण्डूकी मुद्रा

विधि— मुखं संमुद्रितं कृत्वा जिह्वामूलं प्रचालयेत्।
शनैर्ग्रसेदमृतं तां माण्डूकीं मुद्रिकां विदुः।। घे०सं० 3/74

मुख को बन्द कर जिह्वा को तालु में पूरा घुमाएँ, जिससे जिह्वा के माध्यम से सहस्त्रार चक्र से टपकने वाले सुधा का पान (अमृत) हो सके। यही माण्डूकी मुद्रा है।

लाभ— वलितंपलितं नैव जायते नित्ययौवनम्।
न केशे जायते पाको यः कुर्यान्नित्यमाण्डूकीम्।। घे०सं० 3/75

इसके अभ्यास से बालों का झड़ना, सफेद होना आदि सभी रोग दूर हो जाते है। इसके अभ्यास से शरीर में झुर्रियाँ नहीं पड़ती तथा युवावस्था बनी रहती है।

सावधानी— कमर, गर्दन को सीधा रखे। मूलाधार चक्र पर उचित दबाव डाले।

20.3.11 शाम्भवी मुद्रा

विधि—

नेत्रान्तरं समालोक्य चात्मारामं निरीक्षयेत्।
सा भवेच्छाम्भवीमुद्रा सर्वतन्त्रेषुगोपिता।। घे०सं० 3/76

दृष्टि को दोनों भौहों के मध्य स्थिर कर, ध्यान को स्वयं पर अर्थात् 'अपनी आत्मा' पर लगाए। यही शाम्भवी मुद्रा की विधि है। घेरण्ड मुनि ने इस मुद्रा को कुलवधू के समान बताया है।

लाभ— स एव ह्यादिनाथश्च स च नारायणः स्वयम्।
स च ब्रह्मा सृष्टिकारी यो मुद्रां वेत्ति शाम्भवीम्।। घे०सं० 3/78

इसका अभ्यास करने वाले साधक स्वयं आदिनाथ नारायण और जगत स्रष्टा ब्रह्मा ही है। अर्थात् इसका अभ्यास करने वाला साधक या पुरुष साक्षात् ब्रह्मरूप ही होता है।

सावधानी– जिन व्यक्तियों की आँखे बहुत अधिक कमजोर हो वो इसका अभ्यास ज्यादा देर तक या सावधानीपूर्वक ही करें। आँखों के किसी भी तरह के ऑपरेशन के बाद इसका अभ्यास न करें।

20.3.12 अश्विनी मुद्रा

विधि– आकुंचयेद् गुदाद्वारं प्रकाशयेत् पुनः पुनः।
सा भवेदश्विनीमुद्रा शक्तिप्रबोधकारिणी।। घे०सं० 3/82

गुदा द्वार को बार–बार संकुचित और प्रसारित करें। इस प्रक्रिया को बार–बार करना ही अश्विनी मुद्रा है। कहा भी गया है कि इससे कुण्डलिनी शक्ति जो मूलाधार चक्र में सोई हुई है, जाग्रत हो जाती है।

लाभ– आश्विनी परमा मुद्रा गुह्यरोगविनाशिनी।
बलपुष्टिकरी चैव अकालमरणं हरेत्।। घे०सं० 3/83

इस मुद्रा से गुदा सम्बन्धित सभी रोग नष्ट होते हैं। इसके नियमित अभ्यास से शारीरिक बल बढ़ता है, अकाल मृत्यु भी नहीं होती है।

सावधानी–

जब इस मुद्रा का अभ्यास करे तब ध्यान रखे कि केवल गुदा द्वार का ही संकुचन हो। संकुचन एवं प्रसार लयबद्ध होना चाहिए। गुदा नाल व्रण से पीड़ित व्यक्ति इसका अभ्यास न करे।

20.3.13 पाशिनी मुद्रा

विधि

कण्ठपृष्ठे क्षिपेत्पादौ पाशवद् दृढ़बन्धनम्।
सा एव पाशिनी मुद्रा शक्ति प्रबोधकारिणी।। घे०सं० 3/84

दोनों पैरों को सिर के पीछे ले जाए तथा दोनों घुटनों को मोड़कर कण्ठ के पीछे ले जाए तथा दोनों पैरों को मिलाकर पाश के समान कठोरता से बाँधे, यही पाशिनी मुद्रा है।

लाभ–

पाशिनी महती मुद्रा वयपुष्टि विधायिनी।
साधनीया प्रयत्नेन साधकैः सिद्धिकांक्षिभिः।। घे०सं० 3/85

पाशिनी मुद्रा के अभ्यास से शक्ति जाग्रत होती है। यह शरीर को बल और पुष्ट करने वाली मुद्रा है। इसके अभ्यास से साधक को सिद्धि प्राप्त होती है।

सावधानी–

जिन व्यक्तियों को हर्निया, स्लिपडिस्क, साइटिका, उच्च रक्तचाप या मेरूदण्ड से सम्बन्धित रोगों में इस मुद्रा का अभ्यास न करें।

20.3.14 काकी मुद्रा

विधि काकचंचुवदास्येन पिबेद्वायुं शनैः शनैः।
काकी मुद्रा भवेदेषा सर्वरोग विनाशिनी।। घे०सं० 3/86

किसी भी सुविधाजनक आसन में बैठे तथा मुख को कौवे की चोंच के समान बनाकर, मुख से वायु का धीरे–धीरे पूरक करें। यही काकी मुद्रा है।

लाभ– काकी मुद्रा परा मुद्रा सर्वतन्त्रेषुगोपिता।
अस्याः प्रसादमात्रेण काकवन्नीरुजो भवेत्।। घे०सं० 3/87

यह मुद्रा सभी रोगों का नाश करती है। इस मुद्रा के अभ्यास को गुप्त रखने को कहा है। इस मुद्रा के प्रभाव से साधक सभी बीमारियों से कौवे के समान मुक्त रहता है।

सावधानी– काकी मुद्रा का अभ्यास स्वच्छ वातावरण में ही करे, प्रदूषित वातावरण में न करें क्योंकि इसमें वायु का पान मुख से होता है। अत्यधिक ठण्ड में इसका अभ्यास न करे। विषाद, निम्नरक्तचाप तथा दीर्घकालिक कब्ज से पीड़ित रोगियों को इसका अभ्यास वर्जित है।

20.3.15 मातंगिनी मुद्रा–

विधि–

कण्ठमग्नेजले स्थित्वा नासाभ्यां जलमाहरेत्।
मुखान्निर्गमयेत्पश्चात् पुनर्वक्त्रेण चाहरेत्।।
नासाभ्यां रेचयेत् पश्चात् कुर्यादेवं पुनः पुनः।
मातंगिनी परा मुद्रा जरामृत्यु विनाशिनी।। घे०सं० 3/88,89

गले तक पानी में स्थिरतापूर्वक बैठिये तत्पश्चात् नाक से पानी खींचकर मुँह से बाहर निकालिए तथा मुँह से जल खींचकर नाक से बाहर छोडिए। इसको बार–बार कीजिए। यही मातंगिनी मुद्रा है।

लाभ– विरले निर्जने देशे स्थित्वा चैकाग्रमानसः।
कुर्यान्मातंगिनी मुद्रां मातंग इव जायते।।
यत्र यत्र स्थितो योगी सुखमत्यन्तमश्नुते।
तस्मात् सर्व प्रयत्नेन साधयेत् मुद्रिकांपराम्।। घे०सं० 3/90,91

इसके लाभों का वर्णन करते हुए महर्षि कहते हैं कि यह एक परम मुद्रा है जिसके अभ्यास से जरा, मृत्यु का हरण होता है। किन्तु इसे एकान्त स्थान में एकाग्र होकर करना चाहिए। इस मुद्रा के सिद्ध होने पर साधक हाथी के समान बलवान एवं शक्तिशाली बनता

है। साथ ही उसे आनन्द की अनुभूति होती है। इस मुद्रा को प्रयत्नपूर्वक सिद्ध करना चाहिए। इसकी सिद्धि थोड़े से अभ्यास से ही हो जाती है।

सावधानी– इस मुद्रा का अभ्यास लोगों, जन–साधारण के बीच में न करे। मन को एकाग्र करके ही इसका अभ्यास करे। नाक में पानी भरते हुए या मुँह में पानी भरते हुए सावधानी रखे।

20.3.16 भुजंगिनी मुद्रा

विधि

वक्त्रं किंचित्सुप्रसार्य चानिलं गलया पिवेत्।

सा भवेद् भुजंगी मुद्रा जरामृत्युविनाशिनी।। घे०सं० 3/92

किसी भी सुविधाजनक आसन में बैठे। मुख को पूरा खोलकर कण्ठ से वायु का पूरक करें। यही भुजंगिनी मुद्रा कहलाती है।

लाभ–

यावच्च उदरे रोगमजीर्णादि विशेषतः।
तत्सर्वंनाश्येदाशु यत्र मुद्रा भुजंगिनी।। घे०सं० 3/93

इसके अभ्यास सिद्ध होने पर जरा–मृत्यु का नाश होता है। यह उदर को स्वस्थ बनाकर उससे सम्बन्धित सभी रोगों को ठीक करता है। इससे अजीर्ण आदि रोगों में लाभ मिलता है।

सावधानी–इसे प्रदूषित वातावरण में न करें।

बंध

20.3.17 मूलबन्ध

पार्ष्णिना वामपादस्य योनिमाकुंचयेत्ततः।
नाभिग्रन्थि मेरुदण्डे सुधीः संपीड्य यत्नतः।।
मेढ्रं दक्षिणगुल्फेन दृढ़बन्धं समाचरेत्।
जराविनाशिनी मुद्रा मूलबन्धो निगद्यते।। घे०सं० 3/6,7

सर्वप्रथम दण्डासन में बैठे तथा बाएँ पैर को मोड़कर, बाँयी एड़ी को गुदा मार्ग में रख, उसे संकुचित करें और यत्नपूर्वक नाभि ग्रंथी को मेरूदण्ड में लगाकर दबाव बनाएँ। फिर दायी एडी को उपस्थ पर लगाकर उस पर दृढ़तापूर्वक दबाव बनाएँ। यही मूलबंध है।

लाभ–

संसारसागरं तर्तुमभिलषति यः पुमान्।
सुगुप्तो विरलो भूत्वा मुद्रामेतां समभ्यसेत्।।
अभ्यासाद्वन्धनस्यास्य मरुत्सिद्धिर्भवेद्ध्रुवम्।
साधयेद्यत्नतस्तर्हि मौनी तु विजितालसः।। घे०सं० 3/8, 9

यह मूलबंध बूढापे पर आसानी से विजय प्राप्त करता है। इसके अभ्यास से मरूत् सिद्धि प्राप्त होती है। इसका अभ्यास अगर मौन रखकर व आलस्य से रहित होकर करे तो ज्यादा लाभकारी सिद्ध होगा। इसके अभ्यास से कुण्डलिनी शक्ति का जागरण होता है।

सावधानी

इसका अभ्यास मौन रहकर करना चाहिए। इसके अभ्यास के दौरान आलस्य नहीं होना चाहिए। कब्ज तथा बवासीर से पीड़ित रोगियों को इसका अभ्यास बड़ी सावधानी से या किसी गुरु के परामर्श के बाद ही करना चाहिए। ऋतुस्त्राव के दौरान इसका अभ्यास नहीं करना चाहिए।

20.3.18 जालन्धर बंध मुद्रा

विधि–

कण्ठसंकोचनं कृत्वा चिबुकं हृदये न्यसेत्।
जालन्धरेकृते बन्धे षोडशाधारबन्धनम्।। घे०सं० 3/10

किसी भी सुविधाजनक, ध्यानात्मक आसन में बैठे तथा कंठ को संकुचित कर ठुड्डी को छाती पर लगाने का प्रयास करें। यही जालन्धर बंध है। इसके अभ्यास से शरीर में स्थित 16 आधारों का नियंत्रण होता है।

लाभ–

जालन्धरमहामुद्रामृत्योश्च क्षयकारिणी।
सिद्धो जालन्धरो बन्धो योगिनां सिद्धिदायकः।
षण्मासमभ्यसेद्यो हि स सिद्धो नात्र संशयः।। घे०सं० 3/11

यह जालन्धर बंध नामक महामुद्रा मृत्यु का भय दूर कर उसे जीत लेती है। इसका अभ्यास सिद्धियों को प्रदान करने वाला होता है। कहा गया है कि इस बंध का अभ्यास निरन्तर छह माह करने से साधक सिद्ध हो जाता है।

सावधानी–

हृदय रोगो से पीड़ित, उच्च रक्त चाप से पीड़ित, भ्रमि मस्तिष्क से सम्बन्धित किसी सर्जरी वाले रोगियों को इसका अभ्यास नहीं करना चाहिए। सर्वाइकल स्पाडिलाइटिस वाले रोगियों को इसका अभ्यास नहीं करना चाहिए। घबराहट प्रारम्भ होने पर भी बंध को तुरन्त हटा ले और विश्राम करे।

20.3.19 उड्डियान बंध मुद्रा

विधि– उदरे पश्चिमं तानं नाभिरूर्ध्व तु कारयेत्।
उड्डीनं कुरुते यस्मादविश्रान्तं महाखगः।
उड्डीयानं त्वसौ बन्धो मृत्युमातंगकेसरी।। घे०सं० 3/12

किसी भी ध्यानात्मक आसन से बैठकर अपने उदर (पेट) को पीठ की तरफ पूरा संकुचित करें। ऐसा करते ही महाखग अर्थात् प्राण ऊपर की तरफ उठता है। यह स्थिति उड्डियान बंध कहलाती है।

लाभ–

समग्राद् बन्धनाद्धयेतदुड्डीयानं विशिष्यते।

उड्डीयाने समभ्यस्ते मुक्तिः स्वाभाविकी भवेत्।। घे०सं० 3/13

यह मृत्यु रूपी हाथी के सामने शेर (सिंह) के समान प्रकट होता है। अन्य सभी बंधों में यह सर्वश्रेष्ठ है। इसके अभ्यास से साधक को मोक्ष मिल जाता है। इसके अभ्यास से उदर के सभी रोग तथा सम्बन्धित अंग सुदृढ़ बनते हैं।

सावधानी–

वृहदान्त्रशोध, आमाशय या आन्त्रव्रण, हर्निया, उच्च रक्त या हृदय रोग से पीड़ित रोगी इसका अभ्यास न करे। गर्भिणी भी इसका अभ्यास न करें। प्रसव के बाद डॉक्टर की सलाह से ही इसका अभ्यास करें। पेट दर्द की स्थिति में इसका अभ्यास न करे।

20.3.20 महा बंध मुद्रा–

विधि–

वामपादस्य गुल्फेन पायुमूलं निरोधयेत्।
दक्षपादेन तद्गुल्फं संपीड्य यत्नतः सुधीः।।
शनकैश्चालयेत्पार्ष्णि योनिमाकुंचयेच्छनैः।
जालन्धरे धरेत्प्राणं महाबन्धो निगद्यते।। घे०सं० 3/14 15

बॉये पैर को मोड़कर उसकी एड़ी को गुदा द्वार पर रखे तथा फिर दाये पॉव की एडी से बॉयी एडी पर दबाव बनाए। धीरे–धीरे गुदा प्रदेश का चातन करे तथा उसे धीरे–धीरे ही संकुचित भी करें। साथ ही जालन्धर बंध द्वारा वायु को धारण करे। यह महाबंध है।

लाभ–

महाबन्धः परो बन्धो जरामरण नाशनः।
प्रसादादस्य बन्धस्य साधयेत्सर्ववांछितम्।। घे०सं० 3/16

महाबंध मुद्रा अन्य सभी मुद्राओं में उत्तम हैं। यह जरा–मृत्यु नाशिनी है। इस बंध के फलस्वरूप साधक की सभी मन की इच्छाएँ पूरी हो जाती है। इसमें तीनों बंध प्रयुक्त होते है इसलिए इसमें तीनों बंधो के लाभ निहीत है।

सावधानी–

उच्चरक्त चाप, हृदय रोग से पीडित, वृहदान्त्रशोध, गर्भिणी, सर्वाइकल स्पॉडिलाइटिस, ऋतुस्त्राव आदि वाले व्यक्ति इसका अभ्यास न करें।

20.3.21 पार्थिवी धारणा मुद्रा

विधि–

यत्तत्वं हरितालदेशरचितं भौमं लकारान्वितं,
वेदास्रं कमलासनेनसहितं कृत्वा हृदिस्थापितम्।
प्राणंत्रय विलीय पंचघटिकाश्चित्तान्वितां धारयेत्।
ऐषा स्तम्भकरी सदा क्षितिजयं कुर्यादधोधारणा।। घे०सं० 3/17

घेरण्ड मुनि कहते हैं कि पृथ्वी तत्त्व का वर्ण हरताल के समान पीला रंग है। वह वर्गाकार है और यही ब्रह्म देवता है। उसके सभी छोर समान है। इसको योग की शक्ति द्वारा हृदय में धारण करें और उसके बीज मंत्र 'लं' पर ध्यान लगाए। प्राण का कुम्भक पाँच घड़ी तक करें। यही पार्थिवी धारणा है।

लाभ–

पार्थिवीधारणामुद्रां यः करोति तु नित्यशः।
मृत्युंजयः स्वयं सोऽपि स सिद्धो विचरेद्भुवि।। घे०सं० 3/18

इसके अभ्यास से योगी पृथ्वी पर विजय प्राप्त करता है। साथ ही साथ वह मृत्यु पर विजय प्राप्त होती है। वह सिद्ध होकर पृथ्वी में विचरण करता है। वह पृथ्वी तत्त्व के गुणों एवं अवगुणों पर विजय प्राप्त करता है।

सावधानी– इसका अभ्यास बहुत धैर्य तथा धीरे–धीरे करें, किसी भी तरह की जबरदस्ती ठीक नहीं है। अभ्यास में काफी समय लग सकता है इसलिए धैर्य धारण करें।

20.3.22 आम्भसी धारणा मुद्रा–

विधि–

शङ्खेन्दुप्रतिमं च कुन्दधवलं तत्त्वं किलालं शुभं।
तत्पीयूषवकारबीजसहितं युक्तं सदा विष्णुना।
प्राणं तत्र विलीय पंच घटिकाश्चित्तान्वितां धारयेत्।
एषा दुःसहतापपापहरिणीस्यादाम्भसी धारणा।। घे०सं० 3/19

शुभ्र वर्ण का जलशंख, चन्द्र या कुन्द के समान है। जल का बीज मंत्र वकार या 'वं' और देवता विष्णु हैं। इस तत्व का हृदय में ध्यान कर मन को एकाग्र कर पाँच घड़ी तक कुम्भक कर प्राण को धारण करें। यही आम्भसी धारण है।

लाभ–

आम्भसीं परमां मुद्रा यो जानाति स योगवित्।
जले च घोरे गंभीरे मरणं तस्यनोभवेत्।।
इयं तु परमा मुद्रा गोपनीया प्रयत्नतः।
प्रकाशात्सिद्धिहानिःस्यात्सत्यं वच्मि च तत्त्वतः।। घे०सं० 3/20 21

इस धारणा द्वारा मनुष्य के सभी प्रकार के दुःख, ताप तथा सभी पाप खत्म हो जाते हैं। शरीर की अंदर की गर्मी और उत्तेजना आदि समाप्त हो जाती है। क्योंकि जल का गुण शीतलता प्रदान करना होता है। जो साधक इसको सिद्ध कर लेता है उसको पानी में डूबने पर भी किसी भी तरह से हानि नहीं पहुँचती। घेरण्ड मुनि ने श्रेष्ठ एवं महत्वपूर्ण मुद्रा की संज्ञा दी है। साथ ही इसके अभ्यास को गोपनीय रखने को कहा है कहते हैं अगर इसका अभ्यास सबके सामने हो तो साधक की सिद्धि नष्ट हो जाती है।

सावधानी– घेरण्ड मुनि ने इस मुद्रा का वर्णन करते हुए ही कहा है कि इस मुद्रा का अभ्यास गोपनीय रूप से करना है किसी के सामने अभ्यास करने से साधक की सिद्धि नष्ट हो जाती है। इसका अभ्यास करने से पूर्व चित्त को शान्त करने का प्रयास करे। इसका अभ्यास किसी भी समय नहीं किया जाता।

20.3.23 आग्नेयी मुद्रा

विधि–

यन्नाभिस्थितमिन्द्रगोपसदृशं बीजं त्रिकोणान्वितं,
तत्त्वं वह्निमयं प्रदीप्तमरुणं रुद्रेण यत्सिद्धिदम्।
प्राणं तत्र विलीय पंचघटिकाश्चित्तान्वितं धारयत्
एषा कालगभीरभीतिहरिणी वैश्वानरी धारणा।। घे०सं० 3/22

अग्नि का स्थान नाभि है। अग्नि का रंग लाल है तथा इसका यंत्र त्रिकोण है। इसका बीज मंत्र 'रं' और देवता रुद्र है। यह अग्नि तत्व तेजपुंज युक्त, दीप्ति युक्त तथा सिद्धिदायक है। इसका अभ्यास मन को एकाग्र कर तथा पाँच घड़ी का कुम्भक धारण कर करें। यह आग्नेयी धारणा कहलाती है।

लाभ–

प्रदीप्ते ज्वलिते वह्नौ पतितो यदि साधकः।
एतन्मुद्रा प्रसादेन स जीवति न मृत्युभाक्।। घे०सं० 3/23

इसके लाभों का वर्णन करते हुए महर्षि कहते हैं कि निरन्तर इसका अभ्यास करने वाले साधक को काल का भय आदि नहीं सताता तथा उसे अग्नि से भी कोई हानि नहीं

होती। इसका अभ्यास करने वाला साधक अगर प्रदण्ड अग्नि में भी गिर जाए तो उसे कोई हानि नहीं होगी और साधक मृत्यु पर विजय प्राप्त करता है।

सावधानी

इसका अभ्यास धैर्य तथा संयम से करे क्योंकि अग्नि से खिलवाड़ करना साधक के लिए ठीक नहीं है।

20.3.24 वायवीय धारणा मुद्रा
विधि

यद्भिन्नांजनपुंजसंनिभमिदं धूम्रावभासं परं,
तत्त्वं सत्त्वमयं यकारसहितं यत्रेश्वरो देवता।

प्राणं तत्र विलीय पंचघटिकाश्चिन्तान्वितं धारयेत्।

एषा खे गमनं करोति यामिनां स्याद्वायवी धारणा।।घे०सं० 3/24

वायु का रंग धुएँ के रंग के समान हल्का काला होता है। इसका बीज मंत्र 'यं' या यकार है, इसका तत्व सत्व गुण का है। इसके इष्ट देवता ईश्वर हैं। मन को एकाग्र कर प्राण देवता ईश्वर हैं। मन को एकाग्र कर प्राण वायु को पाँच घड़ी तक कुम्भक कर धारण करें। इसे वायवीय धारणा कहा गया है।

लाभ–

इयं तु परमा मुद्रा जरामृत्युविनाशिनी।
वायुनाभ्रियते नापि खे च गतिप्रदायिनी।।
शठाय भक्तिहीनाय न देयं यस्यकस्यचित्।
दत्ते च सिद्धिहानिः स्यात्सत्यं वच्मि च चण्ड ते।। घे०सं० 3/25 26

इस अभ्यास से साधक को आकाश गमन की शक्ति प्राप्त होती है साथ ही वह मृत्यु पर भी विजय प्राप्त करता है। वह बुढ़ापे पर भी विजय हासिल करता है। साधक आकाश में उड़ने की सिद्धि प्राप्त कर आकाश में उड़ने लगता है। इससे अन्य सिद्धियाँ भी अपने आप प्राप्त हो जाती है।

सावधानी– इस धारणा के बारे में मूर्ख तथा अभक्त व्यक्ति को न बताएँ। ऐसा करने से सिद्धि नष्ट हो जाती है। इसका अभ्यास को करते हुए धैर्य धारण करें तथा धीरे–धीरे अभ्यास को करे व आगे बढ़ाएँ।

20.3.25 आकाशीय धारणा मुद्रा–

विधि

यत्सिन्द्धौ वरशुद्धवारिसदृशं व्योमाख्यमुद्भासते,
तत्त्वं देवसदाशिवेन सहितं बीजं हकारान्वितम्।
प्राणांस्तत्र विलीय पंचघटिकाश्चित्तान्वितं धारयेत्,
एषा मोक्षकपाटभेदनकरी कुर्यान्नभोधारणा।। घे०सं० 3/27

यह आकाश तत्व को धारण करने की धारणा है, आकाश जिसका रंग समुद्र के नीले रंग जैसा, शुद्ध जल के समान है। आकाश तत्व का बीज मंत्र हकार या 'हं' है। इसके इष्ट देव सदाशिव है। मनु को शान्त एवं एकाग्र कर प्राण वायु को पाँच घड़ी का कुम्भक लगाएँ। यह आकाशी धारणा है।

लाभ– आकाशीधारणां मुद्रां यो वेत्ति स योगवित्।
न मृत्युर्जायते तस्य प्रलये नावसीदति।। घे०सं० 3/28

इसके लाभों को कहते हुए कहा गया है कि यह मोक्ष का द्वार खोलती है। इसका साधक मृत्यु पर विजय प्राप्त करता है। उसे प्रलय आदि आने पर भी किसी भी प्रकार का दुख नहीं होता। वह शुद्ध अवस्था को प्राप्त करता है।

सावधानी– मन को शान्त तथा निर्मल कर ही इसका अभ्यास करें।

अभ्यास प्रश्न

1.एक शब्द में उत्तर दीजिए–

(क) किस मुद्रा के सिद्ध हो जाने पर साधक मूर्च्छा, तृष्णा, क्षुधा, आलस्य आदि नहीं सताते।

(ख) किस मुद्रा के अभ्यास से ब्रह्म हत्या, भ्रूण हत्या, सुरापन, गुरुतल्प गमन आदि महापापों से मुक्ति मिलती है।

(ग) किस मुद्रा के प्रभाव से साधक सभी बीमारियों से कौवो के समान मुक्त रहता है।

(घ) किस मुद्रा के सिद्ध हो जाने पर साधक हाथी के समान बलवान तथा शक्तिशाली बनता है।

(ङ) गुदा नाल व्रण से पीड़ित व्यक्ति को किस मुद्रा का अभ्यास नहीं करना चाहिए।

2.बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) घेरण्ड संहिता के अनुसार बन्धों की संख्या कितनी होती है?

(i) 04 (ii) 05 (iii) 16 (iv) 25

(ख) किस मुद्रा के अभ्यास को निरन्तर छः माह करने से साधक सिद्ध हो जाता है?

(i) मूलबन्ध मुद्रा (ii) जालान्धर बन्ध मुद्रा

(iii) उड्डियान बन्ध मुद्रा (iv) महाबन्ध मुद्रा

(ग) किस मुद्रा के अभ्यास से साधक मृत्यु रूपी हाथी के सामने शेर के समान प्रकट होता है।

(i) महावेध मुद्रा (ii) अश्विनी मुद्रा

(iii) उड्डियान बन्ध मुद्रा (iv) महाबन्ध मुद्रा

(घ) किस मुद्रा में मुख्य रूप से तीनों बन्धों का प्रयोग होता है?

(i) मूलबन्ध मुद्रा (ii) महाबन्ध मुद्रा

(iii) उड्डियान बंध मुद्रा (iv) जालन्धर बन्ध मुद्रा

3.सत्य असत्य बताइये–

(क) आम्भसी धारणा मुद्रा के अभ्यास से साधक को पानी में डूबने पर हानि नहीं पहुँचती।

(ख) आग्नेयी धारणा मुद्रा का बीज मंत्रा वकार या वं तथा देवता विष्णु है।

(ग) वामवीय धारणा मुद्रा का तत्व सत्व गुण का है।

(घ) वायवीय धारणा मुद्रा के सिद्ध होने से साधक आकाश में उड़ने लगता है।

(ङ) घेरण्ड संहिता में चार धारणाओं का वर्णन है।

(च) पार्थिवी धारणा मुद्रा से योगी पृथ्वी पर विजय प्राप्त कर लेता है।

20.4 सारांश

इस इकाई को पढ़ने के बाद आप जान चुके हैं, कि मुद्राएँ साधक की सिद्धि में कितना महत्वपूर्ण स्थान रखती है। बंध मुद्राएँ जहाँ साधनापरक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, वहाँ उनका भौतिक दृष्टि से चिकित्सय प्रयोग भी हितकर है। मुद्राएँ शारीरिक स्थिरता देने वाली तथा चित्त को नियन्त्रित करने वाली है। इनका अभ्यास शरीर की अनैच्छिक क्रियाओं को वश में लाता है तथा प्राण ऊर्णा को जाग्रत कर साधना की उच्च भूमि की ओर अग्रसर करता है। अतः स्पष्ट होता है कि मुद्राओं का मुख्य उद्देश्य कुण्डलिनि जागरण कर समाधि की प्राप्ति करना है।

20.5 शब्दावली

यक्ष्मा	–	टी0वी0
कुम्भक	–	श्वास रोकना, प्राणायाम
क्षुधा	–	भूख
तृष्णा	–	चाह, राग
धृत	– घी	
तक्र	– मट्ठा	

20.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1. (क) खेचरी मुद्रा (ख) योनि मुद्रा (ग) काकी मुद्रा
   (घ) मातंगिनी मुद्रा (ङ) अश्विनी मुद्रा

2. (क) 04 (ख) जालान्धर बंध मुद्रा (ग)उड्डियान बंध मुद्रा
   (घ) महाबन्ध मुद्रा

3. (क) सत्य (ख) असत्य (ग) सत्य, (घ) सत्य
   (ङ) असत्य (च) सत्य

20.7 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. दिगम्बर स्वामी (2001) स्वात्माराम कृत हठप्रदीपिका, कैवल्यधाम, श्रीमन्माधव, योग मन्दिर समिति, लोनावाला
2. निरंजनानन्द स्वामी (2003) महर्षि घेरण्ड कृत घेरण्ड संहिता योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट मुंगेर बिहार
3. सरस्वती स्वामी सत्यानन्द – आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बन्ध (2003) योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट मुंगेर बिहार
4. भारद्वाज डॉ० ईश्वर (2005) सरल योगासन, सत्यम् पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली।

20.9 निबंधात्मक प्रश्न

1. घेरण्ड संहिता में वर्णित मुद्राओं का नामोल्लेख करके केवल बन्धों का वर्णन करें?
2. महामुद्रा व महाबन्ध की व्याख्या करते हुए उद्देश्यों पर भी प्रकार डालिए?
3. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन मुद्राओं की विधि, लाभ व सावधानियों का वर्णन करें?

   (i) महाबेध मुद्रा (ii) विपरीत मुद्रा (iii) खेचरी मुद्रा

   (iv) वज्रोणी मुद्रा (v) शक्तिचालिति मुद्रा

2. पार्थिवीधारणा तथा वायवीय धारणा की विस्तारपूर्वक चर्चा कीजिए?

इकाई—21 घेरण्ड संहिता में वर्णित प्रत्याहार व ध्यान

इकाई की संरचना

21.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई में घेरण्ड संहिता के चौथे अध्याय प्रत्याहार का वर्णन मिलता है तथा इसी इकाई में हम घेरण्ड संहिता के छठे अध्याय ध्यान का भी अध्ययन करेंगे। चौथे अध्ययन में घेरण्ड मुनि अपने शिषय राजा चण्डकपाणि को प्रत्याहार के बारे में विस्तार से बताते हैं कि मन या इन्द्रियों की अर्न्तमुखता ही प्रत्याहार है। इसके अभ्यास से योगी अपनी इन्द्रियों को पूर्ण रूप से वश में कर लेता है। योगी प्रत्याहार को सिद्ध करके समाधि को प्राप्त करने में सश्रम हो जाता है। ध्यान योगी को लक्ष्य तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण साधन है। ध्यान के माध्यम से योगी अनेक गुणों का विकास करके आत्मसाक्षात्कार की स्थिति प्राप्त कर लेता है।

21.2 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई में आप–

- घेरण्ड संहिता में वर्णित प्रत्याहार का विश्लेषण कर सकेंगे।
- प्रत्याहार के उद्देश्य को समझ सकेंगे।
- स्थूल ध्यान का अध्ययन करेंगे।
- घेरण्ड संहिता में वर्णित ध्यान के तीनों प्रकार का विश्लेषण कर सकेंगे।

21.3 घेरण्ड संहिता में वर्णित प्रत्याहार प्रकरण

प्रिय पाठकों प्रत्याहार शब्द योग में जाना पहचाना है। अक्सर आम जिज्ञासु पाठक यह जानने की इच्छा रहती है कि प्रत्याहार क्या है। घेरण्ड संहिता में प्रत्याहार का वर्णन विस्तार पूर्वक किया है आगामी पृष्ठों का अध्ययन कर लेने के बाद आप उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर जाननें में सक्षम हो जावोगें। प्रत्याहार का वर्णन घेरण्ड संहिता के चौथे अध्याय या अंग के रूप में मिलता है। इस तरह चौथा अध्याय प्रत्याहार प्रकरणा के नाम से जाना जाता है। इस अध्याय में महर्षि घेरण्ड अपने शिष्य राजा चण्डकपालि को प्रत्याहार के बारे में बिस्तार से बताते हैं। प्रत्याहार का अभ्यास साधक को साधना की अन्तिम अवस्था जो कि समाधि है। उस तक पहुँचने में अत्यधिक मदद करता है। मन या इन्द्रियों की अर्न्तरमुखता ही प्रत्याहार है। यह बहुत जटिल प्रक्रिया है इसका निरन्तर अभ्यास ही इसमें विजय प्राप्त कराता है। इन्द्रियों के माध्यम से मन या चित्त को संयमित नियंत्रित करने की प्रक्रिया प्रत्याहार कहलाती है। कहा गया है कि अगर हम अपने मन को इन्द्रियों की अनुभूति से अलग कर दे तो इन्द्रियों का अपने विषयों की तरफ जाना बंद हो जाता है। कहा गया है कि इन्द्रियाँ ही मन में चंचलता उत्पन्न करती है। मन में किसी प्रकार की ब्राह्यय नकारात्मक या सकारात्मक भावना इन्द्रियों द्वारा ही उत्पन्न होती है। महर्षि घेरण्ड कहते हैं कि मन का संतुलन नहीं बिगड़ना चाहिए अर्थात् किसी भी परिस्थिति में धैर्य नहीं

खोना चाहिए और सजगता का अभाव नहीं होना चाहिए। इसी धैर्य की प्राप्ति के लिए वे अपने शिष्य चण्डकपालि को कहते हैं–

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि प्रत्याहारकमुत्तमम्।
यस्य विज्ञानमात्रेण कामादिरिपुनाशनम्।।
यतो यतो निश्चरति मनश्चंचलमस्थिरम्।
ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत्।।
पुरस्कारं तिरस्कारं सुश्राव्यं वा भयानकम्।
मनस्तमान्नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत्।।
सुगन्धे वाऽपि दुर्गन्धे मनो घ्राणेषु जायते।
तस्मात्प्रत्याहरेदेतदात्मन्येव वशं नयेत्।।
मधुराम्लकातिक्तादिरसं गतं यदा मनः।
तस्मात्प्रत्याहरेदेतदात्मन्येव वशं नयेत्।। घे०सं० 4/1 2 3 4 5

अर्थात् महर्षि घेरण्ड ने कहा कि अब मैं प्रत्याहार का वर्णन प्रारम्भ करता हूँ। प्रत्याहार के करने से मनुष्य के शत्रुओं जैसे कामना, तृष्णा, इच्छा आदि का नाश होता है अर्थात् मान–अपमान आदि का मन में कोई प्रभाव न पड़े। मन का स्वभाव चंचल है इसलिए जब कभी यह चंचल मन इधर–उधर भागने का प्रयत्न करें और अपना मुख्य कार्य अर्थात् एकाग्रता को खोने लगे तो उसे प्रयास कर वापस लाना चाहिए अर्थात आत्मा के वश में करे। प्रिय तथा अप्रिय वचनों, सुगन्ध तथा दुर्गन्ध आदि से मन को हटाकर वश में करें। अर्थात् अपनी सीमा का ख्याल करते हुए उसे स्वयं के नियंत्रण में रखे उसे यहाँ–वहाँ भटकने न दे। किसी भी प्रकार के रस के स्वाद जैसे मधुर, अम्ल, तिक्क आदि की तरफ आकर्षित न हो। यही प्रत्याहार हैं।

महर्षि घेरण्ड कहते हैं कि बहुत से लोग, अपनी इन्द्रियों को भीतर समेटना, जिस प्रकार कछुवा अपने अंगों को कवच के अन्दर समेटता है, प्रत्याहार समझते हैं किन्तु यह प्रत्याहार नहीं है बल्कि प्रत्याहार विचारों को बाँधने की शक्ति है बाह्य विषयों की ओर विचारों का जो प्रवाह है उसे बाँध देना, रोक देना ही प्रत्याहार है। यह अवस्था अन्तर्मुखता की है। प्रत्याहार के अभ्यास से इन्द्रियाँ वशीभूत हो जाती है, तब मन स्वतः नियन्त्रण में आ जाता है। प्रत्याहार के अभ्यास से दुःख के मूल कारण का समूल नाश हो जाता है।

21.4 घेरण्ड संहिता में वर्णित ध्यान प्रकरण

प्रिय पाठकों आगे चलकर घेरण्ड मुनि छठे अध्याय में ध्यान का वर्णन अपने शिष्य चण्डकपालि के सामने करते हुए ध्यान की महिमा के बारे में बताते हैं। ध्यान को परिभाषित करते हुए महर्षि कहते हैं कि किसी विषय या वस्तु पर एकाग्रता या चिन्तन की क्रिया 'ध्यान' कहलाती है। जिस प्रकार हम अपने मन के सूक्ष्म अनुभवों को अन्तश्चक्षु के सामने, मनःदृष्टि के सामने स्पष्ट कर सके, यही ध्यान की स्थिति है। ध्यान साधक की कल्पना शक्ति पर भी निर्भर है। ध्यान अभ्यास नहीं है यह एक स्थिति है जो बिना किसी अवरोध के

अनवरत चलती रहती है। जिस प्रकार तेल को एक बर्तन से दूसरे बर्तन में डालने पर बिना रूकावट के मोटी धारा निकलती है, बिना छलके एक समान स्तर से भरनी शुरू होती है यही ध्यान की स्थिति है। इस स्थिति में किसी भी प्रकार की हलचल नहीं होती।

महर्षि घेरण्ड ध्यान के प्रकारों का वर्णन प्रथम सूत्र में करते हुए कहते हैं कि–

स्थूलं ज्योतिस्थासूक्ष्मं ध्यानस्य त्रिविधं विदुः।
स्थूलं मूर्तिमयं प्रोक्तं ज्योतिस्तेजोमयं तथा।
सूक्ष्मं विन्दुमयं ब्रह्म कुण्डली परदेवता।। घे०सं० 6/1

अर्थात् ध्यान तीन प्रकार का है– स्थूल ध्यान, ज्योतिर्ध्यान, सूक्ष्म ध्यान। स्थूल ध्यान में इष्टदेव की मूर्ति का ध्यान होता है। ज्योतिर्मय ध्यान में ज्योतिरूप ब्रह्म का ध्यान तथा सूक्ष्म ध्यान में बिन्दुमय ब्रह्म कुण्डलिनी शक्ति का ध्यान किया जाता है।

21.4.1 स्थूल ध्यान

स्वकीयहृदये ध्यायेत्सुधासागरमुत्तमम्।
तन्मध्ये रत्नद्वीपं तु सुररत्नवालुकामयम्।।
चतुर्दिक्षु नीपतरुं बहुपुष्पसमन्वितम्।
निपोपवनसंकुलैर्वेष्टितं परिखा इव।।
मालतीमल्लिकाजातीकैसरैश्चम्पकैस्तथा।
पारिजातैः स्थलपद्मैर्गन्धामोदितदिङ्मुखैः।।
तन्मध्ये संस्मरेद्योगी कल्पवृक्षं मनोहरम्।
चतुःशाखाचतुर्वेदं नित्यपुष्पफलान्वितम्।।
भ्रमराः कोकिलास्तत्र गुंजन्ति निगदन्ति च।
ध्यायेत्तत्र स्थिरो भूत्वा महामाणिक्यमण्डपम्।।
तन्मध्ये तु स्मरेद्योगी पर्यङ्कं सुमनोहरम्।
तत्रेष्टदेवतां ध्यायेद्यद्ध्यानं गुरुभाषितम्।।
यस्य देवस्य यद्रूपं यथा भूषणवाहनम्।
तद्रूपं ध्यायते नित्यं स्थूलध्यानमिदं विदुः।।घे०सं० 6/2 3 4 5 6 7 8

स्थूल ध्यान की दो विधियाँ में पहले पहली विधि की चर्चा की है।

(अ) सर्वप्रथम अपने हृदय पर ध्यान केन्द्रित कीजिए। महसूस कीजिए की हृदय में एक बड़ा सागर अमृत से भरा है। उसके बीच एक द्वीप है जो रत्नों से भरा है वहाँ की बालू भी रत्नों के चूर्ण से मुक्त है। इस द्वीप का आकर्षण फलों से लदे वृक्ष है। वहाँ पर अनेक सुगन्धित पुष्प जैसे मालती, मल्लिका, चमेली, केशर, चम्पा, पारिजात स्थल पद्म आदि अपनी सुगन्ध चारो और फैला रहें हैं।

इस द्वीप के मध्य ही कल्पवृक्ष नामक वृक्ष है। इसकी चार शाखाएँ चार वेदो के बारे में बताती है। यह वृक्ष फल–फूलों से लदा है द्वीप में कोयल की मधुर बोली तथा भ्रमर का गुंजन सुनायी दे रहा है। ठीक यही एक चबूतरा है जो हीरे, नीलम आदि रत्नों से सजा है। इस चबूतरे के ऊपर कल्पना करें कि आपके इष्ट देव बैठे हैं। इन्हीं इष्ट देव पर ध्यान लगाएँ।इष्ट देव गुरु है उनके शरीर में जो वस्तुएँ हैं जैसे वस्त्र, माला आदि उन पर

एकाग्रता को केन्द्रित कीजिए। इस विधि द्वारा साधक अपने गुरु के स्थूल रूप पर ध्यान करें।

सहस्रारे महापद्मे कर्णिकायां विचिन्तयेत्।
विलग्नसहितं पद्मं दलैर्द्वादशभिर्युतम्।।
शुक्लवर्ण महातेजो द्वादशैर्बीजभाषितम्।
ह स क्ष म ल व र युं ह स ख फ्रें यथाक्रमम्।।
तन्मध्ये कर्णिकायां तु अकथादिरेखात्रयम्।
ह ल क्ष कोण संयुक्तं प्रणवं तत्र वर्त्तते।।
नादबिन्दुमयं पीठं ध्यायेतत्र मनोहरम्।
तत्रोपरि हंसयुग्मं पादुका तत्र वर्तते।।
ध्यायेत्तत्र गुरुं देवं द्विभुजं च त्रिलोचनम्।
श्वेताम्बरधरं देवं शुक्लगन्धानुलेपनम्।।
शुक्लपुष्पमयं माल्यं रक्तशक्तिसमन्वितम्।
एवंविधगुरुध्यानात्स्थूल ध्यानं प्रसिध्यति।।
स्थूलध्यानं तु कथितं तेजोध्यानं श्रृणुष्व मे।
यद्ध्यानेन योगसिद्धिरात्मप्रत्यक्षमेव च।। घे०सं० 6/9 10 11 12 13 14 15

(ब) सहस्रार प्रदेश में महापक्ष है, जिसके एक हजार दल है उसके बीच में बारह दलो का एक छोटा कमल है। इन दलों का रंग सफेद है और यह तेज पूर्ण है। इनमें बारह बीज मंत्र है– "ह, स, क्ष, म, ल, व, र, यू, ह, ख और क्रें"। कमल के बीच में भाग में तीन रेखाएँ है। अ, क, थ वर्ण सहित। ये तीनों रेखाएँ मिलकर एक त्रिशूल की रचना करती है। इस त्रिभुज के कोणों का सांकेतिक शब्द 'हं, थं और लं' है। त्रिभुज के मध्य 'ऊँ' स्थित है। ध्यान के वक्त यह देखे कि सहस्र दल कमल के मध्य में हंसो का जोड़ा बैठा है, यह जोड़ा गुरु की पादुकाओं का चिह्न है। श्वेत पक्ष में बैठे हुए गुरू के दो हाथ तथा तीन नेत्र है। उन्होंने सफेद रंग के व्रस्त्र तथा सफेद फूलों की माला पहनी हुई है। उनके वाम भाग में लाल वस्त्र धारण किए उनके शक्ति सुशोभित है। इस प्रकार गुरू का ध्यान करने से स्थूल ध्यान सिद्ध होता है।

21.4.2 ज्योति ध्यान

मूलाधारे कुण्डलिनी भुजंगाकाररूपिणी।
तत्र तिष्ठति जीवात्मा प्रदीपकलिकाकृतिः।
ध्यायेत्तेजोमयं ब्रह्म तेजोध्यानं परात्परम्।।
भ्रूवोर्मध्ये मनऊर्ध्वे यत्तेजः प्रणवात्मकम्।
ध्यायेज्जवालावलीयुक्तं तेजोध्यानं तदेव हि।। घे०सं० 6/1617

मूलाधार चक्र में सर्प के आकार की कुण्डलिनी शक्ति हैं। उसी स्थान में दीपक की लौ के रूप में मनुष्य की आत्मा का निवास है। मूलाधार में आत्मा रूपी परम् ब्रह्म का ध्यान करे। यही ज्योति ध्यान है। भौहो के मध्य और मन के उर्ध्व भाग में जो ज्वालाग्ली युक्त

ज्योति है उसी पर ध्यान लगाना ज्योतिर्ध्यान कहलाता है। सूत्र के अनुसार आत्मा का निवास दो जगह है पहला मूलाधार तथा दूसरा भूमध्य में। मूलाधार में जो आत्मा है वह कुण्डलिनी के रूप में है और भूमध्य में जो रूप है वह प्रणव रूप में है।

21.4.3 सूक्ष्म ध्यान

तेजोध्यानं श्रुतं चण्ड सूक्ष्मध्यानं श्रृणुष्व मे।
बहुभाग्यवशाद्यस्य कुण्डली जाग्रती भवेत्।।
आत्मना सह योगेन नेत्ररन्ध्राद्विनिर्गता।
विहरेद्राजमार्गे च चंचलत्वान्न दृश्यते।।
शाम्भवी मुद्रया योगो ध्यानयोगेन सिध्यति।
सूक्ष्मध्यानमिदं गोप्यं देवानामपि दुर्लभम्।।
स्थूलध्यानाच्छतगुणं तेजोध्यानं प्रचक्षते।
तेजोध्यानाल्लक्षगुणं सूक्ष्मध्यानं परात्परम्।।
इति ते कथितं चण्ड ध्यानयोगं सुदुर्लभम्।
आत्मसाक्षाद्भवेद्यस्मात्तस्माद्ध्यानं विशिष्यते।।घे०सं० 6/18 19 20 21 22

सूक्ष्म ध्यान को वर्णित करते हुए महर्षि कहते हैं कि यदि साधक का सौभाग्य रहा तो इस ध्यान के द्वारा आत्मा से एक होना सम्भव है और कुण्डलिनी शक्ति का जागरण होता है। यह शक्ति नेत्र–रन्ध्र से होकर ऊपरी मार्ग में स्थित राजमार्ग स्थान में विचरण करती है। किन्तु यही अति सूक्ष्म एवं चंचल होने के कारण दिखाई नहीं देती। साधक को शाम्भवी मुद्रा का अभ्यास करते हुए इस शक्ति का ध्यान दे। यही सूक्ष्म ध्यान है। यह अत्यन्त गोपनीय एवं दुर्लभ ध्यान है। ध्यान की श्रेष्ठता बताते हुए मुनि ने लिखा है कि स्थूल ध्यान से सौ गुना श्रेष्ठ ज्योति ध्यान है, ज्योति ध्यान से लाख गुना श्रेष्ठ सूक्ष्म ध्यान है। इस ध्यान के सिद्ध होने पर आत्म–साक्षात्कार होता है। सूक्ष्म ध्यान का अर्थ है वास्तविक ध्यान।

अभ्यास प्रश्न

बहुविकल्पीय प्रश्न

(क) घेरण्ड संहिता में किस अध्याय में प्रत्याहार प्रकरण हैं?
(i) चौथे (ii) छठे
(iii) तीसरे (iv) सातवें

(ख) स्थूल ध्यान में कितने बीज मंत्र है?
(i) 10 (ii) 12
(iii) 14 (iv) 16

(ग) स्थूल ध्यान में दलों का रंग कौन सा है?
(i) लाल (ii) पीला
(iii) सफेद (iv) इनमें से कोई नहीं

(घ) सूक्ष्म ध्यान में किस मुद्रा का अभ्यास करना चाहिए?
(i) नभो मुद्रा (ii) खेचरी मुद्रा

(iii) योनि मुद्रा (iv) शाम्भवी मुद्रा

(ङ) घेरण्ड संहिता में वर्णित ध्यान कितने प्रकार का है?

(i) 2 (ii) 3 (iii) 4 (iv) 6

21.5 सारांश

प्रत्याहार एवं ध्यान साधक को लक्ष्य तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण साधन है। इन साधनों से चित्त की चंचलता नष्ट होती है जिससे एकाग्राचित्त होकर किसी भी कार्य को करने की क्षमता में वृद्धि होती है। अतः यह मन संयम के लिए महत्वपूर्ण विधा है। प्रत्याहार व ध्यान के अभ्यास से साधक काम, क्रोध, मद, मोह, लोभ, चित्त आदि पर विजय प्राप्त करके वह समाधि की ओर अग्रसर हो जाता है।

20.6 शब्दावली

चित्त –मन, बुद्धि तथा अहंकार का सम्मलित
कामना – इच्छा
तृष्णा –चाह, राग
अन्तुर्मुख– अन्दर की और
अवरोध –रूकावट
अनवरत –लगातार

21.7 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर–

(क) चौथे (ख) 12 (ग) सफेद (घ) शाम्भवी मुद्रा (ङ) 03

21.8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. दिगम्बर स्वामी (2001) स्वात्माराम कृत हठप्रदीपिका, कैवल्यधाम, श्रीमन्माधव, योग मन्दिर समिति, लोनावाला
2. निरंजनानन्द स्वामी (2003) महर्षि घेरण्ड कृत घेरण्ड संहिता योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट मुंगेर बिहार
3. सरस्वती स्वामी सत्यानन्द – आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बन्ध (2003) योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट मुंगेर बिहार

21.9 निबंधात्मक प्रश्न

1. प्रत्याहार की परिभाषा देते हुए विस्तारपूर्वक चर्चा कीजिए।
2. ध्यान क्या है? स्थूल ध्यान का विस्तार से वर्णन करें।
3. ध्यान की परिभाषा बताते हुए ध्यान के प्रकारों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करें।

इकाई–22 घेरण्ड संहिता में वर्णित समाधि वर्णन

इकाई की संरचना

22.1 प्रस्तावना

घेरण्ड मुनि ने समाधि का वर्णन घेरण्ड संहिता के अंतिम अध्याय सातवें में किया है। हठयोग का अन्तिम उद्देश्य समाधि है। घेरण्ड मुनि ने समाधि की चर्चा बड़े सहज व स्पष्ट रूप से की है। समाधि योग की अंतिक स्थिति है इसके विषय में घेरण्ड मुनि कहते हैं समाधि कोई सामान्य अवस्था नहीं है यह एक परम अवस्था है जो बड़े भाग्य वालों को ही प्राप्त हौी है। समाधि की सिद्धि प्राप्त होने पर साधक को शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक शक्तियों की प्राप्ति होती है तथा साधक को समाधि में यही भाव रहता है कि मैं ब्रह्म हूँ और इसके अतिरित्तफ अन्य कुछ भी नहीं। अर्थात् साधक को अपने अन्तिम लक्ष्य कैवल्य की स्थिति प्राप्त कर लेता है। प्रस्तुत इकाई में आप समाधि के भेदों का अध्ययन करेंगे।

22.2 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई में आप–

समाधि के उद्देश्य को समझ सकेंगे।

समाधि के विविध भेदों का विश्लेषण कर सकेंगे।

बता सकेंगे कि समाधि क्यों अनिवार्य है।

22.3 समाधि प्रकरण

घेरण्ड संहिता का अन्तिम अध्याय समाधि है। समाधि का वर्णन घेरण्ड मुनि ने सातवे अध्याय में किया है। हठयोग का अन्तिम उद्देश्य समाधि है। जहाँ पर आत्मा का मिलन उस स्वच्छ, निर्मल, शुद्ध परमतत्व से हो जाता है। हठयोग के कई ग्रंथों जैसे हठयोग प्रदीपिका, योगसूत्र, घेरण्ड संहिता आदि में अनेकों मनीषियों ने समाधि का वर्णन अलग–अलग तरह से किया है। कहा जाता है कि समाधि एक अवस्था है जिसमें व्यक्ति को आत्म–साक्षात्कार हो जाता है। सभी शास्त्रों और ग्रन्थों में जिस अवस्था को ब्रह्मज्ञान के नाम से जाना जाता है, वह स्वयं में समाधि की स्थिति है। समाधि के विषय में महर्षि, चण्डकपालि को समझाते हुए कहते हैं कि–

समाधिश्च परो योगो बहुभाग्येन लभ्यते।
गुरोः कृपाप्रसादेन प्राप्यते गुरुभक्तितः।।
विद्याप्रतीतिः स्वगुरुप्रतीतिरात्मप्रतीतिर्मनसः प्रबोधः।
दिने दिने यस्य भवेत्स योगी सुशोभनाभ्यासमुपैति सद्यः।।
घटाद्भिन्नं मनः कृत्वा चैक्यं कुर्यात्परात्मनि।
समाधिं तं विजानीयान्मुक्तसंज्ञो दशादिभिः।।
अहं ब्रह्म न चान्योऽस्मि ब्रह्मैवाहं न शोकभाक्।
सच्चिदानन्दरूपोऽहं नित्यमुक्तः स्वभाववान्।। घे०सं० 7/1 2 3 4

अर्थात् समाधि कोई सामान्य अवस्था नहीं है यह एक परम् अवस्था है जो बड़े भाग्य वालों को ही प्राप्त होती है। यह उन्हीं साधकों को प्राप्त होती है जो गुरु के परम् भक्त है या जिन पर अपने गुरू की असीम कृपा होती है। जैसे–जैसे साधक की विद्या की प्रतीति, गुरु की प्रतीति, आत्मा की प्रतीति और मन का प्रबोध बढ़ता जाता है, तब उसे समाधि की प्राप्ति होती है। अपने शरीर को मन के अधीन होने से हटाने तथा परमात्मा में लगाने पर ही साधक मुक्त होकर समाधि को प्राप्त होता है। समाधि में यही भाव रहता है कि मैं ब्रह्म हूँ और इसके अतिरिक्त अन्य कुछ भी नहीं। मुझे किसी भी प्रकार का कोई बंधन नहीं है, मैं सत्, चित्त और आनन्द कर स्वरूप है। समाधि को बताने के बाद आगे घेरण्ड मुनि समाधि के भेद को बताते हुए कहते हैं कि–

शाम्भव्या चैव भ्रामर्या खेचर्य्या योनिमुद्रया।
ध्यानं नादं रसानन्दं लयसिद्धिश्चतुर्विधा।।
पंचधा भक्ति योगेन मनोमूर्च्छा च षड्विधा।
षड्विधोऽयं राजयोगः प्रत्येकमवधारयेत्।। घे०सं० 7/5 6

समाधि के छह भेद बताए हैं वे हैं– ध्यान योग समाधि, नाद योग समाधि, रसानंद योग समाधि, लयसिद्धि योग समाधि, भक्तियोग समाधि, राजयोग समाधि। ध्यान योग की समाधि शाम्भवी मुद्रा से, नाद योग की भ्रामरी से, रसानन्दयोग की खेचरी से, लयसिद्धि योग की योनि मुद्रा से, भक्तियोग की मनोमूर्च्छा से और राजयोग समाधि कुम्भक से सिद्ध होती है। उपर्युक्त छह समाधियाँ राज योग में सम्मिलित हैं, साधक को इनका अभ्यास क्रमशः करना चाहिए।

22.3.1 ध्यान योग समाधि

शाम्भवीं मुद्रिकां कृत्वा आत्मप्रत्यक्षमानयेत्।
बिन्दु ब्रह्ममयं दृष्ट्वा मनस्तत्र नियोजयेत्।।
खमध्ये कुरुचात्मानमात्ममध्ये च खं कुरु।
आत्मानं खमयं दृष्ट्वा न किंचिदपि बुध्यते।
सदानन्दमयो भूत्वा समाधिस्थो भवेन्नरः।। घे०सं० 7/7 8

शाम्भवी मुद्रा को कर आत्मा को प्रत्यक्ष रूप से देखने का प्रयास करें तत्पश्चात् ब्रह्म का साक्षात्कार करते हुए मन को बिन्दु पर केन्द्रित करें। मस्तिष्क में स्थित ब्रह्म लोकमय आकाश के बीच में आत्मा ले जाए और जीवात्मा में आकाश को लय करें तथा परमात्मा में जीवात्मा का ध्यान करें। इससे योगी को आनन्द मिलता है और वह समाधि में स्थित हो जाता है।

22.3.2 नाद योग समाधि

अनिलं मन्द वेगेन भ्रामरीकुम्भकं चरेत्।
मन्दं मन्दं रेचयेद्वायुं भृङ्नादं ततो भवेत्।।

अन्तःस्थं भ्रमरीनादं श्रुत्वा तत्र मनो नयेत्।
समाधिजार्यते तत्रं चानन्दः सोऽहमित्यतः।। घे०सं० 7/9 10

धीमी गति से वायु का पान कर भ्रामरी प्राणायाम करते हुए ही धीमी गति से ही वायु का रेचन करे। वायु का रेचन करते हुए भौरे के गुन्जन की ध्वनि उत्पन्न करे। यह गुंजन (नाद) जहाँ पर हो रहा हो उसी पर ध्यान या मन लगा दे। धीरे–धीरे वह ध्वनि पूरे शरीर में गूँजने लगती है यही नाद योग समाधि है।

22.3.3 रसानन्द समाधि

खेचरीमुद्रासाधनात् रसनोर्ध्वगता यदा।
तदा समाधिसिद्धिः स्याद्धित्वा साधारणक्रियाम्।। घे०सं० 7/11

महर्षि घेरण्ड कहते हैं कि खेचरी साधना में जीभ ऊपर की ओर कपाल कुहर में प्रवेश कर जब ब्रह्मरन्ध्र में पहुँच जाती है इस प्रकार की स्थिति रसानन्द योग समाधि कहलाती है। इस अवस्था में जिस रस की अनुभूति होती है वह परम आनन्ददायी होता है। यही उस अमृत रस से प्राप्त आनन्द की समाधि है इसे ही महर्षि ने रसानन्द समाधि की संज्ञा दी है।

22.3.4 लयसिद्धि समाधि

योनिमुद्रां समासाद्य स्वयं शक्तिमयो भवेत्।
सुश्रृगाररसेनैव विहरेत्परमात्मनि।।
आनन्दमयः सम्भूत्वा एक्यं ब्रह्मणि संभवेत्।
अहं ब्रह्मेति चाद्वैतसमाधिस्तेन जायते।। घे०सं० 7/12 13

इस समाधि का वर्णन करते हुए मुनि जी कहते हैं कि साधक को पहले योनि मुद्रा का अभ्यास करना चाहिए। साधक को सब कुछ भूलकर (लिंग भेद) स्वयं में शक्ति की भावना तथा परमात्मा में पुरुष का भाव रखना चाहिए। उसे यह भावना रखनी चाहिए कि उसमें और परमात्मा में शक्ति और पुरुष का संचार हो रहा है। इसके पश्चात् आनन्द मग्न होकर यह चिन्तन करें कि "मैं ही अद्वैत ब्रह्म हूँ"। यही लयसिद्धि समाधि की अवस्था है।

22.3.5 भक्तियोग समाधि

स्वकीयहृदये ध्यायेदिष्टदेव स्वरूपकम्।
चिन्तयेद्भक्तियोगेन परमाह्लादपूर्वकम्।।
आनन्दाश्रुपुलकेन दशाभावः प्रजायते।
समाधिः सम्भवेत्तेन सम्भवेच्च मनोन्मनी।। घे०सं० 7/14 15

घेरण्ड मुनि कहते हैं कि अपने हृदय में अपने अराध्य देव के रूप पर ध्यान लगाए। मन में भक्ति का भाव लाए तथा अपने इष्टदेव के प्रति पूर्ण श्रद्धा, भक्ति,

प्रेम आदि का भाव उत्पन्न करे। ऐसा करने से आनन्द के आँसू बहने लगते हैं और पूरा शरीर काँपने लगता है। मन में एकाग्रता आती है और तभी मन, ब्रह्म से साक्षात्कार हो जाता है। यही भक्ति योग समाधि है। यह समाधि भावुक साधकों के लिए उचित है।

22.3.6 मनोमूर्च्छा समाधि

मनोमूर्च्छा समासाद्य मन आत्मनि योजयेत्।
परमात्मनः समायोगात्समाधि समवाप्नुयात्।। घे०सं० 7/16

मनोमूर्च्छा प्राणायाम का अभ्यास कर साधक की अन्तःकरण की क्रिया समाप्त हो जाती है उसी समय साधक को अपना मन एकाग्र कर ब्रह्म में स्थित करने का प्रयास करे। परमात्मा के साथ योग होने को ही मनोमूर्च्छा समाधि कहते हैं।

अभ्यास प्रश्न

बहुविकल्पीय प्रश्न

1 **(क)** घेरण्ड संहिता में वर्णित समाधि कितने प्रकार की है।
(अ) 03
(ब) 06
(स) 07
(द) 08

(ख) ध्यान योग समाधि में किस मुद्रा का अभ्यास किया जाता है।
(अ) शाम्भवी मुद्रा
(ब) खेचरी मुद्रा
(स) योनि मुद्रा
(द) महामुद्रा

(ग) नादयोग समाधि में किस प्राणायाम का अभ्यास किया जाता है।
(अ) भस्त्रिाका प्राणायाम
(ब) भ्रामरी प्राणायाम
(स) मूर्च्छा प्राणायाम
(द) उज्जायी प्राणायाम

(घ) घेरण्ड संहिता में समाधि को किस अध्याय में रखा गया है।
(अ) चौथे
(ब) छठे
(स) पाचवें
(द) सातवें

22.4 सारांश

इस इकाई को पढ़ने के बाद आप यह जान चुके हैं कि घेरण्ड संहिता में वर्णित समाधि की उपयोगिता को स्वीकारा गया है। वास्तव में हम यह सिद्ध कर चुके हैं कि समाधि से ही आत्म साक्षात्कार की प्राप्ति होती है। साधक को समाधि की सिद्धि प्राप्त होने पर धरा पर पुनर्जन्म नहीं होता।

22.4 शब्दावली

निर्मल – साफ,स्वच्छ

रेचक – श्वास छोड़ना

चिन्तन – अनवरत सोचने की प्रक्रिया

कैवल्य – मोक्ष, समाधि

प्रबोध – वशिष्ट ज्ञान

पूरक – श्वास लेना

22.5 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

(क) 06 (ख) शाम्भवी मुद्रा, (ग) भ्रामरी प्राणायाम (घ) सातवें

22.6 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची?

1. दिगम्बर स्वामी (2001) स्वात्माराम कृत हठप्रदीपिका, कैवल्यधाम, श्रीमन्माधव, योग मन्दिर समिति, लोनावाला।
2. निरंजनानन्द स्वामी (2003) महर्षि घेरण्ड कृत घेरण्ड संहिता योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट मुंगेर बिहार।
3. सरस्वती स्वामी सत्यानन्द – आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बन्ध (2003) योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट मुंगेर बिहार।

22.7 निबंधात्मक प्रश्न

1. समाधि से आप क्या समझते हैं? ध्यानयोग समाधि तथा लयसिद्धि समाधि को समझाइये।
2. समाधि के भेदों को स्पष्ट करते हुए प्रत्येक का संक्षिप्त वर्णन करें।

No 506
633/H
शिव संहित

ॐ

शिव-संहिता

(विस्तृत एव सरल हिन्दी अनुवाद सहित)

अनुवादक:

डा० चमनलाल गौतम

पूर्व सम्पादक—जीवनयज्ञ और युग संस्कृति
रचयिता—मंत्र महाविज्ञान, उपासना महाविज्ञान, मंत्रयोग, वैदिक मंत्र विद्या, ओंकार सिद्धि, मंत्र शक्ति से रोग निवारण विपत्त निवारण-कामना सिद्धि, प्राणायाम के असाधारण प्रयोग, तंत्र विज्ञान, तंत्र रहस्य, तंत्र महाविद्या, तंत्र महासिद्धि।

प्रकाशक :

संस्कृति संस्थान

ख्वाजा कुतुब, वेदनगर, बरेली-२४३००१ (उ.प्र.)

प्रकाशक:

डा. चमनलाल गौतम

संस्कृति संस्थान
ख्वाजा कुतुब, वेदनगर
बरेली-२४३००१ (उ. प्र.)

अनुवादक:
डा. चमनलाल गौतम

द्वितीय संस्करण
१९७५

मुद्रक :
शैलेन्द्र वी. माहेश्वरी
नवज्योति प्रेस,
भीकचन्द मार्ग, मथुरा।

मूल्य तीन रुपये पचहत्तर पैसे

दो शब्द

प्रस्तुत शिव-संहिता योगशास्त्र का प्रसिद्ध ग्रन्थ है, जिसका उपदेश भगवान् शिवजी ने प्राणिमात्र के उपकारार्थ किया था। इसमें ब्रह्मज्ञान और हठयोग के साथ राजयोग की क्रियाओं का भी सरल रीति से वर्णन हुआ है।

यह ग्रन्थ प्राचीन होने के कारण दुष्प्राप्य था। अनेक जिज्ञासुओं का इसके लिए विशेष आग्रह देखा गया तो बहुत खोज के पश्चात् इसकी एक लिपि प्राप्त की गई और सरल-सुबोध हिन्दी में विस्तृत अनुवाद करके पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया गया है।

योग-जिज्ञासुओं के लिए ही नहीं, सर्व साधारण पुरुषों और अन्य मार्ग के उपासक मुमुक्षुओं के लिये भी यह एक अमूल्य उपलब्धि है, जिसका अध्ययन और मनन करके संसार-सागर के दुःखों से पार होने का उपाय किया जा सकता है।

हमें आशा है कि हमारे इस प्रयास से मुमुक्षुओं, योग के जिज्ञासुओं और सभी सामान्य पाठकों को भी अत्यन्त लाभ होगा और इसी में हमारे श्रेय की सार्थकता सिद्ध होगी।

—प्रकाशक

विषय सूची

शिव संहिता

प्रथम पटल

लयप्रकरण

एकं ज्ञानं नित्यमाद्यन्तशून्यं
नान्यत् किञ्चिद्वर्तते वस्तु सत्यम् ।
यद्भेदोस्मिन्निन्द्रियोपाधिना वै
ज्ञानस्यायं भासते नान्यथैव ॥१॥

अथ भक्तानुरक्तोऽहं वक्ष्ये योगानुशासनम् ।
ईश्वरः सर्वभूतानामात्ममुक्तिप्रदायकः ॥२॥

त्यक्त्वा विवादशीलानां मतं दुर्ज्ञानहेतुकम् ।
आत्मज्ञानाय भूतानामनन्यगतिचेतसाम् ॥३॥

केवल एक ज्ञान ही नित्य और आदि-अन्त से रहित है। जगत् में ज्ञान से भिन्न कोई अन्य वस्तु विद्यमान नहीं हैं। इन्द्रियों की उपाधि के द्वारा जो कुछ पृथक्-पृथक् प्रतीत होता है, वह केवल ज्ञान ही भासमान है, अन्यथा कुछ भी नहीं है। भक्तों पर कृपा करने के उद्देश्य से मैंने यह योग का अनुशासन कहा हैं। सब भूतों का आत्मा ईश्वर ही मुक्तिदायक यह इस शास्त्र का लक्ष्य है) जो मत विवादमय और दुर्ज्ञान के कारण रूप हैं, उनका त्याग करके आत्मज्ञान का आश्रय ले, यही भूतों की अनन्य गति है ॥१-३॥

सत्यं केचित् प्रशंसन्ति तपः शौचं तथापरे।
क्षमां केचित्प्रशंसन्ति तथैव सममार्जवम् ॥४॥
केचिद्दानं प्रशंसन्ति पितृकर्म तथापरे।
केचित् कर्म प्रशंसन्ति केचिद्वैराग्यमुत्तमम् ॥५॥

कोई विद्वान् सत्य की प्रसंशा करते हैं तो कोई तपस्या की, और कोई शुद्ध आचार को ही श्रेष्ठ बताते हैं। कोई क्षमा को उचित मानते हैं तो कोई सब में समान भाव रखना ही ठीक बताते हैं। कोई सरलता का अनुमोदन करते हैं तो कोई दान की ही प्रसंसा किया करते हैं। कोई पितर कर्म (तर्पणादि) की महत्ता स्वीकार करते हैं, तो कोई कर्म अर्थात् सगुण उपासना को ही मान्यता देते हैं। कुछों के मत में वैराग्य ही श्रेष्ठ है।४-५

केचिद्गृहस्थकर्माणि प्रशंसन्ति विचक्षणाः।
अग्निहोत्रादिकं कर्म तथा केचित्परं विदुः ॥६॥
मन्त्रयोगं प्रशंसन्ति केचित्तीर्थानुसेवनम्।
एवं बहूनुपायांस्तु प्रवदन्ति विमुक्तये ॥७॥

कोई विद्वान् पुरुष गृहस्थ धर्म को प्रशंसनीय कहते हैं तो कोई परमज्ञानी अग्निहोत्र आदि कर्मों को ही प्रशस्त मानते हैं। किसी के मत में मन्त्र योग ही श्रेष्ठ है और किसी के विचार में तीर्थ यात्रा आदि करना या तीर्थों में जाकर स्नानादि कर्म करना ही उत्तम है। इस प्रकार अनेकानेक विद्वानों ने संसार-सागर से मुक्त होने के लिए अपनी-अपनी मति के अनुसार अनेकों उपाय बताये हैं ॥६-७॥

एवं व्यवसिता लोके कृत्याकृत्यविदो जनाः।
व्यामोहमेव गच्छन्ति विमुक्ताःपापकर्मभिः ॥८॥

एतन्मतावलम्बी यो लब्ध्वा दुरितपुण्यके ।
भ्रमतीत्यवशः सोऽत्र जन्ममृत्युपरम्पराम् ॥९॥

इस प्रकार कृत्य-अकृत्य अर्थात् विधि-निषेध कर्मों के ज्ञाता पुरुष पापकर्मों से विमुक्त रहकर भी व्यामोह में ही पड़े रहते तथा पाप-पुण्य के अनुष्ठान रूप उपर्युक्त मतों के आश्रय में रहे आते हैं। उसके परिणाम स्वरूप अनुष्ठाता को जन्म-मरण के चक्र में बार-बार भ्रमते रहना होता है। इसका तात्पर्य यह है कि शुभ कर्मों के करने से चित्त की शुद्धि तो सम्भव है, परन्तु मुक्ति मिल जाना सम्भव नहीं है ॥८-९॥

अन्यैर्मतिमतां श्रेष्ठैर्गुप्तालोकनतत्परैः ।
आत्मानो बहवः प्रोक्ता नित्याः सर्वगतास्तथा ॥१०॥
यद्यत्प्रत्यक्षविषयं तदन्यन्नास्ति चक्षते ।
कुतः स्वर्गादयः सन्तीत्यन्ये निश्चितमानसाः ॥११॥
ज्ञानप्रवाह इत्यन्ते शून्यं केचित्परं विदुः ।
द्वावेव तत्त्वं मन्यन्तेऽपरे प्रकृतिपुरुषौ ॥१२॥

अन्य विद्वान् गोपनीय शास्त्रों के अध्ययन में तत्पर रहना श्रेष्ठ बताते हैं। अनेकों का कहना है कि आत्मा नित्य और सर्वत्र गमन करने में समर्थ है। कुछ प्रत्यक्षवादियों के मत में प्रत्यक्ष दिखाई देने वाले पदार्थ ही सत्य हैं और कुछ भी सत्य नहीं है। वे अपने दृढ़ चित्त से यही कहते हैं कि स्वर्गादि लोक हैं हीं कहाँ? अर्थात् स्वर्गादि लोक कहीं हैं ही नहीं। कुछ विद्वानों का मत है कि जो कुछ भी है, वह ज्ञान का प्रवाह ही है अर्थात् संसार को सब दृश्यमान वस्तुएँ ज्ञान के अतिरिक्त कुछ नहीं है। किसी-किसी का निश्चय है कि जो कुछ है, वह शून्य ही है (यह

शून्यवादियों का मत है) इसी प्रकार कुछ लोगों के विचार में प्रकृति और पुरुष दोनों ही तत्व हैं ॥१०-१२।

अत्यन्तभिन्नमतयः परमार्थपराङ्मुखाः ।
एवमन्ये तु संचिन्त्य यथामति यथाश्रुतम् ॥१३॥
निरीश्वरमिदं प्राहुः सेश्वरं च तथापरे ।
वदन्ति विविधैर्भेदैः सुयुत्या स्थितिकातराः ॥१४॥

जो लोग परमार्थ के विरुद्ध हैं उनकी मति तो और भी भिन्न हैं। इस प्रकार अपनी-अपनी मति के अनुसार मान्यता बनाये हुए लोग कर्मों में लगे रहते हैं। किन्हीं का कहना है कि ईश्वर है ही नहीं और किन्हीं का कहता है कि यह जगत् प्रपंच ईश्वरमय ही है। इस भाँति अनेकों विद्वान् अनेक भेदों का वर्णन करते हैं और अपने मत में दृढ़ता पूर्वक तत्पर रहते हैं अर्थात् वे किसी अन्य मत की कोई बात भी नहीं सुनना चाहते ॥१३-१४॥

एते चान्ये च मुनयः संज्ञाभेदाः पृथग्विधाः ।
शास्त्रेषु कथिता ह्येते लोकव्यामोहकारकाः ॥१५॥
एतद्विवादशीलानां मतं वक्तुं न शक्यते ।
भ्रमन्त्यस्मिन् जनाः सर्वे मुक्तिमार्गबहिष्कृताः॥१६॥

इस प्रकार अनेकों मुनियों ने विभिन्न नाम वाले और पृथक्-पृथक् विधि-विधान वाले विविध मतों को लेकर शास्त्रों की रचना कर डाली है। परन्तु ऐसे सभी शास्त्र लोकों को व्यामोह में डालने वाले हैं। (अर्थात् उन भिन्न-भिन्न मत के शास्त्रों को पढ़ने से भ्रम उत्पन्न होजाता है और साधक कुछ निश्चय करने में असमर्थ रहता है, जिसके कारण जीवन समाप्त होने तक भी चित्त भ्रान्ति बनी रहती है। परन्तु ऐसे विवादशील पुरुषों का

मत कहने की शक्ति हम में नहीं है, जिनसे कि मनुष्य मुक्ति मार्ग को छोड़ कर भवचक में ही भ्रमण करते रहते हैं ॥१५-१६॥

आलोक्य सर्वशास्त्राणि विचार्य च पुनः पुनः ।
इदमेकं सुनिष्पन्नं योगशास्त्रं परं मतम् ॥१७॥
यस्मिन् ज्ञाते सर्वमिदं ज्ञातं भवति निश्चितम् ।
तस्मिन् परिश्रमः कार्यः किमन्यच्छास्त्र भाषितम् ॥१८॥

सभी शास्त्रों का अवलोकन करके उन पर पुनः पुनः विचार करके यही निश्चय होता है कि एक मात्र यही योग शास्त्र परममत रूप एवं श्रेष्ट है। इसकी ठीक प्रकार से रचना हुई है। जिसके ज्ञान लेने पर अवश्य ही सब कुछ जाना हुआ हो जाता है। इसलिए इसके अध्ययन में ही परिश्रम करना चाहिए। क्यों कि (जब अन्य शास्त्र निरर्थक ही हैं तब) उनका ज्ञान प्राप्त करने का प्रयोजन ही क्या है? ॥१७-१८॥

योगशास्त्रमिदं गोप्यमस्माभिः परिभाषितम् ।
सुभक्ताय प्रदातव्यं त्रैलोक्ये च महात्मन ॥१९॥

शिवजी कहते हैं कि मेरे द्वारा कहा गया यह योगशास्त्र गोपनीय है, इसलिए इसे तीनों लोकों में से केवल उसी को देना चाहिए जो कि महात्मा और श्रेष्ट भक्त हो ॥१९॥

कर्मकाण्ड ज्ञानकाण्डमिति वेदो द्विधा मतः ।
भवति द्विविधो भेदो ज्ञानकाण्डस्य कर्मणः ॥२०॥
द्विविधः कर्मकाण्डः स्यान्निषेधविधिपूर्वकः ।
निषिद्धकर्मकरणे पापं भवति निश्चितम् ।
बिधिना कर्मकरणे पुण्यं भवति निश्चितम् ॥२१॥

वेद के दो मत हैं—(१) कर्मकाण्ड और (२ ज्ञान काण्ड। उनमें भी कर्मकाण्ड और ज्ञानकाण्ड दोनों के भी दो-दो भेद माने गए है। कर्मकाण्ड निषेध और विधि के भेद से दो प्रकार का है। निषेध कर्म के करने से अवश्य ही पाप होता है और विधि कर्म के कारण निश्चित रूप से पुण्य होता है ॥२०-२१॥

त्रिविधो विधिकूट: स्यान्नित्य नैमित्यकाम्यत: ।
नित्येऽकृते किल्बिषं स्यात्काम्ये नैमित्तिके फलम्॥२२॥

विधि कर्म नित्य, नैमित्तिक और सकाम के भेद से तीन प्रकार का है। नित्यकर्म अर्थात् देव-पूजन, सन्ध्या आदि इसके न करने से पाप होता है। सकामकर्म फल की इच्छा से किया जाता है और नैमित्तिक कर्म अर्थात् पर्व काल में तीर्थआदि के पुण्यजलों में स्नानदान आदि है, जिसके करने से पुण्य होना माना जाता है ॥२२॥

द्विविधं तु फलं ज्ञेयं स्वर्गं नरकमेव च ।
स्वर्गे नानाविधं चैव नरके च तथा भवेत् ॥२३॥
पुण्यकर्मणि वै स्वर्गो नरकं पापकर्मणि ।
कर्मबन्धमयी सृष्टिर्नान्यथा भवति ध्रुवम् ॥२४॥

दो प्रकार का फल माना जाता है—(१) स्वर्ग और (२) नरक। स्वर्ग और नरक दोनों ही अनेक प्रकार के हैं। पुण्यकर्मों को करने वाले को स्वर्ग और पाप-कर्मों के करने वाले को नरक की प्राप्ति होती है। यह सृष्टि निश्चय ही कर्म-बन्धन से युक्त है, इससे अन्यथा नहीं समझना चाहिए। (सृष्टि के कर्मबन्धन से कहने का तात्पर्य है कि संसार में आकर मनुष्य जो कुछ कर्म या अकर्म करता है, जब तक उनके फल का भोग नहीं किया

जाता और जब तक किंचित भी कर्म शेष रहता है, जब तक संसार के बन्धन से छुटकारा नहीं मिलता ।)॥२३-२४॥

जन्तुभिश्चानुभूयन्ते स्वर्गे नानासुखानि च ।
नानाविधानि दुःखानि नरके दुःसहानि वै ॥२५॥
पापकर्मवशाद्दुःख पुण्यकर्मवशात्सुखम् ।
तस्मात्सुखार्थी विविध पुण्यं प्रकुरुते ध्रुवम् ॥२६॥

स्वर्ग में जीव को अनेक प्रकार के सुखों का अनुभव प्राप्त होता है और इसी प्रकार नरक में उसे अनेक प्रकार के दुःसहनीय दुःगों को भोगना होता है। पाप कर्मों के करने से दुःख की और पुण्य कर्मों के करने से सुख की प्राप्ति होती है। इसलिए सुख की इच्छा करने वाले पुरुष निश्चय ही विविध प्रकार के पुण्य कर्म किया करते हैं ॥२५-२६॥

पापभोगावसाने तु पुनर्ज्जन्म भवेत्खलु ।
पुण्यभोगावसाने तु नान्यथा भवति ध्रुवम् ॥२७॥
स्वर्गेऽपि दुःखसम्भोगः परस्त्रीदर्शनाद्ध्रुवम्।
ततो दुःखमिदं सर्व भवेन्नास्त्यत्र संशयः ॥२८॥

जैसे पाप का फल भोग लेने पर जीव को पुनः ससार से जन्म लेना होता है, वैसे ही पुण्य का भल भोगने पर भी पुनर्जन्म ग्रहण करना होता है। ऐसा अवश्य होता है, इसमें अन्यथा नहीं समझना चाहिए। स्वर्ग भी निश्चय ही दुःख का स्थान है, क्योंकि वहाँ परस्त्री का दर्शन अप्सराएँ आदि का भोग) मिलता है, जिससे राग-द्वेष, ईर्ष्या आदि एवं इच्छित स्त्री के न मिलने से मानसिक व्यथा उत्पन्न होना स्वाभाविक है और यह सब दुःख रूप ही है, इसमें कुछ भी संशय नहीं है ॥२७-२८॥

तत्कर्म कल्पकैः प्रोक्तं पुण्यपापमिति द्विधा ।
पुण्यपापमयौ बन्धो देहिनां भवति क्रमात् ॥२९॥
इहामुत्र फलद्वेषी सकलं कर्म सत्यखेत् ।
नित्यनैमित्तिके सङ्गं त्यक्त्वा योग प्रवर्तते ॥३०॥

मेधावी जनों ने पुण्य और पाप के रूप में दो प्रकार के कर्म कल्पित किये हैं। उन्हीं पाप-पुण्य कर्मों से शरीर बँधा हुआ है जिससे कि जीव को बार-बार जन्म ग्रहण करना होता है। इस लोक और परलोक के फल की कामना का और नित्य-नैमित्तिक आदि सभी कर्मों के फलों की आकांक्षा का त्याग करके मुमुक्षु पुरुष को योगाभ्यास में प्रवृत्त होना चाहिए ॥२९-३०॥

कर्मकाण्डस्य माहात्म्यं ज्ञात्वा योगी त्यजेत्सुधीः ।
पुण्यपापद्वयं त्यक्त्वा ज्ञानकाण्डं प्रवर्तते ॥३१॥
आत्मा वा रे च श्रोतव्यो मंतव्य इति यच्छ्रुतिः ।
सा सेव्या तत्प्रयत्नेन मुक्तिदा हेतुदायिनी ॥३२॥

योगी साधक के लिए आवश्यक है कि वह कर्मकाण्ड के माहात्म्य को जान लेने के पश्चात् पुण्य और पाप, दोनों प्रकार के कर्मों को छोड़ कर ज्ञानकाण्ड में प्रवृत्त हो जाय। श्रुति का वचन है कि अरे, आत्मा ही सुनने के योग्य है, आत्मा ही मनन करने के योग्य है। आत्मा ही मुक्ति की देने वाली और सभी को उत्पन्न करने वाली है। इसलिए प्रयत्न पूर्वक आत्मा का सेवन करे ॥३१-३२॥

दुरितेषु च पुण्येषु यो धीवृत्तिं प्रचोदयात् ।
सोऽहं प्रवर्तते मत्तो जगत्सर्वं चराचरम् ॥३३॥

सर्वं च दृश्यते मत्तः सर्वं च मयि लीयते ।
न तद्भिन्नोऽहमस्मिन्नो यद्भिन्नो न तु किंचन ॥३४॥

जो चित्तवृत्ति बुद्धि को पाप और पुण्य दोनों में ही समान रूप से प्रेरित करती है, 'वह मैं हूँ' मुझसे ही इस सम्पूर्ण चराचर रूप जगत् की उत्पत्ति होती है। यह सम्पूर्ण दृश्यमान प्रपंच मैं ही हूँ, यह सब (मुझसे ही उत्पन्न होता और) मुझमें ही लीन हो जाता है। न वह मुझसे भिन्न है और न मैं उससे भिन्न हूं। इस प्रकार मुझसे भिन्न कुछ भी नहीं है। अभिप्राय यह है कि संसार की सृष्टि, स्थिति और प्रलय मुझसे ही होती है, योगी पुरुष को ऐसी मान्यता रखनी चाहिए ॥३३-३४॥

जलपूर्णेष्वसंख्येषु शरावेषु यथा भवेत् ।
एकस्य भात्यसंख्यत्वं तद्भेदोऽत्र न दृश्यते ॥३५॥
उपाधिषु शरावेषु या संख्या वर्तते परा ।
सा संख्या भवति यथा रवौ चात्मनि तत्तथा ॥३६॥

जिस प्रकार जल से परिपूर्ण शराब (मृतिका पात्र) में एक ही सूर्य के अनेक प्रतिबिम्ब प्रतीत होते हैं, परन्तु यथार्थ में वे अनेक नहीं होते, वरन् उनमें अनेकता की प्रतीति शराब की उपाधि और संख्या के भेद से होती है (परन्तु सूर्य अनेक नहीं होते), वैसे ही यह जगत् भी एक आत्मा होता हुआ भी भिन्न-भिन्न दिखाई देता है। (वास्तव में तो वह ब्रह्म एक ही है)।३५-३६।

यथैकः कल्पकः स्वप्ने नानाविधतयेष्यते ।
जागरेऽपि तथाप्येकस्तथैव बहुधा जगत् ॥३७॥
सर्पबुद्धिर्यथा रज्जौ शुक्तौ वा रजतभ्रमः ।
तद्वदेवमिदं विश्वं विवृत्तं परमात्मन ॥३८॥

जिस प्रकार स्वप्नावस्था में ऐसे ही अनेक प्रकार की कल्पना होती है, परन्तु निद्रा के भंग होने पर कुछ भी दिखाई नहीं देता, उसी प्रकार जगत् के अनेक रूपों की प्रतीति माया के आवरण से ही होती है। फिर जब वह माया दूर होजाती है,तब जगत् का अनेकत्व दूर होकर एकमात्र शुद्ध ब्रह्म ही रह जाता है। जैसे रस्सी में सर्प की बुद्धि अथवा सीप में रजत की भ्रान्ति होने लगती है, वैसे ही परमात्मा में माया के आवरण से इस विश्व की भ्रान्ति होती है ।।३७-३८।।

रज्जुज्ञानानाद्यथा सर्पो मिथ्यारूपो निवर्तते ।
आत्मज्ञानात्तथा याति मिथ्याभूत मिदं जगत् ।।३९।।
रौप्यभ्रांतिरियं यांति शुक्तिज्ञानाद् यथा खलु ।
जगत्भ्रांतिरियं यांति चात्मज्ञानाद्यथा तथा ।।४०।।

परन्तु जब रस्सी का ज्ञान होजाता है, तब सर्प की मिथ्या बुद्धि नहीं रहती, वैसे ही आत्मज्ञान के होने पर यह मिथ्याभूत जगत् भी नहीं रहता। इसी प्रकार जब यह ज्ञान होजाता है कि यह सीप है तभी उसके रजत होने का भ्रम दूर होजाता है, वैसे हो आत्मज्ञान के उत्पन्न होने पर जगत् की भ्रान्ति समाप्त हो जाती है ।।३९-४०।।

यथा रज्जूरगभ्रांतिर्भवेद्भेदशाज्जगत् ।।४१।।
तथा जगदिदं भ्रांतिरध्यासकल्पनाजगत् ।
आत्मज्ञानाद्यथा नास्ति रज्जुज्ञानाद्भुजङ्गमः ।।४२।।

जैसे रस्सी में सर्प की भ्रान्ति होती है, वैसे ही जगत् भीभेद के वश में पड़ा है अर्थात् जगत् की भिन्नता रूप भ्रान्ति रज्जु में सर्प-भ्रान्ति के ही समान है। संसार की यह कल्पना अध्यास मात्र ही है, 'इसमें यथार्थता किंचित् भी नहीं है, परन्तु रज्जु

ज्ञान के समान आत्मज्ञान होते ही मिथ्या संसार भी नहीं रहता ॥४१-४२॥

यथा दोषवशाच्छुक्लः पीतो भवति नान्यथा ।
अज्ञानदोषादात्मापि जगद्भवति दुस्त्यजम् ॥४३॥
दोषनाशे यथा शुक्लो गृह्यते रोगिणा स्वयम् ।
शुक्लज्ञानात्तथाज्ञाननाशादात्मा तथा कृतः ॥४४॥

जिस प्रकार पित्तादिकेदूषित होने से पाण्डु रोगहोकरनिश्चय ही पीलापन प्रतीति होता है, वैसे ही अज्ञान रूप दोष के कारण आत्मा भी मिथ्या जगत् के रूप से दिखाई देने लगता है। वह अज्ञान सरलता से दूर नहीं हो पाता। परन्तु जब वह दूर हो जाता है तब (पित्तादि दोषों के दूर होने पर) रोगी का पीलापन मिट कर शुक्ल रूप दिखाई देने के समान ही शुद्ध ब्रह्म का अनुभव होने लगता है। (इस प्रकार अज्ञान भी रोग के समान है जो कि आत्मज्ञान रूपी औषधि के द्वारा ही नष्ट हो सकता है) ॥४३-४४॥

कालत्रयेऽपि न यथा रज्जुः सर्पो भवेदिति ।
तथात्मा न भवेद्विश्वं गुणातीतो निरञ्जनः ॥४५॥
आगमाऽपायिनोऽनित्या नाश्यत्वे नेश्वरादयः ।
आत्मबोधेन केनापि शास्त्रादेताद्विनिश्चितम् ॥४६॥

जैसे कि त्रिकाल में भी रस्सी सर्प नहीं बन सकती, वैसे ही गुणों से परे और विशुद्ध आत्मा कभी भी विश्व नहीं बन सकता यह निश्चय है। जिस शास्त्र में आत्म-बोध विषयक उपदेश हैं, उसके अध्ययन से यही निश्चय होता है कि ईश्वर कहे जाने वाले इन्द्रादि देवगण भी अनित्य ही हैं अर्थात् उनका भी आवागमन निश्चित है ॥४५-४६॥

यथा वातवशात्सिन्धावुत्पन्नाः फेनबुद्बुदाः ।
तथात्मनि समुद्भूतं संसारं क्षणभंगुरम् ॥४७॥
अभेदो भासते नित्यं वस्तुभेदो न भासते ।
द्विधात्रिधादिभेदोऽयं भ्रमत्वे पर्यवस्यति ॥४८॥

जैसे कि वायु के क्षोभ से समुद्र में फेन और बुद्बुदे उत्पन्न होते और तुरन्त ही समुद्र में लीन हो जाते हैं, वैसे ही माया की उपाधि से आत्मा के द्वारा ही यह क्षणभंगुर संसार उत्पन्न होता (और फिर आत्मा में ही लीन हो जाता है। आत्मा का संसार से अथवा किसी भी वस्तु से भेद नहीं है और दो, तीन इत्यादि जैसा भी भेद प्रतीत होता है, वह भ्रमत्व से ही है अर्थात् उस भ्रम के दूर होते ही अनेकत्व का भेद नहीं रह पाता ॥४७-४८॥

यद्भूत यच्च भाव्यं वै मूर्तामूर्तं तथैव च ।
सर्वमेव जगदिदं विवृतं परमात्मनि ॥४९॥
कल्पकैः कल्पिता विद्या मिथ्या जाता मृषात्मिका।
एतन्मूलं जगदिदं कथं सत्यं भविष्यति ॥५०॥

जो उत्पन्न हो चुका है और जो भविष्य में उत्पन्न होगा अर्थात् जो कुछ मूर्तिमान है और जो कुछ अमूर्त है, वह यह सम्पूर्ण जगत् माया के आवरण से आत्मा द्वारा ही प्रकट हुआ है। यह मिथ्या जगत् अविद्या की कल्पना से कल्पित हुआ है। इसकी जड़ ही मिथ्यात्व पर आधारित तब यह स्वयं ही कैसे सत्य हो सकती है ॥४९-५०॥

चैतन्यात् सर्वमुत्पन्नं जगदेतच्चराचरण ।
तस्मात् सर्वं परित्यज्य चैतन्य तु समाश्रयेत् ॥५१॥

घटस्याभ्यन्तरे बाह्ये यथाकाशं प्रवर्तते ।
तथात्माभ्यन्तरे बाह्ये ब्रह्माण्डस्य प्रवतते ॥५२॥

केवल चैतन्य आत्मा से ही यह सम्पूर्ण (जरायुज, अण्डज, स्वेदज, उद्भिज आदि) चराचर विश्व उत्पन्न होता है, इसलिए सब कुछ छोड़ कर एक चैतन्य आत्मा का आश्रय लेना ही श्रेयस्कर है। जैसे घट के भीतर और बाहर आकाश प्रवृत्तरहता है, वैसे ही आत्मा भी ब्रह्माण्ड के भीतर-बाहर पूर्णरूप से व्याप्त रहता है ॥५१-५२॥

सततं सर्वभूतेषु यथाकाश प्रवर्तते ।
तथात्माभ्यंतरे बाह्ये ब्रह्माण्डस्य प्रवर्तते ॥५३॥
वर्तते सर्वभूतेषु यथाकाशं समन्ततः ।
तथात्माभ्यंतरे बाह्ये कार्यवर्गेषु नित्यशः ॥५४॥

जैसे सभी भूतों में आकाश सदा व्याप्त रहता है, वैसे ही आत्मा भी ब्रह्माण्ड के भीतर-बाहर प्रवर्तित रहता है। अथवा जिस प्रकार सभी भूतों में आकाश समन्वित रहता है, वैसे ही आत्मा भी संम्पूर्ण कार्य-वर्ग अर्थात् उत्पन्न वस्तुओंमें सदानिहित रहता है ॥५३-५४॥

असंलग्न यथाकाशं मिथ्याभूतेषु पंचसु ।
असंलग्नस्तथात्मा तु कार्यवर्गेषु नान्यथा ॥५५॥
ईश्वरादिजगत्सर्वमात्मव्यातं समन्ततः ।
एकोऽस्ति सच्चिदानन्दः पूर्णो द्वैतविवर्जितः ॥५६॥

जैसे आकाश मिथ्या पंचभूतों में मिला हुआ दिखाई देने पर भी उससे संलग्न नहीं है, वैसे ही आत्मा भी सम्पूर्ण कार्यवर्ग अर्थात् उत्पन्न वस्तुओं में व्याप्त रहता हुआ भी सब से पृथक्

रहता है। ईश्वर अर्थात् इन्द्रादि रूप सम्पूर्ण विश्व में एक ही आत्मा पूर्णरूप से व्याप्त है। वही एक आत्मा सच्चिदानन्दस्वरूप पूर्ण ब्रह्म तथा द्वैत-रहित अर्थात् अद्वैत है ॥५५-५६॥

यस्मात्प्रकाशको नास्ति स्वप्रकाशो भवेत्ततः ।
स्वप्रकाशो यतस्तस्मादात्मा ज्योतिः स्वरूपकः॥५७॥
अवच्छिन्नो यतो नास्ति देशकालस्वरूपतः ।
आत्मनः सर्वथा तस्मादात्मा पूर्णो भवेत्खलु ॥५८॥

इसलिए उस आत्मा का प्रकाशक कोई अन्य नहीं है, वरन् वह स्वयं ही प्रकाशमान रहता है और स्वयं प्रकाशमान होने के कारण ही वह ज्योति स्वरूप है। देश-काल के प्रमाण से वह अवच्छिन्न नहीं है (क्योंकि न तो उसमें देश-काल का कोई नियम है और न संकोच या विस्तार ही है) इसलिए आत्मा सदा सब प्रकार से परिपूर्ण है ॥५७-५८॥

यस्मान्न विद्यते नाशः पंचभूतैर्वृथात्मकैः ।
तस्मादात्मां भवेन्नित्यस्तन्नाशो न भवेत्खलु ॥५९॥
यस्मात्तदन्यो नास्तीह तस्मादेकोऽस्ति सर्वदा ।
यस्मात्तदन्योमिथ्या स्यादात्मा सप्यो भवेत्खलु ॥६०॥

इस प्रकार उन नाशवान पंचभूतों के नाश से इस (आत्मा) का नाश नहीं होता क्योंकि आत्मा तो सदा अविनाशी है, उस का नाश किसी प्रकार भी संभव नहीं है। जब अन्य कोई है ही नहीं, तो यह निश्चय है कि एक वही अद्वैत आत्मा है। जबअन्य सब कुछ मिथ्या ही है, तब वही शुद्ध आत्मा सत्य हो सकता है ॥५९-६०॥

अविद्या भूतसंसारे दुःखनाशे सुखं यतः ।
ज्ञानादाद्यन्तशून्यं स्यात्तस्मादात्मा भवेत्सुखम् ॥६१॥
यस्मान्नाशितमज्ञानं ज्ञानेन विश्वकारणम् ।
तस्मादात्मा भवेत् ज्ञान ज्ञान तस्मात्सनातनम्॥६२॥

अविद्या से उत्पन्न हुए इस संसार के दुःख नष्ट होने पर सुख का होना माना जाता है। परन्तु ज्ञान से दुःख का न तो आदि है और न अन्त ही है। इसलिए आत्मा अवश्य ही सुखरूप है। जिसके द्वारा अज्ञान का नाश होता है और तव यह समझ में आता है कि विश्व का कारण ज्ञान ही है। इसलिए आत्मा ही ज्ञान है और ज्ञान सनातन अर्थात् अनादि काल से चला आता है ॥६१-६२॥

कालतो विविधं विश्वं तदा चैव भवेदिदम् ।
तदेकोऽस्ति स एवात्मा कल्पनापथवर्जितः ॥६३॥
बाह्यानि सर्वभूतानि विनाशं याति कालतः ।
यतो वाचो निवर्त्तन्ते आत्मा द्वैतविवर्जितः ॥६४॥

काल के द्वारा विविध रूप वाला विश्व उत्पन्न होता है,इस लिए वह एक आत्मा ही है। इस प्रकार आत्मा के लिए कल्पना का कोई मार्ग खुला नहीं है अर्थात् आत्मा कल्पित नहीं, वरन् सत्य है। जो आत्मा से बाहर अर्थात् भिन्न पदार्थ हैं, वे सब काल के प्राप्त होजाने पर नष्ट होजाते हैं। इसलिए आत्मा द्वैत-रहित अर्थात् अद्वैत है, उसको वाणी से नहीं बताया जा सकता ॥६३-६४॥

न खं वायुर्न चाग्निश्च न जलं पृथिवी न च ।
नैतत्कार्यं नेश्वरादि पूर्णैकात्मा भवेत्खलु ॥६५॥

आत्मानमात्मना योगी पश्यत्यात्मनि निश्चितम् ।
सर्वसंकल्पसंन्यासी त्यक्तमिथ्याभवग्रहः ॥६६॥

वह आकाश नहीं है, इसलिए उसमें शब्द का अभाव हैं। वह वायु नहीं है, इसलिए स्पर्श से परे है। वह अग्नि नहीं है, इसलिए रूप-रहित है। वह जल नहीं है, इसलिये रसहीन है। वह पृथिवी नहीं है, अतः उसमें गन्ध भी नहीं है। वह कार्य नहीं है, क्योंकि कारण से रहित है और न वह ब्रह्मादि ईश्वर ही है। वह तो पूर्णकाम है अर्थात् उसे किसी प्रकार की कामना नहीं है। इस प्रकार आत्मा से आत्मा को आत्मा में ही देखने वाला योगी सभी संकल्पों को और मिथ्या भवजाल को त्याग कर संन्यास परायण रहता है ॥६५-६६॥

आत्मनात्मनि चात्मानं दृष्ट्वानन्तं सुखात्मकम् ।
विस्मृत्य विश्वं रमते समाधेस्तीव्रतस्तथा ॥६७
मायैव विश्वजननी नान्या तत्त्वधिया परा ।
यदि नाश समायाति विश्वं नास्ति तदा खलु ॥६८॥

वह योगी आत्मा से आत्मा को आत्मा में ही देखता हुआ सुखात्मक होकर संसार को भूल जाता है और आनन्दरूपिणी समाधि में तीव्रता से रम जाता है। माया ही विश्व की जननी है, क्योंकि उसी से विश्व उत्पन्न होता है, किसी अन्य के द्वारा नहीं होता। इसलिए आत्मज्ञान के द्वारा इस माया के नष्ट हो जाने पर निश्चय ही इस विश्व प्रपंच का नाश हो जाता है ॥६७-६८॥

हेयं सर्वमिदं यस्य मायाविलसितं यतः ।
ततो न प्रीतिविषयस्तनुवित्तसुखात्मकः ॥६९॥

अरिमित्रमुदासीनस्त्रिविधं स्यादिदं जगत् ।
व्यहारेषु नियतं दृश्यते नान्यया पुनः ।
प्रियाप्रियादिभेदस्तु वस्तुषु नियतस्फुटम् ॥७०॥

यह सम्पूर्ण विश्व-प्रपंच माया का ही विलास है। इसलिए इस शरीर को सुखात्मक मान कर इससे प्रीति करना ठीक नहीं है। इस जगत् मे शत्रु, मित्र और उदासीन के रूप में तीन प्रकार का व्यवहार दिखाई देता है, इसके अतिरिक्त प्रकार का नहीं, और प्रिय, अप्रिय के भेद में ही यह सम्पूर्ण जगत् बंधा हुआ है ॥६९-७०॥

आत्मोपाधिवशादेवं भवेत् पुत्रादि नान्यथा ॥७१॥
मायाविलसितं विश्वं ज्ञात्वैवं श्रुतियुक्तितः ।
अध्यारोपापवादाभ्यां लयं कुर्वन्ति योगिनः ॥७२॥
कर्मजन्यं विश्वमिदं नत्वकर्मणि वेदना ।
निखिलोपाधिहीनो वै यदा भवति पूरुषः ।
तदा विजयतेऽखण्डज्ञानरूपी निरञ्जनः ॥७३॥

पुत्र आदि कुटुम्बियों का सब नाता भी आत्मा की उपाधि से ही है और किसी प्रकार से नहीं है। यह विश्व माया से ही विलसित है, ऐसा श्रुति के प्रमाण से जान कर ही योगीजन अध्यारोप और अपवाद से आत्मा मैं लीन करते हैं। इस विश्व की उत्पत्ति-स्थिति कर्म से है अर्थात् दुःखादि कर्म से ही होते हैं, कर्म के न रहने पर कोई दुःख नहीं रहता। जब आत्मा माया की उपाधि को जीत लेता है तब माया-रहित होने पर अखण्ड ज्ञान रूप विशुद्ध ब्रह्म की प्रतीति होती है ॥७१-७३॥

स हि कामयते पुरुषः सृजते च प्रजाः स्वयम् ।
अविद्या भासते यस्मात्तस्मान्मिथ्या स्वभावतः ॥७४॥
शुद्धे ब्रह्मणि संबद्धो विद्यया सहजो भवेत् ।
ब्रह्मतेजोंशतो याति तत आभासते नमः ॥७५॥
तस्मात्प्रकाशते वायुर्वायोरग्निस्ततो जलम् ।
प्रकाशते ततः पृथ्वीकल्पनेयं स्थिता सति ॥७६॥
आकाशाद्वायुराकाशः पवनादग्निसम्भवः ।
खवाताग्नेर्जलं व्योमवाताग्नेर्वारितो मही ॥७७॥

आत्मा स्वेच्छापूर्वक स्वयं ही प्रजाओं का सृजन सरता है और यह इच्छा अविद्या से उत्पन्न होती है जो कि स्वभाव से ही मिथ्या है। (इसलिए मिथ्या माया से उत्पन्न हुई सृष्टि भी मिथ्या ही है) शुद्ध ब्रह्म में विद्या का सम्ब ध स्वाभाविक है और उस ब्रह्म के ही तेजरूप अंश से आकाश का प्राकट्य हुआ है। उस आकाश से वायु और वायु से अग्नि प्रकट हुआ। अग्नि से जल और जल से पृथिवी प्रकट हुई। इस प्रकार की कल्पना की गई। इस भाँति आकाश से वायु और आकाश-वायु के योग से अग्नि उत्पन्न हुआ। आकाश, वायु और अग्नि के योग से जल की उत्पत्ति हुई तथा आकाश वायु, अग्नि और जल के संयोग से पृथिवी उत्पन्न हुई ॥७४-७७॥

खं शब्दलक्षणं वाश्चञ्चलः स्पर्शलक्षणः ।
स्याद्रूपलक्षणं तेजः ससिलं रसलक्षणम् ॥७८॥
गंधलक्षणिका पृथ्वी नान्यथा भवति ध्रुवम् ।
विषेशगुणा स्फुरति यतः शास्त्रादिनिर्णयः ॥७९॥

शब्दैकगुणमाकाशं द्विगुणो वायुरुच्यते ।

तथैव त्रिगुणं तेजो भवन्त्यापश्चतुर्गुणाः ॥८०॥

शब्दः स्पर्शश्च रूप च रसो गन्धस्तथैव च ।

एतत्पंचगुणा पृथ्वी कल्पकैः कल्प्यतेऽधुना ॥८१॥

आकाश का गुण शब्द है । वायु के दो गुण है–चंचलता और स्पर्श । तेज अर्थात् अग्नि का गुण रूप और जल का रस होता है । पृथिवी का लक्षण अर्थात् गुण गन्ध है । निश्चय-पूर्वक ऐसा ही है, इसमें कुछ अन्यथा नहीं समझना चाहिए । इन पंचतत्वों का यह गुण-वैशिष्ट्य शास्त्रादि के निर्णय द्वारा ही मान्य हुआ है । इस प्रकार आकाश में एक शब्द गुण, वायु में दो गुण, अग्नि में तीन, और जल में चार होते हैं । शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध इन पाँचों गुणों की विद्यमानता पृथिवी में कलिपत की गई है ॥७८-८१॥

चक्षुषा गृह्यते रूपं गन्धो घ्राणेन गृह्यते ॥८२॥

रसो रसनया स्पर्शस्त्वचा संगृह्यते परम् ।

श्रोत्रेण गृह्यते शब्दो नियतं भाति नान्यथा ॥८३॥

नेत्रों के द्वारा रूप का ग्रहण होता है और नासिका के द्वारा गन्ध का, जिह्वा के द्वारा रस ग्रहण किया जाता है, त्वचा के स्पर्श का और कानों से शब्द का ग्रहण होता है । यह निश्चित नियम है, जो कि किसी भी प्रकार टाला नहीं जासकता।८२-८३।

चैतन्यात्सर्वमुत्पन्नं जगदेतच्चराचरम् ।

अस्ति केत्कल्पनेयंस्यान्नास्तिचेदचिन्मयमू ॥८४॥

पृथ्वी शीर्णा जले मग्ना जलं मग्नं च तेजति ।

लीनं वायौ तथा तेजो व्योम्नि वातो लयं ययौ ।

अविद्यायां महाकाशो लीयते परमे पदे ॥८५॥

यह सम्पूर्ण चराचर संसार एक ही चैतन्य से उत्पन्न हुआ है, इस प्रकार कल्पना से ही संसार सत्य प्रतीत होता है। परन्तु संसार का अभाव होने पर उस एक विशुद्ध चैतन्य आत्मा के अतिरिक्त कुछ और शेष नहीं रहता। पृथिवी जल में लीन हो जाती है और जल अग्नि में लीन होजाता है। वैसे ही अग्नि का वायु में और वायु का आकाश में लीन होना निश्चित हैं। तत्पश्चात् आकाश अविद्या में लीन हो जाता है और अविद्या स्वरूपिणी माया परमपद में जाकर लयभाव को प्राप्त होजाती है। अर्थात् प्रत्येक भूत अपने-अपने कारण में लीन होजाता है और तब एक मात्र ब्रह्मरूप परमपद ही शेष रहता है। ८४-८५॥

विक्षेपावरणाशक्तिर्दुरन्ता दुःखरूपिणी ।
जडरूपा महामाया रजःसत्त्वतमोगुणा ॥८६॥

सा मायावरणाशक्त्य वृता विज्ञानरूपिणी ।
दर्शयेज्जगदाकारं तं विक्षेपस्वभावतः ॥८७॥

परमात्मा की यह दो शक्तियाँ विक्षेप और आवरण स्वरूप हैं। यह अत्यन्त दुःख देने वाली हैं, जिनका कि अन्त ही नहीं होपाता यह महामाया त्रिगुणात्मिका अर्थात् रजसत्व और तमोगुणसे युक्त है। यह इन गुणों को इच्छित रूप से धारण करती रहती है। यही मायामयी आवरण शक्ति जब ज्ञान का आवरण ओढ़ लेती है तब स्वयं ही विज्ञानरूपिणी (अज्ञानमयी) बन जाती है। फिर यही विक्षेप स्वभाव वाली शक्ति जगत् के आकार को प्रदर्शित करती है ॥८६-८७॥

तमोगुणात्मिका विद्या या सा दुर्गा भवेत्स्वयम् ।
ईश्वरं तदुपहितं चैतन्यं तदभूद्ध्रुवम् ॥८८॥
सत्त्वाधिका च या विद्या लक्ष्मीः स्याद्दिव्यरूपिणी ।
चैतन्यं तदुपहितं विष्णुर्भवति नान्यथा ॥८९॥
रजोगुणाधिका विद्या ज्ञेया सा वै सरस्वती ।
कश्चित्स्वरूपो भवति ब्रह्मा तदुपधारकः ॥९०॥

यही महाविद्या जब तमोगुण से युक्त होती है तब दुर्गा-स्वरूप धारणा कर लेती है और फिर यही चैतन्य स्वरूप ईश्वर को आविर्भूत करती है, यह निःसदेह सत्य है। जब यह सत्वगुण को अधिकता से धारण कर लेती है, तब दिव्य स्वरूप धारण करके विष्णुरूप चैतन्य को उत्पन्न करती हैं, यह भी निर्णीत तथ्य है और जब यह विद्या रजोगुण के बाहुल्य से युक्त होती है, तब सरस्वती स्वरूपिणी होकर ब्राह्मरूप चैतन्य को उत्पन्न करती है। तात्पर्य यह है कि तमोगुण की अधिकता से यही शक्ति दुर्गारूपिणी होकर संहारकर्त्ता शिव को प्रकट करती है, सत्वगुण की अधिकता से विश्व-पालक विष्णु को प्रकट करती है तथा रजोगुण की अधिकता से सरस्वती रूप होकर सृष्टिकर्त्ता ब्रह्मा को उत्पन्न करती है। इस प्रकार यह शक्ति ही संसार की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय में कारण है ॥८९-९०॥

ईशाद्याः सकला देवा दृश्यन्ते परमात्मनि ।
शरीरादिजडं सर्वं सा विद्या तत्तथा तथा ॥९१॥
एवंरूपेण कल्पन्ते कल्पका विश्वसम्भवम् ।
तत्त्वात्तत्त्वं भवन्तीह कल्पनान्येनु नोदिता ॥९२॥

ईश्वर आदि जितने भी देवता हैं, वे सब एक ही परमात्मा

में देखे जा सकते हैं। परन्तु शरीर आदि सभी जड पदार्थ उसी एक विद्या में निहित होने के कारण आत्मा से भिन्न प्रतीत होते हैं। इसीलिए विज्ञजनों ने सृष्टि की इस प्रकार से कल्पना की है। क्योंकि तत्वात्मक और अतत्वात्मक दोनों प्रकार का विश्व एक मात्र आत्मा से ही उत्पन्न हुआ है। अत: आत्मा से भिन्न जो कुछ भी है, वह सब कल्पना मात्र ही है, उसे किसी ने भी सत्य नहीं माना है ॥९ -९२॥

प्रमेयत्वादिरूपेण सर्वं वस्तु प्रकाश्यते ।
तथैव वस्तु नास्त्येव भासको वर्तकः परः ॥९३॥
स्वरूपत्वेन रूपेण स्वरूपं वस्तु भाष्यते ।
विशेषशब्दोपादाने भेदो भवति नान्यथा ॥९४॥

प्रमेयत्वादि रूप अर्थात् संसार में जो कुछ भी दिखाई देता है, उस सब को प्रकाशित करने वाला एक आत्मा ही है। यह जो भिन्न-भिन्न रूप दिखाई देते हैं वह सब उपादि का ही भेद है, यथार्थ में तो उसमें कुछ भेद नहीं है। केवल विशेष शब्दों के प्रयोग से उसमें केवल संज्ञात्मक भेद ही प्रतीत होता है ॥९३-९४॥

एकः सत्तापूरितानन्दरूपः
पूर्णो व्यापी वर्तते नास्ति किञ्चित् ।
एतज्ज्ञानं यः करोत्येव नित्यं
मुक्तः स स्यान्मृत्युसंसारदुःखात् ॥९५॥

एक सत्ता से परिपूर्ण हुआ वह आत्मा ही सर्वत्र आनन्दरूप से विद्यमान रहता है, उससे भिन्न कहीं कोई नहीं है। जिसने ऐसा ज्ञान प्राप्त करके उसी में चित्त रमालिया है, वही पुरुष

जन्म-मरण रूपी सांसारिक दुःखों से मुक्त हो गया समझो अर्थात् उस ज्ञानी के लिए कोई भी दुःख पीडित नहीं करता ॥९५॥

यस्यारोपापवादभ्यां यत्र सर्वे लयं गताः ।
स एको वर्तते नान्यन् तच्चित्तेनावधार्यते ॥९६॥

ज्ञान के द्वारा जहाँ आरोप-अपवाद में सभी उत्पन्न कार्यों का लीन होजाना निश्चित है, वहाँ उस सतत विद्यमान एक ही आत्मा में मन को लीन कर लेना चाहिए। अभिप्राय यह है कि आत्मा में सभी उत्पन्न पदार्थों का लय होजाता है, इसलिए मन को भी उसी में लगाकर आत्मा का ही चिन्तन करे। ९६॥

पितुरन्नमयात्कोषाज्जायते पूर्वकर्मणः ।
शरीरं वै जडं दुखं स्वप्राग्भोगाय सुन्दरम् ॥९७॥
मांमास्थिस्नायुमज्जादिनिर्मितं भोगमन्दिरम् ।
केवलं दुःखभोगाय नाडीसंततिगुम्फितम् ॥९८॥

अपने पूर्व कर्मों के अनुसार ही जीव उत्पन्न कर्त्ता पिता के अन्नमय कोष से उत्पन्न होकर सुन्दर जड़ शरीर रूप दुःख-भोग स्वरूप से प्रकट होता है। मांस, अस्थि, स्नायु और मज्जा आदि नाड़ियों के बन्धन से बँधा हुआ शरीर भोग-मन्दिर रूप होकर दुःख का कारण होता है। अभिप्राय यह है कि यह शरीर ही दुःख स्वरूप है, इसलिए इसमें आत्मभाव रखना व्यर्थ ही है ॥९७-९८॥

पारमैष्ठ्यमिदं गात्रं पञ्चभूतविनिर्मितम् ॥
ब्रह्माण्डसंज्ञकं दुःखसुखभोगाय कल्पितम् ॥९९॥
बिन्दुः शिवो रजः शक्तिरुभयोर्मिलनात् स्वयम् ।
स्वप्नभूतानि जायन्ते स्वशक्त्या जडरूपया ॥१००॥

यह शरीर परमेष्ठी अर्थात् ब्रह्मा के द्वारा पंचभूतों से बनाया गया है तथा ब्रह्माण्ड संज्ञक होकर सुख-दुःख भोगने के लिए ही इसकी कल्पना की गई है। शिवरूप बिन्दु और शक्ति रूप रज के सयोग से हो यह शक्तिस्वरूपा जड़ माया अपने ऐश्वर्य से ही स्वप्न के समान शरीरों को उत्पन्न करती है ॥९९-१००॥

तत्पंचीकरणात्स्थूलान्यसंख्यानि चराचरम् ॥१०१॥

ब्रह्माण्डस्थानि वस्तूनि यत्र जीवोऽस्ति कर्मभिः ॥

तद्भूतपंचकात्सर्वं भोगाय जीवसंज्ञिता ॥१०२॥

पंचभूतों के पंजीकरण से ही इस संसार में स्थूल रूप चराचर सृष्टि की अनेक प्रकार की उत्पत्ति है। यह जीव अपने कर्मों के अनुसार भोगों के भोगने के लिए ही ही जीव रूप में पंच-भूतों से उत्पन्न होता ॥१०१-१०२॥

पूर्वकर्मानुरोधेन करोमि घटनामहम् ।

अजडः सर्वभूतान्वै जडस्थित्या भुवक्ति तान् ॥१०३॥

जडात्स्वकर्मभिर्बद्धो जीवाख्यो विविधो भवेत् ।

भोगायोत्पद्यते कर्म ब्रह्माण्डाख्ये पुनः पुनः ।

जोवश्च लीयते भोगावसाने च स्वकर्मणः ॥१०४॥

शिवजी कहते हैं कि मैं जीव को उसके कर्म के अनुसार ही उत्पन्न करता हूँ तथा मैं सभी भूतों से भिन्न, अजड हूँ, फिर भी जड स्वरूप होकर मैं सब का भक्षण कर लेता हूं। अपने कर्म-बन्धन में बँध कर जीव को विविध प्रकार का होकर जड़ शरीर धारण करना होता है क्योंकि वह अपने कर्मों को भागने के लिए ही संसार में बार-बार आता है और जब भोगों का क्षय होजाता है तब उसी आत्मा में लीन होजाता है ॥१०३-१०४॥

॥ शिव संहिता का प्रथम पटल समाप्त ॥

द्वितीय पटल

तत्वज्ञान प्रकरण

देहेऽस्मिन् वर्तते मेरुः सप्तद्वीपसमन्वितः ।
सरितः सागराः शैलाः क्षेत्राणि क्षेत्रपालकः ॥१॥
ऋषियो मुनयः सर्वे नक्षत्राणि ग्रहास्तथा ।
पुण्यतीर्थानि पीठानि वर्तन्ते पीठ देवताः ॥२॥

इस शरीर में सप्त द्वीपों के सहित सुमेरु पर्वत विद्यमान है। सरिता, सागर पर्वत, शेत्र, क्षेत्रपाल ऋषि-मुनि और सभी नक्षत्र, ग्रह, पुण्य तीर्थक्षत्र एवं पीठ और पीठदेवता सभी की इस शरीर में विद्यमानता है। अभिप्राय यह है कि इस शरीर में ही सब पुण्य स्थान, तपोवन और देवालय आदि स्थित हैं, इसलिए साधक को अपने शरीर में स्थित उन स्थानों को जान कर वहीं पुण्य संचय करना चाहिए। उसे कहीं अन्यत्र भटकने की आवश्यकता नहीं है ॥१-२॥

सृष्टिसंहारकर्तारौ भ्रमन्तौ शशिभास्करौ ।
नभोवायुश्च वह्निश्च जल पृथ्वो तथैव च ॥३॥
त्रैलोक्ये यानि भूतानि तानि सर्वाणि देहतः ।
मेरुं संवेष्ट्य सर्वत्र व्यवहारः प्रवर्तते ।
जानाति यः सर्वमिदं स योगी नात्र संशयः ॥४॥

सृष्टि और संहार के करने वाले चन्द्र-सूर्य इस देह में ही भ्रमण करते रहते हैं और आकाश, वायु, अग्नि, जल तथा

पृथिवी, यह पाँचों तत्व भी देह में सदा ही विद्यमान रहते हैं। तीनों लोकों में जितने भी भूत हैं, वे सभी शरीरस्थ सुमेरु के आश्रय में रहते हुए अपने-अपने व्यवहार में प्रवृत्त रहते हैं। इस सब भले प्रकार से वाला निःसंदेह योगी है ॥३-४।

ब्रह्माण्डसंज्ञके देहे यथादेशं व्यवस्थितः।
मेरुश्रृङ्गे सुधारश्मिर्बहिरष्टकलायुतः ॥५॥

यह शरीर ब्रह्माण्ड संज्ञक है अर्थात् ब्रह्माण्ड में और इसमें कोई भेद नहीं अथवा जो कुछ इस शरीर में है वही ब्रह्माण्ड में है। जैसे शरीर में सभी देश और सुमेरु आदि पर्वत स्थित हैं, वैसे ही इस शरीर में सुमेरु पर्वत विद्यमान है और उसके श्रृङ्ग के ऊपर अपनी आठ कलाओं के सहित चन्द्रमा अवस्थित है।५।

वर्ततेऽहर्निशं सोऽपि सुधां वर्षत्यधोमुखः।
ततोऽमृतं द्विधाभूतं याति सूक्ष्मं यथा च वै ॥६॥
इडामार्गेण पुष्ट्यर्थे याति मन्दाकिनीजलम्।
पुष्णाति सकलं देहमिडामार्गेण निश्चितम् ॥७॥
एष पीयूषरश्मिर्हि वामपार्श्वे व्यवस्थितः ॥८॥

वह चन्द्रमा अधोमुख रह कर दिन-रात अमृत की वर्षा करता रहता है। उस अमृत के दो भेद होते हैं—सूक्ष्म और स्थूल। शरीर की पुष्टि के लिए इडा नाड़ी के मार्ग से जो पवित्र जल रूपी मन्दाकिनी प्रवाहित है वह अवश्य ही शरीर की रक्षा और पोषण करती है। वह अमृत रश्मियों से युक्त इडा नाडी (नासिका के) वाम भाग के स्थित रहती है ॥६-८॥

अपरः शुद्धदुग्धाभो हठात्कर्षति मण्डलात्।
रन्ध्रमार्गेण सृष्ट्यर्थं मेरौ संयाति चन्द्रमाः ॥९॥

मेरुमूले स्थितः सूर्यः कलाद्वादशसंयुतः ।
दक्षिणे पथि रश्मिभिर्वहत्यूर्ध्वं प्रजापतिः ॥१०॥

वह शुद्ध दुग्ध के समान आभा वाला चन्द्रमा हर्षपूर्वक अपने मण्डल से मेरु पर आकर इडा के रन्ध्र-मार्ग के द्वारा शरीर को पुष्ट करता रहता है। मेरु (मेरुदण्ड) के मूल में अर्थात् नीचे की ओर अपनी बारह कलाओं से युक्त हुआ सूर्य स्थित रहता है। दक्षिण पथ अर्थात् पिंगला नाड़ी के मार्ग से प्रजापति ऊर्ध्वगति वाला होता है ॥९-१०॥

पीयूषरश्मिनिर्यासं धातूंश्च ग्रसति ध्रुवम् ।
समीरमण्डले सूर्यो भ्रमते सर्वविग्रहे ॥११॥
एषा सूर्यपरा मूर्तिर्निर्वाणं दक्षिणे पथि ।
वहते लग्नयोगेन सृष्टिसंहारकारकः ॥१२॥

चन्द्रमा से स्रवते हुए उस अमृत को सूर्य अपनी रश्मियों के सामर्थ्य से अवश्य ही ग्रास कर लेता है और वायु मण्डल से मिलकर सम्पूर्ण शरीर में भ्रमण करता रहता है। यह सूर्य परक निर्वाणमूर्ति दक्षिण पथ की ओर है अर्थात् पिंगला नाड़ी नासिका के दक्षिण भाग में स्थित है। सृष्टि-संहारक सूर्य लग्न योग से नाड़ी के द्वारा प्रवाहित रहता है ॥११-१२॥

सार्धलक्षत्रयं नाड्यः सन्ति देहान्तरे नृणाम् ।
प्रधानभूता नाड्यस्तु तासु मुख्याश्चतुर्दश ॥१३॥
सुषुम्णेडा पिंगला च गान्धारी हस्तिजिह्वका ।
कुहू सरस्वती पूषा शंखिनी च पयस्विनी ॥१४॥
वारुणालम्बुषा चैव विश्वोदरी यशस्विनी ।
एतासु तिस्रो मुख्याः स्युः पिंगलेडा सुषुम्णिका ॥१५॥

मानव शरीर में साढ़े तीन लाख नाड़ियाँ प्रधान हैं, उनमें चौदह नाड़ियां प्रमुख मानी गई हैं। वे यह हैं सुषुम्ना, इडा पिंगला, गान्धारी, हस्तिजिह्वका, कुहू, सरस्वती, पूषा, शंखिनी, पयस्विनी, वारुणा, अलम्बुषा, विश्वोदरी और यशस्विनी। इन चौदह नाड़ियों में भी पिंगला, इड़ा और सुषुम्ना यह तीन नाड़ियाँ प्रमुख हैं ॥१३-१८॥

तिसृष्वेका सुषुम्णैव मुख्या सा योगिवल्लभा।
अन्यास्तदाश्रयं कृत्वा नाड्यःसन्ति हि देहिनाम्॥ १६॥

नाड्यस्तु ता अधोवदनाःपद्मतन्तुनिभाःस्थिताः।
पृष्ठवशं समाश्रित्य सोमसूर्याग्निरूपिणी ॥१७॥

तासां मध्ये गता नाडी चित्रा सा मम वल्लभा।
ब्रह्मरन्ध्रं त तत्रैव सूक्ष्मात् सूक्ष्मतरं शुभम् ॥१८॥

पिंगला,इडा,और सुषुम्ना इन तीन नाड़ियों में से एक सुषुम्ना ही सर्व प्रमुख है, क्योंकि यह योगियों के लिए अत्यन्त प्रिय है। क्योंकि यह उनके लिये परमपद रूप आश्रय के देने वाली है। अन्य जितनी भी नाड़ियां वे सब भी देह में ही स्थित रहती हैं। यह तीनों नाड़ियाँ कमल-तन्तु के समान अधोमुख करके स्थित रहती हैं। यह तीनों चन्द्र, सूर्य और अग्नि रूपिणी हैं तथा शरीर के पृष्टवश अर्थात् मेरुदण्ड के आश्रय में अवस्थित हैं। उन नाड़ियों के बीच स्थित चित्रा नाड़ी मुझे अत्यन्त प्रिय है। वहीं पर सूक्ष्म से भी सूक्ष्मतर श्रेष्ठ ब्रह्मरन्ध्र विद्यमान है ॥१६-१८॥

पञ्चवर्णोज्ज्वला शुद्धा सुषुम्णा मध्यरूपिणी।
देहस्थोपाधिरूपा सा सुषुम्णा मध्यरूपिणी ॥१६॥

दिव्यमार्गमिदं प्रोक्तममृतानन्दकारकम् ।
ध्यानमात्रेण योगीन्द्रो दुरितौघं विनाशयेत् ॥२०

वह चित्रा नाड़ी पंचवर्णा है, उज्वल और शुद्ध भी है। सुषुम्ना के मध्य में स्थित वही चित्रा नाड़ी शरीर की उपाधि की कारणभूता भी है। यही वह दिव्य मार्ग है, जिसे मैंने अमृत और आनन्द का उत्पन्न करने वाला बताया है। उसके ध्यान करने मात्र से योगीन्द्रों के पापों का विनाश होजाता है।१९-२०।

गुदात्तु द्व्यङ्गुलादूर्ध्वं मेढ्रात्तु द्व्यङ्गुलादधः ।
चतुरङ्गुलविस्तारमाधारं वर्त्तते समम् ॥२१
तस्मिन्नाधारपद्मे च कर्णिकायां सुशोभना ।
त्रिकोणा वर्त्तते योनिः सर्वतंत्रेषु गोपिता ॥२२

गुदा स्थान से दो अंगुल ऊपर और मेढ़ से दो अंगुल नीचे, चार अंगुल विस्तार का एक आधार कमल समरूप से विद्यमान है (इसे मूलाधार चक्र कहते हैं)। उस आधार कमल की कर्णिका में त्रिकोणाकार योनि सुशोभित है, जो कि सर्व प्रयत्नों द्वारा गोपनीय है अर्थात् इसे किसी अनधिकारी के प्रति नहीं कहना चाहिए, क्योंकि अधिकारो पुरुष से गोपन रखना व्यर्थ है।२१-२२।

तत्र विद्युल्लताकारा कुण्डली परदेवता ।
सार्द्धत्रिकारा कुटिला सुषुम्णामार्गसंस्थिता ॥२३
जगत्संसृष्टिरूपा सा निर्माणे सततोद्यता ।
वाचामवाच्या वाग्देवी सदा देवैनमस्कृता ॥२४

वहीं परमदेवता स्वरूपा कुण्डलिनी साढ़े तीन लपेटे लगाये हुए सुषुम्ना के मार्ग में स्थित रहती है। वह कुटीला अर्थात् टेढी

और विद्य् त्-रेखा के आकार की होती है। वह कुण्डलिनी जगत् की संसृष्टि स्वरूपा और सदा निर्माण में उद्यत रहने वाली है। वही वाग्देवी वाच्य-अवाच्य रूप तथा देवताओं के द्वारा भी नमस्कार की हुई है ॥ ·३-२४॥

इडानाम्नी तु या नाडी दक्षमार्गे व्यवस्थिता।
सुषुम्णायां समाश्लिष्य दक्षनासापुटे गता ॥२५
पिङ्गला नाम या नाडी दक्षमार्गे व्यवस्थिता।
सुषुम्णा सा समाश्लिष्य वामनासापुटेगता ॥।२६

नासिका के वाम भाग में इडा नाम की जो नाड़ी स्थित है, वह सुषुम्ना के साथ मिलकर दाँये नासापुट में गई है। पिंगला नाम की जो नाड़ी दक्षिण नासापुट में रहती है, वह सुषुम्ना के सहारे-सहारे बाँये नासापुट में गई है ॥२५-२६॥

इडापिङ्गलयोर्मध्ये सुषुम्णा या भवेत् खलु।
षट्स्थानेषु च षट्शक्ति षट् पद्म योगिनो विदुः। २७
पञ्चमस्थानं सुषुम्णाया नामानि स्युर्बहूनि च।
प्रयोजनवशात्तानि ज्ञातव्यानीह शास्त्रतः ॥२८

इडा और पिंगला नाड़ियों के मध्य में ही सुषुम्ना नाड़ी की स्थिति है। इस सुषुम्ना नाड़ी के छः स्थानों में (डाकिनी हाकिनी, लाकिनी और शाकिनी नाम की यह) छः शक्तियाँ रहती हैं वहीं छः कमल भी विद्यमान हैं अर्थात् मूलाकार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध और आज्ञा। इन छः कमलों को छः चक्र भी कहते हैं। योग के जानने वाले विद्वान इनको जानते हैं।सषुम्ना के पाँच स्थान हैं, जिनके अनेक स्थान हैं, जो कि प्रयोजन होने पर शास्त्रों के द्वारा जाने जा सकते हैं ॥२७-२८॥

अन्यायाऽस्त्यपरा नाडी मूलाधारात्समुत्थिताः ।
रसनामेढ्रनयनं पादाङ्गुष्ठे च श्रोत्रकम् ॥२९
कुक्षिकक्षाङ्गुष्ठवर्णं सर्वाङ्गं पायुकुक्षिकम् ।
लब्धान्ता वै निवर्तन्ते यथादेशसमुद्भवाः ॥३०

अन्यान्य नाड़ियाँ मूलाकार से निकल कर जीभ, मेढ्र, नेत्र, पाँवों के अँगूठे, कान, कुक्षि, कक्ष, हाथों के अँगूठे, गुद, उपस्थ आदि अङ्गों में जाकर पूर्ण हुई हैं अर्थात् अपने-अपने उक्त स्थानों तक गई हैं ॥२९-३०॥

एताभ्य एव नाडीभ्यः शाखोपशाखतः क्रमात् ।
सार्धं लक्षत्रयं जातं यथाभागं व्यवस्थितम् ॥३१
एता भोगवहा नाड्यो वायुसञ्चारदक्षकाः ।
ओतप्रोताभिसंव्याप्य तिष्ठन्त्यस्मिन् कलेवरे ॥३२

इन्हीं नाड़ियों से इनकी शाखा-उपशाखाएँ निकल कर क्रमशः साढ़े तीन लाख नाड़ियाँ अपने-अपने स्थान में जाकर स्थित होगई है। यह सभी नाड़ियाँ भोगवहा अर्थात् भुक्त पदार्थों को इस रूप में प्रवाहित करने वाली है। यह वायु के संचार में अत्यन्त दक्ष एवं संयोग-वियोग से ओतप्रोत होती हुई मनुष्य के कलेवर (देह। में विद्यमान हैं ॥३१-३२॥

सूर्यमंडलमध्यस्थः कला द्वादशसंयुतः ।
बस्तिदेशे ज्वलद्वह्निर्वर्तते चान्नपाचकः ॥३३
वैश्वानराग्निरेषो वै मम तेजोंशसम्भवः ।
करोति विविधं पाकं प्राणिनां देहयास्थितः ॥३४

बारह कलाओं से युक्त सूर्यमण्डल के मध्य में जो अग्नि प्रज्वलित रहती है उसके द्वारा अन्न का पाचन होता है। वह

वैश्वानर अग्नि मेरे ही तेज से प्रकट हुई है। यह प्राणियों के देहों में विद्यमान रह कर विविध प्रकार के परिपाक में तत्पर रहती है ।३३-३४।

आयुः प्रदायको वह्निर्बलं पुष्टिं ददाति सः ।
शरीर पाटवं चापि ध्वस्तरोगसमुद्भवः ।।३५
तस्माद्वैश्वानराग्निं च प्रज्वाल्य विधिवत्सुधीः ।
तस्मिन्नन्नं हुनेद् योगी प्रत्यहं गुरुशिक्षया ।।३६

वही वैश्वानर अग्नि आयु, बल और पुष्टि के देने वाली है, उसी से शरीर कान्तिमय होता है और जितने भी रोग हैं, उन सब का नाश हो जाता है। इस वैश्वानर अग्नि को विधि पूर्वक प्रज्वलित करना और फिर उसमें अन्न की आहुति देनी चाहिए। अर्थात् इस वैश्वानर अग्नि को प्रज्वलित करने के लिए किसी सद्गुरु से शिक्षा लेनी चाहिए और जब इसका ठीक प्रकार से प्रज्वलित करना आजाय तब उसके अनुकूल जो अन्न हो, उसका भोजन करे ।३५-३६।

ब्रह्माण्डसंज्ञकेदेहे स्थानानि स्युर्बहूनि च ।
मयोक्तानि प्रधानानि ज्ञातव्यानीह शास्त्रके ।३७
नानाप्रकार नामानि स्थानानि विविधानि च ।
वर्तन्ते विग्रहे तानि कथितुं नैव शक्यते ।।३८

यह देह ब्रह्माण्ड संज्ञक है। इसमें अनेकों स्थान भरे पड़े हैं। मैंने यहां प्रधान-प्रधान स्थान बताये हैं, जिन्हें शास्त्री के अध्ययन से जान सकते हैं। उन स्थानों के अनेक नाम हैं, जो इस देह में विद्यमान हैं, हम उन्हें बताने में समर्थ नहीं हैं अर्थात् यह जो बताया गया, उतना कहना ही बहुत है, उससे अधिक कहना व्यर्थ ही है ।३७-३८।

इत्थं प्रकल्पिते देहे जीवो वसति सर्वगः ।
अनादिवासनामालाऽलंकृतः कर्मशृङ्खलः ॥३९
नानाविधगुणोपेतः सर्वव्यापारकारकः ।
पूर्वार्जितानिकर्माणि भुनक्ति विविधानि च ॥४०

इस प्रकार कल्पित हुए इस शरीर में बसा हुआ जीव अनादि काल से चली आ रहा वासना रूपी माला में घूमता हुआ कर्म की शृंखलाओं में बँधा रहता है। वह अनेक प्रकार के गुणों को ग्रहण करता हुआ संसार के सभी व्यापारों को किया करता है तथा पहले के उपार्जित शुभ-अशुभ विविध कर्मों के फलों को भोगता है।३९-४०।

यद्यत्संदृश्यते लोके सर्वं तत्कर्मसम्भवम् ।
सर्वः कर्मानुसारेण जन्तुर्भोगान् भुनक्ति वै ॥४१
ये ये कामादयो दोषाः सुखदुःखप्रदायकाः ।
ते ते सर्वे प्रवर्तन्ते जीवकर्मानुसारतः ॥४२

संसार में जितने भी शुभ-अशुभ कर्म दिखाई देते हैं, उन सभी का कारण एक मात्र कर्म ही है। सभी प्राणी कर्मों के अनुसार भोगों को भोगते रहते हैं। अर्थात् प्राणी जो-जो कर्म करते हैं, उन-उन का फल उसे अवश्य भोगना होता है। जो-जो सुख-दु,ख के देने वाले कामादि दोष हैं, वे-वे सभी जीव के कर्मानुसार ही प्रवृत्त होते हैं। तात्पर्य यह है कि मनुष्य के लिए सुख-दुःख की प्रवृत्ति कर्म से ही है। शुभ कर्म से सुख और अशुभ कर्म से दुःख की प्राप्ति होती है।४१-४२।

पुण्योपरक्त चैतन्ये प्राणान् प्रीणाति केवलम् ।
बाह्ये पुण्यतमं प्राप्य भोज्यवस्तु स्वयं भवेत् ॥४३

ततः कर्म बलात्पुंसः सुखं वा दुखःमेव च ।
पापोपरक्तचैतन्यं नैव तिष्ठति निश्चितम् ।।४४

पुण्य कर्मों के करने से शरीरधारी को सुख की प्राप्ति होती है और पुण्य के फलस्वरूप श्रेष्ठ भोज्य सामग्री अथवा अन्यान्य बाह्य वस्तुएँ उसे स्वतः ही उपलब्ध होजाती हैं। इस प्रकार यह जीव अपने ही कर्म के बल से सुख अथवा दुःख को भोगने के लिए विवश है। वह जब पाप कर्म में आसक्त होता है तब उसे दुःख ही मिलता है, सुख कदापि नहीं मिल सकता, यह निश्चित है। तात्पर्य यह है कि पापकर्म करने वाले को दुःख अवश्य मिलता है। यदि सुख मिलता भी है तो क्षणिक और वह भी पूर्वसंचित पुण्य के फलस्वरूप ही ।।४३-४४।।

न तद्भिन्नो भवेत् सोऽपि तद्भिन्तो न तु किञ्चन ।
मायोपहितचैतन्यान्सर्वं वस्तु प्रजायते ।।४५

यथाकालेऽपि भोगाय जन्तूनां विविधोद्भवः ।
यथा दोषवशाच्छुक्तौ रजतारोपणं भवेत् ।
तथा स्वकर्मदोषाद्वै ब्रह्माण्यारोप्यते जगत् ।।४६

जीव को अपने ही कर्म के फल को भोगना होता है, क्योंकि कर्म का फल ही दुःख या सुख है। इसलिए जो कर्त्ता है वही भोक्ता है, इसमें कोई संदेह नहीं अर्थात् कर्त्ता से भोक्ता भिन्न नहीं हो सकता। चैतन्य आत्मा से माया से उपहित होने पर ही यह सम्पूर्ण सृष्टि उत्पन्न होती है। जिस जीव के भोग के लिए जो काल निश्चित होता है, उसे उसी काल में अपने कर्म-फल का भोग प्राप्त करने के लिए जन्म लेना होता है। जिस प्रकार नेत्र के दोष से शुक्ति में रजत का आरोप होता है, उसी

प्रकार जीव भी अपने ही कर्म.दोष के प्रभाव से ब्रह्म में इस मिथ्या संसार प्रपंच का आरोप कर लेता है ।।४५-४६।।

स वासनाभ्रमोत्पन्नोन्मूलनातिसमर्थनम् ।
उत्पन्नं चेदीदृशं स्याज्ज्ञानं मोक्षप्रसाधनम् ।।४७

साक्षाद्वैशेषदृष्टिस्तु साक्षात्कारिणि विभ्रमे ।
करणं नान्यथायुक्तया सत्यं सत्यं मयोदितम् ।।४८

जीव को वासना के कारण ही भ्रम उत्पन्न होजाता है और जब तक वासना निर्मू ल नहीं होती, तब तक भ्रम भी नष्ट नहीं होता । इसी प्रकार जब ज्ञान उत्पन्न होता है, तब कुछ भी शेष नहीं रहता । इस कारण ज्ञान को ही मोक्ष का साधन समझना चाहिए । जो कुछ भी विशेष दृष्टि से साक्षात् दिखाई देता है, वही प्रत्यक्ष भ्रम का कारण होता है । अर्थात् विशेष रूप से प्रत्यक्ष दिखाई देने वाले दृश्यजाल में ही जीव फँस जाता है, वही उसके बन्धन का कारण है । माया का पर्दा पड़ा होने के कारण बुद्धि उस दृश्य प्रपंच से ऊपर नहीं उठती, इसलिए यथार्थ ज्ञान नहीं हो पाता । मेरा यह कथन अवश्य ही सत्य है ।।४७-४८।।

साक्षात्कारिभ्रमे साक्षात् साक्षात्कारिणिं नाशयेत् ।
स हि नास्तीति संसारे भ्रमो नैव निवर्तते ।।४९

मिथ्वाज्ञाननिवृत्तिस्तु विशेषदर्शनाद्भवेत् ।
अन्यथा न निवृत्तिः स्याद्दृश्यते रजतभ्रमः ।।५०

यावन्नोत्पद्यते ज्ञानं साक्षात्कारे निरञ्जने ।
तावत्सर्वाणि भूतानि दृश्यन्ते विविधानि च ।।५१

यह साक्षात् दृश्यमान पदार्थ का भ्रम तब तक नष्ट नहीं होता, जब तक कि ब्रह्म का प्रत्यक्ष नहीं हो जाता और ब्रह्म का प्रत्यक्ष तभी संभव है जबकि आत्मा का प्रत्यक्ष होजाय। परन्तु संसार के भ्रम की निवृत्ति होना बहुत ही कठिन है। आत्मा का विशेष दर्शन होने पर ही संसार का मिथ्या ज्ञान नहीं मिट पाता। आत्म-साक्षात्कार के अतिरिक्त अन्य किसी भी उपाय से उस अज्ञान की निवृत्ति नहीं हो सकती, जिस प्रकार की शुक्ति में रजत का भ्रम शुक्ति के प्रत्यक्ष हुए बिना नहीं मिट सकता। क्योंकि जब तक आत्मा के साक्षात्कार का ज्ञान नहीं होता, तब तक जीव को सभी भूत त्रिविध प्रकार के दिखाई देते हैं।४९-५१

यदा कर्मार्जितं देहं निर्वाणे साधनं भवेत्।
तदा शरीरवहनं सफलं स्यान्न चान्यथा॥५२

जब तक कर्म से अर्जित यह शरीर विद्यमान है तब तक इसके निर्वाण (मोक्ष) का साधन कर लेना चाहिए। अर्थात् इस शरीर के रहते हुए ही आत्मज्ञान प्राप्ति का प्रयत्न कर लेना चाहिए, क्योंकि शरीर के छूटने पर तो कोई साधन हो नहीं सकता, वरन् कर्मानुसार पुनर्देह धारण करना ही होगा। इस-लिए आत्मज्ञान में तत्पर होना ही श्रेयस्कर है। अन्यथा मनुष्य शरीर में जन्म लेकर शरीर का व्यर्थ भार ढोने से लाभ ही क्या हुआ ? अभिप्राय यह है कि आत्मज्ञान की प्राप्ति में प्रयत्न न करके विषय-भोगों में पड़ा रहना पृथिवी के लिए भार स्वरूप ही है।५२।

यादृशी वासना मूला वर्त्तते जीवसङ्गिनी।
तादृशं वहते जन्तुः कृत्याकृत्यविधौ भ्रमम्॥५३

संसार सागरं तर्तुं यदीच्छेद्योगसाधनः ।
कृत्वा वर्णाश्रमं कर्म फलवर्ज तदाचरेत् ॥५४

जीव के साथ जैसी वासना रहती है, वैसे ही शुभ या अशुभ कर्मों को जीव भ्रम के वशीभूत होकर करता है। क्योंकि उसके उत्पन्न होने या मरने में उसकी वही वासना कारण होती है। इसलिए जो पुरुष संसार सागर से पार जाने की इच्छा रखता हो, उसे फल-रहित रूप से वर्णाश्रम में विहित कर्मों को करना चाहिए। अर्थात् मुमुक्षु साधकों को निष्काम कर्म करना ही श्रेयस्कर होता है।५३-५४।

विषयासक्तपुरुषा विषयेषु सुखेप्सवः ।
वाचाभिरुद्धनिर्वाणा वर्तन्ते पापकर्मणि ॥५५

विषयों में आसक्त रहने वाले पुरुष सदा ही विषय-सुख में डूबे रहते हैं और उनकी वाणी मोक्ष विषयक वार्तालाप में अवरुद्ध रहती हुई पाप कर्म में ही लगी रहती है। तात्पर्य यह है कि विषयासक्त पुरुषों की वाणी भी मोक्ष-चर्चा में न लग कर केवल विषय-भोगों की चर्चा में ही लगी रहती है। इस प्रकार वे मन, कर्म, वचन से विषय को ही सुख मानते हुए निरन्तर उन्हीं में लगे रहते हैं।५५।

आत्मानमात्मना पश्यन्न किंचिदिह पश्यति ।
तदा कर्मपरित्यागे न दोषोऽस्ति मतं मम ॥५६
कामादयो विलीयन्ते ज्ञानादेव न चान्यथा ।
अभावे सर्वतत्वानां स्वयं तत्वं प्रकाशते ॥५७

ज्ञानी पुरुष जब आत्मा के द्वारा आत्मा को देखता हुआ अन्य किसी वस्तु को न देखे अर्थात् आत्मा के अतिरिक्त कोई अन्य वस्तु उसे दिखाई न दे, तब मेरे मत में कर्म का परित्याग कर दे तो उसके लिए कोई दोष नहीं होता। कामादि सभी पदार्थ ज्ञान में लीन होजाते हैं। इसमें कुछ भी सन्देह नहीं है। जब सभी तत्वों का अभाव हो जाता है, तब स्वयं तत्व अर्थात् आत्म ज्ञान ही प्रकाशित रहता है। तात्पर्य यह है कि काम-क्रोधादि विकारों को छोड़कर आत्मज्ञान की प्राप्ति का ही प्रयत्न करना चाहिए, क्योंकि आत्मज्ञान की उपलब्धि होने पर कोई भी विकार शेष नहीं रहता ॥५६-५७॥

* शिव संहिता का द्वितीय पटल समाप्त *

तृतीय पटल

योगाभ्यास प्रकरण

हृद्यस्ति पङ्कजं दिव्यं दिव्यलिंगेन भूषितम् ।
कादिठान्ताक्षरोपेतं द्वादशार्णविभूषितम् ॥१

प्राणो वसति तत्रैव वासनाभिरलंकृतः ।
अनादिकर्मसंश्लिष्टः प्राप्याहङ्कार संयुतः ॥२

हृदय में एक दिव्य कमल स्थित है, जो कि दिव्य चिन्हों से विभूषित और 'क' अक्षर से 'ठ' अक्षर पर्यन्त बारहों अक्षरों से सुशोभित रहता है। अभिप्राय यह है कि इस कमल के बारह दल हैं, जिनमें से प्रत्येक दल पर क्रमशः क. ख, ग, घ, ङ, च, छ, ज, झ, ञ, ट और ठ अंकित हैं। इसी कमल में अनादि कर्म से संश्लिष्ट और अहंकार युक्त वासना से परिपूर्ण प्राण का निवास है ॥१-२॥

प्राणास्य वृत्तिभेदेन नामानि विविधानि च ।
वर्तन्ते तानि सर्वाणि कथितुं नैव शक्यते ॥३

प्राणोऽपानः समानश्चोदानो व्यानश्च पञ्चमः ।
नागः कूर्मश्च कृकलो देवदत्तो धनञ्जयः ॥४

प्राण की वृत्ति के भेद से इस शरीर में विविध नामों वाले जो वायु विद्यमान हैं, उन सभी का वर्णन करने में हम समर्थ नहीं हैं (अथवा उन सब के कहने का कुछ प्रयोजन भी नहीं है

इसलिए उनमें जो प्रमुख वायु हैं उनका वर्णन यहां किया जाता है) मुख्य प्राण यह दश हैं—(१) प्राण, (२) अपान, (३) समान, (४) उदान, (५) व्यान, (६) नाग, (७) कूर्म (८) कृकल, (९) देवदत्त, और (१०) धनंजय ।३-४।

दश नामानि मुख्यानि मयोक्तानीह शास्त्रके ।
कुर्वन्ति तेऽत्र कार्याणि प्रेरितानि स्वकर्मभिः ॥५
अत्रापि वायवः पञ्च मुख्याः स्युर्दर्शिताः पुनः ।
तत्रापि श्रेष्ठकर्त्तारौ प्राणापानौ मयोदितौं ॥६

शास्त्रों में उक्त दश वायु ही मुख्य माने गये हैं। यह वायु अपने-अपने कर्म से प्रेरित होकर शरीर में कार्य-रत रहते हैं। इन दश वायुओं में भी पाँच वायु प्रधान हैं और उनमें भी जो अत्यन्त श्रेष्ठ हैं, वे मैंने दो ही बतलाये हैं—(१) प्राण और (२) अपान। अर्थात् दश वायुओं में प्राण, अपान समान, उदान और व्यान यह पाँच प्रमुख हैं औरपाँचों में भी प्राण और अपान ही प्रमुख रूप से श्रेष्ठ हैं ।५-६।

हृदि प्राणो गुदेऽपानः समानो नाभि मण्डले ।
उदानः कण्ठदेशस्थो व्यानः सर्वशरीरगः ॥७
नागादिवायवः पञ्च कुर्वन्ति ते च विग्रहे ।
उद्गारोन्मीलनं क्षुतृट् जृम्भा हिक्का च पञ्चमः ॥८

हृदय में प्राण और गुदा में अपान रहता है। नाभिमण्डल में समान की और कण्ठ में उदान की स्थिति है। व्यान सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त रहता है। अब नाग आदि पाँच वायुओं के विषयों में बताते हैं—उनका कार्य डकार, हिचकी, जँभाई लेना, भूख प्यास और उन्मीलन अर्थात् निद्राकाल में नेत्रों का बन्द होना आदि है ।७-८।

अनेन विधिना यो वै ब्रह्माण्डं वेत्ति विग्रहम् ।
सर्वपापविनिर्मुक्तः स याति परमां गतिम् ॥९

अधुना कथयिष्यामि क्षिप्रं योगस्य सिद्धये ।
यज्ज्ञात्वा नावसीदन्ति योगिनो योगसाधने ॥१०

इस विधि से जो मनुष्य, शरीर को ब्रह्माण्ड जान लेता है, वह सभी पापों से मुक्त होकर परमगति को प्राप्त हो जाता है। अब मैं योगसिद्धि के विषय में कहता हूँ—उक्त प्रकार से योग सिद्धि शीघ्र होती है। इस विधि को जानने वाले योगी को योग के साधन में कष्ट प्रतीत नहीं होता। अभिप्राय यह है कि योग-साधन को विधिपूर्वक जान लेने पर साधक को कष्ट नहीं होता और विधि को न जान कर योग साधन करना कष्टकारी प्रतीत होता है।९-१०।

भवेद्वीयवती विद्या गुरुवक्त्रसमुद्भवा ।
अन्यथा फलहीना स्यान्निर्वीर्याप्यतिदुःखदा ॥११

गुरुं सन्तोष्य यत्नेन ये वै विद्यामुपासते ।
अवलम्बेन विद्यायास्तस्याः फलमवाप्नुयुः ॥१२

गुरु के मुख से सुनी हुई विद्या अवश्य ही वीर्यवती होती है। यदि गुरु के मुख से सुने-समझे बिना हो उसका प्रयोग करे तो फलहीना तो होती ही है, साथ ही निर्वीया और अत्यन्त दुःख दायिनो भी होजाती है। गुरु को सब प्रकार से सन्तुष्ट करके जो विद्या प्राप्त की जाती है, वह विद्या शीघ्र ही फल देने वाली होती है अर्थात् गुरु प्रसन्न होकर विद्या के सब रहस्य शिष्य को बता दें तो उसकी सफलता में विलम्ब नहीं लगता।११-१२।

गुरुः पिता गुरुर्माता गुरुर्देवो न संशयः ।
कर्मणा मनसा वाचा तस्मात् सर्वैः प्रसेव्यते ॥१३
गुरुप्रसादतः सर्वं लभ्यते शुभमात्मनः ।
तस्मात् सेव्यो गुरुर्नित्यमन्यथा न शुभंभवेत् ॥१४

गुरु ही पिता, गुरु ही माता और गुरु ही देवता है, इसमें संदेह नहीं। इसलिए कर्म, मन और वाणी से गुरु की भले प्रकार सेवा करनी चाहिए। क्योंकि गुरु की प्रसन्नता से आत्मा सभी शुभों को प्राप्त कर लेता है, इसलिए गुरु की सेवा नित्य तत्परता के साथ करनी चाहिए, अन्य प्रकार से अर्थात् अश्रद्धा से गुरु-सेवा करना कभी भी शुभ नहीं हो सकता ॥१३-१४॥

प्रदक्षिणात्रयं कृत्वा स्पृष्ट्वा सव्येन पाणिना ।
अष्टांगेन नमस्कुर्याद्गुरुपादसरोरुहम् ॥१५
श्रद्धयात्मवतां पुंसां सिद्धिर्भवति नान्यथा ।
अन्येषां च न सिद्धिः स्यात्तस्माद्यत्नेन साधयेत् ॥१६

गुरु की तीन प्रदक्षिणा करके दाँये हाथ से स्पर्श करे और गुरु के चरण-कमलों में अष्टांग से नमस्कार करे। श्रद्धावान् पुरुष को अवश्य ही विद्या की सिद्धि होती है, अश्रद्धावान् को कदापि नहीं होती। इसलिए यत्नपूर्वक साधन करना ही श्रेयस्कर है ॥१५-१६॥

न भवेत् सङ्गयुक्तानां तथाविश्वासिनामपि ।
गुरुपूजाविहीनानां तथा च बहुसंगिनाम् ॥१७
मिथ्यावादरतानां च तथा निष्ठूरभाषिणाम् ।
गुरुसन्तोषहीनानां न सिद्धिः स्यात् कदाचन ॥१८

सांसारिक व्यवहार में लिप्त मनुष्यों का संग करने से योग-विद्या की सिद्धि संभव नहीं है और न अविश्वासी साधकों को ही सिद्धि हो सकती है। जो पुरुष गुरु की पूजा नहीं करते या अधिक लोगों का संग करते हैं वे भी असफल रहते हैं। मिथ्या और कठोर वचन बोलने वाले या गुरु को सन्तुष्ट न रखने वाले साधकों को भी सिद्धि नहीं मिल सकती ॥१७-१८॥

फलिष्यतीति विश्वासः सिद्धेः प्रथमलक्षणम् ।
द्वितीयं श्रद्धया युक्त तृतीयं गुरुपूजनम् ॥१९
चतुर्थं समताभावं पञ्चमेन्द्रियनिग्रहम् ।
षष्ठं च प्रमिताहारं सप्तमं नैव विद्यते ॥२०

सिद्धि का प्रथम लक्षण है विश्वास का होना। अविश्वास होने पर उसकी संभावना ही नहीं है। दूसरा लक्षण है साधक का श्रद्धायुक्त होना और तीसरा लक्षण है गुरु-पूजन में तत्पर रहना। चौथा लक्षण जीवमात्र में समानता का भाव रखना है। पाँचवां चिन्ह इन्द्रियों का संयम रखना और छठा चिन्ह है परमित भोजन करना। इस प्रकार योगसिद्धि के छः चिन्ह हैं, कोई सातवां चिन्ह नहीं है ॥१९-२०॥

योगोपदेशं संप्राप्य लब्ध्वा योगविदं गुरुम् ।
गुरूपदिष्टविधिना धिया निश्चत्य साधयेत् ॥२१
सुशोभने मठे योगी सद्मासनसमन्वितः ।
आसनोपरि संविश्य पवनाभ्यासमाचरेत् ॥२२

योग के ज्ञाता गुरु से योग का उपदेश प्राप्त करके गुरु द्वारा बतायी हुई विधि के अनुसार बुद्धि पूर्वक निश्चय करता हुआ साधक साधन में तत्पर रहे। सुन्दर, स्वच्छ मठ में स्थित होकर

योगी पुरुष पद्मासन लगा कर श्रेष्ठ आसन पर बैठे और प्राणा-याम का अभ्यास करे। अभिप्राय यह है कि जहां बैठकर साधन किया जाय वह स्थान एकान्त, स्वच्छ और साधन के लिए सब प्रकार से अनुकूल हो। मठ का तात्पर्य कुटी या देवालय भी हो सकता है।२१-२२।

प्राणायाम-विधि

समकायः प्राञ्जलिश्च प्रणम्य च गुरून् सुधीः।
दक्षे वामे च विघ्नेशं क्षेत्रपालाम्बिकां पुनः ॥२३
ततश्च दक्षाङ्गुष्ठेन निरुद्धय पिङ्गलां सुधीः।
इडया पूरयेद्वायुं यथाशक्ति तु कुम्भयेत्।
ततस्त्यक्त्वा पिङ्गलया शनैरेव न वेगतः ॥२४

शरीर को समान सीधा) रख कर, हाथों को जोड़ता हुआ गुरु को प्रणाम करे और दाँये, बाँये भाग में विघ्नों को नष्ट करने वाले गणेश जी को, क्षेत्रपाल को और भगवती अम्बिका प्रणाम करे। तत्पश्चात् दाँये हाथ के अँगूठे से पिंगला नाड़ी (दाँये नासारन्ध्र) को रोक कर इडा नाड़ी (बाँये नासारन्ध्र) से यथाशक्ति वायु को खींच कर रोके और फिर पिंगला द्वारा धीरे धीरे बाहर निकाल दे। अर्थात् बाँयीं नासिका से पूरक (वायु को खींचना) करके कुम्भक द्वारा (वायु को रोके) और फिर दाँयी नासिका से रेचक करे अर्थात् वायु को निकाल दे। पूरक, कुम्भक और रेचक, यह तीनों प्राणायाम के ही अङ्ग है।२३-२४।

पुनः पिङ्गलयापूर्य यथाशक्ति तु कुम्भयेत्।
इडयारेचयेद्वायुं न वेगेन शनैः शनैः ॥२५

इदं योगविधानेन कुर्याद्विंशतिकुम्भकान् ।
सर्वद्वन्द्वविनिर्मुक्तः प्रत्यहं विगतालसः ॥२६॥

इसी प्रकार फिर पिंगला नाड़ी से पूरक करके अर्थात् दाँयी नासिका से वायु खींच कर कुम्भक करे और फिर इडा (बांयी नासिका) से धीरे-धीरे वायु को निकाले, वेग-पूर्वक न निकाले, इस प्रकार योग के विधान से बीस बार कुम्भक करता हुआ सभी द्वन्द्वों से मुक्त होजाय। तात्पर्य यह है कि प्राणायाम के अभ्यास को उत्तरोत्तर बढ़ाता हुआ साधक वायु को वश में कर ले तो फिर उसके लिए कोई कष्ट शेष नहीं रहता ॥२५-२६॥

प्रातःकाले च मध्याह्ने सूर्यास्ते चार्धरात्रके ।
कुर्यादेवं चतुर्वारं कालेष्वेतेषु कुम्भकान् ॥२७॥

नाड़ी-शोधन

इत्थं मासद्वय चुर्यादिनालस्यो दिने दिने ।
ततो नाडीविशुद्धिः स्यादविलम्बेन निश्चितम् ॥२८॥

ऊपर कही हुई विधि से नित्य प्रति प्रातःकाल, मध्याह्न काल, सायंकाल और अर्द्धरात्रि के समय अर्थात् चार बार कुम्भक करना चाहिए। इस प्रकार यदि आलस्य का त्याग करके नित्य नियमपूर्वक दो महीने तक प्राणायाम करता रहे तो नाड़ी-शुद्धि में विलम्ब नहीं होता अर्थात् निश्चित ही शुद्ध हो जाती है ॥२७-२८॥

यदा तु नाडीशुद्धिः स्याद् योगिनस्तत्त्वदर्शिनः ।
तदा विध्वस्तदोपश्च भवेदारम्भसम्भवः ॥२९॥
चिह्नानि योगिनो देहे दृश्यते नाडिशुद्धितः ।
कथ्यन्ते तु समस्तान्यङ्गानि संक्षेपतो मया ॥३०॥

जब तत्वदर्शी योगी की नाड़ी शुद्ध होजाती है तब सभी दोष नष्ट होजाते हैं और योगाभ्यास का आरम्भ किया जा सकता है। नाड़ी शुद्ध होने के पश्चात् योगी के देह में जो चिह्न दिखाई देते हैं उन सभी की मैं संक्षेप में कहता हूँ ॥२६-३०॥

समकायः सुगन्धिश्च सुकान्तिः स्वरसाधकः ॥३१॥
आरम्भभटकश्चैव यथा परिचयस्तदा ।
निष्पत्तिः सर्वयोगेषु योगावस्था भवन्ति ताः ॥३२॥

नाड़ी शुद्ध होने पर योगी का शरीर सम होजाता है(अर्थात् तब वह न मोटा रहता है, न पतला, वरन् साँचे में ढले हुए के समान सर्वांग में सम होता है), शरीर में सुगन्ध आने लगती है श्रेष्ठ कान्ति अर्थात् उज्वल तेज दिखाई देता है, स्वर का साधन होकर उसमें माधुर्य आजाता है। इस समय इन आरम्भिक लक्षणों के साथ योग का पूर्ण ज्ञान होजाता है, यही योगावस्था कही जाती है ॥३१-३२॥

आरम्भः कथितोऽस्माभिरधुना वायुसिद्धिये ।
अपरः कथ्यते पश्चात्सर्वदुःखौघनाशनः ॥३३॥
प्रौढवह्निः सुभोगी च सुखी सर्वाङ्गसुन्दरः ।
सम्पूर्णहृदयो योगी सर्वोत्साहबलान्वितः ।
जायते योगिनोऽवश्यमेते सर्वकलेवरे ॥३४॥

प्राणवायु की सिद्धि के आरम्भ में मेरे द्वारा कहे हुए उक्त लक्षण होते हैं। अब मैं वह फल भी बतलाता हूं, जिससे सभी दुःखों का नाश होजाता है। शरीर में जठराग्नि की वृद्धि होने लगेगी, सभी अंग सुन्दर होजायगे, वह श्रेष्ठ सुखदायक भोग (अथवा भोजन) को प्राप्त होगा और सब प्रकार के उत्साहमय

बल से समन्वित होजायगा। उस योगी के सब शरीर में इस प्रकार के परिवर्तन अवश्य ही होंगे ॥३३-३४॥

अथ वर्ज्यं प्रवक्ष्यामि योगविघ्नकरं परम् ।
येन संसारदुःखाब्धिं तीर्त्वा यास्यन्ति योगिनः ॥३५॥
आम्लं रूक्षं तथा तीक्ष्णं लवणं सार्षपं कटुम् ।
बहुलं भ्रमणं प्रातः स्नानं तैलविदाहकम् ॥३६॥

अब उन विघ्नों को कहता हूँ, जिनका उल्लंघन करने वाला दुःखों के समुद्र रूप संसार सागर से तर जाता है। खट्टे, रूखे, तीखे, नमकीन,सरसों के पदार्थ और कटुपदार्थ आदि का भोजन करना, बहुत घूमना, प्रातःकाल स्नान करना और शरीर में तैल की मालिश करना योगी के लिए वर्जित है ॥३५-३६॥

स्तेयं हिंसां जनद्वेषं चाहङ्कारमनार्जवम् ।
उपवासमसत्यञ्च मोहञ्च प्राणपीडनम् ॥३७॥
स्त्रीसङ्गमग्निसेवां च बह्वालापं प्रियाप्रियम् ।
अतीव भोजनं योगी त्यजेदेतानि निश्चितम् ॥३८॥

वस्तु चुराना, हिंसा करना, मनुष्यों में द्वेष करना, अहंकार का भाव रखना, प्राणीमात्र के प्रति प्रेम न रखना, उपवास करना, असत्य बोलना, मोह रखना, प्राणों को पीड़ित करना, स्त्री प्रसंग करना, अग्नि सेवन करना, अधिक बोलना, प्रिय-अप्रिय वचन कहना, बहुत भोजन करना आदि को अवश्य त्याक देना ही योगी का कर्त्तव्य है ॥३७-३८॥

उपायं च प्रवक्ष्यामि क्षिप्रं योगस्य सिद्धये ।
गोपनीयं साधकानां येन सिद्धिर्भवेत् खलु ॥३९॥

धृतं क्षीरं च मिष्टान्नं ताम्बूलं चूर्णवर्जितम् ।
कर्पूरं निष्ठुरं मिष्टं सुपठं सूक्ष्मवस्त्रकम् ॥४०॥

अब मैं वह उपाय बतलाता हूँ, जिसके द्वारा योग की सिद्धि शीघ्र होती है। इसे गोपनीय रखने वाले साधक को अवश्य ही सिद्धि की प्राप्ति होती है। घृत, दूध, ताम्बूल व चूर्ण से रहित भोजन करे। कर्पूर आदि सुगन्धित द्रव्यों का कभी सेवन न करे (क्योंकि ऐसे द्रव्य उत्तेजक होते हैं), कठोर वचन न बोले, मीठा बोले, श्रेष्ट कुटी या अनुकूल वातावरण के स्थान गुफा आदि में रहे और सूक्ष्म वस्त्र पहिने अर्थात् मर्दन और अल्प वस्त्र धारण करे ॥३९-३०॥

सिद्धान्तश्रवणं नित्यंवैराग्यगृहसेवनम् ।
नामसङ्कीर्तनं विष्णोः सुसादश्रवणे परम् ॥४१॥
धृतिः क्षमा तपः शौचं ह्रीर्मतिगुरुसेवनम् ।
सदैतांश्च परं योगी नियमांश्च समाचरेत् ॥४२॥

सिद्धान्त ग्रन्थों (वेदादि) का श्रवण करे, सदा वैराग्य युक्त भाव से घर में रहे, ईश्वर का नाम संकीर्तन करता रहे, जो कुछ सुने, वह शुभ ही सुने अर्थात् बुरी बातों को कभी न सुने। धृति, क्षमा, तप, शौच और लज्जा का भाव रखे, गुरु की सेवा में लगा रहे। इस प्रकार से नियमों में सदा तत्पर रहने वाला योगी शीघ्र ही सिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥४१-४२॥

अतिलोऽर्कप्रवेशे च भोक्तव्यं योगिभिः सदा ।
वायौ प्रविष्टे शशिनि शयनं साधकोत्तमैः ॥४३॥
सद्यो भुक्तेऽपि क्षुधितेनाभ्यासः क्रियते बुधैः ।
अभ्यासकाले प्रथमं कुर्यात् क्षीराज्यभोजनम् ॥४४॥

सूर्य नाड़ी अर्थात् दाँयी नासिका में स्थित पिंगला नाड़ी का प्रवाह रहने पर योगी को भोजन करना चाहिए तथा चन्द्र (इडा) नाड़ी में वायु का प्रवाह रहे तब शयन करना ठीक है। भोजन करने के तुरन्त बाद अथवा भूखा होतो कभी भी अभ्यास न करे। अभ्यास काल के पूर्व दूध-घी का भोजन करना चाहिए।४३-४४।

ततोऽभ्यासे स्थिरीभूते न तादृङ् नियमग्रहः।
अभ्यासिना विभोक्तव्यं स्तोकं स्तोकमनेकधा ॥४५॥
पूर्वोक्तकाले कुर्यात्तु कुम्भकान् पतिवासरे।
ततो यथेष्टाशक्तिः स्याद्योगिनो वायुधारणे ॥४६॥

जब अभ्यास दृढ़ हो जाय, तब उक्त नियमों के पालन की आवश्यकता नहीं रहती। योग भ्यासी को थोड़ा-थोड़ा भोजन अनेक बार करना चाहिए। नित्य प्रति पूर्वोक्त प्रकार से कुम्भक करे (अर्थात् प्राणायाम करते हुए वायु रोकने का अभ्यास करना चाहिए। इससे कुम्भक सिद्ध होजाता है और साधक को इच्छानुसार वायु के धारण करने की शक्ति प्राप्त होजाती है।४५-४६।

यथेष्टं मारणाद्वायोः कुम्भकः सिध्यति ध्रुवम्।
केवले कुम्भके सिद्धे किं न स्यादिह योगिन ॥४७॥
स्वेदः संजायते देहे योगिनः पृथमोद्यमे ॥४८॥
यदा संजायते स्वेदो मर्दनं कारयेत्सुधीः।
अन्यथा विग्रहे धातुर्नष्टो भवति योगिनः ॥४९॥

वायु के यथा शक्ति वश में कर लेने पर कुम्भक सिद्ध होता है और जब केवल कुम्भक सिद्ध होजाता है तब योगी क्या नहीं कर सकता? अर्थात् उसके लिए कोई भी कार्य कठिन नही होता योगी के देह में पहली बार के प्रयत्न से पसीना आता है, उस

उत्पन्न हुए पसीना का देह में ही मर्दन कर ले। यदि पसीना को देह में ही न मल लेगा तो धातु नष्ट होजायगा ॥४७-४९॥

द्वितीये हि भवेत् कम्पो दार्दुरी मध्यमे मतः ।
ततोऽधिकतराभ्यासाद्गगने चरसाधकः ॥५०॥
योगी पद्मासनस्थोऽपि भुवमुत्सृज्य वर्तते ।
वायुसिद्धिस्तदा ज्ञेया संसारध्वान्तनाशिनी ॥५१॥

दूसरी बार के प्रयत्न से कम्प होता है और तीसरी बार में मेंढल की वृत्ति होती है अर्थात् मेंढक जिस प्रकार उछलता और फिर पृथिवी पर आ जाता है, वैसे ही अभ्यास करने वाले का आसन भूमि से ऊँचा उठता और फिर भूमि पर आजाता है। जब अभ्यास उससे भी अधिक दृढ़ होजाता है तब साधक स्वेच्छा पूर्वक आकाश में गमन कर सकता है ॥५०-५१॥

तावत्कालं प्रकुर्वीत योगोक्तनियमग्रहम् ।
अल्पनिद्रा पुरीषं च स्तोकं मूत्रं च जायते ॥५२॥
अरोगित्वमदीनत्वं योगिनस्तत्त्वदर्शिनः ।
स्वेदो लाला कृमिश्चैव सर्वथैव न जायते ॥५३॥

योग सिद्धि के लिए तब तक योगशास्त्रोक्त नियमों का पालन करे जब तक कि वायु की सिद्धि न होजाय और जब तक उसे अल्प निद्रा और अल्प मल-मूत्र न होने लगे। तात्पर्य यह है कि जब योगी को नींद कम आने लगे और मल-मूत्र भी कम आवे तो समझना चाहिए कि योग की सिद्धि होती जारही है। तत्व-दर्शी योगियों के लिए शारीरिक और मानसिक वेदना नहीं हो पाती और न पसीना, लाला (लार) का स्राव एवं कृमि की ही सर्वथा उत्पत्ति होती है ॥५२-५३॥

कफपित्तानिलाश्चैव साधकस्य कलेवरे ।
तस्मिन् काले साधकस्य भोज्येष्वनियमग्रहः ॥५४॥
अत्यल्पं बहुधा भुक्त्वा योगी न व्यथते हि सः ।
अथाभ्यासवशाद्योगी भूचरीं सिद्धिमाप्नुयात् ।
यथा दर्दुरजन्तूनां गतिः स्यात्पाणिताडनात् ॥५५॥

साधक के देह में कफ, पित्त और बात दूषित नहीं होते । पहले कहे हुए समय तक योगी को भोजन आदि पर संयम रखना आवश्यक है । योगी यदि अत्यधिक भोजन करले अथवा बहुत कम खाय तो भी उसे कुछ कष्ट नहीं होता और अभ्यास करते-करते उसे भूचरी विद्या की सिद्धि होजाती है, जिस प्रकार मेंढक हाथ मार कर पृथिवी में घुसता है, वैसे ही योगी भी हाथ से ताड़न करके पृथिवी में प्रविष्ट होता है ॥५४-५५॥

सन्त्यत्र बहवो विघ्ना दारुणा दुर्निवारणाः ।
तथापि साधयेद्योगी प्राणैः कण्ठगतैरपि ॥५६॥

योगाभ्यास में अनेकों अति दारुण विघ्न उपस्थित होजाते हैं, उनका शमन होना अत्यन्त कठिन है । फिर भी साधक का कर्त्तव्य है कि जब तक प्राण कण्ठगत होजाँय, तब तक साधन में तत्पर रहे । अर्थात् साधना में धैर्य की आवश्यकता होती है, इस लिए विघ्नों के उपस्थित होने पर निराश न होजाय ॥५६॥

ततो रहस्युपाविष्टः साधकः संयतेन्द्रियः ।
प्रणवं प्रजपेद्दीर्घं विघ्नानां नाशहेतवे ॥५७॥
पूर्वार्जितानि कर्माणि प्राणायामेन निश्चितम् ।
नाशयेत् साधको धीमानिह लोकोद्भवानि च ॥५८॥

साधक को उन विघ्नों को नष्ट करने के लिए इन्द्रियों को वश में करने की चेष्टा करनी चाहिए। साथ ही एकान्त स्थान में बैठ कर मनोयोग पूर्वक स्पष्ट रूप से उच्चारण करते हुए ओंकार का जप भी करे। विद्वान साधक पूर्वजन्मों के अर्जित कर्म और इस जन्म में किये गये कर्म, इन सबके फल को प्राणायाम से अवश्य ही नष्ट कर डालता है। अर्थात् प्राणायाम की स्थिरता से सब प्रकार के कर्मों का नाश होसकता है ॥५७-५८॥

पूर्वार्जितानि पापानि पुण्यानि विविधानि च ।
नाशयेत् षोडशप्राणायामेन योगिपुङ्गवः ॥५९॥
पापतूलचयानाहो प्रलयेत्प्रलयाग्निना ।
ततः पापविनिर्मुक्त पश्चात्पुण्यानि नाशयेत् ॥६०॥

योगियों में श्रेष्ठ साधक पूर्वजन्मों के अर्जित पाप पुण्य रूप कर्मों को सोलह प्राणायाम करके ही नष्ट कर डालता है। वह योगी पापों के समूह को प्राणायाम द्वारा वैसे ही कर देती है जैसे कि अग्नि तृण को देखते-देखते भस्मसात कर डालता है। अर्थात् प्राणायाम की अग्नि में पाप रूपी तृण सहज में जल जाते हैं और तब इस प्रकार पापों से निर्मुक्त हुआ योगी पुण्यों को भी उसी अग्नि में होम देता है, अभिप्राय यह है कि जिस प्रकार पापों का भस्म होना आवश्यक है, उसी प्रकार पुण्यों का भस्म होना भी आवश्यक है। जब पाप-पुण्य दोनों का ही सर्वथा क्षय होजाता है, तभी मोक्ष मिल सकती है ॥५९-६०॥

प्राणायामेन योगीन्द्रो लब्ध्वैश्वर्याष्टकानि वै ।
पापपुण्योदधिं तीर्त्वा त्रैलोक्यचरतमियात् ॥६१॥

श्रेष्ठ योगी पुरुष प्राणायाम के द्वारा अष्ट सिद्धियाँ (अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्या, ईशिता और वशिता)

प्राप्त करता है तथा पाप-पुण्य के समुद्र रूपी संसार-सागर से पार होकर तीनों लोकों में इच्छानुसार विचरण कर सकता है।

ग्रन्थकार ने उक्त सिद्धियों के लक्षणों का उल्लेख नहीं किया है, इसलिए अपनी ओर से कह देना उपयुक्त ही होगा—

अणिमा—योगी अपने देह को इच्छा मात्र से अणु के समान सूक्ष्म बना सकता है।

महिमा—योगी अपनी प्रकृति को वश में करके शरीर को बहुत बड़े आकार का बना सकता है।

गरिमा—अल्प भार वाले देह को पर्वत के समान भारी कर सकता है।

लघिमा—पर्वत जैसे भार को रुई के समान हल्का बना सकता है। अथवा अपने शरीर को हल्का करने में समर्थ होता है।

प्राप्ति—दूर में विद्यमान पदार्थों को अपने स्थान पर बैठे हुए ही स्पर्श कर सकता या प्राप्त कर सकता है।

प्राकाम्य—इस सिद्धि के द्वारा साधक अपनी कामनाओं को पूर्ण करने में समर्थ होता है। अथवा लोगों को इच्छित प्रदान कर सकता है।

ईशित्व—शरीर और मन के आन्तरिक संस्थानों या चक्रों पर पूर्ण प्रभुता प्राप्त करता हुआ संसार के सभी पदार्थों का इच्छानुसार प्रयोग करने में शक्य होता है।

वशित्व—सभी परिस्थितों को अपने अनुकूल रखने और संसार के सभी प्राणियों को अपने वश में रखने में समर्थ होता है।

इस प्रकार प्राणायाम के प्रभाव से उक्त सिद्धियों के प्राप्त होने पर सर्वत्र गमन की शक्ति आजाती है ॥६१॥

ततोऽभ्यासक्रमेणैव घटिकात्रितयं भवेत् ।
येन स्यात्सकला सिद्धिर्योगिनः स्वेप्सिता ध्रुवम्।।६२।।

वाक्सिद्धिः कामचारित्वं दूरदृष्टिस्तथैव च ।
दूरश्रुतिः सूक्ष्मदृष्टि परकायप्रवेशनम् ।।६३।।

उक्त प्रकार से क्रम पूर्वक प्राणायाम का अभ्यास होने पर प्राणवायु के तीन घड़ी तक रोके रखने की शक्ति होजाय, तब योगी अपनी इच्छा के अनुसार सभी सिद्धियों को प्राप्त कर सकता है, यह सत्य है। वह वाक् सिद्धि में समर्थ हो जाता है यानी जिस विषय को न जानता हो उस पर भी बोल सकता है अथवा शास्त्र का व्याख्यान या कविता आदि कर सकता है। स्वेच्छाचारिता की सामर्थ्य और दूर दर्शन की शक्ति आजाती है। दूर श्रुति अर्थात् सुदूर के शब्दों को भी सुन सकता है, सूक्ष्म दर्शन अर्थात् सूक्ष्म से सूक्ष्म वस्तु को देख सकता है और दूसरे के शरीर में प्रविष्ट हो सकता है ।।६२-६३।।

विण्मूत्रलेपनं स्वर्णसदृश्यं करणं तथा ।
भवन्त्येतानि सर्वाणि खेचरत्वं च योगिनाम् ।।६४।।
यदा भवेद् घटावस्था पवनाभ्यासने परा ।
तदा संसारचक्रेऽस्मिन् तन्नास्ति तन्न साधयेत् ।।६५।।

वह अपने जिस मलमूत्र को लेप कर दे तो वह स्वर्ण के समान होजाता है। योगी को अदृश्य होने की शक्ति प्राप्त हो जाती तथा आकाश में उड़ने की सामर्थ्य होजाती है। इन सभी कार्यों को योगी पुरुष कुम्भक को सिद्ध करके पूर्ण कर सकता है, इसके पश्चात् उसकी घटावस्था हो सकती है और वायु के

अभ्यास में परायण योगी घटावस्था में संसार में ऐसा कुछ भी नहीं होता जो उसे प्राप्त न हो सके ॥६४-६५॥

प्राणापाननादबिन्दू जीवात्मपरमात्मनोः ।
मिलित्वा घटते यस्मात्तस्माद्वै घट उच्यते ॥६६॥
याममात्रं यदा धर्तुं समर्थः स्यात्तदाद्भुतः ।
प्रत्याहारस्तदैव स्यान्नान्तरा भवति ध्रुवम् ॥६७॥

घटावस्था क्या है ? यह बताते हैं कि प्राण, अपान, नाद, विन्दु, जीवात्मा और परमात्मा जब एकत्र होजाँय तब योगी की घटावस्था कहलाती है। जब योगी में याममात्र अर्थात् एक प्रहर तक वायु-धारण की शक्ति होजाय तब साधन में अन्तर न आने पर अवश्य ही अद्भुत प्रत्याहार हो सकता है ॥६६-६७॥

यं यं जानाति योगीन्द्रस्तं तमात्मेति भावयेत् ।
यैरिन्द्रियैर्यद्विधानस्तदिन्द्रियजयो भवेत् ॥६८॥

योगी को जिस जिस पदार्थ की जानकारी हो, उसी-उसी पदार्थ में उसे आत्मा की भावना करनी चाहिए। जिस इन्द्रिय के द्वारा जिस पदार्थ का बोध होता हो,उसी में आत्मभाव करने से इन्द्रियजय होजाता है। अभिप्राय यह है कि जैसे चक्षु से रूप का या कानों से शब्द का बोध होता है,तब उस रूप अथवा शब्द में आत्मभाव करने से चक्षु रूप में आसक्त न होंगे और कान शब्द में आसक्त न होंगे तो चक्षु या कान रूप इन्द्रिय स्वयं ही वश में होजायगी। यही अन्य इन्द्रियों और उनके विषयों के सम्बन्ध में समझना चाहिए ॥६८॥

यामातात्रं यदा पूर्णं भवेदभ्यासयोगतः ।
एकवारं प्रकुर्वीत तदा योगी च कुम्भकम् ॥६९॥

दण्डाष्टकं यदा वायुर्निश्चलो योगिनो भवेत् ।
स्वसामर्थ्यात्तदांगुष्ठे तिष्ठेद्वातुलवत् सुधीः ॥७०॥

जब एक बार पूरे एक प्रहर अर्थात् तीन घन्टे तक योगाभ्यास द्वारा कुम्भक की स्थिरता रहे अथवा आठ घड़ी तक वायु को निश्चल रख सके तो अपने ही सामर्थ्य से केवल पाँव के एक अँगूठे से खड़ा रहने की शक्ति आजाती है। परन्तु योगी को उस सामर्थ्य की गोपनीयता रखने के लिए विक्षिप्त जैसी चेष्टा प्रदर्शित करनी चाहिए। आशय यह है कि योगी अपने शक्ति-प्रदर्शन का प्रयत्न कभी भी न करे ॥६९-७०॥

ततः परिचयावस्था योगिनोऽभ्यासतो भवेत् ।
यदा वायुश्चन्द्रसूर्यं त्यक्त्वा तिष्ठति निश्चलम् ।
वायुः परिचितो वायुःसुषुम्णा व्योम्नि संचरेत् ॥७१॥
क्रियाशक्तिं गृहीत्वैव चक्रान्भित्वा सुनिश्चितम्॥७२॥

तदनन्तर अभ्यास करते-करते योगी को परिचय अवस्था की प्राप्ति होजाती है। जब वायु चन्द्रनाड़ी और सूर्य नाड़ी का त्याग करके निश्चल होजाता है तब वायु-परिचित होकर मार्ग से आकाश में संचार करता है तब क्रिया शक्ति को ग्रहण किये हुए योगी अवश्य ही चक्रों के भेदने में समर्थ होता है। आशय यह है कि परिचयावस्था की उपलब्धि से योगी को षट्चक्र भेदन की सामर्थ्य प्राप्त होजाती है और वह अवस्था या क्रिया अभ्यास से ही सिद्ध होती है ॥७१-७२॥

यदा परिचयावस्था भवेदभ्यासयोगतः ।
त्रिकूटं कर्मणां योगी तदा पश्यति निश्चतम् ॥७३॥

ततश्च कर्मकूटानि प्रणवेन विनाशयेत् ।
स योगी कर्मभोगाय कायव्यूहं समाचरेत् ॥७४॥

जब अभ्यास के योग से परिचयावस्था की प्राप्ति होजाती है, तब योगी अवश्य ही त्रिकूट कर्मों को देख सकता है। यहाँ
है। तब योगी अवश्य ही त्रिकूट कर्मों को देख सकता है। यहाँ
त्रिकूट कर्मों का अर्थ है आध्यात्मिक, अधिभौतिक और आधि-दैविक कर्म। मानसिक दुःख आध्यात्मिक, भूत प्रेतादि से होने वाला कष्ट अधिभौतिक और कर्मानुसार देवादि से प्राप्त कष्ट आधिदैविक कहलाते हैं। यह त्रिकूट कर्म हैं। योगी को इनका ज्ञान होजाता है और वह ओंकार के जप के प्रभाव से उस त्रिकूट कर्म का नाश करने में समर्थ होता है यदि उसे अपने पूर्वाजित कर्मों के भोगने की इच्छा होती है तब वह उन्हें भोग सकता है ॥७३-७४॥

अस्मिन्काले महायोगी पंचधा धारण चरेत् ।
येन भूरादिसिद्धिः स्यात्ततो भूतभयापहा ॥७५॥
आधारे घटिकाः पंच लिंगस्थाने तथैव च ।
तदूर्ध्वं घटिकाः पंच नाभिहृन्मध्यकं तथा ॥७६॥
भ्रूमध्योर्ध्वं तथा पंच घटिका धारयेत् सुधीः ।
तथा भूरादिना नष्टो योगीन्द्रो न भवेत् खलु ॥७७॥
मेधावी सर्वभूतानां धारणां यः समभ्यसेत ।
शतब्रह्ममृतेनापि मृत्युस्तस्य न विद्यते ॥७८॥

जब योगी पाँच प्रकार की धारणा को सिद्ध कर लेता है, तब वह पंचभूतों की धारणा में सिद्ध होजाता है। फिर उन भूतों से किसी प्रकार का भय नहीं होता। आधार चक्र में वायु को पाँच घड़ी अर्थात् दो घण्टे तक धारण करे, फिर उससे ऊपर

स्वाधिष्ठान चक्र में दो घण्टे तक धारण किये रहे। इसी प्रकार मणिपूर चक्र में और अनाहत चक्र में भी दो-दो घण्टे तक वायु-धारण करने का विधान है। फिर विशुद्ध चक्र और आज्ञा चक्र में भी पाँच-पाँच घड़ी तक ही वायु-धारणा का अभ्यास करे। इस प्रकार गुदा, मेढ़्, नाभि हृदय, कण्ठ और भृकुटियों के मध्य में स्थित षट्चक्रों में वायु-धारण करने के इस अभ्यास में सिद्ध होने वाले योगी का पंचभूतों के द्वारा नष्ट होना कदापि संभव नहीं है। इस प्रकार के अभ्यास की दृढ़ता द्वारा पचभूतों की धारणा करने वाला योगी सौ ब्रह्माओं का मृत्यु-काल पूर्ण होने पर भी मृत्यु को प्राप्त नहीं होता ।।७५-७८।।

ततोऽभ्यासक्रमेणैव निष्पत्ति र्योगिनो भवेत् ।
अनादिकर्मबोजानि येन तीर्त्वाऽमृत पिवेत् ।।७९।।
यदा निष्पत्तिर्भवति समाधेः स्वेन कर्मणा ।
जोवन्मुक्तस्य शान्तस्य भवेद्धीरस्य योगिनः ।।८०।।

इस प्रकार के अभ्यासक्रम के द्वारा योगी को ज्ञान की प्राप्ति होती है और तब वह अनादि काल से चले आते हुए कर्मबीज का उल्लंघन (नाश) करता हुआ अमृत का पान करने में समर्थ होता है और जब अपने अभ्यास रूपी कर्म से योगी को समाधि का ज्ञान होजाता है तब वह ज्ञान-सम्पन्न हुआ समाधि में मग्न हो जाता है अर्थात् ज्ञान की सम्पन्नता होने पर समाधि की अवस्था प्राप्त होने में देर नहीं लगता ।।७९-८०।।

यदा निष्पत्तिसंपन्नः समाधिः स्वेच्छया भवेत् ।।८१।।
गृहीत्वा चेतनां वायुः क्रियाशक्तिं च वेगवान् ।
सर्वान् चक्रान् विजित्वा च ज्ञानशक्तौ विलीयते ।।८२।।

इस प्रकार ज्ञान की सम्पन्नता होने पर समाधि भी इच्छानुसार होती है। अर्थात् समाधि में जिस ध्येय का ध्यान किया जाता है, उसी में चित्त नितान्त लीन होजाता है। वह योगी वायु की चैतन्यता को ग्रहण करता हुआ क्रियाशील को वेगवती बना लेता है और सभी चक्रों को जीतकर ज्ञानशक्ति में विलीन होजाता है अर्थात् आत्मज्ञान या ब्रह्मज्ञान में ही तन्मय हो जाता है ॥८१-८२॥

इदानीं क्लेशहान्यर्थं वक्तव्यं वायुसाधनम् ।
येन संसारचक्रेऽस्मिन् रोगहानिर्भवेद्‌ध्रुवम् ॥८३॥
रसनां तालुमूले यः स्थापयित्वा विचक्षणः ।
पिबेत् प्राणानिलं तस्य रोगाणा सक्षयो भवेत् ॥८४॥

शिवजी कहते हैं कि अब मैं क्लेशों को नष्ट करने लिए प्राण वायु के उस साधन को कहता हूँ जिससे कि इस संसार चक्र में होने वाले रोगों का निश्चय ही नाश होजाना है। आशय यह है कि साधक को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना आवश्यक है। अन्यथा साधना में चित्त नहीं लगेगा। इसीलिए शिवजी ने रोगनाशक उपाय कहा है कि यदि जिह्वा को तालुमूल में स्थित करके प्राणवायु का पान करे तो साधक के सभी रोगों का अवश्य नाश होजाता है ॥८३-८४॥

काकचञ्च्वा पिबेद्वायुं शीतलं यो विचक्षणः ।
प्राणापानविधानज्ञः स भवेन्मुक्ति भाजनः ॥८५॥
सरसं यः पिबेद्वायुं प्रत्यहं विधिना सुधीः ।
नश्यन्ति योगिनस्तस्य श्रमदाहजरामयाः ॥८६॥

प्राण, अपान के विधि-विधान का जानने वाला जो साधक कौए की चौंच के समान मुख-मुद्रा बनाकर शीतल वायु को

पीता है, वह साधक अवश्य ही मोक्ष का भाजन है। जो विद्वान विधि सहित नित्य प्रति सरस वायु का पान करता है, उसके सभी रोग, श्रम, दाह और वृद्धावस्था आदि का शीघ्र नाश हो जाता है। आशय यह है उक्त प्रकार का साधन करने वाले के सभी रोग नष्ट होजाते हैं अथवा उसे कोई रोग बुढ़ापा,कष्ट आदि दुःख नहीं होते ॥८५-८६॥

रसनामूर्ध्वगां कृत्वा यश्चन्द्रे सलिलं पिवेत् ।
मासमात्रेण योगीन्द्रो मृत्युं जयति निश्चतम् ॥८७॥
राजदन्तबिलं गाढं संपीड्य विधिनापिबेत् ।
ध्यात्वा कुण्डलिनीं देवीं षण्मासेन कविर्भवेत् ॥८८॥

जो योगी जीभ को ऊँची करके अर्थात् ब्रह्मरन्ध्र मार्ग में ले जाकर चन्द्रमा से निकलते हुए अमृतरस का पान करता है, वह एक महीने में ही मृत्यु को अवश्य जीत लेता है अर्थात् दीर्घ जीवी हो जाता है और वह मरने से नहीं डरता। जीभ को ऊँची करके अमृत-पान करना खेचरी मुद्रा की प्रक्रिया है। जो योगी नीचे के दाँत से राजदन्त को दबाकर उसके छिद्र के द्वारा विधि पूर्वक वायु को पीता है और साथ ही कुण्डलिनी देवी का ध्यान करता है तो वह छः महीने में ही कवि होजाता है ॥८७-८८॥

काकचञ्च्वा पिबेद्वायुं सन्ध्ययोरुभयोरपि ।
कुडलिन्या मुखे ध्यात्वा क्षयरोगस्य शांतये ॥८९॥
अहर्निशं पिवेद्योगी काकचञ्च्वा विचक्षणः ।
पिबेत्प्राणानिलं तस्य रोगानां संक्षयो भवेत् ।
दूर श्रुतिर्दूरदृष्टिस्तथा स्याद्दर्शनं खलु ॥९०॥

ऊपर कही हुई काकी मुद्रा की विधि से जो योगी दोनों सध्याओं में कुण्डलिनी के मुख का ध्यान करता हुआ प्राणवायु का पान करता है, उसका क्षय रोग शीघ्र ही शान्त होजाता है। जो विद्वान् योगी कौए की चौंच जैसी मुद्रा बनाकर दिन-रात प्राणवायु का पान करते हैं, उनके रोग अवश्य नष्ट हो जाते हैं तथा उनमें दूर के शब्द श्रवण की शक्ति प्राप्त होकर दूर दर्शन की क्षमता भी उपलब्ध हो जाती है। इस प्रकार वह सूक्ष्म वस्तुओं के देखने में भी समर्थ होजाता है।८९-९०।

दन्ते दंतान् समापीडच पिबेद्वायुं शनैः शनैः ।
उर्द्ध जिह्वः सुमेधावी मृत्युं जयति सोऽचिरात् ॥९१
षण्मासमात्रमभ्यासं यः करोत्ति दिने दिने ।
सर्वपापविनिर्मुक्तो रोगान्नाशयत्ते हि सः ॥९२

जो मेधावी पुरुष दांत के द्वारा दांत को पीड़ित करके तथा जीभ को ऊपर करके शनैः शनैः वायु पान करता है, वह शीघ्र ही मृत्यु को जीत कर चिरजीवी होजाता है। जो योगी इस अभ्यास को नित्यप्रति करता है, वह छः महीने में ही सब पापों से मुक्त होजाता है और उसके सभी रोग नष्ट होजाते हैं ॥९१-९२।

संवत्सरकृताभ्यासान्मृत्युं जयति निश्चितम् ।
तस्मादतिप्रयत्नेन साधयेद्योगसाधकः ॥९३
वर्षत्रयकृताभ्यासाद्भैरवो भवति ध्रुवम् ।
अणिमादिगुणान् लब्ध्वा जितभूतगणः स्वयम् ॥९४

यदि उक्त प्रकार से एक वर्ष तक अभ्यास करता रहे तो अवश्य ही मृत्यु को जीत लेताहै, इसलिए योग साधन करने वाले

मुमुक्षु को प्रयत्न-पूर्वक इसका साधन करना चाहिए। यदि इस· प्रकार का साधन तीन वर्ष तक कर लिया जाय तो निश्चय ही भैरव हो जाता है (अर्थात् भैरव के समान सामर्थ्य प्राप्त हो जाती है) साथ ही अणिमादि अष्ट सिद्धियों की उपलब्धि होती है और उस साधक के वश में समस्त भूतगण स्वयं ही हो जाते है ॥९३-९४॥

रसनामूर्द्ध गां कृत्वा क्षणार्धं यदि तिष्ठति ।
क्षणेन मुच्यते योगी व्याधिमृत्युजरादिभिः ॥९५
रसनां प्राणसंयुक्तां पीड्यमानां विचिन्तयेत् ।
न तस्य जायते मृत्युः सत्यं सत्यं मयोदितम् ॥९६

यदि योगी की जीभ आधे क्षण के लिए भी ऊपर स्थित हो जाय तो क्षणभर में ही सभी रोग, जरा-मरण का नाश होजायगा आशय यह है कि खेचरी मुद्रा द्वारा अमृत का स्वल्प पान कर ले तो अमर हो जाता है। जो पुरुष जीभ को प्राण के सहित पीड़ित करके ब्रह्मरन्ध्र में ध्यान से अवस्थित होजाता है, उसकी मृत्यु नहीं हो सकती है, मेरा यह कथन नितान्त सत्य है ॥९५-९६॥

एवमभ्यासयोगेन कामदेवो द्वितीयकः ।
न क्षुधा न तृषा निद्रा नैव मूर्च्छा प्रजायते ॥९७
अनेनैव विधानेन योगीन्द्रोऽवनिमण्डले ।
भवेत्स्वच्छन्दचारी च सर्वापत्परिवर्जितः ॥९८
न तस्य पुनरावृत्तिर्मोदते स सुरैरपि ।
पुण्यपापैर्न लिप्येत एतदाचरणेन सः ॥९९

इस प्रकार योगाभ्यास करने वाला योगी द्वितीय कामदेव होजाता है। (अर्थात् कामदेव के समान रूप-लावण्य युक्त होता

है) और उसे कभी भूख, प्यास, निद्रा या मूर्च्छा से पीड़ित नहीं होना पड़ता। इस विधान से अभ्यास करने वाला योगी संसार में सभी दुःखों से रहित होकर इच्छानुसार आचरण करने में समर्थ होता है और किसी प्रकार की भी आपत्तियों में नहीं फँसता। वह किसी प्रकार के पुण्य-पाप में भी लिप्त नहीं होता और न संसार में पुनर्जन्म ही धारण करता है। वह दिव्यलोक में विचरण करने में समर्थ होने के कारण देवताओं के साथ सुख पूर्वक विचरण करता है। अर्थात् वह सब प्रकार से समर्थ होकर सभी दिव्यताओं को प्राप्त कर लेता है ॥९७-९९॥

आसनों का वर्णन

चतुरशीत्यासनानि सन्ति नानाविधानि च।
तेभ्यश्चतुष्कमादाय मयोक्तानि ब्रवीम्यहम् ॥
सिद्धासनं ततः पद्मासनं चोग्रं च स्वस्तिकम् ॥१००

यद्यपि योगासन बहुत प्रकार के हैं, उनमें चौरासी प्रमुख हैं। उनमें भी चार अति प्रमुख माने जाते हैं, उन्हें मैं बताता हूँ—सिद्धासन, पद्मासन, उग्रासन और स्वस्तिकासन। आशय यह कि यह चार आसन अधिक सरल और अत्यन्त उपयोगी हैं। इनके द्वारा प्राणवायु भी सहज में ही वशीभूत होता है ॥१००॥

सिद्धासन वर्णन

योनिं संपीड्य यत्नेन पादमूलेन साधकः।
मेढ्रोपरि पादमूलं विन्यसेत् योगवित्सदा ॥१०१
ऊर्ध्वं निरीक्ष्य भ्रूमध्यं निश्चलः संयतेन्द्रियः।
विशेषोऽवक्रकायश्च रहस्युद्वेगवर्जितः।
एतत्सिद्धासनं ज्ञेयं सिद्धानां सिद्धिदायकम् ॥१०२

योग का जानने वाला साधक योनि स्थान को पाँव की एड़ी से पीड़ित करे और द्वितीय पाँव की एड़ी को मेढ़् के मूल स्थान पर रखे तथा भौंहों के मध्य में दृष्टि को स्थिर करे और जितेन्द्रिय रहता हुआ, शरीर को सीधा, वेग-रहित रखे अर्थात् मन में किसी प्रकार की उत्तेजना या आवेश न आने दे। (इसप्रकार शान्त चित्त और स्थिर दृष्टि से आसन लगा कर बैठे) यह सिद्धों को भी सिद्धि प्रदान करने वाला सिद्धासन के रूप से जाना जाता है ।१०१-१०२।

येनाभ्यासवशात् शीघ्रं योगनिष्पत्तिमाप्नुयात् ।
सिद्धासनं सदासेव्यं पवनाभ्यासिना परम् ।।१०३
येन संसारमुत्सृज्य लभते परमां गतिम् ।
नातः परतरं गुह्यमासनं विद्यते भुवि ।।
येनानुध्यानमात्रेण योगी पापाद्विमुच्यते ।।१०४

इस प्रकार योगाभ्यास करते-करते योग का ज्ञान शीघ्र ही होजाता है। इसलिए यह सिद्धासन वायु का अभ्यास करने वाले साधक को अवश्य करना चाहिए। इसके प्रभाव से संसार-सागर से मुक्त होकर योगी परमगति को प्राप्त होता है। यह आसन सर्व श्रेष्ठ तथा अत्यन्त गोपनीय है, जिसका ध्यान करने मात्र से योगी की सब पापों से मुक्ति होती है। तात्पर्य यह है कि यह आसन बहुत उपयोगी और शीघ्र फलकारी है, इसके सिद्ध होने पर योगी को सर्व लाभ की प्राप्ति होती है ।१०३-१०४।

पद्मासन वर्णन

उत्तानौ चरणौ कृत्वा ऊरुसंस्थौ प्रयत्नतः ।
ऊरुमध्ये तथोत्तानौ पाणी कृत्वा तु तादृशौ ।।१०५

नासाग्रे विन्यसेद्दृष्टिं दन्तमूलंच जिह्वया ।
उत्तोल्य चिबुकं वक्ष उत्थाप्य पवनं शनैः ॥१०६

यथाशक्त्या समाकृष्य पूरयेदुदरं शनैः ।
यथाशक्त्यैव पश्चात्तु रेचयेदविरोधतः ॥१०७

इदंपद्मासनं प्रोक्तं सर्वव्याधिविनाशनम् ।
दुर्लभं येन केनापि धीमता लभ्यते परम् ॥१०८

दोनों पाँवों को उत्तान या सीधे करके उन्हें प्रयत्न पूर्वक जंघा पर रखे तथा दोनों हाथों को भी उत्तान अर्थात् सीधे फैला कर जाँघों के बीच में लेजाय और दृष्टि को नासिका के अग्रभाग में स्थिर करे। फिर जीभ को दाँतों के मूल में स्थापित करके हृदय पर ठोड़ी को लगाले और अपान वायु को ऊपर की ओर उठाकर यथाशक्ति धीरे-धीरे पूरक द्वारा प्राणवायु को धारण करे अर्थात् कुम्भक करे और फिर धीरे-धीरे ही रेचक द्वारा वायु को निकाल दे। इस प्रकार के अभ्यास से यह पद्मासन सिद्ध होजाता है। यह आसन सभी व्याधियों को नष्ट करने वाला और अत्यन्त दुर्लभ है। इसे योग के जानने वाला विद्वान साधक ही सिद्ध कर सकता है। तात्पर्य यह है कि इस आसन की सिद्धि उसी को हो सकती है, जिसे इसका ठीक प्रकार से ज्ञान हो। जिसे इसके बिषय में पूरी जानकारी न हो उसको इसकी सिद्धि नहीं हो सकती।१०५-१०८।

अनुष्ठाने कृते प्राणः समश्चलति तत्क्षणात् ।
भवेदभ्यासने सम्यक् साधकस्य न संशयः ॥१०९

पद्मासने स्थितो योगी प्राणापानविधानतः ।
पूरयेत्स विमुक्तः स्यात्सत्यं सत्यं वदाम्यहम् ॥११०

इस प्रकार उक्त आसन का अनुष्ठान करने वाले साधक के प्राण सम हो जाते और सुषुम्ना में प्रवेश करते हैं। इससे साधक की सस अवस्था हो जाती है, इसमें संदेह कहीं। जो योगी पद्मासन में स्थित होकर प्राण, अपान वायुओं को विधिवत् एक करने का अभ्यास सिद्ध कर लेता है, वह निश्चय ही संसार-सागर से मुक्त हो जाता है, इसमें संशय नहीं है ॥१०६-११०॥

उग्रासन वर्णन

प्रसार्य चरणद्वन्द्वं परस्परमसंयुतम् ।
स्वपाणिभ्यां दृढं धृत्वा जानूपरि शिरोन्यसेत् ॥१११
आसनोग्रमिदं प्रोक्तं भवेदनिलदीपनम् ।
देहावसानहरणं पश्चिमोत्तानसंज्ञकम् ॥११२
य एतदासनं श्रेष्ठं प्रत्यहं साधयेत् सुधीः ।
वायुः पश्चिममार्गेण तस्य संचरति ध्रुवम् ॥११३

दोनों पाँवों को साथ-साथ मिलाकर और फैलाकर दोनों हाथों से दृढ़ता पूर्वक पकड़ ले और जानु पर शिर को रख ले। यह उग्रासन कहलाता है, इससे वायु का दीपन होता है तथा मृत्यु का भी नाश होता है। इस सर्वश्रेष्ठ आसन को पश्चिमोत्तान आसन भी कहते हैं। बुद्धिमान योगी को इसका साधन नित्य प्रति नियम पूर्वक करना चाहिए। इसके अभ्यास से साधक का वायु पश्चिम मार्ग से निश्चय ही संचार करता है ॥१११-११३॥

एतदभ्यासशीलानां सर्वसिद्धिः प्रजायते ।
तस्माद्योगी प्रयत्नेन साधयेत् सिद्धमात्मनः ॥११४
गोपनीयं प्रयत्नेन न देयं यस्य कस्यचित् ।
येन शीघ्रं मरुत्सिद्धिर्भवेद् दुःखौघनाशिनी ॥११५

इस प्रकार अभ्यास में लग रहने वाले साधकों को सब प्रकार की सिद्धि होजाती हैं। इसलिए योगी का कर्त्तव्य है कि वह आत्मा की सिद्धि के लिए सतत प्रयत्नशील रहे। यह आसन प्रयत्नपूर्वक गोपनीय है। इसे हर किसी को देने का निषेध है, केवल अधिकारी पुरुष को ही देना चाहिए। इस आसन के द्वारा शीघ्र ही वायु वशमें हो जाता है और दुःख एवं रोग आदि कष्टों का भी नाश होता है ॥११४-११५॥

स्वस्तिकासन वर्णन

जानूर्वोरन्तरे सम्यग् धृत्वा पादतले उभे ।
समकायः सुखासीनः स्वस्तिकं तत्प्रचक्षते ॥११६
अनेन विधिना योगी मारुतं साधयेत् सुधीः ।
देहेन क्रमते व्याधिस्तस्य वायुश्च सिध्यति ॥११७
सुखासनमिदं प्रोक्तं सर्वदुःखप्रणाशनम् ।
स्वस्तिकं योगिभिर्गोप्यं स्वस्तीकरणमुत्तमम् ॥११८

जानु और ऊरु के मध्य में समान रूप से पाँवों को नीचे-ऊपर रखे और समकाय अर्थात् शरीर को सीधा रखे और सुखपूर्वक आसन लगाकर बैठे। यह स्वस्तिकासन कहलाता है। इस विधि से विद्वान साधक वायु का साधन शीघ्र ही कर लेने में समर्थ होता है। जिसे वायु की सिद्धि होजाती है, उसके शरीर में कोई रोगादि व्याधि नहीं होती। अर्थात् जो पुरुष इस आसन को सिद्ध कर लेता है, उसे किसी प्रकार का नष्ट नहीं होता। यह सरलता पूर्वक सिद्धि हो जाता है, इसलिए यह सुखासन भी कहलाता है। यह सभी दुःखों का नाश करने वाला स्वस्तिकासन अथवा सुखासन योगियों को गुप्त ही रखना चाहिए। यह आसन सर्वश्रेष्ठ और अत्यन्त कल्याणकारी है ॥११६-११८॥

॥ शिव संहिता का तृतीय पटल समाप्त ॥

चतुर्थ पटल

मुद्रा प्रकरण

आदौ पूरकयोगेन स्वाधारे पूरयेन्मनः ।
गुदमेढ्रान्तरे योनिस्तामाकुञ्च्य प्रवर्तते ॥१

साधक का कर्त्तव्य है कि वह प्रथम परक प्राणायाम के द्वारा वायु को खींचकर स्वाधार अर्थात् मूलाधार चक्र में स्थित करे और गुदा तथा मेढ्र के बीच में जो योनि स्थान है, उसे प्रयत्न पूर्वक संकुचित करने की चेष्टा करे। (यह मुद्रा का प्रारम्भिक रूप है, जो कि अभ्यास से सिद्ध हो सकता है। नीचे योनिमुद्रा के विषय में विस्तृत प्रकाश डाला जाता है।) ।१।

ब्रह्मयोनिगतं ध्यात्वा कामं कन्दुकसन्निभम् ।
सूर्यकोटिप्रतीकाशं चन्द्रकोटिसुशीतलम् ॥२
तस्योर्ध्वे तु शिखा सूक्ष्मा चिद्रूपा परमा कला ।
तथा सहितमात्मानमेकीभूतं विचिन्तयेत् ॥३

ब्रह्मयोनि के बीच में कन्दुकपुष्प के समान उज्वल तथा करोड़ सूर्यों की प्रभा के समान ज्योतिमानऔर करोड़ चन्द्रमाओं के समान शीतल कामदेव का ध्यान करना चाहिए। उसी के ऊपर सूक्ष्म ज्योतिशिखा के समान चमकती हुई, चिद्रूप एवं परम कला के सहित एक ही आत्मा का चिन्तन करना चाहिए। अर्थात् ब्रह्मयोनि के ऊपर आत्मा सूक्ष्म ज्योतिशिखा के रूप में विद्यमान रहता है। साधक को उसी का ध्यान करना चाहिए ।३-४।

गच्छति ब्रह्ममार्गेण लिङ्गत्रयक्रमेण वै ।
सूर्यकोटिप्रतीकाशं चन्द्रकोटिसुशीतलम् ॥४
अमृतं तद्धि स्वर्गस्थं परमानन्दलक्षणम् ।
श्वेतरक्तं तेजसाढ्यं सुधाधाराप्रवर्षिणम् ।
पीत्वा कुलामृतं दिव्यं पुनरेव विशेत्कुलम् ॥५

जीव उसी ब्रह्मयोनि से सुषुम्ना मार्ग द्वारा क्रमपूर्वक लिंग त्रय से प्रस्थान करता है । (लिंग त्रय का तात्पर्य तीन प्रकार के शरीर से है, शरीरधारी के तीन लिंग होते हैं—(१) स्थूल, (२) सूक्ष्म, और (३) कारण लिंग, मरने पर यह तीनों ही नहीं रहते तथा करोड़ों सूर्यों की प्रभा वाले करोड़ों चन्द्रमाओं जैसी शीतलता वाले, श्वेत और लाल वर्ण के परमानन्द स्वरूप एवं अमृत की धारा रूप में वर्षा करने वाले स्वर्गस्थ दिव्य कुलामृत का पान करके पुनः योनिमण्डल में जाकर स्थित होता है ।४-५।

पुनरेव कुलं गच्छेन्मात्रायोगेन नान्यथा ।
सा च प्राणसमाख्याता ह्यस्मिंस्तन्त्रे मयोदिता ॥६
पुनः प्रलीयते यस्या कालाग्न्यादिशिवात्मकम् ।
योनिमुद्रा परा ह्येषा बन्धस्तस्याः प्रकीर्तितः ॥७
तस्यास्तु बन्धमात्रेण तन्नास्ति यं न साधयेत् ॥८

फिर प्राणायाम के योग से प्राणवायु ब्रह्मयोनि से चलता है, इसमें अन्यथा न समझो । मैंने उसी ब्रह्मयोनि को प्राण भी कहा है । फिर वह काल, अग्नि आदि से युक्त शिवात्मक (शिवस्वरूप जीव प्रस्थान करता हुआ चन्द्रमण्डल में पहुँचकर अमृत पान करता है और फिर ब्रह्मयोनि में ही स्थित हो जाता है । यही

बन्ध योनिमुद्रा कहलाता है, केवल इस बन्ध के करने मात्र से संसार में ऐसी कोई वस्तु नहीं जो सिद्ध न हो सके।अर्थात् योनि मुद्रा सिद्ध कर ली तो सब कुछ सिद्ध कर लिया समझो ।।६-८।।

छिन्नरूपास्तु ये मन्त्रा:कीलिता:स्तंभिताश्च ये ।
दग्धा मन्त्राः शिरोहीना मलिनास्तु तिरस्कृताः ।।६
मन्दा बालास्तथा वृद्धाः प्रौढा यौवनगर्विताः ।
भेदिनो भ्रमसंयुक्ताः सप्ताहं मूर्छिताश्च ये ।।१०

जो मन्त्र छिन्न स्वरूप, कीलित, स्तंभित, दग्ध, शिर-रहित मलिन या तिरस्कृत हैं अथवा जो बाल (अर्थात् कम प्रभाव वाले) (वृद्ध पूर्ण प्रभाव वाले), प्रौढ़ (मध्यम प्रभाव वाले), यौवन-गर्वित (अर्थात् उग्रस्वभाव के या उत्तेनात्मक), भेदयुक्त (भ्रम में डालने या भ्रान्ति उत्पन्न करने वाले,सप्ताहों से मूर्च्छित अर्थात् क्रियाहीन पड़े हैं ।।६-१०।।

अरिपक्षे स्थिता ये च निर्वीर्यः सत्ववर्जिताः ।
तथा सत्वेन हीनाश्च खंडिताः शतधा कृताः ।।११
विधिनानेन संयुक्तः प्रभवन्त्यचिरेण तु ।
सिद्धिमोक्षप्रदाः सर्वे गुरुणा विनियोजिताः ।।१२

अथवा जो मन्त्र शत्रु के लिए हितकारी हैं, या जो निर्वीय और सत्वहीन हैं अथवा जो सत्वहीन होने के साथ ही खण्डित होकर सौ टुकड़ों में विभाजित हो गए हैं, वे सभी प्रकार के मन्त्र उक्त प्रकार से योनिमुद्रा सिद्ध कर लेने पर और गुरु के उपदेश के अनुसार आचरण करने पर सर्व सिद्धिप्रद तथा मोक्षदायक होजाते हैं ।।११-१२।।

यद्यदुच्चरते योगी मंत्ररूपं शुभाशुभम् ।
तत्सिद्धि समवाप्नोति योनिमुद्रानिबन्धनात् ॥१३
दीक्षयित्वा विधानेन अभिषिच्य सहस्रधा ।
ततो मंत्राधिकारार्थमेषा मुद्रा प्रकीर्तिता ॥१४

अथवा योगी के मुख से जो मन्त्र शुभ वा अशुभ रूप से (शुद्ध या अशुद्ध शब्दों से) उच्चारण होता है, वह भी योनिमुद्रा के बन्धन से ही अनुकूल और सिद्ध होजाता है। गुरु का कर्त्तव्य है कि वह जिज्ञासु साधक को मन्त्र का अधिकार प्राप्त कराने के लिए विधिपूर्वक इस मुद्रा की दीक्षा देता हुआ उसे हजारों बार अभ्यास करावे। तात्पर्य यह है कि जिज्ञासु जिस गुरु की शरण में जाकर शिक्षा लेना चाहे, उस गुरु का भी यह कर्त्तव्य है कि जिज्ञासु को योगविद्या में पारंगत करने के लिए बहुत प्रकार से शिक्षित करे, जिससे उससे कोई भेद छिपा हुआ न रहे जाय ॥१३-१४॥

ब्रह्महत्यासहस्राणि त्रैलोक्यमपि घातयेत् ।
नासौ लिप्यति पापेन योनिमुद्रानिबंधनात् ॥१५
गुरुहा च सुरापी च स्तेयी च गुरुतल्पगः ।
एतैः पापैर्न बध्येत योनिमुद्रानिबन्धनात् ॥१६

यदि साधक से हजार हत्याएँ भी होजाँय अथवा त्रिलोकी के सभी प्राणियों का भी संहार कर डाले, तो भी इस मुद्रा के प्रभाव से उसे पाप लिप्त नहीं कर सकते। गुरु का हत्यारा, मद्य-पान करने वाला, चोरी करने वाला, गुरुतल्प में रमण करने वाला अथवा ऐसे ही अनेक प्रकार के पापों का करने वाला साधक भी इस योनिमुद्रा के बन्धन को सिद्ध कर लेने पर उन पापों के फल से बँध नहीं सकता ॥१५-१६॥

तस्मादभ्यासनं नित्यं कर्त्तव्यं मोक्षकांक्षिभिः ।
अभ्यासाज्जायते सिद्धिरभ्यासात्मोक्षमाप्नुयात् ॥१७
संविदं लभतेऽभ्यासात् योगोऽभ्यासात्प्रवर्तते ।
मुद्रिणां सिद्धिरभ्यासादभ्यासाद्वायुसाधनम् ॥१८

इसलिए साधक का कर्तव्य है कि उक्त बन्धन के अभ्यास में नित्य परायण रहे। क्योंकि अभ्यास के सिद्ध होने पर ही सिद्धि होती है, और उसी मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। अभ्यास से ही ज्ञान की प्राप्ति हो सकती है और उसी से योग की प्रवृति भी तथा अभ्यास से ही वायु साधन की सिद्धि भी है सकती है।१७-१८।

कालवञ्चनमभ्यासात्तथा मृत्युञ्जयो भवेत् ।
वाक् सिद्धः काम चारित्वं भवेदभ्यासयोगतः ॥१९
योनिमुद्रा परं गोप्या न देया यस्य कस्यचित् ।
सर्वथा नैव दातव्या प्राणैः कण्ठगतैरपि ॥२०

अभ्यास के द्वारा ही काल का उल्लंघन किया जा सकता है, उसी से मृत्यु पर विजय प्राप्त की जा सकती है, उसी से वाणी की सिद्धि और इच्छित आचरण की शक्ति प्राप्त होती है। इसलिए योगी को अभ्यास में ही तत्पर रहना चाहिए, क्योंकि उसी के द्वारा सर्व सिद्धि संभव है। यह योनि मुद्रा अत्यन्त गोपनीय है, इसलिए अनधिकारी पुरुष को कभी नहीं बतानी चाहिए। यदि प्राण कण्ठ तक भी पहुँच जाँय तो भी इसे न दे अर्थात् प्रयत्न पूर्वक छिपाये रहे।१९-२०।

अधुना कथयिष्यामि योगसिद्धिकरं परम् ।
गोपनीयं सुसिद्धानां योगं परमदुर्लभम् ॥२१

सुप्ता गुरुप्रसादेन यदा जार्गात कुण्डली ।।
तदा सर्वाणि पद्मानि भिद्यन्ते ग्रन्थयोऽपि च ।।२२

अब मैं जिस योग को कहता हूँ, वह परम सिद्धि का प्रदान करने वाला है। श्रेष्ठ सिद्धों का कर्तव्य है कि इस परम दुर्लभ विद्या को गोपनीय ही रखें। क्योंकि यह कठिनता से साध्य है। गुरु के प्रसन्न होने पर (उनके उपदेशानुसार) जब सुप्त कुण्डलिनी जाग्रत् होती है, तब सभी पद्म (अर्थात् सभी चक्र) और सभी ग्रन्थियों का भेदन होजाता है। अर्थात् कुण्डलिनी के साथ प्राणवायु का संचार सुषुम्ना मार्ग से ब्रह्मरन्ध्र तक सरल रूप से होने लगता है।२१-२२।

तस्मात्सर्वप्रयत्नेन प्रबोधयितुमीश्वरीम् ।
ब्रह्मरन्ध्रमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत् ।।२३

इसलिए सब प्रकार से प्रयत्न करके साधक के ब्रह्मरन्ध्र के मुख में (मार्ग को रोक कर) सोती हुई कुण्डलिनी देवी को जाग्रत् करने के लिए मुद्रा के अभ्यास में तत्पर होना चाहिए। (अर्थात् कुण्डलिनी जागरण के प्रयत्न में लग जाना ही उचित है, क्योंकि जाग्रत हुई कुण्डलिनी ही साधक के लिए मोक्ष के देने वाली होती है।) ।२३।

महामुद्रा महाबन्धो महावेधश्च खेचरी ।
जालन्धरो मूलबन्धो विपरीतकृतिस्तथा ।।२४
उड्डानं चैव वज्रोली दशगं शक्तिचालनम् ।
इदं हि मुद्रादशकं मुद्राणामुत्तमोत्तमम् ।।२५

अब दश मुद्राएँ बताते हैं—महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, खेचरीमुद्रा, जालन्धरबन्ध, मूलबन्ध, विपरीतकरिणी मुद्रा,

उड्डियानबन्ध, वज्रोलीमुद्रा और शक्तिचालिनी मुद्रा यह दश मुद्राएँ प्रमुख एवं सभी मुद्राओं में श्रेष्ठ हैं ॥२४-२५॥

महामुद्रा वर्णन

महामुद्रां प्रवक्ष्यामि तन्त्रेऽस्मिन्मम वल्लभे ।
यां प्राप्य सिद्धाः सिद्धिं च कपिलाद्याः पुरागताः ।२६
अपसव्येन संपीड्य पादमूलेन सादरम् ।
गुरूपदेशतो योनिं गुदमेढ्रान्तरालगाम् ॥२७
सव्यं प्रसारितं पादं धृत्वा पाणियुगेन वै ।
नव द्वाराणि संयम्य चिबुकं हृदयोपरि ॥२८
चित्तं चित्तपथे दत्वा प्रभवेद्वायुसाधनम् ।
महामुद्रा भवेदेषा सर्वतन्त्रेषु गोपिता ॥२९

मैं इस तन्त्र में जिन मुद्राओं का वर्णन कर रहा हूँ, इन्हीं मुद्राओं को उपलब्ध करके कपिल आदि प्राचीन ऋषि-मुनि सिद्ध होगए। यह मुद्रा इस प्रकार है कि बाँये पाँव की एडी से गुदा और मेढ्र के बीच में स्थित योनिस्थान को आदर सहित गुरु द्वारा उपदेशित विधि से दबानी चाहिए। फिर दाँये पाँव को पसार कर उसे दोनों हाथों से साथ ले और शरीर के नौ द्वारों को रोक कर ठोड़ी को हृदय पर अवस्थित करे और फिर चित्तवृत्ति को चैतन्य में स्थिर रूप से युक्त करके वायु का साधन करे। यह महामुद्रा सब प्रकार से गोपनीय है, (इसलिए साधक भी इसे गुप्त रखने का प्रयत्न करे) ॥२६-२९॥

वामाङ्गेन समभ्यस्य दक्षाङ्गेनाभ्यसेत्पुनः ।
प्राणायामं समं कृत्वा योगी नियतमानसः ॥३०

अनेन विधिना योगी मन्दभाग्योऽपि सिध्यति ।
सर्वासामेव नाडीनां चालनं बिन्दुमारणम् ॥३१

जीवनं तु कषायस्य पातकानां विनाशनम् ।
कुण्डलीतापनं वायोर्ब्रह्मरन्ध्रप्रवेशनम् ॥३२

इस मुद्रा का अभ्यास पहले बाँये अङ्ग से करे और फिर दाँये अङ्ग से। निश्चल मन वाले योगी को यह प्राणायाम समान रूप से करना चाहिए। इस प्रकार से मन्दभाग्य वाला योगी भी सिद्ध होजाता है। क्योंकि इसके प्रभाव से सभी नाड़ियों का चालन होता और बिन्दु स्थिर होजाता है। यह साधन जीवन को आकर्षित (स्थिर) रखने और सब प्रकार के पापों को नष्ट करने में समर्थ है। इसके द्वारा उसे कुण्डलिनी को जगाकर ब्रह्मरन्ध्र में प्राण के साथ प्रविष्ठ करने की शक्ति प्राप्त हो जायगी ॥३०-३२॥

सर्वरोगोपशनं जठराग्निविवर्धनम् ।
वपुषा कान्तिममलां जरामृत्युविनाशनम् ॥३३

वांछितार्थफलंसौख्यमिंद्रियाणाञ्च मारणम् ।
एतदुक्तानि सर्वाणि योगारूढस्य योगिनः ।
भवेदभ्यासतोऽवश्यं नात्र कार्या विचारणा ॥३४

इस उपाय से सभी रोगों का उपशमन होकर जठराग्नि प्रदीप्त होजाती हैं। शरीर सुन्दर स्वच्छ कान्ति से युक्त होजाता और जरा-मृत्यु का नाश होता है (अर्थात् साधक सुन्दर, कान्तिवान् और दीर्घजीवी होजाता है)। योगी को सब प्रकार से इच्छित फल की प्राप्ति होकर सुख मिलता है और इन्द्रियों पर संयम रखने की सामर्थ्य प्राप्त होती है। इस प्रकार यह जो

कुछ भी कहा है वह सब योगाभ्यास परायण पुरुष को अवश्य ही सिद्ध हो जाता है, इसमें विचार करने की कोई बात नहीं है ।३३-३४।

गोपनीया प्रयत्नेन मुद्रेयं सुरपूजिते ।
यान्तु प्राप्य भवाम्भोधेः पारं गच्छन्ति योगिनः ।।३५
मुद्रा शामदुधा ह्येषा साधकानां मयोदिता ।
गुप्ताचारेण कर्तव्या न देया यस्य कस्यचित् ।।३६

शिवजी ने पार्वती के प्रति कहा—हे देवताओं के द्वारा पूजी जाने वाली देवि ! इस मुद्रा को प्रयत्न-पूर्वक गोपनीय रखना चाहिए अर्थात् उसी व्यक्ति को बतावे जो इसमें रुचि रखता हो और करने में समर्थ दिखाई दे। योगिजन इसे उपलब्ध करके भवसागर से पार होजाते हैं। मेरे द्वारा कही हुई यह मुद्रा साधकों के लिए कामधेनु स्वरूप है अर्थात् इसके द्वारा उनकी सभी कामनाएँ पूर्ण हो सकती हैं। इसको गुप्त रीति से साधन करना चाहिए और किसी अन्य व्यक्ति को कभी नहीं देना चाहिए ।३५-३६।

महाबन्ध वर्णन

ततः प्रसारितः पादो विन्यस्य तमुरूपरि ।।३७
गुदयोनिं समाकुंच्य कृत्वा चापानमूर्ध्वगम् ।
योजयित्वा समानेन कृत्वा प्राणमधोमुखम् ।।३८
बन्धयेदूर्ध्वगत्यर्थं प्राणापानेन यः सुधीः ।
कथितोऽयं महाबन्धः सिद्धिमार्गप्रदायकः ।।३९
नाडीजालाद्रसव्यूहो मूर्धानं यान्ति योगिनः ।
उभाभ्यां साधयेत्पद्भ्यामेकैकं सुप्रयत्नतः ।।४०

फिर पाँव को फैला कर बाँए ऊरु पर दाँये पाँव को रखे और गुदा तथा योनि को संकुचित करके अपान को ऊपर की ओर चढ़ावे जिससे कि वह समान वायु के साथ मिल कर प्राणवायु को नीचे की ओर करे। जो बुद्धिमान साधक प्राण-अपान के मिलनार्थ इस बन्ध का करता है, उसके लिए यह सिद्धिदायक होता है। अथवा योगी के नाड़ीजल से रसग्रह शिर की ओर जाता है अर्थात् इस बन्ध के ऊपर की ओर गमन करता है, इस प्रकार मुद्रा एवं बन्ध दोनों को ही एक-एक अंग से ठीक प्रकार प्रयत्न पूर्वक करना चाहिए ॥३७-४०॥

भवेदभ्यासतो वायुः सुषुम्णामध्यसङ्गतः ।
अनेन वपुषः पुष्टिर्दृढबन्धोऽस्थिपञ्जरे ॥४१॥
संपूर्णहृदयो योगी भवन्त्येतानि योगिनः ।
बन्धेनानेन योगीन्द्रः साधयेत्सर्वमीप्सितम् ॥४२॥

इसके अभ्यास से प्राणवायु सुषुम्ना नाड़ी में अवस्थित होता है और यह बन्ध साधक के शरीर को पुष्ट करने वाला भी है। इसके द्वारा योगी की शरीरस्थ अस्थियों का ढाँचा तथा उनके सभी बन्धन दृढ़ हो जाते हैं। उस योगी का हृदय सम्पूर्ण रूप से संतुष्ट होता है। इस बन्धन के प्रभाव से उस योगीन्द्र के सभी इच्छित पूर्ण होजाते हैं। इस अभ्यास के द्वारा उसे इन सभी लाभों की प्राप्ति होती है ।।४१-४२॥

महावेध वर्णन

अपानप्राणयोरैक्यं कृत्वा त्रिभुवनेश्वरि ।
महावेधस्थितो योगी कुक्षिमापूर्य वायुना ।
स्फिचौ संताडयेद्धीमान् वेधोऽयं कीर्तितो मया ॥४३॥

वेधेनानेन संविध्य वायुना योगिपुंगवः ।
ग्रन्थि सुषुम्णामार्गेण ब्रह्मग्रन्थि भिनत्त्यसौ ॥४४॥

शिवजी कहते हैं कि हे त्रिभुवनेश्वरि ! अपान और प्राण को संयुक्त करके महाबन्ध में स्थित योगी अपने उदर में वायु भर कर अपने दोनों पार्श्वों का ताड़न करे, यह वेध मेरे द्वारा कहा गया है। योगियों में श्रेष्ठ साधक ! इस वेध को करता हुआ सुषुम्ना के मार्ग ब्रह्मग्रन्थि के भेदन का प्रयत्न करता है। अर्थात् यह अभ्यास कुशल योगियों के द्वारा ही सिद्ध होना संभव है और वे ही इसके द्वारा अपनी इच्छित उपलब्धि को प्राप्त कर सकते है ॥४३-४४॥

यः करोति सदाभ्यासं महावेधं सुगोपितम् ।
वायुसिद्धिर्भवेत्तस्य जरामरणनाशिनी ॥४५॥
चक्रमध्ये स्थिता देवाः कम्पन्ति वायुताडनात् ।
कुण्डल्यपि महामाया कैलासे सा विलीयते ॥४५॥

अथवा जो पुरुष इस श्रेष्ठ महावेध को गोपनीय रखता हुआ सतत अभ्यास करता है, उसे जरा मृत्यु का नाश करने वाली वायु सिद्ध होजाती है। शरीर में जो चक्र विद्यमान हैं उनमें स्थित देवता वायु के द्वारा ताड़ित होकर काँपने लगते हैं और कुण्डलिनी स्वरूपिणी महामाया कैलास में लय को प्राप्त होती है अर्थात् कुण्डलिनी शक्ति ब्रह्मस्थान में लीन होजाती है। अभिप्राय यह है कि शरीरस्थ षट्चक्रों में गणेश, ब्रह्मा, विष्णु, शिव, अग्नि आदि देवता विद्यमान हैं, वे वायु के वेग से उन्हें छोड़ देते है और वहां प्राणवायु प्रविष्ट होजाता है ॥४५-४६॥

महामुद्रामहाबन्धौ निष्फलौ वेधवर्जितौ ।
तस्माद्योगी प्रयत्नेन करोति त्रितयं क्रमात् ॥४७॥

एतत्त्रयं प्रयत्नेन चतुर्वारं करोति यः ।
षण्मासाभ्यन्तरं मृत्युं जयत्येव न संशयः ॥४८॥

वेध के बिना न तो महामुद्रा सफल होती है और न महाबन्ध ही सफल हो सकता है। इसलिए योगी का कर्त्तव्य है कि वह प्रयत्नपूर्वक तीनों ही साधनों के अभ्यास में तत्पर होजाय। जो योगी मुद्रा, बन्ध और वेध इन तीनों को दिन-रात नित्यप्रति चार वार करता है, वह छः मास पर्यन्त निरन्तर करने पर मृत्यु पर भी विजय प्राप्त कर लेता है, इसमें संदेह नहीं है ॥४७-४८॥

एतत्त्रयस्य माहात्म्यं सिद्धो जानाति नेतरः ।
यज्ज्ञात्वासाधकाःसर्वे सिद्धिसम्यक्लभन्ति वै ॥४९॥
गोपनीया प्रयत्नेन साधकैः सिद्धिमीप्सुभिः ।
अन्यथा च न सिद्धिःस्यान्मुद्राणामेष निश्चय ॥५०॥

सिद्ध पुरुष इन तीनों के माहात्म्य को ठीक प्रकार से जानते हैं, अन्य व्यक्ति नहीं जानते। इसको जानने वाले साधक सभी सिद्धियों को प्राप्त कर लेते हैं। सिद्धि की कामना करने वाले साधक का कर्त्तव्य है कि अपने अभ्यास को प्रयत्न पूर्वक गोपनीय रखे। यह निश्चय है कि इन मुद्रा आदि को साधारण लोगों पर प्रकट कर देने से सिद्धि की प्राप्ति नहीं हो सकती है ॥४९-५०॥

खेचरीमुद्रा वर्णन

भ्रुवोरन्तर्गतां दृष्टिं विधाय सुदृढा सुधीः ॥५१॥
उपविश्यासने वज्रे नानोपद्रववर्जितः ।
लम्बिकोर्ध्वं स्थिते गर्ते रसनां विपरीतगाम् ॥५२॥

संयोजयेत् प्रयत्नेन सुधाकूपे विचक्षण: ।
मुद्रैषा खेचरी प्रोक्ता भक्तानामनुरोधत: ॥५३॥

विद्वान् साधक भौंहों के मध्य में दृष्टि को स्थिर करे और अनेक प्रकार के उपद्रवों से रहित वज्रासन लगा कर बैठे। जिह्वा को गर्त में विपरीत रूप से लेजाय अर्थात् ऊपर की ओर से लौटा कर अमृत के कूप स्वरूप तालु के विवर में जाकर प्रयत्न पूर्वक संयोजित करे। यह मुद्रा खेचरी नाम से कही जाती है जिसे मैंने भक्तों के अनुरोध से (उनके हित के लिए) ही प्रकट किया है ॥५१-५३॥

सिद्धीनां जननीं ह्येषा मम प्राणधिकप्रिया ।
निन्तरकृताभ्यासात्पीयूष प्रत्यहं पिबेत् ।
तेन विग्रहसिद्धि: स्यान्मृयुमातङ्गकेसरो ॥५४॥

यह मुद्रा मेरे लिए प्राण से भी अधिक प्रिय है। क्योंकि यह सभी सिद्धियों को उत्पन्न करने वाली है। जो साधक निरन्तर इसका अभ्यास करता रहता है वह अवश्य ही अमृत का पान किया करता है। इसके द्वारा उन्हें विग्रह सिद्धि अर्थात् प्रतिमा रूप देवताओं की सिद्धि हो जाती है। तात्पर्य यह है कि उस साधक का शरीर पुष्ट होजाता है और उसके भीतर चक्रस्थ देवता भी सन्तुष्ट रहते हैं। यह खेचरी मुद्रा मृत्यु रूपी हाथी के लिए सिंह के समान है ॥५४॥

अपवित्र पवित्रो वा सर्वास्थां गतोऽपि वा ।
खेचरी यस्य शुद्धा तु स शुद्धो नात्र संशय: ॥५५॥
क्षणार्ध्द कुरुते यस्तु तीर्त्वा पापमहार्णवम् ।
दिव्यभोगान् प्रभूक्त्वा च सत्कुले स प्रजायते ॥५६॥

साधक चाहे पवित्र हो अथवा अपवित्र हो या किसी भी अवस्था में स्थित हो, जिसे यह खेचरी मुद्रा सिद्ध होजाती है उसके लिए सभी कुछ शुद्ध होजाता है। इसमें कुछ संशय नहीं मानना चाहिए। इस खेचरी मुद्रा का साधन जो योगी आधे क्षण भी कर लेता है, वह पाप रूपी महासमुद्र से पार होकर सुखपूर्वक दिव्य भोगों को भोगने में समर्थ होगा और (यदि उसे पुनर्जन्म भी ग्रहण करना पड़ा तो) उत्तम उच्च कुल में उत्पन्न होगा ॥५५-५६॥

मुद्रैषा खेचरी यस्तु सुस्थचित्तो ह्यतन्द्रितः ।
शतब्रह्मगतेनापि क्षणार्धं मन्यते हि सः ॥५७॥
गुरूपदेशतो मुद्रां यो वेत्ति खेचरीमिमाम् ।
नानापापरतो धीमान् स याति परमां गतिम् ॥५८॥
सा प्राणासदृशी मुद्रा यस्मै कस्मै न दीयते ।
प्रच्छाद्यते प्रयत्नेन मुद्रेयं सुरपूजिते ॥५९॥

जो योगी इस खेचरी मुद्रा को करता हुआ स्वस्थ चित्त और ब्रह्म परायण रहेगा, उसे सौ ब्रह्माओं के जीवन व्यतीत होने वाला (दीर्घकाल भी) आधेक्षण के समान ही प्रतीत होगा। गुरु के उपदेश से जिस साधक को यह खेचरी मुद्रा प्राप्त होजाती है, वह यदि अनेक पापों में भी संलग्न रहा तो भी परम गति को प्राप्त होजाता है अर्थात् खेचरी मुद्रा के साधन से सभी पाप नष्ट होजाते हैं, और वह मुक्ति को भी प्राप्त कर लेता है। शिवजी कहते हैं कि हे देवपूजिते ! वह मुद्रा प्राण के समान है, इसलिए उसे चाहे जिस व्यक्ति को नहीं देनी चाहिए। वरन् प्रयत्न पूर्वक गुप्त ही रखे ॥५७-५९॥

जालन्धरबंध वर्णन

बद्धा गलशिराजालं हृदये चिबुकं न्यसेत् ।
बन्धो जालंधरः प्रोक्तो देवानामपि दुर्लभः ॥६०॥
नाभिस्थवह्निर्जन्तूनां सहस्रकमलच्युतम् ।
पिबेत्पीयूषविस्तारं तदर्थं बन्धयेदिमम् ॥६१॥

गलशिराजाल को बाँध कर ठोडी को हृदय से लगाले, यह जालन्धरबन्ध कहलाता है। यह बन्ध देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। सहस्रदल कमल अर्थात् सहस्रार से स्रवित होते हुए अमृत को नाभि में स्थित अग्नि पान कर लेता है परन्तु उसे वैसा न करने देने के लिए इस जालन्धरबन्ध को अवश्य करना चाहिए। (क्योंकि चन्द्रामृत का जठराग्नि द्वारा ग्रास कर लिये जाने से अन्त में मनुष्य की मृत्यु होजाती है, परन्तु जालन्धरबन्ध एक ऐसा साधन है, जो कि जठराग्नि को चन्द्रामृत पान करने से रोकता रहता है ॥६०-६१॥

बन्धेनानेन पीयूषं स्वयं पिबति बुद्धिमान् ।
अमरत्वञ्च सम्प्राप्य मोदते भुवनत्रये ॥६२॥
जालंधरो बन्ध एष सिद्धानां सिद्धिदायकः ।
अभ्यासः क्रियते नित्यं योगिना सिद्धिमिच्छता ॥६३॥

इस जालन्धर बन्ध के करने से बुद्धिमान साधक स्वयं अमृत पान की शक्ति प्राप्त कर लेता है और उससे उसे अमृतत्व की प्राप्ति होती है और वह उससे त्रिलोकी में सुखपूर्वक विचरण करता है। यह जालन्धर बन्ध सिद्धों के लिए सिद्धिदायक है, इसलिए जो साधक नित्य प्रति इसका अभ्यास करता है, वह सिद्धि को प्राप्त करता है। तात्पर्य यह है कि इस बन्ध के द्वारा

साधारण साधक ही नहीं, वरन् सुसिद्ध साधक भी लाभान्वित होते हैं ॥६२-६३॥

मूलबन्ध वर्णन

पादमूलेन संपीड्य गुदमार्गेषु यन्त्रितम् ॥६४॥
बलादपानमाकृष्य क्रमादूर्ध्वं सुचारयेत् ।
कल्पितोऽयं मूलबन्धो जरामरणनाशनः ॥६५॥
अपान प्राणयोरैक्यं प्रकरोत्यधिकल्पितम् ।
बन्धेनानेन सुतरां योनिमुद्रा प्रसिद्ध्यति ॥६६॥

पाँव की एड़ी से गुदामार्ग को दबावे और बलपूर्वक अपान वायु को ऊपर की ओर आकर्षित करे। (इस प्रकार अपान को ऊपर ले जाकर प्राण से मिलावे) इस जरा-मरण नाशक बन्ध को मूलबन्ध कहते हैं। इस प्रकार कल्पित हुए इस बन्ध के द्वारा अपान और प्राण को संयुक्त करने से योनिमुद्रा स्वतः ही सिद्ध हो जाती है ॥६४-६६॥

सिद्धायां योनिमुद्रायां किं न सिध्यति भूतले ।
बन्धस्यास्य प्रसादेन गगने विजितानिलः ।
पद्मासने स्थितो योगी भुवमुत्सृज्य वर्तते ॥६७॥
सुगुप्ते निर्जने देशे बन्धमेनं समभ्यसेत् ।
संसारसागरं तर्तुं यदीच्छेद्योगिपुङ्गव ॥६८॥

सिद्ध पुरुषों को इस योनिमुद्रा के सिद्ध हो जाने से ऐस कौन-सा पदार्थ है जो उपलब्ध नहीं हो सकती ? इस बन्ध के प्रभाव से वायु को सहज में ही जीता जा सकता है और ऐसा होने पर साधक पद्मासन लगा कर बैठे तो (खचेरी मुद्रा के साधन द्वारा) पृथ्वी को छोड़कर ऊपर उठने लगेगा (और

आकाश में विचरण करने लगेगा। यदि कोई श्रेष्ठ योगी इस संसार सागर से पार जाना चाहे तो उसे निर्जन प्रदेश में गुप्त रूप से इस बन्ध का अभ्यास करना चाहिए ॥६७-६८॥

विपरीतकरणी मुद्रा

भूतले स्वशिरो दत्त्वा खे नयेच्चरणद्वयम् ।
दिपरीतकृतिश्चैषासर्वतन्त्रेषु गोपिता ॥६९॥
एतद् यः कुरुते नित्यमभ्यासं यामममात्रतः ।
मृत्युं जयति योगीशः प्रलयेनापि सीदति ॥७०॥
कुरुतेऽमृतपानं यः सिद्धानां समतामियात् ।
स सेव्यः सर्वलोकानां बन्धमेनं करोति यः ॥७१॥

योगी अपने शिर को पृथिवी में टेककर, दोनों पाँवों को आकाश की ओर उठा कर सीधे करे, इसी को विपरीतकरिणी मुद्रा कहते हैं। यह सब प्रकार से गुप्त रखने के योग्य है। (इस मुद्रा में शिर नीचे और पाँव ऊपर अधर में रखे जाते हैं) इस प्रकार इस मुद्रा का अभ्यास जो नित्यप्रति एक प्रहर (अर्थात् तीन घंटे) तक निरन्तर करे तो वह अवश्य ही मृत्यु को भी जीतने में समर्थ होता है और प्रलय में भी उसे किसी प्रकार का कष्ट नहीं होता। इस प्रकार जो साधक शरीर में विद्यमान अमृत का पान करता है, उसे सिद्धों की समानता प्राप्त हो जाती है (अर्थात् वह सिद्ध हो जाता है) और इस बन्ध के करने वाला वह योगी सभी लोकों में पूजित होता हैं ।६९-७१॥

उड्डयानबन्ध वर्णन

नाभेरूर्ध्वमधश्चापि तानं पश्चिममाचरेत् ।
उड्डयानबन्ध एष स्यात्सर्वदुःखौघनाशनः ॥७२॥

उदरे पश्चिमं तानं नाभेरूर्ध्वे तु कारयेत् ।
उड्डयानाख्योऽत्र बन्धोऽयं मृत्युमातङ्गकेसरी ।।७३।।

नाभि से ऊपर और नीचे पश्चिम तान का आचरण करे अर्थात् इस प्रकार तान अर्थात् आकर्षण करे जिससे कि वे दोनों भाग पीठ में जाकर लग जाँय। यह उड्डयान बन्ध कहलाता है। पेट को पीछे की ओर आकर्षित करता हुआ नाभि के ऊपर के भाग में आकुंचित करे, यही उड्डयान बन्ध है,जोकि मृत्युरूपी हाथी को वश में करने के लिए सिंह के समान है। तात्पर्य यह है कि इस बन्ध के अभ्यास से साधक मृत्यु रूपी दुःख का उल्लंघन कर जाता है अथवा यह समझिये कि जन्म-मरण के बन्धन से मुक्त हो जाता है ।।७२-७३।।

नित्यं यः कुरुते योगी चतुर्वारं दिने दिने ।
तस्य नाभेस्सु शुद्धिः साद्येन सिद्धो भवेन्मरुत् ।।७४।।
षण्मासमभ्यसन्योगी मृत्युं जयति निश्चितम् ।
तस्योदराग्निर्ज्वलति रसवृद्धिः प्रजायते ।।७५।।

जो योगी इस बन्ध का नित्यप्रति चार बार अभ्यास करता है, उसके नाभिमण्डल का शोधन हो जाता है और वायु भी सिद्धि हो जाता है। यदि योगी छः महीने तक इस बन्ध के अभ्यास में तत्पर रहता है तो वह अवश्य ही मृत्यु को जीतने में समर्थ होता है और उसके उदर की अग्नि विशेष रूप से प्रदीप्त होती है तथा रस की वृद्धि होने लगती है। आशय यह है कि यह बन्ध जठराग्नि को प्रदीप्त करने वाला और रस की वृद्धि करके शरीर की धातुओं को भी पुष्ट करने वाला है। इसी से इसके साधन से मृत्यु का जीतना कहा गया है ।।७४-७५।।

अनेन सुतरां सिद्धिर्विग्रहस्य प्रजायते ।
रोगाणां संक्षयश्चापि योगिनो भवति ध्रुवम् ।।७६।।
गुरोर्लब्ध्वा प्रयत्नेन साधयेत्तु विचक्षणः ।
निर्जने सुस्थिते देमे बन्धं परमदुर्लभम् ।।७७।।

इस बन्ध के प्रभाव से योगी का शरीर स्वयं ही सिद्धि को प्राप्त होजाता है और यह निश्चय ही उसके सभी रोगों का नाश करता है। यह बन्ध अत्यन्त ही दुर्लभ है, इसकी उपलब्धि गुरु की कृपा से ही सम्भव है। इसकी प्राप्ति के लिए विद्वान् साधक स्वस्थ चित्त से एकान्त स्थान में अभ्यास करे। आशय यह है कि चित्त को एकाग्र करने के लिए एकान्त स्थान उपयुक्त रहता है, जनाकीर्ण स्थान में चित्त स्थिर नहीं रह सकता ।।७६-७७।।

वज्रोलीमुद्रा वर्णन

वज्रोलीं कथयिष्यामि संसारध्वान्तनाशिनीम् ।
स्वभक्तेभ्यः समासेन गुह्याद्गुह्यतमामपि ।।७८।।
स्वेच्छया वर्तमानोऽपि योगोक्तनियमैर्विना ।
मुक्तो भवति गार्हस्थो वज्रोल्यभ्यासयोगतः ।।७९।।
वज्रोल्यभ्यासयोगोऽयं भोगे युक्तेऽपि मुक्तिदः ।
तस्मादतिप्रत्नेन कर्तव्यो योगिभिः सदा ।।८०।।

शिवजी कहते हैं कि अब मैं अपने भक्तों के लाभार्थ संसार के अन्धकार को दूर करने वाली गुह्य से भी गुह्यवज्रोली मुद्रा का वर्णन करता हूँ। इसके साधन से गृहस्थ स्वेच्छापूर्वक घर में रहता हुआ वहाँ के सभी भोगों की प्राप्त करता है और योगी साधक योगोक्त नियमों के बिना भी वज्रोली मुद्रा के ही अभ्यास से मोक्ष को प्राप्त होजाता है। इस वज्रोली मुद्रा का अभ्यास

भोगी पुरुषों के लिए भी मोक्ष का देने वाला है और योगियों के लिए तो इसका सदैव करना कर्त्तव्य है ही ।।७८-८०।।

आदौ रजःस्त्रियो योन्याःयत्नेन विधिवत्सुधीः ।
आकुंचय लिंगनालेन स्वशरीरे प्रवेशयेत् ।।८१।।
स्वकं बिंदुश्च सम्बन्ध्य लिंगचालनमाचरेत् ।
दैवाच्चलति चेदूर्ध्वं निबद्धो योनिमुद्रया ।।८२।।

पहले विद्वान् साधक विधि-विधान से प्रयत्न पूर्वक योनि से रज को उपस्थ-नाल में आकर्षित करे और अपने देह में प्रविष्ट कर ले तथा बिन्दु का निरोध करके लिंगचालन का आचरण करे। इस क्रिया में यदि दैववशात् बिन्दु अपने स्थान से च्युत होजाय तो उसको योनिमुद्रा के द्वारा निबद्ध कर ले ।।८१-८२।।

वाममार्गेऽपि तद्बिन्दुं नीत्वा लिंगं निवारयेत् ।
क्षणमात्रं योनितो यः पुमांश्चालनमाचरेत् ।।८३।।
गुरूपदेशतो योगी हुंहुंकारेण योनितः ।
अपानवायुमाकुंच्य बलादाकृष्य तद्रजः ।।८४।।

उक्त प्रकार से बिन्दु को निबद्ध करके ऊपर की ओर आकर्षित करे और बाँये भाग में स्थित करके क्षणभर के लिए लिंग-चालन क्रिया को रोक दे और फिर गुरु के उपदेशानुसार वह योगी हुँहुँकार शब्द का उच्चारण करता हुआ पुनः चालन-क्रिया में प्रवृत्त होजाय और बलपूर्वक अपान वायु का आकुंचन करता हुआ रज का आकर्षण करे। यही वज्रोली मुद्रा कही जाती है ।।८३-८४।।

अनेन विधिना योगी क्षिप्रं योगस्य सिद्धये ।
भव्यभुक् कुरुते योगी गुरुपादाब्जपूजकः ।।८५।।

विंदुर्विधुमयो ज्ञेयो रजः सूर्यमयस्तथा ।
उभयोर्मेलनं कार्यं स्वशरीरे प्रवेशयेत् ॥८६॥

इस विधि से योगी के लिए योग की सिद्धि शीघ्र ही सुलभ होगी और वह गुरु के चरणकमलों को पूजने वाला योगी अपने शरीर में विद्यमान अमृत का पान करने में समर्थ होगा। बिन्दु को चन्द्रमा स्वरूप और रज को सूर्य स्वरूप जान कर दोनों को संयुक्त करे और अपने शरीर में प्रविष्ट कर ले ॥८५-८६॥

अहं बिंदू रजः शक्तिरुभयोर्मेलनं यदा ।
योगिनां साधनावस्था भवेद्दिव्यं वपुस्तदा ॥८७॥
मरणं बिन्दुपातेन जीवनं बिन्दुधारणे ।
तस्मादतिप्रयत्नेन कुरुते बिन्दुधारणम् ॥८८॥

यदि साधक मेरे स्वरूप (अर्थात् शिव स्वरूप) में विन्दु और शक्ति स्वरूप में रज को समझता हुआ इन दोनों को संयुक्त करता है, तो इस प्रकार साधन से वह योगी दिव्य शरीर वाला होजाता है। आशय यह है कि शक्ति को शिव में अथवा माया को ईश्वर में लय करने से मोक्ष होना मानते हैं और यह शिव-शक्ति संयोग बिन्दु और रज का मेलन ही है। जो साधक इसे सिद्ध कर लेता है, वह सांसारिक बन्धन से मुक्त होजाता है। परन्तु बिन्दुपात होने से साधक का मरण और बिन्दुधारण से जीवन रहता है। इसलिए प्रयत्न पूर्वक बिन्दु का धारण ही उचित है। आशय यह है कि विन्दु-रज के मेलन काल में बिन्दु का पात नहीं होना चाहिए, अन्यथा साधना निष्फल होजाती है, और फिर बिन्दु ही तो शरीर का जीवन है उसके बिना सामर्थ्य नहीं रहती और सामर्थ्य का न रहना तो मनुष्य के लिए प्रत्यक्ष

मृत्यु के ही समान है, इससे कभी भी, किसी भी दशा में बिन्दु-क्षय का रोकना प्रमुख कर्त्तव्य है ॥८७-८८॥

जायते म्रियते लोके बिन्दुना नात्र संशयः ।
एतज्ज्ञात्वा सदा योगी बिन्दुधारणमाचरेत् ॥८९॥
सिद्धे बिन्दौ महायत्ने किं न सिद्ध्यति भूतले ।
यस्य प्रसादान्महिमा ममाप्येतादृशो भवेत् ॥९०॥

शरीरधारी का जन्म-मरण बिन्दु से ही होता है, इसमें कोई संशय नही है। अर्थात् बिन्दु (शुक्र) ही शरीर के उत्पन्न होने में कारण है और बिन्दु का अभाव उसके मरण में कारण होता है। इस प्रकार का ज्ञान प्राप्त करके योगी को बिन्दु की रक्षा के आचरण में सदा तत्पर रहना चाहिए। महान् यत्न करने पर भी उपलब्ध बिन्दु की सिद्धि पृथिवी में क्या सिद्ध नहीं करा सकती? अर्थात् बिन्दु-रक्षा में सभी सिद्धियाँ निहित हैं और बिन्दु-रक्षा के प्रसाद से ही मेरी भी यह महिमा बनी हुई है। अर्थात् बिन्दु की रक्षा करने वाला साधक मेरे ही समान महिमावान होजाता है ॥८९-९०॥

बिन्दुः करोति सर्वेषां सुखं दुःखं च संस्थितः ।
संसारिणां विमूढानां जरामरणशालिनाम् ॥९१॥
अयं च शांकरो योगो योगिनामुत्तमोत्तमः ॥९२॥
अभ्यासात्सिद्धिमाप्नोति भोगभुक्तोऽपि मानवः ।
सकलः साधितार्थोऽपि सिद्धो भवति भूतले ॥ ३॥

सांसारिक सुख-दुःख में संस्थित होने का कारण बिन्दु ही होता है। इस प्रकार मूर्खों और जरा-मरण में पड़े हुए संसारी जीवों के लिए यह एक श्रेष्ट साधन है। जो मनुष्य भोगयुक्त हों

उनके लिए भी इसके अभ्यास से सिद्धि प्राप्त होकर संसार में सभी इच्छित पदार्थों की सिद्धि होजाती है। अर्थात् बिन्दु की रक्षा करने वाला पुरुष भोगी गृहस्थ हो तो भी उसकी कामना पूर्ति होती रहती है। ऐसा कोई पदार्थ नहीं रहता, जो इच्छा करने पर भी उसे प्राप्त न होजाय ॥६१-६३॥

भुक्त्वा भोगानशेषान् वै योगेनानेन निश्चितम् ।
अनेन सकला सिद्धिर्योगिनां भवति ध्रुवम् ।
सुखभोगेन महता तस्मादेनं समभ्यसेत् ॥६४॥

इस योग के अभ्यास में सिद्ध हुआ साधक अपने अशेष भोगों को भोगता हुआ अवश्य ही सुखी रहता हैं तथा योगिजनों को इस मुद्रा के साधन द्वारा निश्चय ही सर्व सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं। क्योंकि यह साधना महान् सुख को भोगते-भोगते ही सिद्ध होजाती है, इसलिए इसका अभ्यास करना चाहिए। आशय यह है कि वज्रोली मुद्रा के साधन में कोई कष्ट नहीं होता और अशेष भोगों का भोग यदि अशुभ भी हो तो भी वह सुखपूर्वक पूरा होजाता है ॥६४॥

सहजोलल्यमरोली च वज्रोल्या भेदतो भवेत् ।
येन केन प्रकारेण बिन्दुं योगी प्रचारयेत् ॥६५॥

अमरोलीमुद्रा वर्णन

दैवाच्चलति चेद्वेगे मेलनं चन्द्रसूर्ययोः ।
अमरोलिरियं प्रोक्ता लिंगनालेन शोषयेत् ॥९६॥

वज्रोली मुद्रा के भेद से ही सहजोली और अमरोली मुद्राओं का भी नाम रखा गया। इन सब में सार बात यही है कि योगी जिस प्रकार भी हो सके, बिन्दु का धारण करे। अर्थात् शुक्र-

रक्षा में असावधान न रहे। यदि दैवयोग से उत्तेजनावश बिन्दु अपने स्थान से चलायमान होजाय और साधक रज-बिन्दु के मेलन में भी सफल होजाय तो यह मुद्रा अमरोली कहलाती है। इसमें लिंगनाल (वीर्यवाहिनी नाड़ी) द्वारा रज-बिन्दु का शोषण किया जाती है ॥६५-६६॥

सहजोलीमुद्रा वर्णन

गतं बिन्दुं स्वकं योगी बन्धयेद्योनिमुद्रया ।
सहजोलीरियं प्रोक्ता सर्वतन्त्रेषु गोपिता ॥६७॥
संज्ञाभेदाद्भवेद्भेदः कार्यं तुल्यगतिर्यदि ।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन साध्यते योगिभिः सदा ॥६८॥

यदि अपना बिन्दु चलित होजाय तो योगी को योनि-मुद्रा के बन्ध द्वारा अवरोध करना चाहिए। यह सब प्रकार से गोपनीय मुद्रा सहजोली कहलाती है। यद्यपि दोनों का कार्य एक जैसा है, तथापि संज्ञाभेद से इसके अमरोली और सहजोली दो भेद होगए हैं। इसलिए योगी को इन दोनों मुद्राओं का साधन सदा पूरे प्रयत्न के साथ करना चाहिए ॥६७-६८॥

अयं योगो मया प्रोक्तो भक्तानां स्नेहतः प्रिये ।
गोपनीयः प्रयत्नेन न देयो यस्य कस्यचित् ॥६६॥
एतद्गुह्यतमं गुह्यं न भूतं न भविष्यति ।
तस्मादेतत्प्रयत्नेन गोपनीयं सदा बुधैः ॥१००॥

शिवजी ने पार्वतीजी के प्रति कहा—हे प्रिये ! मैंने यह साधन भक्तों पर स्नेह करने के लिए ही कहा है। परन्तु यह इतना गोपनीय है कि हर किसी व्यक्ति को नहीं देना चाहिए। इस वज्रोली मुद्रा से अधिक गोपनीय कोई अन्य साधन न तो

पहले कभी था और न भविष्य में होगा। इसलिए बुद्धिमान साधक इसे प्रयत्न पूर्वक गुप्त ही रखे ॥९९-१००॥

स्वमूत्रोत्सर्गकाले यो बलादाकृष्य वायुना।
स्तोकं स्तोकं त्यजेन्मूत्रमूर्ध्वमाकृष्य तत्पुनः ॥१०१॥
गुरूपदिष्टमार्गेण प्रत्यहं यः समाचरेत्।
बिन्दुसिद्धिर्भवेत्तस्य महासिद्धिप्रदायिका ॥१०२॥

गुरु के उपदेश के अनुसार अपना मूत्र त्याग करने के समय साधक सदा बलपूर्वक वायु से आकर्षण करता हुआ धीरे-धीरे मूत्र को त्यागे और फिर ऊपर की ओर आकर्षित करे तो इस अभ्यास द्वारा बिन्दु सिद्ध होजाता है। यही बिन्दु-सिद्धि साधक को महान् सिद्धि प्रदान करने वाली है। आशय यह कि बिन्दु की सिद्धि के लिए साधक को उपर्युक्त प्रकार से थोड़े-थोड़े मूत्र-त्याग का अभ्यास करना चाहिए ॥१०१-१०२॥

षण्मासमभ्यसेद्यो वै प्रत्यहं गुरुशिक्षया।
शताङ्गनानां भोगेऽपि तस्य बिन्दुर्न नश्यति ॥१०३॥
सिद्धे बिंदौ महायत्ने किं न सिध्यति पार्वति।
ईशुत्वं यत्प्रसादेन ममापि दुर्लभं भवेत् ॥१०४॥

गुरु की शिक्षा के अनुसार योगी यदि उक्त क्रिया का अभ्यास छः महीने भी कर ले तो सौ स्त्रियों से संसर्ग करने पर भी उस का बिन्दु-क्षय नहीं होगा। हे पार्वति! इस प्रकार महान् प्रयत्न करके भी यदि बिन्दु सिद्ध होजाय तो उस साधक के लिए क्या सिद्ध नहीं होजाता? अर्थात् सभी कुछ सिद्ध होजाता है। इस बिन्दु-सिद्धि के प्रसाद से मुझे इस दुर्लभ ईशत्व की प्राप्ति हुई है ॥१०३-४०४॥

शक्तिचालन मुद्रावर्णन

आधारकमले सुप्तां चालयेत्कुण्डलीं दृढाम् ।
अपानवायुमारुह्य बलादाकृष्य बुद्धिमान् ।
शक्तिचालनमुद्रेयं सर्वशक्तिप्रदायिनी ॥१०५
शक्तिचालनमेवं हि प्रत्यहं यः समाचरेत् ।
आयुर्वृद्धिर्भवेत्तस्य रोगाणां च विनाशनम् ॥१०६

आधार कमल अर्थात् मूलाधार चक्र में जो कुण्डलिनी शक्ति सोती रहती है, उसे बुद्धिमान साधक अपानवायु पर आरूढ़ होकर और बलपूर्वक उसे आकर्षित करता हुआ चालन करे। यह शक्तिचालन मुद्रा है, जो सभी शक्तियों के देने वाली होती है। स शक्तिचालन मुद्रा के नित्यप्रति अभ्यास करने से सभी रोगों का नाश होकर आयु की वृद्धि होती है ॥१०५-१०६॥

विहाय निद्रां भुजगी स्वयमूर्ध्वं भवेत्खलु ।
तस्मादभ्यासनं कार्यं योगिना सिद्धिमिच्छता ॥१०७
यः करोति सदाभ्यासं शक्तिचालनमुत्तमम् ।
येन विग्रहसिद्धिः स्यादणिमादिगुणप्रदा ॥१०८

इस शक्तिचालन मुद्रा के अभ्यास से भुजंगी अर्थात् सर्पिणी जैसी आकृति वाली कुण्डलिनी शक्ति जाग्रत् होकर स्वय ही (सुषुम्न मार्ग से) ऊपर चढ़ने लगेगी। इसलिए सिद्धि की कामना करने वाले यागी को इसका अभ्यास करना चाहिए। क्योंकि जो साधक इस शक्तिचालन मुद्रा का निरन्तर अभ्यास करता है, उसका शरीर निश्चय ही सिद्ध अर्थात् अमर होजाता है और अणिमादि सिद्धियों की प्राप्ति होजाती है ॥१०७-१०८॥

गुरूपदशविधिना तस्य मृत्युभयं कुतः ।
मुहूर्तद्वयपर्यन्तं विधिना शक्तिनाशनम् ॥१०९
यः करोति प्रयत्नेन तस्य सिद्धिरदूरतः ।
युक्तासनेन कर्तव्यं योगिभिः शक्तिचालनम् ॥११०
एतत्सुमुद्रादशकं न भूतं न भविष्यति ।
एकैकाभ्यासने सिद्धिःसिद्धौ भवति नान्यथा ॥१११

गुरु के उपदेश की विधि से इसका साधन करने वाले पुरुष के लिए मृत्युभय कहाँ ? यदि दो मुहूर्त्त भर ही इसका साधन कर ले तो शक्ति का नाश रुक जाता है और प्रयत्न पूर्वक इसके अभ्यास में लगा रहता है, उसे तो सभी सिद्धियाँ प्राप्त हो ही जाती हैं। इसलिए किसी भी युक्त आसन से बैठ कर इस शक्ति चालन मुद्रा का अभ्यास करना योगी का कर्त्तव्य है। इस प्रकार मेरे द्वारा कही हुई यह दश मुद्राएँ अभूत-पूर्व हैं। इनके समान न तो कोई साधन हुआ, न होगा ही। इसमें से एक-एक का अभ्यास करता हुआ साधक अवश्य ही सिद्धि को प्राप्त करता हुआ सिद्ध होजाता है ॥१०९-१११॥

शिव संहिता का चतुर्थ पटल समाप्त

पंचम पटल

योग प्रकरण

ब्रूहि मे वाक्यमीशान परमार्थधियं प्रति ।
ये विघ्नाः सन्ति लोकानां वद मे प्रिय शङ्कर ।।१

भगवती पार्वतीजी बोलीं—हे ईशान ! हे परमप्रिय शिव ! योगाभ्यास के अवसर पर जो-जो विघ्न उपस्थित होते हैं, उन्हें मेरे प्रति कहिये । तात्पर्य यह है कि योग का अभ्यास करने वाले साधक को अनेक विघ्नों का सामना करना पड़ता है । इसलिए अपने भक्तों पर उपकार करने के उद्देश्य से ही पार्वतीजी ने उन विघ्नों के विषय में जिज्ञासा प्रकट की ।।१

शृणु देवि प्रवक्ष्यामि यथा विघ्नः स्थिरताः सदा ।
मुक्ति प्रति नराणां च भोगः परमबन्धनः ।।२

शिवजी ने कहा—हे देवि ! योग साधन के समय जो विघ्न उपस्थित हो जाते हैं, उन्हें कहता हूँ, तुम ध्यान पूर्वक सुनो । देखो, मनुष्यों के मोक्ष के लिए भोग परम बन्धन स्वरूप है ।।२

नारी शय्यासनं वस्त्रं धनमस्य विडम्बनम् ।
ताम्बूलभक्षयानानि राज्यैश्वर्यविभूतयः ।।३
हैमं रौप्यं तथा ताम्रं रत्नं चागुरुधेनवः ।
पाण्डित्यं वेदशास्त्राणि नृत्यं गीतं विभूषणम् ।।४
वंशी वीणा मृदङ्गाश्च गजेंद्रश्चाश्ववाहनम् ।
भोगरूपा इमे विघ्ना धर्मरूपानिमान् शृणु ।।५

स्त्री-संसर्ग, शय्या, श्रेष्ठ आसन, वसन और धन यह सब मोक्ष के लिए विडम्बना स्वरूप ही हैं। ताम्बूल का भक्षण और सवारी आदि राज्य विषयक ऐश्वर्य, भोग आदि के साधन, स्वर्ण, रौप्य, ताम्र एवं अगरु आदि सुगंधित द्रव्य तथा धेनु आदि का संग्रह करना, यह सब विघ्न रूप ही हैं। पाण्डित्य प्रदर्शन करना, वेदशास्त्रों का व्याख्यान करना, नृत्य, गीत शृंगार, वंशी, वीणा, मृदंग आदि वाद्यों में तल्लीन रहना, हाथी-घोड़े आदि वाहनों का प्रयोग करना आदि सब भोगरूपी विघ्न हैं। अब धर्मरूपी विघ्नों को कहता हूँ, उन्हें सुनो ॥३-५-।

स्नानं पूजाविधिर्होमं तथा मोक्षमयी स्थितिः ।
व्रतोपवासनियमा मौनमिन्द्रियनिग्रहः ॥६
ध्येयो ध्यानं तथा मन्त्रो दानं ख्यातिर्दिशासु च ।
वापीकूपतडागादिप्रासादारामकल्पना ॥७
यज्ञं चान्द्रायणं कृच्छ्रं तीर्थानि विविधानिच ।
दृश्यन्ते च इमे विघ्ना धर्मरूपेण संस्थिता ॥८

स्नान करना, पूजन या होम करना, मोक्षमयी (अर्थात् द्वन्द्व-रहित) स्थिति में रहना, व्रत या उपवास करना, नियम-पालन करना, मौन रहना और इन्द्रिय निग्रह करना, ध्येय वस्तु का ध्यान करना, मन्त्रोच्चारण में लगे रहना, दान देना, सब दिशाओं में ख्याति प्राप्त होना, बावड़ी, कूप, सरोवर, प्रासाद (भवन), उद्यानादि की कल्पना करना (अर्थात् बनवाना), यज्ञों और कृच्छ्र चान्द्रायणादि व्रतों को करना, विविध तीर्थों में तीर्थाटन करना आदि यह सब धर्मरूपी विघ्न दिखाई देते हैं ॥६-८॥

यत्तु विघ्नं भवेज्ज्ञानं कथयामि वरानने ।
गोमुखं स्वासनं कृत्वा धौतिप्रक्षालनं च तत् ॥९
नाडीसञ्चारविज्ञानं प्रत्याहारनिरोधनम् ।
कुक्षिसञ्चालनं क्षिप्रं प्रवेश इंद्रियाध्वना ।
नाडीकर्माणि कल्याणि भोजनं श्रूयतां मम ॥१०

शिवजी कहते हैं कि श्रेष्ठ मुख वाली पार्वति अब मैं ज्ञान-रूपी विघ्न को कहता हूँ—आसन से बैठ कर अन्तंशुद्धि के उद्‌देश्य से गोमुख के समान वस्त्र रखते हुए धौति का प्रक्षालन करना अर्थात् धौति-योग करना, नाड़ी-संचार का ज्ञान प्राप्त करना, वायु के प्रत्याहार का निरोध करना, कुण्डलिनी के जागरणार्थ कुक्षि संचालन करना,इन्द्रिय द्वारा शीघ्र प्रवेश करना और नाड़ी-शुद्धि के लिए आहार के आचार-विचार का पालन करना, यह सभी ज्ञान रूपी विघ्न हैं। हे कल्याणि ! अब मैं नाड़ी-शोधनार्थ भोजन विधि कहता हूँ, उसे सुनो ॥९-१०॥

नवधातुरसं छिन्धि शुण्ठिकास्ताडयेत् पुनः ।
एककालं समाधिः स्याल्लिगभूतमिदं शृणु ॥११
संगमं गच्छ साधूनां संकोचं भज दुर्जनात् ।
प्रवेशनिर्गमे वायोर्गुरुलक्षं विलोकयेत् ॥१२
पिण्डस्थं रूपसंस्थञ्च रूपस्थं रूपवर्जितम् ।
ब्रह्मैतस्मिन्मतावस्था हृदयं च प्रशाम्यति ।
इत्येते कथिता विघ्ना ज्ञानरूपे व्यवस्थिताः ॥१३

नवीन रसयुक्त भोज्य वस्तु तथा सोंठ चूर्ण युक्त भोजन करे अर्थात् भोजन के उपरान्त शुण्ठिचूर्ण का सेवन किया

जाय। ऐसा करने से समाधि शीघ्र होती है। मैं उसका लक्षण कहता हूँ, उसे भी सुनो साधु का संग और दुर्जन से दूर रहने का निश्चय रखना तथा निर्गम में प्रवेश और कुम्भक के समय गुरु और लघु का अवलोकन करना। शरीर में स्थित रूप (आत्मरूप) का विचार रखते हुए निश्चय करना कि रूपवान और रूप-रहित क्या है? तथा इस दृश्य-प्रपंच के ब्रह्मरूप होने विषयक विचार को हृदय में स्थिर रखना। यह जो बताये गये हैं, वे सब ज्ञान रूप विघ्न समझने चाहिए ।।११-१३।।

चतुर्विधयोग वर्णन

मन्त्रयोगो हठश्चैव लययोगस्तृतीयकः ।
चतुर्थो राजयोगः स्यात्स द्विधाभाववर्जितः ।।१४
चतुर्धा साधको ज्ञेयो मृदुमध्याधिमात्रकः ।
अधिमात्रतमः श्रेष्ठो भवाब्धौ लंघनक्षमः ।।१५

मन्त्रयोग, हठयोग, लययोग और राजयोग के भेद से योग के चार प्रकार हैं। इनमें लययोग तीसरा और राजयोग चौथा तथा द्वैत भाव से रहित है। तात्पर्य यह है कि राजयोग के साधक में द्वैतभाव का अभाव रहता है जिससे कि वह परमात्मा से ऐक्य स्थापिन कर लेता है। यह चार प्रकार के योग चार प्रकार के साधकों द्वारा ही सिद्ध होते हैं। अर्थात् इनके साधक भी मृदु, मध्यम, अधिमात्र और अधिमात्रतम के भेद से चार प्रकार के होते हैं। इन साधकों में अधिमात्रतम साधक सब से अधिक श्रेष्ठ होता है, क्योंकि वह भवसागर से शीघ्र पार जाने में सक्षम होता है ।।१४-१५।।

मन्दोत्साही सुसंमूढो व्याधिस्थो गुरुदूषकः ।
लोभी पापमतिश्चैव बह्वाशी वनिताश्रयः ।।१६

चपल:कातरो रोगी पराधीनोऽतिनिष्ठुर: ।
मंदाचारो मन्दवीर्यो ज्ञातव्यो मृदुमानव: ॥१७
द्वादशाब्दे भवेत्सिद्धिरेतस्य यत्नत: परम् ।
मन्त्रयोगाधिकारी स ज्ञातव्यो गुरुणा ध्रुवम् ॥१८

मृदु साधक का लक्षण यह हैं कि मन्द उत्साह वाला, मूढ़-चेता, व्याधि से ग्रस्त, गुरु की निन्दा करने वाला, लोभी, पाप बुद्धि से युक्त, बहुत भोजन करने वाला, स्त्री के वश में रहने वाला, चपल चित्त, कातर, रोगी, पराधीन, अत्यन्त निष्ठुर, मन्द आचरण वाला और मन्द वीर्य वाला पुरुष मृदु मानव कहलाता है। ऐसा साधक मन्त्रयोग का अधिकारी होता है। गुरु की प्रसन्नता प्राप्त करके प्रयत्न पूर्वक साधना करने वाले पुरुष को द्वादश वर्ष में सिद्धि की प्राप्ति होती है ॥१६-१८

समबुद्धि क्षमायुक्त: पुण्याकांक्षी प्रियंवद: ।
मध्यस्थ: सर्वकार्येषु सामान्य: स्यान्न संशय: ।
एतज्ज्ञात्वैव गुरुभिर्दीयते मुक्तितो लय: ॥१९

मध्यम साधक का लक्षण यह है कि जो साधक समबुद्धि वाला, क्षमायुक्त, पुण्य फल प्राप्ति की इच्छा से शुभ कर्म करने वाला, प्रिय बोलने वाला, सभी कार्यों या सभी विषयों में मध्यस्थ रहने वाला और सामान्य अर्थात् सब स्थितियों में समान भाव रखने वाला उसे मध्यम साधक कहते हैं। इसे जान कर अभ्यास परायण रहते हुए साधक को लय योग का उपदेश करना चाहिए। क्योंकि लययोग मुक्ति का मार्ग है ॥१९

स्थिरबुद्धिर्लये युक्त: स्वाधीनो वीर्यवानपि ।
महाशयो दयायुक्त: क्षमावान् सत्यवानपि ॥२०

शूरो वयस्थः श्रद्धावान् गुरुपादाब्ज पूजकः ।
योगाभ्यासरतश्चैव ज्ञातव्यश्चाधिमात्रकः ।।२१

एतस्य सिद्धिः षड् वर्षैर्भवेदभ्यासयोगतः ।
एतस्मै दीयते धीरो हठयोगश्च सांगतः ।।२२

अब अधिमात्र संज्ञक साधक का लक्ष्यकहा जाता है—स्थिर बुद्धि वाला, लययोग में तत्पर, स्वाधीन, वीर्यवान अर्थात् शक्ति शाली, महाशय अर्थात् विस्तृत दृष्टिकोण वाला, दयामय, क्षमा-वात् सत्यवान् अर्थात् असत्य से बचने वाला हो तथा जो शूर और समाधि मैं श्रद्धा रखने वाला हो । जो गुरु के चरण-कमलों की पूजा करने वाला तथा योगाभ्यास में परायण हो । ऐसा साधक अधिमात्र कहलाता है । इसके छः वर्ष पर्यन्त निरन्तर अभ्यास करते रहने से सिद्धि प्राप्त हो सकता है । गुरु ऐसे धीर साधक को अंगयुक्त हठयोग का उपदेश करे ।।२०-२२।।

महावीर्यान्वितोत्साही मनोज्ञः शौर्यवानपि ।
शास्त्रज्ञोऽभ्यासशीलश्च निर्मोहश्च निराकुलः ।।२३

नवयौवनसम्पन्नो मिताहारी जितेन्द्रियः ।
निर्भयश्च शुचिर्दक्षो दाता सर्वजनाश्रयः ।।२४

अधिकारी स्थिरो धीमान् यथेच्छावस्थितः क्षमी ।
सुशीलो धर्मचारी च गुप्तचेष्टः प्रियंवदः ।।२५

अधिमात्रतम साधक के लक्षण यह हैं कि वह महान् वीर्य (बल) से समन्वित, उत्साहयुक्त, शूरता से सम्पन्न शास्त्र का ज्ञाता, अभ्यास शील, मोह-रहित आकुलता से रहित, नवीन यौवन से युक्त, अल्प आहार करने वाला, जितेन्द्रिय, भय-रहित शुद्ध अर्थात् पवित्र आचरण वाला, दक्ष अर्थात् सभी कार्यों में

चचुर, दाता अर्थात् उदारता से दान देने वाला, सब लोगों को आश्रय स्वरूप, अधिकारी, स्थिर चित्त वाला, बुद्धिमान, सदा सन्तोष रखने वाला, क्षमाशील, सुशील (श्रेष्ठ आचरण वाला) धर्म का आचरण करने वाला, अपने कार्यों को गुप्त रखने वाला और सबसे प्रिय बोलने वाला होता है ॥२३-२५॥

शास्त्रविश्वाससम्पन्नो देवतागुरुपूजकः ।
जनसंगविरक्तश्च महाव्याधिविवर्जितः ॥२६
अधिमात्रतरो ज्ञेयः सर्वयोगस्य साधकः ।
त्रिभिस्संवत्सरैः सिद्धिरेतस्य नात्र संशयः ।
सर्वयोगाधिकारी स नात्र कार्या विचारणा ॥२७

अधिमात्रतम संज्ञक साधक शास्त्रों में विश्वास रखने वाला होता है। देवताओं और गुरु के पूजन से परायण रहने वाला, परन्तु लोगों के संग अथवा संग से दूर रहने वाला होता है। उसे कोई महाव्याधि (महामारी आदि) नहीं व्यापती। ऐसा जो साधक सब प्रकार के योगाभ्यास में तत्पर रहता है, वह अधिमात्रतम कहलाता है। इसे तीन वर्ष के निरन्तर अभ्यास से अवश्य ही सिद्धि प्राप्ति होती है और वह सभी प्रकार के योग का अधिकारी होता है. इसमें किसी प्रकार का विचार नहीं करना चाहिए। अर्थात् यहाँ जो लक्षण अधिमात्रतम साधक के कहे हैं, उनसे सम्पन्न साधक सभी प्रकार के योगाभ्यास में समर्थ होता है ॥२६-२७॥

प्रतीकोपासना वर्णन

प्रतीकोपासना कार्या दृष्टादृष्टफलप्रदा ।
पुनाति दर्शनादत्र नात्र कार्या विचारणा ॥२८

गाढ़ातपे स्वप्रतिबिम्बितेश्वर
निरीक्ष्य विस्फारितलोचनद्वयम् ।
यदा नभः पश्यति स्वप्रतीकं
नभोऽङ्गणे तत्क्षणमेव पश्यति ॥२९

अब प्रतीकोपासना के विषय में बताया जाता है—प्रतीक उपासना दृष्ट-अदृष्ट फल के देने वाली है तथा उसके दर्शन मात्र से ही उपासक पवित्र होजाता है, इसमें विचारने की कोई बात नहीं है। अर्थात् जो कुछ यहाँ कहा गया है, उसमें सब सत्य ही है। गाढ़ आतप अर्थात् कठिन धूप में नेत्रों को स्थिर करके जो साधक अपने ईश्वर के प्रतिबिम्ब को देखे और जब शून्य में अपना प्रतीक प्रतिबिम्ब)दिखाई देने लगे तव वह उस प्रतिबिम्ब को आकाश में देखने में अवश्य ही समर्थ होता है॥२८-२९॥

प्रत्यहं पश्यते यो वै स्वप्रतीकं नभोऽङ्गणे ।
आयुर्वृद्धिर्भवेत्तस्य न मृत्युः स्यात्कदाचन ॥३०
यदा पश्यति सम्पूर्णं स्वप्रतीकं नभोऽङ्गणे ।
तदा जयं सभायां च युद्धे निर्जित्य सञ्चरेत् ॥३१
यः करोति सदाभ्यासं चात्मानं विन्दते परम् ।
पूर्णानन्दैकपुरुषं स्वप्रतीकप्रसादतः ॥३२

जो साधक अपने प्रतीक रूप प्रतिबिम्ब को आकाश में देखता है, उसके प्रभाव से उसकी आयु-वृद्धि होती है और मृत्यु कभी नहीं होती। यदि उसे आकाश में अपना सम्पूर्ण प्रतिबिम्ब दिखाई देने लगे तो सभा में उसकी विजय होती है और वह युद्ध में भी शत्रु को जीतने में समर्थ होता है। यदि वह साधक अपने प्रतीक की उपासना का अभ्यास करता है तो उसे आत्मा

की प्राप्ति होती है और इसी प्रतीकोपासना के प्रभाव से पूर्णानन्द स्वरूप (आत्मा) का दर्शन होता है। अभिप्राय यह है कि प्रतीकोपासना से हृदयाकाश में आत्म-दर्शन होता है और साधक परम आनन्द का अनुभव करने लगता है ॥३०-३२॥

यात्राकाले विवाहे च शुभे कर्मणि सङ्कटे ।
पापक्षये पुण्यवृद्धौ प्रतीकोपासन चरेत् ॥३३
निरन्तरकृताभ्यासादन्तरे पश्यति ध्रुवम् ।
तदा मुक्तिमवाप्नोति योगी नियतमानसः ॥३४

यात्रा के समय, विवाह के समय, शुभ-कर्म के समय अथवा सकट काल में, पाप का क्षय होने या पुण्य की वृद्धि होने के समय यदि प्रतीकोपासना का आचरण करे तो अवश्य ही श्रेय की प्राप्ति होती है। यदि प्रतीकोपासना का निरन्तर अभ्यास किया जाय तो अवश्य ही अपने हृदयाकाश में अपना प्रतिविम्ब भासित होने लगता है। उस अवस्था में वह निश्चयात्मा योगी मोक्ष को प्राप्त कर लेता है ॥३३-३४॥

अङ्गुष्ठाभ्यामुभे श्रोत्रे तर्जनीभ्यां द्विलोचने ।
नासारन्ध्रे च मध्याभ्यामनामाभ्यां मुखं दृढम् ॥३५
निरुध्य मारुतं योगी यदैव कुरुते भृशम् ।
तदा तत्क्षणमात्मानं ज्योतिरूपं स पश्यति ॥३६

दोनों हाथ के अँगूठों से दोनों कानों को बन्द कर दोनों तर्जनियों से दोनों नेत्रों को तथा दोनों मध्यामाओं से दोनों नासापुटों को बन्द कर ले। फिर दोनों अनामिकाओं को मुख पर रख कर मुख को दृढ़ता से बन्द करना चाहिए। जो योगी इस प्रकार वायु को रोककर इसका बार-बार अभ्यास करता है उसे

हृदयाकाश में ज्योति-स्वरूप आत्मा दिखाई देता है। अर्थात् वह योगो आत्मदर्शन करने में सुखी होता है ॥३५-३६॥

तत्तेजो दृश्यते येन क्षेणमात्रं निराकुलम्।
सर्वपापविमुंक्तः स याति परमां गतिम् ॥३७

निरन्तरकृताभ्यासाद्योगी विगतकल्मषः।
सर्वदेहादि विस्मृत्य तदभिन्नः स्वयं गतः ॥३८

जो पुरुष क्षणमात्र भी स्थिर चित्त रहता हुआ इस तेज का दर्शन करता है, वह सभी पापों से मुक्त होकर परमगति को प्राप्ति होता है। जो योगी पुरुष चित्त को शुद्ध रखता हुआ इस साधन के अभ्यास में लगा रहता है, वह सभी शरीरादि के कर्मो से पृथक् होता हुआ आत्मा से अभिन्नता को प्राप्त होता है। अर्थात् आत्म-दर्शन होने पर 'मैं ही आत्मा हूँ' ऐसा ज्ञान हो जाता है, इसलिए वह स्वयं को आत्मा से भिन्न नही मानता यही उसका आत्मा से अभिन्नता को प्राप्त होता है॥३७-३८॥

यः करोति सदाभ्यासं गुप्ताचारेण मानवः।
स वै ब्रह्मविलीनः स्यात्पापर्मरतो यदि ॥३९

गोपनीयः प्रयत्नेन सद्यः प्रत्ययकारकः।
निर्वाणदायको लोके योयोऽयं मम वल्लभः।
नादः संजायते तस्य क्रमेणाभ्यासतश्च यः ॥४०

जो साधक अपने अभ्यास को गुप्त रखता हुआ साधन में तत्पर रहता है, वह यदि पाप-कर्मों में रत रहा हो तो भी (उन पापों से मुक्त होकर) मोक्ष को प्राप्त होजाता है। यह प्रतीकोपासना साधक को निर्वाण योग के देने वाली है, इसलिए मेरे लिए बहुत ही प्रिय है। इसका अभ्यास करने वाले साधक

को क्रमपूर्वक नाद की अनुभूति होने लगती है। परन्तु इसे प्रयत्नपूर्वक गुप्त रखनी चाहिए ॥३१-४०॥

मत्तभृङ्गवेणुवीणासदृशः प्रथमो ध्वनिः ।
एवमभ्यासतः पश्चात् संसारध्वान्तनाशनम् ।
घण्टानादसमः पश्चात् ध्वनिर्मेघरवोपमः ॥४१
ध्वनौ तस्मिन्मनो दत्वा यदा तिष्ठति निर्भरः ।
तदा सजायते तस्य लयस्य मम वल्लभे ॥४२

इस प्रकार से योग का अभ्यास करते रहने पर पहले मत्त भौंरे के समान शब्द सुनाई देता है और फिर वंशी और वीणा जैसे शब्द का भान होता है। फिर संसार का अन्धकार दूर करने वाला घण्टानाद जैसी ध्वनि सुनने में आती है। तत्पश्चात् मेघों के गर्जन जैसा शब्द सुनाई देता है। इन प्रकार इन ध्वनियों में क्रमशः मन के स्थिर होते-होते (अन्त में मेघ-गर्जन की ध्वनि में चित्त के रम जाने से) लय अर्थात् मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसलिए यह साधन मुझे अत्यन्त प्रिय है ॥४१-४२॥

तत्र नादे यदा चित्तं रमते योगिनो भृशम् ।
विस्मृत्य सकलं बाह्यं नादेन सह शाम्यति ॥४३
एतदभ्यासयोगेन जित्वा सम्यक् गुणान् बहून् ।
सर्वारम्भपरित्यागो चिदाकाशे विलीयते ॥४४

योगी का चित्त जब नाद में स्थिर रूप से रमण करने लगता है यर्थात् चित्त को अन्यत्र चलायमान नहीं करता। वह सभी विषयों को भूलने के कारण नाद में ही लीन हो जाता है। इसी प्रकार अभ्यास में तत्पर रहता हुआ योगी सभी गुणों पर विजय प्राप्त करके और सभी प्रकार के कार्यों के आरम्भ को त्यागकर

चिदाकाश में लीन होजाता है। अर्थात् आनन्दमय हृदयाकाश में लय का प्राप्त होता है ॥४३-४४

नासनं सिद्धसदृशं न कुम्भसदृशं बलम् ।
न खेचरीसमा मुद्रा न नादसदृशो लयः ॥४५

सिद्धासन के समान (अभ्यास में सरल) कोई अन्य आसन नहीं है कुम्भक (प्राणायाम द्वारा प्राणवायु को भर कर भीतर रोकने) के समान कोई वल नहीं है। अर्थात् कुम्भक से अत्यन्त वल की प्राप्ति होतो है। खेचरी मुद्रा के समान न कोई मुद्रा है और न नाद के समान कोई लय ही है। इस प्रकार सिद्धासन, कुम्भक, खेचरी और नाद सब अपने-अपने स्थान पर श्रेष्ट हैं ॥४५

षट्चक्र वर्णन

इदानीं कथयिष्यामि मुक्तस्यानुभवं प्रिये ।
यज्ज्ञात्वा लभते मुक्तिं पापयुक्तोऽपि साधकः ॥४६
समभ्यर्च्येश्वरं सम्यक् कृत्वा च योगमुत्तमम् ।
गृह्णीयात्सुस्थितो भूत्वा गुरुं संतोष्य बुद्धिमान् ॥४७

शिवजी कहते हैं कि हे प्रिये ! अव मैं तुम्हारे प्रति मुक्ति का अनुभव कहता हूँ, जिसे जान लेने पर, साधक यदि पापों में लिप्त रहा हो तो भी मुक्ति की प्राप्ति होती है। योगाभ्यासी बुद्धिमान् पुरुष को ठीक प्रकार से ईश्वर का पूजन करके स्वस्थ चित्त से आसन पर स्थित होना चाहिए और गुरु को सब प्रकार संतुष्ट रखकर ही इस योग को ग्रहण करना चाहिए ॥४६-४७

जीवादि सकलं वस्तु दत्वा योगविदं गुरुम् ।
सन्तोष्यातिप्रयत्नेन योगोऽयं गृह्यते बुधैः ॥४८

विप्रान् सन्तोष्य मेधावी नानामङ्गलसंयुतः ।
ममालये शुचीभूत्वा गृह्णीयाच्छुभमात्मनः ॥४९

सन्यस्यानेन दिधिना प्राक्तनं विग्रहादिकम् ।
भूत्वा दिव्यवपुर्योगी गृह्णीयाद्वक्ष्यमाणकम् ॥५०

विद्वान् योग-जिज्ञासु को उचित है कि वह जीवादि सब वस्तुएँ योगवेत्ता गुरु को समर्पण करे और उन्हें सब प्रकार सन्तुष्ट करके यत्न पूर्वक योग को ग्रहण करते हैं। योग ग्रहण करने वाले मेधावी साधक का कर्त्तव्य है कि वह ब्राह्मणों को सन्तुष्ठ करके अनेक मङ्गल-मय विधियों से युक्त होता हुआ मेरे (अर्थात् शिवजी के) मन्दिर में शुद्धता पूर्वक बैठे और आत्मा की प्राप्ति के लिए इस शुभ योग को प्राप्त करे। इस विधि से गुरु की कृपा प्राप्त करके साधक अपने पूर्व शरीर को त्याग कर दिव्य शरीर को प्राप्त करता हुआ योग को ग्रहण करे। आशय यह है कि योग-ग्रहण करने के समय साधक को गुरु की प्रसन्नता प्राप्त करनी चाहिए। इससे उसका शरीर रोगादि से रहित होकर दिव्य होजाता है ॥४८-५०॥

पद्मासनस्थितो योगी जनसंगविवर्जितः ।
विज्ञाननाडीद्वितयमङ्गुलीभ्यां निरोधयेत् ॥५१

सिद्धेस्तदाविर्भवति सुखरूपी निरञ्जनः ।
तस्मिन् परिश्रमः कार्यो येन सिद्धो भवेखलु ॥५२

योगी को लोगों का संग छोड़ कर एकान्त स्थान में पद्मासन लगाकर बैठना चाहिये और दोनों विज्ञान नाड़ियों (इडा और पिंगला) को अँगुलियों से रोकना चाहिए। अर्थात् पद्मासन लगा कर प्राणायाक का अभ्यास करना चाहिए, जिससे कि इडा-पिंगला नाड़ियों की सिद्धि हो सके। इस विधि के द्वारा साधक

के हृदय में सुख-स्वरूप निरंजन चैतन्य आत्म-प्रकार का भान होने लगता है। परन्तु योग की सिद्धि में परिश्रम करने से ही उपलब्धि सम्भव होती है ॥५१-५२॥

यः करोति सदाभ्यास तस्य सिद्धिर्न दूरतः ।
वायुसिद्धिभवेतस्य क्रमादेव न संशयः ॥५३

सकृद्यः कुरुते योगी पापौघं नाशयेद्ध्रुवम् ।
तस्य स्यान्मध्यमे वायोः प्रवेशो नात्र संशयः ॥५४

जो पुरुष इसका अभ्यास सदा करता रहता है, उसे सब प्रकार की सिद्धि प्राप्त होकर क्रमपूर्वक वायु की सिद्धि भी स्वतः प्राप्त होजाती है इसमें संशय नहीं है। जो योगी इस अभ्यास को नित्यप्रति एक बार भी करता है तो उसके सभी पापों का अवश्य ही नाश पोजाताहै। फिर इसमें भी सन्देह नहीं रहता कि उसका प्राणवायु सुषुम्ना नाड़ी में प्रविष्ट हो जाता है ॥५३-५४॥

एतदभ्यासशीलो यः स योगो देवपूजितः ।
अणिमादिगुणान् लब्ध्वा विचरेद्भवनत्रये ॥५५

यो यथास्यानिलाभ्यासात्तद्भवेत्तस्य विग्रहः ।
तिष्ठदात्मनि मेधावी संयुतः क्रीडते भृशम् ॥५६

जो योगी इस प्रकार से निरन्तर अभ्यासशील रहता है, वह देवताओं द्वारा पूजिता होता है और अणिमादि सिद्धियों को उपलब्ध करके वह तीनों लोकों में विचरण करने की सामर्थ्य प्राप्त कर लेता है। जो साधक जिस प्रकार से प्राणवायु को संयमित करने का अभ्यास करता है, उसे प्रकार की शरीर-सिद्धि प्राप्त होती है और वह मेधानी पुरुष आत्मा में स्थिर होकर सदैव दिव्य क्रीधा में निमग्न रहता है ॥५५-२६॥

एतद्योगं परं गोप्यं न देयं यस्य कस्यचित् ।
सप्रमाणः समायुक्तस्तमेव कथ्यतेः ध्रुवम् ॥५७॥

इस प्रकार का यह योग परम गोपनीय है, इसे हर किसी व्यक्ति को अर्थात् अनधिकारी को कभी नहीं बताना चाहिए, यदि साधक उपर्युक्त लक्षणों वाला सिद्ध होता होतो उसे अवश्य दे। आशय यह है कि विद्वान् गुरु यह योग विद्या उसी शिष्यको दे जो श्रेष्ठ आचरण वाला और लगनशील हो, क्योंकि विद्या में रुचि रखने वाला और उसके अनुसार चलने वाला साधक हो विद्या-प्राप्ति का अधिकारी होता है। जो योगविद्या में अश्रद्धा न रखने वाला जान पड़े या चंचल चित्त का हो उसे इसकी शिक्षा न दे ॥५७॥

योगी पद्मासने तिष्ठेत् कण्ठकूपे यदा स्मरन् ।
जिह्वां कृत्वा तालुमूले क्षुत्पिपासा निवर्तते ॥५८॥
कण्ठकूपादधःस्थाने कूर्मनाड्यस्ति शोभना ।
तस्मिन् योगी मनो दत्वा चित्तस्तैर्यं लभेद्भृशम्॥५९॥

जब पद्मासन में अवस्थित हुआ योगी कण्ठकूप के स्मरण में चित्त का लय करके जीभ को तालुमूल में लगा लेता है, तब वह भूख-प्यास से रहित होजाता है। कण्ठकूप के नीचे के स्थान में जो कण्ठ नाड़ी सुशोभित है, योगी उस नाड़ी में अपने चित्त को स्थित कर ले तो उससे उसे चित्त दृढ़ता प्राप्त हो जायगी। तात्पर्य यह है कि कूर्म नाड़ी में चित्त स्थिर करने से उसकी चंचलता नष्ट होजाती है ॥५८-५९॥

शिरः कपाले रुद्राक्ष विवरं चिन्तयेद्यदा ।
तदा ज्योतिःप्रकाशः स्याद्विद्युत्पुञ्जसमप्रभः ॥६०॥

एतच्चिन्तनमात्रेण पापानां संक्षयो भवेत् ।
दुराचारोऽपि पुरुषो लभते परमं पदम् ॥६०

मनुष्य के शिर और कपाल में रुद्राक्ष विवर होता है, उसमें यदि चिन्तन करता है तो उसे विद्युत् की राशि के समान आत्म ज्योति का प्रकाश दिखाई देता है। वह योगी उस आत्मज्योति का चिन्तन करे तो उसके सभी पाप नष्ठ हो जाते हैं। यदि वह साधक दुराचार में भी लिप्त रहा हो तो भी उसे परमगति की प्राप्ति होती है। तात्पर्य यह है कि ऐसे साधक के सभी पाप दूर होजाते हैं और वह मोक्ष को प्राप्त करने में समर्थ हो जाता है ॥६०-६१॥

अहर्निश यदा चिन्तां तत्करोति विचक्षण: ।
सिद्धानां दर्शनं तस्य भाषण च भवेद्ध्रुवम् ॥६२
तिष्ठन् गच्छन् स्वपन् भुञ्जन् ध्यायेच्छून्यमहर्निशम् ।
तदाकाशमयो योगी चिदाकाशे विलीयते ॥६३

जो साधक दिन-रात इस प्रकार से आत्म-चिन्तन में लगे रहते हैं उन्हें सिद्ध पुरुषों के दर्शन और वार्तालाप का लाभ प्राप्त होता है, यह निश्चय ही सत्य है। इस प्रकार जो पुरुष बैठते, चलते, सोते, भोजन करते आदि सभी समय या निरन्तर दिन-रात आत्म-ध्यान में तत्पर रहते हैं वे आकाशमय होकर चिदाकाश में लय होजाते है। अर्थात् हृदयाकाश में आत्मदर्शन करते हुए आत्ममय होजाते और परमात्म में लय को प्राप्त होते हैं ॥६२-६३॥

एतज्ज्ञानं सदा काय योगिना सिद्धिमिच्छता ।
निरन्तरकृताभ्यासान्मम तुल्यो भवेद्ध्रुवम् ।
एतज्ज्ञानबलाद्योगी सर्वेषां वल्लभो भवेत् ॥६४

जो साधक सिद्धि प्राप्त करने की इच्छा रखता हो, उसे इस प्रकार से आत्म-ध्यान करने का निरन्तर अभ्यास हो जाता है और इस ज्ञान के प्रभाव से वह सभी जीवों की प्रियता प्राप्त करता है। आशय यह है कि आत्मध्यान में तत्पर पुरुष का विरोधी कोई नहीं रहता। सभी उससे प्रेम करते हैं। इस विधि-विधान का ज्ञान रखने वाला साधक, अपने उस ज्ञान के बल से ही सब लोकों में, सभी का प्रिय होजाता हैं। उससे द्वेष कोई भी नहीं करता ॥६४॥

सर्वान् भूतान् जयं कृत्वा निराशीरपरिग्रहः ।
नासाग्रे दृश्यते येन पद्मासनगतेन वै ।
मनसो मरणं तस्य खेचरत्वं प्रसिद्धयति ॥६५
ज्योतिः पश्यति योगीन्द्रः शुः शुद्धाचलोपमम् ।
तत्राभ्यासबलेनैव स्वयं तद्रक्षको भवेत् ॥६६

वह योगी सभी भूतों पर विजय प्राप्त करके भूख-प्यास और परिग्रह आदि की इच्छा से मुक्त होकर पद्मासन लगाकर बैठता हुआ नासिका के अग्रभाग में दृष्टि को स्थिर कर लेता है, उसका मन दृढ़ होताजा और खेचरत्व अर्थात् आकाश गमन की सामर्थ्य प्राप्त होजाती है। इस प्रकार जो योगिन्द्र शुद्ध चित्त से उस शुद्ध और अचल के समान परमज्योति के दर्शन कर लेता है, तब योगाभ्यास के बल से स्वयं ही उसका रक्षक होता है। तात्पर्य यह है कि ज्योति दर्शन कर लेने पर उसका अभ्यास इतना दृढ़ होजाता है कि वह स्वयं ही उस अभ्यास को नहीं छोड़ता और इस प्रकार अभ्यास की भी रक्षा होती रहती है ॥६५-६६॥

उत्तानशयने भूमौ सुप्त्वा ध्यायन्निरन्तरम् ।
सद्यः श्रमविनाशाय स्वयं योगी विचक्षणः ॥६७॥
शिरः पश्चात्तु भागस्य ध्याने मृत्युञ्जयो भवेत् ।
भ्रूमध्ये दृष्टिमात्रेण ह्यपरः परिकीर्तितः ॥६८॥

बुद्धिमान योगी भूमि में उत्तान शयन करे अर्थात् सीधा लेट कर निरन्तर ध्यान में तल्लीन रहे तो उसका श्रम (थकान) तुरन्त ही नष्ट होजाता है। जो साधक शिर के पृष्टभाग का ध्यान करता है, वह मृत्यु का जीतने वाला होजाता है। यह सभी फल भौंहों के मध्य में दृष्टि के स्थिर करने मात्र का है, इसके विषय में हम पहले ही कह चुके हैं ॥६७-६८॥

चतुर्विधस्य चान्नस्य रसस्त्रेधा विभज्यते ।
तत्र सारतमो लिंगदेहस्य परिपोषकः ॥६ ॥
सप्तधातुमयं पिण्डमेति पृष्णाति मध्यगः ।
याति विण्मूत्ररूपेण तृतीयः सप्तमो बहिः ॥७०॥

चार प्रकार का अन्न सेवन करने से तीन प्रकार के रस की उत्पत्ति होती है। उसमें जो सारभूत रस है वह लिंग-शरीर को परिपुष्ट करता है। दूसरा रस सप्तधातुमय पिण्ड को पुष्ट करता है तथा तीसरा रस सप्तधातु से बाहर (अर्थात् भिन्न) मल-मूत्र स्वरूप होता है ॥६९-७०॥

आद्यभागं द्वयं नाड्यः प्रोक्तास्ताः सकला अपि ।
पोषयन्ति वपुर्वायुमापादतलमस्तकम् ॥७१॥
नाडीभिराभिः सर्वाभिर्वायुः सञ्चरते यदा ।
तदैवान्नरसो देहे साम्येनेह प्रवर्तते ॥७२॥

पहले जो रस दो बताये हैं, वही समस्त नाड़ीरूप होते हैं तथा वे ही पाँव से मस्तक पर्यन्त शरीरस्थ वायु के पोषण में लगे रहते हैं। वायु जब सभी नाड़ियों के साथ संचार करता है, तब उसके प्रभाव से अन्न का रस समान भाव से समूचे शरीर में प्रवर्त्त होता है। अर्थात् शरीरस्थ वायु रस रूप हुए अन्न के द्वारा सम्पूर्ण अंगों को पुष्ठ करता रहता है ।।७१-७२।।

चतुर्दशानां तत्रेह व्यापारे मुख्यभागतः ।
ता अनुग्रत्वहीनाश्च प्राणसञ्चारनाडिकाः ।।७३।।

सभी नाड़ियों में जो चौदह नाड़ियाँ (प्रमुख) हैं, वही शरीर के मुख्य अंगों में व्यापार करती हैं अर्थात् शरीर के सभी व्यापार को चलाती हैं। प्राण-संचार करने वाली इन नाड़ियों में सभी समान हैं, किसी को किसी से कम नहीं समझना चाहिए ।।७३।।

गुदाद्व्यङ्गुलतश्चोर्ध्व मेढ्रैकाङ्गुलतस्त्वधः ।
एवं चास्ति समं कन्दं समता चतुरङ्गुलम् ।।७४।।
पश्चिमाभिमुखी योनिगुदमेढ्रान्तरालगा ।
तत्र कन्दं समाख्यातं तत्रास्ति कुण्डली सदा ।।७५।।
संवेष्ट्य सकला नाडीः सार्द्धत्रिकुटिलाकृतिः ।
मुखे निवेश्य सा पुच्छं सुषुम्णाविवरे स्थिता ।।७६।।

गुदा से दो अँगुल ऊपर और मेढ़् से एक अँगुल नीचे चार अँगुल प्रमाण का एक कन्द है। गुदा और मेढ़् के मध्य में स्थित योनि पश्चिमाभिमुखी अर्थात् पीछे की ओर मुख वाली है। वहीं वह कन्द विद्यमान है, उसी स्थान में कुण्डलिनी शक्ति का सदा निवास रहता है। यह कुण्डलिनी सभी नाड़ियों को आवृत्त करके साढ़े तीन कुण्डल मार कर कुटिलाकृति किये हुए तथा मुख में पूँछ को धारण किये हुए सुषुम्ना विवर में रहती है ।।७४-७६।।

सुप्ता नागोपमा ह्येषा स्फुरन्ती प्रभया स्वया।
अहिवन् सन्धिसंस्थाना वाग्गेवी बीजसंज्ञिका ॥७७
ज्ञेया शक्तिरियं विष्णोर्निर्मला स्वर्णभास्वरा।
सत्त्वं रजतमश्चेति गुणत्रयप्रसूतिका ॥७८

यह कुण्डलिनी शक्ति सर्प के समान आकृति वाली सुप्तावस्था में पड़ी रहती है। यह अपने ही प्रकाश से सदा प्रकाशित रहती हुई सर्प के समान सन्धि में स्थित रहती है। वह वाग्देवी बीज संज्ञा वाली है। अर्थात् कुण्डलिनी शक्ति ही वाणी की सिद्धि देने वाली और संसार की बीज स्वरूपा है। यह कुण्डलिनी भगवान विष्णु की शक्ति ओर तपाये हुए स्वर्ण के समान निर्मल तेज से सम्पन्न है तथा यह सत्व, रज, तम इन तीनों गुणों को उत्पन्न करने वाली है। अर्थात् कुण्डलिनी शक्ति से ही तीनों गुणों की उत्पत्ति होती है ॥७७-७८॥

तत्र बन्धूकपुष्पाभं कामबीजं प्रकीर्तितम्।
कलहेमसमं योगे प्रयुक्ताक्षररूपिणम् ॥७९
सुषुम्णापि च संश्लिष्टो बीजं तत्र वरं स्थितम्।
शरच्चन्द्रनिभं तेजस्स्वयमेतत्स्फुरत्थितम्।
सूर्यकोटिप्रतीकाशं चन्द्रकोटिसुशीतलम् ॥८०

कुण्डलिनी के स्थान में ही बन्दूक पुष्प के समान लालवर्ण की आभी वाला कामबीज स्थित बताया जाता है। वह तपाये हुए स्वर्ण के समान उज्ज्वल और प्रयुक्त अक्षर स्वरूप है। जहाँ कुण्डलिनी शक्ति का निवास है, वहीं कामबीज के साथ सुषुम्ना स्थित रहती है। वह कामबीज शरद के चन्द्रमा के समान तेजस्विता से सतन्विता हुआ तथा करोड़ चन्द्रमाओं के समान शीतल रहता है ॥७९-८०॥

एतत्रयं मिलित्वैव देवी त्रिपुरभैरवी।
बीजसंज्ञ परं तेजस्तदेव परिकीर्तितम् ॥८१

क्रियाविज्ञानशक्तिभ्यां युतं यत्परितो भ्रमत्।
उत्तिष्ठद्विशतस्त्वम्भः सूक्ष्मं शोणशिखायुतम्।
योनिस्थं तत्परं तेजः स्वयम्भूलिंगसंज्ञितम् ॥८२

यह तीनों अर्थात् कुण्डलिनी कामबीज और सुषुम्ना मिल कर ही देवी त्रिपुर भैरवी नाम धारण कर लेते हैं। बीज संज्ञक वह देवी अत्यन्त तेजोमयी कहलाती है वही बीज क्रियाशक्ति और ज्ञानशक्ति से समन्वित होकर शरीर में विचरण करता रहता है। वह कभी ऊपर की ओर जाता है, कभी जल में प्रविष्ट होता है और कभी सूक्ष्म होजाता है तथा प्रज्वलित अग्नि के समान शिखा से युक्त परम तेजोमय बिन्दु रूप से योनिस्थान में स्वयंभू लिंग संज्ञा धारथ किये रहता है ॥८१-८२॥

आधारपद्ममेतद्धि योनिर्यस्यास्ति कन्दतः।
परिस्फुरत् वादिसान्तचतुर्वर्णं चतुर्दलम् ॥८३

कुलाभिधं सुवर्णाभं स्वयम्भूलिङ्गसंगतम्।
द्विरण्डो यत्र सिद्धोऽस्ति डाकिनी यत्र देवता ॥८४

यह ऊपर कहा गया आधार पद्म संज्ञक है। पद्म के मूल में योनि स्थित है। यह अत्यन्त प्रकाशमान पद्म अपने चार दलों से व' से 'स' तक के वर्णों से सुशोभित रहता है। अर्थात् इस पद्म के चार दल होते हैं, उन दलों में व,श,ष,स यह चारों अक्षर रहते हैं (इस पद्म को मूलाधार चक्र कहते हैं। वह पद्म कुलाभिध अर्थात् कुल संज्ञक कहलाता है। (कुल का अर्थ स्थान भी है, इसलिए यहाँ इसका आशय कुण्डलिनी का स्थान भी हो

सकता है। उसकी स्वर्ण के समान कान्ति होती है। वह स्वयंभू लिंग में समन्वित है। उसमें द्विरण्ड संज्ञक सिद्ध का निवास तथा अधिष्टातृ देवता डाकिनी है ॥८३-८४॥

तत्पद्ममध्यगा योनिस्तत्र कुण्डलिनो स्थिता ।

तस्य ऊर्ध्वे स्फुरत्तेजः कामबीजं भ्रमन्मतम् ॥८५॥

यः करोति सदा ध्यानं मूलाधारे विचक्षणः ।

तस्य स्याद्दादुरी सिद्धिभूमित्यागक्रमेण वै ॥८६॥

उस कमल के मध्य में जो योनि है, उसमें कुण्डलिनी स्थित रहती है, जिसके ऊपर दीप्तिवन्त तेज के समान कामबीज भ्रमण करता रहता है। जो विद्वान् साधक इस मूलाधार पद्म अर्थात् चक्र के ध्यान में तत्पर रहते हैं, उनको दादुरी वृत्ति सिद्ध हो जाती है अर्थात् वे मेंढक जैसी चेष्टा करने लगता है और जैसे मेंढक उछलता और फिर धरती पर आजाता है, वैसे ही साधक भी पहले भूमि से उठता और पुनः धरती पर आजाता है, तत्पश्चात् इसी प्रकार के क्रम से अन्त में धरती से उठकर आकाश गमन में समर्थ होजाता है ॥८५-८६॥

वपुषः कान्तिरुत्कृष्टा जठराग्निविवर्धनम् ।

आरोग्यं च पटुत्वं च सर्वज्ञत्वं च जायते ॥८७॥

भूतं भव्यं भविष्यच्च वेत्ति सर्वं सकारणम् ।

अश्रुतान्यपि शस्त्राणि सरहस्यं वदेद् ध्रुवम् ॥८८॥

इस मूलाधार कमले के ध्यान से शरीर की कान्ति उत्कृष्ट होजाती और जठराग्नि प्रदीप्त होती है। शरीर में कोई रोग नहीं रहता तथा कार्य दक्षता और सर्वज्ञत्व की प्राप्ति होजाती है अर्थात् साधक को सभी देखी-अनदेखी वस्तुओं का ज्ञान स्वतः ही हो जाता है। भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों काल कातथा

कारण सहित सब पदार्थों का ज्ञान होजाता है। जो शास्त्र कभी नहीं सुना उसकी व्याख्या रहस्य सहित और सांगोपांग करने में समर्थ होता है ॥८७-८८॥

वक्त्रे सरस्वती देवी सदा नृत्यति निर्भरम् ।
मन्त्रसिद्धिर्भवेत्तस्य जपादेव न संशयः ॥८९॥
जरामरणदुःखौघा·नाशयति गुरौर्वचः ।
इदं ध्यानं सदा कार्यं पवनाभ्यासिना परम् ।
ध्यानमात्रेण योगीन्द्रो मुच्यते सर्वकिल्बिषात् ॥९०॥

उस साधक के मुख में सरस्वती देवी का सदा निवास रहता है और जप करने मात्र से मन्त्र की सिद्धि हो जाती है, इसमें सन्देह नहीं करना चाहिए। जरा, मरण, दुःख, रोग आदि सभी व्याधियों का गुरु के वचनों से नाश हो जाता है। प्राणवायु के अभ्यासी पुरुष को इस परम ध्यान में सदा तत्पर रहना चाहिए। क्योंकि इसके मात्र से ही योगीन्द्र के सभी पाप दूर हो जाते हैं ॥८९-९०॥

मूलपद्मं यदा ध्यायेत् योगी स्वयम्भुलिङ्गकम्।
तदा तत्क्षणमात्रेण पापौघं नाशयेद् ध्रुवम् ॥९१॥
यं यं कामयते चित्ते तं तं फलमवाप्नुयात् ।
निरन्तरकृताभ्यासात्तं पश्यति विमुक्तिदम् ॥९२॥

जब योगी उक्त मूलाधार कमल रूप स्वयंभूलिंग का ध्यान करता है, तभी उसके सभी पाप क्षणमात्र में निश्चय ही नष्ट हो जाते हैं। योगी पुरुष इस कमल का ध्यान करते हुए जिस-जिस पदार्थ की कामना करते हैं, उसी-उसी को फल रूप में प्राप्त कर

लेते है। जो सदैव इसके अभ्यास में लगे रहते हैं, वे अवश्य ही मुक्ति के देने वाले आत्मा का दर्शन करते हैं ॥९१-९२॥

बहिरभ्यन्तरे श्रेष्ठं पूजनीय प्रयत्नतः।
ततः श्रेष्ठतमं ह्येतन्नान्यदस्ति मतं मम ॥९३

आत्मसंस्थं शिवं त्यक्त्वा बहिःस्थं यः समर्चयेत्।
हस्तस्थं पिण्डमुत्सृज्य भ्रमते जीविताशया ॥९४

वह आत्मा ही (परमात्मा रूप से) बाहर और भीतर (सर्वत्र) प्रयत्न पूर्वक पूजन के योग्य है, मेरे मत में यह योग सर्वश्रेष्ठ है, इसके समान कोई अन्य योग है ही नहीं। अपने देह में स्थित 'शिव' रूप आत्मा को त्याग कर बाहर अवस्थित देवता का पूजन करना उसी प्रकार है, जिस प्रकार कि हाथ के पिण्ड को छोड़ कर जीव अन्य पिण्ड की प्राप्ति के लिए भ्रमण करते हैं ॥९३-९४॥

आत्मलिंगार्च्चनं कुर्यादनालस्यं दिने दिने।
तस्य स्यात्सकला सिद्धिर्नात्र कार्या विचारणा ॥९५

निरन्तरकृताभ्यासात्षण्मासे सिद्धिमाप्नुयात्।
तस्य वायुप्रवेशोऽपि सुषुम्णायां भवेद्ध्रुवम् ॥९५

मनोजयं च लभते वायुबिन्दुविधारणाम्।
ऐहिकामुष्मिकी सिद्धिर्भवेन्नैवात्र संशयः ॥९७

जो साधक निरालस्य होकर नित्य प्रति देह में स्थित आत्मा का पूजन किया करता है, उसके लिए सभी सिद्धियों की उपलब्धि सहज ही होजाती है। इसमें विचार करने की कोई बात नहीं है। यदि निरन्तर छः मास तक अभ्यास कर ले तो उसे ऐसी सिद्धि प्राप्त होती है कि उसका प्राणवायु निश्चय ही

सुषुम्ना में प्रवेश कर लेता है और उसके फल स्वरूप मन पर विजय प्राप्त होती है तथा वह योगी वायु और विन्दु के धारण में समर्थ होजाता है। साथ ही इहलोक की भी सिद्धि हो जाती है, इसमें कुछ संशय नहीं है। अभिप्राय यह है कि आत्मा का पूजन करने वाला साधक अपने इहलोक-परलोक दोनों को ही बना लेता है। इस लोक रह कर सभी सुखों का उपभोग करता है और मरणोपरान्त मोक्ष को प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार उसे दोनों लोकों की सिद्धि प्राप्त होजाती है ॥९५-९७॥

द्वितीयन्तु सरोजं च लिङ्गमूले व्यवस्थितम् ।
बादि लान्तं च षड्वर्णं परिभास्वरषड्दलम् ॥९८

स्वाधिष्ठानाभिधं तत्तु पंकजं शोणरूपकम् ।
बाणाख्यो यत्र सिद्धोऽस्ति देवो यत्रास्ति राकिणी ॥९९

दूसरा कमल लिंगमूल अर्थात् मेढ़ में स्थित है। वह छः दलों से युक्त है, जिन पर 'ल' तक अन्त होने वाले छः वर्ण सुशोभित हैं। यह स्वाधिष्ठान नामक कमल रक्त वर्ण का है। इसके स्थान में बाण संज्ञक सिद्ध और राकिनी नाम अधिष्ठातृ देवी प्रतिष्ठित रहती है। इस पद्म का देवता ब्रह्मा है ॥९८-९९॥

यो ध्यायति सदा दिव्यं स्वाधिष्ठानारविन्दकम् ।
तस्य कामाङ्गनाः सर्वा भजन्ते काममोहिताः ॥१००

विविधं चाश्रुतं शास्त्रं निःशंको वै वदेद्ध्रुवम् ।
सर्वरोगविनिर्मुक्तो लोके चरति निर्भयः ॥१०१

जो साधक इस स्वाधिष्ठान नामक कमल का सदा ध्यान किया करते हैं, उनके रूप पर मोहित हुई कामरूपिणी स्त्रियां सदा भजती रहती हैं अर्थात् काम से विमोहित हुई स्त्रियाँ सदा उनके आगे-पीछे खड़ी रहती हैं। उस साधक ने जिन शास्त्रों को

कभी भी न सुना हो, तो भी वह उनका निःशंक होकर व्याख्यान करने में अवश्य ही समर्थ होता। उसके शरीर में कैसा भी रोग हो, उससे छुटकारा होकर आरोग्य की प्राप्ति होती है और वह संसार में भय-रहित रूप से विचरण करता है ॥१००-१०१॥

मरणं खाद्यते तेन स केनापि न खाद्यते ।
तस्य स्यात्परमा सिद्धिरणिमादिगुणप्रदा ॥१०२॥
वायुः सञ्चरते देहे रसवृद्धिर्भवेद्ध्रुवम् ।
आकाशपङ्कजगलत्पीयूषमपि वर्द्धते ॥१०३॥

यह साधन साधक की मृत्यु को भी नष्ट करने में समर्थ है, क्योंकि उसे कोई किसी भी प्रकार से नहीं मार सकता। उसे गुण प्रदान करने वाली अणिमादि सिद्धियों की प्राप्ति होती है। और सम्पूर्ण शरीर में वायु का संचार स्वाभाविक रूप से होता है, जिससे कि रस की वृद्धि होती है। आशय यह है कि प्राणवायु सुषुम्ना में प्रविष्ट होता है और सहस्रार से जिस पीयूष का स्राव होता है, उसकी भी वृद्धि होती ॥१०२-१०३॥

तृतीयं पङ्कजं नाभौ मणिपूरकसंज्ञकम् ।
दशारण्डादिफान्तार्ण शोभित हेमवर्णकम् ॥१०४॥
रुद्राख्यो यत्र सिद्धोऽस्ति सर्वमङ्गलदायकः ।
तत्रस्था लाकिनी नाम्नी देवी परमधार्मिका ॥१०५॥

तीसरा कमल मणिपूर कहलाता है इसकी स्थिति नाभि में है। वह स्वर्ण के समान वर्ण माला, दश दलों से सुशोभित रहता है। वह 'ड' से 'फ' तक के अक्षरों से युक्त है अर्थात् ड, ढ, ण, त, थ, द, ध, न. प, फ यह अक्षर उसके दलों पर अंकित रहते

हैं। वही सर्व मंगल प्रदान करने वाले रुद्र संज्ञक सिद्ध और परम धार्मिका लाकिनी नाम की अधिष्ठात्री देवी विराजमान रहती है। (इस चक्र के देवता भगवान् विष्णु माने जाते हैं) ॥१०४-१०५॥

तस्मिन् ध्यानं सदा योगी करोति मणिपूरके ।
तस्य पाताल सिद्धिः स्यान्निरन्तरसुखावहा ॥१०६॥
ईप्सितं च भवेल्लोके दुःखरोगविनाशनम् ।
कालस्य वञ्चनं चापि परदेहप्रवेशनम् ॥१०७॥
जाम्बूनदादिकरणं सिद्धिनां दर्शनं भवेत् ।
औषधीदर्शनं चापि निधीनां दर्शनं भवेत् ॥१०८॥

इस मणिपूर संज्ञक कमल का जो योगी सदैव ध्यान करते हैं, वे सभी सिद्धियों के देने वाली पाताल नाम की सिद्धि को प्राप्त होते हुए निरन्तर सुखी रहते है। उनके सभी इच्छितों की पूर्ति होती तथा रोगादि दुःखों का विनाश होता है। वह काल के उल्लंघन में भो समर्थ होता तथा परकाया प्रवेश भी कर सकता है। इसके द्वारा साधक स्वर्ण आदि बनाने में सिद्ध हस्त होजाता है। उसे सिद्धों का दर्शन और औषधियों का दर्शन अर्थात् दिखाई न देने वाली जड़ी-बूटियाँ या संजीवन बूटी आदि दिखाई देने लगती है और निधि-दर्शन अर्थात् भूमि में गढ़ा हुआ या छिपा हुआ धन भी दिखाई देने लगता है। १०६-१०८॥

हृदयेऽनाहतं नामचतुर्थं पङ्कजं भवेत् ।
कादिठान्तार्णसंस्थानं द्वादशारसमन्वितम् ।
अतिशोणं वायुबीजं प्रसादस्थानमीरितम् ॥१०९॥
पद्मस्थं तत्परं तेजो बाणलिङ्गं प्रकीर्तितम् ।
यस्य स्मरणमात्रेण दृष्टादृष्टफलं लभेत् ॥११०॥

हृदय स्थान में अनाहत नामक चौथा कमल स्थिर है, वह 'क' से 'ठ' तक अर्थात् क, ख ग, घ, ङ, च, छ, ज. झ, ञ, ट, ठ, इन बारह अक्षरों से सुशोभित बारह दल का होता है। वह अत्यन्त लाल वर्ण का वायुबीज तथा प्रसन्नता स्थान है। उस कमल में जो परम तेज है, उसे बाणलिंग कहते हैं, जिसके स्मरण मात्र से साधक को दृष्ट-अदृष्ट फल की प्राप्ति होती है अर्थात् उसे लोक-परलोक का सुख मिलता है ॥१०९-११०॥

सिद्धिः पिनाकी यत्रास्ते काकिनी यत्र देवता ।

एतस्मिन् सततं ध्यानं हृत्पाथोजे करोति यः ।

क्षुभ्यन्ते तस्य कान्ता वै कामार्ता दिव्ययोषितः ॥१११

ज्ञानं चाप्रतिमं तस्य त्रिकालविषयं भवेत् ।

दूर श्रुतिर्दूरदृष्टिः स्वेच्छया खगतां व्रजेत् ॥११२

जिस कमल में पिनाकी (शिव सिद्ध हैं और अधिष्ठात्री देवी काकिनी है, उस हृत्पद्म में जो साधक सदा ध्यान किया करता है, उसके पास सुन्दरी स्त्रियाँ और देवांगनाएँ भी कामार्त्त हो कर आती हैं। वह साधन अपूर्व ज्ञान के उत्पन्न होने से त्रिकाल दर्शी हो जाता है। उसे दूर श्रुति अर्थात् सुदूर के शब्द सुनने और दूर दृष्टि अर्थात् दूरस्थ सूक्ष्म पदार्थों के देखने की शक्ति प्राप्त हो जाती है तथा वह स्वेच्छापूर्वक आकाश-गमन में समर्थ होता है अर्थात् आकाश में चाहे जब, चाहे जहाँ उड़ सकता है ॥१११-११२॥

सिद्धानां दर्शनं चापि योगिनी दर्शनं तथा ।

भवेत् खेचरसिद्धिश्च खेचराणां जयं तथा ॥११३

यो ध्यायति परं नित्यं बाणलिङ्गं द्वितीयकम् ।

खेचरी भूचरी सिद्धिर्भवेत्तस्य न संशयः ॥११४

एतद्ध्यानस्य महात्म्यं कथितुं नैव शक्यते ।।
ब्रह्माद्याः सकलादेवा गोपयन्ति परन्त्विदम् ।।११५

उसे सिद्धों के और योगिनी के दर्शन होते हैं और खेचरी मुद्रा सिद्ध होकर आकाश-स्थित जीव भी वश में हो जाते हैं। जो योगी इस परम अविनाशी द्वितीय वाणलिंग का ध्यान करता है, उसे सिद्धगणों का और योगिनी का दर्शन होता है तथा खेचरी मुद्रा और भूचरी मुद्रा सिद्ध हो जाती है, इसमें संशय नहीं। इस पद्म के ध्यान का माहात्म्य वर्णन करने में कोई भी समर्थ नहीं है, क्योंकि ब्रह्मादि सभी देवता इसे अत्यन्त गुप्त रखते हैं। अर्थात् किसी को भी नहीं बताते ।।११३-११५।।

कण्ठस्थानस्थितं पद्मं विशुद्ध नाम पञ्चमम् ।
सुहेमाभं स्वरोपेतं षोडशस्वरसंयुतम् ।
छगलाण्डोऽस्ति सिद्धोऽत्र शाकिनी चाधिदेवता ।।११६

कण्ठ स्थान में विशुद्ध संज्ञक पाँचवाँ कमल है, जो कि स्वर्ण जैसी आभा वाला, तेजस्वी और सोलह स्वरों (नक्षरों) से सम्पन्न है। अर्थात् इसमें सोलह दल हैं उन पर 'अ' 'अः' तक के स्वर सुशोभित हैं, यथा अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, लृ, लॄ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः। इस स्थान में छगलाण्ड सिद्ध, अधिष्ठात्री शाकिनी देवी सदा रहती हैं ।।११६।।

ध्यानं करोति यो नित्यं स योगीश्वरपण्डितः ।
किन्वस्य योगिनोऽन्यत्र विशुद्धाख्ये सरोरुहे ।।
चतुर्वेदा विभासन्ते सरहस्या निधेरिव ।।११७
इह स्थाने स्थितो योगी यदा क्रोधवशो भवेत् ।
तदा समस्तं त्रैलोक्यं कम्पते नात्र संशयः ।।११८

जो इस (विशुद्ध चक्र) का ध्यान नित्य नियमपूर्वक करते है, वे योगीश्वर पण्डित हो जाते हैं। इस विशुद्ध नामक कमल में ध्यान करने से रहस्य सहित चारों वेदों की उपलब्धि उसी प्रकार होती है, जिस प्रकार कि किसी को धन से परिपूर्ण खजाने की प्राप्ति हो जाय। जब योगी का मन और प्राण इस विशुद्ध पद्म में स्थित हो, तब यदि उसे किसी प्रकार से क्रोध हो जाय तो उसके प्रभाव से सम्पूर्ण त्रिलोकी ही कम्पायमान हो जाती है, इसमें संशय नहीं है ॥११७-११८॥

इह स्थाने मनो यस्य दैवात् याति लयं यदा।
तदा बाह्यं परित्यज्य स्वान्तरे रमते ध्रुवम् ॥११९॥
तस्य न क्षतिमायाति स्वशरीरस्य शक्तितः।
सवत्सरसहस्रेऽपि वज्रातिकठिनस्य वै ॥१२०॥
यदा त्यजति तद्ध्यानं योगीन्द्रोऽवनिमण्डले।
तदा वर्षसहस्राणि मन्यते तत्क्षणं कृती ॥१२१॥

जब साधक का मत दैववशात् इस विशुद्धाख्य पद्म में लय को प्राप्त हो जाता हैं, तब वह सम्पूर्ण बाहरी विषयों का परित्याग करता हुआ प्राण के सहित शरीर के भीतर ही रमण करता हैं, इसमें सन्देह नहीं है। अपनी ही शक्ति से इतना दृढ़ हो जाता है, वह किसी प्रकार भी क्षीण नहीं हो सकता और वज्र से भी अधिक कठोरता आ जाती है और जब हजार वर्ष की समाधि के पश्चात् उस ध्यान से विरत होने पर योगी की चित्तवृत्ति संसार में लौटती है, तब उसे वह हजार वर्ष एक क्षण व्यतीत होने के समान प्रतीत होते हैं। तात्पर्य यह है कि योगी जब समाधिस्थ हो जाता है तब उसे समय का पता नहीं चलता

और सहस्र वर्ष व्यतीत होने पर भी वह समय ऐसा लगता है, जैसे कि क्षणभर व्यतीत हुआ हो ।।११९-१२१।।

आज्ञापद्मं भ्रुवोर्मध्ये हक्षोपेतं द्विपत्रकम् ।
शुक्लाभं तन्महाकालः सिद्धो देव्यत्र हाकिनी ।।१२२

भौंहों के मध्य में आज्ञा नामक कमल है, उसमें है दो दल, जिन पर 'ह' ओ 'क्ष' दो बीजाक्षर अंकित हैं। वे दोनों दल शुक्ल आभा वाले हैं। उस स्थान में महाकाल सिद्ध और हाकिनी देवी अधिष्ठात्री रूप से स्थित रहती है। इस कमल के देवता परमात्मा माने जाते हैं तथा इसे आज्ञाचक्र भी कहते हैं ।।१२२।।

शरच्चन्द्रनिभं तत्राक्षरबीज विजृम्भितम् ।
पुमान् परमहंसोऽयं यज्ज्ञात्वा नावसीदति ।।१२३
तत्र देवः परन्तेजः सर्वतन्त्रेषु मन्त्रिणः ।
चिन्तयित्वा परां सिद्धि लभते नात्र संशयः ।।१२४

उस आज्ञापद्म के मध्य में शरद के चन्द्रमा की आभा जैसा परम तेजस्वी चन्द्रबीज ('ठ' बीज) स्थित रहता है। जिसे जान लेने पर परमहंस पुरुष को कभी किसी प्रकार का अवसाद नहीं रहता। वहाँ परम तेज का जो प्रकाश है, वह सब प्रयत्नों के द्वारा भी गुप्त रखना चाहिए। इसके चिन्तन मात्र से परम सिद्धि की प्राप्ति होती है । इसमें कोई संशय नहीं है ।।१२३-१२४।।

तुरीयं त्रितयं लिङ्गं तदाहं मुक्ति दायकः ।
ध्यानमात्रेण योगीन्द्रो मत्समो भवति ध्रुवम् ।।१२५

इडा ही पिंगला ख्याता वरणासीति होच्यते ।
वाराणसी तयोर्मध्ये विश्वनाथोऽत्र भाषितः ॥१२६

उस स्थान में तुरीय तृतीय लिंग के रूप में, मैं मुक्तिदायक ही विराजमान हूँ। इसका ध्यान करने मात्र से योगीन्द्र मेरे समान ही हो जाता है, यह सत्य है। अर्थात् शिवजी ने पार्वतीजी से कहा कि वहां तुरीय तृतीय लिंग के रूप में योगी यदि मेरा ध्यान करे तो मेरे ही सायुज्य पद को प्राप्त हो जाता है। शरीर में यह जो इड़ा और पिंगला नाम की दो नाड़ियाँ हैं, उन्हें वरणा और असी भी कहते हैं। इन वरणा और असी अर्थात् वाराणसी के मध्य में विश्वनाथ स्वयं ही विराजमान रहता हूँ ॥१२५-१२६॥

एतत् क्षेत्रस्य माहात्म्यंमृषिभिस्तत्वदर्शिभिः ।
शास्त्रेषु बहुधा प्रोक्तं परं तत्वं सुभाषितम् ॥१२७
सुषुम्णा मेरुणा याता ब्रह्मरन्ध्रं यतोऽस्ति वै ।
ततश्चैषा परावृत्या तदाज्ञापद्मदक्षिणे ।
वामनासापुटं याति गंगेति परिगीयते ॥१२८

इस वाराणसी क्षेत्र के माहात्म्य का वर्णन तत्वदर्शी ऋषियों एवं अनेक शास्त्रों ने अनेक बार परमतत्व के रूप में किया है। अर्थात् ऋषियों और शास्त्रों ने वाराणसी को 'परमतत्व' ही माना है। मेरुदण्ड के द्वारा सुषुम्ना नाड़ी ब्रह्मरन्ध्र तक गई है और इडा नाड़ी सुषुम्ना के ऊपर परावृत्त होती हुई तथा आज्ञा-पद्म के दक्षिण ओर होती हुई बाँये नासापुट को चली गई है, इसे गङ्गा कहा जाता है ॥१२७-१२८॥

ब्रह्मरन्ध्रे हि यत् पद्मं सहस्रारं व्यवस्थितम् ।
तत्र कन्दे हि या योनिस्तस्यां चन्द्रो व्यवस्थितः ॥१२९

त्रिकोणारतस्तस्याः सुधा क्षरति सन्ततम् ।
इडायाममृतं तत्र समं स्रवति चन्द्रमाः ॥१३०
अमृतं वहति द्वारा धारारूपं निरन्तरम् ।
वामनासापुटं याति गंगेत्युक्ता हि योगिभिः ॥१३१

ब्रह्मरन्ध्र में सहस्रार (सहस्रदल कमल) है, जिसके कन्द में जो योनि है, उसी में चन्द्रमा विराजमान रहता है। उसी त्रिकोणाकार योनि से चन्द्रामृत का स्राव सदा होता है। वह चन्द्रमा से स्रवित अमृत धारा रूप होकर सदा इड़ा नाड़ी के द्वारा गमन करता रहता है। उस इडा नाड़ी का प्रवाह बाँए नासापुट में होने के कारण ही योगिजन इसे गङ्गा कहते हैं ॥१२९-१३१॥

आज्ञापङ्कजदक्षांसाद्वामनासापुटं गता ।
उदग्वहेति तत्रेडा गङ्गेति समुदाहृता ॥१३२
ततो द्वयमिह स्थाने वाराणस्यान्तु चिन्तयेत् ।
तदाकारा पिङ्गलापितदाज्ञाकमलोत्तरे ।
दक्षनासापुटे याति प्रोक्तास्माभिरसीति वै ॥१३३

जो इड़ा नाड़ी आज्ञापद्म के दाँये भाग से चलती हुई बाँए नासापुट को जाती है, वही उद्‌गवाहिनी गङ्गा कहलाती है। इस प्रकार इड़ा और पिंगला के मध्य स्थान को वाराणसी मान कर चिन्तन करे। इड़ा नाड़ी के समान पिंगला नाड़ी आज्ञापद्म के बाँए भाग से चलकर दाँए नासापुट को जाती है। इसलिए मैंने इस पिंगला नाड़ी का नाम असी रखा है ॥१३३२-१३३॥

मूलाधारे हि यत् पद्मं चतुष्पत्रं व्यवस्थितम् ।
तत्र कन्देऽस्ति या योनिस्तस्यां सूर्योव्यवस्थितः ॥१३४

तत् सूर्यमण्डलद्वारं विषं क्षरति सन्ततम् ।
पिंगलायां विषं तत्र समर्थयति तापनः ॥१३५

विषं तत्र वहन्ती या धारारूपं निरन्तरम् ।
दक्षनासापुटे याति कल्पितयन्तु पूर्ववत् ॥१३६

चार दल वाला जो मूलाधार पद्म है, उसके कन्द में विद्यमान योनि में सूर्य का निवास है। उस सूर्य मण्डल के द्वार से सदा विष का स्राव होता रहता है। वह विष धारा रूप होकर पिंगला नाड़ी के द्वारा तापयुक्त रूप से प्रवाहित रहता है। यह नाड़ी, जैसा कि पहले कहा जा चुका है. दाँये नासापुट में जाती है ॥१३४-१३६॥

आज्ञापङ्कजवामा स्याद्दक्षनासापुटं गता ।
उदग्वहा पिङ्गलापि पुरासीति प्रकीर्तिता ॥१३७

आज्ञापद्ममिदं प्रोक्तं यत्र देवो महेश्वरः ।
पीठत्रयं ततश्चोर्ध्वं निरुक्तं योगचिन्तकैः ॥
तद्बिन्दुनादशक्त्याख्य भालपद्मे व्यवस्थितम् ॥१३८

यह पिंगला नाड़ी आज्ञापद्म के बाँए भाग से होती हुई दांए नासापुट में गई है, इसीलिए इस नाड़ी को असी कहा जाता है। यह जो आज्ञाकमल कहा गया है इसके देवता महेश्वर हैं। योग का चिन्तन करने वाले साधक का कथन है कि इस कमल के ऊपर तीन पीठ स्थित हैं, जिन्हें नाद, बिन्दु और शक्ति कहते हैं। यह तीनों इस आज्ञा-कमल रूप भालपद्म अर्थात् भौंहों के मध्य में स्थित कमल में विराजमान हैं ॥१३७-१३८॥

यः करोति सदा ध्यानमाज्ञापद्मस्य गोपितम् ।
पूर्वजन्मकृतं कर्म वितश्येदविरोधतः ॥१३९

इह स्थितः सदा योगी ध्यानं कुर्यान्निरन्तरम् ।
सदा करोति प्रतिमां प्रतिजापमनर्थवत् ॥१४०

यक्षराक्षसगन्धर्वा अप्सरोगणकिन्नराः ।
सेवन्ते चरणौ तस्य सर्वे तस्य वशानुगाः ॥१४१

जो योगी इस गोपनीय आज्ञा कमल के ध्यान में तल्लीन रहते हैं, उनका पूर्व जन्म में किये हुए कर्म का फल निर्विघ्न रूप से नष्ट हो जाता है अर्थात् उस साधक को फिर किसी कर्मफल के भोग की अपेक्षा नहीं रहती। जो साधक इस कमल का निरन्तर ध्यान करते हैं, उनके लिए किसी प्रतिमा का पूजन या जप करना निरर्थक ही है। यक्ष, राक्षस, गन्धर्व, अप्सरा तथा किन्नरादि सभी उस सदा ध्यान में लगे रहनेवाले योगी के वशमें होकर सदा उसके चरणों की सेवा में लगे रहते हैं।१४०-१४१।

करोति रसनां योगी प्रविष्टां विपरीतगाम् ।
लम्बिकोर्ध्वेषु गर्तेषु धृत्वा ध्यानं भयापहम् ॥१४२

अस्मिन् स्थाने मनो यस्य क्षणार्धं वर्ततेऽचलम् ।
तस्य सर्वाणि पापानि संक्षयं यान्ति तत्क्षणात् ॥१४३

यानि यानीह प्रोक्तानि पञ्चपद्मे फलानि वै ।
तानि सर्वाणि सुतरामेतज्ज्ञानाद्भवन्ति हि ॥१४४

जो योगी अपनी जीभ को ऊपर की ओर लौटा कर तालु-मूल में प्रविष्ट करता हुआ मन की निश्चलता पूर्वक उस भय-नाशक आज्ञापद्म का आधे क्षण भी ध्यान करता है, उसके सभी पाप उसी क्षण नष्ट होजाते हैं। अर्थात् आज्ञाचक्र के ध्यान से सब पाप दूर होते हैं और पहले पाँच कमलों के ध्यान का जो-जो

फल कहा है, वह सम्पूर्ण फल इस एक आज्ञापद्म का ध्यान करने से ही प्राप्त होजाता है ।।१४२-१४४।।

यः करोति सदाभ्यासमाज्ञापद्मे विचक्षणः ।
वासनाया महाबन्धं तिरस्कृत्य प्रमोदते ।।१४५
प्राणप्रयाणसमये तत्पद्मं यः स्मरन्सुधीः ।
त्यजेत्प्राणं स धर्मात्मा परमात्मनि लीयते ।।१४६

जो विचक्षण साधक इस आज्ञा कमल का सदा अभ्यास किया करते हैं, वे वासना रूपी महाबन्धन का उल्लघन करके सदा आनन्द में मग्न रहते हैं। अर्थात् वासना का महाबन्ध इसके अभ्यास से निर्मूल हो जाते हैं। जो विद्वान् योगी उस आज्ञा कमल का मृत्यु के समय ध्यान करता है, वह धर्मात्मा पुरुष प्राण को छोड़ कर परमात्मा में लीन होजाता है ।।१४५-१४६।।

तिष्ठन् गच्छन् स्वपन् जाग्रत् यो ध्यानं कुरुते नरः ।
पापकर्मविकुर्वाणो नहि मज्जति किल्बिषे ।।१४७
राजयोगाधिकारी स्यादेतच्चिन्तनतो ध्रुवम् ।
योगी बन्धाद्विनिर्मुक्तः स्वीयया प्रभया स्वयम् ।।१४८
द्विदलध्यानमाहात्म्यं कथितुं नैव शक्यते ।
ब्रह्मादिदेवताश्चैव किञ्चिन्मत्तो विदन्ति ते ।।१४९

जो पुरुष बैठते, चलते, सोते, जागते उस आज्ञाचक्र के ध्यान में सदा लगा रहता है, वह यदि पापकर्म में लगा हो तो भी उन पापों से हठ कर मोक्ष को प्राप्त होता है। इस कमल का ध्यान करने वाला साधक राजयोग का अधिकारी होता है, यह अवश्य ही सत्य है। वह योगी अपनी ही प्रभा से सभी बन्धनों से स्वयं ही छूट जाता है। अर्थात् उसे मोक्ष की प्राप्ति के लिए किसी

अन्य साधन की अपेक्षा नहीं होती। इस दो दल वाले कमल के माहत्म्य का वर्णन करने में कोई भी समर्थ नहीं है। क्योंकि ब्रह्मा आदि देवगण भी इसके माहात्म्य को मुझसे ही सुन कर किंचित् ही जान पाते हैं ॥१४७-१४९॥

अत ऊर्ध्वं तालुमूले सहस्रारं सरोरुहम् ।
अस्ति यत्र सुषुम्णाया मूलं सविवरं स्थितम् ॥१५०
तालुमुले सुषुम्णास्य अधोवक्त्रा प्रवर्तते ।
मूलाधारेण योन्यन्तःसर्वनाड्यः समाश्रिताः ।
ता बीजभूतास्तत्वस्य ब्रह्ममार्गप्रदायिकाः ॥१५१

इसी आज्ञा कमल के ऊपर तालुमूल में सहस्रार अर्थात् सहस्रदल कमल सुशोभित है। वहीं ब्रह्मरन्ध्र के विवर मूल से सुषम्ना नाड़ी स्थित है। उस सुषुम्ना का मुख नीचे की ओर अर्थात् तालुमूल में विद्यमान है और मूलाधार से योनिपर्यन्त जितनी भी नाड़ी हैं वे सब इस तत्वज्ञान की बीज स्वरूपा एवं ब्रह्ममार्ग के देने वाली सुषुम्ना के आश्रय में स्थित रहती हैं ॥१५०-१५१॥

तालुस्थाने च यत्पद्मं सहस्रारं पुरोदितम् ।
तत्कन्दे योनिरेकास्ति पश्चिमाभिमुखी मता ॥१५२
तस्य मध्ये सुषुम्णाया मूलं सविबरं स्थितम् ।
ब्रह्मरन्ध्र तदेवोक्तमामूलाधारपङ्कजम् ॥१५३

तालु स्थान में जो सहस्रार पद्म कहा गया है, उसके कन्द में पश्चिम की ओर मुख वाली एक योनि है अर्थात् उस योनि का मुख पीछे की ओर है। उस योनि के मध्य मूल विवर से सुषुम्ना

नाड़ी की स्थिति है। उस विवर को ही ब्रह्मरन्ध्र कहते हैं और यही मूलाधार कमल कहलाता है ।।१५२-१५३।।

तत्रान्तरंध्रे चिच्छक्तिः सुषुम्णा कुण्डलीसदा ।।१५४

सुषुम्णायां स्थिता नाडी चित्रा स्यान्मम बल्लभे।

तस्यां मम मते कार्या ब्रह्मरन्ध्रादिकल्पना ।।१५५

सुषुम्ना नाड़ी के रन्ध्र में यह कुण्डलिनी सदा विराजमान रहती है। सुषुम्ना के भीतर स्थित यह शक्ति चित्रा नाड़ी कहलाती है। मेरे विचार में इसी चित्रा नाड़ी से ब्रह्मरन्ध्र आदि की कल्पना हुई है। अर्थात् ब्रह्मरन्ध्रादि अवयव चित्रानाड़ी के अनुसार ही कल्पित हुए ।।१५४-१५५।।

यस्याःस्मरणमात्रेण ब्रह्मज्ञत्वं प्रजायते।

पापक्षयश्च भवति न भूयः पुरुषो भवेत्। १५६

प्रवेशितं चलाङ्गुष्ठं मुखे स्वस्य निवेशयेत्।

तेनात्र न वहत्येव देहचारी समीरणः ।।१५७

इसी चित्रा नाड़ी का ध्यान करने मात्र से ब्रह्मज्ञान उत्पन्न होजाता है और सभी पापों का नाश करता हुआ योगी विश्व प्रपंच के बन्धन में नही पड़ता। दाँये हाथ के अँगूठे को मुख में घुसा कर मुख को दृढ़ता पूर्वक बन्द कर ले। ऐसा करने से शरीर में संचार करने वाला जो प्राणवायु है, वह अवश्य ही स्थिरता को प्राप्त होजाता है। तात्पर्य यह है कि दाँये हाथ के अँगूठे को मुख में डाल कर मुख बन्द करके वायुधारण करे तो वायु स्थिर होजाता है ।।१५६-१५७।।

तेन संचारचक्रेऽस्मिन्न भ्रमन्ते च सर्वदा।

तदर्थं ये प्रवर्तन्ते योगिनः प्राणधारणे ।।१५८

तत एवाखिला नाडी निरुद्धा त्वाष्टवेष्टनम् ।
इयं कुण्डलिनी शक्तौ रन्ध्रं त्यजति नान्यथा ॥१५९

इस प्रकार प्राणवायु के स्थिर होजाने पर साधक संसारचक्र में घूमते रहने से मुक्त होजाता है अर्थात् जन्म-मरण के चक्र से छूट जाता है । इसीलिए योगीजन प्राणवायु के धारण में प्रवर्त्त होते हैं । ऐसा करने से मल से परिपूर्ण सभी नाड़ियाँ खुल जाती हैं अर्थात् कामादि विकारों के कारण बन्द हुए मुख खुल जाते हैं तब कुण्डलिनी शक्ति ब्रह्मरन्ध्र को छोड़ देती है, जिससे कि आत्मा-परमात्मा का ऐक्य होजाता है ॥१५८-१५९॥

यदा पूर्णासु नाडीषु संनिरुद्धानिलास्तदा ।
बन्धत्यागेन कुण्डल्या मुखं रंध्राद्बहिर्भवेत् ।
सुषुम्णायां सदैवायं वहेत्प्राणसमीरणः ॥१६०

जब वायु के निरुद्ध होने पर सभी नाड़ियों को वह वायु पूर्ण कर लेता है, तब कुण्डलिनी शक्ति अपने बन्धन को छोड़ कर ब्रह्मरन्ध्र के मुख को भी छोड़ कर बाहर होजाती है और तब प्राणवायु का प्रवाह सुषुम्ना नाड़ी में सदा प्रवाहित होने लगता है ॥१६०॥

मूलपद्मस्थिता योनिर्वामदक्षिणकोणतः ।
इडापिङ्गलयोर्मध्ये सुषुम्णा योनिमध्यगा ॥१६१
ब्रह्मरन्ध्रन्तु तत्रैव सुषुम्णाधारमण्डले ।
यो जानाति स मुक्तः स्यात्कर्मबंधाद्विचक्षणः ॥१६२

मूलाधार कमल में विद्यमान योनि के बाँए भाग में इड़ा और दाँए भाग में पिंगला नाड़ी की स्थिति है । इन्हीं दोनों नाड़ियों के मध्य में सुषुम्ना रहती है जो योनिस्थान गामिनी है।

उस सुषुम्ना नाड़ी के आधारमण्डल के मध्य ब्रह्मरन्ध्र है। जो विद्वान् इसे जान लेता है, वह कर्मों के बन्धन से मुक्त हो जाता है ॥१६१-१६२॥

ब्रह्मरन्ध्रमुखे तासां सङ्गमः स्यादसंशयः ।
तस्मिन्स्नानेस्नातकानांमुक्तिःस्यादविरोधतः ॥१६३
गंगायमुनयोर्मध्ये वहत्येषा सरस्वती ।
तासान्तु संगमे स्नात्वा धन्यो याति परांगतिम् ॥१६४

इन तीनों (इडा, पिंगला, सुषुम्ना, नाड़ियों का ब्रह्मरन्ध्र के मुख में संगम है, यह निःसंदेह सत्य है। अर्थात् यह तीनों ही नाड़ियाँ ब्रह्मरन्ध्र के मुख में मिली हैं। इन नाड़ियों (अर्थात् नाड़ी रूपी त्रिवेणी के संगम) में जो ज्ञानी पुरुष स्नान कर लेते हैं, वे अवश्य ही श्रेष्ठ मुक्ति को प्राप्त करते हैं। गङ्गा, यमुना संज्ञक इडा, पिंगला के मध्य सरस्वती नाम की सुषुम्ना है, इन तीनों के संगम में जो स्नान करता है, उसे परमगति प्राप्ति होती है ॥१६३-१६४॥

इडा गङ्गा पूरा प्रोक्ता पिंगला चार्कपुत्रिका ।
मध्या सरस्वती प्रोक्ता तासां सगोऽतिदुर्लभः ॥१६५
सितासिते संगमे यो मनसा स्नानमाचरेत् ।
सर्वपापविनिर्मुक्तो याति ब्रह्म सनातनम् ॥१६६

इन तीनों में से इडा गङ्गा और पिंगला यमुना कही जाती है। इन दोनों के मध्य सुषुम्ना नाम की सरस्वती है। इसी त्रिवेणी संगम कहते हैं। इसका सङ्ग (अर्थात् स्नान) अत्यंत दुर्लभ है। इडा और पिंगला के संगम में जो साधक मन से स्नान करता है, वह सभी पापों से मुक्त होकर सनातन ब्रह्म को प्राप्त होता है ॥१६५-१६६॥

त्रिवेण्यां सङ्गमे यो वे पितृकर्म समाचरेत् ।

तारयित्वा पितृन्सर्वान्स याति परमां गतिम् ॥१६७

नित्य नैमित्तिक काम्यं प्रत्यहं यः समाचरेत् ।

मनसा चिंतयित्वा तु सोऽक्षयं फलमाप्नुयात् ॥१६८

इस त्रिवेणी संगम में स्नान करके जो पुरुष पितृकर्म (तर्पणादि) का अनुष्ठान करते हैं, वे इसके प्रभाव से अपने सभी पितरों को तार कर (स्वयं भी) परमगति को प्राप्त करते हैं। इसी संगम में जो पुरुष नित्य, नैमित्तिक और काम्य कर्मों का अनुष्ठान करते हुए मानसिक चिन्तन करते हैं, उन्हें अक्षय फल को उपलब्धि होती है ॥१६७-१६८॥

सकृद्यः कुरुते स्नानं स्वर्गो सौख्यं भुनक्ति सः ।

दग्ध्वा पापानशेषान्वं योगी शुद्ध मतिः स्वयम् ॥१६९

अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा ।

स्नानाचरणमात्रेण पूतो भवति नान्यथा ॥१७०

जो शुद्ध बुद्धि वाले योगसाधक इस संगम में एक बार भी स्थान कर लेते हैं, वे अपने सभी शेष पापों को भस्म करते हुए सुख-भोग को प्राप्त होते हैं अर्थात् सुखी रहते हैं। वे अपवित्र दशा में हों या पवित्र दशा में, सभी अवस्थाओं में पड़े होने पर भी इस संगम में स्नान करने मात्र से अवश्य ही पवित्र हो जाँयगे, इसमें अन्यथा नहीं समझना चाहिए ॥१६९-१७०॥

मृत्युकाले प्लुतं देहं त्रिवेण्याः सलिले यदा ।

विचिन्त्यस्यस्त्यजेत्प्राणान्स तदामोक्षमाप्नुयात् ॥१७१

नातः परतरं गुह्यं त्रिषु लोकेषु विद्यते ।
गोप्तव्यं तत्प्रयत्नेन न व्याख्येयं कदाचन ॥१७२

जो साधक मरणकाल में ऐसा ध्यान करता हैकि मेराशरीर त्रिवेणी के पवित्र जल में गोते लगा रहा है, वह उसी क्षण प्राण को त्याग कर मोक्ष प्राप्त करता है। इस तीर्थ से बढ़ कर अन्य कोई तीर्थ तीनों लोकों में नहीं है। यह अत्यन्त गुह्य होने से प्रयत्न पूर्वक भी गुप्त रखने के योग्य ही है। इसकी व्याख्याकभी नहीं करनी चाहिए। तात्पर्य यह है कि त्रिवेणी में मानसिक स्नान की यह विधि अत्यन्त गोपनीय है, इसे अधिकारी पुरुष के अतिरिक्त अन्य किसी को न बतावे ॥१७१-१७२॥

ब्रह्मरन्ध्रे मनो दत्वा क्षणार्धं यदि तिष्ठति ।
सर्वपापविनिर्मुक्तः स याति परमां गतिम् ॥१७३
अस्मिन् लीनं मनो यस्य स योगी लीयते ।
अणिमादिगुणान् भुक्त्वा स्वेच्छया पुरुषोत्तमः ॥१७४

यदि योगी ब्रह्मरन्ध्र में मन को लगा कर आधे क्षण भी स्थिर रख सके तो सभी पापों से मुक्त होकर परम गति को प्राप्त हो जायगा। क्योंकि इस ब्रह्मरन्ध्र में लीन हुए मन वाला पुरुष श्रेष्ठ योगी अणिमादि सिद्धियों को प्राप्त कर, उनके द्वारा उपलब्ध सुखों का उपभोग करता हुआ स्वेच्छापूर्वक मुझ में ही लय हो जाता है। इसका आशय यह भी है कि वह योगी भोगों की इच्छा करता हो तो भोगों को प्राप्त करेगा और यदि मोक्ष चाहेगा तो मुक्त होजायगा ॥१७३-१७४॥

एतद्रन्ध्रध्यानमात्रेण मर्त्यं
संसारेऽस्मिन् बल्लभो मे भवेत्सः ।

पापान् जित्वा मुक्तिमार्गाधिकारी
ज्ञानं दत्वा तारयत्यद्भुतं वै ॥१७५

शिवजी ने कहा कि इस ब्रह्मरन्ध्र का ध्यान करने मात्र से ससारी जीव मुझे प्रिय होजाता है तथा वह सभी पाप-समूहों को जीत कर मोक्षमार्ग का अधिकारी होता है। उसमें इतना ज्ञान उत्पन्न हो जाता है कि वह अनेक मुमुक्षुओं को ज्ञान का उपदेश देकर संसार से तार देता है ॥१७५॥

चतुर्मुखादित्रिदशैरगम्यं योगिवल्लभम् ।
प्रयत्नेन सुगोप्यं तद्ब्रह्मरन्ध्रं मयोदितम् ॥१७६
पुरो मयोक्ता या योनिः सहस्रारे सरोरुहे ।
तस्याधो वर्तते चन्द्रस्तद्ध्यानं क्रियते बुधैः ॥१७७

मैंने यह ब्रह्मरन्ध्र का जो ध्यान वताया है, यह योगियों के लिए अत्यन्त प्रिय है। इसे प्रयत्न पूर्वक भले प्रकार से गुप्त रखना चाहिए। यह मार्ग ब्रह्मादि देवगण के लिए भी सुलभ नहीं है। मैंने जो सहस्रार कमल के मध्य में योनिमण्डल कहा है, उसी के नीचे चन्द्रमा की स्थिति है। बुद्धिमान् योगी इस चन्द्रमा का सदा ध्यान किया करते हैं ॥१७६-१७७॥

यस्त स्मरणमात्रेण योगीन्द्रोऽवनिमण्डले ।
पूज्यो भवति देवानां सिद्धाना सम्मतो भवेत् ॥१७८
शिरःकपालविवरे ध्यायेद्दुग्धमहोदधिम् ।
तत्र स्थित्वा सहस्रारे पद्मे चन्द्रं विचिन्तयेत् ॥१७९

इस चन्द्रमण्डल के स्मरण मात्र से योगीन्द्र भूमण्डल में पूजनीय होजाता है। वह देवताओं और सिद्धों की समता भी प्राप्त कर लेता है। अर्थात् देवताओं-सिद्धों के समान ऐश्वर्यशाली हो

जाता है। शिर में जो कपाल विवर स्थित है, उसमें क्षीरसागर का ध्यान करे और वहीं स्थित (सहस्रदल कमल) में चन्द्रमा चिन्तन करे ॥१७८-१७९॥

शिरः कपालविवरे द्विरष्टकलया युतः।
पीयूषभानुहंसाख्यं भावयेत्तं निरञ्जनम् ॥१८०
निरन्तरकृताभ्यासात्त्रिदिनेपश्यति ध्रुवम्।
दृष्टिमात्रेण पापौघं दहत्येव स साधकः ॥१८१

शिर में स्थित उसी कपाल विवर में सोलह कलाओं से युक्त एवं अमृत-रश्मियों से सम्पन्न हंसाख्य अर्थात् हंस नामक निरंजन आत्मा का चिन्तन करे। इस प्रकार तीन दिन तक निरन्तर अभ्यास करने से निश्चय ही निरन्जन आत्मा का दर्शन होता है और दर्शन मात्र से ही साधक के सभी पाप भस्म हो जाते हैं १८०-१८१॥

अनागतञ्च स्फुरति चित्तशुद्धिर्भवेत्खलु।
सद्यः कृत्वापि दहति महापातकञ्चकम् ॥१८२
आनुकूल्यं ग्रहा यान्ति सर्वे नश्यन्त्युपद्रवाः।
उपसर्गाः शमं यान्ति युद्धे जयमवाप्नुयात ॥१८३

इस प्रकार शिरस्थ चन्द्रमा में आत्म-चिन्तन करने से अनजाने विषय का स्फुरण होता है अर्थात् जो विषय पहले उत्पन्न नहीं हुआ हो, उसकी उत्पत्ति अनुभव होने लगती है। इसके द्वारा चित्र का शोधन होता और तुरन्त ही पाँचों प्रकार के महापाप नष्ट होजाते हैं। तथा सभी ग्रह साधक के अनुकूल हो जाते हैं। सब उपद्रवों का नाश होकर उपसर्गों का शमन हो जाता है तथा युद्ध करने वाले को इसके प्रभाव से युद्ध में विजय प्राप्त होती है ॥१८२-१८३॥

खेचरी भूचरी सिद्धिर्भवेच्छीरेन्दुदर्शनात् ।
ध्यानादेव भवेत्सर्वं नात्र कार्या विचारणा ॥१८४

सन्तताभ्यासयोगेन सिद्धो भवति मानवः ।
सत्य सत्यं पुनः सत्य मम तुल्यो भवेद्ध्रुवम् ॥
योगशास्त्रं च परमं योगिनां सिद्धिदायकम् ॥१८५

शिरस्थ चन्द्रमा में ध्यान करने वाले योगी को निश्चय ही खेचरी और भूचरी विद्या सिद्ध होती है। इस ध्यान के सदा अभ्यास करते रहने से साधक सिद्ध बन जाता है, मेरा यह कथन सत्य, ही है कि वह योगी मेरे-समान ही होजाता है। इस कथन पर कुछ विचार करने की आवश्यकता नहीं है यह परम योग है जो योगी पुरुषों के लिए सिद्धि का देने वाला है ॥१८४-१८५॥

राजयोग वर्णन

अत ऊर्ध्व दिव्यरूपं सहस्रारं सरोरुहम् ।
ब्रह्माण्डाख्यस्य देहस्यबाह्ये तिष्ठति मुक्तिदम् ॥१८६
कैलासो नाम तस्यैव महेशो यत्र तिष्ठति ।
अकुलाख्योऽविनाशी च क्षयवृद्धिविवर्जितः ॥१८७

तालु के ऊर्ध्व भाग में दिव्य स्वरूप वाला जो सहस्रार पद्म है, ब्रह्माण्ड रूपी देह के बाहर विद्यमान रहता है। यह सहस्रदल कमल मुक्ति का देने वाला है। यह कमल कैलास कहलाता है, क्योंकि इसकी स्थिति शरीर के ऊपर, कैलास के समान उच्च स्थान में है। इसी स्थान में महेश्वर का निवास है। यह अकुल संज्ञक ईश्वर अविनाशी है। इसका ह्रास या वृद्धि कभी भी नहीं होती ॥१८६-१८७॥

स्थानस्यास्य ज्ञानमात्रेण नृणा संसारेऽस्मिन्
सम्भवो नैव भूयः। भूतग्रामं सन्तताभ्यासयो-
गात् कर्तुं हर्तुं स्याच्च शक्तिः समग्रा ॥१८८

इस स्थान के जान लेने मात्र से मनुष्य को इस संसार में कभी उत्पन्न नहीं होना पड़ता। यह ज्ञान योग है, जिसका सदा अभ्यास करने वाले योगी को सभी भूतों के उत्पन्न करने और संहार करने की शक्ति प्राप्त होजाती है। आशय यह है कि उक्त स्थान के ज्ञान मात्र से ही साधक सर्व समर्थ होजाता है। ८८॥

स्थाने परे हंसनिवासभूते कैलासनाम्नीह निवि-
ष्टचेताः। योगी हृतव्याधिरधः कृताधिर्वायुश्चिरं
जीवति मृत्युमुक्तः ॥१८९

यह कैलास सप्रक स्थान परमहंस का निवासभूत है। अर्थात् परमहंस यहीं रहता है। इसलिए जो योगी इस स्थान में चित्त को स्थिर कर लेता है, वह सभी व्याधियों को नष्ट करने में समर्थ होता है तथा मृत्यु से मुक्त होकर चिरजीवी होजाता है ॥१८९॥

चित्तवृन्तिर्यदा लीना कुलाख्ये परमेश्वरे।
तदा समाधिसाम्येन योगी निश्चलतां व्रजेत् ॥१९०
निरन्तरकृते ध्याने जगद्विस्मरणं भवेत्।
तदा विचित्रसामर्थ्यं योगिनो भवति ध्रुवम् ॥१९१

जब योगी इस कुल संख्यक परमेश्वर में चित्तवृत्ति को लीन कर लेता है, तभी उसे साम्य समाधि की प्राप्ति होकर निश्चलता होजाती है। यदि इसका निरन्तर ध्यान किया जाय उसे जगत् का स्मरण भी नहीं रहता और विचित्र सामर्थ्य की प्राप्ति होजाती है। यह कथन निश्चय ही सत्य है ॥१९०-१९१॥

तस्माद्गलितपीयूषं पिवेद्योगी निरन्तरम्।
मृत्योर्मृत्युं विधायाशु कुलं जित्वा सरासुहे ॥१६२॥
अत्र कुण्डलिनीशक्तिर्लयं याति कुलाभिधा।
तदा चतुर्विधा सृष्टिर्लीयते परमात्मनि ॥१६३॥

इसलिए जो योगी सहस्रार से स्रवित होते हुए अमृत का निरन्तर पान करता है, वह अपने कुल सहित मृत्यु की भी मृत्यु का विधान करके उसे जीत लेता है अर्थात् उस साधक को मृत्यु भी नहीं मार सकती। इसी सहस्रार कमल में कुल स्वरूपा भगवती कण्डलिनी का लय होता है और उसका लय होते ही यह चारों प्रकार की सृष्टि भी परमात्मा में लीन होजाती है अर्थात् शिव शक्ति का मिलन होते ही सृष्टि ब्रह्म में लय को प्राप्त होती है ॥१६२-१६३॥

यज्ज्ञात्वा प्राप्त विषयं चित्तवृत्तिर्विलीयते।
तस्मिन्परिश्रमं योगी करोति निरपेक्षकः ॥१६४॥
चित्तवृत्तिर्यदा लीना तस्मिन् योगी भवेद्ध्रुवम्।
तदा विज्ञायतेऽखण्डज्ञानरूपी निरञ्जनः ॥१६५॥

इग सहस्रदल पद्म का ज्ञान प्राप्त होने पर चित्तवृत्ति लय को प्राप्त होजाती है। इसलिए योगी का कर्तव्य है कि वह अपेक्षा-रहित रूप से इस ज्ञान की प्राप्ति का प्रयत्न करता रहे। क्योंकि इस ज्ञान की प्राप्ति से योगी की चित्तवृत्ति जब लय को प्राप्त होती है, तभी अखण्ड ज्ञान स्वरूप निरन्जन आत्मा का प्रकाश होता है ॥१३४-१६५॥

ब्रह्मांड बाह्ये संचिन्त्य स्वप्रतीकं यथोदितम्।
तमावेश्य महच्छून्यं चिन्तयेदविरोधतः ॥१६६॥

आद्यन्तमध्यशून्यं तत्कोटिसूर्यसमप्रभम् ।
चन्द्रकोटिप्रतीकाशमभ्यस्यसिद्धिमाप्नुयात् ॥१६७॥
एतत् ध्यानं सदा कुर्यादनालस्यं दिने दिने ।
तस्य स्यात्सकलासिद्धिर्वत्सरान्नात्रः संशयः ॥१६८॥

ब्रह्माण्ड अर्थात् शरीर के बाहर पहले बताये हुए अपने प्रतीक का ध्यान करे और जब ध्यान में चित्त स्थिरता को प्राप्त होजाय तब उसमें महत् शून्य का चिन्तन करना चाहिए। आदि, मध्य और अन्त रूप शून्य में करोड़ सूर्य के समान प्रभा वाले तथा चन्द्रमा के समान शीतल प्रकाश वाले शून्य रूप आत्मा के दर्शन का अभ्यास करने वाले साधक को सिद्धि की प्राप्ति होती है। जो मनुष्य आलस्य-रहित होकर नित्य प्रति निरन्तर त्रस शून्य के ध्यान में लीन रहता है, वह एक वर्ष में ही सभी सिद्धियों को प्राप्त कर लेता है, इसमें संशय नहीं है ॥१६६-१६८॥

क्षणार्धं निश्चलं तत्र मनो यस्य भवेद् ध्रुवम् ।
स एव योगी सद्भक्तः सर्वलोकेषु पूजितः ।
तस्य कल्मषसङ्घातस्तत्क्षणादेव नश्यति ॥१६९॥
यं दृष्ट्वा न प्रवर्तन्ते मृत्युसंसारवर्त्मनि ।
अभ्यसेत्तं प्रयत्नेन स्वाधिष्ठानेन वर्त्मना ॥२००॥

इस शून्य में जो भी साधक आधे क्षण के लिए भी मन को स्थिर रूप से दृढ़ कर लेता है, वह योगी अवश्य ही भक्त और सभी लोकों में पूजित समझना चाहिए। उसके सभी पाप समूहों का उसी क्षण नाश होजाता है। इसके दर्शन करते ही मनुष्य मृत्यु-रूपी संसार मार्ग में भ्रमण करने से छूट जाता है अर्थात् उसे जन्म-मरण के चक्र में बँधना शेष नहीं रहता। इसका

अभ्यास स्वाधिष्ठान के मार्ग से प्रयत्न पूर्वक करना चाहिए ॥१९९-२००॥

एतत् ध्यानस्य माहात्म्यं मया वक्तु न शक्यते ।
यः साधयतिजानाति सोऽस्माकमपि सम्मतम् ॥२०१॥
ध्यानादेव विजानाति विचित्रफलसंभवम् ।
अणिमादिगुणोपेतो भवत्येव न संशयः ॥२०२॥

मैं इस शून्य का अधिक माहात्म्य कहने में असमर्थ हूँ। अर्थात् इसका माहात्म्य इतना अधिक है कि जसका कहाँ तक वर्णन किया जाय ? जो योगी इसका अभ्यास करके इसके माहात्म्य को जान गये हैं, वे अवश्य ही मेरे समान हो गये हैं। इसके विचित्र फल को इसका ध्यान करने वाला ही जानता है। इसके प्रभाव से अणिमादि सिद्धियों की भी प्राप्ति होती है, इसमें कुछ संशय नहीं समझना चाहिए ॥२०१-२०२॥

राजाधिराजयोग वर्णन

राजयोगो मया ख्यातः सर्वतन्त्रेषु गोपितः ।
राजाधिराजयोगोऽयं कथयामि समासतः ॥२०३॥
स्वस्तिकञ्चासनं कृत्वा सुमठे जन्तुवर्जिते ।
गुरुं संपूज्य यत्येन ध्यानमेतत्समाचरत् ॥२०४॥

शिवजी कहते हैं कि मैंने जिस राजयोग को कहा है, वह सब प्रकार से गुप्त है । अब में राजाधिराज योग का विस्तार संहित वर्णन करता हूँ। जन-रहित एकान्त स्थान में स्थित सुन्दर मठ में जाकर साधक प्रयत्न पूर्वक गुरु का पूजन करके स्वस्तिकासन लगाकर बैठे और ध्यान में तत्पर होजाय ॥२०३-२०४॥

निरालम्बं भवेज्जीवं ज्ञात्वा वेदान्तयुक्तितः ।
निरालम्बं मनः कृत्वा न किञ्चिच्चिन्तयेत् सुधीः ॥२०५
एतद्ध्यानान्महासिद्धिर्भवत्येव न संशयः ।
वृत्तिहीनं मनः कृत्वा पूर्णरूपं स्वयं भवेत् ॥२०६॥

विद्वान् योगी वेदान्त की युक्तियों (विधियों) के अनुसार मन को निरालम्ब करके जीव का चिन्तन करे, किसी अन्य का चिन्तन किंचित भी न करे। इस प्रकार से ध्यान करने पर महा-सिद्धि होती है, इसमें कुछ भी संशय नहीं है। इसमें साधक मन को वृत्ति हीन करके स्वयं पूर्णरूप होजाता है। अर्थात् वृत्ति-रहित चित्त से ध्यान करने पर स्वयं ही यह पूर्ण ज्ञान होजाता है कि मैं आत्मा हूँ ॥२०५-२०६॥

साधयेत्सततं यो वै स योगी विगतस्पृहः ।
अहंनाम न कोऽप्यस्ति सर्वदात्मैव विद्यते ॥२०७॥
को वन्धः कस्य वा मोक्ष एकं पश्येत्सदा हि सः ।
एतत् करोति यो नित्यं स मुक्तो नात्र संशयः ॥
स एव योगी सद्भक्तः सर्वलोकेषु पूजितः ॥२०८॥

अनयोः सङ्गमादेव प्राप्यते परमं पदम् ॥ ३० ॥

शिवोपमेन गुरुणा जीवन्मुक्तेन धीमता ।
एतत्क्रियारहस्यं हि प्राप्यते नात्र संशयः ॥ ३१ ॥
रविचन्द्रौ चन्द्ररवी सङ्गमय्य परस्परम् ।
एकीभावेन लयनं द्विभेदं परिकीर्तितम् ॥ ३२ ॥
मनःक्रियाभ्यां साहाय्यात् साध्योभेदस्तृतीयकः ॥ ३३ ॥

(ओंकारक्रिया)

तैलधारामिवाच्छिन्नं दीर्घघण्टानिनादवत् ।
अवाच्यं प्रणवस्याङ्गं स साक्षादीश्वरोऽव्ययः ॥ ३४ ॥
नादश्रुतेः समुन्नीतौ शिष्यायोपदिशन्ति हि ।
गुरवः साधनविधिमेतस्यास्तद् द्विधा स्मृता ॥ ३५ ॥
आधारतः समुत्पद्य सहस्रारं प्रतिष्ठते ।
ध्वनिना तेन मनसो लयो हि प्रथमा भवेत् ॥ ३६ ॥
आज्ञाचक्रं कूर्मचक्रमुभे संयोज्य युक्तितः ।
उत्पद्यते यतो नादः स्थित्वा तत्र मनोलयः ॥ ३७ ॥
विधाय प्राभुयाद्योगी ह्यात्मारामत्वमव्ययम् ।
गोपनीया प्रयत्नेन सर्वशास्त्रेष्वियं क्रिया ॥ ३८ ॥

(प्रातिभदर्शनक्रिया)

भूर्भुवस्वरिमे लोकाः सोमसूर्याग्निदेवताः ।
तस्य मात्रासु तिष्ठन्ति ततः प्रातिभदर्शनम् ॥ ३९ ॥
शुचिर्वाप्यशुचिर्वापि कुर्वन् प्रातिभदर्शनम् ।
लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा ॥ ४० ॥
एष योगो महागुह्यो जरामृत्युविनाशकः ।
तेजोवृद्धिकरश्चैव ह्यणिमादिगुणप्रदः ॥ ४१ ॥

(ज्योतिष्मतीदर्शनक्रिया)

इच्छा क्रिया तथा ज्ञानं ब्राह्मी रौद्री च वैष्णवी ।

त्रिधा शक्तिः स्थिता यत्र ततो ज्योतिरवेक्षणम् ॥४२॥
लीनाः प्राणाः मनसि चेद्गुरुदेवोपदेशतः ।
ज्योतिष्मतीप्रेक्षणं वै साधकेनोपलभ्यते ॥ ४३ ॥
क्रियया चैतया ध्यानसिद्धिमाप्य यथायथम् ।
प्राप्नोति परमानन्दपदं योगी निरामयम् ॥ ४४ ॥

(चक्रक्रिया)

प्राणायामद्विषट्केन प्रत्याहारः प्रकीर्तितः ।
प्रत्याहारद्विषट्केन जायते धारणा शुभा ॥ ४५ ॥
धरणाद्वादशे प्रोक्तं ध्यानं ध्यानविशारदैः ।
ध्यानद्वादशकेनैव समाधिरभिधीयते ॥ ४६ ॥
एवं साधनतः शश्वज्जयः स्यान्मनसो ध्रुवः ।
प्राणायामेन सकलं साधनं प्राप्यते जनैः ॥ ४७ ॥
यत्समाधौ परं ज्योतिरनन्तं विश्वतो मुखम् ।
तस्मिन्दृष्टे क्रिया कर्म याता यातं न विद्यते ॥ ४८ ॥
गुदं मेढ्रश्च नाभिश्च हृत्पद्मं च तदूर्ध्वतः ।
घण्टिका लम्बिकास्थानं भ्रूमध्ये च नभोबिलम् ॥४९॥
कथितानि नवैतानि ध्यानस्थानानि योगिभिः ।
तत्रात्मानं शिवं ध्यात्वा योगी मुक्तिमवाप्नुयात् ॥५०॥

(ब्रह्मदण्डधारणक्रिया)

दक्षिणा पिङ्गला नाड़ी वह्निमण्डलगोचरा ।
देवयानमितिज्ञेया पुण्यकार्यानुसारिणी ॥ ५१ ॥
इड़ा च वामनिश्वासः सोममण्डलगोचरा ।
पितृयानमितिज्ञेया वाममाश्रित्यतिष्ठति ॥ ५२ ॥
गुदस्य पृष्ठभागेऽस्मिन् वीणादण्डस्य देहभृत् ।
दीर्घास्थिमूर्द्धपर्यन्तं ब्रह्मदण्डेति कथ्यते ॥ ५३ ॥

इड़ापिङ्गलयोर्मध्ये सुषुम्णा सूक्ष्मरूपिणी ।
सर्वं प्रतिष्ठितं यत्र सर्वगं सर्वतो मुखम् ॥ ५४ ॥
बीजजीवात्मकस्तेषां क्षेत्रज्ञः प्राणवायवः ।
सुषुम्णान्तर्गतं विश्वं तस्मिन् सर्वं प्रतिष्ठितम् ॥ ५५ ॥
नानानाड़ीप्रसवगं सर्वभूतान्तरात्मनि ।
ऊर्द्ध्वमूलमधःशाखं वायुमार्गेण सर्वगम् ॥ ५६ ॥
अधश्चोर्द्ध्वं गतास्तास्तु ब्रह्मदण्डसमाश्रिताः ।
वायुना सह गत्वोर्द्ध्वं ज्ञानी मोक्षमवाप्नुयात् ॥ ५७ ॥

(लयबोधक्रिया)

खमध्ये कुरु चात्मानमात्ममध्ये च खं कुरु ।
आत्मानं खमयं कृत्वा न किञ्चिदपि चिन्तयेत् ॥५८॥
स्थिरबुद्धिरसंमूढो ब्रह्मविद् ब्रह्मणि स्थितः ।
निष्कलं तं विजानीयान्मनो यत्र लयं गतम् ॥ ५९ ॥

(प्राणसिद्धिक्रिया)

प्राणापानगती रुन्ध्यात्प्राणायामपरायणः ।
चले वाते चलं चित्तं निश्चले निश्चलं भवेत् ॥ ६० ॥
सर्वेऽप्येते यज्ञविदो यज्ञक्षपितकल्मषाः ।
यज्ञशिष्टामृतभुजो यान्ति ब्रह्म सनातनम् ॥ ६१ ॥
यज्ञान्ते वृत्तिसन्धौ वा प्राणापानगतिक्रिया ।
कथ्यते तत्र सततमात्मचिन्तनमाचरेत् ॥ ६२ ॥
अनेन परमं नित्यमधिगच्छति तत्पदम् ।
एतत्क्रियारहस्यं वै गुरुदेवात् समभ्यसेत ॥ ६३ ॥

(कूटस्थदर्शनक्रिया)

समं कायशिरोग्रीवं धारयन्नचलं स्थिरः ।
प्रेक्षमाणो नासिकाग्रं दिशश्चानवलोकयन् ॥ ६४ ॥

प्रशान्तात्मा विगतभीर्ब्रह्मचारिव्रते स्थितः ।
मनः संयम्य मच्चित्तो युक्त आसीत मत्परः ॥ ६५ ॥
निद्रातन्द्रे परित्यज्य चित्सत्तामपि धारयन् ।
गुरुप्राप्तां क्रियां योगी साधयन् नियतेन्द्रियः ।
स वै प्राप्नोति निर्वाणं शाश्वतं परमं पदम् ॥ ६६ ॥

(तत्त्वदर्शनक्रिया)

आत्मानमरणिं कृत्वा प्रणवञ्चोत्तरारणिम् ।
ध्याननिर्मथनाभ्यासादेवं पश्यन्ति गूढवत् ॥ ६७ ॥
ध्वनेरन्तर्गतं ज्योतिर्ज्योतिषोऽन्तर्गतं मनः ।
मनसो यत्र विलयस्तद्विष्णोः परमं पदम् ॥ ६८ ॥
गोपितेयं क्रिया सर्वोपनिषत्सु च यत्नतः ।
इमां प्राप्य गुरोर्योगी समाधिमधिगच्छति ॥ ६९ ॥

(साधनवैचित्र्यम्)

वेदतन्त्ररहस्यज्ञा मन्त्रयोगविशारदाः ।
उपदेष्टुं क्षमाः साधु मन्त्रयोगाखिलक्रियाः ॥ ७० ॥
तथाहि हठयोगस्य तत्त्वज्ञो योगविज्जनः ।
सिद्धिमाप्य क्रियां गुप्तां बहुधोपदिशन्ति हि ॥ ७१ ॥
विज्ञाय चतुरो योगान् योगिभिस्तत्त्वदर्शिभिः ।
सूक्ष्मराज्यचरैरेवं विविधैव लयक्रिया ॥ ७२ ॥
जिज्ञासूनां साधकानां श्रेयसे ह्युपदिश्यते ।
अत्येति या मनोवाचं सुगुप्ता चाप्रकाशिता ॥ ७३ ॥

अथ समाधिवर्णनम् ।

सरित्पतौ पतित्वाम्बु यथाभिन्नमियाल्लयम् ।
तथाभिन्नं मनस्तत्र समाधिं समवाप्नुयात् ॥ १ ॥

सलिलं सैन्धवं यद्वत्साम्यं भजति योगतः।
तथात्ममनसोरैक्यं समाधिरभिधीयते ॥ २ ॥
महाभावो महाबोधो महालय इति क्रमात्।
त्रिधा समाधिर्भवति प्रोक्तमेतन्महर्षिभिः ॥ ३ ॥
प्रशस्तो लययोगस्य समाधिर्हि महालयः।
नादस्य बिन्दोः साहाय्यात्समाधिरधिगम्यते ॥ ४ ॥
नादस्य बिन्दोश्चैकत्वे मनस्तत्र विलीयते।
दृश्यनाशात्तदा द्रष्टूरूपमेति प्रकाशताम् ॥ ५ ॥
प्रशस्तं साधनमिदं समाधिर्व्यपदिश्यते।
ब्रह्मनिष्ठैर्गुरुपरैः प्राप्योऽसौ सुदृढव्रतैः ॥ ६ ॥

इत्यध्यात्मविद्यायां योगशास्त्रे समाप्तेयं
लययोगसंहिता।

योग सार संग्रह

आ० सू सि०-87
I. T. N. S.-87

कुल धन का विवरण मांगने का प्रस्ताव

PROPOSAL FOR CALLING FOR TOTAL WEALTH STATEMENT

नाम और पता
address of the assessee . . .

ांक रजिस्टर संख्या
. . . .

. . . . . .

धान स्रोत
urces of business . . .

निर्धारण वर्षों में निर्धारित कुल आय
e assessed in the last three com-
ments.

कर निर्धारण वर्ष Assessment Year	कुल निर्धारित आय Total Income assessed
1.	1.
2.	2.
3.	4

ॐ

श्रीमद्विज्ञानभिक्षुप्रणीत

योगसारसंग्रह

हिन्दी-अनुवाद सहित

अनुवादक

स्वामी सनातनदेव

मूल्य ३)

Sanmei

ॐ

प्राक्कथन

आजसे प्रायः चार वर्ष पूर्व दिल्लीमें ही मुझे यह ग्रन्थरत्न देखने का सुअवसर प्राप्त हुआ था। यह पुस्तक थियोसोफिकल पब्लिशिंग हाउस, अड्यार (मद्रास) द्वारा प्रकाशित हुई है। आरम्भमें सम्पूर्ण ग्रन्थका डा० श्रीगंगानाथ झाका किया हुआ अंग्रेजी अनुवाद है और उसके पश्चात् सम्पूर्ण मूल ग्रन्थ है। पुस्तक बहुत उपयोगी जान पड़ी। ग्रन्थकार श्रीविज्ञानभिक्षुजी निःसन्देह सांख्य और योगके बड़े मर्मज्ञ विद्वान् थे। उन्होंने तो ब्रह्मसूत्रोंका भी सांख्यसम्मत भाष्य लिखा है। उनकी लेखनशैली अत्यन्त सुबोध और सरल है। योगसूत्रोंके तात्पर्य-का ऐसा स्फुट विवेचन अन्यत्र अलभ्य ही है। डाक्टर झा तो इस ग्रन्थसे अत्यन्त प्रभावित जान पड़ते हैं। अपने अनुवादकी भूमिकामें वे लिखते हैं—'In the whole course of my study I have not come across a better treatise to be placed in the hands of either 'students' of or 'aspirants' to 'Yoga'. अर्थात् अपने सम्पूर्ण अध्ययनक्रममें मुझे ऐसा कोई ग्रन्थ नहीं मिला जो योगविद्याके विद्यार्थियों अथवा अभ्या-सियोंके हाथोंमें देनेके लिये इससे अधिक उपयोगी हो। अतः इसे पढ़ लेनेपर मेरा संकल्प भी इसका हिन्दी में अनुवाद प्रस्तुत करनेका हो गया। आशा है, इससे हिन्दी भाषाभिज्ञ साधक एवं जिज्ञासुओंको योगविद्याका दार्शनिक ज्ञान प्राप्त करनेमें अवश्य कुछ सहायता मिलेगी।

ग्रन्थकार श्रीविज्ञानभिक्षुके जीवनवृत्तान्तके विषयमें अभीतक कोई विशेष सामग्री प्राप्त नहीं हो सकी है। डाक्टर झाके लेखसे भी केवल

इतना ही पता चलता है कि इनके रचे हुए ब्रह्ममीमांसाभाष्यके अन्तमें उसकी समाप्तिका संवत् १७७५ विक्रमी लिखा है। अतः यह बात तो निर्विवाद है कि ये विक्रमीय अठारहवीं शताब्दीके अन्तिम भागमें विद्यमान थे इन्होंने योगसूत्रके व्यासभाष्य पर 'योगवार्तिक' नाम्नी विस्तृत टीका लिखी है तथा वेदान्तसूत्रोंपर 'विज्ञानामृतभाष्य' और सांख्यसूत्रोंपर 'सांख्यप्रवचनभाष्य'की रचना की है। कठ, कैवल्य, तैत्तिरीय, प्रश्न, मुण्डक, माण्डूक्य एवं श्वेताश्वतर आदि कई उपनिषदोंपर आपका 'आलोक' नामक भाष्य है। इनके सिवा सांख्यकारिका, ईश्वरगीता और भगवद्गीतापर भी आपकी टीकाएँ सुनी जाती हैं। आपके स्वतन्त्र ग्रन्थोंमें उपदेशरत्नमाला, ब्रह्मादर्श, योगसारसंग्रह और सांख्यसारविवेक प्रधान हैं। इनके ग्रन्थोंसे यह बात स्पष्ट जान पड़ती है कि ये सांख्य और योग के पक्षपाती थे। शांकर सिद्धान्तकी इन्होंने जहाँ-तहाँ कुछ आलोचना भी की है तथा कहीं-कहीं ज्ञानकी अपेक्षा योगका उत्कर्ष भी दिखाया है। नीचे इस ग्रन्थमें आये हुए ऐसे कुछ प्रसंगोंकी आलोचना की जाती है।

पृष्ठ ३ और ११ पर आप लिखते हैं कि ज्ञानके द्वारा तो प्रारब्धके अतिरिक्त अन्य कर्मोंका ही नाश होता है, अतः ज्ञानीकी मुक्तिमें तो प्रारब्धक्षयकी अपेक्षा रहनेके कारण कुछ विलम्ब रहता है, किन्तु असम्प्रज्ञात योग प्राप्त होनेपर तो प्रारब्धका भी नाश हो जाता है, अतः उस योगीकी मुक्ति उसी समय हो जाती है। साथ ही पृष्ठ ८ और ९ पर आप असम्प्रज्ञात योगमें भी चित्तकी संस्कारमात्र स्थिति स्वीकार करते हुए उस अवस्था से योगीका व्युत्थान भी स्वीकार करते हैं, यथा— 'तदा संस्कारमात्रशेषं चित्तं तिष्ठति, अन्यथा व्युत्थानानुपपत्तेः।' इन दोनों बातोंकी संगति कैसे लगायी जाय—यह बात विचारणीय है। प्रारब्धके विषयमें योगसूत्रोंका ऐसा मत है—'सति मूले तद्विपाको जात्यायुर्भोगाः' (२।१३) अर्थात् मूलमें कर्माशय (प्रारब्ध) रहनेपर उसका परिणाम जन्म, आयु और भोगके रूपमें होता है। अतः यह सिद्ध हुआ कि शरीर

आयु और भोग—ये तीनों प्रारब्धके ही परिणाम हैं। प्रारब्ध समाप्त हो जानेपर तो शरीर ही नहीं रहना चाहिये, क्योंकि शरीर रहते हुए तो आयु और भोग भी अवश्य रहेंगे। और व्युत्थानका अर्थ तो यही है कि उस अवस्थामें योगीको देहका अनुसन्धान रहता है। वह देहानुसन्धान किसी कालविशेषमें ही रहेगा, अतः आयु भी रहेगी ही। फिर देहानुसन्धान रहते हुए सुख-दुःखरूप भोग न रहे—यह असम्भव है। अतः ग्रन्थकारका उपर्युक्त कथन हमारे लिये संशयास्पद ही रह जाता है। पृष्ठ ३४ पर आपने असम्प्रज्ञात योगद्वारा प्रारब्धक्षयका क्रम लिखा है। वहाँ असम्प्रज्ञातयोगद्वारा निरोधसंस्कारोंकी वृद्धिके कारण निरोधकालकी वृद्धि दिखायी है और फिर असंप्रज्ञातकी चरमावस्था आनेपर समस्त संस्कारोंके दाहपूर्वक प्रारब्धका भी दाह बतलाया है। परन्तु यहाँ विचारणीय यह है कि यदि असम्प्रज्ञात योगकी चरमावस्था प्राप्त होनेपर ही प्रारब्धका दाह होता है तो उस अवस्थाके आने तक तो असम्प्रज्ञात योगीका भी प्रारब्ध रहता ही है। अतः यह नहीं कहा जा सकता कि असम्प्रज्ञात योगसे ही प्रारब्धका नाश होता है। क्रमशः प्रारब्धक्षय तो सभी देहधारियोंका हो जाता है। यदि असम्प्रज्ञात योगसे प्रारब्धनाश होता तो वह उसकी प्राप्ति होते ही हो जाना चाहिये था। अतः विचार करनेपर आपकी यह बात हमें युक्तिसंगत नहीं जान पड़ती। यदि कोई महानुभाव इसका उचित समाधान प्रस्तुत करने की कृपा करेंगे तो हम उनके आभारी होंगे और आगामी संस्करणमें इस शंकाका मार्जन भी कर देंगे।

इसके पश्चात् पृष्ठ १०९ पर आपने अन्यान्य दार्शनिकोंके मुक्ति-सम्बन्धी विचारोंका समन्वय करते हुए अद्वैतवादियोंको 'वेदान्तिब्रुवा' की उपाधि देकर उनके मुक्तिसम्बन्धी सिद्धान्तकी आलोचना की है। वहाँ आपने श्रुति-स्मृतियोंके ऐसे वाक्य भी उद्धृत किये हैं जिनसे आपके मतानुसार मोक्षमें आनन्दका प्रतिषेध होता है। परन्तु आपकी यह बात हमारी समझमें नहीं आयी। यदि अन्य दार्शनिकोंकी भाँति

अद्वैतवादियोंके मतका भी आप समन्वय ही करते तो अधिक उपयुक्त होता। आपने जो वाक्य उद्धृत किये हैं उनसे मोक्षमें हर्ष-शोक अथवा सुख-दुःखका अभाव तो अवश्य सूचित होता है, परन्तु यह बात किसी वाक्यसे सूचित नहीं होती कि जो तत्त्व सद्रूप और चिद्रूप है वह आनन्दरूप नहीं है। यह बात तो निश्चित ही है कि सत्ताके बिना चित्ता (स्फुरण) का और चित्ताके बिना सत्ताका निश्चय नहीं होता। अतः सत्-चित् तो दृष्टिभेद से एक ही तत्त्वके दो पक्ष हैं। वस्तुतः ये तत्त्वके दो गुण नहीं, अपितु उसके विषयमें दो दृष्टियाँ हैं। अतः दृष्टिभेद होनेपर भी तत्त्वतः एक हैं। आपने जो वाक्य उद्धृत किये हैं उनके अनुसार वह तत्त्व सुख-दुःखसे रहित है। यहाँ सुख-दुःखके निषेध द्वारा उसकी आनन्दरूपता ही सूचित होती है। कोई भी वस्तु दूसरेके लिये तो अनुकूल होनेपर सुखरूप और प्रतिकूल होनेपर दुःखरूप होती है, किन्तु अपने लिये तो वह सर्वदा अनुकूल होनेके कारण सुखरूप ही होती है। परम-तत्त्व परमात्मा सबका अपना-आप है, अतः स्वरूपतः वह सुखरूप या आनन्दरूप ही है। सांख्य या योगके अनुसार सुख सत्त्वगुणका कार्य है। परन्तु असली बात यह है कि सुख या आनन्द तो आत्मा का स्वरूप ही है। रजोगुण-तमोगुण मलिनस्वभाव हैं, इसलिये उनकी वृत्ति होनेपर वह सुख आच्छादित हो जाने के कारण दब जाता है। किन्तु सत्त्वगुण स्वच्छ एवं प्रकाशमय है, इसलिये सात्त्विक वृत्ति होने पर आत्माका स्वरूपभूत सुख वृत्तिमें भी प्रतिफलित होने लगता है। इस प्रतिफलित सुखको ही विषयसुख कहते हैं और स्वरूपभूत सुख ही आनन्द है। ग्रन्थकार द्वारा उद्धृत वाक्योंमें जिस सुखका निषेध किया है वह वृत्त्युपहित सुख है, स्वरूपभूत सुख या आनन्द नहीं। उसका लक्षण तो आपही के द्वारा उद्धृत श्रीमद्भागवतके इस वाक्यमें आया है—'सुखं दुःखसुखात्ययः' अर्थात् सुख-दुःखसे अतीत हो जाना ही सुख है। भला, यहाँ जिस सुखका लक्षण किया गया है, वह स्वरूपभूत सुख या आनन्द नहीं तो और क्या है? श्रुति इसीको 'रस'

कहती है; यथा—'रसो वै सः। रसँ ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति।' (तै० उ० २।७) यदि परमतत्त्व सुखरूप नहीं तो यहाँ उसे 'रस' कहने का क्या तात्पर्य है और उसे प्राप्त कर लेनेपर साधक 'आनन्दी' क्यों हो जाता है ? इसके सिवा 'आनन्दो ब्रह्मेति विजानात्। आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते' (तै० उ० ३।६), 'आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान्न बिभेति कुतश्चन' (तै० उ० २।९), 'को ह्येवान्यात् कः प्राण्याद्यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्' (तै० उ० २।७) 'यो वै भूमा तत्सुखं……भूमैव सुखम्' (छा० उ० ७।२३।१) इत्यादि अनेकों श्रुतियां परमतत्त्वकी आनन्दरूपताका प्रतिपादन करती हैं। जीवकी तद्रूपसे स्थिति ही उसका मोक्ष है, अतः उस अवस्थामें उसे परमानन्दकी प्राप्ति मानना किसी प्रकार असंगत नहीं कहा जा सकता।

इस प्रकार एक ओर अद्वैतवाद के प्रति जहाँ आपकी कुछ असहिष्णुता देखी जाती है, दूसरी ओर भक्तिपक्षमें आपकी ऐसी निष्ठा जान पड़ती है जैसी कि सामान्यतया सांख्य-योगवादियोंकी नहीं होती। ग्रन्थके आरम्भमें आपने जो नमस्कारात्मक मंगलाचरण किया है उससे ईश्वरका जगत्कर्तृत्व सूचित होता है, जबकि योग और सांख्य दोनों ही दर्शन केवल प्रकृतिको ही जगत्का स्वतन्त्र कारण मानते हैं। इसी प्रकार आगे सवितर्कादि सम्प्रज्ञात समाधिके भेदोंकी व्याख्या करते हुए आपने भगवान्के साकार विग्रह वैकुण्ठनाथ श्रीविष्णुभगवान्को आलम्बनरूपसे स्वीकार किया है। किन्तु सूक्ष्मतया विचार किया जाय तो भगवान्की साकारता तो भावग्राह्य ही है, योग या सांख्य के अनुसार भगवद्धाम या भगवद्विग्रहकी चिन्मयताके विषयमें कोई दार्शनिक व्यवस्था मिलना तो कठिन ही है। इसके सिवा आपने योगके उत्तम अधिकारियोंके लिये ईश्वरप्रणिधानको ही मुख्य साधन माना है, अष्टांग योग तो आपके मतानुसार मन्दाधिकारियोंका ही साधन है। आपकी यह व्याख्या भी आपकी भगवन्निष्ठाका ही परिचय देती है; योगसूत्रोंमें तो अधिकारिभेदसम्बन्धी ऐसी कोई

व्यवस्था देखी नहीं जाती। इससे जान पड़ता है कि आप सांख्य और योगके मर्मज्ञ होनेके साथ उच्चकोटिके भक्त भी थे।

डाक्टर श्रीगंगानाथ झाने मूल पाठके साथ टिप्पणीमें कुछ पाठान्तर भी दिये हैं। सामान्य पाठकोंके लिये अनावश्यक होनेपर भी विद्वानोंके लिये तो पाठान्तरोंका उपयोग होता ही है। अतः हमने भी उन्हें ज्यों का त्यों उद्धृत कर दिया है। ये पाठान्तर तीन प्रतियोंके हैं, उन्हें टिप्पणीमें १पु. २पु. और ३पु. इन संकेतोंसे सूचित किया है। इन प्रतियों का परिचय इस प्रकार है—

१ पु.—काशीनिवासी श्रीगोविन्ददासजी द्वारा प्राप्त प्रति।

२ पु.—गवर्नमेण्ट संस्कृत कालेज काशीके पुस्तकालयकी प्रति।

३ पु.—डा० गंगानाथ झा की अपनी प्रति।

प्रस्तुत प्रस्तक वाराणसीमें छापी गयी है और मैं इन दिनों में सर्वदा काशी से बाहर ही रहा हूँ। प्रूफ मेरे पास आते रहे हैं। परन्तु मैं उन्हें केवल एक बार ही देख सका हूँ। अतः बहुत सावधानी बर्तने पर भी छापेकी कुछ अशुद्धियाँ रह ही गयी हैं। उन्हें पुस्तकके अन्त में शुद्धिपत्रमें दिया जा रहा हैं। कृपालु पाठक उसके अनुसार संशोधन करके पुस्तक पढ़ने की कृपा करें।

इस प्रकार जैसी भी प्रभुकी प्रेरणा हुई यह तुच्छ पत्र-पुष्प सँजोकर तैयार किया है। इसे उन्हींके श्रीचरणोंमें समर्पित करता हूँ। प्रभु इसे स्वीकार कर अपने अमृतमय अनुग्रहकी वृष्टि करके अपने पादपद्मोंकी अहैतुकी प्रीति प्रदान करें—यही हमारी प्रार्थना है।

नं० ६ कुदसियाघाट, दिल्ली
माघ पूर्णिमा सं० २०१४ वि०

विनयावनत,
सनातनदेव

श्रीः

विषय-सूची

—(०)—

ॐ

योगसारसंग्रहः

सर्वाशाः सर्वसन्देहाः सर्वेहाः सर्वसंश्रयाः ।
यद्योगेन वियुक्ताः स्युस्तं वन्दे पुरुषं परम् ॥

प्रथमोऽशः ।

यः सृष्ट्वाब्जजविष्णुशंकरमयं बुद्ध्याख्यसूत्रं मह-
त्तत्त्वं सत्वरजस्तमोमयमहामायामयाद्देहतः ।
अन्तर्यामितयोर्णनाभवदहो तेनैव कुर्वञ्जग-
च्चक्रव्यूहमिदं निजांशमशकान्बध्नाति तस्मै नमः ॥ १ ॥

प्रथम अंश

मंगलाचरण

जिन्होंने महामायारूप अपने सत्त्व-रज-तमोमय शरीर से इस बुद्धिसंज्ञक सूत्रात्मा महत्तत्त्व की, जो ब्रह्मा विष्णु और शंकरस्वरूप ही है, रचना की और फिर मकड़ी की तरह अन्तर्यामिरूपसे उस महामायाके द्वारा ही इस जगत्‌रूप चक्रव्यूह (जाले) की रचना कर इसके भीतर जो अपने ही अंशभूत जीवोंको मच्छरों की तरह फँसा देते हैं उन (परमात्मदेव) को नमस्कार है ॥१॥

पतञ्जलिव्यासमुखान्गुरूनन्यांश्च भक्तितः ।
नतोऽस्मि वाङ्मनःकायैरज्ञानध्वान्तभास्करान् ॥ २॥
वार्त्तिकाचलदण्डेन मथित्वा योगसागरम् ।
उद्धृत्यामृतसारोऽयं[1] ग्रन्थकुम्भे निधीयते ॥ ३ ॥

तत्र पुरुषस्यात्यन्तिकस्वरूपावस्थितेर्हेतुश्चित्तवृत्तिनिरोधो योग इति योगद्वयसाधारणं लक्षणम् । व्युत्थानकालीनश्च यत्किंचिच्चित्तवृत्तिनिरोधो नात्यन्तिकस्वरूपावस्थितिरूपमोक्षे हेतुः, जन्मबीजक्लेशाद्यनुच्छेदकत्वात्, अखिलवृत्तिसंस्कारानुच्छेदकत्वाच्च; अतस्तत्र नातिव्याप्तिः । प्रलयकालीनस्य च

अज्ञानान्धकारके लिये सूर्यरूप श्रीपतञ्जलि एवं व्यास आदि अन्यान्य गुरुजनोंको मैं मन वाणी और शरीरसे भक्तिपूर्वक नमस्कार करता हूँ ॥२॥

योगरूप समुद्रको योगवार्तिकाचलरूप[2] मँथानीके द्वारा मथकर उसका जो अमृतमय सार निकाला है वह इस ग्रन्थरूप घटमें रखा जाता है ॥३॥

द्विविध योगका साधारण लक्षण

चित्तकी वृत्तियोंका निरोध पुरुषकी आत्यन्तिकी स्वरूपस्थितिका हेतु है और यही [संप्रज्ञात एवं असंप्रज्ञात] दोनों प्रकारके योगोंका साधारण लक्षण है । व्युत्थान कालमें जो चित्तवृत्तियोंका थोड़ा-सा निरोध होता है वह आत्यन्तिकी स्वरूपावस्थितिरूप मोक्षका कारण नहीं हो सकता, क्योंकि वह जन्मके बीजभूत क्लेशादिका उच्छेद करनेवाला नहीं होता और न उससे सम्पूर्ण वृत्तियोंके संस्कारोंका ही उच्छेद होता है । इसलिये उसमें इस लक्षणकी अतिव्याप्ति

---

१. सारोऽत्र–पा. २ पु० ।

२. श्री विज्ञानभिक्षुकृत योगसूत्रोंकी टीका का नाम योगवार्तिक है ।

वृत्तिनिरोधस्य व्यावर्तनाय आत्यन्तिकेति । स्वरूपावस्थिति-रौपाधिकरूपनिवृत्तिः । स्वरूपस्य [1]वाऽप्रच्यवः । तथा च स्मर्यते—"मुक्तिर्हित्वाऽन्यथाभावं स्वरूपेण व्यवस्थितिः ।" इति । तत्र संप्रज्ञाताख्ययोगस्य मोक्षहेतुत्वं तत्त्वसाक्षात्कारद्वारा क्लेशाद्युच्छेदकत्वात् । असंप्रज्ञातयोगस्य[2] चाखिलवृत्तिसंस्कारदा-हद्वारा प्रारब्धस्याप्यतिक्रमेणेति वार्तिकेऽस्माभिः प्रपञ्चितम् (यो. १. १७. १८.); संक्षेपतश्चाग्रेऽपि वक्ष्यामः । योगाङ्गेषु ज्ञानभक्ति-कर्मादिषु च योगशब्दो योगसाधनत्वान्मोक्षोपायत्वाच्च गौण इति।

अथ का निरोद्धव्याश्चित्तवृत्तयः, को वा निरोध इति उच्यते । प्रमाणविपर्ययविकल्पनिद्रास्मृतय इति (यो. १. ६.)

नहीं हो सकती । यहाँ 'आत्यन्तिक' शब्द प्रलयकालीन वृत्तिनिरोधका व्यावर्तन करनेके लिये है । जीवकी स्वरूपावस्थिति ही उसके औपा-धिक स्वरूपकी निवृत्ति अथवा स्वरूपकी च्युति न होना है; ऐसी ही यह स्मृति भी है—'अन्यस्वरूपताको त्यागकर अपने स्वरूपमें स्थित होना ही मुक्ति है ।' दोनों प्रकारके योगोंमें संप्रज्ञात योगकी मोक्षहेतुता तत्त्वसाक्षात्कारके द्वारा क्लेशादिका निवर्तक होनेके कारण है तथा असम्प्रज्ञात योग सम्पूर्ण वृत्तियोंके संस्कारोंका दाह करके प्रारब्धका भी अतिक्रमण कर जानेके कारण मोक्षका हेतु है—इस बात का हमने योगवार्तिकमें विवेचन किया है तथा आगे भी इसका संक्षेपसे वर्णन किया जायगा । योगके साधन और मोक्षके उपाय होनेके कारण योगके अंगोंमें एवं ज्ञान भक्ति और कर्मादिमें भी 'योग' शब्दका गौण प्रयोग होता है ।

वृत्तियोंका निरूपण

अब यह बतलाया जाता है कि वे निरोध की जानेवाली कौन-कौन वृत्तियाँ हैं और क्या उनका निरोध है ? प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा और स्मृति—ये पाँच प्रकारकी वृत्तियाँ हैं । इच्छा और

---

१. चा—पा. २ पु० । २. असंप्रज्ञाताख्यस्य योगस्य—पा. २ पु० ।

पञ्चविधाश्चित्तवृत्तयः। इच्छाकृत्यादिरूपवृत्तीनां चैतन्निरोधेनैव निरोधो भवति। तत्र प्रत्यक्षानुमानागमाः प्रमाणानि।

इन्द्रियद्वारा या बुद्धेर्यथार्था वृत्तिः सा प्रत्यक्षं प्रमाणम्। ईश्वरसंग्रहाय सत्त्ववृत्तेः तज्जातीयत्वमत्र विवक्षणीयम्। बुद्धिवृत्तिश्च प्रदीपस्य शिखावद्बुद्धेरग्रभागो येन चित्तस्यैकाग्रताव्यवहारो भवति। स एवाग्रभाग[1] इन्द्रियद्वारा बाह्यार्थे संयुज्य अर्थाकारेण परिणमते मूषानिक्षिप्तद्रुतताम्रवत्। तथा च सांख्यसूत्रम् 'भागगुणाभ्यां तत्त्वान्तरं वृत्तिः संबन्धार्थं सर्पतीति'(सां. ५. १०७.) इति। बुद्धिर्विषयेषु संबन्धार्थे सर्पति गच्छति इति हेतोर्वृत्तिर्न बुद्धेर्भागोऽग्नेः स्फुलिङ्गवद्विभक्तांशो बुद्धेरिच्छादिवद् गुणश्च न भवति, द्रव्यस्यैव क्रियासंभवादित्यर्थः। सा च वृत्तिः पुरुषे

कृति आदि रूप वृत्तियोंका निरोध तो इन वृत्तियों के निरोधसे ही हो जाता है। इनमें प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम ये प्रमाण हैं।

इन्द्रियके द्वारा जो बुद्धिकी यथार्थ वृत्ति होती है वह प्रत्यक्ष प्रमाण है। ईश्वर की सत्ताका निश्चय करनेवाली वृत्तिको भी प्रमाणवृत्तिमें ही सम्मिलित करनेके लिये उसे इसीकी जातिका कहना अभीष्ट है। बुद्धिकी वृत्ति दीपककी शिखाके समान बुद्धिका अग्रभाग है, जिससे कि चित्तकी एकाग्रतारूप व्यवहार होता है। वह अग्रभाग ही मूषामें डाले हुए द्रवीभूत ताँबेके समान इन्द्रियके द्वारा बाह्य विषयसे मिलनेपर विषयाकारमें परिणत हो जाता है; जैसा कि सांख्यसूत्र भी है—'वृत्ति चित्तके भाग और गुण दोनों हीसे भिन्न पदार्थ है, जो विषयसे सम्बन्ध स्थापित करनेके लिये जाती है।' तात्पर्य यह कि बुद्धि विषयोंसे सम्बन्ध करनेके लिये सरकती है—जाती है, इसलिये उसकी वृत्ति न तो अग्निकी चिनगारीके समान बुद्धिका भाग ही है और न इच्छादिके समान उसका गुण ही है, क्योंकि क्रिया तो द्रव्य ही की

१ स एव च भाग–पा. २ पु.।

प्रतिबिम्बिता सती यद्भासते तदेव प्रमाणस्य फलं प्रमेत्युच्यते।
तदेव च द्रष्टुर्वृत्तिसारूप्यमप्युच्यते।

लिङ्गजन्या वृत्तिरनुमानं प्रमाणम्; शब्दजन्या वृत्तिश्च शब्दप्रमाणमिति। फलं तु सर्वत्र पौरुषेयो बोध एव, पुरुषार्थमेव करणानां प्रवृत्तेरिति।

विपर्ययवृत्तिश्च मिथ्याज्ञानं दोषजन्यम्। विकल्पवृत्तिस्तु 'राहोः शिरः' 'पुरुषस्य चैतन्यम्' इत्यादिरूपा। तस्याश्च विशेषदर्शनानिवर्त्यतामात्रेण विपर्ययाद् भेदः।

हो सकती है—ऐसा इसका तात्पर्य है। वही वृत्ति जो पुरुषमें प्रतिबिम्बित होकर भासती है, उसीको प्रमाणका फलरूप प्रमा कहते हैं। और वही द्रष्टाका वृत्तिसे सारूप्य कहा जाता है।

लिङ्गद्वारा उत्पन्न होनेवाली वृत्ति अनुमान प्रमाण है और शब्द द्वारा होनेवाली वृत्ति शब्द प्रमाण कही जाती है। इन सब प्रमाणोंसे होनेवाला फल तो पुरुषसम्बन्धी बोध ही है; क्योंकि [बुद्धि आदि] करणोंकी प्रवृत्ति पुरुषके लिये ही है।

विपर्यय वृत्ति दोषजनित मिथ्या ज्ञान है। * तथा विकल्प वृत्ति 'राहुका शिर' 'पुरुषका चैतन्य' इत्यादि रूप ❁ है। विपर्ययसे इसका

---

* योगसूत्रोंमें विपर्ययका लक्षण इस प्रकार किया है—'विपर्ययो मिथ्याज्ञानमतद्रूपप्रतिष्ठम्, (१।८) अर्थात् वस्तुके वास्तविक स्वरूपमें न रहनेवाला मिथ्याज्ञान ही विपर्यय है। रज्जुमें सर्प अथवा सीपीमें चाँदीकी प्रतीति इसके दृष्टान्त रूपसे कही जा सकती है। इसीको भ्रम कहते हैं।

❁ विकल्पका लक्षण करते हुए योगसूत्र कहता है—'शब्दज्ञानानुपाती वस्तुशून्यो विकल्पः' अर्थात् जो शब्दज्ञान का अनुवर्तन करनेवाला किन्तु वस्तुशून्य हो उसे विकल्प कहते हैं। शिरसे अतिरिक्त राहु और चैतन्यसे अतिरिक्त पुरुष कोई वस्तु नहीं हैं। अतः इन वाक्योंसे शब्द ज्ञान तो होता है किन्तु किसी वस्तु का बोध नहीं होता।

निद्रावृत्तिश्च 'सुखमहमस्वाप्सम्' इत्यादिस्मृतिहेतुरनुभवः सुषुप्तिकालीनः सुखादिविषयः। स्मृतिश्च संस्कारमात्रजन्या वृत्तिः। इति वृत्तयो व्याख्याताः।

निरोधो व्याख्यायते। निरोधो न नाशोऽभावसामान्यं वा, अभावानङ्गीकारात्, वक्ष्यमाणसंस्कारजनकत्वानुपपत्तेश्च। किं तु वृत्तितन्निरोधौ चित्तस्य स्वविषये प्रवृत्तिनिवृत्ती भावरूपे एव गतिप्रत्यागतिवत्पुरुषप्रयत्नजन्ये; प्रवृत्तिनिवृत्त्योरन्योन्याभावत्वे [1]विनिगमकाभावात्, प्रवृत्तिनिवृत्त्यौदासीन्य-

विशेषदर्शन होनेपर भी निवृत्त न होनेमें ही भेद है। *

'मैं सुखपूर्वक सोया' इस प्रकारकी स्मृतिका हेतुभूत जो सुखादिको विषय करनेवाला सुषुप्तिकालीन अनुभव है वही निद्रावृत्ति है तथा संस्कारमात्रसे उत्पन्न होनेवाली वृत्ति स्मृति है। इस प्रकार वृत्तियोंकी व्याख्या हुई।

निरोधनिरूपण

अब निरोधकी व्याख्या की जाती है। निरोध नाश या अभाव-सामान्यको नहीं कहते, क्योंकि उस अवस्थामें अभाव अंगीकार नहीं किया गया है और अभाव होनेपर तो आगे कहे जानेवाले संस्कारों का उत्पादक होना भी सम्भव नहीं होगा। प्रत्युत वृत्ति और उसके निरोध तो अपने विषयके प्रति चित्तकी भावरूपा प्रवृत्ति और निवृत्ति ही हैं, जो पुरुषके प्रयत्नसे होने वाली गति (जाने) और प्रत्यागति (लौटने) के ही समान हैं। यदि प्रवृत्ति और निवृत्ति एक-दूसरीकी अभावरूपा ही हों तो उनके स्वरूपका निर्णय करानेवाला कुछ भी नहीं रहेगा और न चित्तकी अवस्थाओंके प्रवृत्ति, निवृत्ति एवं उदासीनता—

---

1 विनिगमनाभावात्—पा. २ पु.।

* विपर्यय या भ्रमकी निवृत्ति यथार्थ वस्तुका ज्ञान होनेपर हो जाती है, किन्तु विकल्पकी निवृत्ति तब भी नहीं होती।

रूपत्रैविध्यानुपपत्तेश्चेति । अतश्च भावत्वाविशेषाद् वृत्त्येव[1] निरोधेनापि संस्कारो जन्यते ; संस्कारवृद्धिं विनाऽनुदिनं योगस्य कालवृद्धौ नियामकान्तरासंभवादिति दिक् ।

योगसामान्यं लक्षितम् । तद्विशेष उच्यते । स योगो द्विविधः—संप्रज्ञातोऽसंप्रज्ञातश्च । तत्र सम्यक्प्रज्ञायते साक्षात्क्रियते ध्येयमस्मिन्निरोध इति संप्रज्ञातो ध्येयातिरिक्तवृत्तिनिरोधविशेषः । तथा च ध्येयसाक्षात्काराख्यफलोपहितनिरोधत्वं संप्रज्ञातत्वम् । एकाग्रताविशेषरूपधारणादित्रयकालीनानां निरोधानां प्रलयादिकालीननिरोधानां च व्यावर्तनायोपहितान्तम् । धारणादि-

ये तीन भेद ही हो सकेंगे । अतः भावत्वमें समानता होनेके कारण निरोधके समय भी वृत्तिके द्वारा ही संस्कारकी उत्पत्ति होती है, क्योंकि यह बात ध्यान देनेकी है कि संस्कारकी वृद्धि हुए बिना दिनों-दिन योगमें कालकी वृद्धि होनेका कोई और कारण नहीं है ।

योग विशेषका निरूपण

योगसामान्यका लक्षण तो हो चुका, अब योगविशेषका वर्णन किया जाता है । वह योग दो प्रकारका है—संप्रज्ञात और असंप्रज्ञात । जिस निरोधमें ध्येयका सम्यक् प्रज्ञान अर्थात् साक्षात्कार किया जाता है उसे संप्रज्ञात योग कहते हैं; यह ध्येयसे भिन्न वृत्तियोंका निरोधरूप है । इस प्रकार ध्येयसाक्षात्काररूप फलसे उपहित जो निरोधता है वही उसकी संप्रज्ञातता है । धारण, ध्यान और समाधि—इन तीनों अवस्थाओं में होनेवाले एकाग्रता विशेषरूप निरोध और प्रलयादिके समय होनेवाले निरोधकी व्यावृत्तिके लिये इसे ध्येयसाक्षात्काररूप फलसे उपहित कहा गया है । धारणादि तीनों अवस्थाओंमें होनेवाला

---

१ वृत्त्या इव इति च्छेदः ।

त्रथकालीनस्तु निरोधो न साक्षात्कारहेतुः, विषयान्तरवासनाया बलवत्तरतया प्रतिबन्धात्, योगजधर्मनाश्याधर्मेण प्रतिबन्धाच्चेति। संप्रज्ञातरूपो ध्येयातिरिक्तवृत्तिनिरोधश्च विषयान्तरसंचाराख्यप्रतिबन्धनिवृत्तिरूपतया विषयान्तरवासनाभिभवद्वारा च तथा धर्मविशेषद्वारा च ध्येयसाक्षात्कारे हेतुर्भवति। चित्तं हि[1] स्वत एव सर्वार्थग्रहणक्षमं विभु च भवति। तमसाऽऽवरणादेव तु न सदा सर्वं गृह्णाति। अतस्तमोवर्धकानां विषयान्तरसंचारवासनापापादीनां निरोधाख्ययोगतः क्षये स्वयमेव ध्येयं वस्तु साक्षात्क्रियते चित्तेनेति योगशास्त्रसिद्धान्तः। संप्रज्ञातस्य चातुर्विध्यमग्रे वक्ष्यते।

असंप्रज्ञातो लक्ष्यते। न किंचित्संप्रज्ञायतेऽस्मिन्निति व्युत्पत्त्या असंप्रज्ञातयोगः सर्ववृत्तिनिरोधः। तदा संस्कारमात्रशेषं चित्तं

योग साक्षात्कारका हेतु नहीं है, क्योंकि उसमें अन्य विषयोंकी वासनारूप अत्यन्त प्रबल प्रतिबन्ध रहता है तथा योगज धर्मसे नष्ट होनेवाला अधर्म भी उसका प्रतिबन्धक है। संप्रज्ञात योगरूप जो ध्येयातिरिक्त वृत्तियोंका निरोध है उसमें विषयान्तरके संचाररूप प्रतिबन्धकी निवृत्ति हो जाती है, अतः वह विषयान्तरकी वासनाओंको दबाकर धर्मविशेषके द्वारा ध्येयके साक्षात्कारमें हेतु होता है। चित्त तो स्वतः ही सम्पूर्ण विषयोंको ग्रहण करनेमें समर्थ और विभु है। तमोगुणसे आवृत होने के कारण ही वह सर्वदा सब कुछ ग्रहण नहीं कर सकता। अतः निरोधसंज्ञक योग के द्वारा विषयान्तरमें जानेवाली वासना और पाप आदि तमोवर्धक विकारोंके नष्ट हो जानेपर चित्तद्वारा स्वतः ही ध्येय वस्तुका साक्षात्कार कर लिया जाता है—यह योगशास्त्र का सिद्धान्त है। इस संप्रज्ञातयोग की चतुर्विधता का आगे वर्णन किया जायगा।

अब असम्प्रज्ञात योगका लक्षण किया जाता है। इसमें किसी भी

---

१ च–पा. २ पु.।

तिष्ठति, अन्यथा व्युत्थानानुपपत्तेः। तस्य च लक्षणं तत्त्वज्ञान-संस्कारादाहकत्वे सति सर्ववृत्तिनिरोधत्वम्। प्रलयादिकालीन-निरोधव्यावर्तनाय सत्यन्तम्।

इदानीमभ्यर्हितत्वादादौ योगफलमुच्यते। तत्र तावद्योगद्वय-साधारणं दृष्टं फलं वृत्तिनिरोधेन वृत्त्युत्थदुःखभोग-निवृत्तिः। अदृष्टं च फलं संप्रज्ञातस्य पूर्वोक्तद्वारैर्ध्येयसाक्षात्कारः, 'क्षीणवृत्तेरभिजातस्येव मणेर्ग्रहीतृग्रहणग्राह्येषु तत्स्थतदञ्जनता-समापत्तिः' (यो. १. ४१.) इति सूत्रात्। ततश्चाविद्यादिक्लेशनि-

वस्तुका ज्ञान नहीं होता—इस व्युत्पत्तिसे सम्पूर्ण वृत्तियोंका निरोध असंम्प्रज्ञात योग है। उस समय चित्त संस्कारमात्र रह जाता है, नहीं तो व्युत्थान होना सम्भव नहीं था। अतः तत्त्वज्ञानके संस्कारोंका दाहक न होकर भी सम्पूर्ण वृत्तियोंका निरोध हो जाना—यह इस योगका लक्षण है। इस लक्षणकी आवश्यकता प्रलयकालीन निरोध का इससे व्यावर्तन करनेके लिये है*।

योगका फल

अब अत्यन्त प्रयोजनीय होनेके कारण पहले इन योगोंके फलका वर्णन किया जाता है। वृत्तिनिरोधके द्वारा वृत्तिजनित दुःखभोगकी निवृत्ति हो जाना—यह दृष्टफल तो [संप्रज्ञात और असंप्रज्ञात] दोनों ही योगोंका समान है। किन्तु सम्प्रज्ञात योगका अदृष्ट फल है पूर्वोक्त साधनोंद्वारा ध्येय वस्तुका साक्षात्कार; जैसा कि 'जिसकी वृत्तियाँ क्षीण हो गयी हैं उस पुरुषकी ग्रहीता, ग्रहण और ग्राह्यमें स्वच्छ मणिके समान तत्स्थता (ध्येयमें स्थितिरूप) और तद्रूपतारूप समाधि होती है'

* क्योंकि प्रलयकालमें तत्त्वज्ञानके संस्कार नहीं रहते।

वृत्त्या मोक्षः । तथा सत्यां कामनायां भूतेन्द्रियप्रकृतिजयोत्थः स्वेच्छाभोगश्च[1] भवति। असंप्रज्ञातस्य त्वदृष्टं फलं तत्त्वज्ञानसाधारणानामखिलसंस्काराणां प्रारब्धकर्मणां च दाहाच्छीघ्रं स्वेच्छया मोक्षः[2] । तथा हि, तत्त्वज्ञानेन तावत् स्वसंस्कारः प्रारब्धकर्म च नातिक्रमितुं शक्यते, अविरोधात् 'तस्य तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्ये अथ संपत्स्ये' (छा. ६. १४. २.) इति श्रुत्या ज्ञानिनो मोक्षे प्रारब्धनिमित्तककिंचिद्विलम्बसिद्धेश्च ; ज्ञानेन प्रारब्धनाशे जीवन्मुक्तिश्रुतिस्मृतिविरोधाच्च; प्रारब्धकर्मणां ज्ञाननाश्यत्वस्य वेदान्तसूत्रेण प्रतिषिद्धत्वाच्च । योगस्य तु प्रारब्धकर्मनाशकत्वे[3] बाधकाभावेन,

इस सूत्रसे सिद्ध होता है। फिर अविद्यादिक्लेशोंकी निवृत्ति होनेपर मोक्ष होता है। और यदि कोई कामना रहती है तो भूत, इन्द्रिय और प्रकृतिके जयद्वारा उसे स्वेच्छाभोग भी प्राप्त होता है। तथा असम्प्रज्ञात योगका अदृष्ट फल है तत्त्वज्ञानमें सामान्यतया रहनेवाले सम्पूर्ण संस्कारोंके एवं प्रारब्धकर्मोंके भी दाहद्वारा स्वेच्छासे तत्काल मोक्ष प्राप्त हो जाना। बात यह है कि तत्त्वज्ञान तो अपने संस्कार और प्रारब्धकर्मोंका अतिक्रमण कर नहीं सकता, क्योंकि उनसे उसका विरोध नहीं है ? जैसा कि 'जबतक [जीवन्मुक्त] पुरुषकी उपाधि नहीं छूटती तभीतक उसे विलम्ब है, उसके पश्चात् तो वह [परमतत्त्वसे] अभिन्न हो जाता है' इस श्रुतिसे ज्ञानीके लिये मोक्षमें प्रारब्धकर्मजनित कुछ विलम्ब सिद्ध होता है। यदि ज्ञानसे ही प्रारब्धका नाश माना जाय तो जीवन्मुक्तिसम्बन्धी श्रुति और स्मृतिका विरोध होगा तथा प्रारब्धकर्मोंके ज्ञानद्वारा नष्ट होनेका वेदान्तसूत्रोंने निषेध किया है। किन्तु योगके लिये तो प्रारब्धकर्मका नाश करनेमें कोई बाधक

---

१ स्वेच्छातो गतिश्च—पा. १ पु. । २ स्वेच्छाभोगश्च—इत्यधिकम् २ पु. । ३ प्रारब्धनाशकत्वे—पा. १ पु. ।

"विनिष्पन्नसमाधिस्तु मुक्तिं तत्रैव जन्मनि।
प्राप्नोति योगी योगाग्निदग्धकर्मचयोऽचिरात् ॥"

इति विलम्बाभावश्रवणेन च प्रारब्धकर्मनाशकत्वमस्ति। अतः प्रारब्धकर्मणोऽप्यतिक्रमेण शीघ्रमोक्षार्थिनो ज्ञानोत्पत्त्यनन्तरमप्यसंप्रज्ञातयोगोऽपेक्ष्यत इति। अधिकं तु वार्तिकेऽस्माभिः प्रपञ्चितम्। एतेनासंप्रज्ञाताभावेऽपि प्रारब्धभोगानन्तरं ज्ञानिनां[1] मोक्षो भवत्येवेति सिद्धान्तो न विरुध्यते। तत्र च प्रमाणम् 'तस्य[2] तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्ये' इत्यादिश्रुतिः। अविद्याविनिवृत्तौ [3]बीजाभावात्पुनर्जन्मानुपपत्तिश्च। विमोक्ष्ये प्रारब्धकर्मणः सकाशाद्विमुक्तो भविष्यतीत्यर्थः।

नहीं है तथा 'जिसे समाधि प्राप्त हो गयी है वह योगी योगाग्निके द्वारा कर्मराशिके भस्मीभूत हो जानेके कारण तत्काल उसी जन्ममें मुक्ति प्राप्त कर लेता है' इस वाक्यद्वारा योगीकी मुक्तिमें विलम्बका अभाव सुना गया है, अतः योगकी प्रारब्धकर्मनाशकता निश्चित ही है। इसलिये जिसे प्रारब्धकर्मका भी अतिक्रमण करके शीघ्र मोक्ष प्राप्त करनेकी इच्छा हो उसे ज्ञानोत्पत्तिके पश्चात् भी असम्प्रज्ञात योगकी अपेक्षा है। इस विषयका विशेष विवेचन हमने योगवार्तिकमें किया है। इससे इस सिद्धान्तका भी कोई विरोध नहीं होता कि असम्प्रज्ञात योगके अभावमें भी ज्ञानी पुरुषोंका प्रारब्धकर्मका भोग होनेके पश्चात् मोक्ष हो ही जाता है। इस विषयमें 'उसके मोक्षमें तभीतक विलम्ब है जबतक कि वह मुक्त नहीं होगा' इत्यादि श्रुति प्रमाण है। अविद्याकी निवृत्ति हो जानेपर बीज न रहनेके कारण उसका पुनर्जन्म होना तो सम्भव है नहीं। 'मुक्त नहीं होगा' अर्थात् प्रारब्धकर्मसे छूट नहीं जाता।

---

१ ज्ञानिनो–पा. १ पु.। २ तत्र–१ पु.।
३ जीवा–पा. १ पु.।

स्यादेतत् ।

"योगाग्निर्दहति क्षिप्रमशेषं पापजं रजः[1] ।
प्रसभं जायते ज्ञानं साक्षान्निर्वाणसिद्धिदम् ॥"

इत्यादिस्मृत्येकवाक्यतया योगस्य कर्मनाशकत्ववाक्यानि संप्रज्ञात-योगपराण्येव सन्त्विति ।

मैवम् । उक्तवाक्येन हि संप्रज्ञातयोगस्य ज्ञानप्रतिबन्धकपाप-मात्रनाशकत्वमवगम्यते, न सर्वकर्मनाशकत्वम्; तथा सति 'ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुतेऽर्जुन' इत्यादिशास्त्रोक्तं ज्ञानस्य सर्वकर्मनाशकत्वमपि नोपपद्येत, ज्ञानहेतुना संप्रज्ञात-योगेनैव सर्वकर्मनाशात् । यत्तु योगस्य सर्वकर्मनाशकत्वं श्रूयते 'योगाग्निदग्धकर्मचयोऽचिरात्' इति तदसंप्रज्ञातयोगपरमेव । अतो

यहाँ यह शंका हो सकती है कि 'योगाग्नि तत्काल ही पापजनित सम्पूर्ण मलको भस्म कर देती है, और उससे तुरन्त ही साक्षात् मोक्षरूप सिद्धि देनेवाला ज्ञान उत्पन्न हो जाता है' इत्यादि स्मृतियों से एकवाक्यता की जाय तो योगके जो कर्मनाशकतापरक वाक्य हैं वे संप्रज्ञातयोगके ही विषयमें होने चाहिये ।

उत्तर—ऐसी बात नहीं है । उपर्युक्त वाक्यसे तो इतना ही जाना जाता है कि संप्रज्ञात योग ज्ञानके प्रतिबन्धक पापोंका ही नाश करनेवाला है; इससे उसकी सर्वकर्मनाशकता सूचित नहीं होती । ऐसा होनेपर तो 'हे अर्जुन ! ज्ञानरूप अग्नि सम्पूर्ण कर्मोंको भस्मीभूत कर देती है' इत्यादि शास्त्रद्वारा प्रतिपादित ज्ञानकी सर्वकर्मनाशकता ही उपपन्न नहीं होगी, क्योंकि फिर तो ज्ञानके हेतुभूत संप्रज्ञात योगसे ही सम्पूर्ण कर्मोंका नाश हो जायगा । योगकी जो 'योगाग्निदग्धकर्मच-योऽचिरात्' इत्यादि वाक्यद्वारा सर्वकर्मनाशकता सुनी जाती है, वह

---

१ पापपञ्जरम्—पा. २ पु. ।

नानयोर्वाक्ययोः संप्रज्ञातपरत्वेनैकवाक्यत्वं घटते। तस्मात्सं-प्रज्ञातयोगतज्जन्यज्ञानाभ्यामनाश्यस्य प्रारब्धकर्मणोऽसंप्रज्ञात-योगनाश्यत्वमेव 'योगाग्नि-' इत्यादिवाक्यार्थः।

किं च ज्ञानस्य योगस्य च कर्मनाशकत्वं सहकार्युच्छेदेन फलाक्षमीकरणमात्रम्। इदमेव च दाहः। तथा हि, ज्ञानेना-विद्यादिक्लेशक्षये सति क्लेशाख्यसहकार्युच्छेदादेव कर्मणा विपाक आरब्धुं न शक्यते, 'सति मूले तद्विपाकः—' (यो. २. १३.) इति सूत्रेण कर्मणां स्वमूले क्लेशे सत्येव विपाकारम्भवच-नाद्व्यासभाष्येण तथा व्याख्यानाच्च। अतो ज्ञानस्य कर्मनाश-कत्वदाहकत्ववचनं न्यायसिद्धानुवादमात्रम्।

तो असंप्रज्ञात योगके विषयमें ही है। अतः इन दोनों वाक्योंकी संप्रज्ञातयोगपरक होनेपर एकवाक्यता होनी सम्भव नहीं है। इसलिये जिस प्रारब्धकर्मका संप्रज्ञात योग और उससे उत्पन्न होनेवाले ज्ञानसे नाश होना सम्भव नहीं है उसका असंप्रज्ञात योगद्वारा नाश हो सकना ही 'योगाग्नि' इत्यादि वाक्यका तात्पर्य है।

तथा ज्ञान और योगकी कर्मनाशकता तो सहकारी कारणके उच्छेदद्वारा कर्मोंको फलप्रदानमें असमर्थ कर देनामात्र ही है। और यही दाह कर देनेका भी तात्पर्य है। अभिप्राय यह कि ज्ञानके द्वारा अविद्यादि क्लेशोंका क्षय हो जानेपर इस क्लेशसंज्ञक सहकारी कारणका उच्छेद हो जानेसे ही कर्म अपना फल प्रदान करनेमें प्रवृत्त नहीं हो सकता; क्योंकि 'मूलमें क्लेशोंके रहनेपर ही कर्मोंका फल होता है' इस सूत्रद्वारा अपने मूलमें क्लेशोंके रहनेपर ही कर्मोंके फलप्रदानका आरम्भ बताया गया है और ऐसी ही इसकी व्यासभाष्यने व्याख्या भी की है। अतः ज्ञानकी कर्मनाशकता और दाहकताका वर्णन युक्ति-सिद्ध वस्तुका अनुवादमात्र ही है।

'एवमेवासंप्रज्ञातयोगेनापि भोगहेतुवासनारूपः कर्मणां सह-कार्येवोच्छिद्यते[1]। व्युथानसंस्काराणां निरोधसंस्कारैर्बलवत्तरैरुच्छेदस्य सूत्रभाष्याभ्यामुक्तत्वात्स्वानुभवसिद्धत्वाच्च। अतोऽसंप्रज्ञातयोगपरम्परया अखिलवासनाक्षये सति प्रारब्धफलकमपि कर्म फलसंपत्तये न समर्थं वासनाया अपि कर्मसहकारित्वस्य सूत्रभाष्ययोरवधृतत्वात्। ततश्चासमाप्तभोगकमेव प्रारब्धं कर्म स्वाश्रयचित्तनाशेन नश्यति, पुरुषप्रयोजनं विना चित्तस्यावस्थानाभावात् पुरुषार्थस्य चित्त[2]स्थितिहेतुत्वात्। तस्मादसंप्रज्ञातयोगस्य प्रारब्धकर्मदाहकत्वं युक्तितोऽपि सिद्धमिति दिक्।

तदेवं योगयोः फलमुक्तम्। इदानीं संप्रज्ञातयोगस्य अवान्तर-

इसी प्रकार असंप्रज्ञात योगद्वारा भी भोगके हेतुभूत वासनारूप कर्मोंके सहकारी क्लेशका ही उच्छेद होता है, क्योंकि प्रबलतर निरोध संस्कारोंद्वारा व्युत्थानके संस्कारोंका उच्छेद हो जाता है—यह बात सूत्र और भाष्य दोनोंने कही है और अपने अनुभवसे भी सिद्ध है। अतः असंप्रज्ञात योगकी निरन्तरतासे सम्पूर्ण वासनाओंका क्षय हो जानेपर प्रारब्धरूपसे परिणत होनेवाला कर्म भी फलप्रदानमें समर्थ नहीं होता, क्योंकि सूत्र और भाष्य दोनों हीने वासनाको भी कर्मके सहकारीरूपसे निश्चय किया है। इसीसे जिसका भोग समाप्त नहीं हुआ ऐसा प्रारब्धकर्म भी अपने आश्रय चित्तका नाश होनेपर नष्ट हो जाता है, क्योंकि पुरुषके प्रयोजन बिना चित्तका स्थित रहना सम्भव नहीं है, कारण कि पुरुषका प्रयोजन ही चित्तकी स्थितिका हेतु है। अतः यह दिखला दिया गया कि युक्तिसे भी असंप्रज्ञात योगकी प्रारब्धकर्मदाहकता सिद्ध हो जाती है।

संप्रज्ञात योगके अवान्तर भेद

इस प्रकार दोनों तरहके योगोंका फल बतलाया गया। अब संप्र-

---

१ उत्साद्यते—पा. २ पु.। २ चिति—पा. २ पु.।

भेदा उच्यन्ते। तत्र संप्रज्ञातश्चतुर्विधः—वितर्कानुगतः, विचारानुगतः, आनन्दानुगतः, अस्मितानुगत इति। साक्षात्कारविशेषेषु तान्त्रिकं वितर्कादिपरिभाषाचतुष्टयम्। तैः सफलैः साक्षात्कारैः अनुगता उपहिताश्चित्तवृत्तिनिरोधा वितर्कानुगतादिसंज्ञका भवन्ति। वितर्कादिकं क्रमिकं भूमिकाचतुष्टयमुच्चारोहि[1]क्रमिकसोपानपरम्परावत्। अतो वितर्कादीनां[2] क्रमेणैव तदनुगतत्वेन निरोधस्यापि क्रमः कथ्यते, स्वतो निरोधे क्रमाभावात्। वितर्कादिक्रम औत्सर्गिकः। एकदा चित्तस्य परमसूक्ष्मप्रवेशस्य[3] प्रायशोऽसंभवात्। तथा च स्मर्यते—

"योगारम्भे मूर्तहरिममूर्तमथ चिन्तयेत्।
स्थूले[4] विनिर्जितं चित्तं ततः सूक्ष्मे शनैर्नयेत्॥" इति।

ज्ञात योगके अवान्तर भेदोंका वर्णन किया जाता है। संप्रज्ञात योग चार प्रकारका है—वितर्कानुगत, विचारानुगत, आनन्दानुगत और अस्मितानुगत। ये वितर्कादि चारों परिभाषाएँ साक्षात्कारविशेषोंको सूचित करनेवाले लाक्षणिक शब्द हैं। उन फलसहित साक्षात्कारोंसे अनुगत—उपहित चित्तवृत्तियोंके निरोध वितर्कानुगत इत्यादि नामवाले होते हैं। ये वितर्कादि चार क्रमिक भूमिकाएँ ऊँचे चढ़नेवालेके लिये आवश्यक क्रमिक सोपानपरम्परा (सीढ़ी) के समान हैं। अतः वितर्कादिके क्रमके अनुसार ही, उनसे अनुगत रहनेके कारण, निरोधका भी क्रम बतलाया जाता है, स्वतः तो निरोधमें कोई क्रम है नहीं। यह वितर्कादि क्रम भी नाममात्रका ही है, क्योंकि एक साथ ही चित्तका अत्यन्त सूक्ष्म प्रवेश प्रायः असम्भव ही होता है। ऐसी ही स्मृति भी है—"योगके आरम्भमें पहले साकार भगवान्का और फिर निराकारका चिन्तन करे। पहले स्थूल आलम्बनमें एकाग्र हुए चित्तको ही फिर धीरे-धीरे सूक्ष्म आलम्बनमें ले जाय।"

---

१ उच्चारोहे—पा. २ पु.। २ वितर्काणां—पा. १ पु.।
३ सूक्ष्मे प्रदेशस्य—पा. २ पु.। ४ विनिर्मितं—पा. २ पु.।

-तथा स्थूलादिविषयेषु रागादपि उत्तरोत्तरभूमिषु चित्तसमाधानं न संभवति । अतः स्थूलादिसाक्षात्कारेण तत्र तत्र दोषदृष्ट्या उत्तरोत्तरभूम्यारोहो राजमार्गः । यस्य तु कदाचिदीश्वरप्रसादादादावेवोत्तर[1]भूम्यारोहो भवति, तेन च पूर्वभूमिकाभ्यासस्तत्सिद्धिकामनां विना न कार्यः, उत्तरभूमिकारोहस्य फलस्य जातत्वात् । तदुक्तं भाष्यकारैः—'ईश्वरप्रसादादर्जितोत्तरभूमिकस्य नाधरभूमिषु[2] विनियोगस्तदर्थस्यान्यत एव सिद्धेः' इति ।

एतच्च भूमिकाचतुष्टयमेकस्मिन्नेवालम्बने क्रमात्कर्तव्यम्, अन्यथा पूर्वपूर्वोपासनात्यागदोषापत्तेः । चित्तचाञ्चल्यदोष-

इसके सिवा स्थूल विषयोंमें राग रहनेके कारण भी आगे-आगेकी भूमियोंमें चित्तका समाहित होना सम्भव नहीं है। अतः स्थूलादि विषयोंका साक्षात्कार करके फिर उनमें दोषदृष्टि करते हुए आगे-आगे की भूमिकाओंमें आरूढ़ होना ही राजमार्ग है। किन्तु यदि कभी किसीको भगवत्कृपासे आरम्भमें ही आगेकी भूमिकापर अधिकार प्राप्त हो जाय तो उसे पूर्व भूमिकाओंका अभ्यास उनकी सिद्धिकी कामनाके बिना करनेकी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि उसे तो आगेकी भूमिकापर आरूढ़ होनेका फल प्राप्त हो चुका है। यही बात भाष्यकार (भगवान् व्यास) ने भी कही है—'भगवत्कृपासे जिसे आगेकी भूमिका प्राप्त है उसे नीचेकी भूमिकाओंमें लगनेकी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि उसे तो उनका प्रयोजन अन्य प्रकार से ही प्राप्त हो चुका है।'

ये चारो भूमिकाएँ क्रमशः एक ही आलम्बनमें प्राप्त करनी चाहिये, नहीं तो पहली-पहली उपासनाको त्याग बैठनेका दोष प्राप्त होगा तथा चित्तकी चंचलताका दोष प्राप्त होनेकी भी नौबत आ जायगी। बात

---

१ प्रसादादेवोत्तर—पा. १ पु. । २ प्रसादाजितोत्तरभूमिषु—पा. २ पु. ।

प्रसङ्गाच्च। तद्यथा, यद्विराट्शरीरं चतुर्भुजादिकं वा शरीरं[1] घटादिकं वा षड्विंशतितत्त्वसंघातं समष्टिव्यष्ट्यात्मकमधिकृत्य प्रथमं भावना प्रवर्तते तदालम्बनमित्युच्यते। तत्रालम्बने प्रथमं स्थूलाकारधारणाध्यानसमाधिभिर्यः स्थूलगताशेषविशेषाणामतीतानागतवर्तमानव्यवहितविप्रकृष्टानां गुणदोषरूपाणामश्रुतामतानां साक्षात्कारः स वितर्क इत्युच्यते। स्थूलशब्देन च भूतानीन्द्रियाणि चात्र गृह्यन्ते। तपोजपादिसाधनैर्ध्रुवादीनां चतुर्भुजादिसाक्षात्कारादयं साक्षात्कारो विलक्षणः। तेषां हि तपोध्यानादिना तुष्टः परमेश्वरः स्वयं शरीरं निर्माय पुरः प्रकटीभूय वागादिव्यवहारं चक्रे। योगिनस्तु योगबलेन वैकुण्ठश्वेतद्वीपादि-

ऐसी है कि योगीकी भावना आरम्भमें जिस विराट् विग्रह, चतुर्भुजादि देवविग्रह अथवा घटादिके समान किसी छब्बीस तत्वों के समुदाय समष्टि या व्यष्टिरूप पदार्थको आश्रय बनाकर ही प्रवृत्त होती है, वही आलम्बन कहा जाता है। उस आलम्बनमें पहले जो स्थूल भागकी भूत, भविष्य, वर्तमान, ओझलमें रहनेवाली और दूरवर्ती गुण-दोषरूपा सम्पूर्ण विशेषताओंका, जिनको पहले न सुना हो और न जाना हो, साक्षात्कार होना है उसे ही 'वितर्क' कहते हैं। स्थूल शब्दसे यहाँ भूत और इन्द्रियाँ* ग्रहण की जाती हैं। तपस्या और जपादि साधनोंसे जो ध्रुवादिको चतुर्भुजादि भगवद्विग्रहोंका साक्षात्कार हुआ था उससे यह साक्षात्कार भिन्न प्रकारका है। उनके तो तप एवं ध्यानादिसे सन्तुष्ट होकर भगवान् स्वयं शरीर धारण करके उनके सामने प्रकट हुए थे और उनसे बातचीत आदि भी की थी। योगी लोग तो अपने

---

१ स्वशरीरं–पा. २ पु.।

* किन्हीं टीकाकारोंने इन्द्रियोंको आनन्दानुगत समाधिका आलम्बन माना है। इस मतका श्री विज्ञानभिक्षुने योगवार्तिक (१।१७) में खण्डन किया है।

स्थमेव चतुर्भुजादिशरीरमन्यत्र स्थिताः पश्यन्ति। तत्र च वाग्व्यवहारादिकं न संभवति। तथा[1] चतुर्भुजादिशरीरस्य बाह्याभ्यन्तराखिलगुणदोषादिकमतीतादिरूपं पश्यन्तीति विशेषः इति वितर्को व्याख्यातः।

अथ विचारो व्याख्यायते। तत्रैवालम्बने स्थूलाकारसाक्षात्कारानन्तरं स्थूलाकारदृष्टिं त्यक्त्वा क्रमेण प्रकृतिपर्यन्तसूक्ष्माकारधारणादित्रयेण यः पूर्ववदशेषविशेषतस्तत्त्वात्सूक्ष्माकारसाक्षात्कारः स विचार इत्युच्यते। सूक्ष्मशब्दस्य कारणार्थकतया तत्र[2] तन्मात्राहंकारमहत्तत्त्वप्रकृतयः सूक्ष्मशब्देन गृह्यन्ते।

ननु स्थूलालम्बने कथं सूक्ष्मदृष्टिर्यथार्था स्यादिति चेन्न। सर्वेषां शरीरघटादीनां षड्विंशतितत्त्वकार्यतया कार्यकारणाभेदेन

योगबलसे वैकुण्ठ और श्वेतद्वीपादिमें स्थित चतुर्भुजादि शरीरको ही अन्यत्र स्थित रहकर देख लेते हैं। वहाँ उनसे कोई वागादिका व्यवहार भी नहीं हो सकता। तथा उनमें इतनी विशेषता रहती है कि वे चतुर्भुजादि शरीरके बाहर-भीतर रहनेवाले भूत, वर्तमान और भावी सम्पूर्ण गुण-दोषादिको भी देख लेते हैं। यह वितर्ककी व्याख्या हुई।

अब विचारकी व्याख्या की जाती है। उसी आलम्बनमें स्थूलाकारके साक्षात्कारके पश्चात् स्थूलाकार दृष्टिको त्यागकर फिर क्रमसे प्रकृतिपर्यन्त सूक्ष्माकार धारणादि तीनों (धारणा, ध्यान और समाधि) के द्वारा जो पूर्ववत् सम्पूर्ण विशेषताओंके सहित सूक्ष्माकारका साक्षात्कार है वह 'विचार' कहलाता है। 'सूक्ष्म' शब्द कारणवाचक है, अतः यहाँ सूक्ष्म शब्दसे तन्मात्र, अहंकार, महत्तत्व और प्रकृति ग्रहण की जाती हैं।

यदि कहो कि स्थूल आलम्बनमें सूक्ष्म दृष्टि यथार्थ कैसे हो सकती है तो ऐसी बात नहीं है, क्योंकि शरीर एवं घट आदि सभी पदार्थ छब्बीस तत्त्वोंके कार्य हैं, अतः कार्य और कारणका अभेद होनेके

---

१ तथाऽस्य—पा. २ पु.। २ अत्र—पा. २ पु.।

षड्विंशतितत्त्वरूपत्वात्। तत्रापि कार्यरूपताया अस्थिरत्वेन कारणरूपताया एव सत्यत्वात्। 'वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्' (छा. ६.) इति श्रुतेः।

ननु तथापि सूक्ष्माकारस्यादृष्टजातीयस्य कथं भावना स्यादिति चेत्।

न। श्रुतमतप्रकारैरेव सामान्यतो भावनासंभवात् अश्रुतामतविशेषस्य च योगजधर्मबलेन ग्रहणात्। एवं सर्वत्र। इति विचारो व्याख्यातः।

अथानन्दो व्याख्यायते। तत्रैवालम्बने सूक्ष्माकारसाक्षात्कारानन्तरं तामपि दृष्टिं त्यक्त्वा चतुर्विंशतितत्त्वानुगते सुखरूपपुरुषार्थे धारणादित्रयेण यः पूर्ववदशेषविशेषतः सुखाकार-

कारण वे सब छब्बीस तत्त्व रूप ही हैं। उसमें भी कार्यरूपता तो अस्थायी है, अतः कारणरूपता ही सत्य है; जैसा कि श्रुति कहती है— 'विकार (घटादि कार्य) वाणीसे आरम्भ होनेवाला नाममात्र है, सत्य तो [कारणरूपा] मृत्तिका ही है।'

प्रश्न—यदि ऐसा भी हो तो भी जो दृष्टिका विषय नहीं हो सकता उस सूक्ष्माकारकी भावना कैसे हो सकती है ?

उत्तर—ऐसी बात नहीं है। यद्यपि सामान्य रूपसे तो सुनी और समझी हुई वस्तुओंकी ही भावना हो सकती है, तथापि योगबलके द्वारा बिना सुने और बिना समझे हुए पदार्थोंको भी ग्रहण किया जा सकता है। इसी प्रकार सर्वत्र समझना चाहिये। यह विचार की व्याख्या हुई।

अब आनन्दकी व्याख्या की जाती है। उसी आलम्बनमें सूक्ष्माकारका साक्षात्कार करनेके पश्चात् उस दृष्टिको भी त्यागकर चौबीस तत्त्वोंमें अनुगत सुखरूप पुरुषार्थमें धारणादि तीनों करके जो पहले

साक्षात्कारः स आनन्द इत्युच्यते, ज्ञानज्ञेययोरभेदोपचारात्। यद्यपि प्रकृतेस्त्रिगुणात्मकत्वेन सुखवद्दुःखमोहावपि सर्वत्र स्तः, तथापि सुखरागेणैव संसारादात्मदर्शनप्रतिबन्धाच्च तदेव मुख्यतोऽशेषविशेषतो योगेन द्रष्टव्यम्, यथा तत्र दोषदर्शनेन दुःखदृष्ट्या वैराग्यं स्यादित्याशयेनानन्दमात्रे योग उपदिष्ट इति मन्तव्यम्। मोक्षधर्मे तु धर्मधर्म्यभेदेन धर्मान्तरवदानन्दमपि चतुर्विंशतितत्त्वेष्वेव प्रवेश्य संप्रज्ञातयोगस्य त्रैविध्यमेव प्रोक्तम्—

"वितर्कश्च विचारश्च विवेकश्चोपजायते।
मुनेः समादधानस्य प्रथमं योगमादितः॥" इति।

प्रथमं योगं संप्रज्ञातं समादधानस्य कुर्वतः मुनेः आदितः क्रमेण वितर्कादित्रयं जायत इत्यर्थः। तत्र च विवेको वक्ष्य-

ही के समान सम्पूर्ण विशेषताओंके सहित सुखका साक्षात्कार करना है वह 'आनन्द' कहलाता है, क्योंकि उपचारसे ज्ञान और ज्ञेयका अभेद स्वीकार किया गया है। यद्यपि प्रकृति त्रिगुणमयी होनेके कारण सुखकी तरह दुःख और मोह भी सर्वत्र हैं, तथापि सुखके रागसे ही संसारसे आत्मदर्शनका प्रतिबन्ध है, अतः योगद्वारा सम्पूर्ण विशेषताओंके सहित उसीका साक्षात्कार करना चाहिये, जिससे कि दोषदर्शनके द्वारा दुःखदृष्टि होकर वैराग्य हो जाय। इसी आशयसे आनन्दमात्रमें योगका उपदेश किया है—ऐसा समझना चाहिये। [1]मोक्ष धर्ममें तो धर्म और धर्मीका अभेद मानकर धर्मान्तरके समान आनन्दको भी चौबीस तत्वों के अन्तर्गत ही मानकर संप्रज्ञात समाधिके तीन भेद बतलाये हैं—'प्रथम योगमें समाहित होनेवाले मुनिको आरम्भसे वितर्क, विचार और विवेककी उत्पत्ति होती है।' तात्पर्य यह कि प्रथम अर्थात् संप्रज्ञात योगमें समाहित—उसका अभ्यास करनेवाले मुनिको आरम्भसे—क्रमशः वितर्कादि तीन प्रकारके योग उत्पन्न होते हैं। इनमें विवेक आगे

१. महाभारत शान्तिपर्वका एक उपपर्व।

माणास्मितेति । इत्यानन्दो व्याख्यातः ।

अथास्मिता व्याख्यायते । एवं भूमिकाक्रमेण स्थूलसूक्ष्मानन्दानां स्वरूपाणि दोषबहुलानि साक्षात्कृत्य तेभ्यो विरज्य तत्रैवालम्बने यः कूटस्थविभुचिन्मात्रत्वादिरूपैस्तेभ्यो विवेकत आत्माकारसाक्षात्कारः सोऽस्मितेत्युच्यते, 'देहादिभिन्नोऽस्मि' इत्येतावन्मात्रा[1]कारत्वात् । आत्मज्ञानानन्तरं च ज्ञातव्यं नास्तीत्यतोऽस्मिता चरमभूमिका भवति । अस्यैव चात्मसाक्षात्कारस्य पराकाष्ठा धर्ममेवसमाधिरित्युच्यते यस्योदये ज्ञानेऽप्यलं प्रत्ययरूपेण परवैराग्येण असंप्रज्ञातयोगो जायत इति ।

अस्याश्चास्मितायाः द्वौ विषयौ चतुर्विंशतितत्त्वविवेकत आत्मसामान्यं पञ्चविंशतितत्त्वविवेकतः परमात्मा च । तयोरप्यौत्सर्गिको आत्मसामान्यं भूमिकाक्रमोऽस्ति,

बतायी जानेवाली अस्मिता है । इस प्रकार आनन्द की व्याख्या हुई ।

अब अस्मिताकी व्याख्या की जाती है । इस प्रकार भूमिका क्रमसे स्थूल सूक्ष्म और आनन्द रूपोंका, जिनमें अनेकों दोष हैं, साक्षात्कार करके उनसे वैराग्य होनेपर उसी आलम्बनमें जो कूटस्थ विभु एवं चिन्मात्र आदि रूपसे विवेक करके आत्माका साक्षात्कार किया जाता है वह 'अस्मिता' कहलाता है, क्योंकि 'मैं देहादिसे भिन्न हूँ' इतना ही उसका आकार होता है । आत्मज्ञानके पश्चात् और कुछ जानने योग्य नहीं रहता, इसलिये अस्मिता ही अन्तिम भूमिका है । इस आत्मसाक्षात्कारकी पराकाष्ठा ही धर्ममेघ समाधि कही जाती है, जिसका उदय होनेपर ज्ञानमें भी अलंबुद्धिरूप पर वैराग्यके द्वारा असंप्रज्ञात योग प्राप्त होता है ।

इस अस्मिताके विषय दो होते हैं—(१) चौबीस तत्वोंके विवेक द्वारा आत्मसामान्य (पुरुष), (२) पच्चीस तत्वोंके विवेक द्वारा परमात्मा । इन दोनों साक्षात्कारोंका भी पहले ही के समान भूमिका

---

१ एतन्मात्रा—पा. २ पु.

"चतुर्विंशतितत्त्वेभ्यः ख्यातो यः पञ्चविंशकः।
विवेकात्केवलीभूतः षड्विंशं[1] सोऽनुपश्यति ॥"

इति स्मृतेः। जीवापेक्षयापि परमात्मनः सूक्ष्मत्वाच्च। जीवस्य हि स्वरूपं[2] प्रत्यक्षमस्ति तत्रैव ज्ञानेऽपरिच्छिन्नकूटस्थत्वादि-ज्ञानस्यैवात्मसाक्षात्काररूपत्वात्। परमात्मनस्तु तदप्रत्यक्षमिति[3]। तत्रात्मसामान्यविषयको योगः सत्त्वपुरुषान्यताख्यातिशब्देन स्थले स्थले सूत्रभाष्ययोरुक्तः। परमात्मयोगस्तु 'ईश्वरप्रणिधानाद्वा'(यो. १. २३.) इति सूत्रेण तद्भाष्येण चोक्तः। तथा मात्स्यकौर्मयोरपि—

"योगी च त्रिविधो ज्ञेयो भौतिकः सांख्य एव च।
तृतीयोऽन्त्याश्रमी प्रोक्तो योगमुत्तममास्थितः ॥

क्रम है, जैसा कि यह स्मृति कहती है—'चौबीस तत्वोंके विवेक द्वारा जो पच्चीसवाँ तत्व ज्ञात होता है उससे भी अलग होकर जो केवली भावमें स्थित हैं वह छब्बीसवें तत्व (परमात्मा) का साक्षात्कार कर लेता है।' इसके सिवा जीवकी अपेक्षा परमात्मा सूक्ष्मतर भी है, [इसलिये भी यह आगेकी भूमिका है।] जीवका स्वरूप तो प्रत्यक्ष ही है; उस जीवके अनुभवमें ही ऐसा ज्ञान होना कि यह अपरिछिन्न और कूटस्थ है—बस, यही आत्मसाक्षात्कारका स्वरूप है। किन्तु परमात्माका ज्ञान जीवको प्रत्यक्ष नहीं है। इसीसे आत्मसामान्यविषयक योगका वर्णन तो सत्त्वपुरुषान्यताख्याति शब्दसे सूत्र और भाष्य दोनों ही में जगह-जगह किया है। परन्तु परमात्म योगका तो केवल 'ईश्वर-प्रणिधानाद्वा' इस सूत्र और इसके भाष्यद्वारा ही उल्लेख हुआ है। ऐसा ही मत्स्य और कूर्म पुराणोंमें भी कहा है—

'योगी तीन प्रकारका समझना चाहिये—(१) भौतिक, (२) सांख्य और (३) अन्त्याश्रमी, जो उत्तम योगमें स्थित तृतीय योगी

---

१ षड्विंशः–पा. १ पु.। २ स्वरूपज्ञानं–पा. २ पु.।
३ तदप्यप्रत्यक्षमिति–पा. २ पु.।

प्रथमा भावना पूर्वे सांख्ये त्वक्षरभावना ।
तृतीये चान्तिमा[1] प्रोक्ता भावना पारमेश्वरी ॥" इति ।

अत्र भूतशब्दोऽखिलजडोपलक्षकः[2] । अन्त्याश्रमी परमहंसः । प्रथमा भूतभावना । पूर्वे प्रथमयोगिनि । सांख्ये तु मध्यमयोगिन्यक्षरभावना कूटस्थचित्सामान्यभावना । तृतीये च परमहंसेऽन्तिमा अन्ते कर्तव्या पारमेश्वरी परमात्मगोचरा भावनेत्यर्थः । अतः सर्वेषु संप्रज्ञातेषु मध्ये पारमेश्वरयोग एव श्रेष्ठः । तथा कौर्मेऽप्युक्तम्—

यत्र पश्यसि[3] चात्मानं नित्यानन्दं निरञ्जनम् ।
मामेकं स महायोगो भाषितः पारमेश्वरः ॥

कहा जाता है । पहले योगीमें प्रथमा (भूतसम्बन्धिनी) भावना रहती है, सांख्यमें अक्षरकी भावना रहती है और तीसरे योगमें परमेश्वर-सम्बन्धिनी अन्तिम भावना कही गयी है ।

यहाँ 'भूत' शब्द सम्पूर्ण जड़वर्गका उपलक्षक है । अन्त्याश्रमी परमहंसको कहते हैं । प्रथमा—भूतसम्बन्धिनी भावना पूर्वमें प्रथम योगीमें रहती है । सांख्यमें अर्थात् मध्यम योगीमें अक्षर भावना—कूटस्थ चित्सामान्यकी भावना रहती है । तथा तीसरे—परमहंसमें अन्तिम—अन्तमें करने योग्य पारमेश्वरी अर्थात् परमात्माको विषय करनेवाली भावना रहा करती है—ऐसा इसका तात्पर्य है । अतः सब प्रकारके सम्प्रज्ञात योगोंमें पारमेश्वर योग ही श्रेष्ठ है । कूर्मपुराणमें भी ऐसा ही कहा है—

'जिस योगमें तुम मुझे एक नित्यानन्द, निरञ्जन आत्मा रूपसे देखते हो वह महायोग परमेश्वरसम्बन्धी कहा जाता है । सम्पूर्ण

---

१ चरमा—पा. २ पु. । २ लक्षणः—पा. १ पु. ।
३ पश्यति—पा. २ । ३ पु. ।

ये चान्ये योगिनां योगाः श्रूयन्ते ग्रन्थविस्तरे।
सर्वे ते ब्रह्मयोगस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम्॥
यत्र साक्षात्प्रपश्यन्ति विमुक्ता विश्वमीश्वरम्।
सर्वेषामेव योगानां स योगः परमो मतः॥" इति।

नन्वस्मितायाः कथमचेतनेषु घटाद्यालम्बनेषु संभव इति चेन्न। कारणरूपेण जीवेश्वरयोः सर्वत्रानुगमात्, मुक्तात्मनां च विभुत्वेन सर्वत्रानुगमादिति।

तदेवं संप्रज्ञातयोगस्य चत्वारो भेदा निरूपिताः[1]। तेषु च वितर्काद्याश्चत्वारः स्थूलादिसाक्षात्काराः समापत्तिशब्देनापि तन्त्रे परिभाषिताः। तत्र च वितर्कानुगतविचारानुगतयोर्यौ वितर्कविचारौ विशेषणे तावपि प्रत्येकं द्विविधौ भवतः। तयो-

ग्रन्थोंमें योगियोंके और जितने भी योग सुने जाते हैं वे इस ब्रह्मयोगकी सोलहवीं कलाके समान भी नहीं हो सकते। जिस योगमें युक्त पुरुष साक्षात् विश्वात्माका साक्षात्कार करते हैं, वह सभी योगोंमें श्रेष्ठ माना गया है।'

यदि कहो कि घटादि अचेतन आलम्बनोंमें अस्मिताका साक्षात्कार होना कैसे सम्भव है, तो यह बात ठीक नहीं, क्योंकि कारण रूपसे जीव और ईश्वर सभी जगह अनुगत हैं तथा विभु होनेके कारण मुक्तात्मा भी सर्वत्र व्याप्त हैं।

इस प्रकार संप्रज्ञात योगके चार भेदों का निरूपण हुआ। शास्त्र में ये स्थूलादि आलम्बनोंमें होनेवाले वितर्कादि चार साक्षात्कार 'समापत्ति' शब्दसे भी कहे गये हैं। इनमें वितर्कानुगत और विचारानुगत समापत्तियों में होनेवाले वितर्क और विचारसंज्ञक साक्षात्कारोंमें से प्रत्येकविशेष रूपसे दो-दो प्रकारका है। उनमें वितर्क सवितर्क और

---

1 प्रदर्शिताः—पा. ३ पु.।

वितर्कः सवितर्कनिर्वितर्करूपेण द्विधा। विचारश्च सविचारनिर्विचाररूपेण द्विधा। तद्यथा। भूतेन्द्रियरूपस्थूलसाक्षात्कारो योवितर्क इत्युक्तः स चेच्छब्दार्थज्ञानानां विकल्पेन मिश्रितो भवति तदा सवितर्कसमापत्तिरित्युच्यते। तेन शून्या च निर्वितर्कसमापत्तिरिति।

अथ कः शब्दार्थज्ञानविकल्प इति। उच्यते। हरिरिति शब्दो हरिरित्यर्थो हरिरिति ज्ञानम्, इत्येवं त्रयाणां शब्दार्थज्ञानानामेकाकारत्वेनाभेदभ्रमः पूर्वोक्तविकल्परूपः शब्दार्थज्ञानविकल्पः। तद्युक्तश्च स्थूलसाक्षात्कारः सवितर्कः सविकल्प[1] इति चोच्यते। तच्छून्यश्च स्थूलसाक्षात्कारो निर्वितर्को निर्विकल्प इति चोच्यते। निर्विशेषणात्मादिसाक्षात्कारो निर्विकल्प[2] इत्याधुनिकतार्किकप्रलापस्त्वप्रामाणिक एवेति मन्तव्यम्।

निर्वितर्करूपसे दो प्रकार का है तथा विचार सविचार एवं निर्विचाररूपसे दो प्रकार का। इसका विवरण इस प्रकार है—जो भूत और इन्द्रियरूप स्थूल साक्षात्कार वितर्क कहा गया है वह यदि शब्द अर्थ और ज्ञानके विकल्पसे मिला होता है तो वह सवितर्क समापत्ति कहा जाता है और उनसे शून्य होनेपर निर्वितर्क समापत्ति कहलाता है।

अब यह बतलाया जाता है कि यह शब्द अर्थ और ज्ञानका विकल्प क्या है। 'हरि' यह शब्द है, 'हरि' यह अर्थ है और 'हरि' यह ज्ञान भी है—इस प्रकार शब्द अर्थ और ज्ञान इन तीनमें जो अभेदरूपसे एकताका भ्रम हो रहा है वही पूर्वोक्त विकल्परूप शब्द अर्थ और ज्ञानका विकल्प है। इससे युक्त जो स्थूल वस्तुका साक्षात्कार है वह सवितर्क-सविकल्प कहा जाता है। तथा इससे शून्य स्थूल साक्षात्कार निर्वितर्क-निर्विकल्प कहलाता है। विशेषणशून्य आत्मा आदिका साक्षात्कार निर्विकल्प है—यह आज-कलके तार्किकोंका प्रलाप तो अप्रामाणिक ही है—ऐसा समझना चाहिये।

---

१ वितर्क इति—पा. १ पु.। सविकल्प—पा. ३ पु.।

२ निर्विकल्पक—पा. २ पु.।

अत्र[1] शब्दादिविकल्पो विकल्पसामान्योपलक्षकः, युक्तिसाम्यात्। तेन च सवितर्का समापत्तिरपरप्रत्यक्षमुच्यते, विकल्परूपाविद्यालेशसंपर्कात्। निर्वितर्का तु समापत्तिः परप्रत्यक्षमुच्यते[2], आरोपसामान्याभावात्। इति वितर्कस्य द्वैविध्यमुक्तम्।

विचारस्य द्वैविध्यमुच्यते। तन्मात्रादिप्रकृतिपर्यन्तसूक्ष्मसाक्षात्कारो यो विचार इत्युक्तः स चेत्स्वस्वविकाराणां देशकालादीनां चानुभवेन मिश्रितो भवति तदा सविचारसमापत्तिरुच्यते। तेन शून्या च निर्विचारसमापत्तिरिति।

तदित्थं संप्रज्ञातस्य भेदा उक्ताः। सर्वे च ते[3] संप्रज्ञातयोगाः सालम्बनयोगा इति सबीजयोगा इति चोच्यन्ते, ध्येयरूपालम्बनयोगात्, तदाऽपि वृत्तिबीजसंस्कारोत्पत्तेश्चेति।

यहाँ शब्दादि विकल्प सामान्यतया विकल्पमात्रको उपलक्षित करानेवाला है, क्योंकि विकल्पमात्रमें एकही-सी युक्ति है। अतः सवितर्का समापत्ति अपर प्रत्यक्ष कही जाती है, क्योंकि उसके साथ वितर्करूप अज्ञानलेशका संपर्क रहता है, और निर्वितर्का समापत्ति पर प्रत्यक्ष कहलाता है, क्योंकि उसमें इस सामान्य आरोपका अभाव है। इस प्रकार वितर्कके दो प्रकारोंका निरूपण हुआ।

अब विचारकी द्विविधता बतलाते हैं। तन्मात्रोंसे लेकर प्रकृतिपर्यन्त सूक्ष्म तत्त्वोंका जो साक्षात्कार 'विचार' कहा जाता है, वह यदि अपने विकार देश-काल आदिके अनुभवसे मिला हुआ होता है तो सविचार समापत्ति कहलाता है और जो उससे शून्य हो उसे निर्विचार समापत्ति कहते हैं।

इस प्रकार यह सम्प्रज्ञात योगके भेदोंका निरूपण हुआ। ये सभी सम्प्रज्ञात योग सालम्बन योग हैं, इसलिये सबीज योग कहे जाते हैं, क्योंकि इनमें ध्येयरूप आलम्बनका सम्बन्ध रहता है और ऐसी स्थितिमें भी वृत्तिके बीजरूप संस्कारकी उत्पत्ति हो सकती है।

---

१ न च–पा. १ पु.। २ उच्यते–इति नास्ति १ पु.।
३ सर्वे चैते–पा. २। ३ पु.।

संप्रज्ञातयोगिनः चतुर्भूमिका भवन्ति। तद्यथा प्रथमकल्पिको[1] मधुभूमिकः प्रज्ञाज्योतिरतिक्रान्तभावनीयश्च। तत्र सवितर्कसमापत्तिमान् प्रथमः, शब्दार्थज्ञानविकल्पापरित्यागात्। निर्वितर्कसमापत्तिमान् द्वितीयः। स च ऋतंभरप्रज्ञ इत्युच्यते, तत्प्रज्ञायामसदारोपसंपर्कासंभवात्। इयं च भूमिका मधुमत्यप्युच्यते। मधुवत् तृप्तिहेतुना प्रज्ञया योगात्। ततश्च क्रमेण निर्विचारसमापत्तिनिष्ठया प्रकृतिपर्यन्तजयी तृतीयः। अस्यामेव च भूमिकायामानन्दानुगतस्य प्रवेशः। ततश्चास्मितानुगतयोगनिष्पत्तिपर्यन्तश्चतुर्थः। अस्यांश्च भूमिकाया धर्ममेघाख्यसमाधिना परिसमाप्तिर्भवति। धर्ममेघसमाधिस्तु[2] तदोच्यते यदा सिद्धि-

संप्रज्ञात योगीकी चार भूमिकाएँ

संप्रज्ञात योगीकी चार भूमिकाएँ होती हैं यथा—प्रथमकल्पिक, मधुभूमिक, प्रज्ञाज्योति और अतिक्रान्तभावनीय। इनमें पहला योगी सवितर्क समापत्तिवाला होता है, क्योंकि वह शब्द अर्थ ज्ञानरूप विकल्पका त्याग नहीं करता। दूसरा निर्वितर्क समापत्तिवाला होता है। वही ऋतम्भरप्रज्ञावाला कहा जाता है, क्योंकि उसकी प्रज्ञा (बुद्धि) में असत् वस्तुके आरोपका सम्पर्क होना सम्भव नहीं है। यह भूमिका मधुमती भी कही जाती है, क्योंकि इसमें मधुके समान तृप्तिकी हेतुभूता प्रज्ञासे योग हो जाता है। इसके पश्चात् निर्विचार समापत्तिकी स्थितिद्वारा प्रकृतिपर्यन्त सूक्ष्म तत्त्वोंपर अधिकार प्राप्त कर लेनेवाला योगी तीसरी भूमिकावाला कहा जाता है। इसी भूमिकामें आनन्दानुगत समापत्तिका प्रवेश होता है। फिर अस्मितानुगत योगकी निष्पत्तिपर्यन्त चौथी भूमिका होती है। इस भूमिकाकी परिसमाप्ति धर्ममेघसंज्ञक समाधिके रूपमें होती है। धर्ममेघसमाधि उस समय कही जाती है जब

---

१ प्राथमिको—पा. २ पु.। २ श्च-पा. १ पु.।

कामनात्यागेन निरन्तरोत्पन्नात् सत्त्वपुरुषान्यताख्यातिप्रवाहात् सवासनाविद्यानिवृत्त्या प्रयोजनाभावेन तस्यामपि ख्यातौ दुःखात्मिकायामलंप्रत्ययरूपं परवैराग्यं जायते यदुत्तरमसंप्रज्ञातयोग उदेतीति सर्वज्ञतादिजनकं प्रकृष्टं धर्मं मेहति वर्षतीति व्युत्पत्त्या धर्ममेघः समाधिरुच्यते। अस्यामवस्थायां जीवन्मुक्त इत्युच्यते।

नन्वेवं किं सर्वज्ञतादिकं विना जीवन्मुक्तिपरममोक्षौ न स्तः?

न न स्तः, भाष्यवाक्यात्। तद्यथा। सर्वज्ञत्वपर्यन्ताखिलयोगसिद्धिव्याख्यानानन्तरं भाष्यम्— "ईश्वरस्यानीश्वरस्य वा[1]

सिद्धियोंकी कामनाएँ त्याग देनेपर निरन्तर उत्पन्न हुए पुरुष-प्रकृतिके विवेकके प्रवाहद्वारा वासनासहित अविद्याकी निवृत्ति हो जानेपर कोई प्रयोजन न रहनेके कारण योगीको उस दुःखात्मिका विवेकख्यातिमें भी अलंबुद्धिरूप परवैराग्य प्राप्त होता है। उसके पश्चात् असंप्रज्ञात योगका उदय होता है। इस प्रकार यह सर्वज्ञतादिको उत्पन्न करनेवाले प्रकृष्ट धर्मरूप मेघकी वर्षा करती है, इस व्युत्पत्तिसे यह समाधि धर्ममेघ कही जाती है। इस अवस्थामें योगी 'जीवन्मुक्त' कहा जाता है।

प्रश्न—इस प्रकार सर्वज्ञतादिके बिना क्या जीवन्मुक्ति* और परममुक्ति✓ की प्राप्ति नहीं होतीं?

उत्तर—नहीं होतीं—ऐसी बात नहीं है, क्योंकि भाष्यका ऐसा ही वचन है; जैसा कि सर्वज्ञत्वपर्यन्त सम्पूर्ण योगसिद्धियोंकी व्याख्या करनेके पश्चात् भाष्य कहता है—'ईश्वर (सिद्धियोंके सहित) हो अथवा अनीश्वर (सिद्धिसे रहित) या जिसे विवेकजनित ज्ञान प्राप्त

---

१ च–पा. २ पु.।

* जीवित रहते हुए ही पुरुषख्यातिके कारण अपनेको मुक्तरूप अनुभव करना।

✓ देहत्यागके पश्चात् प्रकृति और प्राकृत पदार्थोंसे मुक्त हो जाना।

प्राप्तविवेकजज्ञानस्येतरस्य वा न दग्धक्लेशबीजस्य ज्ञाने पुनरपेक्षा काचिदस्ति सत्त्वशुद्धिद्वारेण त्वेतत्समाधिजमैश्वर्यं ज्ञानं चोपक्रान्तम्। परमार्थतस्तु ज्ञानाददर्शनं निवर्तते। तस्मिन्निवृत्ते न सन्त्युत्तरक्लेशाः। क्लेशाभावात् कर्मविपाकाभावः। चरिताधिकाराश्चैतस्यामवस्थायां गुणा न पुरुषस्य [1]दृश्यत्वेनोपतिष्ठन्ते। तत्पुरुषस्य कैवल्यम्।" (यो. भा. ३. ५५.) इति।

अत्र विवेकजज्ञानं विवेकख्यातेः सिद्धिः सर्वज्ञता पूर्वसूत्रप्रोक्ता। सत्त्वशुद्धिस्तु भुक्तवैराग्यमिति। अतः सार्वज्ञ्यादिपर्यन्तधर्ममेघसमाध्यनुत्पादेऽपि अभिमानरागद्वेषादिरूपभवबीजदाहेनैव

हो गया है ऐसा कोई अन्य पुरुष हो, इस प्रकार जिसके क्लेशके बीजोंका दाह हो गया है उस पुरुषको ज्ञानके लिये किसी और स्थिति की अपेक्षा नहीं रहती। चित्तकी शुद्धिके द्वारा ही इस समाधिजनित ऐश्वर्य और ज्ञानकी प्राप्ति बतायी गयी है। वस्तुतः तो ज्ञानसे अज्ञानकी निवृत्ति होती है और उसके निवृत्ति होनेपर आगेके* क्लेश नहीं होते तथा क्लेश न रहनेपर कर्मोंका परिणाम नहीं होता। इस प्रकार अधिकार समाप्त हो जानेके कारण इस अवस्थामें गुण पुरुषके दृश्यरूपसे सामने नहीं आते। यही पुरुषका कैवल्य है।

यह जो विवेकज ज्ञान है वह पूर्वसूत्रमें कही हुई विवेकख्यातिकी सर्वज्ञतारूप सिद्धि है और भोगी हुई वस्तुओंके प्रति वैराग्य होना ही चित्तकी शुद्धि है। अतः सर्वज्ञतादिपर्यन्त धर्ममेघ समाधिकी उत्पत्ति न होनेपर भी अभिमान एवं राग-द्वेषादि संसारके बीजोंका दाह हो जानेके

---

१ ज्ञेयत्वे—पा. १ पु.।

* अविद्यासे आगेके अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश संज्ञक चार क्लेश।

मुक्तिद्वयमिति सांख्यसिद्धान्तोऽत्राप्यनुमतः[1]। असंप्रज्ञातयोगस्तु अखिलवासनाक्षयेण प्रारब्धातिक्रमद्वारा झटिति स्वेच्छया मोक्ष एवोपयुज्यते न तु नियमेनेति प्रागेवोक्तम्। इति संप्रज्ञातः प्रपञ्चितः।

इदानीमसंप्रज्ञातः प्रपञ्च्यते। असंप्रज्ञातयोगो द्विविधः—उपायप्रत्ययो भवप्रत्ययश्च। शास्त्रोक्तोपायानुष्ठानादिहैव लोके योऽसंप्रज्ञातो जायते स उपायप्रत्ययः, प्रत्ययशब्दस्य कारणवाचित्वात्। उपायाश्च श्रद्धावीर्यस्मृतिसमाधिप्रज्ञारूपा इति (यो. १. २०,) सूत्रेणोक्ताः। तत्र श्रद्धा योगे प्रीतिः। वीर्यं चित्तस्य धारणा। स्मृतिर्ध्यानम्। समाधिर्योगस्य चरमाङ्गम्।

कारण ही दोनों प्रकारकी मुक्तियाँ हो सकती हैं—इसप्रकार यहाँ भी सांख्यके सिद्धान्तसे भाष्यका एक ही मत है। किन्तु यह बात तो पहले ही कही जा चुकी है कि असंप्रज्ञात योग तो सम्पूर्ण वासनाओंके क्षय-द्वारा प्रारब्धका भी अतिभ्रमण करके स्वेच्छासे तत्काल ही मोक्ष दिलानेमें उपयोगी है, उसमें किसी नियमकी आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार सम्प्रज्ञात योगकी व्याख्या हुई।

असंप्रज्ञात योग

अब असंप्रज्ञात योगकी व्याख्या की जाती है। असंप्रज्ञात योग दो प्रकारका है। उपायप्रत्यय और भवप्रत्यय। शास्त्रोक्त उपायोंके अनुष्ठानद्वारा जो असंप्रज्ञातयोग इस लोकमें ही प्राप्त होता है वह उपाय-प्रत्यय कहा जाता है। यहाँ 'प्रत्यय' शब्द कारणवाची है। उपाय श्रद्धा, वीर्य, स्मृति, समाधि और प्रज्ञारूप हैं—इस प्रकार प्रथमपादके बीसवें सूत्रमें बताये गये हैं। इनमें श्रद्धाका अर्थ है योगमें प्रीति होना, वीर्य चित्तकी धारणाको कहते हैं, स्मृति ध्यानका नाम है, समाधि योगका अन्तिम अंग है और प्रज्ञा संप्रज्ञातयोगजनित साक्षात्कारको

---

१ अनुमन्तव्यः—पा. २ पु.। उपपादितः—पा. ३ पु.।

प्रज्ञा संप्रज्ञातयोगजन्यसाक्षात्कारः। एतानि क्रमेण वक्ष्यमाण-परवैराग्यद्वारेण असंप्रज्ञातस्योपाया भवन्ति। तेषां चोपाया-नामतिशीघ्रतीव्रतरानुष्ठानादासन्नतरोऽसंप्रज्ञातपर्यन्तयोगस्तत्फलं मोक्षश्च भवति। उपायानुष्ठानमान्द्येऽपि चेश्वरप्रणिधानादासन्नतरौ तौ भवतः, परमेश्वरप्रणिधानेन तदनुग्रहादिति।

अथ क ईश्वरः किं वा तत्प्रणिधानम्?

उच्यते। अविद्यादिपञ्चक्लेशैर्धर्माधर्मैस्तद्विपाकैः संस्कार-सामान्यैश्च कालत्रयेऽप्यपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः। स च 'अथातो ब्रह्मजिज्ञासा' (ब्र. १. १. १.) इत्यादिवेदान्तसूत्रैरशेष-विशेषतो मीमांसितः। अतोऽत्र दिङ्मात्रेणोच्यते। तस्य साम्यातिशयशून्यमैश्वर्यं सार्वज्ञ्यं च, स च सर्वेषां ब्रह्मविष्णु-

कहते हैं। ये सब आगे बताये जानेवाले पर वैराग्यके द्वारा क्रमशः असंप्रज्ञात योगके कारण होते हैं। इन उपायोंके अत्यन्त शीघ्र और तीव्रतर अनुष्ठानके द्वारा असंप्रज्ञातयोग और उसका फल मोक्ष अत्यन्त समीप हो जाते हैं। तथा इन उपायोंके अनुष्ठानमें शिथिलता रहनेपर भी ईश्वरप्रणिधानके द्वारा वे समीपतर हो सकते हैं, क्योंकि परमा-त्माकी भक्ति होनेपर उनका अनुग्रह होता है।

ईश्वर और ईश्वरप्रणिधान

प्रश्न—अच्छा तो, यह ईश्वर कौन है और उसका प्रणिधान क्या है?

उत्तर—बतलाते हैं। अविद्यादि पांच क्लेश, धर्म-अधर्म और और उनके परिणाम तथा संस्कारमात्रसे जो तीनों कालोंमें अस्पृष्ट है उस पुरुषविशेषका नाम ईश्वर है। उसका 'अथातो ब्रह्मजिज्ञासा' इत्यादि वेदान्तसूत्रों द्वारा सम्पूर्ण विशेषताओंके सहित विचार किया गया है। अतः यहाँ उसका केवल संकेतमात्र वर्णन किया जाता है। उसके ऐश्वर्य और सर्वज्ञतासे किसीके भी ऐश्वर्य और सर्वज्ञताकी

हरादीनामपि गुरुः पिता, अन्तर्यामिविधया वेदादिद्वारा[1] च ज्ञानचक्षुःप्रदश्च ; तस्य प्रणवो नाम ; प्रणवपूर्वकं च तदनुचिन्तनं साक्षात्कारपर्यवसायि प्रणिधानमिति। परमेश्वरे संयमोऽसंप्रज्ञात-पर्यन्तयोगे मोक्षे च मुख्यकल्पः, आसन्नतरतासंपादनात् ; जीवात्मसंयमस्तु तत्रानुकल्प इति सिद्धम्। किं च, ईश्वरप्रणि-धानाद्व्याध्यादिरूपा योगस्यान्तराया अपि न भवन्ति। अतोऽपि तदेव मुख्यकल्प इति। तथा चास्य मुख्यकल्पत्वं स्मर्यते—

"तस्मान्मुमुक्षोः सुसुखो मार्गः श्रीविष्णुसंश्रयः।
चित्तेन चिन्तयन्नेव वञ्च्यते ध्रुवमन्यथा ॥" इति।

तदेवमुपायप्रत्ययो व्याख्यातः।

समानता या विशेषता नहीं है। वह ब्रह्मा विष्णु और महादेव आदि सभीका गुरु और पिता है, क्योंकि अन्तर्यामी होनेके कारण तथा वेदादिके द्वारा भी वही उन्हें ज्ञाननेत्र प्रदान करनेवाला है। प्रणव उसका नाम है, अतः प्रणवपूर्वक उसका निरन्तर चिन्तन ही साक्षात्कार-रूपमें सम्पूर्ण होनेवाला ईश्वरप्रणिधान है। अतः परमेश्वरमें संयम (धारणा, ध्यान और समाधि) करना असंप्रज्ञात योग और मोक्षका मुख्य साधन है; क्योंकि इससे उनकी अत्यन्त समीपता हो जाती है। जीवात्मामें संयम करना तो इसका गौण साधन है—यह बात सिद्ध ही है। इसके सिवा ईश्वरप्रणिधानसे व्याधि आदि योगके विघ्न भी नहीं होते। इसलिये भी वही मुख्य साधन है। तथा इसकी मुख्य साधनताके विषयमें यह स्मृति भी है—

'अतः मुमुक्षुके लिये भगवान् श्री विष्णुका आश्रय बड़ा सुखमय मार्ग है। बस, चित्तसे उनका चिन्तन ही करता रहे। नहीं तो निश्चय ही धोखा खायगा।'

इस प्रकार उपायप्रत्ययकी व्याख्या हुई।

---

1 वरादिद्वारा—पा. ३ पु.।

अथ भवप्रत्ययो व्याख्यायते। प्राग्भवीयसाधनानुष्ठानाद्दौत्पत्तिकज्ञानवैराग्याभ्यामिच्छामात्रेण योऽसंप्रज्ञातो विदेहप्रकृतिलयानां देवताविशेषाणां जायते स भवप्रत्यय उच्यते, जन्ममात्रकारणकत्वात्। यथा हिरण्यगर्भादीनां योगनिद्रादिकम्। तत्र विदेहा नाम स्थूलदेहनिरपेक्षेण लिङ्गदेहेनाखिलव्यवहारक्षमा हिरण्यगर्भादयः। ये तु प्रकृत्युपासनया तच्छबलपरमेश्वरोपासनया वा ब्रह्माण्डं भित्त्वा महत्तत्त्वपर्यन्तावरणान्यतीत्य प्रकृत्यावरणं गता ईश्वरकोटयस्ते प्रकृतिलयाः उच्यन्त इति।

संप्रज्ञातयोगस्य तु भवप्रत्ययरूपविशेषो न संभवति, धारणाध्यानसमाधीनां संप्रज्ञातयोगस्यान्तरङ्गत्वेन तेषां निष्पत्तौ तस्मिन्नेव जन्मनि संप्रज्ञातावश्यंभावात्। अतः संप्रज्ञाते उपायप्रत्ययभवप्रत्ययविभागः सूत्रभाष्ययोर्न कृत इति।

अथ भवप्रत्यय की व्याख्या की जाती है। पूर्वजन्मोंमें साधनोंका अनुष्ठान करनेसे जो विदेह और प्रकृतिलयसंज्ञक देवताविशेषोंको जन्मसिद्ध ज्ञान और वैराग्यके कारण इच्छामात्रसे ही असंप्रज्ञात योग प्राप्त हो जाता है वह भवप्रत्यय कहा जाता है, क्यों कि उसका कारण जन्ममात्र होता है, जैसे कि हिरण्यगर्भादिको योगनिद्रादि प्राप्त हैं। जो स्थूल देहके विना केवल लिंग देहसे ही व्यापार करनेमें समर्थ हैं वे हिरण्यगर्भादि 'विदेह' कहलाते हैं। और जो प्रकृति या प्रकृतिविशिष्ट परमात्माकी उपासनाके कारण ब्रह्माण्डका भेदन कर महत्तत्त्वपर्यन्त सम्पूर्ण आवरणोंको पार करके प्रकृतिके आवरणमें पहुँच गये हैं वे ईश्वरकोटिके पुरुष 'प्रकृतिलय' कहे जाते हैं।

संप्रज्ञात योगका भवप्रत्ययरूप भेद नहीं हो सकता, क्योंकि धारणा ध्यान और समाधि संप्रज्ञातयोगके अन्तरंग साधन हैं, अतः उनके पूर्ण होनेपर उसी जन्ममें संप्रज्ञात योग अवश्य प्राप्त हो जाता है। इसीसे सूत्र और भाष्यमें संप्रज्ञातयोगके उपायप्रत्यय और भवप्रत्ययरूप विभाग नहीं किये।

, स च द्विविधोऽप्यसंप्रज्ञातो ध्येयाभावान्निरालम्बनयोग उच्यते। अभ्यस्यमानश्च क्रमेणाखिलसंस्कारदाहकत्वान्निर्बीज-योग उच्यते।

असंप्रज्ञातयोगो हि निरोधरूपोऽपि नवनवसंस्कारातिशय-मभ्यासाज्जनयति, येन संस्कारतारतम्येन दिनपक्षमासादि-पर्यन्तकालवृद्धिः क्रमेण योगस्य भवति। स संस्कारो यथा यथाऽतिशेते तथा तथा तत्त्वज्ञानपर्यन्ताखिलवृत्तिसंस्कारांस्तनू-करोति। एवं क्रमेण चरमासंप्रज्ञातेऽखिलसंस्कारदाहो भवति। ततः प्रारब्धमपि कर्म न स्वविपाकसमाप्तौ समर्थम्, भोग-संस्कारसहकार्यभावात् 'तं विद्याकर्मणी समन्वारभेते पूर्वप्रज्ञा च' (बृ. ४. ४. २.) इत्यादिश्रुतिस्मृतिन्यायैर्जन्मादिविपाके पूर्वप्रज्ञाशब्दोक्तस्य प्राग्भवीयभोगसंस्कारस्य विद्याकर्मसहका-

यह असंप्रज्ञात योग दो प्रकारका होनेपर भी ध्येयका अभाव रहने के कारण निरालम्बयोग कहलाता है। तथा अभ्यास किया जानेपर क्रमशः सम्पूर्ण संस्कारोंका दाह करनेवाला होनेसे निर्बीज योग भी कहा जाता है।

असंप्रज्ञातयोग निरोधरूप होनेपर भी अभ्यासके द्वारा नवीन-नवीन संस्काररूप अतिशय (विशेषता) उत्पन्न करता है, जिससे कि संस्कारके तारतम्यानुसार योगकालकी क्रमशः दिन, पक्ष और मासादि-पर्यन्त वृद्धि हो जाती है। वह संस्कार जैसे-जैसे बढ़ता है वैसे-वैसे ही तत्त्वज्ञानपर्यन्त वृत्तिके सभी संस्कारोंको तनु (मंद) कर देता है। इस प्रकार क्रमशः असंप्रज्ञातकी चरमावस्था आनेपर सभी संस्कारोंका दाह हो जाता है। तब प्रारब्ध कर्म भी अपने भोगको पूर्ण करनेमें समर्थ नहीं रहता, क्योंकि भोगके सहकारी संस्कारोंका अभाव हो जाता है, कारण कि 'उसके प्रति विद्या और कर्म उपस्थित होते हैं तथा पूर्व-प्रज्ञा भी' इत्यादि श्रुति स्मृति और युक्तिसे जन्मादि भोगमें 'पूर्वप्रज्ञा' शब्दसे कहे हुए पूर्व जन्मके भोगसंस्कार विद्या और कर्मके सहकारी

रित्वसिद्धेः। ततश्चरिताधिकारं चित्तं प्रारब्धकर्मणा निरोध-संस्कारैश्च सह स्वकारणेऽत्यन्तं लीयते। या चेयं चित्तस्य महानिद्रा, इयमेव पुरुषस्य कैवल्यमात्यन्तिको दुःखात्मकाखिल-दृश्यवियोगः, चित्तद्वारैव पुरुषस्य दृश्यरूपद्वितीयसंबन्धादिति। तथा च स्मर्यते—

"मनसोऽभ्युदयो नाशो मनोनाशो महोदयः।" इति।

तत्त्वज्ञानमात्रान्मोक्षे तु प्रारब्धसमाप्त्यनन्तरं तत्त्वज्ञान-संस्कारोऽपि चित्तेन सहैव नश्यतीति विशेषः। इदमत्रावधेयम्। ज्ञानं योगश्चोभयमपि व्यापारभेदात्स्वातन्त्र्येण मोक्षकारणमत्र शास्त्रे विवक्षितम्। गीतादिषु चोक्तम्—

"यत्सांख्यैः प्राप्यते स्थानं तद्योगैरपि गम्यते।
एकं सांख्यं च योगं च यः पश्यति स पश्यति॥"
(गी. ५. ५.)

सिद्ध होते हैं। फिर तो अधिकार समाप्त हो जाने के कारण चित्त प्रारब्धकर्म और निरोध संस्कारोंके सहित अपने कारणमें सर्वथा लीन हो जाता है। यह जो चित्तकी महानिद्रा है वही पुरुषका कैवल्य—दुःखात्मक सम्पूर्ण दृश्यका आत्यन्तिक वियोग है, क्योंकि चित्तके द्वारा ही पुरुषको दृश्यरूप दूसरी वस्तुका सम्बन्ध होता है। ऐसी स्मृति भी है—'मनका अभ्युदय ही [आत्माका] नाश है और मनका नाश ही [आत्माका] अभ्युदय है।'

जहाँ तत्त्वज्ञानमात्र से मोक्ष माना जाता है वहाँ इतना अन्तर रहता है कि प्रारब्ध समाप्तिके अनन्तर चित्तके साथ ही तत्त्वज्ञानके संस्कारका भी नाश होता है। यह बात यहाँ ध्यानमें रखनी चाहिये कि यहाँ शास्त्रमें ज्ञान और योग दोनों हीको व्यापारभेदसे स्वतन्त्रतापूर्वक मोक्षका कारण बतलाना अभीष्ट है। गीताआदिमें भी 'सांख्यके द्वारा जो स्थान प्राप्त होता है उसपर योगसे भी पहुँच सकते हैं। जो पुरुष सांख्य और योगको एक देखता है वही [वास्तवमें] देखता है।'

इत्यादिभिः । सांख्यं विवेकसाक्षात्कारः । योगस्तु चित्तवृत्तिनिरोधः । अतः केवलज्ञानेन मोक्षे जनयितव्येऽभिमाननिवर्तकात्मसाक्षात्कारपर्यन्त एव संप्रज्ञातोऽपेक्ष्यते न तु वृत्त्यन्तरवासनाक्षयाद्यर्थं पुनः संप्रज्ञातपरम्पराऽपि, प्रारब्धसमाप्तौ सत्यां ज्ञानवासनावत्[1] इतरवासनानामपि चित्तेन सहैव विनाशादिति दिक् ।

इत्यादि वाक्य से यही बात कही है । सांख्य विवेकजनित साक्षात्कार है और योग चित्तकी वृत्तियोंका निरोध है । अतः जब मोक्ष केवल ज्ञानसे उत्पन्न होता है तो वहाँ अभिमानकी निवृत्ति करनेवाले आत्मसाक्षात्कारपर्यन्त ही संप्रज्ञात योगकी अपेक्षा होती है, अन्य वृत्तियों और वासना आदिके क्षयके लिये सम्प्रज्ञातयोगकी परम्पराकी भी आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि [उस सिद्धान्तके अनुसार तो] प्रारब्धकी समाप्ति होनेपर ज्ञानकी वासनाके समान अन्य वासनाओंका भी चित्तके साथ ही नाश हो जाता है—यह बात यहाँ दिखायी गयी ।

इति श्रीविज्ञानभिक्षुविरचिते योगसारसंग्रहे[2] योगस्वरूपस्य तत्प्रयोजनस्य च निरूपणं प्रथमोंऽशः ।

---

१ संप्रज्ञातवासनावत्—पा. २ पु. । २ योगसारे—पा. २–३ पु. ।

अथ द्वितीयोंऽशः ।

योगस्य स्वरूपं निरूपितम् । इदानीं योगस्य साधनानि वक्ष्यामः । तत्र मन्दमध्यमोत्तमभेदेन त्रिविधा योगधिकारिणो भवन्त्यारुरुक्षुयुञ्जानयोगारूढरूपाः । तेषां त्रिविधानि साधनानि सूत्रभाष्याभ्यामुक्तानि । तेषु मन्दमध्यमयोः साधनान्यग्रे वक्ष्यामः सौत्रक्रमात् । उत्तमाधिकारिणस्तु सौत्रक्रमेणैवादावुच्यन्ते ।

उत्तमाधिकारिणस्त एव ये पूर्वभवानुष्ठितबहिरङ्गसाधनतया तन्नैरपेक्ष्येणैव योगारूढाः । यथा जडभरतादयः । तेषां योगनिष्पत्तावभ्यासवैराग्ये एव मुख्यसाधनम् । न तु वक्ष्यमाणः क्रिया-

द्वितीय अंश

योगके साधन

योगके स्वरूपका निरूपण किया गया, अब हम योगके साधनोंका वर्णन करेंगे । योगके मन्द, मध्यम और उत्तम भेदसे आरुरुक्षु, युञ्जान और योगारूढरूप तीन प्रकार के अधिकारी होते हैं । उनके सूत्र और भाष्य द्वारा तीन ही प्रकारके साधन बताये गये हैं । उनमें मन्द और मध्यम अधिकारियोंके साधन तो सूत्रोंके क्रमानुसार हम आगे कहेंगे । पहले सूत्रोंके क्रमसे ही उत्तम अधिकारीके साधन बताये जाते हैं ।

उत्तम अधिकारी तो वे ही हैं जो पूर्वजन्मोंसे अनुष्ठान किये हुए बहिरंग साधनोंके कारण अब उनकी अपेक्षाके बिना ही योगारूढ हो गये हैं, जैसे कि जडभरत आदि । उनके योगसम्पादनमें अभ्यास और वैराग्य ही मुख्य साधन हैं । उनके लिये आगे बतलाये जाने वाले

योगी वक्ष्यमाणानि योगबहिरङ्गाणि वाऽऽवश्यकानि, 'अभ्यास-वैराग्याभ्यां तन्निरोधः' (यो १. १२.) इति सूत्रात् सोपकरणे अभ्यासवैराग्ये व्याख्याय [1]"उपदिष्टः समाहितचित्तस्य योगः ; कथं व्युत्थितचित्तोऽपि योगयुक्तः स्यादित्येतदर्थमिदमारभ्यते" इत्येव भाष्यकृता क्रियायोगादिरूपसाधनसूत्राणामवतारणाच्च । तथा,

" आरुरुक्षुयतीनां च कर्मज्ञाने उदाहृते ।
आरूढयोगवृक्षाणां ज्ञानत्यागौ परौ मतौ ॥"

इति गारुडाच्च । जडभरतादीनां तथैवाचाराच्च ।

त्यागोऽत्र प्रकृतत्वाद्योगान्तरायस्य कर्मणः । तदुक्तं मोक्षधर्मे—

क्रियायोग अथवा योगके बहिरंग साधनोंकी आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि भाष्यकारने 'अभ्यास और वैराग्य द्वारा उस चित्तका निरोध होता है।' इस सूत्र द्वारा साधन सामग्रीके सहित अभ्यास और वैराग्यकी व्याख्या कर फिर क्रिया योगादि साधनोंका प्रतिपादन करने-वाले सूत्रोंकी इस प्रकार अवतारणा (भूमिका) की है—'समाहित चित्त पुरुषके योगका तो उपदेश हो चुका, अब इस उद्देश्यसे कि व्युत्थितचित्त पुरुष भी किस प्रकार योगयुक्त हो सकता है यह (आगेका प्रकरण) आरम्भ किया जाता है।' तथा गरुड पुराणमें भी कहा है—'आरुरुक्षु यतियोंके लिये तो कर्म और ज्ञान बताये गये हैं। और जो योगवृक्षपर आरूढ़ हो चुके हैं उनके लिये तो ज्ञान और त्याग ही श्रेष्ठ माने गये हैं।' तथा जडभरत आदिने भी ऐसा ही आचार किया था।

'त्याग' शब्दसे यहाँ प्रकरणके अनुसार योगके विघ्नस्वरूप कर्मोंका त्याग समझना चाहिये। मोक्ष धर्ममें कहा भी है—'जीव कर्मसे

---

1 उद्दिष्टः—पा. २ । ३ । पु. ।

"कर्मणा बध्यते जन्तुर्विद्यया च[1] विमुच्यते ।
तस्मात्कर्म न कुर्वन्ति यतयः पारदर्शिनः ॥"

इति । अनुगीतायां च—

"अपेतव्रतकर्मा तु केवलं ब्रह्मणि स्थितः ।
ब्रह्मभूतश्चरँल्लोके ब्रह्मचारीति कथ्यते ॥
ब्रह्मैव समिधस्तस्य ब्रह्माग्निर्ब्रह्म विष्टरः ।
आपो ब्रह्म गुरुर्ब्रह्म स ब्रह्मणि समाहितः ॥" इति ।

गारुडे च—

"आसनस्थानविधयो न योगस्य प्रसाधकाः ।
विलम्बजननाः सर्वे विस्तराः परिकीर्तिताः ।
शिशुपालः सिद्धिमाप स्मरणाभ्यासगौरवात् ॥" इति ।

अत्र बाह्यकर्मणामेव योगान्तरायत्वात्[2] त्यागो विवक्षितो न त्वान्तरस्य ।

बँधता है और ज्ञानसे मुक्त हो जाता है, इसलिये पारदर्शी यतिजन कर्म नहीं करते ।' अनुगीतामें भी कहा है—'जो व्रत और कर्मोंसे रहित केवल ब्रह्ममें ही स्थित है, वह ब्रह्मभूत पुरुष लोकमें व्यवहार करते हुए भी 'ब्रह्मचारी' कहा जाता है । ब्रह्म ही उसकी समिधा है, ब्रह्म ही अग्नि है, ब्रह्म ही आसन है, ब्रह्म ही जल है और ब्रह्म ही गुरु है । इस प्रकार वह ब्रह्ममें ही समाहित है ।' गरुड पुराणमें भी कहा है—'आसन और स्थानकी विधियाँ योगको सिद्ध करानेवाली नहीं हैं । जितने भी विस्तार हैं वे सब उसमें देरी करनेवाले ही बताये गये हैं । शिशुपालने तो स्मरणके अभ्यासकी अधिकतासे ही मोक्ष प्राप्त कर लिया था' ।

योगके विघ्न होनेके कारण यहाँ बाह्य कर्मोंका ही त्याग बतलाना अभीष्ट है आन्तर कर्मोंका नहीं, क्योंकि मनु आदि स्मृतियोंमें 'कोई

---

१ तु—पा. २ । ३ पु. । २ योगान्तरायतया—पा. १ । २ पु. ।

"एतानेके महायज्ञान्योगशास्त्रविदो जनाः ।
अनीहमानाः सततमिन्द्रियेष्वेव जुह्वति ॥"

इति [1]मन्वादिष्वनीहमानस्यापि योगिनोऽन्तर्यागविधानात्, आवश्यकभिक्षाटनस्नानादावन्तर्यागस्याविक्षेपकत्वेन फलेच्छाभिमानशून्यत्वेन च योगिनामबन्धकत्वाच्चेति दिक् ।

योगस्योत्तमाधिकारी च योगारूढो गीतायां लक्षितः—

"यदा हि नेन्द्रियार्थेषु न कर्मस्वनुषज्जते ।
सर्वसंकल्पसंन्यासी योगारूढस्तदोच्यते ॥" (गी.६.४.)

इति । योगारूढस्य च पारमहंस्येन योगाभ्यासो राजमार्गः, 'एतमेव प्रव्राजिनो लोकमिच्छन्तः प्रव्रजन्ति' (बृ. ४. ४.), 'ते ह स्म पुत्रैषणायाश्च वित्तैषणायाश्च लोकैषणायाश्च व्युत्थायाथ

पुरुष योग शास्त्रके ज्ञाता होने पर भी बाहरसे निश्चेष्ट रहकर इन महायज्ञोंका अपनी इन्द्रियोंमें ही निरन्तर हवन करते रहते हैं' इत्यादि वाक्योंद्वारा कर्मत्यागी योगीके लिये भी आन्तर यागोंका विधान किया है, कारण कि आन्तर याग [शरीर निर्वाहके लिये] आवश्यक भिक्षाटन और स्नान आदिमें विक्षेप करनेवाले नहीं हैं तथा फलकी इच्छा और अभिमानसे शून्य होनेके कारण योगियोंके लिये बन्धनके कारण भी नहीं हैं।

योगके उत्तम अधिकारी योगारूढका गीतामें इस प्रकार लक्षण किया है—'जब पुरुष इन्द्रियोंके विषयोंमें तथा कर्मोंमें आसक्त नहीं होता और सब प्रकारके संकल्पोंको त्याग देता है तब योगारूढ कहा जाता है।' इस योगारूढके लिये भी संन्यासपूर्वक योगका अभ्यास करना राजमार्ग है, क्यों कि 'इसी लोककी इच्छा करते हुए परिव्राजक लोग संन्यास ग्रहण करते हैं' पुत्रैषणा, वित्तैषणा और लोकैषणासे

---

१ मन्त्रा—पा. पु ।

भिक्षाचर्यं चरन्ति' (बृ. ३. ५.), 'तस्मादेवंविच्छान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षुः समाहितो भूत्वाऽऽत्मन्येवात्मानं पश्येत्' (बृ. ४. ४.) इत्यादि श्रुतिस्मृत्योस्तद्दर्शनादिति।

तत्राभ्यासश्चित्तस्य स्थितौ यत्नः। स्थितिश्च योगचरमाङ्गसमाधिर्निश्चलैकाग्रताधारारूपः,

"श्रुतिविप्रतिपन्ना ते यदा स्थास्यति निश्चला।
समाधावचला बुद्धिस्तदा योगमवाप्स्यसि॥"
(गी. २. ५२.)

इति गीतादिभ्यः। तस्यां स्थितौ यत्नः तदर्थः प्रयासो ध्येयाद्बहिर्गच्छतश्चित्तस्य पुनः पुनरानयनम्। तदुक्तं गीतायाम्—

"यतो यतो निश्चलति मनश्चञ्चलमस्थिरम्।
ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत्॥"
(गी. ६. २६.) इति।

ऊपर उठकर भिक्षाचर्या करते हैं' एवं 'अतः ऐसा जाननेवाला पुरुष शान्त, जितेन्द्रिय, उपरत, तितिक्षु और समाहित होकर अपनेमें ही आत्माका साक्षात्कार करे' इत्यादि श्रुति और स्मृतियोंसे यही बात देखी गयी है।

उन [अभ्यास और वैराग्य] में चित्तको स्थितिमें रखनेका प्रयत्न अभ्यास है। यह स्थिति योगका अन्तिम अङ्ग समाधि है, जो निश्चल एकाग्रताकी धारारूप है। ऐसा ही गीताजी आदिसे भी सिद्ध होता है—'जिस समय श्रुतिवाक्योंद्वारा डावाँ-डोल हुई तेरी बुद्धि निश्चल होकर समाधिमें अचल भावसे ठहर जायगी उस समय तू योग प्राप्त कर लेगा।' उस स्थितिमें प्रयत्न—उसके लिये परिश्रम करना अर्थात् ध्येयसे बाहर जाते हुए चित्तको बार बार खींचकर लाना ही अभ्यास है। यही गीतामें भी कहा है—'यह चंचल और अस्थिर मन जहाँ-जहाँ निकलकर जाय इसे वहीं वहीं से रोककर आत्माके ही अधीन कर दे।'

" वैराग्यं च अलंबुद्धिः, न तु रागाभावमात्रम्, विषयासांनिध्यादिना रागाभावे विरक्तत्वापत्तेः। तच्च वैराग्यं द्विविधं परमपरं च।

तत्रार्जनरक्षणक्षयहिंसाद्यनन्तदोषदर्शननिमित्तकमैहिकामुष्मिकविषयेषु वैतृष्ण्यमपरं वैराग्यम्। तदपि चतुर्विधं यतमानसंज्ञा, व्यतिरेकसंज्ञा, एकेन्द्रियसंज्ञा, वशीकारसंज्ञा चेति। तत्र वैराग्यसाधनस्य दोषदर्शनस्याभ्यासो यतमानसंज्ञानाम्नी वितृष्णवैराग्यस्य प्रथमभूमिका। ततो जितान्येतानीन्द्रियाणि[1] तानि च जेतव्यानीति व्यतिरेकावधारणावस्था व्यतिरेकसंज्ञा। ततश्च बाह्येन्द्रियविषयेषु रूपादिषु रागादिक्षये सति, एकस्मिन्नेव मनसि मानावमानादिविषयकरागद्वेषादिनिरसनमेकेन्द्रियसंज्ञा।

विषयोंमें अलंबुद्धि (पर्याप्तबुद्धि) का नाम वैराग्य है; यह रागका अभावमात्र नहीं है, क्योंकि फिर तो विषयों की सन्निधि आदि न होनेसे भी रागका अभाव होनेके कारण विरक्ति मान ली जायगी। और वह वैराग्य दो प्रकार का है--पर एवं अपर।

उपार्जन, रक्षण, क्षय और हिंसा आदि अनन्त दोषोंको देखनेके कारण जो लौकिक और पारलौकिक विषयोंमें तृष्णाका अभाव हो जाना है वह अपर वैराग्य है। वह भी चार प्रकारका है---यतमानसंज्ञा, व्यतिरेकसंज्ञा, एकेन्द्रियसंज्ञा और वशीकारसंज्ञा। सो, वैराग्यके साधनभूत दोषदर्शनका अभ्यास ही यतमान संज्ञा नामकी वितृष्णा है, जो वैराग्यकी प्रथम भूमिका है। फिर 'ये इन्द्रियाँ तो जीत लीं और वे अभी जीतनी हैं'---इस प्रकार व्यतिरेकनिश्चयकी अवस्था व्यतिरेकसंज्ञा वैराग्य है। तदनन्तर बाह्य इन्द्रियोंके विषय रूपादिमें रागादिका अभाव हो जानेपर एकमात्र मनमें ही स्थित मानापमानविषयक राग-द्वेषादिको निकालते रहना एकेन्द्रियसंज्ञा वैराग्य है। अन्तमें

---

१ जितानीन्द्रियाणि---पा. २। ३ पु.।

ततश्च विषयस्य मानावमानादेश्च सांनिध्यकालेऽपि सर्वेन्द्रियाणां चित्तस्य चाक्षोभो वशीकारसंज्ञेति। सर्वत्र संज्ञाशब्दोऽभिव्यक्त्यर्थः। तेन स्फुटता लभ्यते। एतेषु चतुर्विधवैराग्येषु[1] वशीकारसंज्ञैव योगारूढस्यानुष्ठेया, पूर्वस्य वैराग्यत्रयस्य युञ्जानावस्थायामेव सिद्धत्वादिति।

अपरं वैराग्यनुक्तम्। परं वैराग्यमुच्यते। आत्मानात्मविवेकसाक्षात्कारादनात्मत्वदृष्ट्या, ज्ञानफलस्य वाऽविद्यानिवृत्तेः सिद्धया, तत्त्वज्ञानपर्यन्तेषु सर्वदृश्येषु पूर्वोत्पन्नदोषदर्शनेनैव दोषान्तरदर्शननिरपेक्षेणालंबुद्धिः परं वैराग्यम्। एतदनन्तरमेव मोक्षस्यावश्यकतयाऽस्य परत्वमिति।

अभ्यासवैराग्ये व्याख्याते। एतयोश्च मध्ये वैराग्येण

इन्द्रियोंके विषय और मानापमानादिके सम्मुख रहनेके समय भी सम्पूर्ण इन्द्रियोंका और मनका क्षोभहीन रहना वशीकारसंज्ञा वैराग्य है। यहाँ 'संज्ञा' शब्द सभी जगह अभिव्यक्तिके अर्थमें है। इससे [उन उन स्थितियोंकी] अभिव्यक्ति सूचित होती है। इन चार प्रकारके वैराग्योंमेंसे योगारूढको केवल वशीकारसंज्ञा वैराग्यका ही अनुष्ठान करना चाहिये, क्योंकि पहले तीन वैराग्य तो युञ्जान अवस्थामें ही सिद्ध हो जाते हैं।

उपर वैराग्यका वर्णन हुआ। अब पर वैराग्य बतलाते हैं—आत्मा और अनात्माके विवेकका साक्षात्कार हो जानेसे अनात्मत्व-दृष्टिके द्वारा अथवा ज्ञानकी फलस्वरूप अविद्यानिवृत्तिकी निष्पत्तिद्वारा तत्वज्ञानपर्यन्त सभी दृश्योंमें, अन्य दोषदर्शनके बिना केवल पूर्वोत्पन्न दोष दृष्टिसे ही, अलंबुद्धि हो जाना पर वैराग्य है। इसके पश्चात् ही मोक्ष अवश्यम्भावी है, इसीसे इसे पर माना गया है।

[इस प्रकार] अभ्यास और वैराग्यकी व्याख्या हुई। इनमें

---

1 वैराग्यमध्ये—पा. २। ३ पु.।

विषयवृत्तिः कुण्ठीक्रियते, ध्येयगोचराभ्यासेन यद्धयेयाकार-वृत्तिप्रवाहो बलवान्दृढः क्रियत इत्युभयाधीनश्चित्तवृत्तिनिरोध इति।

इदानीमभ्यासस्यान्तरङ्गं साधनं परिकर्मादिकमुच्यते। परिकर्मशब्देन च स्थितिहेतुश्चित्तसंस्कार उच्यते, 'परिकर्माङ्ग-संस्कारः' इति 'परिकर्म प्रसाधनम्' इति चानुशासनात्।

तत्र चित्तप्रसाद एकं परिकर्म। प्रसादश्च विषयकालुष्य-राहित्यम्। प्रसादे च हेतवः—सुखितेषु मैत्री, दुःखितेषु करुणा, पुण्यशीलेषु हर्षः, पापशीलेषूपेक्षा। इत्येवमादयो रागद्वेषनिवर्तनोपायाः। तदुक्तं गीतायाम्—

वैराग्यके द्वारा विषयवृत्ति कुण्ठित होती है और ध्येयविषयक अभ्याससे जो वृत्तिका ध्येयाकार प्रवाह है वह बलवान् और सुदृढ़ हो जाता है; अतः चित्तवृत्तियोंका निरोध इन दोनों ही के अधीन है।

अभ्यासके अन्तरङ्ग साधन

अब अभ्यास के अन्तरंग साधन परिकर्मादिका वर्णन किया जाता है। 'परिकर्म' शब्दसे स्थितिका हेतुभूत चित्तसंस्कार कहा जाता है क्योंकि 'परिकर्म अङ्गसंस्कारको कहते हैं' तथा 'परिकर्मका अर्थ प्रसा-धन (सजावट) है' ऐसा कोशकारोंका आदेश है।

सो, चित्तप्रसाद एक परिकर्म है। प्रसादका अर्थ है विषयकी मलिनतासे शून्य होना। प्रसादके हेतु हैं—सुखियोंके प्रति मित्रताका भाव, दुःखियोंके प्रति करुणा, पुण्यवानोंके प्रति हर्ष और पापियोंके प्रति उपेक्षा। ये तथा और भी ऐसे ही राग-द्वेषकी निवृत्ति करनेवाले उपाय [प्रसादके साधन हैं]। गीताजी में कहा है—'संयतात्मा पुरुष

"रागद्वेषवियुक्तैस्तु[1] विषयानिन्द्रियैश्चरन् ।
आत्मवश्यैर्विधेयात्मा प्रसादमधिगच्छति ॥
प्रसादे सर्वदुःखानां हानिरस्योपजायते ।
प्रसन्नचेतसो ह्याशु बुद्धिः पर्यवतिष्ठते ॥"

(गी. २. ६४, ६५.)

इति । प्राणायामश्च चित्तप्रसादस्य द्वितीय उपाय इति ।

परिकर्मान्तरं[2] च विषयवती प्रवृत्तिः । विषया गन्धादयस्तन्मात्ररूपाः । अल्पेनाभ्यासयोगेन तत्साक्षात्कारो विषयवती प्रवृत्तिरुच्यते । तत्र नासाग्रे चित्तधारणयाऽल्पेनैव कालेन जायते या दिव्यगन्धसंवित्सा गन्धप्रवृत्तिः । एवं जिह्वाग्रे रससंवित् । तालुनि रूपसंवित् । जिह्वाया मध्ये स्पर्शसंवित् । जिह्वामूले शब्दसंवित् । एतत्सर्वं शास्त्रप्रामाण्यादवधारणीयम् । एतासां च प्रवृत्तीनां विवेकपर्यन्तयोगभूमिषु श्रद्धातिशयद्वारा

अपने अधीन एवं राग-द्वेषशून्य इन्द्रियोंसे विषयोंमें वर्तता हुआ चित्तप्रसाद प्राप्त कर लेता है। चित्तका प्रसाद होनेपर उसके सब दुःखोंकी निवृत्ति हो जाती है। तथा उस प्रसन्नचित्त पुरुषकी बुद्धि तत्काल ही स्थिर हो जाती है।' चित्त प्रसादका दूसरा उपाय है प्राणायाम।

एक अन्य परिकर्म है विषयवती प्रवृत्ति। विषय है तन्मात्ररूप गन्धादि। थोड़ेसे योगाभ्यासके द्वारा उनका साक्षात्कार हो जाना विषयवती प्रवृत्ति कही जाती है। नासाग्रमें चित्तकी धारणा करनेसे जो थोड़े ही समयमें दिव्य गन्धका ज्ञान होता है उसे गन्धप्रवृत्ति कहते हैं। इसी प्रकार जिह्वाग्रमें रससंवित्, तालुमें रूपसंवित्, जिह्वाके मध्यभागमें स्पर्शसंवित् और जिह्वाके मूलमें धारणा करनेसे शब्दसंवित् होती है। यह सब शास्त्रप्रामाण्यसे निश्चय कर लेना चाहिये। ये प्रवृत्तियाँ विवेकज्ञानकी प्राप्तिपर्यन्त योगकी सभी भूमिकाओंमें श्रद्धाकी वृद्धिके द्वारा

---

१ विमुक्तैस्तु—पा. २ पु. । २ परिकर्मोत्तरं—पा. २ पु. ।

चित्तस्थैर्यहेतुत्वम् । स्थैर्यसंस्कारद्वारा चैकस्य[1] हि शास्त्रीयार्थस्य साक्षात्कारे सति सर्वत्रैव शास्त्रार्थे श्रद्धावृद्ध्या स्थैर्यसंस्कारेण च चित्तस्थैर्यं युक्तमिति ।

तृतीयं परिकर्म विशोका ज्योतिष्मती । विगतः शोको यस्यामिति विशोका । यतश्च विशोका, अतो ज्योतिष्मतीनाम्नी प्रवृत्तिश्चित्तस्थैर्यहेतुर्भवति । ज्योतिष्मती च द्विविधा प्रवृत्तिः— बुद्धिसाक्षात्कारो विविक्तपुरुषसाक्षात्कारश्च । तयोश्च प्रकाशबाहुल्यात्तद्विषयकप्रवृत्त्योर्ज्योतिष्मतीत्वम् । नन्वात्मसाक्षात्कारानन्तरं चित्तस्थैर्यस्य किं प्रयोजनम्, अविद्यानिवृत्त्या कृतकृत्यत्वादिति चेन्न । जातेऽप्यात्मसाक्षात्कारेऽखिलसंस्कारदाहकासं-

चित्तकी स्थिरतामें कारण होती हैं । स्थिरताके संस्कारोंद्वारा जब किसी एक शास्त्रीय पदार्थका साक्षात्कार हो जाता है तो श्रद्धा बढ़ जानेसे स्थिरताके संस्कारोंद्वारा चित्तका सभी आलम्बनोंमें स्थिर हो जाना उचित ही है ।

तीसरा परिकर्म है विशोका ज्योतिष्मती । जिसमेंसे शोक विगत हो गया हो उसे विशोका कहते हैं । क्योंकि विशोका है, इसलिये ज्योतिष्मती नामकी प्रवृत्ति चित्तकी स्थिरताका हेतु होती है । यह ज्योतिष्मती प्रवृत्ति दो प्रकारकी होती है—बुद्धिका साक्षात्कार और [प्रकृति आदिसे पृथक्] पुरुषका साक्षात्कार । ये दोनों साक्षात्कार प्रकाशबहुल हैं, इसलिये उनसे सम्बद्ध प्रवृत्तियाँ ज्योतिष्मती कही जाती हैं । यदि कहो कि आत्मसाक्षात्कारके पश्चात् चित्तकी स्थिरताका क्या प्रयोजन रहता है, क्योंकि तब तो अविद्याकी निवृत्ति हो जानेसे वह कृतकृत्य ही हो जाता है, तो ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि आत्मसाक्षात्कार हो जाने पर भी जिसे सम्पूर्ण संस्कारोंको भस्म कर

---

१ चैकैकस्य—पा. २ । ३ पु. ।

प्रज्ञातार्थिनः परवैराग्यार्थं संप्रज्ञातपरम्पराया अपेक्षितत्वात्, जीवात्मसाक्षात्कारोत्तरमपि परमात्मसाक्षात्कारार्थिनः परमात्मयोगापेक्षणाच्चेति ।

चतुर्थं तु परिकर्म विरक्तचित्तचिन्तनम् । यदा हि विरक्ते नारदादिचित्ते चित्तं समाधीयते तदा तद्वदेव ध्यातृचित्तमपि विरक्तं स्थिरस्वभावं भवति; यथा कामुकचिन्तया चित्तं कामुकं भवतीति ।

पञ्चमं परिकर्म स्वप्ननिद्रान्यतरज्ञानचिन्तनम् । यदा हि जाग्रज्ज्ञाने स्वप्नज्ञानदृष्टिः क्रियते स्वरूपावरकत्वसाम्याद्भङ्गुरविषयकत्वसाम्याच्च, तदा तत्र विरक्तं सच्चित्तं स्थिरं भवति । एतदर्थमेव श्रुतिस्मृत्योः स्वप्नार्थेन प्रपञ्चो रूप्यते 'दीर्घस्वप्न-

देनेवाले असंप्रज्ञात योगकी अपेक्षा है उसे पर वैराग्यके लिये सम्प्रज्ञात योगकी परम्पराकी भी आवश्यकता है ही। इसके सिवा जीवात्माका साक्षात्कार हो जानेके पीछे भी जिसे परमात्माके साक्षात्कार की अपेक्षा है उसे भी परमात्मयोगकी आवश्यकता है ही।

चौथा परिकर्म है विरक्तपुरुषोंके चित्तका चिन्तन। जब चित्त नारदादि विरक्त पुरुषोंके चित्तमें समाहित होता है तो ध्यान करनेवालोंका चित्त भी उसीके समान विरक्त और स्थिरस्वभाव हो जाता है, जिस प्रकार कामासक्त पुरुषका चिन्तन करनेसे चित्त कामुक हो जाता है।

पाँचवाँ परिकर्म है स्वप्न और निद्राके ज्ञानोंमेंसे किसी एकका चिन्तन। जिस समय साधक जाग्रत्-ज्ञानमें स्वप्नज्ञानकी भावना करता है, क्योंकि ये दोनों ही स्वरूपके आवरक और अस्थिरविषयक होनेमें समान हैं, उस समय चित्त विरक्त होकर स्थिर हो जाता है। इसीसे श्रुति और स्मृतिने दृश्य प्रपञ्चको 'इस संसारको एक लंबा स्वप्न समझो' इत्यादि वाक्यों द्वारा स्वप्नपदार्थरूपसे वर्णन किया है। इसी

स्मिमं विद्धि' इत्यादिभिः। तथा यदा जाग्रत्पुरुषेषु सुषुप्ति-दृष्टिः क्रियते स्वरूपावरणसाम्यात्, निद्रादोषेणान्तराऽन्तरा स्वप्नदर्शनवदन्तराऽन्तरैव जगद्दर्शनाच्च, तदा तेषां व्यवहारेषु विरक्तं सच्चित्तं स्थिरं भवति। तथा च स्मर्यते—

'यथा सुषुप्तः पुरुषो विश्वमात्मनि पश्यति।
आत्मानमेकदेशस्थं मन्यते स्वप्न उच्यते॥
एवं जागरणादीनि जीवस्थानानि चात्मनः।
मायामात्राणि विज्ञाय तद्द्रष्टारं स्मरेत्॥"

इत्यादिकमिति।

षष्ठं परिकर्म यथाभिमतध्यानं स्वाभिलषितहरिहरमूर्त्यादौ ध्यानम्। चित्तस्य रूपादिरागात्तत्र स्थितस्यान्यत्रापि विवेक-पर्यन्ते स्थितियोग्यता भवतीति।

प्रकार जब जाग्रत्-पुरुषोंमें सोये हुए पुरुषकी दृष्टि की जाती है, क्यों कि दोनों ही के स्वरूपका समानरूपसे आवरण है तथा जिस प्रकार निद्रा दोषसे बीच-बीचमें स्वप्न देखा जाता है उसी प्रकार जाग्रत्का अनुभव भी बीच-बीच ही में होता है, तब उनके व्यवहारोंमें विरक्त होकर चित्त स्थिर हो जाता है। ऐसा ही स्मृति भी कहती है—'जिस समय पुरुष सो जाता है उस समय यह सम्पूर्ण विश्वको अपने ही में देखता है, किन्तु जब स्वप्नावस्था आती है तो यह अपनेको एक देशमें ही स्थित मानता है। इसी प्रकार जीवात्माके जागरित आदि तीनों स्थानोंको मायामात्र जानकर उनके साक्षी परमात्माका स्मरण करे।' इत्यादि।

छठा परिकर्म है यथाभिमतध्यान अर्थात् अपने अभीष्ट विष्णु एवं शिव की मूर्ति आदिका ध्यान करना। रूपादिके रागवश जब चित्त उनमें ठहर जाता है तो अन्य स्थानोंमें भी विवेकख्यातिपर्यन्त स्थिर होने की योग्यता हो जाती है।

एतानि परिकर्माण्युक्तानि। एतेषु चिन्तारूपाणां परिकर्मणामनुष्ठाने इच्छाविकल्प इति।

तदेवं योगद्वयसाधारणं साधनमभ्यासवैराग्याख्यमुक्तम्। अभ्यासस्य च साधनं परिकर्मोक्तम्।

तत्रायमवान्तरविभागो ग्रहीतृग्रहणग्राह्यरूपषड्‌विंशतितत्त्वाभ्यासो वशीकाराख्यमपरं वैराग्यं च संप्रज्ञातयोगसाधनम्। तत्र च वैराग्यं साक्षादेव वृत्तिनिरोधकारणम्। अभ्यासस्तु समाधिरूपाङ्गद्वारा। असंप्रज्ञाते तु परवैराग्यमेव साक्षात्कारणम्। वैराग्यरूपस्यैव ज्ञानस्याभ्यासस्तु वैराग्यनिष्पत्तिद्वारा कारणम्। परवैराग्यं च निष्पन्नतया विवेकख्यातावपि दुःखा-

यह परिकर्मोंका वर्णन हुआ। इनमेंसे चिन्तनरूप परिकर्मोंके अनुष्ठानमें इच्छा ही *विकल्प है।

इस प्रकार दोनों प्रकारके योगोंके सामान्य साधन अभ्यास और वैराग्य का निरूपण हुआ तथा अभ्यास के साधन परिकर्मोंका भी वर्णन हो चुका।

इसमें एक अवान्तर विभाग और भी है—(१) गृहीता ग्रहण और ग्राह्यरूप छब्बीस तत्त्वोंका अभ्यास तथा (२) वशीकारसंज्ञा अपर वैराग्य। ये दोनों संप्रज्ञात योगके साधन हैं। इनमें वैराग्य तो सीधा ही वृत्तियों के निरोध का कारण है, किन्तु अभ्यास समाधिरूप योगके अंगद्वारा है। किन्तु असंप्रज्ञात योगमें तो पर वैराग्य ही साक्षात् कारण है। वहाँ वैराग्यरूप ज्ञानका अभ्यास ही वैराग्यकी पूर्णताके द्वारा उसका कारण बनता है। पर वैराग्य तो पूर्ण हो जाने पर दुःखरूपा विवेकख्यातिमें भी अलंबुद्धिरूप होता है—यह बात पहले कही जा चुकी है।

---

* अर्थात् अपनी-अपनी इच्छाके अनुसार इनमेंसे किसीका अनुष्ठान किया जा सकता है।

त्मिकायामलंबुद्धिरित्युक्तम्। सालम्बनस्त्वभ्यासो विवेकसाक्षात्कारद्वारैवासंप्रज्ञातकारणं न साक्षादिति दिक्।

इत्युत्तमाधिकारिणो योगसाधननिरूपणम्।

अथ मध्यमाधिकारिणो युञ्जानस्य वानप्रस्थादेः प्रकृष्टक्रिया योगरूपं योगसाधनं निरूप्यते। तस्य च क्रियायोगो मुख्यतः साधनम्। अभ्यासवैराग्यादिकं तु यथाशक्तितोऽनुष्ठेयम्। प्रकृष्टक्रियायोगश्च तपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि। तत्र तपः-शास्त्रोक्तव्रतेन शीतोष्णादिद्वन्द्वसहनम्[1]। स्वाध्यायो मोक्ष-शास्त्राणामध्ययनं प्रणवादिजपो वा। ईश्वरप्रणिधानं त्वत्र परमगुरौ सर्वकर्मार्पणं तत्फलसंन्यासो वा। भाष्यकारैस्तथा व्याख्यातत्वादिति। अर्पणशब्दार्थश्च स्मृतिषूक्तः। यथा—

साथ ही ध्यान रहे कि सालम्बन अभ्यास विवेकख्यातिके द्वारा ही असंप्रज्ञात योगका कारण हो सकता है, साक्षात् रूपसे नहीं।

इस प्रकार उत्तम अधिकारीके योगसाधनोंका निरूपण हुआ।

मध्यम अधिकारीका योगसाधन

अब, मध्यम अधिकारी युञ्जान वानप्रस्थ आदिके लिये उत्कृष्ट क्रियायोगरूप योगसाधनका निरूपण किया जाता है। उसके लिये तो मुख्यतः क्रियायोग ही साधन है। अभ्यास और वैराग्यादिका तो उसे अपनी शक्तिके अनुसार ही अनुष्ठान करना चाहिये। वह उत्कृष्ट क्रिया-योग है—तप, स्वाध्याय और ईश्वरप्रणिधान। उनमें तप है शास्त्रोक्त व्रतोंके द्वारा शीतोष्णादिको सहन करना, स्वाध्याय है मोक्षशास्त्रोंका अध्ययन और प्रणव आदिका जप तथा ईश्वरप्रणिधान है परम गुरु परमात्माको सम्पूर्ण कर्म समर्पित कर देना अथवा कर्मफलका संन्यास, क्योंकि इसी प्रकार भाष्यकार भगवान् व्यासने इनकी व्याख्या की है। 'अर्पण' शब्दका अर्थ स्मृतियोंमें भी किया गया है। यथा—

---

१. यज्ञदानादीनां तु तत्रैवान्तर्भावः इत्यधिकम्—२ पु.।

ज्ञानतोऽज्ञानतो वाऽपि यत्किंचित्कुरुते नरः ।
तत्सर्वं भगवानेव कुरुते योगमायया ॥
नाहं कर्ता सर्वमेतद् ब्रह्मैव[1] कुरुते तथा ।
एतद् ब्रह्मार्पणं प्रोक्तमृषिभिस्तत्त्वदर्शिभिः॥

इत्यादिना ।

कर्मफलार्पणं च कर्मफलानां परमेश्वरो भोक्तेति चिन्तनम् । 'ऋतं पिबन्तौ'(क. ३।१) इत्यादिश्रुतिभिः परमेश्वरस्यापि भोगसिद्धेः, 'अनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति' (मु. ३।१।१) इति श्रुत्या चाभिमानपूर्वकस्य मुख्यभोगस्यैव परमेश्वरे प्रतिषेधात् । यदेव जीवान्कर्मफलानि भोजयन्परमेश्वरः प्रीणाति, तदेव परमेश्वरस्य कर्मफलभोगः । यथाऽर्थिभ्यो धनानि प्रयच्छन्दाता तद्धनभोक्ता तद्वत् । न तु साक्षादेव कर्मफलं स्वर्गनरकादिकमीश्वरो भुङ्क्ते, श्रुतिस्मृति-

'मनुष्य जानकर अथवा बिना जाने जो कुछ भी करता है वह योगमायासे स्वयं श्रीभगवान् ही करते हैं । अतः मैं करनेवाला नहीं हूँ । भगवान् ही यह सब कर रहे हैं—इसीको तत्त्वदर्शी ऋषियोंने ब्रह्मार्पण कहा है ।'

कर्मफलार्पणका अर्थ है—यह चिन्तन करना कि इन सब कर्मफलों-के भोक्ता परमेश्वर ही हैं । 'कर्मफलका भोग करते हुए' इत्यादि श्रुतियोंसे परमेश्वरका भी भोग सिद्ध होता है । 'उनमें अन्य (परमेश्वर) भोग न करके केवल देखता है' इत्यादि श्रुतिने तो उसके अभिमानपूर्वक मुख्य भोगका ही निषेध किया है । भगवान् जो जीवोंको कर्मफल भोग कराकर प्रसन्न होते हैं यही उनका कर्मफलभोग है । जिस प्रकार दाता पुरुष अर्थियोंको धन देकर ही उस धनका भोक्ता हो जाता है उसी प्रकार [यहाँ समझो] । ईश्वर कर्मोंके फल स्वर्ग-नरकादिका साक्षात् भोग नहीं करता । ऐसा माननेपर तो श्रुतिस्मृतियोंसे विरोध

---

१ हस्तैव-पा. २ पु. ।

विरोधात् । यद्यपीश्वरस्य नित्यानन्दभोगो नित्य एव, तथाऽपि जीवानां कर्मफलप्रदानेनाभिव्यक्ततया ह्यैश्वर्यानुगतानन्दभोगस्योत्पत्तिरौपचारिकी सिसृक्षोत्पत्तिवदिति ।

क्रियायां च योगशब्दो योगसाधनत्वाद्भक्तिज्ञानयोरिव गौणः ।

तस्य च क्रियायोगस्य योगवत्क्लेशतनूकरणमपि फलं भवति, 'समाधिभावनार्थः क्लेशतनूकरणार्थश्च' (यो. २. २.) इति सूत्रात्। तत्र च समाधिशब्दोऽङ्गाङ्गिनोरभेदेन योगद्वयवाची । तत्र योगद्वयं प्रागेव व्याख्यातम् ।

क्लेशतनूकरणं तु सफलं व्याख्यायते । तत्र दुःखाख्यक्लेशनिदानत्वात्क्लेशाः पञ्च—अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशा इति ।

होगा । यद्यपि भगवानका नित्यानन्दरूप भोग तो नित्य ही है, तथापि जीवोंको फलप्रदान करनेसे इसकी अभिव्यक्ति होती है; अतः सृष्टि करनेकी इच्छाकी उत्पत्तिके समान उनके ऐश्वर्यमें अनुगत आनन्दभोग की उत्पत्ति भी औपचारिकी (गौण) ही है ।

'भक्ति' और 'ज्ञान' इन दोनों शब्दोंके साथ जैसे 'योग' शब्दका गौण प्रयोग होता है उसी प्रकार योग की साधन होनेके कारण 'क्रिया' शब्दके साथ 'योग' शब्दका संयोग गौण है ।

उस क्रियायोगका योगकी तरह क्लेशोंको तनु (सूक्ष्म) कर देना भी एक फल है; जैसा कि 'यह [क्रिया योग] समाधि प्राप्त कराने और क्लेशोंको तनु करनेके लिये है' इस सूत्रसे सिद्ध होता है । यहाँ 'समाधि' शब्द अंग और अंगीके अभेदरूप दोनों ही योगोंका वाचक है । इन दोनों योगोंकी व्याख्या पहले ही की जा चुकी है ।

अब फलके सहित क्लेशोंके तनूकरणकी व्याख्या की जाती है । दुःखसंज्ञक क्लेशरूप परिणामवाले होनेसे ये क्लेश पाँच हैं—अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश । अनित्य, अपवित्र, दुःख और

अनित्याशुचिदुःखानात्मसु नित्यशुचिसुखात्मख्यातिरविद्या । आत्मानात्मनोर्धर्मतः स्वतश्चात्यन्तमभेदभ्रमोऽस्मिता । अविद्या तु भेदाभेदं सहत इति विशेषः । रागद्वेषौ च प्रसिद्धावेव । अभिनिवेशस्तु मरणादिभयम् । एतेषामुत्तरोत्तरेषु पूर्वं पूर्वं कारणम् । अतोऽविद्या सर्वक्लेशानां मूलत्वात्क्षेत्रमुच्यते । अविद्यासत्त्व एवैते भवन्ति ; अविद्यानाशाच्चैतेषां नाश इति ।

एते च क्लेशा व्याध्यादिवच्चित्तविक्षेपकत्वाद्योगस्यापि विरोधिनः । एतेषां तनुत्वं च विवेकख्यातिप्रतिबन्धाक्षमता । तच्च क्रियायोगस्य दृष्टादृष्टद्वारा फलं भवति । क्रियायोगेण हि चित्तशुद्धिः क्रियते । ततश्चाधर्माख्यकारणतानवादविद्यादेरपि तनुता भवति । तथाऽभिमानरागद्वेषादिप्राबल्ये क्रियायोगो न

अनात्म पदार्थोंमें नित्य, पवित्र, सुख और आत्मबुद्धि होना 'अविद्या' है । आत्मा और अनात्मामें धर्मतः तथा स्वरूपतः अत्यन्त अभेदका भ्रम होना 'अस्मिता' है । अविद्या तो भेदाभेदको भी सहन कर लेती है—इतनी [अस्मिता की अपेक्षा] उसमें विशेषता है । राग द्वेष तो प्रसिद्ध ही हैं । अभिनिवेश मरणादिके भयको कहते हैं । इनमें पीछे पीछेके क्लेशोंमें उनसे पहला-पहला क्लेश कारण है । अतः सब क्लेशोंका मूल होनेके कारण अविद्या इनका क्षेत्र कही जाती है । अविद्याके होनेपर ही ये सब होते हैं और अविद्याके नाशसे ही इनका नाश हो जाता है ।

व्याधि आदिके समान चित्तमें विक्षेप करनेवाले होनेसे ये क्लेश भी योगके विरोधी हैं । विवेकख्यातिका प्रतिबन्ध करनेकी योग्यता न रहना ही इनकी तनुता है । दृष्ट और अदृष्ट क्रमके द्वारा यह क्रियायोगका ही फल होता है । क्रियायोगके द्वारा ही चित्तकी शुद्धि होती है और फिर अधर्मसंज्ञक कारणके तनु हो जानेसे अविद्यादिकी भी तनुता हो जाती है । तथा अभिमान और राग-द्वेषादिकी प्रबलता होनेपर क्रिया-

संभवति । संभवे वाऽङ्गविकलो भवति । अतः क्रियायोगः स्वनिष्पत्तये क्लेशतानवमपि संपादयतीति । एवं योगोऽपि क्रियायोगस्य दृष्टादृष्टोभयद्वारा फलं बोध्यम् । सत्त्वशुद्धिरदृष्टं द्वारम्, दृष्टं तु द्वारं चित्तस्य कर्मद्वारा नियमनादिकमिति ।

इदानीं क्लेशतानवस्य मोक्षपर्यन्तं फलं सूत्रगणोक्तं संकलय्य कथ्यते । क्रियायोगेण क्लेशतानवे सति, अन्तराऽन्तरा क्लेशैरप्रतिबद्धो विवेकख्यातिप्रवाहः साक्षात्कारपर्यवसायी भवति । ततश्चाविद्यादिक्लेशाः प्रसंख्यानाख्येन विवेकसाक्षात्कारेणाग्निना दग्धबीजकल्पाः प्ररोहसमर्था न भवन्ति । इयं जीवन्मुक्तावस्था । ततश्च प्रारब्धसमाप्तौ चित्ते प्रलीयमाने ते दग्धबीजकल्पा अप्यनागतावस्थाः सूक्ष्मक्लेशा अत्यन्तं प्रलीयन्ते । तन्निवृत्तौ

योग होना भी संभव नहीं है । और यदि होता भी है तो अंगहीन होता है । अतः अपनी निष्पत्ति के लिये क्रियायोग क्लेशकी तनुता भी कर लेता है । इस प्रकार दृष्ट और अदृष्ट दोनों क्रमोंसे योग भी क्रियायोगका फल है—ऐसा समझना चाहिये । चित्तकी शुद्धि उसका अदृष्ट द्वार है और कर्मद्वारा चित्तका नियमन आदि उसका दृष्ट द्वार है ।

अब कई सूत्रोंद्वारा बतलाये गये क्लेशोंकी तनुताके मोक्षपर्यन्त फलका संकलन करके वर्णन किया जाता है । क्रियायोगके द्वारा जब क्लेशोंकी तनुता हो जाती है तो बीच-बीचमें क्लेशोंसे प्रतिबद्ध न होनेवाला विवेकख्यातिका प्रवाह साक्षात्कारमें पूर्ण होनेवाला हो जाता है । उस अवस्थामें प्रसंख्यानसंज्ञक विवेकसाक्षात्काररूप अग्निसे दग्धबीजसे होकर अविद्यादि क्लेश अंकुरित होनेमें समर्थ नहीं होते । यही जीवन्मुक्त अवस्था है । फिर प्रारब्धकी समाप्ति होनेपर चित्तका सर्वथा लय हो जानेसे वे दग्धबीज सदृश सूक्ष्म क्लेश भी, जो अबतक भविष्यके गर्भमें छिपे हुये थे, अत्यन्त लीन हो जाते हैं । उनके निवृत्त

पुनर्जन्मकारणाभावात्पुरुषः पुनरिदं दुःखं न भुङ्क्त इति परमं-मुक्तिरिति ।

ननु अनागतावस्थानामपि क्लेशानां ज्ञाननाश्यत्वमेव युक्तम्, किमिति कार्याक्षमतारूपदाहः कल्प्यत इति चेत् ।

उच्यते । कार्याणामनागतावस्थैव कारणस्य शक्तिरुच्यते । तां च विहाय कारणं न तिष्ठति. अग्न्यादौ दाहादिशक्तेर्यावद्द्रव्य-भावित्वात् । अतः क्लेशकर्मसंस्कारादीनामनागतावस्थानां बीज-शक्तिदाह एव[1] ज्ञानादिभिः क्रियते, न त्वतीतावस्थानाम् । तासां तु[2] नाशश्चित्तनाशादेव भवति, धर्मिनाशस्य धर्मनाशक-त्वादिति ।

हो जाने पर पुनर्जन्मका कोई कारण न रहनेसे पुरुष पुनः इस दुःखको नहीं भोगता—यही उसकी परम मुक्ति है ।

प्रश्न—जो क्लेश भविष्यके गर्भमें छिपे हुए हैं उनका भी ज्ञान द्वारा नष्ट होना ही उचित है, उनके कार्यकी अयोग्यतारूप दाहकी क्यों कल्पना की जाती है ?

इसका उत्तर दिया जाता है—कार्यों की अनागत (भावी) अवस्था ही कारण की शक्ति कही जाती है । उसे त्यागकर कारण नहीं रह सकता, क्योंकि अग्नि आदि में जो दाहादि शक्ति है वह अग्नि आदि द्रव्यकी स्थितिपर्यन्त रहती है । अतः ज्ञानादिके द्वारा अनागत अवस्थामें स्थित क्लेश, कर्म और संस्कारादि की बीजशक्तिका ही दाह किया जाता है, अतीतावस्थामें स्थित हुओंकी शक्तिका नहीं । उनका नाश तो चित्तका नाश होने पर ही होता है, क्योंकि धर्मीका नाश ही धर्मका नाश करनेवाला होता है ।

---

१ दाहकत्वमेव—पा. २ । ३ पु ।

२ न त्वतीतावस्था सा तु—पा. २ । ३ पु ।

अथ कथमविद्यादिक्लेशाद्बन्धः कथं वा तन्निवृत्त्या मोक्ष इति तयोः प्रकारः कथ्यते। अविद्यादिक्लेशेभ्य एव धर्माधर्मौ जायेते,

"यस्य नाहंकृतो भावो बुद्धिर्यस्य न लिप्यते।
हत्वाऽपि स इमाँल्लोकान्न हन्ति न निबध्यते॥"
(गी. १८. १७.)

इत्यादिस्मृतेः। धर्माधर्माभ्यां च जन्मायुर्भोगरूपा विपाका जायन्ते। तेभ्यश्च सुखदुःखे। ततश्च पुरुषस्य तद्भोगरूपो बन्ध इति। विपाकमध्ये च भोगः शब्दाद्याकारा वृत्तिरिति भेदः।

ननु क्लेशानां दुःखाख्यहेयहेतुत्ववत्स्वर्गादिसुखहेतुत्वमपि धर्मादिद्वाराऽस्ति ; तत्कथं क्लेशा उन्मूलनीया इति।

अब, अविद्यादि क्लेशोंके द्वारा किस प्रकार बन्धन होता है और किस प्रकार उनके नाशसे मोक्ष प्राप्त होता है—इस प्रकार उन (बन्ध और मोक्ष) का क्रम बताया जाता है। अविद्यादि क्लेशोंसे ही धर्म और अधर्मकी उत्पत्ति होती है, जैसा कि 'जिसे अहंकारका भाव नहीं है और जिसकी बुद्धि लिप्त नहीं होती वह इन सम्पूर्ण लोकोंक मारकर भी नहीं मारता और न बन्धन ही में पड़ता है' इत्यादि स्मृतियों से सिद्ध होता है। धर्म और अधर्मसे ही जन्म, आयु और भोगरूप कर्मोंके फल होते हैं और उन्हींसे सुख-दुःख भी हुआ करते हैं। तथा उन्हींके द्वारा पुरुषका सुख-दुःख भोग रूप बन्धन होता है। कर्मफलमें जो भोग रहता है वह तो केवल शब्दादि विषयाकार वृत्ति ही है—इतना ही [सुख-दुःख-भोगरूप बन्धन से] उसका भेद है।

प्रश्न—क्लेश जिस प्रकार दुःखरूप हेयके हेतु हैं वैसे ही धर्मादिके द्वारा स्वर्गादि सुखके भी तो हेतु हैं, ऐसी अवस्थामें वे नष्ट कर डालने योग्य कैसे हो सकते हैं?

उच्यते। स्वर्गादिसुखमपि दुःखप्रचुरत्वाद् दुःखानुबन्धित्वाच्च दुःखमेव विवेकिना मन्तव्यम्। तथा च सांख्यसूत्राण्यपि—'यथा दुःखात्क्लेशः पुरुषस्य न तथा सुखादभिलाषः,' 'कुत्रापि कोऽपि सुखीति,' 'तदपि दुःखशबलमिति दुःखपक्षे निक्षिपन्ते विवेचकाः' (सां. ६. ६, ७, ८.) इति। सोऽयमविद्यातो बन्धप्रकारः कौर्मेऽप्युक्तः—

"रागद्वेषादयो दोषाः सर्वे भ्रान्तिनिबन्धनाः।
कार्यो ह्यस्य भवेद्दोषः पुण्यापुण्यमिति श्रुतिः।
तद्वशादेव सर्वेषां सर्वदेहसमुद्भवः॥" इति।

क्लेशेभ्यो बन्धप्रकार उक्तः। क्लेशनिवृत्तितो मोक्षप्रकार उच्यते आत्मानात्मविवेकसाक्षात्काराद्विद्यानिवृत्त्या तन्मूलकानां क्लेशान्तराणामपि निवृत्तिः। ततश्च कारणाभावाद्धर्मानुत्पत्तिः।

उत्तर—बताते हैं, स्वर्गादि सुख भी दुःखबहुल हैं और उसके परिणाममें भी दुःख ही रहता है, अतः विवेकियोंको तो उसे भी दुःखरूप ही मानना चाहिये। ऐसे ही ये सांख्यसूत्र भी हैं—'जीवको दुःखसे जैसा क्लेश होता है सुखसे वैसी अभिलाषा जाग्रत् नहीं होती', 'कहीं-कहीं कोई-कोई ही सुखी होता है,' 'वह सुख भी दुःखसे मिला हुआ ही हंता है, अतः विवेकीलोग उसे दुःखपक्षमें ही पटक देते हैं।' अविद्याके द्वारा यह बन्धनका प्रकार कूर्मपुराणमें भी कहा है—

'राग-द्वेष आदि सम्पूर्ण दोष भ्रान्तिके ही कारण हैं और इसीका कार्य पाप-पुण्यरूप दोष हैं—ऐसी श्रुति कहती है। तथा पुण्य-पापके अधीन ही सब जीवोंके सब प्रकारके शरीर उत्पन्न होते हैं।'

इस प्रकार क्लेशोंद्वारा बन्धन के क्रमका निरूपण हुआ। अब क्लेशोंकी निवृत्तिद्वारा मोक्षका क्रम बताया जाता है। आत्मा और अनात्माके विवेक का साक्षात्कार होने से जब अविद्या निवृत्त हो जाती है तो अविद्यामूलक अन्य क्लेश भी निवृत्त हो जाते हैं। फिर तो कोई कारण न रहने से धर्म-अधर्मकी भी उत्पत्ति नहीं होती। तथा क्लेशरूप

अनारब्धफलकानां चोत्पन्नकर्मणां फलानुत्पादः क्लेशाख्यसहकार्युच्छेदात् । आरब्धफलकर्मणां च भोगेनैव नाशः । ततः प्रारब्धसमाप्त्या देहपाते कारणाभावन्न पुनर्जन्म । तदेव च दुःखनिवृत्तिरूपो मोक्ष इति ।

तदेवं चिकित्साशास्त्रवदेव चतुर्व्यूहप्रतिपादकं सांख्ययोगादि मोक्षशास्त्रम् । यथा हि रोगो रोगनिदानमारोग्यं भैषज्यमिति चत्वारो व्यूहाश्चिकित्साशास्त्रस्य प्रतिपाद्या भवन्ति, एवमत्रापि हेयं हेयहेतुर्हानं हानोपाय इति चत्वारो व्यूहाः प्रतिपाद्याः । तत्र हेयं दुःखम् । हेयहेतुरविद्या । हानं दुःखात्यन्तनिवृत्तिः । हानोपायो विवेकसाक्षात्कार इति । उपकरणानां ग्रहणाय सर्वत्र व्यूहपदमावश्यकम् ।

सहकारियों का उच्छेद हो जाने के कारण वे कर्मसंस्कार जिनका फल अभी प्रारम्भ नहीं हुआ, फलप्रद नहीं रहते और जिनका फल आरम्भ हो चुका है वे भोगसे ही नष्ट हो जाते हैं। फिर तो प्रारब्ध समाप्त हो जानेसे देहपात होनेपर पुनः जन्म नहीं होता, क्योंकि जन्मका कोई कारण शेष नहीं रहता। यही दुःखनिवृत्तिरूप मोक्ष है।

इस प्रकार चिकित्सा शास्त्र के समान ही सांख्य एवं योगादि शास्त्र चतुर्व्यूहका प्रतिपादन करनेवाले हैं। जिस प्रकार रोग, रोगका कारण आरोग्य और औषध-ये चार व्यूह चिकित्साशास्त्र के प्रतिपाद्य हैं, उसी प्रकार यहाँ भी हेय, हेयका हेतु, हान और हानका उपाय—ये चार व्यूह प्रतिपाद्य हैं। इनमें हेय दुःख है, हेयका हेतु अविद्या है, हान दुःख की आत्यन्तिकी निवृत्ति है और हान का उपाय विवेकसाक्षात्कार है। इन उपकरणों को एक साथ ग्रहण करने की दृष्टि से इन सब के साथ 'व्यूह' शब्द का प्रयोग अवश्यक है।

ननु पुरुषस्य नित्यनिर्दुःखत्वात्कथं[1] दुःखहानिः पुरुषार्थ इति चेन्न। भोग्यत्वरूपस्वत्वसंबन्धेनैव दुःखहानस्य सांख्यादि-मते पुरुषार्थत्वात्। यद्यपि भोगः साक्षात्काररूपतया स्वरूपतो नित्य एव, तथाऽपि घटाकाशवद् दुःखभोगस्या-नित्यतया तन्निवृत्तिः पुरुषार्थः स्यादेव; दुःखभोगस्य दुःखप्रतिबिम्बावच्छिन्नचित्स्वरूपत्वादिति।

अत्राविद्याया हेयहेतुतायां द्वारतया द्रष्टृदृश्यसंयोगरूपं जन्म व्याख्याय सूत्रभाष्याभ्यामनेनैव प्रसङ्गेन द्रष्टृदृश्ययोः पुंप्रकृत्योः स्वरूपं प्रपञ्चितम्। मयाऽपि वार्त्तिके सांख्यभाष्ये च प्रपञ्चितम्। सांख्यसाराख्ये सांख्यप्रकरणे त्वस्माभिर्विस्तरतः

यदि कहो कि पुरुष तो नित्य निर्दुःख है, फिर दुःखहानि पुरुषका प्रयोजन कैसे हो सकती है ? तो ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि सांख्यादि दार्शनिकों के मतमें भोग्यत्वरूप स्वत्व के सम्बन्ध से ही [अर्थात् विषयों की भोग्यता के साथ पुरुषका सम्बन्ध है इस विचार को लेकर ही] दुःख की निवृत्ति पुरुष का प्रयोजन होती है। यद्यपि साक्षात्कार (उपलब्धि) रूपसे तो स्वरूपतः भोग नित्य ही है, तथापि [घटरूप उपाधि के कारण उत्पन्न होने वाले] घटाकाश के समान दुःखभोग अनित्य है, अतः उसकी निवृत्ति पुरुषार्थ (पुरुषका प्रयोजन) हो ही सकती है, क्योंकि दुःखभोग तो दुःखरूप प्रतिबिम्ब में अवच्छिन्न चेतन-रूप ही है।

यहाँ अविद्या को हेय की हेतुतामें द्वाररूप से वर्णन करते हुए सूत्र और भाष्य दोनों ही ने द्रष्टा और दृश्य के संयोगरूप जन्म की व्याख्या करके इसी प्रसंगमें द्रष्टा पुरुष और दृश्य प्रकृति के स्वरूप का निरूपण किया है। मैंने भी योगवार्तिक और सांख्यसूत्रों के भाष्य में ऐसी ही व्याख्या की है। सांख्यसारसंज्ञक सांख्यप्रकरण में हमने

1 निर्दुःखत्वात्—पा. २ पु.। नित्यादुःखत्वात्—पा. १ पु.।

प्रकृतिपुरुषौ विवेचितौ । अतो विस्तरभयान्नेह प्रकरणे प्रस्तूयेते ।

इति मध्यसाधिकारिणां योगसाधननिरूपणं तत्प्रसङ्गेन क्रियायोगस्य क्लेशतानवद्वारा मोक्षहेतुताया निरूपणं च ।

अथ मन्दाधिकारिणो योगमारुरुक्षोर्गृहस्थादेर्योगसाधनान्युच्यन्ते । तानि च यथोक्तस्य ज्ञानस्यापि साधनानीत्याशयेन सूत्रभाष्याभ्यां विवेकख्यातिसाधनविधयैव निर्दिष्टानि । तानि च यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधय इति । एतान्यष्टौ योगाङ्गानि भवन्ति । मन्दाधिकारिभिर्धारणादिरूपोऽभ्यासो यमनियमादिरूपः समग्रक्रियायोगश्च यथाक्रममनुष्ठेय इत्याशयेन पिण्डीकृत्य सर्वमेव मन्दाधिकारिभ्य उपदिश्यते ।

प्रकृति-पुरुषका विस्तृत विवेचन किया है । इस लिये विस्तार के भयसे इस प्रकरण में हम उसकी चर्चा नहीं करते ।

इस प्रकार मध्यम अधिकारियों के भोगसाधनों का तथा उन्हीं के प्रसंगसे क्रियायोग और क्लेशा के तानवद्वारा उनकी मोक्षहेतुताका निरूपण हुआ ।

मन्द अधिकारीका योगसाधन

अब योगपर आरूढ़ होनेकी इच्छावाले गृहस्थ आदि मन्द अधिकारियोंके योगसाधनों का वर्णन किया जाता है । वे उपर्युक्त ज्ञानके भी साधन हैं, इसी आशयसे सूत्र और भाष्यमें उनका विवेकख्यातिके साधनरूपसे ही निर्देश किया है । वे हैं—यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारण, ध्यान और समाधि । ये ही योगके आठ अंग हैं । मन्द अधिकारियोंको धारणादिरूप अभ्यास और यम-नियमादिरूप सम्पूर्ण क्रियायोगका क्रमशः अनुष्ठान करना होता है, इसीसे सब मिलाकर इनका मन्द अधिकारियोंके लिये ही उपदेश किया गया है ।

तत्रादौ यमनियमाद्यनुष्ठानं केवलं कर्मयोग उच्यते। उत्तम-मध्यमयोश्च केवलज्ञानज्ञानसमुच्चितकर्मणी[1] प्रागेवोक्ते। तत्र च ज्ञानकर्मणोः प्रत्येकसमुच्चयानुष्ठाने प्रमाणं विष्णुपुराणम्। यथा—

"सनकसनन्दनादयो[2] ब्रह्मभावनया युताः।
कर्मभावनयाऽन्ये च देवाद्याः स्थावराश्चराः।
हिरण्यगर्भादिषु च कर्मब्रह्मोभयात्मिका॥" इति।

तत्र यमनियमौ सूत्रभाष्याभ्यां प्रदर्शितौ, ईश्वरगीता-वाक्यैरेवात्र प्रदर्श्येते। यथा—

"अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यापरिग्रहौ।
यमाः संक्षेपतः प्रोक्ताश्चित्तशुद्धिप्रदा नृणाम्॥

इनमें भी पहले-पहले जो केवल यम-नियमादिका अनुष्ठान है वह तो कर्मयोग कहा जाता है। उत्तम और मध्यम अधिकारियोंके लिये क्रमशः केवल ज्ञान और ज्ञानसमुच्चित कार्म तो पहले ही कहे जा चुके हैं। इन ज्ञान और कर्मके अलग-अलग एवं एक साथ अनुष्ठानके विषयमें विष्णुपुराण प्रमाण है, जैसे—

'सनक-सनन्दनादि तो केवल ब्रह्मभावसे सम्पन्न हैं, दूसरे जंगम, स्थावर एवं देवता आदि कर्मकी भावनासे पूर्ण हैं और हिरण्यगर्भादिमें तो कर्म एवं ब्रह्म दोनों ही प्रकारकी भावनाएँ रहती हैं।'

अब योगसूत्र और व्यासभाष्यद्वारा प्रदर्शित यम-नियमों का यहाँ ईश्वरगीताके वाक्योंसे ही दिग्दर्शन कराया जाता है। यथा—

यम—अहिंसा, सत्य अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह—ये संक्षेपसे मनुष्योंकी चित्तशुद्धि करनेवाले यम कहे गये हैं।

---

१ ज्ञानसमुच्चितज्ञानकर्मणो—पा. १ पु.। केवलज्ञानं ज्ञानसमुच्चितकर्मणी—पा. १ पु.।

२ सनन्दनादयो ब्रह्मन्—पा. २ पु.।

कर्मणा मनसा वाचा सर्वभूतेषु सर्वदा ।
अक्लेशजननं प्रोक्ता त्वहिंसा परमर्षिभिः ॥
अहिंसायाः परो धर्मो नास्त्यहिंसापरं सुखम् ।
विधिना या भवेद्धिंसा सा त्वहिंसैव कीर्तिता ॥
सत्येन सर्वमाप्नोति सत्ये सर्वं प्रतिष्ठितम् ।
यथार्थकथनाचारः सत्यं प्रोक्तं द्विजातिभिः ॥
परद्रव्यापहरणं चौर्याद्वाऽथ बलेन वा ।
स्तेयं तस्यानाचरणादस्तेयं धर्मसाधनम् ॥
कर्मणा मनसा वाचा सर्वभूतेषु सर्वदा ।
सर्वत्र मैथुनत्यागं ब्रह्मचर्यं प्रचक्षते ॥
द्रव्याणामप्यनादानमापद्यपि यथेच्छया ।
अपरिग्रह इत्युक्तस्तं प्रयत्नेन पालयेत् ॥"

तपःस्वाध्यायसंतोषाः शौचमीश्वरपूजनम् ।
समासान्नियमाः प्रोक्ता योगसिद्धिप्रदायिनः ॥

मन, वचन और कर्म-द्वारा सर्वदा सभी जनोंको क्लेश न पहुँचाना—इसे महर्षियोंने 'अहिंसा' कहा है । अहिंसासे बड़ा और कोई धर्म नहीं है और अहिंसा ही परमसुख है । शास्त्रविधिसे जो हिंसा की जाती है वह तो अहिंसा ही कही गयी है । सत्यसे सब कुछ प्राप्त हो जाता है और सत्यमें ही सब कुछ प्रतिष्ठित है । विप्रवृन्दने यथार्थ कथन और यथार्थ आचरणको ही 'सत्य' कहा है । दूसरेके धनको चोरीसे अथवा बलात्कारसे ले लेना ही स्तेय है, और वैसा न करना ही 'अस्तेय' रूप धर्मका साधन है । मन, वचन और कर्मद्वारा सर्वत्र सर्वदा सभी प्राणियोंमें मैथुनका त्याग ही 'ब्रह्मचर्य' कहा जाता है । तथा आपत्कालमें भी इच्छानुसार द्रव्य ग्रहण न करना 'अपरिग्रह' है । उसका प्रयत्नपूर्वक पालन करना चाहिये' ।

नियम—तप, स्वाध्याय, सन्तोष, शौच और ईश्वरपूजन ये संक्षेप से योगसिद्धि प्रदान करनेवाले नियम कहे गये हैं । उपवास,

उपवासपराकादिकृच्छ्रचान्द्रायणादिभिः ।
शरीरशोषणं प्राहुस्तापसास्तप उत्तमम् ॥
वेदान्तशतरुद्रीयप्रणवादिजपं बुधाः ।
सत्त्वशुद्धिकरं पुंसां स्वाध्यायं परिचक्षते ॥
स्वाध्यायस्य त्रयो भेदा वाचिकोपांशुमानसाः ।
उत्तरोत्तरवैशिष्ट्यं प्राहुर्वेदार्थवादिनः ॥
यः शब्दबोधजननः परेषां शृण्वतां स्फुटम् ।
स्वाध्यायो वाचिकः प्रोक्त उपांशोरथ लक्षणम् ॥
ओष्ठयोः स्पन्दमात्रेण परस्याशब्दबोधकः ।
उपांशुरेष निर्दिष्टः साहस्रो वाचिकाज्जपः ॥
यत्पदाक्षरसंगत्या परिस्पन्दविवर्जितम् ।
चिन्तनं सर्वशब्दानां मानसं तं जपं विदुः ॥
यदृच्छालाभतो नित्यमलं पुंसो भवेदिति ।
या धीस्तामृषयः प्राहुः संतोषं सुखलक्षणम् ॥

पराक तथा कृच्छ्रचान्द्रायणादि व्रतोंद्वारा शरीरको सुखा देना—इसे तपस्वियोंने उत्तम 'तप' कहा है। वेदान्त (उपनिषद्) एवं शतरुद्रीय आदिके पाठ तथा प्रणवादि मन्त्रोंके जपको बुधजन मनुष्योंके अन्तः-करणकी शुद्धि करनेवाला 'स्वाध्याय' कहते हैं। स्वाध्यायके तीन भेद हैं—वाचिक, उपांशु और मानस। इनमें क्रमशः अगले-अगलेको वेदका मर्म जाननेवालोंने श्रेष्ठ कहा है। जो स्वाध्याय दूसरे सुननेवालोंको स्पष्टतया शब्दबोध करानेवाला हो वह वाचिक कहलाता है। उपांशुका लक्षण यह है कि जो दूसरोंको शब्दबोध न करावे, केवल ओठोंके हिलनेमात्रसे किया जाय। यह उपांशुका स्वरूप बताया गया है। वाचिक स्वाध्यायकी अपेक्षा यह सहस्रगुण श्रेष्ठ है। जो पद और अक्षरोंको संगतिके अनुसार, बिना किसी प्रकारका हलन-चलन किये, सभी शब्दोंका केवल चिन्तन करना है उसे मानस जप कहते हैं। पुरुष को जो दैववश प्राप्त हुए पदार्थमें ही सर्वथा अलंबुद्धि होना है

बाह्यमाभ्यन्तरं शौचं द्विधा प्रोक्तं द्विजोत्तमाः ।
मृज्जलाभ्यां स्मृतं बाह्यं मनःशुद्धिरथान्तरम्[१]॥
स्तुतिस्मरणपूजाभिर्वाङ्मनःकायकर्मभिः ।
सुनिश्चला शिवे भक्तिरेतदीश्वरपूजनम् ॥" इति ।

अत्र यद्वैधहिंसाया अहिंसात्वमुक्तं तच्छौचाचमनाद्यपरिहार्यहिंसापरं गृहस्थादिकर्तव्यहिंसापरं वा । भाष्यकारैर्यज्ञादिषु हिंसाया अपि त्यागस्तु महाव्रतत्वेन विहितः । भाष्यकारोक्तं चेश्वरप्रणिधानं सर्वकर्मार्पणरूपमीश्वरगीतोक्तपूजनादीना[२]मुपलक्षणमिति ।

अनयोर्यमनियमयोर्मध्ये यमानां निवृत्तिमात्रतया देशकालाद्यपरिच्छिन्नत्वसंभवेन तन्निमित्तिका महाव्रतसंज्ञा सूत्र-

उसे ऋषियोंने सुखरूप 'सन्तोष' कहा है। ब्राह्मणोंने बाह्य और आभ्यन्तर भेदसे दो प्रकारका 'शौच' बतलाया है। मृत्तिका और जलसे होनेवाला बाह्य शौच माना गया है और मनकी शुद्धि आन्तर शौच है। स्तुति, स्मरण और पूजाके द्वारा भगवान्‌में मन, कर्म और शरीर द्वारा निश्चल भक्ति होना--यही 'ईश्वरपूजन' है।'

यहाँ जो शास्त्रविहित हिंसाको अहिंसा बतलाया है वह शौच-आचमनादिमें होनेवाली अनिवार्य हिंसा है अथवा गृहस्थादिसे होनेवाली कर्त्तव्यरूप हिंसा समझनी चाहिये, क्योंकि भाष्यकारने यज्ञादिमें होनेवाली हिंसाका तो महाव्रतरूपसे त्याग ही बतलाया है। भाष्यकारने जो सर्वकर्मार्पणरूप ईश्वर-प्रणिधान कहा है वह ईश्वरगीतोक्त पूजनादिका ही उपलक्षण कराता है।

इन यम और नियमोंमें यम केवल निवृत्तिरूप हैं, अतः ये देशकालादिसे अपरिच्छिन्नरूपसे भी हो सकते हैं, इसीसे इस प्रकार होनेवाले

१ शुद्धिस्तथान्तरम्--प. २ पु. । २ पूजादीनां--पा. ३ पु. ।

कारेणोक्ता । नियमानां तु प्रवृत्तिरूपतया देशकालादियन्त्रितत्वेन नास्ति महाव्रतत्वरूपोऽवान्तरविशेषः ।

इति यमनियमौ व्याख्यातौ ।

आसनं व्याख्यायते । तत्र यावत्यो जीवजातयस्तासामुपवेशनेषु संस्थानविशेषाः[1] सर्वं एवासनानि भवन्ति । तेषु मुख्यानि त्रीण्यासनानीश्वरगीतादिषूक्तानि । यथा—

"आसनं स्वस्तिकं प्रोक्तं पद्ममर्धासनं तथा ।
आसनानां तु सर्वेषामेतदासनमुत्तमम् ॥
ऊर्वोरुपरि विप्रेन्द्राः कृत्वा पादतले उभे ।
समासीतात्मनः पद्ममेतदासनमुत्तमम् ॥
एकपादमथैकस्मिन्विन्यस्तोरुणि सत्तमाः ।
आसीतार्धासनमिदं योगसाधनमुत्तमम् ॥

यमोंको सूत्रकारने 'महाव्रत' नामसे कहा है। किन्तु नियम प्रवृत्तिरूप हैं, वे देश-कालादिसे परिच्छिन्न ही रहते हैं। अतः उनमें महाव्रतत्वरूप अन्य विशेषता नहीं रह सकती ।

इस प्रकार यम और नियमोंकी व्याख्या हुई ।

आसन—अब आसनोंकी व्याख्या की जाती है। संसारमें जीवोंकी जितनी जातियाँ हैं उनके बैठनेमें जितने प्रकारके संस्थानविशेष हैं वे ही सब आसन हैं। उनमें से मुख्य तीन आसनोंका ईश्वरगीता आदि ग्रन्थोंमें इस प्रकार वर्णन किया है–

'स्वस्तिक, पद्म और अर्ध जो आसन कहे गये हैं वे सभी आसनोंमें श्रेष्ठ है। विप्रप्रवर! साधकको अपने दोनों पैर दोनों जंघाओं पर रखकर बैठना चाहिये। यह उत्तम पद्मासन है। हे सत्तम! जब अपना एक पैर एक जंघापर रखकर बैठे तब यह योगका उत्तम साधन

---

१ संस्थानविशेषेषु–पा. २ पु.।

उभे कृत्वा पादतले जानूर्वोरन्तरेण हि ॥
समासीतात्मनः प्रोक्तमासनं स्वस्तिकं परम् ॥" इति ।

आसनस्य प्रपञ्चस्त्वत्र राजयोगप्रकरणत्वान्न क्रियते । आसन-नाडीशुद्ध्यादयस्तु हठयोगादिग्रन्थेष्वशेषतो द्रष्टव्याः । आसनं व्याख्यातम् ।

प्राणायामो व्याख्यायते । रेचकः पूरकः कुम्भकश्चेति त्रिविधः प्राणायामः । केवलकुम्भकश्चतुर्थः प्राणायामः । तदुक्तं नारदीये—

"रेचकः पूरकश्चैव कुम्भकः शून्यकस्तथा ।
एवं चतुर्विधः प्रोक्तः प्राणायामो मनीषिभिः ॥
जन्तूनां दक्षिणा नाडी पिङ्गला परिकीर्तिता ।
सूर्यदैवतका चैव पितृयोनिरिति स्मृता ॥

अर्धासन होता है । और जब अपने दोनों पैरोंके तलुओंको दोनों जाँघोंमें दबाकर बैठे तो यह श्रेष्ठ स्वस्तिक आसन होता है ।'

यह राजयोगका प्रसंग है, इसलिये यहाँ आसनोंका विशेष विस्तार नहीं किया जाता । आसन और नाडीशुद्धि आदि विषयोंका पूर्ण विवरण तो हठयोग आदिके ग्रन्थोंमें देखना चाहिये । यह आसनकी व्याख्या हुई ।

प्राणायाम—प्राणायामकी व्याख्या की जाती है । रेचक, कुम्भक और पूरक–तीन प्रकारका प्राणायाम होता है तथा केवल कुम्भक चतुर्थ प्राणायाम है । नारदीय पुराणमें ऐसा कहा है—

'रेचक, पूरक कुम्भक और शून्य इस तरह चार प्रकारका प्राणायाम बुद्धिमानोंने बताया है । जीवोंकी जो दायीं नाडी है वह पिंगला कही जाती है । वह सूर्य देवतावाली और पितृयोनि भी मानी गयी है ।

देवयोनिरिति ख्याता इडा नाडी तु वामगा[1] ।
तत्राधदैवतं चन्द्रः शृणुध्वं गदतो मम ॥
एतयोरुभयोर्मध्ये सुषुम्णा नाडिका स्मृता ।
अतिसूक्ष्मा गुह्यतमा ज्ञेया सा ब्रह्मदैवता ॥
वामेन रेचयेद्वायुं रेचनाद्रेचकः स्मृतः ।
पूरयेद्दक्षिणेनैव पूरणात्पूरकः स्मृतः ॥
स्वदेहे पूरितं[2] वायुं निगृह्य न विमुञ्चति ।
संपूर्णकुम्भवत्तिष्ठेत्कुम्भकः स हि विश्रुतः ॥
न गृह्णाति त्यजति न वायुमन्तर्बहिः स्थितम् ।
ज्ञेयं तच्छून्यकं नाम प्राणायामं यथास्थितम् ॥" इति ।
याज्ञवल्क्यादौ च,
"पूरकः कुम्भकश्चैव रेचकस्तदनन्तरम् ।
प्राणायामस्त्रिधा ज्ञेयः कनीयोमध्यमोत्तमः ॥

इडा नामकी जो बायीं नाडी है वह देवयोनि कही गयी है। सुनिये, मैं बताता हूँ, उनका अधिदेव चन्द्रमा है। इन दोनोंके बीचमें सुषुम्ना नाडी मानी गयी है। उसे अति सूक्ष्म और गुह्यतम समझना चाहिये। उसका देवता ब्रह्मा है। बायीं नाडी से वायुको निकाल देना चाहिये। इसे रेचन (निःसरण) के कारण 'रेचक' प्राणायाम कहते हैं। फिर दायीं नाडीसे वायु भरे। पूरण (भरने) के कारण यह क्रिया 'पूरक' कहलाती है। इस प्रकार अपने शरीरमें भरे हुए उस वायुको रोककर जब योगी उसे नहीं छोड़ता और भरे हुए घड़े के समान स्थिर रहता है तो इसे ही 'कुम्भक' कहते हैं। फिर जब वह शरीरसे बाहर एवं भीतर स्थित वायुको न तो ग्रहण करता है और न त्यागता है तो इस यथास्थित प्राणायामको 'शून्य' समझना चाहिये'।

याज्ञवल्क्यादि स्मृतियोंमें भी कहा है—'पूरक, कुम्भक और उसके पश्चात् रेचक—इस क्रमसे कनिष्ठ, मध्यम और उत्तम तीन प्रकारका

---

१ वामतः—पा. १ पु. । २ पूरकं—पा. १ पु. ।

द्वादशमात्रः कनीयान्मध्यमो मात्राचतुर्विंशः ।
उत्तमः षट्त्रिंशन्मात्रो मात्राभेदाः स्मृतास्तज्ज्ञैः ॥"

इत्याद्युक्तम् ।

अत्र प्राणायामस्य पूरकादिक्रमकथनान्नारदाद्युक्तो रेचकादिक्रमो वैकल्पिक इति ।

अस्मिंश्चतुर्विधप्राणायामे सूत्रकारेणायं विशेष उक्तः । आदौ यत्सहितं त्रयमभ्यस्यते, तच्च देशकालसंख्याभिरवधृतं भवति, तदा दीर्घसूक्ष्मसंज्ञकं भवति । तत्र रेचकस्य देशो नासिकाग्राद्बहिर्द्वादशाङ्गुलादिः । स च 'इषीकातूलादिक्रियया

प्राणायाम समझना चाहिये । प्राणायामके मर्मज्ञोंने इनकी मात्राओंके भेद इस प्रकार माने हैं—कनिष्ठ प्राणायाम बारह मात्राओंका होता है, मध्यम चौबीस मात्राओंका और उत्तम छत्तीस मात्राओंका होता है ।'

यहाँ (याज्ञवल्क्यस्मृति में) प्रणायामका क्रम पूरक से आरम्भ किया है ; अतः ऊपर जो नारदपुराणोक्त क्रम रेचक से आरम्भ होनेवाला है उसे वैकल्पिक* समझना चाहिये ।

इस उपर्युक्त चार प्रकार के प्रणायामके विषय में सूत्रकारने विशेष बात यह कही है कि पहले जो तीन प्रकार के सहित◈ प्रणायाम का अभ्यास किया जाता है उसका देश, काल और संख्या के द्वारा निश्चय किया जाता है । तब उसकी दीर्घ या सूक्ष्म संज्ञा होती है । इनमें रेचकका देश नासिकाग्रसे लेकर बाहरी ओर द्वादश अङ्गुल आदि है । उसका रूईके रूएँ आदिकी क्रियासे निश्चय किया जा

---

१ ईषीका—पा. २ पु. ।

* अर्थात् अभ्यासी इन दोनों क्रमोंमें से किसी भी एक क्रमसे अभ्यास कर सकता है ।

◈ जिस प्राणायाममें रेचक, पूरक और कुम्भक तीनों रहते हैं उसे 'सहित प्राणायाम' कहा जाता है ।

निश्चेयः । पूरकस्य चामस्तकमापादतलमाभ्यन्तरो देशः। स च पिपीलिकास्पर्शतुल्यस्पर्शेन निश्चेयः । कुम्भकस्य च रेचकपूरकयोर्बाह्याभ्यन्तरदेशौ समुच्चितावेव विषयः, उभयत्रैव प्राणस्य वृत्तिनिरोधात्। स चोक्तलिङ्गद्वयानुपलब्ध्या निश्चेयः[1] । एवं देशेनावधृतो व्याख्यातः ।

कालेनावधृतो यथा—'एतावत्क्षणं रेचकः कर्तव्यः' 'एतावत्क्षणं पूरकः कर्तव्यः' 'एतावत्क्षणं कुम्भकः कर्तव्यः' इत्येवमङ्गीकृतकालैरवधृत इति। संख्याभिरवधृतस्तु यथा मात्राणां द्वादशादिसंख्यात्रयेणावधृत इति। अत्र देशादित्रयाणां प्राणायामपरिच्छेदकत्वे विकल्प एव, न तु समुच्चयः; केवल-

सकता है। पूरकका देश मस्तकसे लेकर पादतल पर्यन्त शरीरके भीतर है। उसका चींटीके स्पर्शके समान वायुके स्पर्शद्वारा निश्चय किया जा सकता है। कुम्भकका देश तो रेचक और पूरक दोनों ही के बाह्य और आभ्यन्तर देश मिलकर हो सकते हैं, क्योंकि दोनों ही स्थानोंमें प्राणकी गतिका निरोध किया जा सकता है और उसका निश्चय उपर्युक्त दोनों लिंगोंकी उपलब्धि न होनेपर होता है। इस प्रकार देशके द्वारा निश्चित हुए प्राणायामकी व्याख्या हुई।

काल के द्वारा निश्चित इस प्रकार है जैसे—'रेचक इतने क्षणतक करना चाहिये, पूरक इतने क्षणतक और कुम्भक इतने क्षणतक' इस प्रकार अङ्गीकार किये हुए कालों द्वारा इनका निश्चय करना। तथा मात्राओं की द्वादश आदि तीन प्रकार की संख्याओं से निश्चय किया हुआ प्राणायाम संख्या के द्वारा निश्चित कहलाता है। यहाँ देशादि (देश, काल और संख्या) इन तीनों को जो प्राणायाम का परिच्छेदक बताया गया है इसमें विकल्प ही समझना चाहिये,

---

१ कुम्भकस्य च पूरकदेश एव विषयः, त्रयाणां सहानुष्ठाने पूरकानन्तरमेव श्रवणात्। स चोक्तलिङ्गानुपलब्ध्या निश्चेयः—पा. ३ पु.।

मात्राभिरपि प्राणायामपरिच्छेदस्य बहुशः स्मरणादिति । एवमभ्यासक्रमेण यदा देशकालसंख्याभिः परिच्छेद्यौ रेचक-पूरकौ विनैव माससंवत्सरादिस्थायी बहुदेशस्थायी[1] कुम्भको भवति, स केवलकुम्भकश्चतुर्थः प्राणायामः । तस्मिन्सत्या-काशगमनादिसिद्धयो जायन्ते । तदुक्तं वसिष्ठसंहितायाम्—

"रेचकं पूरकं त्यक्त्वा सुखं यद्वायुधारणम् ।
प्राणायामोऽयमित्युक्तः स वै केवलकुम्भकः ॥
सहितं केवलं वाऽपि कुम्भकं नित्यमभ्यसेत् ।
यावत्केवलसिद्धिः स्यात्तावत्सहितमभ्यसेत् ॥

समुच्चय नहीं; [अर्थात् देश, काल और संख्या तीनों में से किसी एक के द्वारा भी प्राणायाम की दीर्घता या सूक्ष्मता का माप हो सकता है, तीनों ही के द्वारा उसका निश्चय करना आवश्यक नहीं है;] क्योंकि केवल मात्राओं द्वारा भी प्राणायाम के परिच्छेद का अनेक प्रकार से स्मृतियों में उल्लेख हुआ है । इस प्रकार अभ्यास करते-करते जब देश, काल और संख्या से परिच्छेद्य रेचक और पूरक के विना ही मास और वर्षों तक रहनेवाला कुम्भक बहुदेशव्यापी हो जाता है तो वही केवल कुम्भक नामका चतुर्थ प्राणायाम कहा जाता है । उसके हो जाने पर आकाश गमन आदि सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं । यही बात वसिष्ठसंहिता (योगवासिष्ठ) में इन वाक्यों द्वारा कही गयी है ।

'रेचक और पूरक को त्यागकर जो सुखपूर्वक वायुको धारण करना है वही केवल कुम्भक प्राणायाम कहा जाता है । नित्य ही सहित या केवल कुम्भकका अभ्यास करना चाहिये । जब तक केवल कुम्भक सिद्ध न हो तब तक सहित कुम्भकका अभ्यास करे । रेचक और पूरकसे

१ व्यापी--पा. ३ पु. ।

केवले कुम्भके सिद्धे रेचपूरकवर्जिते ।
न तस्य दुर्लभं किंचित्त्रिषु लोकेषु विद्यते" ॥

इत्यादिभिरिति ।

प्राणायामे च मात्रा मार्कण्डेयपुराणादिषूक्ता—

"निमेषोन्मेषणे मात्रा तालो लघ्वक्षरं तथा ।
प्राणायामस्य संख्यार्थं स्मृता द्वादशमात्रिका[1] ॥"

इत्यादिभिः ।

मात्रा प्रमाणम् । द्वादशमात्रिका द्वादशगुणिता । इदं च द्वादशमात्रिकत्वं त्रिष्वेव सामान्यवचनात् । वसिष्ठसंहितादौ तु पूरकं षोडशमात्राभिः, कुम्भकं चतुःषष्टिमात्राभिः, रेचकं तु द्वात्रिंशन्मात्राभिरित्युक्तम् । अतो मुख्यकल्पानुकल्परूपेणात्र व्यवस्थेति ।

रहित जो केवल कुम्भक है उसके सिद्ध हो जानेपर उस योगीको तीनों लोकोंमें कुछ भी दुर्लभ नहीं रहता ।'

प्राणायामके मापकी जो मात्रा है उसका मार्कण्डेय पुराण आदि ग्रन्थोंमें इस प्रकार वर्णन किया है—'आँखोंके मूँदने और खोलनेमें, हाथोंसे ताली बजानेमें और एक लघु अक्षरके उच्चारणमें जितना समय लगता है उसे मात्रा कहते हैं। प्राणायामकी संख्या करनेके लिये ऐसी द्वादश मात्राएँ स्मृतियोंमें बतायी हैं।'

'मात्रा' एक प्रमाण है। इससे बारह गुनी द्वादश मात्राएँ होती हैं। यह द्वादश मात्रा काल तीनोंही प्राणायामोंके लिए समान रूपसे कहा गया है। किन्तु वसिष्ठसंहिता आदि ग्रन्थोंमें तो पूरक सोलह मात्राओंसे, कुम्भक चौंसठ मात्राओंसे और रेचक बत्तीस मात्राओंसे करने का विधान है। अतः मुख्य कल्प (प्रधान विधि) और अनुकल्प (गौण विधि) मानकर इन दोनों ही वाक्योंकी गति लगायी जा सकती है।

---

१ स्मृतिर्द्वादशमात्रिका—पा. १ पु. ।

अन्यश्च प्राणायामे विशेषो नारदीयादिपूक्तः—

"अगर्भश्च सगर्भश्च द्वितीयस्तु तयोर्वरः ।
जपध्यानं विनाऽगर्भः सगर्भस्तत्समन्वितः" ॥

इत्यादिभिः । तत्र जपमन्त्र ईश्वरगीतायामुक्तः—

"सव्याहृतिं सप्रणवां गायत्रीं शिरसा सह ।
त्रिर्जपेदायतप्राणः प्राणायामः स उच्यते ॥" इति ।

योगियाज्ञवल्क्ये तु —

"मात्राप्रमाणयोगेन प्राणापाननिरोधनात् ।
ॐकारेण तु कर्तव्यः प्राणायामो यथोदितः ॥" इति ।

केवलप्रणवजपोऽयं परमहंसानाम् । ध्यानं च पूरकादिक्रमेण नाभिहृदयललाटेषु ब्रह्मविष्णुशिवरूपाणां स्मृतिपूक्तम् । परमहंसानां

नारदीय पुराणादिमें प्राणायामकी एक दूसरी विशेषता यह बतायी है—'प्राणायाम अगर्भ और सगर्भ भेदसे दो प्रकारका है । इनमें दूसरा श्रेष्ठ है । जप और ध्यानसे रहित प्राणायाम 'अगर्भ' कहलाता है और इनसे युक्त 'सगर्भ' कहा जाता है ।' सो ईश्वर-गीतामें जपमन्त्र इस प्रकार बताया गया है—'प्राणोंका संयम करके व्याहृति, प्रणव और शिरोमन्त्रके सहित गायत्रीका तीन बार जप करे । इसे ही प्राणायाम कहते हैं ।' तथा योगियाज्ञवल्क्यमें कहा है—'प्राण और अपानका निरोध करके मात्राओंके प्रमाणानुसार ओंकार जप करते हुए विधिवत् प्राणायाम करना चाहिये ।'

यह जो केवल प्रणवका जप है वह परमहंस संन्यासियों के लिये है। स्मृतियोंमें पूरक, कुम्भक और रेचक करते समय क्रमशः नाभि, हृदय और ललाट देशमें ब्रह्मा, विष्णु और शंकरके स्वरूपका ध्यान करना कहा है । तथा 'संयतचित्त यति प्रणवके द्वारा परब्रह्मका चिन्तन करे'

तु केवलमेव ब्रह्म ध्येयमुक्तम् 'प्रणवेन परब्रह्म[1] ध्यायीत निवतो यतिः' इत्यादिस्मृतिभिरिति दिक्।

इति प्राणायाम उक्तः।

प्रत्याहार उच्यते। नारदीये—

"विषयेषु प्रसक्तानि इन्द्रियाणि मुनीश्वराः।
समाहृत्य निगृह्णाति[2] प्रत्याहारस्तु स स्मृतः॥
अनिर्जित्येन्द्रियग्रामं यस्तु ध्यानपरो भवेत्।
मूढात्मानं च तं विद्याद्ध्यानं चास्य न सिध्यति॥"

इति।

इन्द्रियाणां निग्रहश्च वशीकरणम्, स्वेच्छानुविधायी[3] करणमिति यावत्। प्रत्याहार उक्तः।

यमादीनि चैतानि प्रत्याहारान्तानि योगाङ्गानि देह-

इत्यादि स्मृतियों द्वारा परमहंसके लिये केवल ब्रह्म ही ध्येय बतलाया गया है। ऐसा यहाँ समझना चाहिये। इस प्रकार प्राणायामका वर्णन हुआ।

प्रत्याहार—प्रत्याहारका वर्णन किया जाता है। नारदपुराणमें कहा है—'हे मुनीश्वरो! योगी जो विषयोंमें आसक्त इन्द्रियोंको सब ओर से हटाकर उनका निग्रह करता है वह प्रत्याहार कहलाता है। जो पुरुष इन्द्रियोंको अधीन किये बिना ही ध्यानमें लग जाता है उसे तो मूढचित्त ही समझना चाहिये। उसे ध्यान सिद्ध भी नहीं हो सकता।'

इन्द्रियोंको अपने वशमें करना अर्थात् उन्हें अपनी इच्छाकी अनुवर्तिनी बना लेना ही उनका निग्रह है। यह प्रत्याहारका वर्णन हुआ।

यमसे लेकर प्रत्याहार पर्यन्त जो ये योगके अंग हैं वे देह, प्राण

---

१ परं ब्रह्म—पा. २ पु.। २ निगृह्णानि—पा. १ पु.।
३ नुविधया—पा. १ पु.।

प्राणेन्द्रियाणां निग्रहरूपाणि । इतः परं चित्तनिग्रहरूपं धारणाद्यङ्गत्रयमभ्यर्हितं वक्तव्यम् ।

तत्र धारणोच्यते । 'देशबन्धश्चित्तस्य धारणा' (यो. ३. १.) । यत्र देशे ध्येयं चिन्तनीयं तत्र चित्तस्य स्थिरीकरणमिति यावत् । देशाश्चोक्ता ईश्वरगीतायाम्—

"हृत्पुण्डरीके नाभ्यां वा मूर्ध्नि पर्वतमस्तके ।
एवमादिप्रदेशेषु धारणा चित्तबन्धनम् ॥" इति ।

ननु मूर्त्यादियोगे देशो घटते; सत्त्वपुरुषान्यतायोगे शुद्धब्रह्मयोगे वा कथं देशो घटतां ध्येयस्यापरिच्छिन्नत्वादिति चेत् ' अग्नेरिन्धनवत्स्वस्वोपाधिवृत्तेरेव तदुभयदेशत्वादिति ।

और इन्द्रियोंके निग्रहरूप ही हैं । इससे आगे योगके तीन प्रधान अंग धारणादिका, जो चित्तनिग्रह रूप हैं, वर्णन करना है ।

धारणा--उनमेंसे धारणाका वर्णन किया जाता है । चित्तको किसी देश-विशेषमें बाँध देना धारणा है । अर्थात् जिस देशमें ध्येयका चिन्तन करना हो उसमें चित्तको स्थिर कर देना । ईश्वरगीतामें देश ये बताये हैं—'हृदयकमल, नाभि, मूर्धा अथवा पर्वतशिखर इत्यादि देशोंमें चित्तको बाँध देना धारणा है ।'

प्रश्न—देशकी बात तो मूर्त्ति आदिके सम्बन्धमें घट सकती है; सत्व और पुरुषकी अन्यताख्याति अथवा शुद्ध ब्रह्मसम्बन्धी योगमें देशका किस प्रकार सम्बन्ध रह सकता है, क्योंकि यहाँ तो ध्येय अपरिच्छिन्न होता है ।

उत्तर—जैसे अग्नि अपनी उपाधि ईंधन आदिमें रहती है उसी प्रकार अपनी-अपनी उपाधिमें उपलब्ध होना यही इन ब्रह्म और सत्त्व (सत्त्वादि गुणरूपा प्रकृति) दोनोंका देश सम्बन्ध समझना चाहिये ।*

---

* अर्थात् जिस प्रकार व्यापक होने पर भी ईंधन आदि को अग्निका आश्रय कहा जाता है वैसे ही यद्यपि ब्रह्म और प्रकृति दोनों ही व्यापक हैं तथापि जिस हृदय आदि उपाधिमें इनकी उपलब्धि होती है वही इनका देश है ।

यावत्कालावस्थित्या धारणादित्रयं भवति, स काल ईश्वर-गीतायामवधृतः—

"धारणा द्वादशायामा ध्यानं द्वादश धारणाः ।
ध्यानद्वादशकं यावत्समाधिरभिधीयते ॥" इति ।

द्वादश आयामाः प्राणयामा यावत्कालेन भवन्ति तावत्काल-परिमितं चित्तस्य यथोक्तैकाग्र्यं धारणेत्यर्थः । धारणोक्ता ।

ध्यानमुच्यते । तत्र देशे ध्येयाकारवृत्तिप्रवाहो वृत्त्यन्तरा-व्यवहितो ध्यानम् । यथा हृत्पुण्डरीकादौ चतुर्भुजादिचिन्तनम्, बुद्धिवृत्तौ वा तद्विवेकतश्चैतन्यचिन्तनम्, कारणोपाधौ चेश्वर-चिन्तनमिति । ईश्वरगीतायामप्येतदेवोक्तम्—

"देशावस्थितिमालम्ब्य बुद्धेर्या वृत्तिसंततिः ।
वृत्त्यन्तरैरसंस्पृष्टा तद्ध्यानं सूरयो विदुः ॥" इति ।

धारणा, ध्यान और समाधि ये तीनों कितने-कितने समय की स्थिति होनेपर सिद्ध होते हैं इसका निर्णय ईश्वरगीता में इस प्रकार किया है—'बारह आयाम की धारणा होती है, बारह धारणाएँ होनेपर ध्यान होता है और बारह ध्यान के बराबर स्थिति होनेपर समाधि कही जाती है ।' तात्पर्य यह है कि बारह आयाम अर्थात् बारह प्राणायाम जितने समय में होते हैं उतने समय तक चित्तकी पूर्वोक्त प्रकारकी एकाग्रता 'धारणा' कहलाती है । इस प्रकार धारणाका वर्णन हुआ ।

ध्यान—ध्यान का वर्णन किया जाता है । उस (धारणा के) देश में अन्य वृत्तियों से अव्यवहित जो ध्येयाकार वृत्तियोंका प्रवाह है वह 'ध्यान' कहलाता है । जैसे हृदयकमल आदि में चतुर्भुज आदि भगवद्विग्रहका चिन्तन करना अथवा बुद्धिवृत्तिमें उससे पृथक् करके चैतन्य का चिन्तन करना अथवा कारणरूपा उपाधि में ईश्वर का चिन्तन । यही बात ईश्वरगीता में भी कही है—'देशसम्बन्धिनी स्थिति का आश्रय लेकर जो अन्य वृत्तियोंसे असंस्पृष्ट बुद्धिकी वृत्तियोंका प्रवाह है उसीको विद्वान्लोग ध्यान समझते हैं' ।

ध्यानसमाध्योरपि कालनियम उक्त एवेति । ध्यानमुक्तम् ।

समाधिरुच्यते । तदेव ध्यानं यदा ध्येयावेशवशाद्ध्यानध्येयध्यातृभावदृष्टिशून्यं सद्ध्येयमात्राकारं भवति, तदा समाधिरुच्यते । कालनियमश्चोक्त एव । ध्यानाच्चास्यान्योऽपि विशेषोऽस्ति । अत्यन्ताभ्यर्हितादिविषयैरिन्द्रियसंनिकर्षे ध्यानस्य भङ्गो भवति, न तु समाधेरिति । तथा च स्मर्यते—

"तदैवमात्मन्यवरुद्धचित्तो
न वेद किंचिद्बहिरन्तरं वा ।
यथेषुकारो नृपतिं व्रजन्त-
मिषौ गतात्मा न ददर्श पार्श्वे ॥" इति ।

अत्र समाधिलक्षणे वृत्त्यन्तरनिरोधो न विशेषणं निरोधस्याङ्गित्वात्, किं तूपलक्षणमेवेति मन्तव्यम् । एतत्कालीनेनैव

ध्यान और समाधि के कालों का नियम पहले बताया ही जा चुका है । यह ध्यान का वर्णन हुआ ।

समाधि—अब समाधि का वर्णन किया जाता है । वही ध्यान जब ध्येय वस्तु के आवेश से ध्याता ध्येय और ध्यान दृष्टि से शून्य होकर केवल ध्येयमात्राकार हो जाता है तब समाधि कहा जाता है । इसके कालका नियम तो बताया ही जा चुका है । ध्यान से इसकी एक विशेषता और भी है । ध्यान का तो इन्द्रियों से अत्युत्कृष्ट विषयोंका सम्पर्क होने पर भंग हो जाता है, किन्तु समाधि का नहीं होता । ऐसा ही स्मृति (श्रीमद्भागवत) का वचन भी है— तब इस प्रकार आत्मा में चित्त का निरोध हो जानेपर योगी किसी भी बाह्य अथवा आभ्यन्तर वस्तु को नहीं देखता, जिस प्रकार कि तीर बनानेवालेने तीरमें चित्त लगा रहने के कारण अपने पास होकर जाते हुए राजा को नहीं देखा' ।

यहाँ समाधि के लक्षण में अन्य वृत्तियों के निरोध को उसका विशेषण नहीं बतलाया गया, क्योंकि यहाँ निरोध तो अङ्गी ही है, उसे तो समाधि का उपलक्षण (सूचक) ही मानना चाहिये । इस समय

वृत्तिनिरोधेन ध्येयसाक्षात्कारो जन्यत इत्यतः समाधिः संप्रज्ञातयोगस्य चरमाङ्गं भवति ।

ननु यदि समाधिकाल एव वृत्त्यन्तरनिरोधरूपः संप्रज्ञात-योगो भवति, तदा निरोधस्यैवाङ्गित्वे किं नियामकमिति चेत् '

उक्तमेव पुनः स्मार्यते । चित्तं स्वत एव सर्वार्थग्रहणसमर्थं विभुत्वात्प्रकाशस्वभावत्वाच्च दर्पणवत् । तथाऽपि विषयान्त-रावेशदोषादभीष्टार्थो भाव्यमानोऽपि न साक्षात्कर्तुं शक्यते । अतो विषयान्तरवृत्तिनिरोध एव प्रतिबन्धकाभावरूपतया ध्येयसाक्षात्कारे साक्षात्कारणं भवति । समाधिरपि तु तत्राङ्गमेव, साक्षात्कारे वृत्त्यन्तरनिरोधद्वारैव हेतुत्वादिति ।

होनेवाले वृत्तियों के निरोध से ही ध्येयका साक्षात्कार होता है, अतः समाधि तो सम्प्रज्ञात योगका चरम अंग है ।

प्रश्न—यदि समाधिके समय ही अन्य वृत्तियों का निरोधरूप सम्प्रज्ञात योग होता है तो उस अवस्था में निरोधको ही समाधिका अङ्गी निश्चित करनेवाला कौन रहता है ।

उत्तर—यह बात पहले कही जा चुकी है । उसीका अब पुनः स्मरण कराया जाता है । चित्त स्वयं ही विभु और प्रकाशस्वरूप होने के कारण दर्पण के समान समस्त वस्तुओं को ग्रहण करने में समर्थ है । किन्तु अन्यान्य विषयों के समावेश का दोष रहने के कारण यह भावना करने पर भी अपने अभीष्ट पदार्थ का साक्षात्कार नहीं कर सकता । अतः अन्य विषयोंमें जानेवाली वृत्तियों का निरोध ही प्रतिबन्ध-काभावरूप होनेके कारण ध्येयके साक्षात्कार में मुख्य कारण होता है । समाधि भी उसमें केवल अंग ही है, क्योंकि ध्येय के साक्षात्कार में वह वृत्त्यन्तरके निरोध द्वारा ही कारण होती है ।

तदेवं धारणादित्रयं व्याख्यातम् । एतच्च त्रयमेकस्मिन्नालम्बने वर्तमानं संयम इत्युच्यते । तस्य च संयमस्य स्थूलादिक्रमेण विविक्तपरमात्मपर्यन्तं भूमिषु विनियोगः कर्तव्यः, 'तस्य भूमिषु विनियोगः' (यो. ३. ६.) इति सूत्रात्,

"स्थूले विनिर्जितं चित्तं ततः सूक्ष्मे शनैर्नयेत् ।"

इति स्मृतेश्च ।

अयं तूत्सर्ग एवेति प्रागेवोक्तम् । यतो यदीश्वरप्रसादात्सद्गुरुप्रसादाद्वाऽऽदावेव सूक्ष्मसूक्ष्मभूमिकायामवस्थितियोग्यता स्वचित्तस्य दृश्यते तदा न स्थूलादिपूर्वपूर्वभूमिकया मुमुक्षुभिः कालक्षेपः कर्तव्यः उत्तरभूमिकारोहरूपस्य पूर्वभूमिकाप्रयोजनस्यान्यत एव सिद्धेः । तथा च स्मर्यते—

"सारभूतमुपासीत ज्ञानं यत्स्वार्थसाधकम् ।

संयम—इसप्रकार धारणादि अन्तरंग योगाङ्गोंकी व्याख्या हुई । ये ही तीनों जब एक ही आलम्बनमें रहते हैं तो 'संयम' कहलाते हैं । इस संयमका स्थूल तत्त्वोंसे लेकर सर्वातीत परमात्मा पर्यन्त सम्पूर्ण भूमियोंमें विनियोग करना चाहिये । 'उसका भूमियों में विनियोग करें' इस सूत्र और 'स्थूलमें जीते हुए चित्त को फिर धीरे-धीरे सूक्ष्म विषयोंमें ले जाय' इस स्मृतिद्वारा भी यही बात सिद्ध होती है ।

यह बात पहले ही कही जा चुकी है कि यह सर्व साधारण के लिये सामान्य नियम है, क्योंकि यदि भगवान् या सद्गुरु की कृपासे अपने चित्तकी सूक्ष्मातिसूक्ष्म भूमिकाओं में स्थिर होनेकी योग्यता दिखायी दे तो स्थूलादिपूर्व-पूर्व भूमिकाओं में लगाकर मुमुक्षुओंको अपना समय नहीं खोना चाहिये; कारण कि उत्तर भूमिकाओं में आरूढ़ होनारूप जो पूर्व भूमिकाओं का प्रयोजन है वह तो इसे [भगवत्कृपा रूप] दूसरे ही उपाय से प्राप्त हो चुका है । ऐसा ही यह स्मृति भी कहती है—'जो अपने प्रयोजन की पूर्ति करनेवाला हो ऐसे एक ही सारभूत ज्ञानका

ज्ञानानां बहुता यैषा योगविघ्नकरी हि सा ॥
इदं ज्ञेयमिदं ज्ञेयमिति यस्तृषितश्चरेत् ।
आ स कल्पसहस्रेषु नैव ज्ञेयमवाप्नुयात् ॥" इति ।

अतोऽत्र प्रकृष्टाधिकारिणां परमात्मालम्बन एव संयमप्रकारोऽस्माभिरुदाह्रियते । सत्त्वपुरुषान्यतालम्बनस्य तु संयमस्य प्रकारांस्तच्छेषतयैव वक्ष्यामः । तत्र परमात्मसंयमे नारदीयहरिभक्तिसुधोदयस्थ प्रकारः कथ्यते । यथा—

नारद उवाच ।
"विलाप्य विस्तरं कृत्स्नं चिदेकरसबोधने ।
राजयोगं प्रवक्ष्यामि तं शृणुध्वं द्विजोत्तमाः ॥ १ ॥
वेदान्तेभ्यः सतां सङ्गात्सद्गुरोश्च स्वतस्तथा ।
ज्ञेयोऽन्तः प्रकृतेरन्य आत्मा सम्यङ् मुमुक्षुभिः ॥ २ ॥

आश्रय लेना चाहिये । यह जो ज्ञानों की अनेकता है वह तो योगमें विघ्न करनेवाली ही है । जो पुरुष 'यह भी मेरे जानने की वस्तु है, यह भी मेरे जानने की वस्तु है' इस प्रकार प्यासे की तरह भटकता रहता है वह हजारों कल्पों में भी अपने वास्तविक ज्ञेय को प्राप्त नहीं कर सकता ।'

अतः यहाँ उत्कृष्ट अधिकारियोंके लिये परमात्मारूप आलम्बनमें ही संयम करने का प्रकार हम वर्णन करते हैं । सत्त्व और पुरुष की अन्यताको आलम्बन करनेवाले संयम की विधिका तो हम उसके अंगरूपसे वर्णन करेंगे । सो, अब नारदीय हरिभक्तिसुधोदयमें आये हुए परमात्मसंयम के प्रकार का वर्णन किया जाता है—

नारदजी बोले—'विप्रवर ! मैं चिदेकरस परमात्मा के ज्ञान के लिये सब प्रकार के विस्तार को त्यागकर राजयोगका वर्णन करता हूँ, आप उसे सुने ॥ १ ॥ मुमुक्षु पुरुष को वेदान्त, सत्पुरुषों के संग और सद्गुरु के द्वारा तथा स्वयं भी यह अच्छी तरह जान लेना चाहिये

इत्यात्मानं दृढं ज्ञात्वा सङ्गं सर्वं ततस्त्यजेत् ।
अद्वैतसिद्धौ यततामन्यसङ्गो ह्यरिः स्फुटम् ॥ ३ ॥

एकान्ते स्वासनो धीरः शुचिर्दक्षः समाहितः ।
यतेतोपनिषद्दृष्टमायाभिन्नात्मदर्शने ॥ ४ ॥

पराक्प्रवृत्ताक्षगणं योगी प्रत्यक्प्रवाहयेत् ।
रुद्ध्वा मार्गं तदत्यन्तं मुक्तास्त्रौघमिवार्जुनः ॥ ५ ॥

स्थापयित्वा पदेऽक्षाणि स्वे स्वेऽन्तस्तु मनः शनैः ।
निवृत्तसैन्यं राजानं वेश्मेवान्तः प्रवेशयेत् ॥ ६ ॥

अन्तःस्थिते[1] च मनसि न चलन्तीन्द्रियाण्यपि ।
अभ्राणि स्तिमितानीव चोदकेऽन्यगतेऽनिले[2] ॥ ७ ॥

कि आत्मा प्रकृति से भिन्न है ॥२॥ इस प्रकार आत्मा को दृढ़तासे जान कर सब प्रकार का संग त्याग दे । जो लोग अद्वैत तत्त्वकी अनुभूति के लिये प्रयत्न करनेवाले हैं उनके लिये अन्य संग तो साक्षात् शत्रु ही है ॥ ३ ॥ साधक एकान्तमें सुखपूर्वक आसनमें बैठकर धैर्य, पवित्रता, दक्षता और सावधानीसे उपनिषत्प्रतिपादित मायातीत परमात्माका साक्षात्कार करने के लिये यत्न करे ॥ ४ ॥ अर्जुन ने जिस प्रकार छोड़े हुए बाणोंको रोक लिया था उसी प्रकार योगी को चाहिये कि बाहर की ओर जानेवाली इन्द्रियों को सर्वथा उनका मार्ग रोककर भीतरकी ओर ले जाय ॥ ५ ॥ सेनाको लौटाकर ले जानेवाला राजा जैसे अपने अन्तःपुरमें प्रवेश करता है वैसे ही इन्द्रियोंको अपने-अपने गोलकोंमें स्थितकर धीरे-धीरे मनको भीतरकी ओर ले जाय ॥ ६ ॥ मन भीतर स्थित हो जानेपर इन्द्रियाँ भी चंचल नहीं रहतीं, जिस प्रकार प्रेरक वायुके शान्त हो जानेपर बादल भी गतिशून्य-से हो जाते हैं ॥ ७ ॥

---

१ अन्तर्नीते च--पा. २. पु. । २ अखिले--पा. १. पु. ।

[1]ततो वपुरहंकारबुद्धिभ्योऽन्ये चिदात्मनि ।
तासां प्रवर्तयितरिं स्वात्मनि स्थापयेन्मनः ॥८॥
मुधा कर्तृत्वभोक्तृत्वमानिनं तमथामलम् ।
सर्वात्मनि चिदानन्दघने विष्णौ सुयोजयेत् ॥९॥
सलिले करकाश्मेव[2] दीपोऽग्नाविव तन्मयः ।
जीवो मौढ्यात्पृथग्बुद्धौ युक्तो ब्रह्मणि लीयते ॥१०॥
अयं च जीवपरयोर्योगो योगाभिधो द्विजाः ।
[3]सर्वोपनिषदामर्थो मुनिगोप्यः परात्परः ॥११॥
एवं ब्रह्मणि युक्तात्मा सन्निरन्तरचिद्रसः[4] ।
आसीताभ्यन्तरं बाह्यं विलाप्य जगदात्मनि ॥१२॥
क्रमाद्विलापयन्नेव कठिनांशोपमं जगत् ।
विस्तरं स्वात्मविद्योगी निर्विशेषं विलापयेत् ॥१३॥

फिर शरीर, अहंकार और बुद्धि से भिन्न एवं उनके प्रेरक चेतनस्वरूप अपने आत्मामें मन को स्थापित करे ॥ ८ ॥ जो व्यर्थ ही अपने कर्तृत्व-भोक्तृत्वका अभिमान करता है ऐसे उस निर्मल आत्माको सर्वात्मा चिदानन्दघन भगवान् विष्णुमें सम्यक् प्रकारसे स्थित करे ॥ ९ ॥ जिस प्रकार ओला जलमें और दीपक अग्निमें मिलकर तद्रूप हो जाता है उसी प्रकार अज्ञानवश अपनेको पृथक् समझनेवाला जीव तत्त्वज्ञानसे युक्त होनेपर ब्रह्ममें लीन हो जाता है ॥ १० ॥ हे द्विजवर! यह जीव और परमात्माका योग ही योग कहलाता है। यही सम्पूर्ण उपनिषदोंका तात्पर्य है, मुनियोंद्वारा गोपनीय है और श्रेष्ठसे भी श्रेष्ठ है ॥ ११ ॥ इस प्रकार बाह्य और आभ्यन्तर सभीको विश्वात्मामें लीन करके पर-ब्रह्मसे अभिन्न हो निरन्तर चिदानन्दरूपसे स्थित रहे ॥ १२ ॥ इस प्रकार क्रमशः इस कठिनांशरूप जगत्को लीनकर फिर वह आत्मज्ञ योगी विस्तृत निर्विशेष (सूक्ष्म या कारण) जगत्का भी लय कर

---

१ ततः पुनरहंकार—पा. २. पु. । २ करकाश्येव—पा. २. पु. ।
३ स चो—पा. २. पु. । ४ सद्रसः—पा. २. पु. ।

एवं सततयुक्तात्मा क्रमाद्विष्णुमयो भवेत् ।
न हि सैन्धवशैलोऽपि क्षणादम्बुमयो भवेत् ॥१४॥
व्युत्थितोऽपि जगत्कृत्स्नं विष्णुरेवेति भावयन् ।
निर्ममो निरहंकारश्चरेच्छिथिलसंसृतिः ॥१५॥
एवं सततमभ्यासाल्लीनबुद्धेः परात्मनि ।
कर्माणि बुद्धिपूर्वाणि निवर्तन्ते स्वतो द्विजाः ॥१६॥
पूर्वाभ्यासबलात्कार्यो न लौक्यो न च वैदिकः ।
अपुण्यपापः सर्वात्मा जीवन्मुक्तः स उच्यते ॥ १७ ॥
तद्देहपाते च पुनः सर्वगो[1] न स जायते ।
एवमद्वैतयोगेन विमुक्तिर्वो मयोदिता ॥ १८ ॥' इति ।

दे ॥ १३ ॥ इस तरह निरन्तर युक्तचित्त रहनेवाला वह मुनि क्रमशः विष्णुमय ही हो जाता है । [यह सब धीरे-धीरे ही होता है, क्योंकि] नमकका पहाड़ भी एक क्षणमें ही जलरूप नहीं हो सकता ॥ १४ ॥ उसे व्युत्थान अवस्थामें भी सम्पूर्ण जगत्के विषयमें 'यह विष्णु ही है' ऐसी भावना रखनी चाहिये तथा ममता और अहंकारसे शून्य रहकर संसारबन्धनको शिथिल रखते हुए व्यवहार करना चाहिये ॥ १५ ॥ द्विजगण ! इस प्रकार निरन्तर अभ्यास करनेसे जिसकी बुद्धि परात्मामें लीन हो गयी है ऐसे उस तत्वदर्शीके बुद्धिपूर्वक कर्म स्वतः ही निवृत्त हो जाते हैं ॥ १६ ॥ वह लौकिक या वैदिक किसी भी प्रकारके कर्म नहीं करता । उसके सब कार्य केवल पूर्वाभ्यासके कारण ही होते हैं । वह पुण्य-पापसे रहित सर्वात्मा 'जीवन्मुक्त' कहा जाता है ॥ १७ ॥ वह सर्वगत है, इसलिये देहपात होनेपर उसका पुनर्जन्म नहीं होता । इस प्रकार अद्वैतबोधके द्वारा मैंने तुम्हें मोक्षप्राप्तिका क्रम बतलाया' ॥ १८ ॥

---

१ सर्वतो—पा. १. पु. ।

एतेषां[1] वाक्यानां कठिनांशो व्याख्यायते। आदौ वेदान्तादिभ्य[2] आत्मानात्मसामान्यं सविकारप्रकृतितो विवेकेनावधार्यमित्येवं साधनैरात्मानं दृढं ज्ञात्वा[3] श्रवणमननाभ्यां निश्चित्य ततः सर्वसङ्गं त्यजेत्, योगेनात्मसाक्षात्काराय परमहंसाश्रमी भवेत्। अद्वैतसिद्धिर्वक्ष्यमाणाद्वितीयसाक्षात्कारः कैवल्यनिष्पत्तिर्वा।

संन्यस्य यत्कार्यं तदाह—एकान्त इति। उपनिषद्दृष्ट उपनिषत्सु श्रुतः। मायाभिन्नः प्रकृतिविविक्तः। अथ वा मायाशब्देनात्र जीवात्मा[4] विवक्षितः, ततोऽपि विवेकेनात्र परमात्मन एव ज्ञेयतया वक्ष्यमाणत्वात्परमात्मावरकत्वेन जीवेऽपि मायाशब्दप्रयोगौचित्याच्च।

अब इन वाक्योंके कठिन अंशकी व्याख्या की जाती है। पहले वेदान्तादिके द्वारा आत्मा और अनात्माके सामान्य स्वरूपको जानकर अर्थात् प्रकृति और उसके विकारसे आत्माको पृथक् करके जानना चाहिये। इस प्रकार साधनोंके द्वारा आत्माको दृढ़तापूर्वक जानकर—श्रवण और मननके द्वारा उसका निश्चय करके फिर सब प्रकारके संगका त्याग करे अर्थात् योगके द्वारा आत्मसाक्षात्कारकी प्राप्तिके लिये संन्यासाश्रम ग्रहण करे। अद्वैतसिद्धि, जिसका वर्णन आगे किया जायगा, दूसरा साक्षात्कार है, अथवा यह आत्माकी कैवल्यप्राप्ति है।

संन्यास लेकर जो कुछ करना चाहिये वह बात 'एकान्ते' इत्यादिसे कही गयी है। उपनिषद्दृष्ट—उपनिषदोंद्वारा सुने हुए तथा मायाभिन्न—प्रकृतिसे पृथक्। अथवा मायाशब्दसे यहाँ जीवात्माका उल्लेख करना अभीष्ट है, क्योंकि उससे भी पृथक् करके परमात्माको ही यहाँ ज्ञेयरूपसे कहा जायगा तथा परमात्माका आवरण करनेवाला होनेसे जीवके लिये भी माया शब्दका प्रयोग उचित ही है।

---

१ एषां—पा. १. पु.। २ वेदान्तेभ्य—पा. १. पु.।
३ तत्त्वं— पा. १. पु.। ४ अपीत्यधिकः २. पु.।

यत्नप्रकारमाह—परागित्यादिना। पराक् वहिः। प्रत्यक् अन्तरम्। तन्मार्गं बहिर्मार्गम्। अनेन श्लोकेन प्रत्याहार एवोक्तः। यमादयः प्राणायामान्ताश्च वहिरङ्गत्वेनानावश्यकत्वादत्र नोक्ताः। अथ वा 'एकान्ते स्वासनो धीरः' इत्यादिवाक्येनैव संक्षेपाद्यमाद्यङ्गचतुष्कमुक्तम्।

प्रत्याहारमुक्त्वा संयमप्रकारमाह—ततो वपुरित्यादिद्वाभ्याम्। अत्र प्रथमश्लोकेनान्तर्यामिणः परमात्मनो देशे जीवात्मनि चित्तस्थापनरूपा धारणा प्रोक्ता[1]। मुधेत्यादिश्लोकेन च ध्यानसमाधी संक्षेपेणोक्तौ। तस्यार्थः। तं जीवात्मानं मुधा वृथा कर्तृत्वभोक्तृत्वादिषु स्वातन्त्र्याभिमानम् अमलमुपाधिविविक्तत्वाच्छुद्धं सर्वेषां यथोक्तानां देहादिजीवान्तानामात्मनि

'पराक्' इत्यादिसे उस प्रयत्नका प्रकार वताया गया है। 'पराक्' बाहरको कहते हैं और 'प्रत्यक्' भीतरको। 'तन्मार्गं' (उनके मार्ग) अर्थात् उनके बाह्य मार्गको। इस (पाँचवें) श्लोकद्वारा प्रत्याहारका ही वर्णन किया गया है। यमसे लेकर प्राणायामपर्यन्त योगके बाह्य अंग हैं, अतः अनावश्यक होनेके कारण यहाँ उनका वर्णन नहीं किया। अथवा यह समझना चाहिये कि 'एकान्ते स्वासनो धीरः' इत्यादि वाक्यसे ही संक्षेपमें यमादि चार अंगोंका वर्णन कर दिया गया है।

प्रत्याहारका वर्णन करके फिर 'ततो वपुः' इत्यादि दो श्लोकोंद्वारा संयमकी विधि कही गयी है। यहाँ पहले श्लोकद्वारा तो परमात्माके देशस्वरूप जीवात्मामें चित्तको स्थापित करनारूप धारणाका वर्णन किया है तथा 'मुधा' इत्यादि (नवें) श्लोकसे संक्षेपमें ध्यान और समाधिका वर्णन किया गया है। उस श्लोकका तात्पर्य यह है—उस जीवात्माको, जो मुधा—वृथा ही कर्तृत्व भोक्तृत्वादिमें अपनी स्वतन्त्रताका अभिमान करता है, किन्तु जो उपाधिसे पृथक् होनेके कारण सर्वथा निर्मल—

---

१ धारणोक्ता—पा. २. पु.।

परमात्मनि स्वोपाधिविविक्ते सु योजयेद् विलापयेत्। प्रलीनाखिलजीवकं परमात्मानं चिन्तयेदिति।

ज्ञेयत्वोपपादनाय प्रलयस्यैव तात्त्विकत्वं दृष्टान्तेनाह—सलिल इति। जीवो लोकैर्मोहादेव परमात्मनः पृथग्बुद्धौ विभक्ततया[1] ज्ञायते, विभागस्य नैमित्तिकत्वेनाल्पकालावस्थायित्वादिना च विकारवद्वाचारम्भणमात्रत्वात्। तत्त्वतस्तु जीवो युक्तो योगाख्यसाधनवान् सलिलादौ करकादिरिव[2] ब्रह्मणि लीयते यतस्तन्मयः, तत्कार्य इत्यर्थः।

शेषं स्पष्टप्रायमिति दिक्।

तदेवमष्टौ योगाङ्गान्युक्तानि। तत्राङ्गतायामयं विशेषः सूत्रकारेणोक्तः। प्रत्याहारपर्यन्तपञ्चाङ्गापेक्षया धारणादित्रयं

बुद्ध है, परमात्मामें युक्त अर्थात् लीन करे, जो देहसे लेकर जीवपर्यन्त उपर्युक्त सभीका अन्तरात्मा है और अपनी उपाधियोंसे पृथक् है। तात्पर्य यह कि उस परमात्माका चिन्तन करे जिसमें सम्पूर्ण जीव लीन हैं।

परमात्माके ज्ञेयत्वका उपपादन करनेके लिये 'सलिले' इत्यादि (दसवें) श्लोकसे दृष्टान्तपूर्वक प्रलयकी ही तात्त्विकता बतलाते हैं। लोगोंको मोहवश ही अपनी भेददृष्टिसे जीव परमात्मासे पृथक् जान पड़ता है; क्योंकि यह विकार तो नैमित्तिक है, अतः अल्पकालस्थायित्व आदि दोषोंके कारण यह वाणीका विलासमात्र ही है। तत्त्वतः तो यह युक्त—योगरूप साधनवाला जीव जल आदिमें ओले आदिके समान ब्रह्ममें लीन हो जाता है, अतः तन्मय—उस (ब्रह्म) का कार्य ही है।

और सब प्रायः स्पष्ट ही है—सो दिखला दिया।

सो, इस प्रकार आठ योगाङ्गोंका वर्णन हुआ। इनकी अंगतामें सूत्रकारने यह विशेषता बतायी है कि प्रत्याहारपर्यन्त पाँच अंगोंकी

---

१ विविक्ततया—पा. २. पु.। २ करका इव—पा. १. पु.।

संप्रज्ञातयोगस्यान्तरङ्गं भवति, पञ्चाङ्गानां प्रायशो देहप्राणे-न्द्रियसंस्काररूपत्वात्, धारणादित्रयस्य तु योगाश्रयचित्तसं-स्कारत्वात्। किं च पञ्चाङ्गानामभावेऽपि[1] प्राग्भवीयैस्तैः कदाचिद्योगो भवति, धारणादित्रयस्य तु सहभावेनैवाङ्गतया तेन विना योगो न जायत इति। तदेवं धारणादि-त्रयमन्तरा[2] असंप्रज्ञातस्य निरालम्बनत्वात्, जन्मान्तरीयेण धारणादिनौत्पत्तिकज्ञानवैराग्याणां देवविशेषाणां भवप्रत्यया-संप्रज्ञातयोगस्योक्तत्वाच्चेति दिक्।

अपेक्षा धारणा आदि तीन अंग सम्प्रज्ञात योगके अन्तरंग साधन हैं, क्योंकि पहले पाँच अंग तो प्रायः प्राण और इन्द्रियोंके संस्काररूप ही हैं और धारणा आदि तीन अंग योगके आश्रयभूत चित्तका संस्कार करनेवाले हैं। इसके सिवा पूर्वजन्मका संस्कार होनेपर पहले पाँच अंगोंके अभावमें भी कभी-कभी इन तीनके द्वारा ही योग सिद्ध हो जाता है। किन्तु धारणादि तीन अंग तो एक साथ रहकर ही योगके अंग बनते हैं, अतः उनके बिना योग नहीं हो सकता। और इसी प्रकार निरालम्ब होनेके कारण असम्प्रज्ञात योग इन धारणादि तीन अङ्गोंके बिना भी हो सकता है, जैसे कि जन्मान्तरके धारणादिसे जिन्हें जन्मसे ही ज्ञान और वैराग्य प्राप्त हैं ऐसे देवविशेषोंको भवप्रत्यय असम्प्रज्ञात योगकी प्राप्ति बतायी है; सो सब ध्यानमें रखना चाहिये।

इति विज्ञानभिक्षुविरचिते योगसारसंग्रहे
योगसाधननिरूपणं द्वितीयोंऽशः।

———

१ पञ्चाङ्गानामैहिकानामभावेऽपि—पा. २. पु.।

२ तदपि धारणादित्रयमसंप्रज्ञातस्य च बहिरङ्गं भवति—पा. २. पु.।

अथ तृतीयोंऽशः ।

अतः परं संयमसिद्धयो वक्तव्याः। सिद्धिकामानां ज्ञानादिप्रतिबन्धकतृष्णोपशमाय तत्तत्संयमनिष्पत्त्यवधारणाय च, तथा मुमुक्षूणां हेयत्वप्रतिपादनाय। तथा च सर्वसिद्धान्ते सूत्रम् 'तद्वैराग्यादपि दोषबीजक्षये कैवल्यम्' (यो. ३. ५०.) इति।

अत्र विषयभेदेन अनन्तानां संयमानामनन्ताः सिद्धयः। तासु कियत्य एव सूत्रभाष्याभ्यामुक्ताः। अस्माभिस्तु

तृतीय अंश

संयमसिद्धियाँ

अब आगे संयमसे प्राप्त होनेवाली सिद्धियोंका वर्णन करना है। जो सिद्धियोंकी इच्छावाले हैं उनके ज्ञानादि की प्रतिबन्धक तृष्णाकी निवृत्तिके लिए, अमुक संयम के द्वारा अमुक सिद्धि निष्पन्न होती है— इसका निश्चय करनेके लिए तथा मुमुक्षुओंके लिए ये सिद्धियाँ त्याज्य हैं—ऐसा प्रतिपादन करनेके लिए इनका वर्णन किया जाता है। सबके सिद्धान्तानुसार ऐसा ही यह सूत्र भी है—'उन सिद्धियोंसे भी वैराग्य होनेपर दोषके बीजका क्षय हो जानेसे कैवल्य प्राप्त होता है।'

यहाँ विषयोंका भेद होने पर अनन्त संयमोंके द्वारा अनन्त सिद्धियाँ प्राप्त हो सकती हैं। उनमेंसे कुछका ही सूत्र और भाष्य द्वारा वर्णन

ग्रन्थबाहुल्यभिया ताभ्योऽपि समुद्धृत्य सारतरा एव सिद्धय उच्यन्ते । तत्र संयमविषयसाक्षात्कारा एव संयमसिद्धितयाऽत्र कथ्यन्ते। संयमानां स्वस्वविषयसाक्षात्कार-हेतुतायाः सामान्यत एव लब्धत्वात् 'क्षीणवृत्तेरभिजातस्येव मणेर्ग्रहीतृग्रहणग्राह्येषु तत्स्थतदञ्जनतासमापत्तिः' (यो. १. ४१) इति सूत्रेण, तथा 'भुवनज्ञानं सूर्ये संयमात्' (यो. ३. २६.) इत्यादिसूत्रेष्वन्यविषयकसंयमसिद्धितयाऽन्यज्ञानादेः कथनाच्च। किं तु स्वविषयसाक्षात्कारपर्यन्तस्य संयमस्य विषयान्तर-ज्ञानादिरेव सिद्धितया कथ्यत इति मन्तव्यम् । अन्यविषयक-संयमस्य प्रतिनियतान्यपदार्थज्ञानादिकं योगजधर्मद्वारा भवति, यज्ञविशेषात्स्वर्गविशेषवदिति ।

किया गया है। हम तो ग्रन्थविस्तारके भयसे उनमेंसे भी छाँटकर केवल अत्यन्त सारभूत सिद्धियोंका ही वर्णन करेंगे। वास्तवमें तो संयमके विषयोंके साक्षात्कार ही यहाँ संयमकी सिद्धियोंके रूपमें कहे गये हैं। संयम अपने-अपने विषयके साक्षात्कारके हेतु हैं—यह बात तो सामान्यतः इस सूत्रसे ही प्राप्त है—'जिसकी चित्तवृत्ति क्षीण हो गयी है उस योगीको स्वच्छ मणिके समान ग्रहीता, ग्रहण और ग्राह्यमें तत्स्थ एवं तदञ्जनतारूप समापत्ति प्राप्त होती है।' इसके सिवा 'सूर्यमें संयम करनेसे सम्पूर्ण भुवनोंका ज्ञान हो जाता है' इत्यादि सूत्रोंमें अन्य विषयमें संयम करनेसे अन्य वस्तुके ज्ञानादिका भी वर्णन किया है। तथापि समझना यह चाहिये कि अपने विषयका साक्षात्कार होनेतक किये जानेवाले संयमसे जो विषयान्तरके ज्ञानादि होते हैं वे ही उसकी सिद्धिरूपसे कहे जाते हैं। अन्य विषयक संयमसे उस प्रतिनियत अन्य वस्तुके ज्ञानादि तो योगज धर्मद्वारा हुआ करते हैं, जैसे किसी विशेष यज्ञसे किसी विशेष स्वर्ग की प्राप्ति होती है।

तत्र यस्मात्संयमादात्मसाक्षात्काररूपा सिद्धिर्भवति तदुभय-मेवाभ्यर्हितत्वादादावुच्यते । तत्र सूत्रम्—'सत्त्वपुरुषयो-रत्यन्तासंकीर्णयोः प्रत्ययाविशेषो भोगः परार्थत्वात्स्वार्थ-संयमात्पुरुषज्ञानम्' (यो. ३. ३५.) इति । भोगमध्ये बौद्धप्रत्ययविवेकेन पौरुषप्रत्यये संयमः कर्तव्य इत्याशयेन भोगोऽप्यत्र लक्ष्यते । तथा चायमर्थः । सत्त्वमुपाधिः कार्यकारणसाधारणः । पुरुषस्तद्वति साक्षी जीवेश्वरसाधारणः । तयोरत्यन्तासंकीर्णयोस्तमःप्रकाशवदत्यन्तविधर्मणोरपि यः पर-स्पर[1]प्रतिविम्बवशात्प्रत्ययाविशेषः प्रत्यययोर्विवेकाग्रहणमेकत्व-

आत्मसाक्षात्कार करानेवाला संयम

अब, जिस संयमके द्वारा आत्मसाक्षात्काररूपा सिद्धि होती है, वह [संयम और सिद्धि] दोनों ही विशेष महत्त्वशाली होनेके कारण, पहले उसीका वर्णन किया जाता है। इस विषयमें यह सूत्र है—'प्रकृति और पुरुष, जो सर्वथा असंकीर्ण (बिना मिले हुए) हैं उनका अभेद-ज्ञान ही भोग (भोगका कारण) है; प्रकृति परार्थ है, अतः उसे छोड़-कर स्वार्थ (अपने स्वरूपभूत तत्त्व) में संयम करनेसे पुरुषका ज्ञान हो जाता है।' भोगके बीचमें भी बुद्धिजनित प्रतीतिसे पृथक् करके पुरुषसम्बन्धी ज्ञानमें ही संयम करना चाहिये—इसी अभिप्रायसे यहाँ भोगको भी लक्षित कराया जाता है। इस प्रकार इसका तात्पर्य यह है—सत्त्व (प्रकृति) कार्य और कारणरूपमें समानभावसे रहनेवाली उपाधि है तथा पुरुष उस उपाधिसे युक्तमें साक्षी है, जो जीव और ईश्वरमें समान रूपसे स्थित है। उन अत्यन्त असंकीर्ण—अन्धकार और प्रकाशके समान अत्यन्त विरुद्ध धर्मवालोंमें भी प्रतिविम्बके कारण जो प्रत्यया-विशेष अर्थात् प्रत्ययोंके पार्थक्यका अग्रहण अथवा एकत्वका भ्रम है,

---

१ प्रतिवन्धकवशात्—पा. १. पु. ।

भ्रमो वा शब्दाद्याकारवृत्तिरेव ज्ञानमित्येवं तप्तायःपिण्डवदेकतावृत्तिरूपः, स भोगो मुख्य इति विशेषः। तथा च भाष्यम्—'इष्टानिष्टगुणस्वरूपावधारणमविभागापन्नं भोग' इति। तयोः प्रत्यययोर्मध्ये संहत्यकारित्वात्परार्थो यः शब्दाद्याकार उपाधिसत्त्वस्य प्रत्ययस्तस्माद्भेदेन स्वार्थे ज्ञानरूपे पुरुषस्य प्रत्यये संयमात्तदुभयविवेकसाक्षात्कारपर्यन्तात्पुरुषज्ञानं कूटस्थविभुनित्यशुद्धमुक्तत्वादिनाऽऽत्मसाक्षात्कारो[1] भवति। अखिलप्रपञ्चात्पुरुषस्य विवेकोऽनुभूयत इति यावत्। अत्र परार्थत्वं स्वार्थत्वं च प्रत्यययोर्विवेकहेतुविधयोपन्यस्यते। तत्र परार्थत्वं परमात्रस्य भोगापवर्गसाधनत्वम्। स्वार्थत्वं स्वभोगापवर्गसाधनत्वम्। अत्र तु भोगो विषयानुभवमात्रमिति।

और जो 'शब्दादि विषयाकार वृत्ति ही ज्ञान है' इसके समान एवं तपाये हुए लोहपिंडमें अग्नि और लोहेकी एकतावृत्तिरूप भ्रमके समान है, वही विशेषरूपसे मुख्य भोग है। ऐसा ही भाष्यमें कहा है—'इष्ट, अनिष्ट और अविविक्त गुणोंके स्वरूपका निश्चय ही भोग है।' उन प्रत्ययोंमें जो शब्दाद्याकार उपाधिरूप सत्वका प्रत्यय है वह परस्पर मिलकर प्रवृत्त होनेके कारण परार्थ है। उससे पृथक् करके स्वार्थमें अर्थात् ज्ञानस्वरूप पुरुषके प्रत्ययमें उन दोनोंके विवेकसाक्षात्कारपर्यन्त संयम करनेसे पुरुषका ज्ञान अर्थात् कूटस्थ, विभु, नित्य, शुद्ध, मुक्त आदि रूपसे आत्माका साक्षात्कार होता है। तात्पर्य यह कि सम्पूर्ण प्रपञ्चसे पुरुषके पार्थक्यका अनुभव हो जाता है। यहाँ परार्थत्व और स्वार्थत्वका प्रकृति और पुरुषके प्रत्ययोंके पार्थक्यमें हेतुरूपसे उल्लेख किया है। इनमें परमात्र (अपनेसे भिन्नमात्र) के भोग और मोक्षकी साधनता परार्थता है तथा अपने ही भोग और मोक्षकी साधनतामें स्वार्थता है। यहाँ विषयोंका अनुभवमात्र ही 'भोग' समझना चाहिये।

---

१ कूटस्थशुद्धबुद्धमुक्तत्वादिनास्य साक्षात्कारो—पा. २. पु.।

ननु पौरुषेयप्रत्ययः पुरुषस्य स्वरूपमेव; अतः कथं तस्मात्साक्षात्कार[1]पर्यन्तस्य संयमस्य पुरुषज्ञानं फलं स्यात् तस्य प्रागेव सिद्धत्वादिति चेत्

न, घटाकाशवच्छब्दादिवृत्त्यवच्छिन्नचिदाकाशभागस्य वृत्तिविवेकेन साक्षात्कारात्; परिपूर्णत्वादिरूपैरखिलप्रपञ्चविवेकेन च तत्साक्षात्कारस्य सिद्धिरूपस्य भिन्नत्वादिति दिक्।

तमिमं संयमं विहायात्मसाक्षात्कारस्यान्य उपायो नास्ति। अत आत्मजिज्ञासुभिरयमेव संयमः संयमान्तराण्यणिमादिसिद्धिहेतुभूतानि विहाय कर्तव्य इति सांख्ययोगयो रहस्यं स्वानुभवसिद्धमुपदिष्टम्। एतस्मिंश्च संयमे

प्रश्न—पौरुष प्रत्यय तो पुरुषका स्वरूप ही है, अतः साक्षात्कारपर्यन्त उस पौरुषप्रत्ययके संयमका फल पुरुषका ज्ञान कैसे हो सकता है? क्योंकि वह तो पहले ही से विद्यमान है।

उत्तर—ऐसी बात नहीं है। जिस प्रकार घटसे अवच्छिन्न आकाशका साक्षात्कार घटसे विवेक करनेपर होता है उसी प्रकार शब्दादिवृत्तियोंसे अवच्छिन्न चिदाकाशके भागका साक्षात्कार वृत्तियोंसे विवेक करनेपर होता है। और सम्पूर्ण प्रपञ्चका विवेक करनेपर परिपूर्णत्वादिरूपसे होनेवाला सिद्धिरूप जो परमात्माका साक्षात्कार है वह इससे भिन्न है—यह यहाँ दिखाया गया है।

इस संयम को छोड़कर आत्मसाक्षात्कार का कोई दूसरा उपाय नहीं है। अतः आत्मजिज्ञासुओंको अणिमादि सिद्धियों के हेतुभूत अन्य संयमों को छोड़कर केवल यही संयम करना चाहिये। इस प्रकार यह अपने अनुभव से सिद्ध सांख्य और योग के रहस्य का उपदेश किया गया है। इस संयम के करने पर पुरुषज्ञानकी चिह्नस्वरूपा प्रातिभ, श्रावण,

---

१ तत्साक्षात्कार—पा. २. पु.।

क्रियमाणे, अन्या अपि सिद्धयः पुरुषज्ञानस्य लिङ्गभूता आदौ जायन्ते प्रातिभश्रावणवेदनादर्शास्वादवात[1]संज्ञकाः।

तत्र दृष्टकारणं विनैव अकस्माद्व्यवहितविप्रकृष्टातीतानागतसूक्ष्माद्यर्थस्फुरणसामर्थ्यं प्रतिभा, तज्जन्यं ज्ञानं प्रातिभं मनसः सिद्धिः। तथा व्यवहितादिश्रवणं[2]श्रावणं श्रोत्रस्य सिद्धिः। तथा व्यवहितादिस्पर्शनं वेदनं त्वगिन्द्रियस्य सिद्धिः। तथा व्यवहितादिदर्शनमादर्शश्चक्षुषः सिद्धिः। तथा व्यवहितादिरसग्रहणमास्वादो रसनायाः सिद्धिः। तथा व्यहितादिगन्धग्रहणं वातो[3] घ्राणस्य सिद्धिरिति। एताः षडिन्द्रियस्य षट् सिद्धयः पुरुषसाक्षात्कारहेतोः प्रत्ययसमाधेरुपसर्गा

वेदन, आदर्श, आस्वाद और वात संज्ञक दूसरी सिद्धियाँ भी प्राप्त हो जाती हैं।

सो, दृष्ट कारण के बिना ही अकस्मात् व्यवहित (ओट में स्थित) विप्रकृष्ट (दूरवर्ती), भूत, भविष्यत् और सूक्ष्म वस्तुओं के स्फुरणकी सामर्थ्यका नाम प्रतिभा है, उससे होनेवाला ज्ञान ही प्रातिभ नामकी मानस सिद्धि है। इसी प्रकार व्यवहित आदि शब्दों को सुन लेना ही श्रावण नामकी श्रोत्रेन्द्रिय की सिद्धि है। तथा व्यवहित आदि वस्तुओं का स्पर्श करलेना त्वक् इन्द्रिय की वेदन नामकी सिद्धि है। व्यवहितादि वस्तुओं को देखलेना यह चक्षु इन्द्रियकी आदर्श नामकी सिद्धि है। व्यवहितादि रसोंको ग्रहण करलेना रसनाकी आस्वाद नामकी सिद्धि है। और व्यवहितादि गन्धोंको ग्रहण कर लेना ही घ्राणेन्द्रिय की वात नाम की सिद्धि है। ये, छः इन्द्रियों की छः सिद्धियाँ पुरुषके साक्षात्कारके हेतुभूत ज्ञानसमाधि की उपसर्ग अर्थात् विघ्न हैं,

---

१ वार्ता—पा. २ पु.। २ व्यवहितश्रवणं—पा. १ पु.।
३ वार्ता—पा. २ पु.

अन्तरायाः। विषयभोगतः समाधिभ्रंशाद् व्युत्थितचित्तस्य बहिर्मुखस्य दृष्टयैव तु सिद्धयः पुरुषार्थसिद्धिरूपा उच्यन्ते 'ते समाधावुपसर्गा[1] व्युत्थाने सिद्धयः (यो. ३. ३७.) इति सूत्रात्। अत एता आत्मजिज्ञासुभिर्न कामनीयाः, कदाचिदकामत उपस्थिता अप्युपेक्षणीया इति।

इत्यात्मज्ञानरूपसिद्धिहेतोः संयमस्य कथनम्।

इतः परं वितर्कविचारानन्दास्मितानुगतसंप्रज्ञातानां हेतवो ये ग्रहीतृ[2]ग्रहणग्राह्येषु संयमास्तेषां सिद्धयो वक्तव्याः। तत्र ग्राह्यग्रहणग्रहीतृक्रमेणैवोत्सर्गतः संयमोत्पादात्प्रथमं ग्राह्यसंयमस्य सिद्धिरुच्यते। ग्राह्याणि भूतानि। तानि च कार्यकारणाभेदेन धर्मधर्म्यभेदेन च पञ्चरूपाणि

क्योंकि विषय भोग के द्वारा ये समाधि को खण्डित कर देती हैं। अतः जो व्युत्थितचित्त या बहिर्मुख है उसी की दृष्टि से ये पुरुषार्थ की प्राप्तिरूपा सिद्धियाँ कही जाती हैं, जैसा कि 'ये समाधि में विघ्न किन्तु व्युत्थान में सिद्धियाँ हैं' इस सूत्र से प्रकट होता है। अतः आत्मजिज्ञासुओं को इनकी इच्छा नहीं रखनी चाहिये अर्थात् न चाहने पर भी यदि ये आ जायँ तो इनकी उपेक्षा ही करनी चाहिये।

इस प्रकार आत्मज्ञान के हेतुभूत संयम का वर्णन हुआ।

ग्राह्यसंयमजनित सिद्धियाँ

अब आगे वितर्क, विचार, आनन्द और अस्मिता में अनुगत सम्प्रज्ञात समाधियों के हेतुभूत जो ग्रहीता, ग्रहण और ग्राह्योंमें होनेवाले संयम और उनकी सिद्धियाँ हैं उनका वर्णन किया जाता है। इनमें भी स्वभाव से ग्राह्य, ग्रहण और ग्रहीता के क्रमसे ही संयम होता है, अतः पहले ग्राह्यसंयमसे होनेवाली सिद्धि का वर्णन किया जाता है। ग्राह्य हैं भूत और वे कार्य-कारण तथा धर्म-धर्मीका अभेद होने से

---

१ ताः—इत्यधिकम् २ पु.। २ गृहीतृ—पा. २. पु. प्रामादिकः।

भवन्ति। रूपाणि च स्थूलस्वरूपसूक्ष्मान्वयार्थवत्त्वसंज्ञानि। तत्र शब्दादयो विशेषा आकाशादयश्च भूतानां स्थूलं रूपम्। आकाशत्ववायुत्वादिसामान्यपञ्चकं च भूतानां स्वरूपाख्यं रूपम्। शब्दादितन्मात्रपञ्चकं तु सूक्ष्मं रूपम्। अनुगच्छतीत्यन्वयः; सत्त्वादिगुणत्रयात्मिका प्रकृतिरन्वयाख्यंरूपम्। गुणगतः पुरुषार्थो भोगापवर्गरूपोऽर्थवत्त्वाख्यं[1]रूपमिति।

एतद्रूपपञ्चकसंघातरूपेषु भूतेष्वेतैः पञ्चरूपैः संयमात्साक्षात्कारपर्यन्तात्तैरेव रूपैर्भूतजयरूपा सिद्धिर्भवति। 'स्थूलस्वरूपसूक्ष्मान्वयार्थवत्त्वसंयमाद्भूतजयः' (यो. ३. ४४.) इति सूत्रात्। जयश्च वशवर्तित्वं स्वेच्छानुसारतः प्रवर्तनम्। यद्यप्यहंकारबुद्धी अपि भूतकारणत्वेन भूतानुगततया भूतानां रूपं भवतः, तथापि

पाँच रूपोंवाले हैं। वे रूप हैं—स्थूल, स्वरूप, सूक्ष्म, अन्वय और अर्थवत्व। इनमें शब्दादि विशेष और आकाशादि भूत—ये भूतोंके स्थूल रूप हैं। आकाशत्व, वायुत्व आदि पाँच सामान्य भूतों का स्वरूपसंज्ञक रूप हैं। शब्दादि पाँच तन्मात्र भूतों का सूक्ष्म रूप हैं। जो अनुगमन करे उसे अन्वय कहते हैं, अतः सत्त्वादि तीन गुणोंवाली प्रकृति अन्वय नामका रूप है। तथा गुणों में जो भोग और मोक्षरूप पुरुष का प्रयोजन है वह अर्थवत्व-संज्ञक रूप है।

इन पाँच रूपोंके संघातभूत भूतोंमें इन पाँच रूपों द्वारा साक्षात्कारपर्यन्त संयम करने से उन रूपों के द्वारा ही भूतजयरूपा सिद्धि होती है, जैसा कि 'स्थूल, स्वरूप, सूक्ष्म, अन्वय और अर्थवत्वमें संयम करने से भूतजय होता है' इस सूत्र से प्रकट होता है। 'जय' का अर्थ है वशवर्ती होजाना अर्थात् अपनी इच्छा के अनुसार प्रवृत्त कर सकना। यद्यपि भूतों के कारण और भूतों में अनुगत होने के कारण अहङ्कार और बुद्धि (महत्तत्व) भी भूतों के ही रूप हैं, तथापि यज्ञादि के

[1] रूपार्थवत्त्व—पा. २ पु.।

यज्ञादिफलवत्संयमसिद्धेर्वाचनिकतया भूतेषु बुद्ध्यहंकाररूपाभ्यां संयमस्य न तदुभयजयः फलमित्याशयेन तदुभयरूपसंयमो भूतेषु नोक्तः। इन्द्रियेषु वक्ष्यते।

ततश्च भूतजयादणिमादिप्रादुर्भावः कायसंपद् भूतधर्मानभिघातश्चेत्येतत्सिद्धित्रयं भवति।

तत्राणिमाद्या अष्टौ सिद्धयः स्मृतिषु परिगणिताः—

"अणिमा महिमा मूर्तेर्लघिमा प्राप्तिरिन्द्रियैः।
प्राकाम्यं श्रुतदृष्टेषु शक्तिप्रेरणमीशिता।
गुणेष्वसङ्गो वशिता यत्कामस्तदवस्यति ॥" इति।

तत्र स्वेच्छयाऽणुपरिमितशरीरो भवतीत्यणिमा। एवं महिमा। लघिमा तु गुरुतरशरीरोऽपि तूलादिवल्लघुर्भवति

फलों के समान संयमजनित सिद्धियाँ भी शब्द प्रमाण पर ही अवलम्बित हैं और भूतों में बुद्धि और अहङ्कारमें संयम करनेसे इन दोनों का जयरूप फल बताया नहीं गया। इसी आशय से भूतोंमें इन दो रूपों के संयम का भी उल्लेख शास्त्रोंमें नहीं हुआ। हाँ इन्द्रियों में अवश्य बतलाया जायगा।

फिर भूतजय होने पर अणिमादिका प्रादुर्भाव, कायसम्पद् और भूतोंके धर्मों से उपहत न होना—ये तीन सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं।

इनमें अणिमादि आठ सिद्धियोंकी गणना स्मृतियोंमें इस प्रकार करायी है (१) अणिमा, (२) महिमा और (३) लघिमामें शरीरकी सिद्धियाँ हैं। (४) प्राप्ति इन्द्रियोंके द्वारा होनेवाली सिद्धि है। तथा शेष सिद्धियाँ हैं—(५) प्राकाम्य—श्रुत और दृष्ट पदार्थोंमें स्वच्छन्द गति होना, (६) ईशिता-शक्ति प्रेरित करना, (७) वशिता—गुणोंमें आसक्त न होना, और (८) कामावसायिता।

स्वेच्छासे अणुके समान शरीर हो जाना अणिमा सिद्धि है। इसी प्रकार शरीरका अत्यन्त महान् हो जाना महिमा है। बहुत भारी शरीर भी यदि रूईके समान हल्का हो जाय, जिससे कि आकाशमें

येनाकाशादिषु संचरति। इन्द्रियैः प्राप्तिस्तु भूमिष्ठ एव अङ्गुल्या चन्द्रमसं स्पृशतीत्यादिरूपा। प्राकाम्यं च श्रुतदृष्टेषु स्वर्गादिषु जलादिषु च गत्यप्रतिबन्धः। ईशिता च शक्तीनां भूतभौतिकानां स्वेच्छया प्रेरणम्। वशिता भूतभौतिकानां शक्तिप्रतिबन्धसामर्थ्यं स्वस्य च तदवशत्वम्[1]। यत्र कामावसायित्वसंज्ञा त्वष्टमी[2] सिद्धिः, विषस्यापि स्वेच्छयाऽमृतीकरणसामर्थ्यममृतस्यापि विषीकरणसामर्थ्यमित्यादिरूपा। इत्यणिमाद्यष्टसिद्धयो व्याख्याताः[3]।

कायसंपच्च रूपलावण्यबलवज्रसंहननत्वानि।

भूतधर्मानभिघातस्तु पृथिव्यादिधर्मैः काठिन्यादिभिर्योगिशरीरस्य गत्याद्यप्रतिघातः। तद्यथा—पृथिवी काठिन्येन

भी विचरने लगे तो इसे लघिमा सिद्धि कहते हैं। इन्द्रियोंके द्वारा प्राप्ति सिद्धि ऐसी है कि पृथ्वीपर रहते हुए ही योगी अङ्गुलियोंसे चन्द्रमा को स्पर्श कर ले। स्वर्गादि श्रुत और जल आदि दृष्ट स्थानोंमें गति न रुकना—यह प्राकाम्यसिद्धि है। भूत और भौतिक पदार्थोंकी शक्तियोंको अपनी इच्छासे प्रेरित करना ईशिता है। भूत और भौतिक पदार्थोंकी शक्तियोंको रोक देनेका सामर्थ्य और स्वयं उनके अधीन न होना वशिता सिद्धि है। कामावसायिता नामकी आठवीं सिद्धि है— यह अपनी इच्छासे विषको अमृतकर देनेकी और अमृतको विष बना देनेकी सामर्थ्यरूपा है। इस प्रकार अणिमादि आठ सिद्धियोंकी व्याख्या हुई।

रूप, लावण्य और वज्रके समान सुदृढ़ हो जाना—ये कायसम्पद् हैं।

पृथिवी आदिके जो कठिनता आदि धर्म हैं उनसे योगीके शरीरकी गति आदिका प्रतिबन्ध न होना—यह भूतोंके धर्मोंसे उपहत

---

१ अवश्यत्वम्—पा. २ पु. २ कामावसायित्वमष्टमी—पा. २ पु.।
३ अष्टसिद्धिव्याता—पा. २ पु.।

शरीरक्रियां न प्रतिबध्नाति येन पर्वतमपि भित्त्वा स्थूलशरीरं गच्छति, शिलामपि वाऽनुप्रविश्य तिष्ठति। तथा आपः स्निग्धाः शरीरं न क्लेदयन्ति। अग्निरुष्णो न दहति। वायुर्गतिशीलो न चालयति। आकाशमनावरकमप्यावृणोति[1] येन सिद्धानामप्यदृश्यो भवति।

इति ग्राह्यसंयमस्य सिद्धय उक्ताः।

ग्रहणसंयमस्योच्यन्ते। गृह्यन्त एभिरिति ग्रहणान्येकादशेन्द्रियाणि। तान्यपि कार्यकारणाभेदेन धर्मधर्म्यभेदेन च पञ्चरूपाणि भवन्ति। रूपाणि च ग्रहणरूपास्मितान्वयार्थवत्त्वसंज्ञानि।

न होना है। तात्पर्य यह कि पृथिवी अपनी कठिनता से योगीके शरीर की क्रिया को नहीं रोक सकती, जिससे कि उसका स्थूल शरीर पर्वत को भी पार करके चला जाता है और शिलामें भी घुसकर बैठ जाता है। इसी प्रकार द्रवीभूत जल उसके शरीर को गीला नहीं करता, उष्णस्वभाव अग्नि दग्ध नहीं करता, गतिशील वायु चलायमान नहीं करता और आवरक न होने पर भी आकाश उसका आवरण कर लेता है, जिससे कि वह सिद्धोंके लिये भी अदृश्य हो जाता है।

यह ग्राह्यसंयम से होनेवाली सिद्धियों का वर्णन हुआ।

ग्रहणसंयमजनित सिद्धियाँ

अब ग्रहण-संयमकी सिद्धियोंका वर्णन किया जाता है। विषय इनके द्वारा ग्रहण किये जाते हैं इसलिये ग्यारह इन्द्रियाँ ही ग्रहण हैं। वे भी कार्य-कारण और धर्म-धर्मीका अभेद होनेसे पाँच रूप हो जाती हैं। वे रूप ग्रहण, रूप, अस्मिता, अन्वय और अर्थवत्त्व नामों वाले हैं।

---

१ अथावृणोति—पा. १ पु.।

'तत्रेन्द्रियाणां वृत्तयो ग्रहणम्। इन्द्रियाणि स्वरूपम्। अहंकारः अस्मिता। अत्रैव बुद्धेरप्यन्तर्भावः। अन्वयश्च पूर्ववद्गुणत्रयात्मिका प्रकृतिः। अर्थवत्त्वं तु पूर्ववत्। एतद्रूपपञ्चकसंघातरूपेष्विन्द्रियेषु एतैः पञ्चरूपैः संयमात्साक्षात्कारपर्यन्तादिन्द्रियजयरूपा सिद्धि-र्भवति, 'ग्रहणस्वरूपास्मितान्वयार्थवत्त्वसंयमादिन्द्रियजयः' (यो. ३. ४७.) इति सूत्रात्। ततश्च मनोजवित्वं[1] विकरणभावः प्रधान-जयित्वं चेत्येतत्सिद्धित्रयं भवति। तत्र कायस्यानुत्तमगतिलाभो मनोजवित्वं[2] येनोपासकादिभिः स्मृतमात्राः क्षणादेव सिद्धाः पुरो दृश्यन्ते। स्थूलदेहनैरपेक्ष्येणैवेन्द्रियाणां यथेच्छं व्यवहितादि-साधारणार्थेषु वृत्तिलाभो विकरणभावः। इन्द्रियाणां सर्वत्र विकी-र्णतेति यावत्। सर्वप्रकृतीनां तद्विकाराणां च वशित्वं स्वेच्छया

इन्द्रियों की जो वृत्तियाँ हैं वे ग्रहण हैं, इन्द्रियाँ स्वरूप हैं और अहंकार अस्मिता है। इसीमें बुद्धिका भी अन्तर्भाव हो जाता है। पहले जैसे कहा जा चुका है त्रिगुणात्मिका प्रकृति अन्वय है और अर्थवत्त्व भी पहले ही की तरह समझना चाहिये। इस रूपपञ्चकके संघातस्वरूप इन्द्रियोंमें इन पाँच रूपोंके द्वारा साक्षात्कारपर्यन्त संयम करनेसे इन्द्रियजयरूपा सिद्धि होती है' जैसा कि 'ग्रहण, स्वरूप, अस्मिता, अन्वय और अर्थवत्व में संयम करने से इन्द्रियजय होता है' इस सूत्रसे कहा गया है। ऐसा होनेपर मनोजवित्व, विकरणभाव और प्रधानजयित्व ये तीन सिद्धियाँ होती हैं। शरीरको सर्वोत्तम गति प्राप्त हो जाना मनोजवित्व है, जिससे कि उपास-कादि के द्वारा स्मरण किये जाते ही क्षणमात्रमें सिद्धगण उनके सामने दिखाई देने लगते हैं। स्थूलदेहके विना ही व्यवहितादि सामान्य विषयोंमें इच्छानुसार इन्द्रियोंकी वृत्ति हो जाना विकरणभाव है। अर्थात् इन्द्रियोंकी सर्वत्र विकीर्णता—व्यापक वृत्ति हो जाना। सभी प्रकृति (कारण) और उनके विकारों (कार्यों) की वशिता—इच्छानुसार

---

[1] मनोजयित्वं—पा. २ पु.। [2] मनोजयित्वं—पा. २ पु.।

प्रेरणसामर्थ्यं[1] प्रकृतिजय इति। एताश्च पञ्चरूपैरिन्द्रियसंयमस्य तिस्रः सिद्धयो मधुप्रतीका इत्युच्यन्ते।

इति ग्रहणसंयमस्य सिद्धय उक्ताः।

अथ ग्रहीतृसंयमस्योच्यन्ते। ग्रहीतुः कार्यकारणविलक्षणत्वान्निर्धर्मत्वाच्च रूपभेदो नास्ति। ग्रहीतरि पुरुषसामान्ये उपाधिसत्त्वाद्भेदेन संयमात्साक्षात्कारपर्यन्तात्सर्वभावाधिष्ठातृत्वं सर्वज्ञत्वं च भवति, 'सत्त्वपुरुषान्यताख्यातिमात्रस्य सर्वभावाधिष्ठातृत्वं सर्वज्ञत्वं[2] च' (यो. ३. ४९.) इति सूत्रात्। इयं च सिद्धिः सर्वकामावाप्त्याऽखिलशोकरहितत्वाद्विशोकेत्युच्यते। तत्र परमेश्वरवत्स्वे-

उन्हें प्रेरित करनेका सामर्थ्य प्रकृतिजय है। ये पञ्चरूपोंके द्वारा जो इन्द्रियोंकी तीन सिद्धियाँ हैं वे 'मधुप्रतीका' कही जाती है।

यह ग्रहणसंयमसम्बन्धी सिद्धियोंका वर्णन किया गया।

गृहीतृसंयमजनित सिद्धियाँ

अब गृहीतृसंयमकी सिद्धियोंका वर्णन किया जाता है। ग्रहीता कार्यकारणसे विलक्षण है और उसका कोई धर्म भी नहीं है, इसलिये उसमें रूपभेद नहीं है। ग्रहीता अर्थात् पुरुषसामान्यमें, उपाधिकी सत्तासे भेददृष्टि रखते हुए, उसका साक्षात्कार होनेतक संयम करनेसे सम्पूर्ण भावोंका अधिष्ठातृत्व एवं सर्वज्ञत्व प्राप्त हो जाता है, यह बात 'प्रकृति और पुरुषका विवेकज्ञान होनेसे ही सम्पूर्ण भावोंका अधिष्ठातृत्व तथा सर्वज्ञत्व प्राप्त हो जाता है' इस सूत्रसे विदित होती है। सम्पूर्ण कामनाओंकी प्राप्ति और सम्पूर्ण शोककी निवृत्ति हो जानेके कारण यह सिद्धि विशोका कही जाती है। परमेश्वर के समान

१ प्रेरणा सामर्थ्यं—पा. २ पु.।

२ ज्ञातृत्वमिति भाष्यसंमतः—पा. १ पु.।

च्छया सर्ववस्तुप्रेरणसामर्थ्यं सर्वभावाधिष्ठातृत्वम्, प्रकृतिपुरुषादिषु अप्रतिहतेच्छत्वमिति यावत्। सर्वज्ञत्वं[1] तु वक्ष्यमाणम्। तदेव च सार्वज्ञ्यं विवेकजं ज्ञानं तारकमित्युच्यते, सत्त्वपुरुषविवेकसंयमजन्यत्वात्संसारतारकत्वाच्च। तच्च सार्वज्ञ्यं सूत्रेण लक्षितम्—'तारकं सर्वविषयं सर्वथाविषयमक्रमं चेति विवेकजं ज्ञानम्' (यो. ३. ५४.) इति। तथा विष्णुपुराणेऽपि लक्षितम्—

"अन्धं तम इवाज्ञानं दीपवच्चेन्द्रियोद्भवम्।
यथा सूर्यस्तथा ज्ञानं यद्विप्रर्ष[2] विवेकजम्॥" इति।

पूर्वं परार्थप्रत्ययाद्भेदेन स्वार्थप्रत्यये संयमस्य तत्साक्षात्कारपर्यन्तस्य पुरुषसाक्षात्काररूपा सिद्धिरुक्ता। अत्र तु बुद्धिसत्त्वाद्भेदेन पुरुषे संयमस्य पुरुषसाक्षात्कारपर्यन्तस्य सार्वज्ञ्यादिसिद्धि-

अपनी इच्छामात्रसे सम्पूर्ण वस्तुओंको प्रेरित करनेका सामर्थ्य सम्पूर्ण भावोंका अधिष्ठातृत्व है अर्थात् प्रकृति और पुरुष आदिमें अप्रतिहत इच्छा प्राप्त हो जाना। सर्वज्ञताका वर्णन आगे किया जायगा। यह सर्वज्ञता ही विवेकज ज्ञान है, जो 'तारक' कहा जाता है, क्योंकि यह प्रकृति और पुरुषके विवेकमें संयम करनेसे उत्पन्न होनेवाला और संसारसे तारनेवाला है। उस सर्वज्ञताका ही इस सूत्रद्वारा लक्षण किया गया है—'यह तारक ज्ञान विवेकजनित है तथा सबको विषय करनेवाला, सर्वथा अविषय (किसीका भी विषय न होनेवाला) और क्रमशून्य है' तथा विष्णुपुराणमें भी इसका ऐसा लक्षण किया है—'अज्ञान घोर अन्धकार के समान है, इन्द्रियजनित ज्ञान दीपकके सदृश है, और हे ब्रह्मर्षे ! यह जो विवेकज ज्ञान है वह सूर्यके समान है।'

परार्थ प्रत्ययसे पृथक् करके स्वार्थप्रत्ययमें उसके साक्षात्कारपर्यन्त संयम करनेसे पुरुषसाक्षात्काररूपा सिद्धि होती है—इसका पहले वर्णन किया गया है; किन्तु यहाँ बुद्धिसत्वसे पृथक् करके पुरुषसाक्षात्कारपर्यन्त

---

१ सार्वज्ञ्यं—पा. २ पु.। २ विमर्षे—पा. १ पु.।

रुच्यत इति भेदः। तदिदं ग्रहीतृसंयमस्य सिद्धिद्वयमुक्त्वा सूत्र-कारेण तस्यैवान्या सर्वसिद्धिमूर्धन्या परमा सिद्धिरुक्ताऽस्ति—'तद्वैराग्यादपि दोषबीजक्षये कैवल्यम्' (यो. ३. ५०.) इति। अस्यायमर्थः। क्लेशकर्मरूपाणां दोषाणां संसारबीजानामात्म-ज्ञानेन निःशेषतः क्षये सति तयोः सिद्ध्योरपि वैराग्यमलंप्रत्ययो जायते; तस्माद्वैराग्यात्कैवल्यरूपा सिद्धिरिति। तदुक्तं मोक्षधर्मे—

"वैराग्यं पुनरेतस्य मोक्षस्य परमो विधिः।
ज्ञानादेव तु वैराग्यं जायते येन मुच्यते॥" इति।

यदि च ज्ञानस्यापरिपाकात्सार्वज्ञ्यादिरागस्तिष्ठति तर्हि संयमस्योक्तसिद्धिद्वयं कैवल्याख्यसिद्ध्यन्तरायो भवतीत्याशयः।

तदेवं मुख्यसंयमानां सिद्धय उक्ताः। यथा च सर्वज्ञत्व-

पुरुषमें संयम करनेसे सर्वज्ञतादि की सिद्धि बतायी गयी है—यही इन दोनों का भेद है। इस प्रकार ग्रहीतृसंयमकी ये दो सिद्धियाँ बतलाकर सूत्रकारने उसी संयमकी सम्पूर्ण सिद्धियोंमें शिरमौर एक अन्य परम सिद्धि बतलायी है—'उसमें भी वैराग्य हो जानेसे दोषोंके बीजका क्षय हो जाने पर कैवल्य होता है'। इस सूत्रका तात्पर्य यह है—संसारके बीजभूत क्लेश और कर्मरूप दोषोंका आत्मज्ञानसे सर्वथा क्षय हो जाने पर उन दोनों सिद्धियोंमें वैराग्य—अलंप्रत्यय हो जाता है और उस वैराग्यसे कैवल्यरूपा सिद्धि होती है। मोक्षधर्ममें भी ऐसा कहा है—'इस मोक्षकी सर्वश्रेष्ठ विधि वैराग्य ही है और वैराग्य ज्ञानसे ही होता है, जिससे कि फिर मुक्ति हो जाती है'। तात्पर्य यह कि यदि ज्ञानकी परिपक्वता न होनेसे सर्वज्ञता आदिका राग रहता है तो इस संयमकी उपर्युक्त दोनों सिद्धियाँ कैवल्यसंज्ञक सिद्धि की विघ्न हो जाती है।

सिद्धिका प्रकार

इस प्रकार प्रधान संयमोंकी सिद्धियोंका वर्णन किया गया, तथा

पर्यन्तसिद्धिज्ञानं विनाऽपि मोक्षो भवति तथा प्रागेवोक्तम्। इदानीं सिद्धिप्रकारः कथ्यते। यदा मनुष्यादिशरीरेणैव देवभावं प्राप्नोति, यदा वाऽणिमादिसिद्धयः प्रादुर्भवन्ति, तदा किं संकल्प-योगजधर्माभ्यामतिरिक्तं कारणमपेक्षते न वेति संशये निर्णय-सूत्रम्—'जात्यन्तरपरिणामः प्रकृत्यापूरात्' (यो. ४. २.) इति। अस्यायमर्थः। मनुष्यादिशरीरस्य देवादिजात्यन्तररूपः परिणामः सत्त्वादिविशेषरूपाणां देवादिशरीरारम्भयोग्याणामापूरादेव भवति। तत्र चापूरणेऽधर्मादिप्रतिबन्धनिवृत्तिद्वारा योगिसंकल्प-योगजधर्मादिकं निमित्तमात्रं; न तु प्रकृतिप्रेरकं भवति, प्रकृतीनां स्वत एव सर्वपरिणामसामर्थ्यात्। अतो न प्रकृतिस्वातन्त्र्यक्षतिः।

जिस प्रकार सर्वज्ञत्वपर्यन्त सिद्धियोंके ज्ञान के बिना भी मोक्ष हो सकता है वह बात भी पहले ही बतला दी गयी है। अब सिद्धिप्राप्तिके प्रकारका वर्णन किया जाता है। जब योगी मनुष्यादि शरीरसे ही देवभाव प्राप्त कर लेता है और जब उसमें अणिमादि सिद्धियाँ प्रकट हो जाती हैं तब उसे संकल्प और योगजनित धर्मोंसे अतिरिक्त अन्य कारणकी अपेक्षा होती है या नहीं—ऐसा सन्देह होनेपर निर्णय करनेवाला यह सूत्र है—'प्रकृतिके द्वारा पूर्ति की जानेपर वस्तुका एक जातिसे दूसरी जातिमें परिणाम होता है।' इस सूत्रका तात्पर्य यह है—मनुष्यादि शरीरका देवादि अन्य जातिरूप परिणाम देवादि शरीरका आरम्भ करनेयोग्य सत्त्वादि विशेष रूपोंकी पूर्त्ति होनेपर ही होता है। उस पूर्त्तिमें अधर्मादि प्रतिबन्धकी निवृत्तिद्वारा योगीके संकल्पज और योगज धर्मादि तो निमित्तमात्र ही हैं, वे प्रकृत्तिके प्रेरक नहीं होते, क्योंकि प्रकृतियाँ तो स्वयं ही सब प्रकारके परिणाममें समर्थ हैं। अतः इससे प्रकृतिकी (उपादान कारण) की स्वतन्त्रतामें किसी प्रकारकी बाधा नहीं आती। ऐसा ही यह सूत्र भी है—'निमित्त

तथा च सूत्रम्—'निमित्तमप्रयोजकं प्रकृतीनां वरणभेदस्तु ततः क्षेत्रिकवत्' (यो. ४. ३.) इति ।

अत्र प्रकृत्यापूरेण प्रकृत्यपसारणमुपलक्ष्यते । जात्यन्तरपरिणामेन च अणिममहिमाद्या अपि सिद्धय उपलक्ष्यन्ते । तेन यथायोग्यं प्रकृत्यापूरणापसारणाभ्यां सर्वाः सिद्धय उत्पद्यन्ते । एतेन वामननृसिंहवराहादीनां क्षणेन प्रकृत्यापूरणादेव शरीरवृद्धिः । अगस्त्यादिपीयमानसमुद्रादेश्चाल्पत्वं प्रकृत्यपसरणादुपपन्नमिति । कायव्यूहादिकं तु देहान्तरादिप्रकृतीनां पृथगेवारम्भकसंयोगाद्भवतीति विशेषः ।

ननु यदा योगी कायव्यूहं करोति तदा किं तत्तद्देहप्रतिनियतानि चित्तानि चित्तप्रकृतितो निर्मिमीते किं वा एकेनैव निर्मातृचित्तेन सर्वाणि शरीराण्यधितिष्ठतीति संशये निर्णय-

कारण प्रकृतियों (उपादानकारणों) का प्रयोजक (कार्योन्मुख करनेवाला) नहीं है, वह तो किसानकी तरह उसके आवरणको हटाता है ।'

यहाँ प्रकृतिके द्वारा होनेवाली पूर्त्तिसे प्रकृतिका अपसरण भी उपलक्षित होता है तथा अन्य जातिमें परिणत होनेसे अणिमा-महिमा आदि सिद्धियाँ भी सूचित हो जाती हैं । इन प्रकृतिके द्वारा होनेवाली पूर्त्ति और प्रकृतिके अपसरणसे ही सारी सिद्धियाँ उत्पन्न होती हैं । इस प्रकृत्यापूरसे ही क्षणमात्र में वामन, नृसिंह और वराह आदिके शरीरोंकी वृद्धि हुई थी तथा अगस्त्यादिके द्वारा पिये जाते हुए समुद्रादिकी अल्पता भी प्रकृतिके अपसरणसे ही उपपन्न हुई थी । किन्तु कायव्यूहादि (एक ही योगीके अनेक शरीर) तो देहान्तरोंकी प्रकृतियोंके विभिन्न आरम्भक संयोगोंसे ही होते हैं—इतनी यहाँ विशेषता है ।

योगी जब अनेक शरीर धारण करता है तो उन विभिन्न शरीरोंमें रहनेवाले चित्तोंको वह अपने चित्तकी प्रकृतिसे बनाता है अथवा उस एकही निर्माता चित्तसे सम्पूर्ण शरीरोंमें अधिष्ठित हो जाता है ?

सूत्रम्—'निर्माणचित्तान्यस्मितामात्रात्' (यो. ४. ४.) इति। अस्यायमर्थः। अस्मितामात्रमहंकारस्तस्मात्कारणाद्बहून्येव शरीर-प्रतिनियतानि मनांसि योगिसंकल्पाज्जायन्त इति। अन्यथा एकचित्तेन विरुद्धानां भोगसमाध्यादीनां नानादेहेष्वेकदा न संभवः। तथा श्रीरामरूपलीलाविग्रहे श्रीविष्णोः सर्वज्ञस्य निर्मातृचित्तेनाज्ञानस्वीकारश्च नोपपद्यत इति भावः। योगिनां नानाशरीरैर्विरुद्धनानाकार्यं तु स्मर्यते—

"प्राप्नोति विषयान्कश्चित्कश्चिदुग्रं तपश्चरेत्।
योगेश्वरः शरीराणि करोति विकरोति च॥" इति।

सर्वेषां तु निर्माणचित्तानामेकमेव निर्मातृचित्तं प्रवृत्तिनि-वृत्त्योः प्रयोजकं भवति, 'प्रवृत्तिभेदे प्रयोजकं चित्तमेकमनेकेषाम्'

ऐसा संशय होनेपर इस प्रश्नका निर्णय करनेवाला यह सूत्र है—'वह अस्मितामात्रसे निर्माण (नूतन निर्मित शरीरोंमें रहनेवाले) चित्तोंको बना लेता है।' इस सूत्रका तात्पर्य यह है—अस्मितामात्र है अहंकार, उस अहंकाररूप कारणसे ही योगीके संकल्प द्वारा पृथक्-पृथक् शरीरोंमें रहनेवाले बहुत-से मन उत्पन्न हो जाते हैं। नहीं तो, एक ही चित्त द्वारा अनेकों शरीरोंमें भोग और समाधि आदि विरुद्ध धर्मोंका एक साथ अनुभव करना सम्भव नहीं है। इसी प्रकार सर्वज्ञ श्रीविष्णु भगवान्का अपने निर्माता चित्तसे श्रीरामरूप लीलाविग्रहमें अज्ञान स्वीकार करना युक्तिसंगत नहीं हो सकता—ऐसा इसका भाव है। योगियोंके नाना शरीरों द्वारा विभिन्न विरोधी कर्मोंका स्मृतियोंमें इस प्रकार उल्लेख हुआ है—'योगीका कोई शरीर तो विषयोंको भोगता है और कोई बड़ी उग्र तपस्या करता है। इस प्रकार योगिराज अनेकों शरीरोंको बनाते-बिगाड़ते रहते हैं।'

योगीका एक ही निर्माता चित्त अपने अनेकों निर्माणचित्तों की प्रवृत्ति और निवृत्तियोंका प्रयोजक होता है। यह बात 'चित्तोंकी विभिन्न

(यो. ४. ५) इति सूत्रात्। कादाचित्कं त्वेकेनापि चित्तेन नाना-शरीराधिष्ठानमत्र न निराक्रियते योगिनां स्वतन्त्रेच्छत्वादिति[1]। एतेन हिरण्यगर्भादीनां जगत्सृष्ट्यादिरपि प्रकृत्यापूरादिना व्याख्याता। अत्र प्रकृत्यापूरेण जीवान्तराणां स्वस्वोपाधिसंयोगस्याप्युपलक्षणम्, येन योगी जीवान्तरसंयोगेन गजतुरगादीनि निर्मायैश्वर्यं भुङ्क्त इति।

यथा च[2] समाधिसिद्धयः प्रागुक्ता एवमेव जन्मादिसिद्धयोऽपि मन्तव्याः। विशेषस्त्वयं समाधिसंस्कृतं चित्तमेवात्मसाक्षात्कारद्वारा साक्षान्मोक्षहेतुर्न जन्मादिसिद्धमिति।

प्रवृत्तियाँ होने पर योगीका एक ही चित्त उन अनेकों चित्तोंका प्रयोजक होता है' इस सूत्रसे सिद्ध होती है। हम इस बात का निराकरण नहीं करते कि कभी-कभी योगी लोग एक चित्तके द्वारा भी विभिन्न शरीरोंमें अधिष्ठित हो सकते हैं, क्योंकि वे इच्छा करनेमें स्वतन्त्र हैं। इससे इस बातकी भी व्याख्या हो जाती है कि हिरण्यगर्भादिके जगत्सृष्टि आदि भी प्रकृत्यापूरसे हो जाते हैं। यहाँ प्रकृत्यापूरसे अन्यान्य जीवोंका अपनी-अपनी उपाधिसे संयोग होना भी उपलक्षित हो जाता है, जिससे कि योगी अन्य जीवोंके संयोग द्वारा हाथी-घोड़े आदिकी रचना करके ऐश्वर्यका भोग करता है।

पहले जिस प्रकार समाधिजनित सिद्धियोंका वर्णन किया गया है वैसे ही जन्मादिसे होनेवाली सिद्धियाँ भी समझनी चाहिये। इसमें अन्तर केवल इतना है कि समाधिके द्वारा शुद्ध हुआ चित्त ही आत्मसाक्षात्कारके द्वारा साक्षात् मोक्षका कारण होता है जन्मादिसे सिद्ध नहीं।

---

१ स्वतन्त्रेच्छात्वात्—पा. १ पु.। २ तथा च—पा. २ पु.।

तत्र 'जन्मौषधिमन्त्रतपःसमाधिजाः सिद्धयः' (यो. ४. १.) इति सूत्रेण सिद्धयः पञ्चप्रकारा उक्ताः। तत्र देवानां जन्मसिद्धिरणिमादिरूपा, असुरादीनां चौपधसिद्धिर्महाबलत्वादिः[1], सुवर्णादिसिद्धिश्च। मन्त्रसिद्धिस्तु मन्त्रैराकाशगमनादिः। तपःसिद्धिश्च तपसा सङ्कल्पसिद्ध्यादिः। समाधिसिद्धयस्तु व्याख्याता इति। प्रह्लादादीनां भक्त्यादिजन्यसिद्धयश्च तपःसिद्धिमध्ये प्रवेशनीयाः, 'अक्षयः परमो धर्मो भक्तिलेशेन जायते[2]' इति स्मृतेः।

इति विज्ञानभिक्षुविरचिते योगसारसंग्रहे
योगसिद्धिनिरूपणं तृतीयोंऽशः।

'सिद्धियाँ जन्म, ओषधि, मन्त्र, तप और समाधिसे होती हैं।' इस सूत्रने पाँच प्रकारकी सिद्धियाँ बतायी है। सो, देवताओंको तो अणिमादिरूप जन्मसिद्धियाँ प्राप्त होती हैं तथा असुरादिको महाबलत्व और सुवर्णादिसिद्धिरूप औषधिसिद्धियाँ होती हैं। मन्त्रोंके द्वारा आकाशगमनादि करना मन्त्रसिद्धि है। तपके द्वारा संकल्पसिद्धि आदि हो जाना तपःसिद्धि है। समाधिसिद्धियोंकी व्याख्या तो पहले की ही जा चुकी है। प्रह्लादादिको जो भक्ति आदिसे उत्पन्न सिद्धियाँ प्राप्त थीं उन्हें भी तपःसिद्धियोंमें ही सम्मिलित कर लेना चाहिये, क्योंकि 'भक्तिके लेशमात्रसे अक्षय परम धर्म उत्पन्न होता है' ऐसा स्मृति कहती है।

———

१ महाबलवत्त्वादिः-पा. २ पु.

२ इति स्मृत्या तपोन्तरायेऽक्षयाऽपि भक्तिरधिकेत्येव विशेष इति दिक्। इत्यधिकम् २ पु.।

अथ चतुर्थोऽशः ।

योगविभूतयः प्रतिपादिताः । इदानीं ज्ञानयोगयोर्मुख्यं फलं कैवल्यं प्रतिपाद्यते ।

तत्र सूत्रम्—'पुरुषार्थशून्यानां गुणानां प्रतिप्रसवः कैवल्यं स्वरूपप्रतिष्ठा वा चितिशक्तिरिति' (यो. ४. ३४.) इति । अत्र गुणशब्देन बुद्धिरूपतया परिणताः सत्त्वादय उक्ताः । कैवल्यमेकाकिता । सा चान्योन्यवियोगरूपतया गुणपुरुषयोरुभयोरेव भवति । तत्र विवेकख्यात्या परवैराग्येण पुरुषार्थशून्यानां गुणानां

चतुर्थ अंश

कैवल्य

योगकी विभूतियोंका प्रतिपादन हो चुका । अब ज्ञान और योगके मुख्य फल कैवल्यका प्रतिपादन किया जाता है ।

इस विषयमें यह सूत्र है—'पुरुषके [भोग-मोक्षरूप] प्रयोजनसे निवृत्त हुए गुणोंका लीन हो जाना अथवा चितिशक्तिकी अपने स्वरूपमें स्थिति कैवल्य है ।' यहाँ 'गुण' शब्दसे बुद्धिरूपमें परिणत हुए सत्त्वादि अभिप्रेत हैं । कैवल्यका अर्थ है अकेलापन । एक-दूसरेकी वियोगरूपता होनेके कारण वह कैवल्य गुण और पुरुष दोनों हीका हो जाता है । सो उस अवस्थामें विवेकख्याति हो जानेपर परवैराग्यके द्वारा पुरुषप्रयोजनसे शून्य गणोंका, जो पुरुषके उपकरणरूप होते

पुरुषोपकरणानामात्यन्तिकः प्रतिप्रसवः प्रलयः। तस्मात्पुरुषा-दत्यन्तवियोग इति यावत्। न तु नाशः, 'कृतार्थं प्रति नष्टमप्यनष्टं तदन्यपुरुषसाधारणत्वात्' (यो. २. २२.) इति सूत्रात्। एतदाद्यं कैवल्यं प्रकृतिधर्मः। द्वितीयं च कैवल्यं पुरुषस्य स्वरूपप्रतिष्ठा। सा च चितिशक्तिरेव प्रतिबिम्बरूपेण उपाधिवियुक्तेत्यर्थः। उभय-पक्षेऽपि पुरुषस्य दुःखभोगनिवृत्तिरूपपुरुषार्थे पर्यवसानं भवति। अत एव 'हेयं दुःखमनागतम्' (यो. २. १६.) इति सूत्रम्।

अथ 'त्रिविधदुःखात्यन्तनिवृत्तिरत्यन्तपुरुषार्थः' (सां. १.१.) इति सांख्यसूत्रं चानेन सूत्रेण सहाविरुद्धम्। वेदान्तिनस्तु पर-मात्मनि जीवात्मलयो मोक्ष इति वदन्ति। तैः सहास्माकं न विरोधः। समुद्रे नदीनामिव ब्रह्मणि जीवानामुपाधिलयेनाविभा-

हैं, प्रतिप्रसव-प्रलय अर्थात् उस पुरुषसे उनका अत्यन्त वियोग हो जाता है, न कि नाश जैसा कि इस सूत्रसे प्रकट होता है—'जिस पुरुषका प्रयोजन पूर्ण हो चुका है उसके प्रति नष्ट हो जानेपर भी गुणोंका नाश नहीं होता, क्योंकि उससे भिन्न पुरुषोंके लिये वे समानरूपसे पूर्ववत् रहते हैं।' यह पहला कैवल्य तो प्रकृतिका धर्म है। दूसरा कैवल्य है पुरुषकी अपने स्वरूपमें स्थिति। और वह है प्रतिबिम्बरूपसे उपाधिसे वियुक्त हुई स्वयं चितिशक्ति ही—ऐसा इसका तात्पर्य है। इन दोनों ही पक्षोंमें पुरुषका दुःखभोगनिवृत्तिरूप एक ही फल में पर्यवसान होता है। इसीसे 'जो दुःख प्राप्त नहीं हुआ है वही हेय है' ऐसा सूत्र है।

इस प्रकार 'तीनों प्रकारके दुःखोंकी आत्यन्तिकी निवृत्ति ही पुरुषका अन्तिम प्रयोजन है' इस सांख्यसूत्रका इस सूत्रसे कोई विरोध नहीं है। वेदान्ती भी परमात्मामें जीवात्माके लय हो जानेको ही मोक्ष कहते हैं। उनसे भी हमारा विरोध नहीं है, क्योंकि समुद्रमें नदियोंके लयके समान उपाधिका लय होने पर जीवोंका ब्रह्मसे अभेद हो जाना ही

गस्यैव लयशब्दार्थत्वात्, तस्य च 'पररूपेणाप्रतिष्ठत्व एव पर्यवसानात्। वैशेषिकास्त्वशेषविशेषगुणोच्छेदो मोक्ष इत्याहुः। तदप्यस्माकमविरुद्धम्। उपाधेर्विशेषणानामेवोपाधिमत्युपचारेण तदुच्छेदस्याप्युपचारात्। नैयायिकास्त्वात्यन्तिकी दुःखनिवृत्तिर्मोक्ष इतीच्छन्ति। तत्त्वस्मन्मतमेव, भोग्यभोक्तृभावसंबन्धेन दुःखनिवृत्तिः पुरुषार्थो न समवायेनेत्येवास्माकं विशेषात्।

यत्तु नवीना वेदान्तिब्रुवा नित्यानन्दावाप्तिं परममोक्षं कल्पयन्ति तदेव च वयं न मृष्यामहे। ब्रह्ममीमांसादिसकलदर्शनेषु तादृशसूत्राभावात्, श्रुतिस्मृतिन्यायविरोधाच्च[1]। तत्र मोक्षे सुखप्रतिषेधिकाः[2] श्रुतयः 'विद्वान्हर्षशोकौ जहाति' (क. २. १२.)

'लय' शब्दका अर्थ है और इस प्रकारके लयका पर्यवसान जीवके अन्य रूपसे स्थित न रहनेमें ही है। वैशेषिकोंका कथन है कि सम्पूर्ण विशेष गुणोंका नाश हो जाना ही मोक्ष है। इस मतका भी हमारेसे कोई विरोध नहीं है, क्योंकि उपाधिके विशेष गुणोंका ही उपाधिमान्में उपचार (आरोप) होता है, अतः उनके उच्छेदका भी उसमें उपचार हो ही सकता है। नैयायिक तो दुःखकी आत्यन्तिकी निवृत्ति ही मोक्ष है ऐसा मानते हैं। यह तो हमारा ही मत है। उनसे हमारा इतना ही मतभेद है कि हम दुःखनिवृत्तिरूप पुरुषार्थको भोग्यभोक्तृभाव सम्बन्धकी निवृत्तिद्वारा मानते हैं, समवाय सम्बन्धकी निवृत्तिद्वारा नहीं।

किन्तु ये तथाकथित नवीन वेदान्ती जो नित्यानन्दकी प्राप्तिको ही परम मोक्षरूपसे कल्पना करते हैं वही हमें सह्य नहीं है, क्योंकि ब्रह्ममीमांसा आदि सभी दर्शनोंमें ऐसा कोई सूत्र नहीं है और यह श्रुति, स्मृति एवं युक्तिके भी विरुद्ध है। मोक्षमें सुखका प्रतिषेध करनेवाली ये श्रुतियाँ हैं—'विद्वान् हर्ष और शोकको त्याग देता है' 'शरीरसे छूट

---

१ विरुद्धत्वाच्च—पा. २ पु.। २ प्रतिबन्धिकाः—पा. १ पु.।

'अशरीरं वाव सन्तं प्रियाप्रिये न स्पृशतः' (छा. ८. १२. १.)
इत्यादयः । स्मृतिश्च—

"यच्च किंचित्सुखं तच्च दुःखं सर्वमिति स्मरन् ।
संसारसागरं घोरं तरिष्यति सुदुस्तरम् ॥
"परमात्मनि संलीनो विद्याकर्मबलान्नरः ।
न सुखेन न दुःखेन कदाचिदपि युज्यते ॥ " इत्यादिः ।

न्यायश्च मोक्षस्य जन्यत्वे विनाशित्वप्रसङ्गः, नित्यत्वे सिद्धतया न पुरुषार्थत्वम् । अथ नित्यसुखस्योपलब्धिरेव मोक्षो वाच्य इति चेन्न । उपलब्धेरपि नित्यानित्यविकल्पग्रस्तत्वात् । न च नित्यसुखगोचरस्याविद्यादियत्किंचिदावरणस्य भङ्ग एव पुरुषार्थो

जानेपर इसे प्रिय और अप्रिय स्पर्श नहीं करते' इत्यादि । तथा ये स्मृतियाँ भी हैं—'जो कुछ भी सुख है वह सब दुःख ही है—ऐसा स्मरण करके जीव अत्यन्त दुस्तर घोर संसारसागरको पार कर जायगा ।' 'विद्या और कर्मके बलसे परमात्मामें लीन हुआ पुरुष सुख या दुःखसे कभी युक्त नहीं होता' इत्यादि ।

युक्तिसे भी यही सिद्ध होता है कि मोक्ष यदि जन्य है तो उसके नाशवान् होनेका प्रसंग होगा और यदि नित्यसिद्ध है तो वह पुरुषार्थ नहीं हो सकता । यदि नित्य सुखकी उपलब्धिको ही मोक्ष कहा जाय तो ऐसा होना सम्भव नहीं है, क्योंकि उपलब्धि तो स्वयं ही नित्य-अनित्यके विकल्पसे ग्रस्त है ।* तथा यह भी नहीं कहा जा सकता कि नित्यसुखको विषय करनेवाले अविद्यादि यत्किञ्चित् आवरणको भंग करना ही पुरुषार्थ है, क्योंकि लोकमें पुरुषार्थ तो केवल सुखानुभव

---

* अर्थात् नित्यसुखकी उपलब्धिको ही मोक्ष मानेंगे तो उसमें यह विकल्प होगा कि वह उपलब्धि नित्य है या अनित्य ।

वाच्यः, सुखानुभवस्यैव लोके पुरुषार्थत्वाच्चैतन्यनित्यत्वेनावरण-स्याप्यसंभवाच्चेत्यादिरिति ।

नन्वेवं मोक्षे परमानन्दश्रुतिस्मृतयः कथमुपपद्येरन्निति चेत् न, मोक्षशास्त्रपरिभाषयैव तदुपपत्तेः ।

"दुःखमेवास्ति न सुखं यस्मात्तदुपलभ्यते ।
दुःखार्तस्य प्रतीकारे सुखसंज्ञा विधीयते ।"
"दुःखं कामसुखापेक्षा सुखं दुःखसुखात्ययः ॥"

इत्यादिस्मृतिभिर्हि दुःखबहुलत्वेन सुखमपि दुःखतया परि-भाष्य तादृशदुःखनिवृत्तिरेव सुखत्वेन परिभाषिताऽस्त्युपादेय-गुणत्वेनेति । अत एव सांख्यसूत्रम्—'दुःखनिवृत्तेर्गौणः' (सां ५. ६७.) इति 'विमुक्तिप्रशंसा मन्दानाम्' (सां ५. ६८.)

ही है तथा चैतन्य नित्य होनेके कारण उसमें किसी प्रकारका आवरण होना भी सम्भव नहीं है ।

नवीनवेदान्ती—यदि ऐसा माना जाय तो मोक्षमें परमानन्दका प्रतिपादन करनेवाली श्रुति और स्मृतियोंकी संगति कैसे होगी ?

उत्तर—ऐसा मत कहो, क्योंकि मोक्षका प्रतिपादन करनेवाले शास्त्रोंने जो परिभाषा की है उसीसे उनकी संगति लग जाती है— '[संसारमें] दुःख ही है, सुख नहीं, क्योंकि यहाँ केवल दुःख ही दिखायी देता है । दुःखार्त्त पुरुषके दुःखका मार्जन होनेपर ही उसकी सुख संज्ञा पड़ जाती है ।' 'वास्तवमें भोगजनित सुखकी अपेक्षा होना ही दुःख है और दुःख-सुखसे परे हो जाना ही सुख है ।' इस प्रकारके स्मृतिवाक्यों द्वारा दुःखबहुल होने के कारण सुखकी भी दुःखरूपसे ही परिभाषा करके वैसे दुःखकी निवृत्तिको ही उसके उपादेयत्वरूप गुणके कारण सुखरूपसे परिभाषा की है । इसीसे ये सांख्यसूत्र भी है—'दुखनिवृत्तिको ही गौणरूपसे [सुख कहा जाता है]' '[दुःख निवृत्तिरूप] मुक्ति की

इति च। आनन्दावाप्तिस्तु गौणो मोक्षो ब्रह्मलोके भवतीति दिक्।

तदेवं कैवल्यं संक्षेपेण[1] प्रतिपादितम्।

योगशास्त्रस्य सारार्थः संक्षेपेणायमीरितः।
नातोऽधिको मुमुक्षूणामपेक्ष्यो योगदर्शने॥
सांख्यसारप्रकरणे विवेको बहु वर्णितः।
नातः प्रपञ्च्यते सोऽत्र ग्रन्थबाहुल्यभीतितः॥
ब्रह्मप्रकरणे ब्रह्मादर्शादावीश्वरोऽपि च।
वर्णितो वर्ण्यते नात्र ग्रन्थसंक्षेपकाम्यया॥
समानतन्त्रसिद्धान्तन्यायेनात्र[2] च दर्शने।
सांख्यानुसारतो ज्ञेयः सृष्ट्याद्यर्थोऽविरोधतः॥

प्रशंसा मन्दबुद्धियोंके लिये ही है'। अतः ब्रह्मलोकमें आनन्दकी प्राप्ति तो गौण मोक्ष ही है।

इस प्रकार संक्षेपमें कैवल्यका प्रतिपादन हुआ।

उपसंहार

यह संक्षेपसे योगशास्त्रके सार अर्थका निरूपण हुआ। मुमुक्षुओंके लिये योगदर्शनमें इससे अधिक और कुछ अपेक्षित नहीं है। हमने अपने सांख्यसारप्रकरण ग्रन्थमें विवेकका बहुत वर्णन किया है; अतः ग्रन्थविस्तारके भयसे यहाँ उसका विशेष विवेचन नहीं किया गया। ब्रह्मादर्श आदि ब्रह्मसम्बन्धी ग्रन्थमें हमने ईश्वरका भी वर्णन किया है, अतः ग्रन्थको संक्षिप्त रखनेकी इच्छासे यहाँ उसका भी वर्णन नहीं किया गया। [योग और सांख्यदर्शनोंके सिद्धान्त समान ही हैं—इस] समानतन्त्र सिद्धान्त न्यायसे इस दर्शन में भी सांख्यके अनुसार ही सृष्टि आदिक्रम समझने चाहिये, क्योंकि सांख्यसे इसका कोई विरोध नहीं है।

---

१ संक्षेपतः—पा. २ पु.। २ सिद्धतन्त्रान्तन्यायेनात्र—पा. २ पु.।

तैर्दूषितं चेश्वरादि प्रसाध्यमिह यद्भवेत्।
तत्रेश्वरो ब्रह्मशास्त्रे न्यायादौ च प्रसाधितः ॥
तेनाप्यसाधितः स्फोटशब्दो धीवैभवं तथा।
संक्षेपात्साध्यतेऽस्माभिः सांख्यदोषनिरासतः ॥

तत्र शब्दस्तावत्त्रिविधो भवति—वागिन्द्रियविषयः श्रोत्रविषयो बुद्धिमात्रविषयश्च। तेषु कण्ठताल्वादिस्थलावच्छिन्नः शब्दो वागिन्द्रियस्य विषयः, तत्कार्यत्वात्। वागिन्द्रियव्यवहितः श्रोत्रस्थश्च शब्दजः शब्दः श्रोत्रस्य विषयः, तद्ग्राह्यत्वात्। घट इत्यादि पदानि तु बुद्धिमात्रस्य विषयः, वक्ष्यमाणयुक्त्या बुद्धिमात्रग्राह्यत्वात्। तानि पदान्येवार्थस्फुटीकरणत्वात्स्फोट इत्युच्यते। तद्धि पदं वागिन्द्रियोच्चार्यप्रत्येकवर्णेभ्योऽतिरिक्तम्,

सांख्यने जो योगप्रतिपादित ईश्वरादिका खण्डन किया है उसको सिद्ध करना यहाँ आवश्यक था, सो उसकी सिद्धि हम वेदान्त और न्यायशास्त्रमें कर चुके हैं। हाँ, स्फोट और बुद्धिवैभवका उन ग्रन्थोंमें भी विवेचन नहीं किया गया। अतः उनके विषयमें सांख्यकी दोषदृष्टिका निराकरण करते हुए हम संक्षेपसे उन्हें सिद्ध करते हैं।

स्फोट

शब्द तीन प्रकारका होता है—(१) वागिन्द्रियका विषय (२) श्रोत्र का विषय और (३) केवल बुद्धिका विषय। इनमें कण्ठ-तालु आदि स्थानोंसे अवच्छिन्न शब्द तो वागिन्द्रियका विषय होता है, क्योंकि वह उन्हींका कार्य है। उस शब्दसे उत्पन्न हुआ और वागिन्द्रियसे व्यवहित वह शब्द जो श्रोत्रेन्द्रियमें स्थित होता है उससे ग्राह्य होने के कारण श्रोत्रका विषय होता है। तथा घट इत्यादि जो पद हैं वे आगे बतायी जानेवाली युक्तिसे केवल बुद्धिके विषय हैं, क्योकि वे बुद्धिमात्रसे ग्राह्य हैं। अपने अर्थको स्फुट (प्रकट) करनेवाले होने से ये पद ही 'स्फोट' कहे जाते हैं। वह पद वागिन्द्रियसे उच्चारण किये जानेवाले प्रत्येक वर्णसे पृथक् ही है, क्योंकि

वर्णानामाशुतरविनाशितया मिलनाभावेनैकं पदमिति व्यवहार-गोचरत्वासंभवात्, अर्थस्मारकत्वासंभवाच्च। अस्य च स्फोटस्य कारणमेकः प्रयत्नविशेषः, प्रयत्नभेदेनोच्चारणे सत्येकपदव्यवहाराभावादर्थाप्रत्ययाच्च। तस्य च स्फोटस्य व्यञ्जक आनुपूर्वीविशेषविशिष्टतयाऽन्त्यवर्णप्रत्ययः। अतश्च तद्बुद्धेरेव स्फोटग्राहकत्वम्, आनुपूर्व्या बुद्ध्यैव ग्रहणसंभवेन सामानाधिकरण्यप्रत्यासत्त्यैवानुपूर्वीप्रत्ययस्य स्फोटाख्यपदाभिव्यक्तिहेतुत्वे लाघवात्। अत एव स्फोटः श्रोत्रेण ग्रहीतुं न शक्यते। घात्तरटत्वादिरूपिण्या आनुपूर्व्याः श्रोत्रेण ग्रहणासंभवात् आशुतरविनाशितया वर्णानां मिलनासंभवात्। पूर्वपूर्ववर्ण-

वर्णतो उच्चारण के पश्चात् तत्काल नष्ट हो जाते हैं, अतः उनका परस्पर मिलन न होने के कारण वे 'पद' इस नामसे व्यवहार के विषय नहीं हो सकते और न वे किसी अर्थका स्मरण ही करा सकते हैं। इस स्फोटका कारण तो एक प्रयत्नविशेष है। यदि इसका उच्चारण विभिन्न प्रयत्नों से माना जाय तो इसका एक पदरूपसे व्यवहार न हो सकनेके कारण इससे कोई अर्थ भी प्रकट नहीं हो सकता। इस स्फोटका व्यञ्जक तो वर्णोंकी आनुपूर्वीविशेषसे विशिष्ट अन्तिम वर्णका प्रत्यय ही है। इसीसे तद्विषयक बुद्धिही स्फोटको ग्रहण करनेवाली है। आनुपूर्वीका ग्रहण केवल बुद्धिसे ही हो सकता है; अतः आनुपूर्वीके प्रत्ययसे सामानाधिकरण्यमें अत्यन्त समीपता होनेके कारण स्फोटसंज्ञक पदको ही अभिव्यक्तिका हेतु माननेमें लाघव है। इसीसे स्फोटको श्रोत्रसे ग्रहण नहीं किया जा सकता। [घटादि शब्दोंके उच्चारणमें] 'घ' के पश्चात् जो 'ट' आदिरूप आनुपूर्वी है उसका श्रोत्रसे तो ग्रहण हो नहीं सकता, क्यों कि उच्चारणके पश्चात् तुरन्त नष्ट हो जानेवाले होनेसे वर्णोंका परस्पर मेल नहीं हो सकता। पूर्व-पूर्व वर्णोंके संस्कार और उनकी स्मृतियाँ

संस्काराणां तत्स्मृतीनां चान्तःकरणनिष्ठानामन्तःकरणसहकारित्वस्यैवौचित्यादिति ।

स्यादेतत् । स्फोटव्यञ्जकस्यानुपूर्वीविशिष्टचरमवर्णस्यैव पदत्वमर्थप्रत्यायकत्वरूपमस्तु, अलं स्फोटेन, तद्धेतोरेव तदस्त्विति न्यायात् । एतदेव सांख्यसूत्रेणोक्तम्—'प्रतीत्यप्रतीतिभ्यां न स्फोटात्मकः शब्दः' (सां. ५. ५७.) इति । एकत्वप्रत्ययोऽप्यानुपूर्वीविशिष्टचरमवर्णस्यैकत्वेनोपपद्यत इति ।

अत्रोच्यते । एवं सत्यवयव्युच्छेदप्रसङ्गः । असमवायिकारणसंयोगविशेषावच्छिन्नानामवयवानामेव जलाद्याहरणहेतुत्वकल्पनायां लाघवात्तद्धेतोरेव तदस्त्विति न्यायसाम्यात् । एको तो अन्तःकरणमें रहती हैं, इसलिये पदके ग्रहणमें अन्तःकरणकी सहकारिताको स्वीकार करना ही उचित है ।

शंका—ठीक है । किन्तु स्फोटको अभिव्यक्त करनेवाला जो आनुपूर्वीविशिष्ट अन्तिम वर्ण है वह भी तो अर्थका प्रत्यय करानेवाला पदरूप हो सकता है, फिर स्फोटकी क्या आवश्यकता है । इस विषय में यह न्याय है कि यदि कार्यका प्रयोजन कारणसे ही सिद्ध हो जाय तो कार्यकी अपेक्षा नहीं । यही बात इस सांख्यसूत्रने भी कही है—'प्रतीति और अप्रतीतिके कारण शब्द स्फोटात्मक नहीं है ।* पदकी एकत्वप्रतीति भी आनुपूर्वीविशिष्ट अन्तिम वर्णके एकत्वसे संगत हो ही जाती है ।

उत्तर—इस विषयमें हमें यह कहना है कि ऐसा माननेपर तो अवयवीके उच्छेदका प्रसंग प्राप्त होगा । इस कथनकी समता इस न्यायसे की जा सकती है कि संयोगविशेषरूप असमवायी कारणसे अवच्छिन्न जो घटके अवयव हैं उन्हें ही जलादिके लानेमें हेतु माना जाय तो [अवयवी घटकी अपेक्षा] इस कल्पनामें लाघव (सुगमता) है, अतः ऐसा ही

---

* अर्थात् शब्द प्रतीत होनेवाला होता है और स्फोटकी प्रतीति नहीं होती । अतः शब्द स्फोटरूप नहीं हो सकता ।

घट इत्यादिप्रत्ययानामप्येकं वनमित्यादिप्रत्ययवदुपपत्तेः । अथ परमाणूनां तत्संयोगानां चातीन्द्रियतया तद्रूपत्वेऽवयविनः प्रत्यक्षानुपपत्तिरित्यादिकमवयविसाधकमिति चेत्, तुल्यं स्फोटेऽपि । आनुपूर्व्याः क्षणाद्यतीन्द्रियघटिततयाऽऽनुपूर्वीविशिष्टचरमवर्णात्मकत्वे पदस्य प्रत्यक्षानुपपत्तिरित्यादिकं स्फोटसाधकमिति ।

अपि च स्फोटशब्दोऽस्माभिः श्रुतिप्रमाणेनैव स्वर्गादिवत् कल्प्यत इत्यतस्तत्र लौकिकप्रमाणाभावेऽपि न क्षतिः । तथा हि—प्रणवस्याकारोकारमकाररूपमात्रात्रयं ब्रह्मादिदेवतात्रयात्मकमुक्त्वा प्रणवदेवतात्रयातिरिक्तपरब्रह्मात्मकचतुर्थमात्रां श्रुतय आमनन्ति । सा च चतुर्थी मात्रा वर्णत्रयादतिरिक्तः स्फोट एव संभवति ।

मान लिया जाय । तथा 'एक वन' इत्यादि प्रत्ययोंके समान 'एक घट' इत्यादि प्रत्यय भी संगत हो ही सकते हैं । यदि कहो कि परमाणु और उनके संयोग तो अतीन्द्रिय होनेके कारण अव्यक्त हैं, अतः यदि अवयवी (घट) को तद्रूप ही माना जायगा तो वह प्रत्यक्ष नहीं हो सकेगा; यह बात उनसे पृथक् अवयवीको सिद्ध करनेवाली है—तो ऐसा ही स्फोटके विषयमें भी कहा जा सकता है । आनुपूर्वी तो अतीन्द्रिय क्षणादिसे निष्पन्न है, इसलिये यदि पदको आनुपूर्वीविशिष्ट अंतिम वर्णरूप मानेंगे तो उसका प्रत्यक्ष नहीं हो सकेगा । ये सब युक्तियाँ स्फोटको सिद्ध करनेवाली हैं ।

इसके सिवा हम स्वर्गादिके समान स्फोट शब्दकी भी श्रुतिप्रमाणसे ही कल्पना करते हैं, अतः इस विषयमें लौकिक प्रमाण न होनेपर भी किसी प्रकारकी हानि नहीं है । यथा—श्रुतियाँ प्रणवकी ब्रह्मादि त्रिदेवरूपा अकार उकार और मकार रूप तीन मात्राओंका उल्लेख करके प्रणवके इन तीन देवताओंसे विलक्षण परब्रह्मरूपा चतुर्थ मात्राका प्रतिपादन करती हैं, और वह चतुर्थ मात्रा उक्त तीन वर्णोंसे भिन्न स्फोट

सैव चार्धमात्रेत्युच्यते। राशिवद्विभक्तयोर्हि वर्णपदयोर्वर्ण एकमर्धं पदं वा तदर्धमित्युपपद्यते। यथा चावयवेभ्यो विविच्या- वायवी न व्यवहार्यो[1] भवति, एवमेव प्रत्येकवर्णेभ्यो विविच्य पदमुच्चारयितुं न शक्यत इत्यतः स्मर्यते—

'अर्धमात्रा स्थिता नित्या याऽनुच्चार्या विशेषतः' इति।

ननु स्यादेवमर्धमात्रोपपत्तिः, नादबिन्द्वोस्तु किं स्वरूपम्?

उच्यते। प्रणवे उच्चार्यमाणे शङ्खनादवेणुनादादिवद्यः स्वरविशेषो भवति स नादः, या च नादस्योपरमावस्थाऽति- सूक्ष्मा सा शून्यतुल्यतया बिन्दुरुच्यत इति। तस्मादवय- वेभ्योऽवयवीव वर्णेभ्योऽतिरिक्तं पदं तदेव स्फोट इति सिद्धम्।

ही हो सकती है। उसीको अर्धमात्रा भी कहा जाता है। पद और वर्ण एक ढेरीके समान होते हैं, उन्हें अलग-अलग नहीं किया जा सकता। अतः उनका एक अर्धभाग 'वर्ण' कहा जा सकता है और दूसरा अर्ध- भाग 'पद'। जिस प्रकार अवयवोंसे अलग करके अवयवी व्यवहारके योग्य नहीं हो सकता उसी प्रकार एक-एक वर्णसे अलग करके पदका उच्चारण नहीं हो सकता। इसीसे ऐसी स्मृति भी है—'देवी नित्य अर्धमात्रारूपसे स्थित है, जिसका पृथक् रूपसे उच्चारण नहीं हो सकता।'

शंका—इस प्रकार अर्धमात्राकी संगति तो लग जाती है, किन्तु नाद और बिन्दुका क्या स्वरूप है?

समाधान—बताते हैं। प्रणवका उच्चारण करने पर जो शंख और वंशी-नादादिके समान स्वरविशेष होता है वही 'नाद' है, तथा नादकी शान्तिकी जो अत्यन्त सूक्ष्म अवस्था है वह शून्यके समान होनेके कारण 'बिन्दु' कही जाती है। अतः अवयवोंसे अवयवीके समान जो वर्णोंसे अतिरिक्त पद है वही स्फोट है—यह सिद्ध हुआ।

---

१ व्यवहारयोग्यो—पा. २ पु.।

नन्वेवं वाक्यमपि स्फोटः स्यादिति चेत्, बाधकाभावे सतीष्यतामिति दिक् ।

स्फोटो व्यवस्थापितः ।

मनोवैभवं व्यवस्थाप्यते । धर्माधर्मवासनाश्रयतया प्रतिपुरुषमन्तःकरणं नित्यम् । न च प्रकृतिधर्मा एव सन्त्वदृष्टादय इति वाच्यम्, अन्यनिष्ठादृष्टादिभिरन्यत्र सुखदुःखाद्युत्पादेऽतिप्रसङ्गात् । तच्च नाणु संभवति; योगिनां सर्वावच्छेदेनैकदाऽखिलसाक्षात्कारसम्भवात्, अयोगिनामपि दीर्घशष्कुलीभक्षणादावनेकेन्द्रियवृत्त्यनुभवाच्च । न च योगिनां योगजधर्म एव प्रत्यासत्तिः स्यात्, संयोगसंयुक्तसमवायादिलौकिकप्रत्यास-

यदि कहो कि इस प्रकार तो वाक्य भी स्फोट हो जायगा, तो इसपर हमें यही कहना है कि यदि इसका कोई बाधक प्रमाण नहीं हैं तो ऐसा ही सही।

इस प्रकार स्फोटका निर्णय हुआ ।

मनोवैभव

अब मनोवैभवका निर्णय किया जाता है । धर्म और अधर्मकी वासनाओंके आश्रय रूपसे प्रत्येक पुरुषके साथ अन्तःकरण नित्य ही है। अदृष्टादि प्रकृतिके ही धर्म हो सकते हैं—ऐसा कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि ऐसा माननेसे अन्य पुरुषके अदृष्टादिसे अन्य पुरुषमें सुख-दुःखकी उत्पत्तिका प्रसंग उपस्थित हो सकता है । वह अन्तःकरण भी अणु नहीं हो सकता, क्योंकि सर्वगत होनेके कारण योगियोंको एक साथ ही उसके द्वारा सम्पूर्ण वस्तुओंका साक्षात्कार हो सकता है; तथा जो योगी नहीं हैं उन्हें भी पूड़ी आदि खानेके समय एक साथ अनेक इन्द्रियोंकी वृत्तियोंका अनुभव होता है । योगियोंका किसी योगज धर्मसे सम्बन्ध हो जाता है [इसलिये उन्हें एक साथ सबका अनुभव होने लगता है] ऐसा मानना भी ठीक नहीं, क्योंकि (१) इस प्रकारका अनुभव तो संयोग, संयुक्त एवं समवाय आदि लौकिक सम्बन्धोंके द्वारा

न्त्यैवोपपत्तौ सन्निकर्षान्तरकल्पने गौरवात्, अन्योन्यं व्यभिचाराच्च; साक्षात्कारेऽवान्तरजातिकल्पने गौरवाच्च[1]। अस्मन्मते च सर्वार्थग्रहणमर्थस्यान्तःकरणस्य तमआख्यावरणभङ्ग एव योगजधर्मादिभिः क्रियते, सुषुप्तौ तमसो वृत्तिप्रतिबन्धकत्वसिद्धेरिति।

नाप्यन्तःकरणं मध्यमपरिमाणमात्रं सम्भवति, प्रलये विनाशेनादृष्टाद्याधारतानुपपत्तेः। अतः परिशेषतोऽन्तःकरणं विभ्वेव सिध्यति। तथा च स्मर्यते—

"चित्ताकाशं चिदाकाशमाकाशं च तृतीयकम्।
द्वाभ्यां शून्यतमं विद्धि चिदाकाशं वरानने॥" इति।

ही हो सकता है, तब किसी अन्य सम्बन्धकी कल्पनामें तो गौरव दोष प्राप्त होगा; (२) [लौकिक और अलौकिक दोनों सम्बन्धोंका] परस्पर व्यभिचार होगा तथा (३) साक्षात्कारमें एक अवान्तर जातिकी कल्पना करनेसे गौरव दोष भी प्राप्त होगा। हमारे विचारसे तो सम्पूर्ण विषयोंको ग्रहण करनेमें समर्थ इस अन्तःकरणके तमोगुणरूप आवरणका भंग ही योगजधर्मादिसे होता है। सुषुप्तिमें तमोगुण अन्तःकरणकी वृत्तियोंका प्रतिबन्धक है—यह बात सिद्ध ही है।

इसके सिवा अन्तःकरण मध्यम परिणाममात्र भी होना संभव नहीं है, क्योंकि तब तो प्रलयकालमें नष्ट हो जानेके कारण यह कल्पान्तरमें अदृष्टादिका आधार नहीं हो सकेगा। अतः परिशेषतः यह विभु ही सिद्ध होता है। ऐसा ही यह स्मृति भी कहती है—'हे सुमुखि! चित्ताकाश, चिदाकाश और आकाश—ये तीन प्रकारके आकाश हैं। इनमें चिदाकाशको शेष दो से सर्वथा शून्य जानो।'

---

१ जातिसांकर्यादतिगौरवाच्च—पा, २ पु.।

स्यादेतत्। अन्तःकरणस्य विभुत्वे परिच्छिन्नवृत्तिलाभस्यावरणेनोपपत्तावपि लोकान्तरगमनादिकं नोपपद्यते। अत एव सांख्यसूत्रम्—'न व्यापकं मनः करणत्वात्' (सां. ५. ६९.) इति, 'तद्गतिश्रुतेः' (सां. ५. ७०.) इति च। किं चैवं सति-लाघवाच्चैतन्यस्यैवावरणकल्पनमुचितम्; किमर्थं विभ्वन्तःकरणं परिकल्प्यते? तत्र ज्ञानप्रतिबन्धकमावरणं कल्प्यत इति।

अत्रोच्यते। गतिश्रुतिस्तावदात्मनीवान्तःकरणेऽपि प्राणेन्द्रियाद्युपाधिनोपपद्यते। कार्यकारणरूपेणान्तःकरणद्वैतात्कार्यान्तःकरणस्य स्वतोऽपि गतिरुपपद्यते। कार्यकारणरूपेणान्तःकरणद्वैतं सांख्यैरप्येष्टव्यम्। केवलकार्यत्वे 'अन्तःकरणधर्मत्वं धर्मादी-

शंका—ऐसा ही सही। किन्तु अन्तःकरणको विभु मानने पर यद्यपि इसकी परिच्छिन्न वृत्ति तो तमोगुण आदिके आवरणसे भी उपपन्न हो सकती है, तथापि लोकान्तरगमनादिकी उपपत्ति किसी प्रकार नहीं लग सकती। इसीसे ये सांख्यसूत्र भी हैं—'करण होनेके कारण मन व्यापक नहीं हो सकता' तथा 'मनकी गतिका प्रतिपादन करनेवाली श्रुति होनेके कारण [वह विभु नहीं हो सकता]।' यदि ऐसी बात है तब तो लाघव होनेके कारण चैतन्यके ही आवरणकी कल्पना करनी उचित है, विभु अन्तःकरणकी कल्पना किस लिये की जाय? वहाँ भी तो ज्ञानके प्रतिबन्धक आवरणकी ही कल्पनाकी जाती है।

समाधान—इस विषयमें हमें कहना यह है कि गतिका प्रतिपादन करनेवाली श्रुति तो आत्माकी तरह अन्तःकरणके विषयमें भी प्राण एवं इन्द्रिय आदि उपाधिके कारण संगत हो सकती है। इसके सिवा कार्य और कारणरूपसे अन्तःकरण दो प्रकार का होनेसे कार्यरूप अन्तःकरणकी गति स्वतः ही उपपन्न हो जायगी। कार्य और कारणरूपसे अन्तःकरणकी द्विरूपता तो सांख्यवादियोंको भी अभीष्ट है; क्योंकि यदि उसे केवल कार्यरूप मानेंगे तो 'धर्मादि अन्तःकरण के धर्म हैं' इस सांख्यसूत्रकी

नाम्' (सां. ५. २५.) इति सांख्यसूत्रानुपपत्तेः; केवलनित्यत्वे च महदाद्युत्पत्तिसूत्रानुपपत्तेः।

यदुक्तं[1] चैतन्यस्यैवावरणकल्पनं युक्तमिति तदयुक्तम्, कूटस्थ-चैतन्यस्य ज्ञानप्रतिबन्धरूपावरणासंभवात्। न च चैतन्यस्यार्थ-सम्बन्ध एव प्रतिबिम्बादिरूपे प्रतिबन्धकं कल्पनीयमिति वाच्यम्, एवमप्यात्मदर्शनानुपपत्तेः। करणद्वारं विना स्वस्मिन्प्रतिबिम्बा-दिरूपेण स्वसंबन्धासंभवात्। अपि चेच्छाकृत्याद्याधारतयाऽन्तः-

संगति नहीं लगेगी * और यदि उसे केवल नित्य (कारण) मानें तो महदादिकी उत्पत्तिका प्रतिपादन करनेवाले सूत्रकी संगति नहीं लग सकती। ×

तुमने जो कहा कि चैतन्यके ही आवरणकी कल्पना करनी उचित है, सो ठीक नहीं, क्योंकि जो कूटस्थ चैतन्य है उसके ज्ञानके प्रतिबन्ध-रूप आवरणकी कल्पना तो सम्भव ही नहीं है। ऐसा कहना भी उचित नहीं कि चैतन्यका जो किसी वस्तुसे सम्बन्ध होता है उसीको प्रति-बिम्बादि रूपमें उसका प्रतिबन्धक मान लेना चाहिये, क्योंकि इस प्रकार भी अपना दर्शन होना उपपन्न नहीं हो सकता, कारण कि बिना किसी करणके अपनेमें प्रतिबिम्बरूपसे अपना ही सम्बन्ध होना सम्भव नहीं है। इसके सिवा जब इच्छा और कृति आदिके आधाररूपसे

---

१ यत्तूक्तं–पा. २ पु.।

* क्योंकि इस सूत्रद्वारा धर्मादि (धर्म-अधर्म, वैराग्य-अवैराग्य, ऐश्वर्य-अनैश्वर्य और ज्ञान-अज्ञान) को अन्तःकरणका धर्म या कार्य माना जाता है, अतः अन्तःकरण इनसे पूर्वसिद्ध होनेके कारण इनका कारण होना चाहिये।

× उस सूत्रके अनुसार प्रकृतिका कार्य महत्तत्व, महत्तत्वका कार्य अहंकार और अहंकारका कार्य मन या अन्तःकरण है।

करणे सिद्धे स्वप्नादावन्तर्दृश्यमानघटादयोऽपि तस्यैव परिणामाः कल्प्यन्ते, कार्यकारणयोः सामानाधिकरण्यौचित्यात् । त एव च घटाद्याकारपरिणामाश्चैतन्ये भासन्ते । तद्विभागेनैव बाह्यघटादिकं भासते । अतस्तादृशपरिणामप्रतिबन्धकमेवा-वरणमित्येव युक्तम्[1] । किं च बाह्यकरणस्यावरणदर्शनेनान्तरा-वरणस्यापि करणनिष्ठत्वं चानुमीयते । आत्मनोऽनावृतत्वं श्रुति-स्मृतिभ्यां चेति ।

नन्वन्तःकरणस्य विभुत्वे सति कथं कार्यत्वं स्यादिति चेत् । न, विभ्व्या अपि आकाशप्रकृतेः कार्याकाशरूपपरिच्छिन्नपरिणाम-वद्गुणान्तरभेदेनान्तःकरणप्रकृतेरपि परिच्छिन्नान्तःकरणरूप-परिणामोपपत्तेः । श्रुतिस्मृतिप्रामाण्याच्चैतदिष्यत इति दिक् ।

अन्तःकरण सिद्ध हो जाता है तो स्वप्नादि अवस्थाओंमें भीतर ही दिखाई देनेवाले घटादि भी उसीके परिणाम मान लिये जाते हैं, क्योंकि कार्य और कारणका एक ही अधिकरण होना उचित है । [अन्तः-करणके] वे ही घटादिरूप परिणाम चैतन्यमें भासते हैं तथा उससे पृथ-ग्रूपसे बाह्य घटादिका भी भान होता है । अतः उस प्रकारके परिणामका प्रतिबन्धक ही आवरण होता है—ऐसा मानना ही उचित है । इसके अतिरिक्त बाह्य करणोंका आवरण देखा जाता है—इससे भी आन्तर आवरणके अन्तःकरणगत होनेका ही अनुमान होता है । तथा आत्माकी आवरणहीनता अनेकों श्रुति-स्मृतियोंसे भी सिद्ध है ही ।

यदि कहो कि विभु मानने पर अन्तःकरणकी कार्यरूपता कैसे सिद्ध हो सकेगी, तो ऐसा कहना भी उचित नहीं, जिस प्रकार कारणाकाश विभु होने पर भी उससे कार्याकाशरूप परिच्छिन्न परिणाम हो जाता है उसी प्रकार गुणान्तरके भेद द्वारा कारणरूप [विभु] अन्तःकरणसे परिच्छिन्न अन्तःकरणरूप परिणाम हो ही सकता है । यह बात श्रुति और स्मृतियोंके प्रमाणोंसे तो इष्ट ही है, सो दिखाया जा चुका है ।

---

१ ०वरणम् । तन्नैव युक्तम्—इत्यपपाठः ।

मनोवैभवं व्यवस्थापितम्।

क्षणरूपः कालो व्यवस्थाप्यते। तत्र न्यायवैशेषिकाभ्यां मन्यते—आत्मवदखण्डो नित्य एकः कालोऽस्ति ; लाघवात्स एव तदुपाध्यवच्छिन्नः सन्क्षणमुहूर्ताहोरात्रमाससंवत्सरादिव्यवहारं कुरुते, न पुनः क्षणनामा पृथक्पदार्थोऽस्तीति। सांख्यैस्तु 'दिक्कालावाकाशादिभ्यः' (सां. २. १२.) इति सूत्रान्महाकालो वा क्षणादिर्वा पृथक्पदार्थो नास्ति, किं त्वाकाशमेवोपाधिभिर्विशिष्टं क्षणादिमहाकालान्तव्यवहारं कुरुत इति मन्यते। तदेतन्मतद्वयमप्यसमञ्जसम्, स्थिरेण केनाप्युपाधिना महाकालाकाशाभ्यां क्षणव्यवहारस्यासंभावत्। तथा हि—उत्तरदेशसंयोगावच्छिन्नपरमाण्वा-

इस प्रकार मनोवैभवकी व्यवस्था हुई।

काल

अब क्षणरूप कालका निर्णय किया जाता है। इस विषयमें न्याय और वैशेषिक तो ऐसा मानते हैं कि आत्माके समान अखण्ड और नित्य एक काल है। लाघवसे वह एक ही काल उपाधियोंसे अवच्छिन्न होकर क्षण, मुहूर्त, दिन, रात्रि, मास और वर्ष आदि व्यवहारका निर्वाह करने लगता है, उससे पृथक् क्षण नामका कोई पदार्थ नहीं है। तथा सांख्यवादी 'दिशा और काल आकाशादिसे होते हैं' इस सूत्रके अनुसार ऐसा मानते हैं कि महाकाल या क्षणादि कोई पृथक् पदार्थ नहीं है, अपितु उपाधियोंसे विशिष्ट आकाश ही क्षणसे लेकर महाकालतक का व्यवहार करता है। किन्तु ये दोनों ही मत ठीक नहीं हैं, क्योंकि ऐसी कोई स्थिर उपाधि नहीं है जिसके द्वारा महाकाल या आकाशसे क्षण आदिका व्यवहार हो सके। तात्पर्य यह कि [नैयायिक और सांख्य इन] अन्य वादियोंको महाकाल या आकाशकी उपाधिरूपसे परवर्ती देशके संयोगसे अवच्छिन्न परमाणु आदिकी क्रिया अथवा ऐसीही कोई

धिंक्रियाऽन्यद्वैतादृशं किंचिन्महाकालाकाशयोः क्षणरूपतायामुपाधिः परैरिष्यते। तत्रोक्तसंयोगविशिष्टक्रियादिकं चेद्विशेष्यविशेषणतत्सम्बन्धमात्रं तर्हि त्रयाणामपि परैः स्थिरत्वाभ्युपगमान्न तैः क्षणव्यवहारः सम्भवति। यदि च तत्तेभ्योतिरिक्तमिष्यते तर्हि तस्य विशिष्टसंज्ञामात्रम्। तदेव चास्माभिः सर्वेभ्यः स्थिरपदार्थेभ्योऽतिरिक्तं क्षणाख्यः काल इष्यते। न तु तन्महाकाल आकाशं वा तेनैव क्षणव्यवहारोपपत्तौ तदवच्छिन्नस्यान्यस्य क्षणव्यहारहेतुत्वकल्पनावैयर्थ्यात्। स च विशिष्टादिरस्थिरः क्षणः प्रकृतेरेवातिभङ्गुरः[1] परिणामविशेष इत्यतो न प्रकृतिपुरुषातिरिक्तत्वापत्तिः। तस्यैव च क्षणस्या-

अन्य वस्तु अभीष्ट है। सो उक्त संयोगसे विशिष्ट क्रियादि यदि विशेष्य, विशेषण या उनका सम्बन्धमात्र हों तब तो उनके द्वारा इन तीनों की स्थिरता स्वीकृत समझी जायगी, अतः इनसे क्षणरूप व्यवहार सम्भव नहीं होगा।* और यदि वह क्रिया इनसे भिन्न है तो यह उसकी एक विशिष्ट संज्ञामात्र है। उसीको हम सम्पूर्ण स्थिर पदार्थोंसे भिन्न क्षणसंज्ञक काल मानते हैं। वह न तो महाकाल है और न आकाश ही है। जब उसीसे क्षणरूप व्यवहार उपपन्न हो जाता है तब उससे अवच्छिन्न किसी अन्यको क्षणव्यवहारके हेतुरूपसे कल्पना करना तो व्यर्थ ही है। इस प्रकारके विशेषणोंवाला क्षण प्रकृतिका ही अत्यन्त भङ्गुर (नाशवान्) परिणामविशेष होनेके कारण स्वभावसे ही अस्थिर है। अतः इससे उसके प्रकृति और पुरुषसे भिन्न कोई अन्य तत्त्व होनेका प्रसंग उपस्थित नहीं

---

१ अतिभङ्गुरायाः—पा. २ पु.।

* क्षण तो कालका अत्यन्त सूक्ष्म भाग है, अतः किसी स्थिर उपाधिके द्वारा उसका व्यवहार उपपन्न नहीं हो सकता।

१वयवविशेषैर्मुहूर्ताहोरात्रादिद्विपरार्धान्तव्यवहारो भवति, न त्वखण्डो महाकालोऽस्ति, प्रमाणाभावात् । इदानीमद्येत्यादिव्यवहाराणां क्षणप्रचयेनैवोपपत्तेः । कालनित्यताश्रुतिस्मृतयस्तु प्रवाहनित्यतापरा इति । तस्मादावश्यकत्वात्क्षणात्मक एव कालो नाखण्डो महाकालोऽस्ति ; नाप्याकाशं कालव्यवहारहेतुरिति सिद्धम् ।

एवमन्येऽप्यस्मच्छास्त्रसिद्धान्ताः सांख्यादिप्रतिषिद्धाः सुबुद्धिभिरुपपदनीया इति दिक् ॥

होता। उस क्षणके अवयवों (संघातविशेषों) से ही मुहूर्त्त, दिन, रात आदिसे लेकर द्विपरार्धपर्यन्त कालका व्यवहार होता है। कोई अखण्ड महाकाल नहीं है, क्योंकि इस विषयमें कोई प्रमाण नहीं मिलता। अब, आज आदि व्यवहार भी क्षणोंके संघातसे ही संगत हो जाते हैं तथा कालकी नित्यता का प्रतिपादन करनेवाली श्रुति-स्मृतियाँ तो क्षणप्रवाहकी नित्यताको सूचित करनेवाली हैं। अतः आवश्यक होनेके कारण काल क्षणात्मक ही है, अखण्ड महाकाल नामकी कोई वस्तु नहीं है और न आकाश ही कालव्यवहारका हेतु है—यह सिद्ध हुआ।

इसी प्रकार सांख्यादि दर्शनोंसे प्रतिषिद्ध हमारे अन्य शास्त्रीय सिद्धान्तोंकी भी बुद्धिमान् पाठकों को संगति लगा लेनी चाहिये।

—: * :—

इति विज्ञानभिक्षुविरचिते योगसारसंग्रहे

कैवल्यादिनिरूपणं चतुर्थोंऽशः ।

समाप्तश्चायं ग्रन्थः ।

श्रीभगवदर्पणमस्तु

---

१ प्रचयविशेषैः—पा. २ पु. ।

शुद्धि-पत्र

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
८	१३	योग	निरोध
२०	१७	जिससे कि दोष	जिससे कि उसमें दोष
२२	१८	आत्मस । मान्य-	आत्मसामान्य-
२२	६	त्रिविधी	त्रिविधो
२५	३	चेच्छब्दाथ-	चेच्छब्दार्थ-
३७	४	-मुक्तनि	-मुक्तानि
३९	७	आषो	आपो
४०	२४	पुत्रैषणा	'पुत्रैषणा
४२	७	वितृष्णावैरा-	वितृष्णा वैरा-
४३	६	वैराग्यनुक्तम्	वैराग्यमुक्तम्
४३	१८	उपर	अपर
५२	११	रागषाद्वेभि-	रागद्वेषाभि-
५४	१६	कमद्वारा	कर्मद्वारा
५४	११	तन्निवृत्ता	तन्निवृत्तौ
५४	२४	सवथा	सर्वथा
५६	१७	लोकोंक	लोकोंको
५७	२१	ऐसी	ऐसा
५९	१३	मनमें	मतमें
६०	१४	भोगसाधनों	योगसाधनों

६०	२२	धारण	धारणा
६१	१३	कार्म	कर्म
७४	टिप्पणी २ में	ब्रह्म	ब्रह्म
७८	१३	अन्तरंग	तीन
८३	४	सवसङ्गं	सर्वसङ्गं
८३	१९	दूसरा	अद्वैत
८५	११	धारण । दि	धारणादि
८५	१२	बुद्ध	शुद्ध
९६	९	-संयमाद्भुत-	-संयमाद्भूत-
९६	१६	तोन	तीन
१०६	३	च्चौपद	चौषध
१०६	१४	औषधि	औषध
१०७	१	गणोंका	गुणोंका

———

स्वामी श्री शान्तिधर्मानन्द सरस्वतीजी
सत्यम साधना कुटीर, रायवाला

पूर्ण योग

[योग पञ्चदशी]

स्वामी शान्तिधर्मानन्द सरस्वती

श्रीकुंज सद्भावना मंच

नई दिल्ली

प्रथम संस्करण, 2000
द्वितीय संस्करण, 2005

ISBN 81-8265-009-7
मूल्य — 125.00 रूपये

प्रकाशक —
श्रीकुंज सद्भावना मंच
'श्रीकुंज', एफ-52 बाली नगर
रमेश नगर मेट्रो स्टेशन
नई दिल्ली — 110 015

वितरक —
डी.के. प्रिण्टवर्ल्ड (प्रा.) लि.
'श्रीकुंज', एफ-52 बाली नगर
रमेश नगर मेट्रो स्टेशन
नई दिल्ली - 110 015
दूरभाष — (011) 2545 3975, 2546 6019;
फैक्स — (011) 2546 5926
ई-मेल — dkprintworld@vsnl.net

अन्य प्राप्ति स्थान —

1. **सत्य दर्शन आश्रम**
   294, शीशम झाडी,
   ऋषिकेश — 249201 (उत्तरांचल)
   दूरभाष — (0135) 243 6291

2. **भरत झुनझुनवाला**
   A-732, मार्डन सोसायटी,
   सेक्टर-15, रोहिणी, नई दिल्ली — 110 085
   दूरभाष — (011) 2722 8589, 2789 3673

मुद्रण प्रबन्ध — डी.के. प्रिण्टवर्ल्ड (प्रा.) लि., नई दिल्ली

हमारे परम गुरु

परमहंस स्वामी शिवानन्द सरस्वतीजी महाराज

दिव्यजीवन संघ, ऋषिकेश, (उ०प्र०)

एवं

पूज्य गुरुदेव

परमहंस स्वामी सत्यानन्द सरस्वतीजी महाराज

बिहार योग विद्यालय, मुंगेर, (बिहार)

के श्रीचरणों में सादर समर्पित।

आभार

मैं इस ग्रन्थ के प्रकाशन एवं लेखन कार्य में प्रोत्साहन और सहयोग प्रदान करने के लिये आत्मीय श्री स्वामी रामराज्यम् सरस्वती, स्वामी अनिमेषानन्द सरस्वती, स्वामी आत्मतत्त्वानन्द सरस्वती, स्वामी सर्वेशानन्द सरस्वती आदि गुरुभाइयों को सहृदय धन्यवाद देता हूँ।

विशेषतः प्रूफ रीडिंग में सहयोग के लिये स्वामी सर्वेशानन्द सरस्वती तथा स्वामी अनिमेषानन्द सरस्वतीजी को; छायाचित्र प्रदान करनेवाले स्वामी आत्मतत्त्वानन्द सरस्वती, स्वामी विश्वज्योति सरस्वती, स्टेरिन क्लारिस्सी (फ्रांस), लिजा (आस्ट्रेलिया) और सोंजा ऐगेनब्रोड (जर्मनी) को; प्रकाशन करने में हार्दिक सहयोग देनेवाले श्री भरत झुनझुनवाला तथा मुद्रण कार्य को तेजी से करके शीघ्र जनसेवा में लानेवाले श्री सुशील कुमार मित्तल को मैं अपना धन्यवाद के साथ अत्यन्त आभार प्रकट करता हूँ।

गुरुपूर्णिमा, सं. २०५७
दिनांकः १६ जुलाई २०००

सबका आत्मा
स्वामी शान्तिधर्मानन्द सरस्वती
सत्य दर्शन आश्रम,
२६४, शीशम झाड़ी,
ऋषिकेश – २४९ २०१ (उ.प्र.)
दूरभाष – (०१३५) ४३ ६२६१

प्रस्तावना

ॐ श्री पतञ्जलये नमः ।।

ॐ श्री सरस्वत्यै नमः ।।

भारत-वर्ष का एक अत्यन्त प्राचीन विषय है योग। योग भारतीयों के जीवन का एक अभिन्न अंग रहा है। लेकिन अब यह संपूर्ण विश्व का विषय एवं मानव मात्र के जीवन का अंग बन रहा है। इसका वेद-मन्त्रों एवं उपनिषदों में पूर्ण विवेचन किया गया है। परन्तु अत्यन्त गूढ़ होने के कारण समझना अति कठिन है। अतः अनेकों ऋषि-मुनियों ने अनेकों ग्रन्थ लिखकर इसे सुगम करने की चेष्टा की है। इनमें से कुछ प्रामाणिक ग्रन्थ हैं — पातञ्जल योगसूत्र, योगी याज्ञवल्क्य- संहिता, घेरंड- संहिता, शिव- संहिता, बृहद्- योग- सोपान, हठयोग प्रदीपिका इत्यादि। इनमें भिन्न-भिन्न प्रकार के योगों का साधक भेद से वर्णन किया गया है।

योग का परम लक्ष्य "जीवात्मा और परमात्मा की एकता की अनुभूति है"। माया के आवरण के कारण जीव अपने आपको भूल गया है, योगाग्नि में तपकर वह अपने मल एवं विक्षेपों का परित्याग कर अपनी आत्मा के स्वरूप की अनुभूति कर सकता है।

तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम्
(यो॰ सू॰ १/२)।

यह जीव नाना प्रकार के संस्कार रूपी रंगों से रंगे हुए इस शरीर में रहता है, लेकिन योगाभ्यास द्वारा तपाया गया शरीर रोग, मृत्यु, बुढ़ापा आदि से रहित होकर स्वरूपानुभूति के योग्य होता है —

न तस्य रोगो न जरा न मृत्युः, प्राप्तस्य योगाग्निमयं शरीरं।

यहाँ मृत्यु शब्द का अर्थ मरण नहीं अपितु महाभारत में जैसे कहा है —

मृत्युरत्यन्तविस्मृतिः।

अत्यन्त विस्मृति का नाम मृत्यु है अर्थात् जीवन का कारण स्वरूपविस्मृति मृत्यु है। इसलिए अर्जुन *गीता* का उपदेश सुनने के पश्चात् कहता है —

नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा ।
(गी॰ १८।७३)।

सोकर उठने के बराबर पूर्व-जन्म से मरकर पुनर्जन्म लेने पर भी स्मृति रहना ही 'न मृत्यु' शब्द से कहा है। इसी को *सुश्रुत-संहिता* में कहते हैं —

भाविनः पूर्वदेहेषु संततं शास्त्रबुद्धयः।
भवन्ति सत्त्वभूयिष्ठाः पूर्वजातिस्मरा नराः।।

अतः अपने संचित कर्मों एवं पूर्वजन्मों में किए गये साधनों को जानकर योगी वर्तमान जन्म में उसी मार्ग से आगे बढ़कर पूर्णत्व को प्राप्त करता है। इस सन्दर्भ में —

तत्र तं बुद्धिसंयोगं लभते पौर्वदेहिकं ।
यतते च ततो भूयः संसिद्धौ कुरुनन्दन ।।
पूर्वाभ्यासेन तेनैव ह्रियते ह्यवशोऽपि सः
(गी॰ ६/४३-४४)

इन बातों से यह निष्कर्ष निकलता है कि योग केवल व्यायामादि के समान शरीर को नीरोग एवं पुष्ट रखने का साधन ही नहीं बल्कि भवरोग से मुक्ति प्राप्त करने का भी साधन है। लेकिन यह प्रसिद्ध उक्ति है —

शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्।

इसके अनुसार नीरोग एवं दृढ़ता से युक्त पुष्ट शरीर के विना मुक्ति-साधना सम्भव नहीं। इसलिए योग को इस प्रकार गूंथ दिया गया है कि शरीर की सुडौलता के साथ-साथ आध्यात्मिक प्रगति भी हो। शरीर की सुदृढ़ता के लिए आसन एवं दीर्घायु के लिए प्राणायाम को वैज्ञानिक ढंग से ऋषियों ने अनुभव के आधार पर दिया है। इससे व्यक्ति एक महान् संकल्प लेकर उसे कार्यान्वित कर सकता है। अतः योग इस जीवन में सुख और शांति देता है और साथ-साथ मुक्ति के मार्ग को प्रशस्त करता है। योग केवल सुन्दर एवं व्यवस्थित रूप से जीवन-यापन करना ही नहीं सिखाता अपितु व्यक्तित्व को निखारने की कला को भी सिखाता है।

हठयोग का प्रयोजन हड्डियों में लचक, माँसपेशियों का सन्तुलन, रक्त का सुचारु रूप से संचार तथा ग्रन्थियों से उचित स्राव के द्वारा शरीर की समस्त प्रणालियों का कार्य समुचित ढंग से सम्पन्न कराना है। प्राणायामादि द्वारा व्यक्ति का मन भी स्वस्थ रहता है। अर्थात् तनावरहित होकर ध्यानपूर्वक सकल कार्य करने की क्षमता प्राप्त

होती है। इसलिए यदि आपका लक्ष्य — शरीर को स्वस्थ एवं सुडौल बनाना, विपत्तियों में संतुलित रहने की क्षमता पाना; एक निष्पक्ष सरल कर्मठ बनना; जीवन को सुखी, प्रसन्नपूर्ण व सन्तोषमय बनाना; विषमताओं में समता के साथ उत्कृष्ट नैतिक जीवन व्यतीत करना; मन, बुद्धि एवं चित्त की स्वस्थता से युक्त निष्काम सेवामय आदर्श जीवन और समस्त ब्रह्माण्ड के रहस्यमय ज्ञान से लेकर आत्मबोध पर्यन्त की अनुभूति करनी है तो आप अवश्य योग के बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त कर किसी गुरु के निर्देशन में योगाभ्यास शुरू करें।

इस संसार में कर्म में प्रवृत्त परायण लोग शारीरिक शक्ति प्रधान होते हैं, कुछ लोग भक्ति परायण होकर भावनात्मक शक्ति प्रधान होते हैं, कुछ अन्य लोग ध्यान परायण होकर मानस शक्ति प्रधान होते हैं तो कुछ लोग विचार परायण होकर बौद्धिक शक्ति प्रधान होते हैं। इस प्रकार साधक भेद के अनुसार कर्मयोग, भक्तियोग, राजयोग एवं ज्ञानयोग — क्रमशः ये चार मार्ग वेदादियों में प्रसिद्ध हैं। यद्यपि वर्तमान ग्रन्थ राजयोग के अनेकों प्रभेदों में से एक अष्टांग योग के दो अंग — आसन एवं प्राणायाम पर विशेष विचार के लिए है। तथापि इस ग्रन्थ को मुख्य रूप से १५ अध्यायों में विभक्त तीन प्रकरणों (प्रथम, द्वितीय, तृतीय) में लिखा गया है — शरीर-शुद्धि प्रकरण, चित्त-शुद्धि प्रकरण और तत्त्वविज्ञान प्रकरण। गौण रूप से आरम्भ में एक अध्याय "अष्टांग योग — एक संक्षिप्त परिचय" तथा अन्त में आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से एक प्रकरण (चतुर्थ) "योग द्वारा रोगोपचार" नाम से अधिक रखा गया है। समाप्त करते हुए 'उपसंहार' को एक प्रकरण (पञ्चम) के रूप में प्रस्तुत किया है। अतः इस ग्रन्थ को **"योग-पञ्चदशी"** भी कह सकते हैं।

ग्रंथ परिचय

ग्रन्थ को 'उपक्रम' नामक अध्याय से आरम्भ किया गया है। इसमें पतञ्जली एवं याज्ञवल्क्य महर्षियों के दृष्टि से अष्टांग योग पर संक्षिप्त विचार सर्व-साधारण को योग का परिचय कराने हेतु प्रस्तुत किया गया है। तत्पश्चात् **"शरीर-शुद्धि प्रकरण"** में स्थूल एवं सूक्ष्म शरीर की शुद्धि के बारे में विचार किया गया है। अतः शारीरिक विज्ञान के अध्याय एवं शोधन विज्ञान के अध्याय में स्थूल-शरीर संबंधी परिचय एवं शुद्धि पर जोर दिया गया है। आसन एवं प्राणायाम इन अध्यायों के साथ मुद्रा एवं बन्धों को जोड़कर सूक्ष्म-शरीर सम्बन्धी शुद्धि पर विचार किया गया है।

सूक्ष्म तथा कारण शरीर के अवयव अज्ञान, बुद्धि, अहंकार एवं मन की शुद्धि के लिए **"चित्त-शुद्धि प्रकरण"** आरम्भ किया है। इसमें निष्काम कर्मयोग, युक्ताहार, प्रत्याहार, धारणा एवं ध्यान पर विचार प्रकट किया गया है। लेकिन इन दोनों प्रकरणों में कहे गये साधनों का सही प्रयोग तत्त्वविज्ञान के बिना सम्भव नहीं। इसलिए तीसरे

प्रकरण **"तत्त्वविज्ञान प्रकरण"** में योग के आधारभूत तीन तत्त्व — नाड़ी, चक्र एवं कुण्डलिनी पर प्रकाश डाला गया है। अन्त में प्रत्येक व्यक्ति को योग के योग्य बनाने हेतु "योग द्वारा रोगोपचार" प्रकरण रखा गया है। इसमें अनेकों वैज्ञानिकों के अर्थात् योगोपजिह्वी डॉक्टरों तथा मेरे गुरुजी परमहंस स्वामी सत्यानन्द सरस्वती, बिहार योग विद्यालय के प्रायोगिक अनुभवों के आधार पर विभिन्न रोगों को नियंत्रण में रखने के लिए आवश्यक योगाभ्यास के बारे में बताया गया है।

आशा करता हूँ इस ग्रन्थ से मानवमात्र को लाभ होगा और साधकों को विशेष रूप से लाभ हो सकेगा। सभी की मंगलकामना करते हुए सबकी शारीरिक एवं आध्यात्मिक अभिवृद्धि के लिये नारायणस्वरूप समस्त मानव समाज को सादर समर्पण करता हूँ।

सर्वेषामात्मा

गुरु पूर्णिमा, सं २०५७
दिनांक: १६ जुलाई २०००

स्वामी शान्तिधर्मानन्द सरस्वती
सत्य दर्शन आश्रम
२६४, शीशम झाड़ी, ऋषिकेश, (उ.प्र.)
दूरभाष: (०१३५) ४३ ६२६१

विषय-सूची

उपक्रम
अष्टांग योग
एक संक्षिप्त परिचय

अनेक उपनिषदों में, *योगी याज्ञवल्क्य-संहिता* आदि स्मृतियों में तथा महर्षि पतञ्जलि कृत *योग सूत्र* में अष्टांग योग की चर्चा बहुत विस्तार से की गई है। वे आठ अंग हैं — यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि।

इनमें से प्रथम चार को बहिरंग साधन एवं अन्तिम चार को अन्तरंग साधन के रूप में माना गया है। अन्य लोगों ने इनके इस प्रकार भाग किए हैं — यम और नियम से नैतिक शिक्षा, आसन और प्राणायाम से शारीरिक शिक्षा, प्रत्याहार और धारणा से मानस शिक्षा, ध्यान से आध्यात्मिक शिक्षा और समाधि से आत्मानुभूति।

महर्षि पतञ्जलि के अनुसार **यम** का पालन करने से व्यक्ति अपने को निषिद्ध पाप-कर्मों से बचाकर सामाजिक स्वस्थता में आदर्श द्वारा सहयोग दे सकता है। **नियम** के पालन द्वारा विहित पुण्य-कर्मों से नैतिक जीवन व्यतीत कर सकता है। **आसन** के अभ्यास से शरीर को स्वस्थ एवं सुडौल बनाए रख सकता है। **प्राणायाम** द्वारा मन के विकारों को शान्त कर मन की शक्तियों का सही प्रकार से उपयोग कर सकता है। **प्रत्याहार** के अभ्यास से इन्द्रियों को अन्तर्मुखी बनाकर वांछित विषयों चिन्तन-मनन यथेष्ट काल तक करने की क्षमता प्राप्त कर सकता है। **धारणा** के अभ्यास द्वारा एक निश्चित लक्ष्य के प्रति एकाग्रता को बढ़ाकर उसके तत्त्व को जानने का सामर्थ्य प्राप्त कर सकता है। **ध्यान** द्वारा चित्त को शुद्ध कर इष्ट पदार्थ को प्राप्त करने व प्रयोग करने की क्षमता प्राप्त कर सकता है। **समाधि** से व्यक्ति अपने कार्य में समग्र चेतना को तल्लीन करके भी सजग रहने की क्षमता से आरम्भ कर आनन्दानुभूति पर्यन्त बढ़ने की क्षमता प्राप्त करता है। इस प्रकार अष्टांग योग व्यक्ति के सामाजिक एवं वैयक्तिक जीवन को सुन्दर बनाकर शरीर, इन्द्रिय, मन एवं चित्त को शुद्ध करके मोक्ष को प्रदान करता है।

(१) यमः

महर्षि पतञ्जलि

अहिंसा-सत्य-अस्तेय-ब्रह्मचर्य-अपरिग्रहाः यमः।
(२/३०)

इस सूत्र द्वारा यम को पांच प्रकार का कहते हैं। योगी याज्ञवल्क्य ने *योगी याज्ञवल्क्य-संहिता* में कहा है —

यमश्च नियमश्चैव दशधा सुप्रकीर्तिताः ।
(१/४७)

इस श्लोक में यम और नियम को दस प्रकार का मानते हैं। वे दस इस प्रकार हैं —

अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यं दयाऽऽर्जवम्।
क्षमा धृतिर्मिताहारः शौचं त्वेते यमा दश।
(१/५०)

१. काया, वाचा, मनसा सदा सब प्राणियों में कष्ट न पहुंचाने के भाव को **अहिंसा** कहते हैं।

२. केवल यथार्थ कथन (अर्थात् जैसा देखा, सुना अथवा घटी घटना को वैसा ही कहना) सत्य नहीं है किन्तु समस्त प्राणियों के हित में कहने को **सत्य** कहते हैं। इसलिए धर्म की रक्षा, बड़ों के मान-सम्मान की रक्षा आदि के लिए झूठ (सांसारिक दृष्टि से) कहना भी सत्य है (शास्त्र दृष्टि से) और इसके विपरीत धर्म एवं बड़ों की हानि हो ऐसा सत्य (सांसारिक दृष्टि से) कहना भी महान् झूठ है (शास्त्रदृष्टि से)।

३. काया, वाचा, मनसा दूसरों के धन की इच्छा आदि न करना **अस्तेय** है।

४. सभी अवस्थाओं में काया, वाचा, मनसा सर्वत्र मैथुन की इच्छादि के त्याग को **ब्रह्मचर्य** कहते हैं।

५. सर्वत्र सब प्राणियों पर कृपा-दृष्टि रखना **दया** है।

६. विहित और निषिद्ध सकल कार्यों में काया, वाचा, मनसा प्रवृत्ति और निवृत्ति के प्रति सदा एक भाव रखना **आर्जव** है।

७. समस्त प्रिय और अप्रिय विषयों में समत्व बुद्धि **क्षमा** है।

८. हानि एवं लाभ में सर्वत्र तथा सर्वदा चित्त की स्थिरता **धृति** है।

९. अल्पभोजन को **मिताहार** कहते हैं। इस विषय में शास्त्रों का यह निर्णय है — तपःस्वाध्यायादि परायण संन्यासी, मुनि, ब्रह्मचारी आदि को ८ ग्रास, अरण्यवासी तप आदि परायण वानप्रस्थी को १६ ग्रास, गृहस्थ को ३२ ग्रास तथा सेवा कार्य में निरत ब्रह्मचारी को यथेष्ट भोजन ही अल्प भोजन समझना चाहिए।

१०. शुद्धि का नाम **शौच** है। वह दो प्रकार की है — बाह्य एवं अन्तः। स्नान आदि द्वारा बाह्य शुद्धि करने को बाह्य शौच कहते हैं। पिता, माता, मामा, ससुर एवं आचार्य — इन पाँच गुरुओं से धर्म एवं अध्यात्म-विद्या प्राप्त कर मन आदि अन्तःकरण को शुद्ध करने को अन्तः शौच कहते हैं।

महर्षि पतञ्जलि द्वारा कथित अपरिग्रह नाम के यम का अर्थ है — वर्तमान एवं निकट भविष्य के लिए अत्यन्त आवश्यक वस्तुओं का संग्रह करना अपरिग्रह है। अनावश्यक तथा आवश्यकता से अधिक संग्रह करना परिग्रह है।

(२) नियमः

महर्षि पतञ्जलि ने कहा है —

शौचसंतोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः।
(२/३२)

इस सूत्र द्वारा नियम के पांच भेद कहे हैं। योगी याज्ञवल्क्य ने *योगी याज्ञवल्क्य- संहिता* में कहा है कि —

तपः सन्तोषमास्तिक्यं दानमीश्वरपूजनम् ।
सिद्धान्तश्रवणं चैव ह्रीर्मतिश्च जपो व्रतम् ।।
(२/६)

इस श्लोक में दस भेद से नियम का वर्णन किया है।

१. शास्त्र में कहे चान्द्रायण, पञ्चाग्नि आदि द्वारा शरीर का शोषण करने को **तप** कहते हैं।

२. बिना इच्छा किए जो नित्य प्राप्त हो जाए उसी से मन को पवित्र एवं प्रसन्न रखने वाली बुद्धि को **सन्तोष** कहा है। यही परम सुख है।

३. धर्म एवं अधर्म में विश्वास रखना **आस्तिक्य** है।

४. शास्त्रों में कहे गये ढंग से न्यायोचित धनोपार्जन करके, उसमें से श्रद्धापूर्वक धनार्थी के लिए कुछ धन का त्याग करना **दान** है।

५. जो प्रसन्न भाव से भक्ति के साथ श्रद्धायुक्त होकर संपूर्ण समर्पण भाव से यथाशक्ति गुरु एवं इष्ट देव की अर्चना आदि करता है उसे **ईश्वर पूजन** कहते हैं। यही ईश्वर प्रणिधान है।

६. ब्राह्मण, क्षत्रिय एवं वैश्यों द्वारा वेदान्त के श्रवण को **सिद्धान्त-श्रवण** कहते हैं। स्वधर्म आचरण और पुराणों का श्रवण करना स्त्री एवं शूद्रों के लिये **सिद्धान्त-श्रवण** कहा गया है।

७. वैदिक और लौकिक मार्ग में कहे निन्दित कर्मों से लज्जित होकर घृणापूर्वक निवृत्त होना **ह्री** है।

८. विहित कर्मों में अटूट श्रद्धा रखना **मति** है।

९. वेदों से निषिद्ध आचरण को त्यागकर शास्त्रोक्त रीति से गुरु द्वारा उपदेश दिया हुआ व वेदोक्त मन्त्र का अभ्यास **जप** है। वह अनेक प्रकार से किया जाता है। लिखित, मानस, उपांशु और वैखरी चार प्रकार का जप प्रसिद्ध है। ऋषि, छन्दः, देवता का सम्यक् प्रकार से ध्यान करके बीज, शक्ति, कीलक और विनियोग से युक्त करके मन्त्र का जप करना चाहिए।

१०. किसी नियम का सख्ती से पालन करना **व्रत** है। यह काम्य, नैमित्तिक और नित्य भेद से तीन प्रकार का है। तिथि, वार, नक्षत्र, त्यौहार, ग्रहणादि निमित्तों को लेकर नैमित्तिक व्रत किया जाता है। कामना की पूर्ति के लिये काम्यव्रत करते हैं। सन्ध्या-वन्दन, देव-पूजा इत्यादि फलाकांक्षा रहित होकर नित्य करना नित्यव्रत है। व्रतों के बारे में *चतुर्वर्ग-चिन्तामणि* आदि ग्रन्थों में विस्तार से विधि-विधान का वर्णन किया गया है।

योगी याज्ञवल्क्य ने महर्षि पतञ्जलि द्वारा कहे गये शौच को यम में लिया है तथा ईश्वर-प्रणिधान को ईश्वर पूजन नाम से कहा है। महर्षि पतञ्जलि द्वारा कथित स्वाध्याय को व्यास-कृत भाष्य के अनुसार लें तो सिद्धान्त-श्रवण एवं जप के रूप में कहा गया है।

(३) आसनम्

महर्षि पतञ्जलि ने कहा है —

स्थिरसुखमासनम्।
(२/२६)

इस सूत्र में आसन के लक्षण बताए हैं। यह आसन ८४ लाख योनियों के अनुरूप ८४ लाख हैं। इनमें से ८४ मात्र को प्रमुख माना है ऋषियों ने। लेकिन योगी याज्ञवल्क्य निम्न आठ आसनों को मनुष्य के लिए आवश्यक मानते हैं—

स्वस्तिकं गोमुखं पद्मं वीरं सिंहासनं तथा।
भद्रं मुक्तासनं चैव मयूरासनमेव च॥
(३/१२)

आसनों का फल शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक स्वस्थता है। *गोरक्ष- संहिता, घेरंड- संहिता, हठयोग- प्रदीपिका* आदि अनेकों ग्रन्थों में तथा उपनिषदों में थोड़े आसनों के बारे में विचार है। इनकी विस्तृत चर्चा बाद में करेंगे। यहां आठ अंगों का परिचय मात्र दिया जा रहा है।

(४) प्राणायामः

महर्षि पतञ्जलि के अनुसार —

तस्मिन्सति श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदः प्राणायामः।
(२/४६)

अर्थात् श्वास = पूरक, प्रश्वास = रेचक, इन दोनों के गतिविच्छेद = कुम्भक, इनके संयोग से प्राणायाम होता है। इस सूत्र का आशय है प्राण = शरीर की ऊर्जा शक्ति का आयाम = सम्यक् अभ्यासपूर्वक पूरक, कुंभक, रेचक क्रम को करना। यही प्रक्रिया योगी याज्ञवल्क्य- संहिता आदि सभी ग्रन्थों में कही गयी है। इसकी विस्तृत चर्चा बाद में करेंगे।

(५) प्रत्याहारः

महर्षि पतञ्जलि के योग सूत्र के अनुसार —

स्वविषयासंप्रयोगे चित्तस्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणां प्रत्याहारः।
(२/५४)

अर्थात् इन्द्रियों का अपने विषय शब्दादियों की ओर न जाकर चित्त के स्वरूप के अनुरूप वृत्ति बनाए रखना ही प्रत्याहार है। लेकिन यह सहज नहीं हो सकता इसलिए योगी याज्ञवल्क्य कहते हैं —

इन्द्रियाणां विचरतां विषयेषु स्वभावतः।
बलादाहरणं तेषां प्रत्याहारः स उच्यते॥
(७/२)

अर्थात् स्वभाव से बहिर्मुख इन्द्रियों को बलपूर्वक अन्तर्मुख करना ही प्रत्याहार है। यानी जो कुछ बाहर अनुभव करते हैं और कर्म करते हैं उन सबको भीतर हृदय देश में करना ही प्रत्याहार है। उपनिषदादि में चर्चित उपासना का दूसरा रूप प्रत्याहार है। देवताओं के चिकित्सक अश्विनी कुमारों ने कहा है २८ मर्म स्थानों में वायु को धारण कर क्रमशः प्रत्येक स्थान से उसको खींचकर हृदय में विलीन करना प्रत्याहार है। वे मर्म स्थान हैं — पैर के अंगूठे, एड़ी, एड़ी और पिण्डली के मध्यभाग, पिण्डली, घुटने, जाँघ, गुदा, मूलाधार-चक्र का स्थान, लिंग, नाभि, हृदय, कण्ठ, तालु, नासिका, चक्षु, भ्रूमध्य, ललाट और मूर्धा (मस्तिष्क)। इनकी विस्तृत चर्चा चित्त-शुद्धि प्रकरण में करेंगे।

(६) धारणा

महर्षि पतञ्जलि के अनुसार धारणा का लक्षण इस प्रकार है —

देशबन्धश्चित्तस्य धारणा ।
(३/१)

शरीर के भीतर या बाहर किसी स्थान विशेष में चित्त का बन्धना धारणा है। किन्तु योगी याज्ञवल्क्य के अनुसार अष्टांगों के क्रम से जब सकल इन्द्रियों को अन्तर्मुख कर लिया गया है, तो धारणा शरीर के भीतर ही होनी चाहिए। इसलिए वे कहते हैं —

अस्मिन्ब्रह्मपुरे गार्गि यदिदं हृदयाम्बुजम् ।
तस्मिन्नेवान्तराकाशे यद्बाह्याकाशधारणम् ।।
(८/३)

अर्थात् देह के मध्य में स्थित हृदय कमल के अन्तराकाश में बाह्य आकाश को धारण करना ही धारणा है। इसी प्रकार से छान्दोग्योपनिषद् एवं बृहदारण्यकोपनिषद् में भी कहा गया है। यह धारणा पञ्च तत्त्वों के पांच देवताओं को शरीर के विभिन्न भागों में क्रमशः धारण करके उपरोक्त को अन्त में अभ्यास करना है, अतः धारणा पांच प्रकार की मानी गई है। विशेष विचार चित्त-शुद्धि प्रकरण में देखें।

(७) ध्यान

महर्षि पतञ्जलि के अनुसार —

तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम् ।
(३/२)

अर्थात् जिस देश में चित्त बन्धा है उसी देश में स्थिर रहकर एक (ध्येय) विषयक ज्ञानाकार वृत्ति को निरन्तर तैलधारावत् बनाए रखना ध्यान है। परन्तु योगी याज्ञवल्क्य कहते हैं —

ध्यानमात्मस्वरूपस्य वेदनं मनसः खलु ।
सगुणं निर्गुणं तच्च, सगुणं बहुशः स्मृतम् ।।
(९/२)

अर्थात् मन से आत्मस्वरूप की वृत्ति द्वारा आत्मा को (जानना) अनुभव करना ध्यान है। इसके लिए क्रम बताए हैं — प्रथम सगुण ध्यान करें जो कि अनेक प्रकार का है। अन्त में लक्ष्य प्राप्ति के लिए निर्गुण ध्यान का अभ्यास करें। शेष विचार चित्त-शुद्धि प्रकरण में देखें।

(८) समाधि

महर्षि पतञ्जलि ने कहा है —

तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरूप-शून्यमिव समाधिः ।
(३/३)

अर्थात् ध्यान-ध्येय-ध्याता इस त्रिपुटी का न होकर केवल ध्येयाकार वृत्तिमात्र रहने का नाम समाधि है। लेकिन योगी याज्ञवल्क्य कहते हैं —

समाधिः समतावस्था जीवस्य परमात्मनोः ।
ब्रह्मण्येव स्थितिर्या सा समाधिः प्रत्यगात्मनः ।।
(१०/२)

अर्थात् समाधि उस सम अवस्था का नाम है जिसमें जीवात्मा और परमात्मा की अभेद अनुभूति हो। तात्पर्य यह है कि जीवात्मा का ब्रह्म में अद्वैतभाव की स्थिति को समाधि कहते हैं।

यद्यपि योगी याज्ञवल्क्य के अनुसार वेदान्त में कहे मोक्ष एवं समाधि में कोई अन्तर नहीं है तथापि वह स्थिति क्या पतञ्जलि आदि के अनुसार यौगिक क्रियाजन्य अथवा विवेक-ख्यातिजन्य अथवा ब्रह्मविद्याजन्य है अथवा मायामय जगत् में सत्यत्व निवृत्तिपूर्वक मिथ्यात्व का निश्चय मात्र से है इत्यादि विकल्पों के कारण सैद्धान्तिक भेद हैं। उपनिषदादि ग्रन्थों के परिशीलन द्वारा पाठक स्वयं अनुभव कर लें तो अत्युत्तम होगा।

यह अष्टांग योग जो कि राजयोग का एक प्रभेद है, का संक्षिप्त परिचय है।

प्रथम प्रकरण

शरीर-शुद्धि प्रकरण

जैसा कि भूमिका में कहा गया है —

शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम्

और *भगवद्गीता* में भगवान् की उक्ति है —

इदं शरीरं कौन्तेय क्षेत्रमित्यभिधीयते

(१३/१)

अर्थात् शरीर खेती के समान है, जिसमें यह जीव मेहनत कर इष्ट फल को उपजा सकता है। इन उक्तियों के अनुसार उपजाऊ भूमि के समान शरीर को लौकिक एवं आध्यात्मिक सकल कार्यों को अनुष्ठान के योग्य बनाए रखना है। इसके लिए शरीर को शुद्ध एवं पवित्र रखना है ताकि हम योगाभ्यास द्वारा इष्ट फल को प्राप्त कर सकें। इस प्रकरण के पांच अध्यायों में — शरीर की संरचना के बोध के लिये **शारीरिक विज्ञान**; स्थूल शरीर की शुद्धि के लिए **शोधन विज्ञान**; स्थूल शरीर को सुदृढ़, सुडौल एवं लचीला बनाए रखने के लिए **आसन विज्ञान**, स्थूल शरीर में स्फूर्ति, मजबूत प्राणशक्ति, आयु की अभिवृद्धि तथा सूक्ष्म शरीर के चक्रों के जागरण हेतु **प्राणायाम विज्ञान** एवं अन्त में इनके सहयोगी **मुद्रा एवं बन्धविज्ञान** पर संक्षेप में प्रकाश डालेंगे।

अध्याय १

शारीरिक विज्ञान

प्रस्तावना

शरीर की संरचना के ज्ञान के बिना इस पर नियन्त्रण करना संभव नहीं, इसलिए इस शरीर की संरचना का संक्षिप्त परिचय इस अध्याय में है। प्रत्येक प्राणी के शरीर के तीन भाग हैं। स्थूल शरीर, सूक्ष्म शरीर और कारण शरीर।

स्थूल शरीर सात धातुओं के संघटित स्वरूप का नाम है। वे हैं — अन्नरस, खून, मांस, चर्बी, हड्डी, मज्जा और वीर्य। यह सब कोशिकाओं के विभिन्न रूप हैं।

कोशिका जीवित पदार्थ की वह छोटी इकाई है जो शरीर के निर्माण का मूलभूत आधार है। सभी कोशिकाएं यद्यपि अलग-अलग एवं स्वतन्त्र हैं तथापि वे काफी समानता रखती हैं और मिलकर कार्य करती हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यह शरीर ६०० खरब कोशिकाओं से निर्मित है। ये छोटे-छोटे संघटन करके अलग-अलग कार्य करती हैं। प्रतिपल विभिन्न क्रिया-कलापों को करते हुए कितनी ही नष्ट होती हैं और कितनी नई बनती हैं, यह कहना असम्भव है। इनका कार्य है कच्चे माल को लाना, अन्नरसादि तैयार माल बनाना, अनुपयोगी अंश का विसर्जन करना इत्यादि।

कोशिकाओं के समूह को **ऊतक** कहते हैं। विभिन्न प्रकार के कार्य करने वाले सब ऊतक एकजुट होकर शरीर का एक ऐसा भाग बनाते हैं जो कि विशेष आकार तथा गुणों के कारण अन्य भागों से अलग पहचाना जा सके। उसे *अंग* कहते हैं। कई अंग जब परस्पर मिलकर एक प्रकार का कार्य करते हैं तो इसे **प्रणाली/तन्त्र/संस्थान** कहते हैं। हमारे इस मानव शरीर में मुख्य रूप से छः प्रणालियाँ मानी गई हैं। इनका संक्षिप्त परिचय इस प्रकार प्रस्तुत कर सकते हैं —

(क) — स्नायु प्रणाली

(ख) — ग्रन्थि प्रणाली

१. पतली, लचीली कोशिका झिल्ली
२. कोशिका द्रव्य
३. माइटोकॉण्ड्रिया
४. नाभकीय झिल्ली
५. नाभकीय द्रव्य
६. रिक्तिका
७. सेन्ट्रोसोम

कोशिका का रेखा चित्र

कोशिकाओं के भेद-

(१) माइट्रो कोंड्रिया (Mitrochondrion)
(२) नाभकीय झिल्ली (Nuclear Membrane)
(३) नाभकीय द्रव्य (Nucleoplasm)
(४) रिक्तिका (Vacuole)
(५) सैन्ट्रोसोम (Centrosome)

(ग) — श्वसन प्रणाली

(घ) — रक्त—संचार प्रणाली

(ङ) — पाचन प्रणाली

(च) — विसर्जन प्रणाली

क - स्नायु प्रणाली

हमारे शरीर की स्नायु प्रणाली को मस्तिष्क, रीढ़, मन और स्वयंचालित नाड़ी संस्थान के नाम से चार भागों में विभक्त कर समझा जा सकता है।

(क-१) मस्तिष्क – अखरोट के आकार वाला, लगभग १.४ किलोग्राम वजन वाला, सफेद एवं स्लेटी रंग के असंख्य (करीब एक करोड़) नाड़ी पेशियों अर्थात् ऊतकों से बना हुआ, खोपड़ी के अन्दर स्थित, अंग विशेष को **मस्तिष्क** कहते हैं। यह एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण अंग है क्योंकि यह सभी प्रणालियों के नियन्त्रण के साथ इन्द्रियों के द्वारा प्राप्त संदेशों को ग्रहण करके आकलन करना, स्मृति बनाना, आदेश देना, प्रतिक्रियाएँ आदि सकल व्यवहार का नियन्त्रण करता है। याद करना व भूलना इसकी सबसे बड़ी विशेषता है। हृदय और फेफड़ों की भाँति इसके क्रिया-कलाप दिन-रात चलते रहते हैं। सिर की आकृति या परिमाण द्वारा उसकी शक्ति-सामर्थ्य का निर्णय करना संभव नहीं। यद्यपि यह शरीर का पांचवां भाग है (१/५) तथापि हृदय से प्रवाहित कुल रक्त के पांचवें भाग से ज्यादा रक्त की आवश्यकता पड़ती है। यदि इसे दो सैकेण्ड से अधिक देर तक रक्त न मिले तो यह कार्य करना बन्द कर देगा। पांच मिनट रक्त न मिले तो इसकी मृत्यु हो जाती है।

मस्तिष्क के तीन प्रमुख भाग हैं – उच्च, मध्यम तथा निम्न अथवा अग्र,

मस्तिष्क में प्रमस्तिष्क (बृहद मस्तिष्क), लघु मस्तिष्क एवं मेरूरज्जु के स्थान।

मध्य और लघु। निम्न अथवा लघु मस्तिष्क के दो भाग हैं – दायां और बायां।

लघु मस्तिष्क का दायां भाग शरीर के बाएं भाग को तथा बायां भाग शरीर के दाहिने भाग को नियन्त्रित करता है। यह शरीर के स्वाभाविक कार्यों को नियन्त्रित करता है जैसे कि हृदय की गति, श्वास की दर एवं गहराई, शारीरिक ताप, अंगों का परस्पर सामंजस्य, इत्यादि जिन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत नहीं। उच्च और मध्यम अथवा अग्र और मध्य मिलकर बृहद् मस्तिष्क अथवा प्रमस्तिष्क कहा जाता है। **मध्यम मस्तिष्क** एक गूढ़-नियंत्रक पट्ट (sensitive switch board) के समान कार्य करता है। यह समस्त शरीर एवं इन्द्रियों से संदेश ग्रहण करता है, उन्हें क्रम से अलग करके, छांटकर मात्र आवश्यक संदेशों को उच्च मस्तिष्क को भेजता है। **उच्च मस्तिष्क** प्राप्त संदेशों को ग्रहण कर आवश्यकता के अनुसार कार्य करता है। इस प्रकार प्रमस्तिष्क अर्थात् बृहद मस्तिष्क हमें चेतना, भाव, विचार, उद्‌गार, चिन्तन एवं तर्क आदि द्वारा उचित निर्णय करने की क्षमता प्रदान करता है। अतः योगाभ्यास द्वारा मस्तिष्क को पूर्ण सजग रखने की प्रक्रिया जानकर प्रयोग करने से व्यक्तित्व का पूर्ण विकास किया जा सकता है।

मस्तिष्क की रचना दो प्रकार की नाड़ीय पेशी जालों से होती है। एक को भूरा पदार्थ तथा दूसरे को श्वेत पदार्थ कहते हैं। भूरा पदार्थ नाड़ी कोशाओं से और श्वेत पदार्थ नाड़ी तन्तुओं से बनता है। इन दोनों के योग से नाड़ी घटकों का गठन होता है। मस्तिष्क के भीतर जाने वाले एवं बाहर आने वाले नाड़ी तन्तुओं की कुल संख्या २० करोड़ है। कोशाओं को परस्पर जोड़ने वाले जोड़ों की संख्या कल्पना से परे है। अतः मस्तिष्क शरीर का सबसे महत्त्वपूर्ण अंग है। इसका सम्यक् संचालन एवं सन्तुलन एक योगाभ्यासी के लिए ही नहीं बल्कि प्राणीमात्र के लिए अत्यन्त आवश्यक है।

(क-२) रीढ़ - यह मेरुदण्ड में स्थित केन्द्रीय नाड़ी संस्थान अर्थात् मस्तिष्क का ही विस्तार है। इसकी लम्बाई १७ इंच अर्थात् लगभग ४५ से॰मी॰ होती है। मेरुदण्ड के शीर्ष प्रदेश की शिराऽस्थि से आरम्भ होकर कटिप्रदेश की द्वितीय कटिस्थ **कशेरुका** तक फैली हुई होती है। मेरुदण्ड में स्थित नाड़ियों को इस प्रकार माना गया है – संवेदनात्मक और ज्ञानात्मक। इनके माध्यम से मस्तिष्क पूरे शरीर पर नियन्त्रण रखता है।

रीढ़ में ३३ गोटियां हैं। इनके बीच में एक-एक गद्दी जैसी माँसपेशी रहती है जिससे झटके सहने की क्षमता बनी रहती है। यह तीन परत के कवच से सुरक्षित है। इसके मध्य में तरल पदार्थ संचारित होता है। इन गोटियों के ३६ जोड़ों से तंत्रिकाएं निकलती हैं। इनमें कुछ मस्तिष्क को सूचनाएं देती हैं तो कुछ आदेशवाहक होती हैं।

चिकित्सा विज्ञान में सुविधा के अनुसार एवं कार्यानुसार इन गोटियों को इस तरह विभाजित किया गया है ।

रीढ़ (Spine)

- सबसे ऊपर गर्दन की 7 गोटियाँ {सर्वाइकल (Cervical)}
- उससे नीचे पीठ में 12 गोटियाँ {थोरेसिक (Thoracic)}
- उससे नीचे कमर में 5 गोटियाँ {लम्बर (Lumber)}
- सबसे नीचे बस्ति गुहा में 2 गोटियाँ {सैक्रल और कोक्सिजिअल} (Sacral & Coccygel)
  (5 + 4) ये आपस में जुड़ी हुई हैं।

शरीर के विभिन्न भागों में रीढ़ की एक-एक गोटी की कार्य-क्षमता निम्नलिखित तालिका से सुस्पष्ट है। —

Cervical	C =	गर्दन की गोटियाँ	7	
Thoracic	T =	पीठ की गोटियाँ	12	
Lumber	L =	कमर की गोटियाँ	5	=26
Coccyx	O =	बस्ति प्रदेश की गोटियाँ		
Coccygel		5 तथा 4 मिलकर 1 + 1 = 2	2	

आसनों से आगे, पीछे, दायीं, बायीं, आधी दायीं और आधी बायीं, उसके विपरीत, कमान के समान आदि क्रियाएं शरीर में जब करते हैं तब उनका असर सीधे रीढ़ की गोटियां के बीच में स्थित गद्दियों तथा मूल स्नायुओं पर होता है। अतः कभी भी आसनों को झटके से अथवा हठपूर्वक (क्षमता से बाहर) नहीं करना चाहिए। रीढ़ को लचकदार एवं मजबूती प्रदान करने के लिए आसन किए जाते हैं इसलिए सही जानकारी के बिना नहीं करना चाहिए।

(क-३) मन — मस्तिष्क (बुद्धि-तत्त्व) एवं इन्द्रियों के बीच संदेश एवं आदेशवाहक के रूप में दोनों के सम्बन्ध जोड़ने वाले को मन कहते हैं। यह अत्यन्त चंचल होने से सब प्रकार के दुःख का कारण होता है। यह जितना स्थिर होगा उतना ही विवेकपूर्वक आवश्यक सूचनाओं को मात्र बुद्धि को देने लगेगा तो अवश्य शान्ति एवं सुख मिलेगा। लेकिन इसे शान्त करें कैसे? इसके लिए पहले मन की सामान्य जानकारी आवश्यक है। मस्तिष्क स्थूल है और शरीर भी स्थूल है। इन दोनों के बीच मन एवं इन्द्रियाँ सूक्ष्म हैं। अतः मन एवं इन्द्रियों की शल्य चिकित्सा असंभव है। विचारों का आदान-प्रदान तथा संकल्प-विकल्प जहाँ है वहीं मन और इन्द्रियाँ हैं। शरीर, बुद्धि एवं मन के बीच प्राण है, जो तीनों को प्रभावित करता है। अतः प्राण का संयम से अर्थात् प्राणायाम से मन को शान्त किया जा सकता है क्योंकि संवेदनाओं को अनुभव करके उनको शरीर के विभिन्न भागों में नाड़ियों के द्वारा भेजना इसका काम है, इसलिए मस्तिष्क, शरीरादि सो जाते हैं किन्तु मन नहीं।

योग के अनुसार मन के तीन भाग स्वीकार किए जाते हैं — चेतन, अचेतन और अवचेतन। इनकी थोड़ी-सी शक्ति को ही हम काम में लेते हैं। योगाभ्यास से चेतना का स्तर बढ़ाकर अधिक सजगता द्वारा अधिक शक्ति का उपयोग कर सकते हैं। मन इतना सूक्ष्म है कि इसे आज तक कोई नाप नहीं सका है। कुछ दार्शनिक इसे परमाणु

के समान मानते हैं। लगता है यह सूक्ष्म तरंगों से बना हुआ पदार्थ है। इसलिए छोटे-से-छोटे, बड़े-से-बड़े एवं इन्द्रियों से अदृश्य वस्तुओं को भी यह ग्रहण कर लेता है। शरीर के भीतर एवं बाहर भी जाने का सामर्थ्य रखता है। इच्छा, विचार और क्रिया – ये मन की तीन प्रक्रियाएं हैं। जाग्रत काल में बाह्य वस्तुओं में आसक्त रहता है तो स्वप्न काल में अपने आप ही संसार रच लेता है, किन्तु सुषुप्ति में इसका कोई अस्तित्व नहीं रहता है।

अब प्रश्न यह उठता है कि सुषुप्ति में प्राणादि का संचालन एवं नियन्त्रण कौन करता है। इसका जवाब है स्नायु प्रणाली का चौथा भाग –

(क-४) स्वयं-चालित नाड़ी-संस्थान – यह एक विशेष नाड़ी संस्थान है जो कि सदा चेतन रहता है इसलिए यह हमारे जीवन-संबंधी सकल कार्यों पर निगरानी रखता है और सदा ख़तरे से हमारी रक्षा करता है। ये क्रियाएं अधिकांशतः स्वयं-चालित होती हैं। एक क्षण के लिए भी किसी माध्यम से विचार भेजे बिना ही यह संस्थान हमारे लिए अपने आप कार्य कर देता है। यह किसी की अपेक्षा अथवा प्रतीक्षा नहीं करता। इस प्रणाली में अनुकम्पी एवं परानुकम्पी तंत्रिका नामक दो तन्त्र कार्य करते हैं और यह दोनों परस्पर विपरीत शक्तियां हैं।

स्वयं-चालित अनुकम्पी नाड़ी-संस्थान व्यक्ति के बाह्य वातावरण से संबंध जोड़ने वाले बाह्य अंगों एवं स्नायुओं को क्रियाशीलता प्रदान करते हुए शरीर को बाह्य क्रियाओं के लिए तैयार करता है। ठीक इसके विपरीत स्वयं-चालित परानुकम्पी नाड़ी-संस्थान शरीर में संचित शक्ति का उपयोग करते हुए शरीर के आन्तरिक अंगों एवं स्नायुओं को क्रियाशीलता प्रदान करता है।

इस प्रकार स्नायु प्रणाली की क्षमता को देख उसे असीम शक्ति वाला कहा जा सकता है। मनुष्य अपने जीवन में अपनी इस असीम शक्ति के मात्र एक अंश का ही उपयोग कर पाता है। योगाभ्यास के द्वारा मस्तिष्क की विभिन्न शक्तियों को कार्य करने के लिये उत्प्रेरित किया जाए तो कई नवीन नाड़ी वाहिनियाँ खुल जाती हैं, जिससे भौतिक तथा आध्यात्मिक दृष्टिकोण से मनुष्य अपना चहुँमुखी विकास पूर्णरूपेण कर सकता है। अतः योग को नाड़ी-शक्ति प्रदायक, उद्दीपक एवं वर्धक कह सकते हैं।

ख - ग्रन्थि प्रणाली

योगाभ्यासी को स्नायु प्रणाली की जानकारी के समान शरीर की दूसरी महत्त्वपूर्ण प्रणाली, ग्रन्थि प्रणाली, की भी जानकारी होनी चाहिए। क्योंकि जहाँ चक्रों की स्थिति है उसी के पास ग्रंथियाँ स्थित होने से इनका परस्पर प्रत्यक्ष सम्बन्ध है। शरीर के

अंग-विशेष को ग्रन्थि कहते हैं जो कि रस (रासायनिक द्रव) उत्पन्न करते हैं जिससे स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है। ये दो प्रकार की हैं – बहिःस्रावी अर्थात् वाहिनीयुक्त एवं अन्तःस्रावी अर्थात् वाहिनीरहित।

बहिःस्रावी ग्रन्थियाँ ऐसे स्राव निकालती हैं जो कि वाहिनियों की सहायता से शरीर के स्वास्थ्य के निर्माण में उपयोगी होते हैं। अन्तःस्रावी ग्रन्थियाँ जो स्राव निकालती हैं वह ग्रन्थि में आवागमन कर रहे खून में मिलकर शरीर के निर्माण एवं नियन्त्रण में उपयोगी होता है।

प्रथम प्रकरण (शरीर-शुद्धि प्रकरण) के प्रथम अध्याय (शारीरिक विज्ञान) के इस ग्रन्थि प्रणाली नामक द्वितीय खण्ड में हम प्रमुख अन्तःस्रावी ग्रन्थियों का परिचय देंगे, शेष आवश्यक कुछ अन्तःस्रावी एवं बहिःस्रावी ग्रन्थियों का परिचय पाचन प्रणाली नामक पञ्चम 'ङ' खण्ड में प्रस्तुत करेंगे।

अन्तःस्रावी ग्रन्थियाँ जिन स्रावों अर्थात् रसों (रासायनिक द्रवों) को उत्पन्न करती हैं; उन्हें हार्मोन कहते हैं। प्रत्येक ग्रन्थि के दो उपविभाग होते हैं – ऊपर के कोणीय आवरण को कॉर्टेक्स एवं शेष भाग को मेड्यूला कहते हैं। कॉर्टेक्स से शक्तिशाली रसों की उत्पत्ति होती है, जिन्हें स्टेराइड्स कहते हैं। अभी तक विभिन्न गुणों से सम्पन्न ३० से भी अधिक स्टेरॉइड्स का पता लगा है। समस्त शारीरिक एवं मानसिक कार्यों पर इनका गहरा प्रभाव पड़ता है। छः प्रमुख अन्तःस्रावी ग्रन्थियों का चक्रों के साथ सम्बन्ध इस प्रकार है –

पीयूष (पिच्यूटरी) और पीनियल आज्ञाचक्र से सम्बन्धित हैं,

चुल्लिका और उपचुल्लिका विशुद्धि चक्र से सम्बन्धित हैं तथा

थाईमस और अधिवृक्क अनाहत चक्र से सम्बन्धित हैं। इनकी उत्पति कोलेस्ट्राल (चर्बी का एक स्वरूप) नामक रासायनिक तत्त्व से होती है। सभी अन्तःस्रावी ग्रन्थियां दो-दो हैं। अतः एक दोषयुक्त या निष्क्रिय हो जाए तो भी दूसरी कार्य करती रहती है। परिणामतः शारीरिक आवश्यकताओं की आपूर्ति होती है। इन समस्त ग्रन्थियों का परस्पर सम्बन्ध है, कोई स्वतन्त्र नहीं, इसलिए एक में अव्यवस्था हुई तो इसकी प्रतिक्रिया अन्य सब पर होती है।

ख-१ – पीयूष (शीर्षस्थ अथवा पिच्यूटरी) ग्रन्थि

मस्तिष्क के आधार में खोपड़ी के अन्दर स्थित यह मटर के बराबर छोटी ग्रन्थि है। इसका वजन मात्र आधा ग्राम होता है। यद्यपि यह आकृति में छोटी है तथापि समस्त शारीरिक ग्रन्थियों की नियन्त्रक होने के कारण प्रधान एवं महत्त्वपूर्ण ग्रन्थि है। जब

शरीर रहस्य

शरीर की अंत:स्रावी एवं बहिस्रावी ग्रंथियाँ

चक्रों की जहाँ स्थिति है, उसी के पास ही ये ग्रंथियाँ स्थित हैं। जैसे–

१. आज्ञाचक्र के पास	पीनियल व पिच्युटरी ग्रन्थि
२. विशुद्धि चक्र के पास	थायराइड–पैराथायराइड ग्रन्थि
३. अनाहत चक्र के पास	थायमस ग्रंथि
४. मणिपुर चक्र के पास	एड्रीनल, लीवर, तिल्ली, पैनक्रियाज (अग्नाशय), गुर्दे।
५. स्वाधिष्ठान चक्र के पास	शुक्र ग्रंथि, डिम्बग्रन्थि।

दूसरी ग्रन्थियाँ काम करना बन्द करने लगती हैं तब यह सक्रिय हो जाती है। जब अन्य कम स्राव देती हैं तो यह अधिक देने लगती है। अतः यह ग्रन्थि अनेकों रसों का निर्माण करती है। सभी अन्तःस्रावी ग्रन्थियों से शक्तिशाली रसों की उत्पत्ति होती है। उन सबके निर्माण-कार्य में व्यवस्था बनाए रखना इस ग्रन्थि का काम है। इस ग्रन्थि के रसों में से कुछ का प्रत्यक्षतः शरीर पर प्रभाव पड़ता है परन्तु अधिकांश रसों का कार्य अन्य ग्रन्थियों पर नियन्त्रण करना है। कुछ प्रमुख रस इस प्रकार हैं —

(i) शरीर का विकास एवं रोग निरोधक शक्ति का विकासपूर्वक शरीर का पोषक रस (somatotrophic harmone — STH)। इसके अभाव में हल्का दोष भी मृत्युकारक होता है।

(ii) उपवृक्क ग्रन्थि का पोषक रस (adrenocortrophic harmone — ATH) इससे उपवृक्क क्रियाशील बना रहता है।

(iii) चुल्लिका ग्रन्थि का पोषक रस (thyrotrophin harmone — TTH)। यह चुल्लिका ग्रन्थि का उत्प्रेरक है।

(iv) रक्तचापनियन्त्रक रस (pituitrin harmone — PH)। यह शरीर के रक्तसंचार कार्य पर नियन्त्रण करता है।

(v) सर्वग्रन्थि प्रवर्त्तक रस (folliate stimulating harmone — FSH) यह शरीर की सभी छोटी-बड़ी ग्रन्थियों को क्रियाशील बनाए रखता है।

इस प्रकार यह ग्रन्थि संपूर्ण शरीर के सर्वांगीण विकास का कारण है। विशेषतः — कद का घटना-बढ़ना, गुर्दों की पुष्टि, वीर्य एवं रज की पुष्टि, स्तनों में दूध इत्यादि महत्त्वपूर्ण कार्य करती है। अतः इस ग्रन्थि को सक्रिय एवं पुष्ट करने के लिए सूर्य नमस्कार का दूसरा तथा ग्यारहवां आसन, प्रणामासन, शीर्षासन, सर्वांगासन एवं ध्यान का अभ्यास आवश्यक है।

ख-२ — पीनियल ग्रन्थि

इस ग्रन्थि को अभी तक वैज्ञानिक नहीं समझ पाए हैं। यद्यपि उसके अस्तित्व को स्वीकार करते हैं तथापि इसकी निश्चित क्रियाओं का पता नहीं लगा सके हैं।

योग के अनुसार यह स्थूल एवं सूक्ष्म शरीर के मध्य की कड़ी है। यह मस्तिष्क के मध्य भाग में पीयूष ग्रन्थि के ऊपर गुफा के आकार वाले छोटे-से छिद्र में स्थित है। इसे सर्वनियन्त्रक ग्रन्थि भी कहते हैं। इससे शरीर की वृद्धि एवं काम ग्रन्थि पर नियन्त्रण होता है। स्वयं-चालित नाड़ी-संस्थान की नियन्त्रक एवं प्रेरक है। मस्तिष्क

में होने वाली विकृतियों से बचाकर सन्तुलित करना इसका मुख्य कार्य है। इसके **पोषण एवं सम्यक्** कार्य करने हेतु सूर्य नमस्कार की पहली एवं बारहवीं स्थिति, शशांकासन, योगमुद्रा, उष्ट्रासन, शीर्षासन, सर्वांगासन, त्राटक एवं ध्यान का अभ्यास आवश्यक है।

ख-३ — चुल्लिका ग्रन्थि (थाईरॉइड)

स्वर-तन्त्र के समीप श्वास नली के ऊपरी छोर पर दोनों ओर तितली के समान आकार वाली यह छोटी—सी ग्रन्थि है। यह आयोडीन नामक मौलिक पदार्थ को ग्रहण करती है और थैराक्सिन (Thyroxin) नामक शक्तिशाली रस को उत्पन्न करती है, जो कि शरीर की मूल घटक कोशिकाओं के ऊपर साक्षात् प्रभाव व्यावहारिक रूप से डालती है। शरीर के उपचय एवं अपचय पर नियन्त्रण कर यौवन को बरकरार रखती है। इस ग्रन्थि के मुख्य कार्य हड्डियों के विकास कार्य को प्रेरित करना, नाड़ी-संस्थान की संवेदनशीलता में वृद्धि, शरीर के कुछ अंगों पर सक्रिय रूप से एवं कुछ पर निष्क्रिय रूप से प्रभाव डालना, पाचन प्रणाली पर प्रभाव डालना, ऊर्जा के उत्पादन एवं संचार में सहायता करना, नाड़ियों तथा मस्तिष्क के ऊतकों का निर्माण करना इत्यादि हैं। इसकी संतुलित कार्यक्षमता बनाए रखने के लिए सूर्य नमस्कार की पाँचवीं तथा आठवीं स्थिति, भुजंगासन, मत्स्यासन, सर्वांगासन, चक्रासन इत्यादि का अभ्यास आवश्यक है।

ख-४ — उपचुल्लिका ग्रन्थि (पैराथाईरॉइड)

ये बहुत छोटी ग्रन्थियाँ हैं। ये स्वर-तन्त्र के समीप वायु नलिका के दोनों तरफ स्थित हैं। ये पूर्णतः चुल्लिका ग्रन्थियों के भीतर अर्थात् उनसे ढकी होती हैं। रचना एवं कार्य में ये उनसे भिन्न हैं। ये अस्थि के विकास कार्य को प्रेरित करती हैं तथा शरीर में कैल्शियम तथा फॉस्फोरस के वितरण कार्य एवं मात्रा को नियन्त्रित करती हैं। पेशियों एवं स्नायुओं को सक्रिय बनाए रखने में इनका बड़ा हाथ है। इन ग्रन्थियों को संतुलित एवं कार्यशील बनाए रखने के लिए सूर्य नमस्कार की तीसरी, चौथी, नौवीं और दसवीं स्थिति लाभदायक है और हलासन, सर्वांगासन, जालन्धर-बन्ध आदि उपयोगी हैं।

ख-५ — थाईमस ग्रन्थि

इसकी स्थिति हृदय के ऊपर, छाती के बीच में, छाती की हड्डी और गर्दन के मिलने के स्थान के पीछे है। इसमें दो पिण्ड होते हैं। यह शिशुओं में बड़ी होती है। यह स्पष्ट नहीं कि इसे अन्तःस्रावी क्यों मानते हैं। यह शारीरिक विकास कार्य का नियन्त्रण करती है और रोगों से बचाती है। व्यक्ति के बड़े होने के साथ-साथ क्रमशः इसकी

आकृति छोटी होती जाती है। १४ वर्ष तक यह काम-ग्रन्थियों को सक्रिय होने नहीं देती। यह मस्तिष्क के उचित विकास में सहायक है। यह लसिका कोशिकाओं का निर्माण तथा विजातीय द्रव्यों को बाहर करने में सहयोग देती है। सूर्य नमस्कार की छठी स्थिति, शलभासन, उष्ट्रासन उज्जयी प्राणायाम इत्यादि इसको सक्रिय बनाए रखने में लाभदायक हैं।

ख-६ — अधिवृक्क ग्रन्थि (एड्रिनल)

दो छोटी त्रिभुजाकार ग्रन्थियां गुर्दे के ऊपर तथा डायफ्राम से लगी हुई होती हैं। यह सबसे अधिक स्राव छोड़ती हैं। इनका स्राव जीवन रक्षा के लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इसके बिना जीवन संभव नहीं। इसका कॉर्टिसोन नामक हार्मोन सौ से अधिक बीमारियों को ठीक करता है। जैसे कि गठिया से लेकर रक्तविकार तक, कैंसर से लेकर दमा तक को ठीक करने में सहयोगी है। चयापचय (मेटाबोलिज्म) को बढ़ाती है। त्वचा एवं आन्तरिक अंगों की धमनियों को संकुचित करती है। पेशियों तथा हृदय की धमनियों को विकसित करती है। आपातकालीन अवस्था में शरीर को सचेत करके सुरक्षा शक्ति को जाग्रत कर परिस्थिति से निबटने के लिए तैयार करती है। भावों में परिवर्तन लाने में सहयोगी है। इस ग्रन्थि को स्वस्थ एवं क्रियाशील बनाने में सूर्य नमस्कार की सातवीं स्थिति, जानु-शीर्षासन, पश्चिमोत्तानासन, मयूरासन, धनुरासन, सूर्यभेदी और कपालभाती प्राणायाम, अग्निसार क्रिया इत्यादि उपयोगी हैं।

ग — श्वसन प्रणाली

भोजन, पानी और वायु के बिना पृथ्वी के सजीव प्राणियों का उत्तरोत्तर क्रमशः बहुत कम समय तक जीवन चलता है। अतः वायु अर्थात् प्राण जीवन का आधार है। श्वास-प्रश्वास अर्थात् वायु को शरीर के अन्दर लेने और छोड़ने की प्रक्रिया द्वारा जन्म से लेकर मरणपर्यन्त हम सब ग्रहण करते हैं। वायु के सभी अंगों में से "ओषजन" (oxygen) को श्वसन प्रक्रिया के द्वारा प्राप्त कर कोशिकाएं जीवित रहती हैं तथा प्रश्वसन प्रक्रिया से कार्बन-द्वि-ओषिद (Carbon-di-oxide) को बाहर निकालती है। बाह्य वायु की ओषजन का पूर्ण उपयोग धमनियों एवं कोशिकाओं द्वारा होता है। अतः इस क्रिया को ओषदीकरण अथवा जीवन-ज्वाला कहते हैं। इसलिए वायु को नियमित रूप से भीतर खींचने एवं बाहर भेजने के लिए विशेष-संयंत्र रचना आवश्यक है, उसे श्वसन प्रणाली कहते हैं। इस प्रणाली में छः अंग हैं —

१ — नासिका

२ — ग्रसनी
३ — स्वर—यंत्र } फेफड़ों तक जाते हैं।

४ — श्वास नली } फेफड़ों में होते हैं।

५ — श्वास नलिकायें

६ — फेफड़े — (क) ब्रोकिओल्स
(ख) एल्विओलरस

श्वसन प्रणाली

नासिका गुहा Nasal cavity
ग्रसनी Naso-pharynx
तालु Palate
ओरोग्रसनी Oro-pharynx
जिह्वा Tongue
Hyoid bone
स्वर यंत्र Larynx
श्वास नाल Trachea
फेफड़े Lungs
श्वास नलिकाएँ Bronchi
फुफ्फुसावरण Pleura
हृदय स्थल Heart space
डायफ्रॉम Diaphragm

वायु अधिकतर शुष्क, शीतल एवं धूल, धुआं, कीटाणु आदि से युक्त होती है। अतः फेफड़ों में पहुँचने से पूर्व इसे नम या गरम तथा शुद्ध करना आवश्यक है। इसके लिए शरीर में एक नियमबद्ध वायु-शुद्धिकरण प्रणाली है।

ग-१ — सर्वप्रथम वायु का प्रवेशद्वार **नासिका** है। इसमें छोटे—छोटे केश हैं जिनका रुख बाहर की ओर है। ये वायु को छानकर धूल कणों को भीतर जाने से रोकते हैं। नासिका में एक हड्डी है जिस पर एक मोटे स्पंज के समान नरम लचीली श्लेष्मिक मांसमयी झिल्ली का आवरण है, जिसमें रक्त-संचार की मात्रा अत्यधिक है। यह वायु को नमी अथवा गरमी प्रदान करके शरीर के योग्य तापमान प्रदान करती है।

कुछ शुद्धि से युक्त वायु आगे बढ़कर ग्रसनी द्वारा स्वर-यंत्र, श्वासनाल एवं श्वास-नलिकाओं को पार करते हुए फेफड़ों में प्रवेश करती है। इस मार्ग में श्लेष्मिक

झिल्ली तथा केश के समान रचना होती है जिसे **सिलिया** कहते हैं। इसके अलावा अनेक श्लेष्मिक ग्रन्थियाँ होती हैं जिनसे पतली एवं चिकनी श्लेष्मा तैयार होती है। उनमें सूक्ष्म धूलकण, धुआं एवं कीटाणु चिपक जाते हैं। ये सिलिया प्रति सैकेण्ड १३ से १४ बार आगे एवं पीछे की ओर गति करते हैं। इस क्रिया से श्लेष्मा गले में पहुंचती है और व्यक्ति उसे निगलकर जठर में भेजता है। वहाँ उपस्थित हाईड्रोक्लोरिक एसिड एवं अन्य पाचक रसों के कारण समस्त कीटाणु मर जाते हैं तथा अनावश्यक पदार्थ विसर्जन प्रणाली से बाहर हो जाते हैं।

ग-२ — नाक या मुँह से होकर टाँसिल के पीछे से निकलते हुए वायु के जाने की नली को **ग्रसनी** कहते हैं। यह करीब 5 सेमी० लंबी है।

ग-३ — इसके अन्त में **स्वर-यन्त्र** है जो कि छोटे बक्से के समान है और आवाज पैदा करने वाला है।

ग-४ — इससे वायु गुजरकर **श्वासनाल** में जाती है जो कि 12 सेमी० लम्बी है। इसके ऊपरी छोर पर एक ढकनी है जो अन्ननाल और श्वासनाल दोनों को क्रम से बंद करती है। यह आगे जाकर वक्ष गुहर के ऊपरी भाग में पहुंचकर हृदय के पास दो शाखाओं में विभक्त हो जाती है।

ग-५ — एक शाखा दाहिने फेफड़े को और दूसरी बायें फेफड़े को जाती है, इन्हें **श्वासनलिका** अथवा **श्वासवाहिनी** कहते हैं। इनकी फिर अनेकों शाखाएं एवं उपशाखाएं हो जाती हैं, जिन्हें **वायु-वाहिनियां** कहते हैं। इन वाहिनियों से वायु सूक्ष्म नलिकाओं से निर्मित **वायु-कोशों** में प्रवेश करती है। वायु-कोशों की आकृति मधुमक्खी के छत्ते की भाँति होती है। प्रत्येक वायु-कोश **केशवाहिनियों** से ढका होता है जो कि इस शरीर में स्थित सबसे छोटी रक्त नलिकाएं हैं। इनके माध्यम से ही ओषजन रक्त-संस्थान की रक्त कोशाओं में पहुंचती है। साथ-साथ जहरीली गैसें प्रश्वास द्वारा फेफड़ों से बाहर निकल-कर शरीर के बाहर हो जाती हैं।

ग-६ — **फेफड़े** साधारणतः तीन लीटर वायु रखने में समर्थ होते हैं जबकि हम एक मिनट में १५ श्वास लेते हैं और प्रत्येक श्वास में लगभग आधा लीटर वायु ग्रहण करते हैं। फेफड़ों को फुफ्फुस भी कहते हैं। फेफड़ों की आकृति **वक्षस्थल** की भाँति होती है जो कि शंखाकार अर्थात् नीचे चौड़ी एवं ऊपर संकरी होती है। वक्षस्थल का आरम्भ **श्वासपटल** से होता है, जो गुम्बज की आकृति की स्नायविक रचना है। दोनों फेफड़े हृदय द्वारा अलग किए जाते हैं। प्रत्येक फेफड़ा अपना कार्य करने में स्वतंत्र है। दाहिना फेफड़ा तीन भागों में विभक्त है जबकि बायां फेफड़ा दो भागों में विभक्त है। दोनों फेफड़ों की आन्तरिक सतह पर नरम तथा चिकनी झिल्ली का आवरण होता है, जिसे **फुफ्फुसावरण** कहते हैं। इसी के कारण फेफड़ों के विस्तार तथा हृदय और

श्वसन प्रणाली

महाधमनी
अप्रमहाशिरा
दाएँ फेफड़े की ओर
दाएँ फेफड़े से
दायां अलिंद
दायां निलय
दायां महाशिरा
बाईं फुफ्फुस धमनी
बाएं फेफड़े की ओर
बाएं फेफड़े से
फुफ्फुस शिरा
बायां अलिंद
बायां निलय

उसके संकुचन की क्रिया होती है। **पसलियों के पिंजरे** या **हृदय गुहा** एवं उदर के अधिकतम आकुंचन से दीर्घ प्रश्वास क्रिया की जाती है। इससे अतिरिक्त मात्रा में वायु का निकास होता है जिसे **रेचक** कहते हैं। दीर्घ श्वास लेकर हृदय गुहा और उदर के अधिकतम विकास से वायु भरने को **पूरक** कहते हैं। इस रेचक-पूरक क्रियाओं को श्वसन-क्रिया कहा जाता है। इसे दो विधियों से किया जाता है — प्रथम केवल पसलियों का बाहर व ऊपर की ओर विस्तार और दूसरे उदर की ऊपरी दीवार का बाहर की ओर विकास द्वारा। इन दोनों विधियों में हृदय गुहा का विस्तार होता है।

इस तरह हम श्वसन-प्रश्वसन प्रक्रिया से ओषजन प्राप्त कर तथा कार्बन-दि-ओषद को बाहर फेंककर जीवित रहते हैं। इस प्रक्रिया एवं प्रणाली को स्वकार्यक्षम तथा संतुलित रखने के लिए प्राणायाम के निरन्तर अभ्यास की आवश्यकता है।

घ - रक्त-संचार प्रणाली

यद्यपि जीवन का आधार प्राण है तथापि हृदय की गति अर्थात धड़कन रुक जाए, बाहर की वायु बाहर ही रह जाए और भीतर की भीतर तो उस प्राणी को मृत घोषित किया जाता है। अतः शरीर की समस्त क्रियाओं में धड़कन-क्रिया प्रमुख है। इस धड़कन-क्रिया व श्वसन-क्रिया के सहयोग से रक्त-संचार का कार्य होता है। इसके प्रमुख अंग हैं — हृदय, फेफड़े, महाधमनी, धमनियां, शिराएं और कोशिकाएं।

घ-१ — **हृदय** दोनों फेफड़ों के मध्य में बायीं ओर स्थित है। यह प्रतिदिन पूरे शरीर में रक्त-नलिकाओं के माध्यम से रक्त को करीब २ लाख धड़कनों से

रक्त-संचार प्रणाली (Circulatory System)

महाधमनी
ऊर्ध्व शिरा
हृदय
अधः शिरा
छोटी आँत की धमनी
यकृत धमनी
मूत्रपिंड की धमनी
जटर की धमनी
भुजा धमनी
बड़ी आँत की धमनी
जाँघ की धमनी
पैर की धमनी

प्रवाहित करता है। यह एक अत्यन्त विलक्षण सूक्ष्म स्नायविक पिचकारी है जो जन्म से मरण-पर्यन्त निरन्तर धड़कन क्रिया करती रहती है। इसकी स्नायविक दीवारों पर स्थित रेशों पर उसकी क्षमता निर्भर होती है। आन्तरिक रूप से हृदय के चार भाग होते हैं।

घ-२ — रक्त फेफड़ों से आता है जिसका विभाजन समस्त शरीर में हृदय द्वारा इस प्रकार किया जाता है — रक्त का प्रवेश **बाएं ग्राहककोष्ठ** में होता है। यहाँ से वह **बाएं क्षेपक कोष्ठ** में पहुँचता है। इसी पर रक्त प्रवाह निर्भर है। बाएं क्षेपक कोष्ठ के संकुचन से जब मध्यवर्ती पर्दा बन्द होता है तब बाएं ग्राहक एवं क्षेपक कोष्ठों के बीच सम्पर्क स्थापित होता है।

घ-३ — उसी समय महाधमनी का द्वार खुल जाता है और इस **महाधमनी** द्वारा शरीर की अन्य धमनियों में रक्त पहुंच जाता है।

घ-४ — **धमनियां** हृदय से कोशिकाओं तक रक्त पहुंचाने वाली सबसे बड़ी रक्त-नलिका को कहते हैं। शरीर के अन्य स्नायुओं की तुलना में इसकी कार्यक्षमता अधिक लम्बी अवधि तक बनी रहती है। शरीर की सभी धमनियां उक्त महाधमनी की ही शाखाएं हैं। प्रमुख शाखाओं में मुख्य धमनियां इस प्रकार हैं — हृद्य धमनी, यकृत धमनी, जठर धमनी, छोटी आंत की धमनी, बड़ी आंत की धमनी, मूत्रपिंड की धमनी, भुजा धमनी, जांघ धमनी इत्यादि। **दाहिने ग्राहक एवं क्षेपक कोष्ठ** में ओषजन रहित गन्दे खून का प्रवाह होता है। अर्थात् शरीर की कोशाओं में ओषजन को जमाकर रक्त वापस हृदय के दाहिने भाग में पहुंचता है। यहां से फेफड़ों में जाकर श्वसनप्रणाली-खण्ड में उक्त प्रक्रिया से वायु के दूषित तत्त्वों के निष्कासन के साथ रक्त में विद्यमान दोषों को भी दूर किया जाता है।

घ-५ — जिस प्रकार शुद्ध रक्त प्रवाहिका **धमनियां** हैं, उसी प्रकार अशुद्ध रक्त को प्रवाह करने वाली नलियों को **शिरा** कहते हैं।

घ-६ — **कोशिकाएं** सूक्ष्म होती हैं। ये ऊतकों के भीतर व्याप्त होकर शरीर की कोशिकाओं को शुद्ध रक्त प्रदान करती हैं। रक्त में विद्यमान लाल कणिकाएं दो काम करती हैं — हृदय से कोशिकाओं तक आते वक्त ओषजन वहन कर ले जाती हैं और जब लौटती हैं तब वे कोशिकाओं में निकास के योग्य कार्बन-द्वि-ओषद आदि को ले आती हैं। अतः रक्त संचार का उक्त पूर्ण कार्य दो तन्त्रों में विभक्त होकर संपन्न होता है। प्रथम फेफड़ों में रक्त संचारण अर्थात् हृदय से फेफड़ों तक और फेफड़ों से हृदय तक। दूसरा सर्वांगीण रक्त-संचार — अर्थात् धमनियों एवं शिराओं के द्वारा पूरे शरीर में रक्त का आवागमन। संपूर्ण रक्त-संचार क्रिया आधारभूत हृदय-गति की दर विशेष पेशीजालों से बनी एक छोटी रचना द्वारा नियन्त्रित रहती है। इस संयंत्र

से प्रसारित संदेश से संपूर्ण स्नायविक तंतुओं के द्वारा समस्त शरीर एवं शरीर के अंग विशेषों की आवश्यकताओं पर शासन किया जाता है।

इस रक्त-संचार प्रक्रिया के निरन्तर चलते रहने के कारण धमनियों एवं नाड़ियों में तनाव बना रहता है जिसका निवारण प्राणायाम एवं शिथिलीकरण प्रक्रियाओं से किया जाता है।

ङ — पाचन प्रणाली

उक्त चारों प्रणाली का स्वास्थ्य एवं शक्तिशालिता पाचन प्रणाली पर निर्भर है। प्रत्यक्ष रूप से स्थूल पदार्थों एवं तरल पदार्थों का जो हम लोग भोजन करते हैं वह तुरन्त मांसादि रूप में परिवर्तित नहीं होता। एक विशेष प्रक्रिया द्वारा यह कई पदार्थों में परिवर्तित होता है, जिनका शोषण रक्त प्रवाह से होकर संपूर्ण शरीर में वितरण होता है। इस प्रक्रिया को **पाचन** कहते हैं। इसके लिए प्रयुक्त आहारनाल जो कि मुख से गुदा तक कुल नौ मीटर लम्बा है उसी को ही पाचन प्रणाली अथवा पाचन-संस्थान कहते हैं। इसके प्रमुख अंग इस प्रकार हैं — मुख, लारीय ग्रन्थियां, ग्रसनी, ग्रासनाल, आमाशय, पक्वाशय, यकृत, अग्नाशय, पित्ताशय, छोटी आंत, अंधान्त्र, उपान्त्र, बड़ी आंत, मलाशय और मलद्वार।

मुँह में भोजन के पहुंचते ही पाचन आरम्भ होता है। पाचन की प्रथम क्रिया है चबाना अर्थात् अन्न के छोटे-छोटे टुकडे बनाना। इसी समय मुँह में विद्यमान १२ छोटी-छोटी ग्रन्थियाँ अपने स्राव को छोड़कर अन्न में मिलती हैं। वे हैं — ६ **लारोत्पादक ग्रन्थियाँ** (salivary), २ कान के नीचे व आगे **पैरोटिड**, २ जबड़े के नीचे **सबमैन्डीब्यूलर** और २ जीभ के नीचे **सबलिंगवल**। यह सब टायलिन नामक विशेष पाचक रस का स्राव करती हैं। अब चूर्णित अन्न लार रसों के साथ **ग्रसनी** में जीभ द्वारा धकेला जाता है। तत्पश्चात् **ग्रासनली** से अन्नपिण्ड आमाशय में पहुंचता है। **आमाशय** को ही जठर भी कहते हैं जो कि एक लम्बी व पोली स्नायविक थैली है जिसमें उचित मात्रा में अन्न धारण करने की शक्ति है। यह एक साधारण अवरोधक (ढकनी) द्वारा ढका रहता है। इसमें जठर रस (गैस्टिक रस) नामक पाचक रस द्वारा अन्न को मथ दिया जाता है। जठर रसों में पेप्सिन, हाइड्रोक्लोरिक अम्ल तथा रेगिन प्रमुख हैं। इनमें से प्रथम दो जीवन-सत्त्व को विभाजित करते हैं और अन्त वाला तरल पदार्थों को ठोस रूप देता है जैसे दूध को दही का रूप देना।

जल एवं कुछ अन्य तरल पदार्थ ऐसे हैं जो कि आमाशय में कुछ क्षण मात्र रहकर सीधे **पक्वाशय** (छोटी आंत का प्रथम भाग) में पहुंच जाते हैं। जठर में रहे ठोस पदार्थ को रस स्वरूप में परिवर्तित कर पक्वाशय में पहुंचाने के लिए सबसे शक्तिशाली क्रिया

आहार–नाल Alimentary Canel
मुख Mouth
लार ग्रंथियाँ Salivary glands
सवमैडिवूलर Submandibular
यकृत Liver
पित्ताशय Gall bladder
पक्वाशय Duodenum
दायाँ मोड़
Right colic flexure
आरोही बड़ी आँत
Ascending colon
इलियम Ileum
Ileo-colic valve
सीकम Caecum
कृमि–आकार का अपेण्डिक्स
Vermiform appendix
पैरोटिड लार ग्रंथि
Parotidsalivery gland
ग्रसनी Pharynx
ग्रास नली Oesophagus
आमाशय Stomach
उदर से आँतों में
जाने का मार्ग Pylorus
अग्नाशय Pancreas
बड़ी आँत का बायाँ मोड़
Left colic flexure
आड़ी बड़ी आँत
Transverse colon
जेज्यूनम Jejunum
अवरोही बड़ी आँत
Descending colon
सिग्मोइड बड़ी आँत
Sigmoid colon
मलाशय Rectum

पाचन तंत्र का आरेखी चित्रण

(1) लार ग्रन्थियाँ (Salivary glands)
(2) ग्रसनी (Pharynx)
(3) ग्रास नली (Oesophagus)
(4) आमाशय (Stomach)
(5) पक्वाशय (Duodenum)
(6) यकृत (Liver)
(7) अग्नाशय (Pancreas)
(8) पित्ताशय (Gall Bladder)
(9) छोटी आँत (Small Intestine)
(10) अंधान्त्र (Caecum)
(11) उपान्त्र (Appendix)
(12) बड़ी आँत (Large Intestine)
(13) मलाशय (Ractum)
(14) मलद्वार (Anus)

पाचक रस छोड़ने वाली ग्रंथियाँ –

6 मुँह में – सैलीवरी ग्रंथियाँ (Salivary Glands)
2 कान के नीचे व आगे – पैरोटिड (Parotid Glands)
2 जबड़े के नीचे – सबमैडिव्यूलर (Submandibular)
2 जीभ के नीचे – सबलिंगवल (Sublingval)

पक्वाशय के प्रवेश द्वार के समीप होती है। यहाँ आकुंचन लहरियों से पाचन क्रिया अविरल होती रहती है और समय-समय पर द्वार खुलकर द्रव रूप में परिवर्तित अन्न पक्वाशय में पहुँचता है। पक्वाशय में **क्लोम (अग्नाशय)**, **यकृत** और **आंत्र**-ग्रन्थियों से स्रावित क्लोम रस अथवा अग्नाशयी रस (Pancreatic), पित्त रस, (bile juice) और आन्त्र रस का पक्वाशय में प्रविष्ट द्रव पदार्थों के साथ मिश्रण होता है। इनमें से सबसे महत्त्वपूर्ण एवं शक्तिशाली रस है क्लोम रस। यकृत से स्रावित पित्त पहले **पित्ताशय** में संगृहीत होता है जहाँ उसकी शक्ति में वृद्धि की जाती है। उसके पश्चात् वह पुष्ट पित्त पक्वाशय में प्रवेश करता है। कुल मिलाकर **छोटी आंत** की पूरी लम्बाई २० फुट है। इसकी दीवारों पर बहुत छोटी ग्रन्थियां हैं जो विभिन्न प्रकार के रसों को स्रावित करती हैं। इससे पाचन क्रिया सुगम होती है। छोटी आंत की भीतरी सतह मखमल जैसी है जिसमें सूक्ष्म कक्ष बने हैं, जो कि बाहर निकली हुई शाखाएं हैं। इनमें स्थित रक्त-नलिकाओं में प्रवाहित रक्त छोटी आंत में पचे हुए भोजन को सरलतापूर्वक अन्धान्त्र एवं उपान्त्र द्वारा शोषित कर पूरे शरीर में वितरण करता है। छोटी आंत के अन्त में एक विशेष द्वार है जहाँ से बिना पचा तथा अशोषित शेष त्याज्य पदार्थ धीरे-धीरे बड़ी आंत में जाता है।

बड़ी आंत की लम्बाई पांच फुट है। इसमें यथासंभव अन्न का पुनर्शोषण होता है। उसके बाद जो त्याज्य पदार्थ होता है बह गुर्दे की ओर जाता है और **मलाशय** में संगृहीत होता है। अन्ततः **मलद्वार** से निष्कासित होता है।

भोजन की इस लम्बी यात्रा को सुचारु रूप से चलाए रखने के लिए षट्कर्म, आसन, प्राणायामादि का अभ्यास अत्यन्त आवश्यक है। यह प्रणाली स्वस्थ है तो पूरा शरीर स्वस्थ रहेगा।

भोजन की संपूर्ण क्रिया लगभग १७-१८ घंटों में पूरी होती है। उस दौरान भोजन का निम्न चार भागों में मुख्य रूप से विभाजन कर शरीर में वितरण किया जाता है। वे हैं — कार्बोज एवं चर्बी, जीवन सत्त्व, खनिज लवण और विटामिन।

च - विसर्जन प्रणाली

शरीर के पोषण में पाचन प्रणाली जितनी महत्त्वपूर्ण है उससे भी अधिक विसर्जन प्रणाली महत्त्वपूर्ण है। भोजन को पचाने के लिए जो विभिन्न प्रकार के अम्लादि मिलते हैं उनका अपना कार्य भोजन को पचाने के बाद उनका बाहर निकलना अति आवश्यक है, अन्यथा वे शरीर के लिए नाशक होंगे। निकास का यह महान् कार्य गुर्दों से होता है।

च-१ — गुर्दे डायफ्रॉम के नीचे कटिरेखा के ठीक ऊपर व पीछे की ओर शरीर

विसर्जन प्रणाली

बायाँ Left
गुर्दे Kidney
दायाँ Right
गुर्दे Kidney
अधर महाशिरा Aorta
Inferior vena cava
मूत्रवाहिनी Ureters
मूत्राशय Bladder

*की मध्य रेखा के दोनों ओर होते हैं। दिन भर में दो बार शरीर के पूरे रक्त को ये छानते हैं। ये केवल रक्त में विद्यमान मल – यूरिक एसिड के रूप में यूरिया इत्यादि को पेशाब के रास्ते से बाहर निकालते हैं और रक्त में विद्यमान पोषक पदार्थ जैसे प्रोटीन, विटामिन, एमिनो एसिड, लाल कण, ग्लूकोज एवं हार्मोन्स को वापस रक्त के साथ शरीर को लौटाते हैं। गुर्दे रक्त को न ज्यादा अम्लीय न ज्यादा क्षारीय होने देते हैं। लाल कणों के निर्माण में सहयोग देना तथा पानी की मात्रा का सन्तुलन बनाए रखना इनका अतिरिक्त कार्य है। अपने कार्य को करने में गुर्दे **मूत्रवाहिनी**, **मूत्राशय** एवं **मूत्रमार्ग** (लिंग व योनि) का सहयोग लेते हैं।*

च-२ — पौरुष ग्रन्थि (prostate glands) *मूत्राशय के नीचे है जिसके बीच से मूत्रमार्ग निकलता है। यह ग्रन्थि ऊतक एवं अनैच्छिक पेशियों से निर्मित है। इसका स्राव शुक्राणुओं के लिए चिकनाई पैदा करता है। यह एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थि है। इसके असंतुलन से शरीर धीरे-धीरे कमजोर एवं नपुंसक होने लगता है।*

च-३ — सेमिनल ग्रन्थि *— यह मूत्राशय के पीछे दो थैली जैसी आकृति में है*

जिसे अण्डकोश कहते हैं। इसके स्राव को वीर्य कहते हैं जो पुष्ट शरीर ही नही बल्कि मुक्ति का साधन है।

इनके अतिरिक्त मल के निकलने के अनेकों द्वार हैं जैसे त्वचा, मुख, नाक, आँख, कान द्वारा विभिन्न प्रकार के मल निकलते हैं।

योगाभ्यास द्वारा सभी मलद्वारों को तीव्र किया जाता है जिससे शरीर में थोड़ा भी मल रुक न सके। किन्तु पौरुष एवं सेमिनल ग्रन्थियों के स्राव की रक्षा कर उनको तेज एवं ओज के रूप में परिणत कर कुण्डलिनी जागरण में प्रयोग किया जाता है।

अध्याय २

शोधन विज्ञान

प्रस्तावना

इस अध्याय में स्थूल शरीर के शुद्धिकरण अर्थात् शोधन क्रियाओं पर प्रकाश डालेंगे। महर्षि पतञ्जलि के अनुसार अष्टांग योग के दूसरे अंग **'नियम'** का प्रथम उपांग है **"शौच"**। शौच के अन्तर्गत अन्तःशौच एवं बाह्यशौच की चर्चा हम संक्षेप में कर चुके हैं। परन्तु उन दोनों में से अन्तःशौच से पहले बाह्यशौच आवश्यक है। यद्यपि बाह्यशौच के अन्तर्गत स्नानादि तो प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन करता है तथापि इस स्थूल शरीर की विभिन्न प्रणालियों का शोधन करने के लिए आसन, प्राणायाम के अतिरिक्त **"षट्कर्म"** अति आवश्यक है। कफ एवं पित्त के संतुलन द्वारा देह-शुद्धि, स्वास्थ्य-वृद्धि एवं रोग-निवृत्ति "षट्कर्म" का मुख्य फल है। *हठयोग प्रदीपिका* के अनुसार वे षट्कर्म हैं —

> धौतिर्बस्तिस्तथा नेतिस्त्राटकं नौलिकं तथा।
> कपालभातिश्चैतानि षट् कर्माणि प्रचक्षते ।।
> (२२)

अर्थात् नेति, धौति, नौलि, बस्ति (यौगिक एनिमा), कपालभाति और त्राटक।

हठ शब्द 'हं' सूर्यबीज और 'ठं' चन्द्रबीज से उत्पन्न है। ये सृष्टि के धनात्मक एवं ऋणात्मक दो धाराओं के प्रतीक हैं जिनका इस शरीर में मानसिक शक्ति प्रधान इड़ा नाड़ी एवं प्राणशक्ति प्रधान पिंगला नाड़ी, क्रमशः बाईं और दाहिनी नासिका छिद्र में प्रवाहित प्राणवायु से लक्षित है। इन दोनों में संतुलन लाना ही हठयोग है। इस संतुलन के परिणामस्वरूप प्राण का प्रवाह सुषुम्ना नाड़ी में होने लगता है। यहीं से मानव-चेतना का विकास आरम्भ होता है। योग की समस्त शाखाओं का उद्देश्य यही है।

इस अध्याय में षट्कर्मों को क्रम से छः खण्डों में विचार करेंगे। (क) नेति, (ख) धौति, (ग) नौलि, (घ) बस्ति, (ङ) कपालभाति और (च) त्राटक।

नेति

नेति नासिका प्रदेश के शुद्धिकरण की विधि है। इसे अनेक प्रकार से किया जाता है। जैसे जलनेति, सूत्रनेति, रबरनेति, तेल/घृतनेति, दूधनेति, अमरोलिनेति इत्यादि।

(१) सूत्रनेति

तैयारी — सूत्र का अर्थ है सूत, डोरी या धागा। परम्परा यह है कि आधे हाथ लम्बे एक सूती धागे को मोम से कड़ा करके प्रयोग किया जाता है। किन्तु आजकल बनी-बनाई विशेषरूप से तैयार की गई डोरी अथवा रबर की पतली नलिका (कैथेटर) जो कि बाजार में उपलब्ध है, का प्रयोग किया जाता है।

विधि — सूत्रनेति को पहले शुद्ध जल में भिगोकर रखें व अच्छी तरह धो लें। उकड़ूं बैठ जाएं। सूत्रनेति के पतले छोर को दाहिने हाथ के अंगूठे एवं तर्जनी अंगुली से पकड़ें। अब जिस नासा-छिद्र से श्वास आ-जा रहा हो उसकी दीवार के सहारे सूत्रनेति से नासा-छिद्र अर्थात् नथुने में डालकर मुँह से निकालकर एक हाथ से एक छोर को और दूसरे हाथ से दूसरे छोर को खींचकर आगे-पीछे आराम से करें। इसी तरह दूसरे नासा-छिद्र से भी करें। प्रत्येक नासा-छिद्र में ३०-५० बार आगे-पीछे करना चाहिए। नासिका में डालने एवं निकालने की क्रिया को सावधानी के साथ धीरे-धीरे करें। जबरदस्ती अथवा जल्दबाजी न करें।

सूत्रनेति

लाभ — इस नेति से कण्ठ से लेकर मस्तिष्क तक की सभी नसें शुद्ध होती हैं। आँख, नाक एवं कान के सभी दोष दूर होते हैं। क्योंकि प्रदूषणादि अनेकों कारणों से जो मैल (धूल, धूआँ, विषैली गैसों का मल, कफ, मांसाधिक्य इत्यादि) नासा-छिद्र में जमा हुआ रहता है उसे नेति क्रिया से बाहर निकाला जाता है। अनेकों रोग जैसे बहरापन, टांसिल, साइनस, डिप्थीरिया, खांसी, दमा, कण्ठमाला, नाक बहना, कफावरोध, सिरदर्द, मोतियाबिन्द आदि ठीक हो जाते हैं और नेत्र ज्योति बढ़ती है। नासा-छिद्रों के स्वच्छ होने से श्वसन-क्रिया

संतुलित रहती है फलस्वरूप शरीर की सभी प्रणालियां ठीक रहती हैं।

(२) जल नेति

सूत्रनेति से मल उखड़ने के पश्चात् उसको धोकर बाहर निकालने का कार्य जलनेति करती है।

तैयारी — जलनेति की प्रमुख आवश्यक सामग्री है एक विशेष प्रकार का लोटा जिसे नेति लोटा कहते हैं जो कि तांबा, पीतल, स्टील अथवा प्लास्टिक (आजकल प्रचलित) का होता है। गर्मियों में ताजा पानी एवं सर्दियों में कुनकुना (कोसा) पानी जो कि रक्त-ताप के समान हो एवं नासिका से प्रवाहित होने लायक हो। एक चाय चम्मच नमक प्रति आधा लीटर पानी में घोलकर छान लें।

विधि — लोटे में पानी भरकर उकड़ूं बैठें। जिस नासा-छिद्र में श्वास वेग से चल रहा हो उसमें लोटे की टोंटी को डालें। अब उसी ओर का घुटना खड़ा करें और उस घुटने पर जिस हाथ की हथेली में लोटा है उस हाथ की कोहनी को रखें। सिर को धीरे-धीरे दूसरी ओर झुकाते हुए दूसरे पैर के घुटने को जमीन की ओर झुकाएं, आराम एवं संतुलित स्थिति में दूसरे हाथ की कोहनी को नीचे वाले घुटने पर रखकर उस हाथ की हथेली से कनपटी को थाम लें। अब मुँह खोलकर श्वास-क्रिया शुरू करें, साथ-साथ नासिका से पानी को बहने दें। पानी का प्रवाह एक छिद्र से होकर दूसरे से स्वतः निकलेगा, आपको इसके लिए कुछ नहीं करना पड़ेगा। यही क्रिया दूसरे नासा-छिद्र से भी करें।

सावधानी — भूल से भी इस दौरान श्वास को नाक से न लें, केवल मुँह से लेते रहें।

दोनों नासिका से जल नेति कर लेने के बाद धीरे-धीरे मुँह से श्वास लेकर पेट भर लें फिर मुँह बन्द कर नाक से श्वास छोडें। इस प्रकार पांच-छः बार करें। इस प्रक्रिया को आवश्यकता के अनुसार दो-तीन बार कर सकते हैं।

नाक में पानी का अंश न रह जाए इसके लिए दोनों पैरों को परस्पर समीप (सटाकर

जल नेति

नहीं अपितु थोड़ी दूर) रखते हुए खड़े हो जाएं और दोनों हाथ पीछे बांध लें। अब हाथ को पीछे उठाते हुए कमर से सामने की ओर झुकिए किन्तु सर को उठाए रखिए। आधा मिनट इस स्थिति में रहकर पांच-छः बार धौंकनी के समान मुँह से श्वास लेकर नाक से छोड़ें। पुनः सीधे खड़े हो जाएं। इस प्रकार ५-६ बार करें। तत्पश्चात् सीधे खड़े होकर एक नाक को बन्द कर दूसरे से १५-२० बार तीव्र गति से श्वसन क्रिया करें। यही क्रिया दूसरी नाक से भी करें। पुनः दोनों नासिका से एक साथ करें।

लाभ — सूत्रनेति में कहे सभी लाभ के अतिरिक्त इससे क्रोध पर नियन्त्रण होता है, सुस्ती दूर हो कर ताजगी आती है, आज्ञा-चक्र के जागरण में सहायक है और दृष्टि-दोष को दूर करती है।

(३) दूधनेति

दूध को नाक से पीने की प्रक्रिया को दूधनेति (दुग्ध-नेति) कहते हैं। इसे सूत्रनेति के बाद करें।

विधि — टोंटीदार नेति लोटे से पूर्ववत् कोसा दूध को एक नाक से लेकर पीना है। ध्यान रखें ऊपर की नसों में न चढ़े, अतः थोड़ा पीछे झुककर पिएं। इसी प्रकार से दूसरी नासिका से भी पिएं।

लाभ — रक्तचाप, हृदयरोग, टी.बी., सफेद बाल का रोग इत्यादि में लाभकारी है।

सावधानी — वात प्रकृति वाले सोंठ डालकर दूध को पकाकर ठंडा करके प्रयोग करें।

(४) अन्य नेति [*तेल, घृत, बादामरोगन व शिवाम्बु (पेशाब) नेति*]

इन नेतियों के प्रयोग से मस्तिष्क, बालों एवं श्वसन प्रणाली सम्बन्धी अनेकों रोग दूर होते हैं।

इनमें से तेल (सरसों का अथवा अन्य), गोघृत और बादाम रोगन की नेति करने की प्रक्रिया अत्यन्त सरल है। किसी शुद्ध ड्रापर से इनकी कुछ बूंदों को दोनों नासिका छिद्र में डालकर जोर से श्वास खींच लें। इसे प्रातः जलनेति के बाद अथवा रात्रि को सोते वक्त किया जा सकता है।

शिवाम्बु नेति करने की विधि जलनेति के समान ही है।

ध्यान रहे इन नेतियों का प्रयोग बिना किसी योग्य गुरु व चिकित्सक की देखरेख के न करें।

धौति

मुँह से गुदाद्वार तक की संपूर्ण अन्न-नलिका के शुद्धिकरण की प्रक्रिया को धौति कहते हैं। इसमें नेत्र, कर्ण, दाँत, जिह्वा एवं खोपड़ी की सफाई की सरल विधियां शामिल हैं। धौति शब्द का अर्थ ही है धोना, इसलिए शरीर के शुद्धिकरण की सामान्य क्रिया को धौति कह सकते हैं। यह कार्य १२ प्रकार की क्रियाओं से पूरा किया जाता है। वे हैं —

१. दन्त-धौति	७. वस्त्र-धौति
२. नेत्र-धौति	८. वमन-धौति
३. जिह्वामूल-धौति	९. वारिसार-धौति अथवा शङ्खप्रक्षालन
४. कर्ण-धौति	१०. मूल-धौति
५. कपाल-धौति	११. वातसार-धौति
६. हृदय-धौति	१२. वह्निसार-धौति

(१) दन्त धौति

दाँतों के स्वास्थ्य एवं पाचन की वृद्धि के लिए यह उपयोगी है। दाँतों की सफाई के लिए नीम या कीकर का दातुन श्रेष्ठ साधन है। पहले दातुन को चबाकर ब्रश जैसे बनाकर दाँतों के आगे-पीछे ऊपर-नीचे खूब घुमाकर सफाई करनी चाहिए। कत्थे का चूर्ण या अन्य कोई आयुर्वेद शास्त्रानुसार तैयार चूर्ण का प्रयोग किया जा सकता है। स्वयं यह सस्ता मंजन बना लें — फिटकरी को पीसकर तवे पर रखकर मंद आँच पर भून लें। छः चम्मच पिसे हुए लाहौरी नमक में एक चम्मच फिटकरी चूर्ण, थोड़ा-सा सरसों का तेल मिलाकर रख लें। इस मंजन से रोज दाँतों को साफ करें।

ध्यान रखें कि मंजन करने के बाद अंगुलियों से मसूढ़ों की मालिश अवश्य करें।

(२) नेत्र-धौति

मुँह में पानी भरकर आँखों में जल से छीटें लगाएं। आईकप से आँख खोलकर कम से कम तीन बार धोएं। सादा ताजे पानी (सर्दियों में कोसा पानी) अथवा त्रिफला के पानी को कपड़े में छानकर भी इस क्रिया के लिए प्रयोग किया जा सकता है। इससे आँखों के कई रोग दूर होते हैं।

(३) जिह्वामूल-धौति

दातुन की छाल को निकालकर दातुन को फाड़कर उससे जीभ को साफ करें। आजकल बाजार में उपलब्ध (टंगक्लीनर) से साफ किया जा सकता है। अन्त में तर्जनी, मध्यमा एवं अनामिका अंगुलियों को गले में डालकर जीभ की जड़ तक को साफ करना चाहिए। ध्यान रखें अंगुलियों के नाखून कटे हुए एवं साफ होने चाहिए। इससे कफादि मैल भी साफ होगा।

(४) कर्ण-धौति

सदा अंगुलियों के नाखून काटकर रखें। क्रमशः तर्जनी, अनामिका और कनिष्ठिका अंगुलियों से कर्णछिद्र को साफ करना चाहिए अथवा बाजार में उपलब्ध तांबे या चाँदी के कर्ण-शोधिनी का प्रयोग किया जा सकता है अथवा दोनों छोर में रूई लगी हुई कड़ियों (ईयर स्टिक्स) का उपयोग करें। इससे बहरापन आदि दोष नहीं होंगे।

(५) कपाल-धौति

यह स्नान के वक्त करने की क्रिया है। खोपड़ी के मध्य भाग को हाथ के अंगूठे, अंगुलियों एवं हथेली से क्रमशः रगडें। इससे पूरे शरीर पर नियन्त्रण होता है और कफ-दोष शान्त होता है। दमे के रोग एवं टी.बी. में अत्यन्त उपयोगी है।

(६) हृदय-धौति

यह क्रिया हृदय देश में स्थित अंगों विशेषतः श्वास-नली एवं अन्न-नलिका के शुद्धिकरण की है। इसे दो प्रकार से किया जाता है — दण्ड से अथवा वस्त्र से।

दंड-धौति क्रिया के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए बेंत के दण्ड अथवा केले के पौधे के मध्य भाग में स्थित पतले नरम दण्ड का प्रयोग किया जाता है। इसका व्यास आधा इंच और लम्बाई दो फुट होनी चाहिए। जितना लचीला हो उतना ही अच्छा है। धीरे-धीरे (बिना झटके के) गले में से होते हुए दण्ड को जठर तक पहुँचाना चाहिए। तत्पश्चात् उसे बाहर निकालें। इस अभ्यास से श्लेष्मा, कफ, अम्लता तथा श्वास-नलिका के सामान्य दोष दूर होते हैं। इस क्रिया को वमन-क्रिया के पश्चात् करना अच्छा माना गया है।

(७) वस्त्र-धौति

इस क्रिया के लिए मलमल जैसे महीन वस्त्र की चार अंगुल चौड़ी (लगभग २ इंच) एवं १६ हाथ लम्बी (लगभग २५ फुट) पैप के आकार में लपेटी हुई पट्टी को विशेष

रूप से तैयार किया जाता है। इसे स्वच्छ पानी अथवा कोसे नमकीन पानी में भिगोकर रखें।

विधि — अब उकड़ूं बैठकर धीरे-धीरे उक्त पट्टी के एक सिरे को मुँह में डालकर अन्न की भांति लार मिश्रित करते हुए सावधानीपूर्वक निगलते जाएं । आरम्भ में २ या ३ इंच निगलकर निकाल दें। यदि निगलने में कष्ट या हिचकी आए तो दूध

वस्त्र-धौति

या शहद को पानी में मिलाकर अभ्यास करें। जब तक दूसरा सिरा थोड़ा मुँह के बाहर रहे तब तक निगलें। २० मिनट तक वस्त्र को भीतर ही रहने दें। धीरे-धीरे वस्त्र को बाहर निकालें। निकालने में रुकावट हो तो नमक का पानी पीकर उल्टी करें। फिर धीरे-धीरे बाहर निकाल लें। अब वस्त्र को साबुन घुले गरम पानी में अच्छी तरह से साफ करके सुखा लें।

सावधानी — ध्यान रखें कि वस्त्र आंतों में न पहुंचे। इस क्रिया को प्रातः खाली पेट ही करें। इसके करने से पेट की दीवारों में चिपके आँव व कफ एवं सड़ा पित्त निकल जाता है और अन्न नाल में उत्पन्न छोटे फोड़े नष्ट हो जाते हैं। इस क्रिया से दमा, खाँसी, दीर्घकालीन बलगम, कास, तिल्ली बढ़ना, ज्वर, अपच, कुष्ठादि विकार ठीक होते हैं। नेत्र-ज्योति भी बढ़ती है।

(८) वमन धौति

स्वेच्छापूर्वक उल्टी करके जठर को साफ करने की क्रिया को वमन-धौति कहते हैं। यह दो प्रकार की है — कुंजल-क्रिया (अथवा गजकरनी) और व्याघ्र-क्रिया।

८-१ — कुंजल क्रिया — जिस प्रकार हाथी सूँड से जल पीकर सूँड से बाहर फेंकता है उसी प्रकार पानी पीकर वापस उल्टी करने को गजकरनी अथवा कुंजल-क्रिया कहते हैं।

विधि — कम से कम दस गिलास नमकीन गुनगुना पानी तैयार कर लें। अब उकडूं बैठकर अथवा खड़े होकर जितनी जल्दी हो सके झटपट कम से कम छः-सात गिलास पी लें। जब और अधिक पी न सकें अर्थात् कण्ठ तक भर जाए तब आगे की ओर पूरा ६०° में झुककर खड़े रहें। बाएं हाथ को पेट पर रखकर दबाते हुए दाहिने हाथ की तर्जनी एवं मध्यमा अंगुलियों को मुँह में डालकर जिह्वामूल को दबाते जाएं। पानी फुहारा सा बनकर बाहर निकलेगा अर्थात् उल्टी होगी। जब तक पूरा जल न निकल जाए तब तक जिह्वामूल को दबाते रहिए।

सावधानी — यह क्रिया प्रतिदिन खाली पेट करें। शंख-प्रक्षालन के पश्चात् करें तो अच्छा रहेगा। रोगी रोगों के अनुसार बिना शंख-प्रक्षालन के भी इसे कर सकते हैं। अधिक से अधिक एक महीने तक लगातार कर सकते हैं। इस अभ्यास के बाद गले में खुश्की अर्थात् सूखापन महसूस हो तो १५ से २० मिनट बाद फलों का रस ले सकते हैं। ठोस भोजन एक घण्टे के बाद लें। सारा पानी बाहर न आए तो घबराना नहीं क्योंकि अवशिष्ट जल पेशाब द्वारा बाहर हो जाएगा; इसलिए ज्यादा नमक डालना हानिकारक है। हृदय-रोगी आरम्भ में कुंजल-क्रिया न करें, आसनादि योगाभ्यास द्वारा मजबूती पाने के बाद कर सकते हैं। उच्च रक्तचाप के रोगी बिना नमक के कोसा जल से करें।

लाभ — पेट की वायु और अम्लीयता को रोकते हुए संतुलित रखता है। अन्न-नलिका में एकत्रित बलगम को निकालता है। कास, दमा आदि श्वसन प्रणाली सम्बन्धी रोगों को दूर करता है। पाचन प्रणाली को स्वस्थ एवं संतुलित करता है।

८-२ — व्याघ्र-क्रिया — बाघ की यह विशेषता है कि वह शिकार से पेट को बहुत अधिक भर लेता है फिर तीन-चार घंटे के बाद अपूर्ण रूप से पचे हुए भोजन को उल्टी द्वारा बाहर करता है। उसी प्रकार मानव भी अपने शरीर में अपचे पदार्थ को निकाल सकता है। इसे व्याघ्र-क्रिया कहते हैं। यह स्वाभाविक रूप से अशुद्ध या अर्द्ध पचे भोजन की उल्टी नहीं है बल्कि यह ऐच्छिक क्रिया है।

विधि — इसके अभ्यास को भरे पेट में किया जाता है। इस क्रिया को करने के लिए पहले पूरा पेट भर भोजन करें। तीन-चार घंटे के बाद जैसे भारीपन या तकलीफ महसूस हो ठीक कुंजल-क्रिया की स्थिति में खड़े होकर उसी प्रकार उल्टी करें। परम्परा यह है कि इस क्रिया के आधे घंटे बाद चावल की खीर खाना अच्छा है किन्तु अनिवार्य नहीं। दूध (पतला अर्थात् पानी मिलाकर) अथवा फल का रस भी पी सकते

हैं। उल्टी करते समय यदि नाक से भी भोजन बाहर आए तो जलनेति अवश्य करें।

सावधानी — यह क्रिया हृदय-रोगी, पेट के नासूर (अल्सर), हर्निया एवं उच्च रक्तचाप के रोगी न करें।

लाभ — इस क्रिया से अधिक भोजन अथवा अनुपयुक्त भोजन के कारण होने वाले विकार दूर होते हैं। शरीर के विषाक्त तत्त्व निकल जाते हैं और अम्ल-पित्त में संतुलन होता है।

(६) वारिसार-धौति (शंख-प्रक्षालन)

वारि=जल, सार=गति, धौति=धोना अर्थात् जल पीकर आसनों से उसे विशेष गति प्रदान करके शरीर को साफ करना। लेकिन शंख=शंखाकर के समान आकृति वाला हमारे शरीर का अवयव=आंत, उसका प्रक्षालन=सफाई करना, इसलिए इस क्रिया को शंख-प्रक्षालन कहते हैं। यद्यपि यह क्रिया कण्ठ से गुदा तक पूरे शरीर को शुद्ध करती है तथापि इस क्रिया की उपयोगिता विशेषतः आंतों की शुद्धि के लिए ही है क्योंकि कण्ठ से जठर तक के भाग को पूर्वोक्त क्रियाओं से और गुदाक्षेत्र को मूल-धौति से किया जा सकता है। इसके दो भेद हैं — लघु शंख-प्रक्षालन और पूर्ण शंख-प्रक्षालन।

पूर्ण-शंख प्रक्षालन

तैयारी — जिस दिन शंख-प्रक्षालन करना है, उसके पूर्व दिन-रात को हल्का भोजन करें। शंख-प्रक्षालन करने के दिन क्रिया के पूर्व चाय, कॉफी या कोई भी भोज्यादि पदार्थ ग्रहण न करें अर्थात् खाली पेट आरम्भ करें। एक साफ बाल्टी अथवा किसी भी साफ बड़े बर्तन में २५ से ३० गिलास अच्छी तरह से उबले हुए पानी को कपड़े से छान लें। छानने का तरीका इस प्रकार हो — साफ बाल्टी व साफ बड़े बर्तन पर कपड़े की छलनी को रखें, उस पर नमक आवश्यकतानुसार डालें। अब उस पर उबला पानी छोड़कर नमक को घोलते हुए छान लें। पानी चखकर देख लें नमक न ज्यादा हो न बहुत कम। आसन करने के लिए खुला कुर्त्ता-पैजामा पहन लें। तनाव व प्रदूषण रहित वातावरण एवं सुखद व खुली हवादार जगह में अभ्यास करें। दो-चार लोग सामूहिक रूप से करें तो अच्छा है ताकि घबराहट व मानसिक तनाव न हो एवं सरलतापूर्वक साहस के साथ कर सकें।

विधि — क्षमतानुसार शीघ्रता से दो गिलास उक्त प्रकार से तैयार किया गया नमकीन पानी पीजिए। तत्पश्चात् निम्नलिखित पांच आसनों का अभ्यास करें। प्रत्येक आसन की आठ आवृत्तियां कीजिए। पानी उकडूं बैठकर अथवा खड़े होकर भी पी सकते हैं। वे आसन इस प्रकार हैं —

(१) ताड़ासन — आसन विज्ञान अध्याय के पृष्ठ संख्या ६७ में देखें।

(२) तिर्यक् ताडासन — आसन विज्ञान अध्याय के पृष्ठ संख्या ६८ में देखें।

(३) कटि चक्रासन — आसन विज्ञान अध्याय के पृष्ठ संख्या ६७ में देखें।

(४) तिर्यक् भुजंगासन — आसन विज्ञान अध्याय के पृष्ठ संख्या ११० में देखें।

(५) उदराकर्षणासन — आसन विज्ञान अध्याय के पृष्ठ संख्या ७४ में देखें।

आसन विज्ञान अध्याय में वर्णित विधि के अनुसार ही इनका अभ्यास करें। अन्न-नलिका में जठर एवं गुदाद्वार के बीच अनेक द्वार हैं जो इस नियंत्रित प्रदेश को केवल पाचन-क्रिया के समय खोलते एवं बन्द करते हैं, अतः शंख-प्रक्षालन क्रिया के समय उन्हें खोलने के लिए आसनों के अभ्यास से उनके स्नायु को शिथिल किया जाता है ताकि नमकीन जल आसानी से मार्ग को साफ करता हुआ गुदाद्वार की ओर जा सके।

प्रत्येक आसन की आठ आवृत्ति के साथ पांचों आसनों को करने के पश्चात् दो गिलास पानी पीकर पुनः उसी प्रकार से आसन करें। एक बार और ऐसे ही करें। अर्थात् तीन बार में इस प्रकार जब आप छः गिलास पानी पीकर आसनों को कर लें तब हाजत हो या न हो तो भी आप शौच के लिए जाएं। लेकिन वहां ज्यादा न बैठें, एक पिचकारी लगाने का प्रयास करके वापस लौट आएं। कब्ज को तोड़ने के लिए अन्य आसन जैसे — कौवाचाल, भुजंगासन, सर्पासन, पादोतानासन, पवनमुक्तासन, मकरासन आदि भी कर सकते हैं। आसनों को श्वास सहित भी किया जा सकता है। अब लगातार आप दो-दो गिलास पानी पीते जाइए और हर दो गिलास नमकीन पानी पीने के बाद उक्त प्रकार से आसनों का अभ्यास करें। शौच करने के लिए बल प्रयोग न करें और शौच लग जाए तो आसनों की आवृत्तियाँ पूरी होने तक न रुकिए। दूसरों के साथ अपनी तुलना न करें क्योंकि शरीर की मजबूती आदि प्रत्येक की अलग होती है। यह प्रक्रिया आप गुदा से साफ जल बाहर निकलने तक करें। सामान्यतः १६ से २५ गिलास तक पानी पीना पड़ेगा। अपवाद के रूप में देखा गया है कि किसी को तो ४० गिलास तक पानी पीना पड़ता है। ऐसी स्थिति में चिन्ता करने की आवश्यकता नहीं।

सावधानी — ध्यान रखें यद्यपि आप थके रहेंगे तो भी शंख-प्रक्षालन के पश्चात् आप अवश्य कुंजल-क्रिया एवं जलनेति कर लें। कम-से-कम ४५ मिनट मौन रहकर लेटकर अथवा बैठे हुए आराम करें या योगनिद्रा का अभ्यास करें किन्तु निद्रा न करें। ४५ मिनट से १ घण्टे के बाद चावल और मूँग की दाल की अच्छी तरह से पकी हुई पतली खिचड़ी, जिसमें कम से कम ७५-१०० ग्राम घी पड़ा हो, का सेवन करें।

यह इसलिए आवश्यक है कि इस क्रिया से केवल मल-मूत्र बाहर नहीं हुए हैं अपितु प्राकृतिक आवश्यक एवं रक्षा करने वाली अन्न-नलिका की दीवार की कुछ तहों को भी हटा दिया गया है, घी रक्षाकवच का काम करता है जबकि चावल कार्बोज एवं दाल प्रोटीन प्रदान कर शक्ति देते हैं और सुपाच्य भी हैं। खिचड़ी खाने के पश्चात् तीन घंटे तक न सोएं। संध्या का भोजन भी घी युक्त चावल-मूँग दाल की खिचड़ी ही हो किन्तु पतली होनी आवश्यक नहीं। ध्यान रखें कम से कम एक हफ्ते तक संयमित भोजन करें और तीन दिन तक दूध-दही और उनसे बनी चीजें, मिर्च-मसाले, अचार, गरिष्ठ भोजन आदि का प्रयोग न करें। चाय, कॉफी, शराब, सिगरेट, पान-सुपारी, तम्बाकू आदि नशीले पदार्थ तथा रासायनिक विधि से तैयार भोजन-सामग्री, अंडा, मीट, माँस, मछली, अम्लीय अन्न, धरती में होने वाले आलू, अरबी आदि का सेवन एक सप्ताह तक अत्यन्त वर्जित है। अतः सरल, सुपाच्य, शुद्ध प्राकृतिक आहार लेना उचित है। कहने का तात्पर्य यह है कि पाचन प्रणाली में अधिक देर तक रुककर पचने वाले अन्न को ग्रहण न करें। एक सप्ताह तक कोई जबरदस्त शारीरिक परिश्रम न करें। कमजोर आंतों वाला व्यक्ति अथवा जिसकी आंतों में सूजन हो वह शंख-प्रक्षालन न करें।

लाभ — अनेक बीमारियों का कारण आंत में एकत्रित विषैले पदार्थ होते हैं जो खून को खराब कर देते हैं। इसका असर पूरे शरीर पर पड़ता है। शंख-प्रक्षालन द्वारा उन विषैले पदार्थों का निष्कासन होने से रक्त-शुद्धि द्वारा स्वास्थ्य में विलक्षण सुधार होता है। विशेषतः पाचन-संस्थान सम्बन्धी अनेकों रोग जैसे मधुमेह, उच्च अम्लीय अवस्था, दीर्घकालीन पेचिश, अजीर्ण, विषाक्त रक्त इत्यादि में उपयोगी है। स्वस्थ व्यक्ति भी इससे लाभ उठा सकता है क्योंकि इससे शरीर के हल्केपन, शुद्ध निर्मल मन, प्रसन्नता एवं प्रफुल्लता के साथ पूर्ण स्फूर्ति मिलती है। आध्यात्मिक साधकों के लिए यह अति आवश्यक है। क्रियायोग, कुण्डलिनी योग, जपानुष्ठान इत्यादि उच्च साधना में लाभप्रद है।

अवधि — हर छः महीने में एक बार करना उचित होगा। मार्च-अप्रैल एवं सितम्बर—अक्टूबर में करना अति उत्तम है। योग्य योग शिक्षक के निर्देशन में करें तो अच्छा होगा।

लघु शंख-प्रक्षालन

पूर्ण शंख-प्रक्षालन में वर्णित विधि से केवल छः गिलास नमकीन जल तैयार कीजिए। प्रातःकाल बिना कुछ खाए करना चाहिए। पूर्वोक्त विधि के अनुसार ही दो-दो गिलास पानी तीन बार क्रम से पिएं। प्रत्येक बार उक्त पांचों आसनों का अभ्यास करें। प्रत्येक आसन की आठ-आठ आवृत्तियां करें।

रोगी इसे उचित निर्देशन में प्रतिदिन कर सकता है अन्यथा सप्ताह में एक या दो बार करना पर्याप्त होगा। भोजन एवं अन्य कार्यों में पूर्वोक्त नियन्त्रण व सावधानी की जरूरत नहीं है किन्तु क्रिया की समाप्ति के कम से कम एक घंटे बाद ही खाना-पीना चाहिए। निर्देशक के अभाव में स्वस्थ व्यक्ति इस क्रिया को सप्ताह में एक बार करते रहें तो उक्त लाभ प्राप्त कर सकता है।

जठर या आमाशय में घाव रहने वाले अर्थात् अल्सर के रोगी इसे न करें। उच्च रक्तचाप के रोगी बिना नमक डाले सादे हल्के गरम पानी से कर सकते हैं।

पूर्ण शंख-प्रक्षालन में कहे लाभों के अतिरिक्त वृक्क के स्पर्श-दोष एवं पथरी में लाभदायक है। मूत्र अर्थात् विसर्जन प्रणाली के लिये अत्यन्त उपकारी है।

(१०) मूल-धौति

यह क्रिया अन्न-नलिका के अन्तिम छोर गुदा क्षेत्र के शोधन के लिए है। इस क्रिया में हल्दी की नर्म जड़ को गुदाद्वार में धीरे-धीरे भीतर किया जाता है, धीरे से दो-तीन बार भीतर घुमाकर निकाला जाता है। जड़ की अनुपलब्धता पर मध्यमा या तर्जनी अंगुली का प्रयोग किया जाता है। सुविधा के लिए जड़ व अंगुली में सरसों का तेल लगाया जा सकता है।

गुदा क्षेत्र की सफाई के साथ स्पर्श-दोष का निवारण, कड़े मल के सहज निष्कासन द्वारा रक्त शुद्धि तथा अपान वायु ठीक कार्य करने लगती है। बवासीर और भगन्दर जैसे रोग कभी नहीं होते।

(११) वातसार धौति

मुँह से वायु पीकर जठर को नवजीवन प्रदान करने की विधि को वातसार-धौति कहते हैं। भुजंगिनी मुद्रा में भी यही क्रिया की जाती है। इस क्रिया में मुँह पूरा खोलकर मुँह से वायु पीकर, पेट में कुछ देर तक हवा को घुमाया जाता है, उसके बाद धीरे-धीरे जम्हाई लेते हुए वायु का निकास किया जाता है। इस अभ्यास से अनेकों उदर रोग दूर होते हैं।

(१२) वह्निसार धौति या अग्निसार क्रिया

यह क्रिया जठराग्नि को उद्दीप्त करने के लिए है। इस क्रिया को करने के लिए वज्रासन में बैठ जाएं। नेत्रों को हल्का अथवा पूरा बन्द रखें ताकि पलकों पर दबाव न पड़े। दोनों हाथों को घुटनों के सहारे रखकर सामने की ओर पीठ सीधा रखते हुए झुकिए। मुँह खोलिए और जिह्वा को पूर्णरूपेण बाहर कीजिए (हाथ सीधे रखें)।

अब उदर का विस्तार एवं संकुचन करते हुए तीव्र गति से श्वास-प्रश्वास क्रिया कीजिए (कुत्ते के समान)। श्वसन क्रिया की गति समकालीन होनी चाहिए। कम से कम २०-२५ बार श्वसन-क्रिया करें। कुछ देर विश्राम लेकर फिर करें (इस प्रकार तीन आवृत्ति करें)। खाली पेट, खाने के आधा घण्टा पूर्व अथवा भोजन के चार घंटे बाद इस क्रिया का अभ्यास कर सकते हैं। मूलबन्ध के साथ करें तो अधिक लाभ होगा। उच्च रक्तचाप, हृदय तथा अल्सर के रोगी इस क्रिया को न करें। यकृत की न्यून कार्य-क्षमता, वायु, अजीर्ण, मन्दाग्नि एवं अन्य उदर तथा जठर रोगों के लिए यह रामबाण है।

नौलि

उदरस्थ अंगों की मालिश तथा उन्हें बल प्रदान करने की यह शक्तिशाली विधि है। इससे पेट के सभी अंगों का सुचारु रूप से संचालन होगा। फलस्वरूप नीरोगता और शरीर की सर्वतो अभिवृद्धि सम्यक् प्रकार से होगी।

सावधानी — तीनों बन्ध (जालंधर, उड्डियान और मूल) का अभ्यास परिपक्व होने पर विशेषतः बाह्य कुंभक में कुछ देर तक ठहरने का अभ्यास होने पर ही इस क्रिया को करना चाहिए। इसके प्रारम्भिक अभ्यास के पहले अग्निसार और उड्डियान बन्ध का अभ्यास पूर्ण- रूप से कर लें। योग शिक्षक के निर्देशन में सीखना व करना अच्छा होगा। भोजन के तीन या चार घंटे के बाद करना उचित होगा।

विधि — नौलि के तीन भेद हैं — मध्य, वाम और दक्षिण। इसका अभ्यास पांच चरणों में किया जाता है।

प्रथम चरण — पद्मासन, वज्रासन अथवा खड़े होकर अग्निसार क्रिया एवं उड्डियान बन्ध का अभ्यास करें।

द्वितीय चरण — आरम्भिक अभ्यासी को खड़े होकर करना सरल होगा। पैरों में डेढ़ फुट का अन्तर रखकर खड़े होकर दोनों हाथों को जंघाओं पर रखें, श्वास को बाहर निकालकर उड्डियान तथा जालन्धर बन्ध लगाएं। हथेलियों से दबाव डालते हुए जंघा के साथ ऊपर से नीचे की ओर खिसकाते हुए घुटनों तक ले जाएं । पेट को ढीला छोड़ते हुए (श्वास न लें) गुदा के समीपस्थ उदर स्नायुओं को संकुचित कर अर्थात् मूलबन्ध का अभ्यास धीरे से करें, क्रमशः

नौलि - प्रथम चरण

उदर केन्द्र तक ले आइए। इस प्रकार उदर स्नायुओं को संकुचित कर मध्य भाग में एकत्रित करना ही **मध्य** अथवा **मध्यम**-नौलि कहा जाता है। इसमें दक्ष होने के पश्चात् अगले चरण का अभ्यास करें।

नौलि - द्वितीय चरण

तृतीय चरण — द्वितीय चरण का अभ्यास कर, उसी स्थिति में रहकर अब आप बाएं हाथ को घुटने पर रहने दें और दाएं हाथ को जांघ के साथ खिसकाते हुए ऊपर लाइए। आपका शरीर अपने आप थोड़ा बांयी ओर झुकेगा। ऐसी स्थिति में थोड़ा प्रयास कर उदर स्नायुओं को बायीं ओर ले आइए। यद्यपि अपने आप कुछ बायीं ओर झुकाव की स्थिति में स्नायु जाएंगी ही तथापि मन से विशेष प्रयास करने पर पूर्णरूपेण बाईं ओर जाएंगी। यही **वाम-नौलि** है।

चतुर्थ चरण — तृतीय चरण करने के पश्चात् पुनः आप द्वितीय चरण की अवस्था में लौटिए। अब आप दायां हाथ घुटने पर रहने दें और बाएं हाथ को जांघ के साथ खिसकाते हुए ऊपर लाइए। आपका शरीर अपने आप दाईं ओर झुकेगा। इस स्थिति में थोड़ा प्रयास कर उदर स्नायुओं को दाईं ओर ले आइए। यद्यपि अपने आप स्नायु दाईं ओर झुकाव की स्थिति में जाएंगी तथापि मन से विशेष प्रयास करने पर पूर्णरूपेण जाएंगी। यही **दक्षिण-नौलि** है।

नौलि - तृतीय चरण

पंचम चरण — इस चरण में उक्त तीनों क्रियाओं अर्थात् मध्यम, वाम और दक्षिण नौलियों को क्रम से किया जाता है। मध्यम नौलि की अवस्था से वाम-नौलि, वाम-नौलि से मध्य-नौलि, मध्य-नौलि से दक्षिण-नौलि और वापस मध्य-नौलि। इसके अभ्यास के बाद सीधे मध्यम-नौलि, वाम और दक्षिण-नौलि करें। इसके लिए हाथों को लगातार ऊपर-नीचे खिसकाएं।

अन्तिम अवस्था में हाथ ऊपर-नीचे खिसकाएं। मध्य-नौलि की अवस्था में ही एक समान धीमी गति में स्नायुओं को घुमाना शुरू करें बाएं, दाएं और मध्य की ओर। धीरे-धीरे गति को तीव्र करें।

प्रत्येक चरण को प्रत्येक आवृत्ति के अभ्यास के अन्त में स्नायुओं को पूर्णरूपेण शिथिल करके पूरक कीजिए एवं कुछ क्षण तक श्वसन-क्रिया का अभ्यास स्वाभाविक रूप से होने दें। प्रत्येक चरण की तीन आवृत्ति क्षमतानुसार करें।

उदर के समस्त रोगों को दूर करता है और प्रजनन शक्ति को बढ़ाता है। आध्यात्मिक दृष्टि से मणिपूर चक्र के जागरण में सहयोग देता है। इस क्रिया को उच्च रक्तचाप, अल्सर, हर्निया या अन्य पाचन-संस्थान सम्बन्धी गंभीर रोग वाले को नहीं करना चाहिए। इस क्रिया की विशेषता यह है कि यह वात-पित्त-कफ की विषमता अर्थात् त्रिदोष को दूर करती है। आंतों में चिपका हुआ मल उखड़ता है और कब्ज़ टूटता है। समान एवं अपान वायु को संतुलित करता है। इससे अनेकों पाचन-संस्थान सम्बन्धी, विसर्जन प्रणाली सम्बन्धी तथा श्वसन प्रणाली सम्बन्धी रोग भी दूर होते हैं।

बस्ति

यह क्रिया बड़ी आंत की सफाई एवं उसमें शक्ति-वृद्धि के लिए है। इस क्रिया को दो प्रकार से किया जाता है — (१) जल-बस्ति (२) स्थल-बस्ति। जल-बस्ति को भी दो प्रकार से किया जाता है — (क) स्वाभाविक और (ख) ऐनेमिक अर्थात् एनिमा की सहायता से।

(१) जलबस्ति

(क) स्वाभाविक — नाभि तक पानी में खड़े हो जाइए। इसके लिए नदी अच्छा स्थान है। सामने झुककर घुटनों पर हाथ रखिए। गुदाद्वार के संकोचक स्नायुओं का विकास कीजिए साथ ही उड्डियान बन्ध लगाकर नौलि-क्रिया इस प्रकार करें ताकि पानी ऊपर को चढ़े। अब मूल-बन्ध लगाकर आंत में कुछ समय तक पानी को रोकिए, तत्पश्चात् गुदा से पानी को बाहर निकालें। इस क्रिया के दौरान अश्विनी मुद्रा का अभ्यास करें।

जो इस प्रकार न कर सकें वे एक छः इन्च लम्बी नली जिसका एक छोर चौड़ा हो और दूसरा पतला, अर्थात् एक छोर अनामिका घुमाने लायक और दूसरा कनिष्ठा अंगुली को घुमाने लायक। इस नली को तीन-चार इन्च गुदा से भीतर प्रवेश कराएं। शेष क्रिया पूर्ववत् करें।

(ख) ऐनेमिक — जो उक्त दोनों प्रकार से बस्ति न कर पाएं वे एनिमा का प्रयोग कर सकते हैं। यह एक आधुनिक सरल उपाय है। इसके लिए एक विशेष पात्र होता है जिसमें आप करीब आधा लीटर ताजा पानी भर लें और ऊँचाई पर रख दें। उस पात्र से निकली नली की नोजल को आप पीठ के बल लेटकर गुदा में लगा लें, पानी खोल दें। पूरा पानी अन्दर जाने के बाद नोजल बाहर निकालकर, मूलबंध लगा लें। दोनों हाथों से पेट की मालिश करें। तत्पश्चात् दाईं ओर करवट लेकर पेट को पिचकाएं। इस प्रकार क्रिया करते हुए पानी को दो-तीन मिनट भीतर रखने के बाद शौच जाएं और पानी को निकालें।

(२) स्थल-बस्ति

पूर्ण पश्चिमोत्तानासन की स्थिति में गुदाद्वार से आंतों में पच्चीस बार वायु खींचते हुए अश्विनी मुद्रा कीजिए। कुछ देर वायु को रोकिए। पुनः गुदाद्वार से उसको छोड़ें।

योग शिक्षक के निर्देशन में ही बस्ति-क्रिया का अभ्यास करें। प्रातः शौच जाने के पश्चात् करना उचित है। किसी प्रकार की कठिनाई हो तो नली, नोजल व गुदाद्वार में सरसों का तेल लगा सकते हैं।

लाभ — इस क्रिया से अन्तड़ियों का शोधन, अपान वायु की शुद्धि, गुदा क्षेत्र में उत्पन्न गर्मी से होने वाले अनेकों रोगों की निवृत्ति, फलतः रक्तशुद्धि होकर मन्दाग्नि दूर होती है। पेट का मोटापा घटता है। पित्त का निकास होता है, शारीरिक ताप में संतुलन होता है।

कपालभाति

मस्तिष्क के अग्र भाग की शुद्धि के लिए तीन क्रियाओं की सरल पद्धति को कपालभाति कहते हैं। वे हैं शीतक्रम, व्युत्क्रम और वातक्रम।

(१) शीतक्रम कपालभाति

इसमें मुँह से जल पीकर नासिका से जल को निष्कासित किया जाता है।

(२) व्युत्क्रम कपालभाति

इसमें नासिका से जल को भीतर खींचकर उसे मुँह से निकाला जाता है।

उक्त दोनों प्रकार की कपालभाति से जलनेति के करने पर होने वाले समस्त लाभ अधिक प्रभावशाली ढंग से प्राप्त किए जा सकते हैं।

(३) वातक्रम कपालभाति

इसका विचार विस्तृत रूप से इसी प्रथम प्रकरण के चौथे अध्याय प्राणायाम विज्ञान में किया जाएगा।

त्राटक

किसी वस्तु पर गहन एकाग्रता की क्रिया त्राटक है। इससे बुद्धि विकसित होती है और नेत्रों को भी शक्ति प्रदान होती है। त्राटक-क्रिया में व्यक्ति में निहित सुषुप्त आत्मिक शक्तियों का विकास होता है। इस क्रिया की अनेक विधियां हैं जिनकी चर्चा हम चित्त-शुद्धि प्रकरण के चौथे अध्याय त्राटक-विज्ञान में करेंगे।

अध्याय ३

आसन विज्ञान

प्रस्तावना

पातञ्जल योगसूत्र में महर्षि पतञ्जलि —

स्थिरं सुखं आसनं।
(२/४६)

इस सूत्र में आसन के लक्षण बताए हैं। अर्थात् स्थिरता एवं सुखानुभूति आसन है। तात्पर्य है समस्त अंगों को एक विशेष आकार में स्थित करना जिससे विभिन्न संस्थानों (पाचनादि) को लाभ पहुंचाते हुए सुख की अनुभूति हो।

इस संसार में ८४ लाख योनि हैं। उनके आराम करने की स्थिति का अनुकरण करने पर मनुष्य ८४ लाख आसनों को कर सकता है। लेकिन उनमें से प्रमुख ८४ आसन हैं। योगी याज्ञवल्क्य केवल आठ आसनों को मनुष्य की आध्यात्मिक प्रगति के लिए पर्याप्त मानते हैं। वे हैं — स्वस्तिक, गोमुख, पद्म, वीर, सिंह, भद्र, मुक्त और मयूर।

स्थूल एवं सूक्ष्म शरीर का परस्पर समन्वय करना ही आसनों का मुख्य उद्देश्य है। अतः आसन का प्रथम रूप स्थिरता स्थूल शरीर से सम्बद्ध है और तन-मन का तालमेलपूर्वक सुखानुभूति सूक्ष्म शरीर से सम्बद्ध है। आसन मनुष्य को सबल, स्वस्थ, प्रसन्न, सक्रिय एवं शक्ति का संचय करने योग्य बनाता है।

योगाभ्यास और व्यायाम में बहुत अन्तर है। जैसे —

व्यायाम से	आसन से
१. केवल स्थूल शरीर पर प्रभाव पड़ता है।	१. स्थूल-सूक्ष्म दोनों शरीर पर प्रभाव पड़ता है।
२. प्राणशक्ति का ह्रास होता है।	२. प्राणशक्ति का संचय होता है।
३. बुढ़ापे में रोग का कारण होता है।	३. सदा आरोग्य प्रदान करता है।
४. अप्राकृतिक दबाव के कारण शरीर में कड़ापन आता है।	४. शरीर लचीला और सुडौल होता है।
५. ग्रन्थियाँ समान रूप से प्रभावित नहीं होतीं।	५. ग्रन्थियों पर समान प्रभाव के कारण वे संतुलित रहती हैं।
६. विजातीय द्रव्यों का निष्कासन पूर्ण रूप से नहीं होता।	६. विजातीय द्रव्यों का पूर्ण रूप से निष्कासन होता है।
७. श्वसन-क्रिया अनियन्त्रित होती है।	७. श्वसन-क्रिया नियन्त्रित होने से फेफड़े आदि मजबूत होते हैं।
८. शरीर का विकास बेढंगा होता है।	८. शरीर का सुनियोजित ढंग से सर्वांगीण विकास होता है।
९. ब्रह्मचर्य अनियन्त्रित होता है।	९. ब्रह्मचर्य पर पूर्ण नियन्त्रण रहता है।
१०. रोगों का निदान नहीं।	१०. रोगों का निदान है।
११. रक्त-संचार में विषमता के कारण विभिन्न संस्थानों में परस्पर संतुलन नहीं रहता है।	११. रक्त-संचार में समता के कारण सभी संस्थानों में परस्पर संतुलन बना रहता है।
१२. केवल मांसपेशियां प्रभावित होती हैं।	१२. सूक्ष्म अन्तरंग अंग भी प्रभावित होते हैं।
१३. बुद्धि मन्द होती है।	१३. बुद्धि का विकास होता है।
१४. व्यावहारिक निर्णय करने में भी अक्षम हो जाता है।	१४. सकल प्रकार के निर्णय आदि करने में सक्षम होता है।
१५. थकान होती है।	१५. आराम, स्फूर्ति एवं हल्कापन आता है।

→

१६. अधिक समय एवं प्राणशक्ति खर्च होती है।	१६. अल्प समय में अधिक लाभ और प्राण-शक्ति का संचय होता है।
१७. विशाल जगह, खुली हवा, व्यायाम के सामान आदि की जरूरत पड़ती है।	१७. थोड़ी जगह, कमरे के भीतर एवं अल्प सामान से कर सकते हैं।
१८. आबालवृद्ध सभी नहीं कर सकते।	१८. सभी कर सकते हैं।
१६. यात्रा आदि में नहीं कर सकते।	१६. हर स्थिति में किया जा सकता है।
२०. सुदृढ़ स्वच्छ समाज के गठन में उपयोगी नहीं।	२०. मन बुद्धि पर प्रभाव डालकर परिवर्तन लाकर समाज के लिए अत्यन्त उपयोगी है।

इतना ही नहीं, योगाभ्यास से स्वास्थ्य लाभ, कार्य करने की क्षमता, नीरोगता, सात्विक वृत्ति, सन्तुलित व सरल जीवन, भेद-भाव रहित भावना, सजग मस्तिष्क, एकाग्रता, तनाव रहित मन, सहिष्णुता, विवेक, स्फूर्ति, सन्तुलित काय-मन के कारण सुख, शान्ति, उत्साह, धैर्य, निर्मलता आदि अनमोल रत्न अनायास प्राप्त हो जाते हैं। अतः व्यायाम की अपेक्षा सर्वांगीण विकास के लिये योगाभ्यास श्रेष्ठ है।

योगाभ्यासी की दृष्टि से योगासनों को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है — प्रारम्भिक, मध्यम और उच्च। अथवा अभ्यास की दृष्टि से योगासनों को 7 भागों में विभक्त कर सकते हैं —

(क) — प्रारम्भिक अभ्यास

(ख) — ध्यान के आसन

(ग) — बैठकर किए जाने वाले आसन

(घ) — खड़े होकर किए जाने वाले आसन

(ङ) — पेट के बल किए जाने वाले आसन

(च) — पीठ के बल किए जाने वाले आसन

(छ) — सिर के बल किए जाने वाले आसन

योगाभ्यास में सावधानियाँ

योगाभ्यास शुरू करने से पहले निम्न कुछ बातों का ध्यान रखें।

(१) पेट खाली

सर्वप्रथम आसनों को आरम्भ करने से पहले मूत्राशय एवं आंतों को खाली कर लेना चाहिए। बिना जोर लगाए एवं बिना औषधि, एनिमा आदि प्रयोग किए स्वाभाविक ढंग से शौच आदि क्रिया एवं स्नान से निपट लेना चाहिए। अतः प्रातःकाल आसनों का अभ्यास करें अथवा भोजन लेने के तीन-चार घण्टे के बाद करें। धूप-स्नान के एक घण्टे बाद आसनों को करना चाहिए।

(२) श्वास

आसनों के अभ्यास काल में नाक से ही श्वास लेना चाहिए। जिन आसनों में जैसे विशेष निर्देश हैं, उनमें वैसे करें।

(३) कम्बल

चार पर्तों में मोड़कर कम्बल बिछाकर, उस पर करें। अधिक मुलायम अथवा हवा भरी बिछावन पर न करें।

(४) स्थान

स्वच्छ हवायुक्त कमरे में करें। तेज हवा, सर्दी, धुआँ मिश्रित, बदबूदार, दूषित, सीलनयुक्त, गन्दी हवायुक्त आदि विषम कमरे में न करें। बिजली का पंखा चलाकर उसके नीचे न करें।

(५) शरीर

अभ्यास काल में शरीर एवं मन तनावरहित हो। शान्त होकर धीमी गति से, बिना जोर लगाए अभ्यास करें। शुरू में कड़क मांसपेशियों के कारण ठीक से न होने पर भी निराश न हों और जोर-जबरदस्ती भी न करें। अभ्यास यथासम्भव जारी रखें। धीरे-धीरे सफल होंगे।

(६) सीमा

प्रत्येक आसन की सीमायें निर्धारित हैं जिसका निर्देश विधि के साथ किया गया है।

दीर्घकालीन व स्थायी रोगों से पीड़ित लोग योग्य योग शिक्षक की देख-रेख में व सलाह से ही करें।

(७) चेतना

योगासन व्यायाम नहीं है, इसलिए अभ्यास काल में पूरे शरीर के प्रति सचेत रहें। यदि किसी भाग में दर्द व विपरीत भावना हो अर्थात् प्रतिकूलता महसूस हो तो तुरन्त अभ्यास को बन्द करके विशेषज्ञ से सलाह लें।

(८) वस्त्र

ढीले, हल्के व आरामदायक हों। चश्मा, घड़ी, आभूषण उतारकर अभ्यास करें।

प्रारम्भिक अभ्यास

आसनों के अभ्यास के लिए प्रमुखतः वात और गठिया से रहित शरीर होना आवश्यक है। अतः प्रारम्भिक अभ्यास में रोगी एवं अयोग्य शरीर को योग्य बनाने के लिए **पवनमुक्तासन** और **शक्तिबन्ध आसन** नाम से अनेकों अभ्यासों का समूह रखा गया है। पवन = वायु, मुक्त = छुटकारा, आसन = शरीर की विशेष स्थिति। अर्थात् वायु से उत्पन्न योग के बाधकों से छुटकारा पाने के लिए योगाभ्यास।

यद्यपि नाम के अनुसार वायु का नियन्त्रक है तथापि वास्तव में यह अंभ्यास वात, पित्त और कफ तीनों को संयमित करता है।

पवनमुक्तासन को तीन प्रमुख समूहों में विभक्त किया गया है। **गठिया निरोधक, वात निरोधक और दृष्टिवर्धक**। इन तीनों में से प्रथम समूह गठिया निरोधक अभ्यास को पुनः तीन भागों में विभक्त किया गया है — **पादपवनमुक्तासन, हस्तपवनमुक्तासन** और **शिरःपवनमुक्तासन**। सर्वप्रथम दो मिनट के लिए शवासन का अभ्यास करें। तनावरहित शारीरिक व मानसिक स्थिति के लिये यह शिथिलीकरण आवश्यक है।

पवनमुक्तासन (गठिया निरोधक अभ्यास) — पादपवनमुक्तासन

(१) **पैरों की अंगुलियां मोड़ना** — अपने पैरों को शरीर के सामने सीधे फैलाकर बैठ जाएं। अपने हाथों के सहारे थोड़ा पीछे की ओर झुकिए। हाथ सीधे रखिए, कोहनियों को मोड़ना नहीं। अब पैरों की अंगुलियों पर दृष्टि रखते हुए उनके प्रति जागरूक होइए। श्वास लेते हुए केवल अंगुलियों को यथासम्भव नीचे की ओर मोड़िए और श्वास छोड़ते हुए सीधा कीजिए। इस प्रकार दस बार कीजिए। ध्यान रखें पैर को उठाना नहीं, कड़ा रखते हुए अभ्यास करना है। पहले प्रत्येक पैर की अंगुलियों पर पृथक् अभ्यास करके फिर दोनों पैर की अंगुलियों का एक साथ अभ्यास करें।

पैरों की अंगुलियां मोड़ना

*(२) **पैरों के टखने मोड़ना** — अभ्यास एक की स्थिति में बैठे हुए पूर्ववत् श्वास लेते हुए टखनों को जोड़ों से सामने व नीचे की ओर झुकाते हुए दोनों पंजों को जितना सम्भव हो उतना मोड़िए और श्वास छोड़ते हुए सीधा कीजिए। यह अभ्यास दस बार दोहराइए। इसे भी आप प्रत्येक पैर के लिए पृथक् अभ्यास करने के पश्चात् दोनों पैर के लिए एक साथ कर सकते हैं।*

पैरों के टखने मोड़ना

*(३) **टखने को वृत्ताकार घुमाना** — अभ्यास एक की आरम्भिक स्थिति में बैठे हुए पैरों के बीच में कुछ फासला छोड़िए। एड़ी को जमीन पर रखे हुए दाहिने पंजे को दायीं ओर वृत्ताकार घुमाते हुए सामने लाकर फिर बायीं ओर से वृत्ताकार घुमाकर वापस सीधा रखें।*

टखने को वृत्ताकार घुमाना

दस बार दुहराइए। पुनः विपरीत दिशा में घुमाइए। इस अभ्यास को बाएं पंजे से कीजिए। फिर दोनों पंजों को एक साथ घुमाइए। श्वास स्वाभाविक रहे।

(४) **टखने को उसकी धुरी पर घुमाना** — अभ्यास एक की मूल स्थिति में बैठिए। दाहिने टखने को बायीं जांघ पर रखिए। बाएं हाथ की सहायता से दाहिने पंजे को पहले दायीं ओर से फिर

टखने को उसकी धुरी पर घुमाना

बायीं ओर से वृत्ताकार घुमाइए। दोनों दिशाओं में दस-दस बार दोहराइए। इसी प्रकार बाएं पंजे से कीजिए। श्वास स्वाभाविक रहे।

(५) **घुटने को मोड़ना** — अभ्यास एक की मूल स्थिति में बैठिए। दाहिने पैर को घुटने से मोड़ते हुए जमीन से थोड़ा ऊपर उठाइए। दोनों हाथों को दाहिनी जांघ के नीचे बांध लीजिए। अब एड़ी को बिना जमीन से स्पर्श किए दाहिने पैर को सीधा कीजिए। फिर दाहिने पैर के घुटने से मोड़ते हुए एड़ी को दाहिने नितम्ब के पास

घुटने को मोड़ना

लाइए, किन्तु जमीन को न छुएं। फिर सीधा कीजिए। इस प्रकार दस बार दोहराइए। इस अभ्यास को बाएं पैर से भी कीजिए। धड़ की ओर लाते हुए श्वास छोड़ें व सामने की ओर सीधा करते हुए श्वास लीजिए।

(६) **घुटने को उसकी धुरी पर घुमाना** — मूल स्थिति में आइए। दोनों हाथों को बायीं जांघ के नीचे बांधकर, बाएं पैर को मोड़ते हुए जमीन से थोड़ा ऊपर रखते हुए धड़ के सामने छाती के पास स्थिर पकड़कर रखिए। अब पैर के घुटने के निचले भाग को वृत्ताकार घुमाइए। सीधी दिशा और विपरीत दिशा में दस-दस बार घुमाइए। यही क्रिया दाएं पैर से कीजिए। श्वास स्वाभाविक रहे।

घुटने को उसकी धुरी पर घुमाना

(७) **मेरुदण्ड को घुमाना** — मूल स्थिति में आकर आराम से दोनों पैरों को एक-दूसरे से जितने दूर फैला सकें फैला लीजिए। पैरों और हाथों को सीधे रखते हुए दाहिने हाथ को बाएं पैर के अंगूठे के पास लाइए और संपूर्ण बाएं हाथ को पीछे की ओर फैलाइए, इस तरह कि दोनों हाथ एक सीध में हों। अपनी गर्दन को भी पीछे मोड़ते हुए बाएं हाथ के अंगूठे पर दृष्टि रखिए।

कुछ क्षण रुककर, फिर विपरीत दिशा में मुड़ते हुए बाएं हाथ को दाहिने पैर के अंगूठे के पास लाकर दाहिने हाथ को पीछे की ओर फैलाइए एवं गर्दन को पीछे मोड़ते हुए दाहिने हाथ के अंगूठे पर दृष्टि रखें। यह एक आवृत्ति हुई।

मेरुदण्ड को घुमाना

इसी प्रकार दस आवृत्तियां करें। आरम्भ में धीरे-धीरे करें, क्रमशः तीव्र गति से किया जा सकता है। श्वास स्वाभाविक रहे।

(८) **अर्ध तितली** — दाएं पैर को मोड़िए और उसके तलवे को बायीं जांघ पर रखिए। बाएं हाथ से दाहिने पंजे को पकड़िए और दाहिने हाथ से घुटने को पकड़ें। मुड़े हुए दाएं पैर की मांसपेशियों को पूरा ढीला रखते हुए दाएं हाथ से दाहिने घुटने को पकड़े हुए मुड़े पैर को ऊपर-नीचे कीजिए। ऊपर उठाते वक्त श्वास छोड़ते हुए छाती तक लाएं। नीचे ले जाते वक्त श्वास लेते हुए जमीन तक ले जाएं। दस बार दुहराइए। इस क्रिया को बाएं पैर से भी कीजिए।

अर्ध तितली

(९) **घुटने को घुमाना** — पूर्व अभ्यास की स्थिति में रहते हुए अब बाएं हाथ से दाहिने पैर की अंगुलियों को पकड़िए और दाहिने घुटने को वृत्ताकार घुमाइए। धीरे-धीरे वृत्त को बड़ा कीजिए। दोनों ओर से दस-दस बार घुमाइए। यही क्रिया बाएं घुटने से भी करें।

घुटने को घुमाना

(१०) **पूर्ण तितली** — मूल स्थिति में बैठिए। दोनों पैरों को धड़ के पास समेटकर पैरों के तलवे को एक साथ सटा दीजिए। यथासम्भव एड़ियों को शरीर से सटाइए। दोनों हाथों की अंगुलियों को एक-दूसरे में बाँधकर पंजों को पकड़िए। अब कोहनियों से घुटनों को भी जमीन की ओर दबाइए। घुटनों को दबाते हुए एवं श्वास छोड़ते हुए शरीर को आगे झुकाइए और मस्तक से भूमि को स्पर्श कीजिए। पन्द्रह-बीस बार दुहराइए।

पूर्ण तितली

प्रकारान्तर — दोनों पैरों को मोड़कर शरीर के सामने तलवों को सटाई हुई अवस्था में आप अपने हाथों को घुटनों पर रखिए। श्वास लेते हुए हाथों से घुटनों को जमीन की ओर दबाइए। श्वास छोड़ते हुए या घुटनों को स्वयं उछलते हुए ऊपर आने दीजिए अथवा स्वयं हाथों से ऊपर उठाते हुए दोनों घुटनों को जोड़ने की कोशिश करें। कम से कम पन्द्रह बार दुहराइए।

कौआ चाल

(११) **कौआ चाल** — जमीन पर उकड़ूं अर्थात् पंजों के बल बैठें। हथेलियों को घुटनों पर जमा दीजिए और उसी स्थिति में चलना शुरू कीजिए। अर्थात् बाएं घुटने को सामने की ओर झुकाकर जमीन पर टिकायें और दाएं पैर को उठाकर पंजे को उसके बगल में रखें। प्रत्येक कदम पर घुटने से जमीन को छूते हुए आगे बढ़ें।

यह शंख-प्रक्षालन में उपयोगी है और ध्यान के आसनों के लिए पैरों को तैयार करता है। कब्ज़ के रोगी के लिए अत्यन्त हितकारी है। पानी पीकर इसका अभ्यास करने से कब्ज़ से मुक्ति मिलेगी।

पवनमुक्तासन (गठिया निरोधक अभ्यास) — हस्तपवनमुक्तासन

(१) **मुट्ठियां कसकर बांधना** — मूल स्थिति में बैठिए। अपने सामने जमीन के समानान्तर कन्धों तक अपनी भुजाओं को फैलाइए। श्वास लेकर दोनों हाथों की अंगुलियों को फैलाकर उनमें तनाव उत्पन्न करते हुए कड़ा कीजिए। श्वास छोड़ते हुए ढीला छोड़िए। अथवा श्वास लेते हुए अंगूठों को अन्दर रखकर शेष अंगुलियों से उस पर मुट्ठी बाँधकर कसिए। श्वास छोड़ते हुए मुट्ठी खोलकर ढीला छोड़ें। दस बार प्रत्येक को दोहराइए।

(२) **कलाई मोड़ना** — पूर्व अभ्यास की स्थिति में आइए अर्थात् हाथों को सामने सीधा फैलाकर पीठ को सीधा रखकर बैठिए। श्वास लेते हुए हथेलियों को कलाई से ऊपर की ओर मोड़िए और पूरे हाथ में इस प्रकार तनाव पैदा कीजिए जैसे कि आप किसी चीज को पूरी ताकत से ठेल रहे हों या दबा रहे हों। श्वास छोड़ते हुए हथेलियों को जमीन की ओर करते हुए ढीला छोड़िए। दस बार दुहराइए।

मुट्ठियां कसकर बांधना

कलाई मोड़ना

(३) **कलाई घुमाना** — केवल एक हाथ को सामने फैलाकर बैठिए। मुट्ठी कसकर बांधिए और कलाई से उसे दस बार सीधे एवं विपरीत दिशा में वृत्ताकार घुमाइए। बाएं हाथ से भी इसी प्रकार कीजिए। इसके पश्चात् दोनों हाथों से एक साथ करें। प्रत्येक अभ्यास को प्रत्येक दिशा में दस-दस बार करें। श्वास स्वाभाविक रहे।

कलाई घुमाना

(४) **कोहनियां मोड़ना** — मुट्ठियां खोलकर हाथों को सामने फैलाएं। हथेलियों को ऊपर की ओर रखें। स्वाभाविक श्वास के साथ भुजाओं को कोहनियों से मोड़ते हुए अंगुलियों से कन्धों का स्पर्श करें। पुनः सीधा करें। इस प्रकार दस बार दुहराइए।

कोहनियां मोड़ना

हथेलियों को नीचे की ओर करके इसी अभ्यास को दस बार दुहराइए। पुनः सामने के बदले में भुजाओं को बाजू में फैलाकर हथेलियों को ऊपर करके दस बार और नीचे करके दस बार उक्त अभ्यास को दुहराइए।

कन्धों को घुमाना (१)

(५) कन्धों को घुमाना — मूलस्थिति में बैठकर हाथों को सामने फैलाएं। कोहनियों को मोड़कर अंगुलियों से कन्धे को स्पर्श करें। अब श्वास लेते हुए मुड़े हुए हाथों को ऊपर उठाइए और बाजू में फैलाइए, इसके पश्चात् श्वास छोड़ते हुए नीचे की ओर करके अपने बगल को स्पर्श करते हुए सामने की ओर लाइए। इस प्रकार कि कोहनियां अपने सीने के सामने एक-दूसरे से स्पर्श करें। ऐसे वृत्ताकार में दस आवृत्ति सीधी और दस आवृत्ति उल्टी करें।

कन्धों को घुमाना (२)

प्रकारान्तर — हाथों को बगल में फैलाकर बैठिए, कोहनियों को मोड़िए। अंगुलियों को कन्धे पर रखे हुए कन्धों को आधे जोड़ों से वृत्ताकार दस बार दाईं ओर से और दस बार बाईं ओर से घुमाइए। श्वास सामान्य रहे।

पवन मुक्तासन (गठिया निरोधक अभ्यास) — शिरःपवनमुक्तासन

(१) गर्दन झुकाना — सुखपूर्वक किसी ध्यान के आसन में बैठकर दोनों हाथों को जांघों के दोनों ओर जमीन पर रखिए। धीरे- धीरे श्वास छोड़ते हुए सिर को झुकाइए जब तक कि ठुड्डी सीने को न छुए। फिर श्वास लेते हुए सिर को पीछे की ओर यथासम्भव झुकाइए। दस बार दुहराइए।

(२) **गर्दन मोड़ना** — पूर्व स्थिति में बैठे हुए मुँह को सामने की ओर रखकर श्वास सामान्य रखते हुए सिर को धीरे-धीरे दाएं और बाएं इस तरह झुकाइए कि कान कन्धों को स्पर्श करें। दोनों तरफ दस-दस बार दुहराइए।

प्रकारान्तर — सिर को सीधा रखे हुए सामान्य श्वास के साथ केवल दाईं ओर और बाईं ओर मोड़ते हुए पीछे की ओर दृष्टि करें। दोनों तरफ दस-दस बार दुहराइए।

गर्दन मोड़ना

गर्दन झुकाना

(३) **गर्दन घुमाना** — पूर्व स्थिति में रहकर बिना किसी तनाव के जितना संभव हो सके उतने बड़े घेरे में सिर को धीरे-धीरे घुमाना है। श्वास छोड़ते हुए सिर को पहले सामने झुकाइए और घुमाते हुए दाहिनी ओर जाएं जिससे दाएं कान का स्पर्श कन्धे से हो। अब श्वास लेते हुए पीछे की ओर झुकाते हुए बाएं कन्धे की ओर घुमाइए जिससे बायां कान कन्धे से स्पर्श करे। पुनः श्वास छोड़ते हुए सामने की ओर घुमाते हुए लाइए, इस प्रकार झुकाइए कि ठुड्डी सीने को स्पर्श करे। ध्यान रखें एक कन्धे से दूसरे की ओर

गर्दन घुमाना

सामने झुकते हुए श्वास छोड़ें और पीछे झुकते हुए श्वास लें। ऐसे दस बार करने के बाद विपरीत दिशा से भी दस आवृत्ति करें।

पवनमुक्तासन (वातनिरोधक अभ्यास)

इस आसन समूह से कब्ज़, अपच, स्नायु व माँसपेशी की गड़बड़ी, शरीर में टूटन, दर्द आदि से पीड़ित लोगों को लाभ होगा और कठिन आसन करने में शरीर को योग्य एवं सक्षम बनाएगा। शरीर एवं मन को शवासन में लेटाकर शान्त एवं शिथिल करके अभ्यास शुरू करें।

(१) **पैर घुमाना** — पीठ के बल लेट जाइए। पैरों को सीधा रखें। हाथों को शरीर के दोनों ओर रखें। हथेलियों से जमीन को दबाते हुए दाहिने पैर को सीधा रखकर (बिना मोड़े) जमीन से ऊपर यथासम्भव उठाइए और दाहिनी ओर वृत्ताकार में घुमाइए। पैर जमीन को न छुएं और कहीं से भी न मोड़ें। दस बार अभ्यास करें। फिर बाईं ओर से भी दस बार अभ्यास करें। इसी प्रकार बाएं पैर से कीजिए। कुछ क्षण विश्राम करके यथासम्भव दोनों पैरों से कीजिए।

(२) **साइकिल चलाना** — जमीन पर चित लेटिए। दाहिने पैर को उठाकर साइकिल चलाने के जैसे घुमाइए। दस बार सीधा एवं दस बार उल्टा पैडल घुमाने के समान

घुमाइए। इसी प्रकार बाएं पैर से करें। फिर दोनों पैरों को एक साथ पृथक्-पृथक् साइकिल चलाने में जैसे होता है वैसे करें। इसके पश्चात् दोनों पैरों को जोड़कर एक साथ आगे-पीछे घुमाइए।

ध्यान रखें इन दोनों अभ्यासों में सिर सहित शरीर को जमीन पर सपाट रखें, अर्थात् उठाना नहीं। प्रत्येक अभ्यास के अनन्तर आवश्यकता के अनुसार शवासन में रहकर श्वास-प्रश्वास की गति को सामान्य होने दें।

(३) **पैर मोड़ना** — पीठ के बल लेट जाइए। दायां पैर मोड़कर जांघों को छाती के पास लाइए। दोनों हाथों की अंगुलियों को परस्पर फांसकर बांध लें और दाएं घुटने पर रखिए। श्वास पूरा छोड़कर फेफड़ों को खाली कर लें। श्वास को बाहर रोकते हुए अर्थात् कुम्भक करते हुए सिर को इतना उठाइए कि नाक से घुटने को स्पर्श कर सकें। श्वास लेते हुए धीरे-धीरे सिर को नीचे कीजिए और पैर को सीधा करते हुए शवासन में लौटिए। शरीर को ढीला छोड़िए। दस बार दुहराइए। बाएं पैर से भी दस बार दुहराइए। फिर दोनों पैर एक साथ ऊपर उठाकर हाथों से घुटनों को पूर्ण रूप से लपेटकर दस बार कीजिए। इससे आमाशय सम्बन्धी रोग व कब्ज़ दूर होगा।

पैर मोड़ना

(४) **हिलना-डुलना और लुढ़कना** — पीठ के बल लेटकर दोनों पैरों को छाती तक मोड़ लीजिए। हाथों की अंगुलियों को परस्पर बाँधकर सिर के पीछे रखें। शेष हाथ के हिस्से को फैलाकर जमीन पर रखें। स्वाभाविक श्वास के साथ शरीर को दोनों तरफ बारी-बारी लुढ़काइए। ध्यान रहे पैरों के पंजे जमीन को न छुएं किन्तु घुटनों से जमीन को स्पर्श करने की कोशिश करें। ऐसे दस बार कीजिए।

अपने पैरों पर (उकड़ूं) बैठ जाइए। दोनों पैर सटाकर रखें और भुजाओं को घुटने के चारों ओर लपेटिए। पूरे शरीर को रीढ़ पर कसकर धीरे-धीरे लुढ़किए फिर उकड़ूं स्थिति में आइए। इस क्रिया को दस बार कीजिए। ध्यान रहे केवल जमीन पर अथवा

पतले कम्बल आदि पर न करें और लुढ़कते वक्त ध्यान रखें कि सिर जमीन से न टकराए। कई परतों में मोड़े गए मोटे कम्बल पर यह क्रिया करें। इससे पीठ, कमर और नितम्बों की मालिश होती है किन्तु मेरुदण्ड सम्बन्धी शिकायत वाले इस क्रिया का अभ्यास न करें।

हिलना-डुलना

लुढ़कना

(५) **नौकासन** — शवासन में लेटिए किन्तु हथेलियों को जमीन की ओर करें एवं पैरों को सटाकर रखें। श्वास लीजिए और पैरों, भुजाओं, सिर एवं धड़ को जमीन से ऊपर उठाइए। सिर जमीन से एक फुट से अधिक न उठाएं। भुजा एवं पैर की

नौकासन

अंगुलियों को एक सीध में रखें ताकि हाथ की अंगुलियों के ऊपर से पैर की अंगुलियों पर दृष्टि कर सकें। आराम से जितनी देर सम्भव हो उतनी देर कुम्भक करते हुए रुकें। इसके पश्चात् श्वास छोड़ते हुए धीरे-धीरे जमीन पर वापस लौटिए। पूरे शरीर को ढीला छोड़िए। इस आसन को पांच बार दुहराइए। उठी हुई स्थिति में शरीर को अधिक-से-अधिक उतने समय तक रखें जब तक कि आमाशय की मांसपेशियों में कंपन का अनुभव न हो। यह आसन स्नायविक दुर्बलता एवं तनाव पीड़ित लोगों के लिए उपयोगी है।

पवनमुक्तासन — दृष्टिवर्धक अभ्यास

मनुष्य के लिए दृष्टि एक अद्‌भुत वस्तु है क्योंकि इसी से वह ज्ञान सरलता से हासिल करता है। इसलिए इसे दोषरहित स्वस्थ बनाए रखना सभी के लिये वांछनीय है। ध्यान रहे प्रत्येक अभ्यास को यद्यपि जब चाहें तब कर सकते हैं फिर भी हरियाली के बीच में प्रातः और सायं करें तो अधिक लाभ मिलेगा। प्रत्येक अभ्यास के बाद आधा मिनट आँख बन्द रखें।

आंखों पर हथेलियां रखना

(१) **आंखों पर हथेलियां रखना** — उगते हुए सूरज के सामने आंखें बन्द करके बैठें। अपनी हथेलियों को आपस में रगड़कर गरम कर लें और उन्हें तुरन्त आंखों पर रखिए। कुछ क्षण ऐसे अनुभव करें कि हथेलियों से गरमी एवं शक्ति निकलकर आंखों में जा रही है। हथेलियां ठण्डी होने पर हटाइए। आंखें बन्द रखें। ऐसा तीन बार दुहराइए।

(२) **दाएं-बाएं देखना** — ध्यान के किसी आसन में बैठें। भुजाओं को कंधों की ऊंचाई तक दोनों ओर सीधे फैलाइए। अंगूठे ऊपर

दाएं-बाएं देखना

की ओर रखें। सिर को बिना हिलाए व घुमाए केवल आंखों को क्रम से घुमाते हुए दृष्टि को क्रमशः बाएं हाथ के अंगूठे पर, भ्रूमध्य, दाएं हाथ के अंगूठे पर, पैर के अंगूठे पर ले जाएं। इस चक्र को पन्द्रह से बीस बार दुहराइए। आधा मिनट के लिए आंखें बन्द करके विश्राम कीजिए। पुनः विपरीत क्रम से १५-२० बार करें।

(३) **सामने और दाएं-बाएं देखना** — पूर्व स्थिति में बैठे हुए बाएं हाथ को सामने फैलाकर अंगूठे को ऊपर की ओर करके रखें। दाईं भुजा को दाईं ओर बाजू में कंधे की ऊंचाई पर फैलाएं। सिर बिना घुमाए व हिलाए केवल दृष्टि को बारी—बारी से बाएं हाथ के अंगूठे और दाएं हाथ के अंगूठे पर केन्द्रित करें। इसे पन्द्रह—बीस बार करने के पश्चात् दाएं हाथ को घुटने पर और बाएं हाथ को बाईं ओर बाजू में फैलाकर अभ्यास पन्द्रह-बीस बार करें। ऐसा तीन बार दुहराइए।

सामने और दाएं-बाएं देखना

(४) **दृष्टि को वृत्ताकार घुमाना** — पूर्व अभ्यास की स्थिति में बैठकर बायां हाथ बाएं घुटने पर और दाई मुट्ठी दाएं पैर के ऊपर रखिए। दायां अंगूठा मुट्ठी के बाहर ऊपर की ओर हो। दाईं भुजा को सीधी रखें। एक बड़ा घेरा बनाते हुए दाएं अंगूठे को दाईं ओर से घुमाते हुए ऊपर की ओर, बाईं ओर और आरम्भिक स्थिति में लाइए। वृत्ताकार में घुमाते वक्त बिना सिर को हिलाए आंखों को घूमते हुए अंगूठे पर केन्द्रित कर साथ-साथ घुमाना है। विपरीत दिशा से भी घुमाएं। दोनों तरफ पांच बार पहले दाहिने हाथ से फिर पांच बार बाएं हाथ से करें। आधा मिनट के लिए आंखें बन्द करके विश्राम करें।

दृष्टि को वृत्ताकार घुमाना

(५) **दृष्टि को ऊपर-नीचे करना** — पूर्व स्थिति में ही बैठे हुए दोनों हाथों की मुट्ठियों को घुटनों पर रखें, अंगूठे बाहर ऊपर की ओर रहें। भुजाओं को सीधी रखकर बिना सिर को हिलाए दाएं अंगूठे पर दृष्टि को केन्द्रित कर दाएं अंगूठे को ऊपर की ओर ले जाएं, साथ-साथ दृष्टि को भी ऊपर की ओर ले जाएं, धीरे-धीरे नीचे लौटिए। इसी प्रकार बाएं अंगूठे के साथ करें। ऐसे प्रत्येक अंगूठे से दस बार दुहराइए।

दृष्टि को ऊपर-नीचे करना

(६) **दृष्टि को पास-दूर करना** — पूर्व स्थिति में बैठें किन्तु आराम से। अब दृष्टि को नासिकाग्र पर केन्द्रित करें। फिर किसी दूर की वस्तु पर केन्द्रित करें। वापस नासिकाग्र पर लाइए। इस क्रिया को पन्द्रह-बीस बार दुहराइए। अन्त में आधा मिनट के लिए आंखें बन्द कर विश्राम कीजिए।

(७) **अन्य अभ्यास** — आंखों के लिए लाभकारी अन्य आसन जिनका वर्णन आगे किया जाएगा, इस प्रकार हैं — शीर्षासन, सर्वांगासन, सूर्य नमस्कार, सूर्यभेदी प्राणायाम, नेति-क्रिया (इसका वर्णन कर दिया गया है), त्राटक इत्यादि।

प्रतिदिन आंखों को पहले शिवाम्बु से (स्वमूत्र से) और बाद में स्वच्छ जल से धोना सर्वोत्तम साधन है किन्तु इसका अभ्यास योग्य योग-शिक्षक की देखरेख में ही करें।

शक्तिबन्ध आसन समूह

प्रारम्भिक अभ्यास के अन्तर्गत पवनमुक्तासन (उक्त तीन समूह) से अतिरिक्त **शक्तिबन्ध आसन समूह** अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। जिन नये अभ्यासियों की मांसपेशियां तथा जोड़ें कड़े हों उनके लिए तथा नित्य योगाभ्यासी जिनके शरीर में भी खानपान अथवा अन्य किसी कारणवश कड़ेपन का अनुभव हो उनके लिए भी शक्तिबन्ध आसन समूह अत्यन्त प्रभावशाली होगा।

प्राण के रूप में शक्ति शरीर के प्रत्येक भाग में रहती है। वह स्वतन्त्र रूप से प्रवाहित होती रहे तो शरीर से विषैले तत्त्व बाहर हो जाएंगे और शरीर के सकल

क्रिया-कलाप सुचारु रूप से चलते रहेंगे। विशेषतः नलिकाविहीन ग्रन्थि-प्रणाली संतुलित रहती है। अतः शारीरिक गतिविधियों में सामञ्जस बनाए रखने एवं उच्च आसन प्राणायाम आदि साधना के योग्य बनाने के लिए शक्तिबन्ध-आसन समूह का अभ्यास आवश्यक है।

(१) **नौका संचालन** — पैरों को सामने फैलाकर सटाकर बैठिए। पैरों को बिना मोड़े नाव चलाने के अन्दाज में शरीर को संचालित करें। जितना संभव हो सके उतना आगे-पीछे झुकते हुए हाथ को साथ में पतवार चलाने के समान चलाइए। ऐसे दस बार करके पुनः विपरीत दिशा में भी करें। मध्यम गति में करना चाहिए। ध्यान रखें झुकते वक्त श्वास छोड़ें और उठकर पीछे जाते हुए श्वास लें।

नौका संचालन

(२) **चक्की चलाना** — पूर्व स्थिति में बैठे हुए पैरों को सटाकर रखें अथवा दो फुट दूरी पर रखें। हाथों को सामने सीधे फैलाकर अंगुलियों को आपस में फंसाकर कमर से झुकते हुए हाथों को बिना मोड़े चक्की चलाने के समान वृत्ताकार घुमाइए। इस क्रिया में भी झुकते हुए श्वास छोड़ें एवं पीछे की ओर जाते हुए श्वास लीजिए। दोनों ओर से दस-दस बार कीजिए।

चक्की चलाना

(३) ***रस्सी खींचना*** *— उकड़ूं बैठें अथवा पैर सामने फैलाकर सटाकर बैठिए। हाथों को क्रमशः ऊपर उठाइए और नीचे लाइए। लेकिन नीचे लाते वक्त हाथ को कसकर तनाव पैदा करके ऐसी भावना करनी है कि मानो आप कुएं से पानी भरी बाल्टी को ऊपर लाने के लिए रस्सी को खींच रहे हैं। अतः ऊपर हाथ को ले जाते वक्त हथेली व अंगुलियां फैलाइए और नीचे लाते वक्त मुट्ठी बांधकर लाइए। ऐसे कम से कम पांच मिनट तक अभ्यास करें। श्वास सामान्य रहे।*

रस्सी खींचना

लकड़ी काटना

(४) ***लकड़ी काटना*** *— पैरों को थोड़ी दूरी पर रखकर पंजों के बल बैठिए। घुटने झुके हुये दूर रहें। हाथों को घुटनों के बीच से सीधे सामने की ओर फैलाकर अंगुलियां आपस में बाँध लें। अब हाथों को बिना मोड़े इस प्रकार ऊपर-नीचे करें मानो आप कुल्हाड़ी से लकड़ी काट रहे हों। हाथों को ऊपर उठाते समय श्वास लीजिए और नीचे जाते समय श्वास छोड़िए। पन्द्रह-बीस बार दुहराइए।*

नमस्कार करना (१)

(५) नमस्कार करना — जमीन पर पूर्ववत् उकड़ूं बैठें और घुटनों को दूर-दूर रखें। हाथों को प्रार्थना की मुद्रा में जोड़कर सिर थोड़ा पीछे की ओर झुकाएं और आकाश की ओर दृष्टि करें। अब कोहनियों से घुटनों को अन्दर की तरफ से दबाते हुए फैलाने की कोशिश करें, लम्बी श्वास लें। कुछ क्षणों तक रुककर श्वास छोड़ते हुए भुजाओं को सामने की ओर सीधा कीजिए और सिर को सामने की ओर झुकाइए। साथ ही घुटनों से भी कोहनी को स्पर्श करें अर्थात् घुटनों से हाथों को अन्दर की ओर दबाइए। इस अभ्यास को दस बार करें।

नमस्कार करना (२)

(६) वायु निष्कासनासन — पूर्ववत् पंजों के बल उकड़ूं बैठें। पैरों के बीच कम से कम दो फुट दूरी रखें। हाथों की अंगुलियों को अन्दर की तरफ से तलवों के नीचे रखिए। अतः हाथों को घुटनों के भीतर रखें। श्वास लीजिए और सिर उठाइए। अब

वायु निष्कासनासन

श्वास छोड़ते हुए सिर को झुकाकर बिना हाथों को हिलाए पैरों को सीधा करते हुए खड़े होने की कोशिश करें अर्थात् शरीर को उठाइए। कुछ क्षण तक कुम्भक लगाकर इस अवस्था में रहें। आरम्भिक स्थिति में लौटें। इसे दस बार कीजिए। इस अभ्यास को आराम से करें, जबरदस्ती न करें।

(७) **उदराकर्षणासन** — पैरों को डेढ़ से दो फुट दूर फैलाकर हाथों को घुटनों पर रखते हुए पंजों के बल उकड़ूं बैठिए। जितना सम्भव हो सके, धड़ को दाहिनी ओर मोड़ते हुए शरीर के पीछे की तरफ देखें और साथ ही साथ बाएं घुटने को दाहिने पैर पर झुकाकर स्थापित करें। हथेलियां घुटनों पर स्थिर रखें। इस क्रिया को श्वास छोड़कर करें। श्वास लेते हुए आरम्भिक स्थिति में लौटिए। इसी प्रकार बाईं ओर मोड़ते हुए करें। दस बार दोनों तरफ दुहराइए।

पाचक अंगों एवं मांसपेशियों की मालिश इससे अच्छी तरह से होती है इसलिए इससे पाचन सम्बन्धी सकल रोगों से मुक्ति होगी।

उदराकर्षणासन

ध्यान के आसन

योग के उच्च अभ्यास ***ध्यान*** को करने के लिए मन एवं शरीर को तैयार करना होगा, क्योंकि लम्बे समय तक बैठना पड़ता है। अतः शिथिलीकरण के आसन एवं ध्यानपूर्व आसन समूह का अभ्यास करना उचित होगा। **शिथिलीकरण** के आसनों में शवासन, अद्वासन, मकरासन, ज्येष्टिकासन, मत्स्यक्रीड़ासन आदि हैं। **ध्यानपूर्व** आसन समूह में अर्ध-तितली, पूर्ण-तितली, कौआ-चाल, पशुविश्रामासन इत्यादि हैं। **ध्यान** के आसनों में पद्मासन, अर्धसिद्धासन, सिद्धासन, सिद्धयोनि आसन, सुखासन, वज्रासन इत्यादि हैं। इनमें से क्रमशः कुछ अति आवश्यक आसनों पर प्रकाश डालेंगे।

(क) शिथिलीकरण आसन समूह

(१) **शवासन** — पीठ के बल लेट जाइए। भुजाएं शरीर के बगल में रहें। हथेलियां ऊपर की तरफ खुली रखें। पैरों को थोड़ा दूर-दूर आराम की स्थिति में रखें। आखें बन्द रहें। पूरे शरीर को ढीला छोड़िए। शरीर का कोई भी भाग हिलना नहीं चाहिए। श्वास स्वाभाविक चलती रहे, आप उस पर मन को स्थापित करें एवं उसके आवागमन पर जागरूक रहते हुए गिनते जाइए। जब तक तन-मन पूर्ण रूप से शिथिल न हो तब तक करें।

शवासन

(२) **अद्वासन** — पेट के बल लेट जाइए। दोनों भुजाओं को बगल में हथेलियों को ऊपर की ओर करके रखें अथवा सामने की ओर सिर का स्पर्श करते हुए सीधा फैलाकर हथेलियों को नीचे की ओर रखें। शेष क्रिया शवासन के समान करें।

अद्वासन

(३) **मकरासन I**— पूर्ववत् पेट के बल लेटिए। कोहनियों के सहारे सिर और कन्धों को उठाइए। हथेलियों पर ठुड्डी को स्थापित करें। शेष क्रिया शवासन के समान करें। मकरासन **II** पृष्ठ संख्या ११५ में देखें।

मकरासन

(ख) ध्यानपूर्व-आसन समूह

(१) **अर्ध-तितली** — शरीर-शुद्धि नामक प्रथम प्रकरण के आसन विज्ञान नामक तीसरे अध्याय में प्रारम्भिक अभ्यास के अन्तर्गत गठियानिरोधक-पवनमुक्तासन समूह में पादपवनमुक्तासन अभ्यास संख्या ८ में इसकी विधि का वर्णन किया गया है। पृष्ठ संख्या ५६ देखें।

(२) **पूर्ण-तितली** — वहीं पर अभ्यास संख्या १० में इसकी विधि का वर्णन किया गया है। पृष्ठ संख्या ६० देखें।

(३) **कौआ-चाल** — वहीं पर अभ्यास संख्या ११ में इसकी विधि का वर्णन है। पृष्ठ संख्या ६० देखें।

(ग) ध्यान के आसन

(१) **पद्मासन**

विधि — पैरों को सामने फैलाकर बैठ जाइए। दाहिने पैर को मोड़कर बाईं जांघ पर इस प्रकार रखें कि एड़ी कुल्हे की हड्डी का स्पर्श करे। तलवा ऊपर की ओर रहे। इसी तरह बाएं पैर को दाहिनी जांघ पर स्थापित करें। हो सके तो दोनों एड़ियों को सटाइए। दोनों हाथों को ज्ञानमुद्रा अथवा चिन्मुद्रा में घुटनों पर रखें। कमर व गर्दन सीधी रखें। आज्ञाचक्र पर भ्रूमध्य में ध्यान करें। आँखें बन्द रखें। चट्टान जैसी स्थिरता की भावना के साथ तीन घण्टे तक लगातार बैठने की क्षमता आने तक अभ्यास करें। आसन जय के बिना प्राणायाम व ध्यान सफल नहीं हो सकता।

पद्मासन

लाभ — जैसा नाम वैसा काम, जैसे पद्म (कमल) पानी में रहते हुए भी पानी से अलग रहता है वैसे साधक संसार में रहते हुए संसार से अलग रह सकता है। अतः यह ध्यान के लिये सर्वश्रेष्ठ आसन है क्योंकि इससे पैरों में रक्त-संचार कम होकर मस्तिष्क में रक्त प्रवाह बढ़ता है। पूरा नाड़ी-संस्थान पुष्ट होता है जिससे पैरों के दोष गठिया, साइटिका आदि दूर हो जाते हैं। नाभि के बाईं ओर स्थित सरस्वती नाड़ी के दबने से सुषुम्ना नाड़ी से प्राण संचार होने लगता है जो ध्यान के लिये अति आवश्यक है। इस आसन से शक्ति संचय होती है क्योंकि इन्द्रियां शान्त होती हैं और पैरों, पंजों तथा अंगुलियों के पोरों से ऊर्जा बाहर नहीं जाती है। पाचन शक्ति बढ़ती है और मन शीघ्र एकाग्र होता है।

प्रभेद — अर्धपद्मासन, वीरासन, पर्वतासन, समासन, कार्मुकासन, उत्थित पद्मासन, बद्धपद्मासन, ऊर्ध्व-पद्मासन, लोलासन, कुक्कुटासन, तोलांगुलासन इत्यादि पद्मासन द्वारा किए जाने वाले आसन हैं।

इनमें से अति आवश्यक की चर्चा अगले खण्ड में करेंगे।

(२) **सिद्धासन**

विधि — पैरों को सामने फैलाकर बैठें। बाएं पैर को मोड़कर एड़ी से गुदा और जननेन्द्रिय के बीच में स्थित सीवन नाड़ी को दबाते हुए तलवे को दाईं जांघ से सटाइए। दाएं पैर को मोड़कर एड़ी को जननेन्द्रिय के मूल पर इस प्रकार रखें कि बाएं पैर के टखने पर दाएं पैर का टखना आ जाए। अब बाएं पंजे को जंघा व पिण्डली के बीच में स्थिर करें। कमर व गर्दन सीधी रहें। आँखें बन्द करके हाथों को ज्ञानमुद्रा अथवा चिन्मुद्रा में रखें। ध्यान का केन्द्र — आज्ञाचक्र।

ध्यान रहे केवल पुरुषों को यह आसन करना चाहिए। महिलाओं को सिद्धयोनि

सिद्धासन

आसन करना चाहिए। जिन्हें साइटिका व रीढ़ के निचले भाग में गड़बड़ी हो उन्हें यह आसन नहीं करना चाहिए।

लाभ — इसका भी जैसा नाम वैसा काम — क्योंकि योग में ब्रह्मचर्य का पालन मुख्य साधन है। इस आसन से ब्रह्मचर्य सिद्ध होता है। वीर्य सम्बन्धी सभी दोष दूर हो जाते हैं और वीर्य ऊर्ध्वगामी हो जाता है। प्राण व मन में स्थिरता व उपस्थेन्द्रिय की शुक्रवाहिनी नाड़ियों के शिथिल होने से मूलबन्ध और वज्रोलि मुद्रा स्वतः लग जाती है, फलस्वरूप शरीर की तीनों शक्तियां (भावनात्मक, मानसिक व शारीरिक) संतुलित होती हैं जिससे ध्यान अनायास होने लगता है।

प्रकारान्तर — अर्धसिद्धासन — पूर्वोक्त विधि को ही करें। फर्क इतना है कि दाहिने पैर को मोड़कर बायीं जाँघ पर रखें।

प्रभेद — गुप्तासन, वीर्यासन, बद्धयोन्यासन, क्षेमासन, स्थिरासन, मुक्तासन इत्यादि सिद्धासन द्वारा किए जाते हैं।

अर्ध सिद्धासन

(३) स्वस्तिकासन

विधि — पैरों को सामने फैलाकर बैठें। बाएं पैर को मोड़कर पंजे को दायीं जांघ के पास रखें। दाएं पैर को मोड़कर केवल अंगुलिभाग को बाईं जांघ व पिण्डलियों के बीच फंसाइए। इस प्रकार दोनों पैरो की अंगुलियां जांघ व पिण्डली के बीच फंसाकर बैठें अथवा दोनों पैरों की अंगुलियों को बाहर की ओर करके बैठें, जैसे कि चित्र में दिखाया गया है। हाथों को ज्ञानमुद्रा अथवा चिन्मुद्रा में घुटनों पर रखें। रीढ़ व गर्दन

स्वस्तिकासन

को सीधा रखें। ध्यान केन्द्र — आज्ञा-चक्र।

यह आरम्भिक साधक के लिए ध्यान का सरल आसन है। रीढ़ की समस्या वाले विशेषतः साइटिका से पीड़ित लोग इस आसन को न करें।

लाभ — स्वस्तिक का अर्थ है मंगलकारी। अतः यह आसन साधक को प्रसन्नता व सर्वसुख देता है। उच्चस्तरीय प्राणायामादि का अभ्यास इसमें सरलतापूर्वक कर सकते हैं। संपूर्ण नाड़ी संस्थान इससे सक्रिय होता है। पैरों में ठण्ड पड़ना व दर्द मिटता है तथा अधिक पसीना निकलने की बीमारी ठीक होती है। जप-त्राटकादि क्रियाओं के लिए अत्यन्त सरल एवं लम्बे समय तक बिना परेशानी के इस आसन में बैठ सकते हैं।

(४) सुखासन

विधि — दोनों पैर सामने फैलाकर बैठें। दाएं पैर को मोड़कर पंजे को बाएं पैर की जांघ के नीचे रखें। फिर बाएं पैर को मोड़कर पंजे को दाई जांघ के नीचे रखें। हाथों को घुटनों पर ज्ञानमुद्रा व चिन्मुद्रा में रखें। कमर व गर्दन सीधी रहे। ध्यान का केन्द्र — आज्ञा-चक्र।

इस आसन में अधिक समय बैठने के इच्छुक घुटनों को थोड़ा उठाकर छाती की ओर लाएं और एक कपड़े या तौलिए से घुटनों और पीठ के चारों तरफ वृत्ताकार में बांधकर बैठ सकते हैं। विशेषतः बूढ़े व सख्त पैरों वाले जवान इस प्रकार अभ्यास शुरू कर सकते हैं।

सुखासन

लाभ — नाम के अनुसार इसमें अधिक समय बैठने पर भी थकान व तनाव रहित शरीर के कारण देह, प्राण, मन आदि को सुख मिलता है। अन्य ध्यान के आसन के अभ्यास के योग्य बनाता है। श्वास-प्रश्वास की गति सम रहती है।

प्रभेद — हस्तपादबद्धासन (इसे कुछ लोग पवनमुक्तासन भी कहते हैं), वामपादहस्तबद्धासन, दक्षिणपादहस्तबद्धासन, भैरवासन, इत्यादि इस आसन के प्रकारान्तर है जो कि आरम्भिक अभ्यासियों के लिये सुगम व लाभदायक हैं।

बैठकर किये जाने वाले आसन

(१) वज्रासन

विधि — घुटनों के बल बैठिए। पंजों को पीछे फैलाकर एक पैर के अंगूठे को दूसरे के अंगूठे पर रखें अथवा स्पर्श करें। एड़ियां अलग रहें किन्तु घुटनों को सटाए रहें। अब नितम्बों को पंजों के बीच में रखिए, अतः एड़ियां कुल्हों की तरफ हों। हथेलियों को घुटनों पर रखिए। कमर व गर्दन सीधी रखें। शरीर ढीला रहे। श्वास सामान्य रहे। ध्यान का केन्द्र — मणिपुर-चक्र।

इसे मोटापा घटाने के लिए भोजन से पहले पन्द्रह मिनट करें और अपच, मन्दाग्नि आदि रोगियों को तथा स्वस्थ लोगों को भी इसे पन्द्रह से तीस मिनट तक भोजन के बाद करना चाहिए।

लाभ — वज्र एक प्राणशक्तिप्रवाहिका नाड़ी का नाम है। इसका सम्बन्ध जननेन्द्रिय और मूत्रनिष्कासन प्रणाली के साथ है। अतः इस आसन से गर्भाशय, आमाशय आदि पर विशेष प्रभाव पड़ता है। यह आसन 'कन्द' पर अत्यधिक प्रभाव डालता है जिससे ७२,००० नाड़ियां निकलती हैं। अतः इस आसन से होने वाले लाभ अनगिनत हैं। पेट के रोगी, साइटिका, गैस, पैरों के दोष, वीर्य सम्बन्धी दोष, मूत्र प्रणाली सम्बन्धी दोष आदि इस आसन से दूर होते हैं।

वज्रासन

प्रभेद — मण्डूकासन, अर्धशवासन, सुप्तवज्रासन, पादादिरासन, पर्वतासन, आनन्दमदिरासन, अंगुष्ठासन इत्यादि वज्रासन के प्रभेद हैं। कुछ अन्य आसनों का वर्णन आगे करेंगे।

(२) सिंहासन

सिंहासन

विधि — वज्रासन में बैठिए। घुटनों को जितना हो सके उतनी दूरी पर रखें। अंगुलियों को अपने शरीर की तरफ करते हुए हाथों को घुटनों के बीच में जमाइए। सीधी भुजाओं के सहारे थोड़ा आगे की ओर झुकिए। सिर को पीछे की ओर लटकाकर जितना सम्भव हो उतना मुँह खोलिए। जीभ को बाहर निकालिए। आँखों को खोलकर भ्रूमध्य पर केन्द्रित करें। नाक से श्वास लेकर मुँह से स्पष्ट एवं स्थिर आवाज निकालते हुए धीरे-धीरे श्वास छोड़िए।

जीभ को दाएं-बाएं घुमाते हुए श्वास छोड़ सकते हैं। कम से कम दस बार दुहराइए। रोगी को पन्द्रह-तीस बार करना चाहिए। ध्यान का केन्द्र — विशुद्धि-चक्र।

लाभ — हकलाकर बोलने वालों तथा गले, नाक, कान और मुहँ की बीमारियों को दूर करने के लिए यह श्रेष्ठ आसन है। इससे स्वस्थ, गंभीर और मधुर स्वर का विकास होता है। इस आसन को **सर्वरोगहर** भी कहते हैं। अतः स्वस्थ व्यक्ति को भी नित्य करना चाहिए ताकि कोई रोग न सताए।

वीरासन

(३) वीरासन

विधि — वज्रासन में बैठिए। दाहिने पैर को खोलकर पंजे को बाएं घुटने के पास सटाकर रखिए। दाएं हाथ को दाएं घुटने पर रखें और हथेली पर सिर को ठुड्डी द्वारा स्थापित करें। आँखें बन्द कर लें। शरीर एवं मन को ढीला छोडें और विश्राम करें। श्वास सामान्य रहे। ध्यान का केन्द्र भ्रूमध्य अर्थात् आज्ञा-चक्र है।

लाभ — यह आरम्भिक अभ्यासी के लिए चित्त को एकाग्र करने एवं प्रत्याहार द्वारा धारणा के लिए अत्यन्त उपयोगी है। गहन चिन्तन करने के लिए भी उपयोगी है। विशेषतः पढ़ाई से थके विद्यार्थी, चञ्चल महिलाएं एवं तनावपूर्ण लोगों के लिए सुखदायक है।

प्रकारान्तर — वीरासन को इस प्रकार से भी किया जाता है — वज्रासन में बैठकर दाहिने पैर को खोलकर पंजे को बाई जांघ पर रखें। हथेलियों को नमस्कार की मुद्रा में अपने सामने उठाकर सिर के ऊपर ले जाइए। आंखें बन्द कर लें। पीछे की ओर स्वतन्त्र रूप से फैले हुए बाएं पैर के सहारे घुटनों के बल पर उठिए। कुछ क्षण रुककर वज्रासन में लौटिए। फिर पैर को बदलकर कीजिए। ध्यान का केन्द्र — आज्ञा-चक्र। कमर व गर्दन सीधी रहे। श्वास सामान्य।

लाभ — पीठ के दर्द आदि दूर हो जाते हैं। लेकिन ध्यान रहे शरीर सीधा रहे; न आगे की ओर झुके न पीछे की ओर।

वीरासन (प्रकारान्तर)

भद्रासन

(४) भद्रासन

विधि — वज्रासन में बैठिए। घुटनों को जितना संभव हो उतना दूर-दूर करें। अब पंजों को ऐसा रखें कि अंगुलियों का सम्पर्क जमीन से बना रहे एवं नितम्बों को फर्श पर स्थापित करें। बिना तनाव के घुटनों का फासला बढ़ाइए। हथेलियों को नीचे की ओर करते हुए हाथों को घुटनों पर रखें। शरीर को सुखपूर्वक

स्थिर करके शरीर एवं मन को ढीला छोड़कर नासिकाग्र दृष्टि करें। ध्यान का केन्द्र — आज्ञा-चक्र अथवा स्वाधिष्ठान-चक्र। श्वास सामान्य रहे। कमर एवं गर्दन को सीधी रखें।

लाभ — आध्यात्मिक लक्ष्य को प्राप्त करने में अत्यन्त उपयोगी है क्योंकि मूलाधार-चक्र में स्थित कुण्डलिनी शक्ति इस आसन से शीघ्र ही उत्तेजित होकर सक्रिय होती है। शारीरिक दृष्टि से यह आसन शरीर में उत्पन्न होने वाले समस्त विषैले पदार्थों को नष्ट कर देता है। फलतः शरीर नीरोग हो जाता है।

(५) उष्ट्रासन

विधि — प्रथम स्थिति — वज्रासन में बैठिए। कंधों की चौड़ाई के अनुसार घुटनों के बीच में फासला रहे। घुटनों के बल पर खड़े हो जाइए। पीछे से दोनों पैरों के घुटनों को समान अन्तर में रखें। पंजों को जमीन पर लेटा दीजिए। अर्थात् पंजों का ऊपरी भाग जमीन पर रहे। धड़ को दाईं तरफ मोड़ते हुए पीछे की ओर झुकिए और दाएं हाथ से बाएं पैर की एड़ी को पकड़िए। सिर को थोड़ा पीछे झुकाते हुए बाईं भुजा (हाथ) को लम्बायमान रूप में सीधे सिर के ऊपर उठाइए तथा हथेली आगे की ओर हो। शरीर का पूरा भार बाईं एड़ी पर डालते हुए स्थिर हो जाएं। अपनी दृष्टि को बाएं हाथ की अंगुलियों पर केन्द्रित करें। विपरीत दिशा में भी इसी प्रकार दुहराइए। घुटनों पर उठते हुए श्वास लें। बगल की ओर मुड़ते हुए श्वास छोडें। स्थिर स्थिति में स्वाभाविक रहें। आरम्भिक स्थिति में लौटते हुए श्वास लीजिए। ध्यान का केन्द्र — संपूर्ण रीढ़ और विशेषतः मणिपुर-चक्र।

उष्ट्रासन (१)

उष्ट्रासन (२)

द्वितीय स्थिति – वज्रासन में बैठने के पश्चात् पूर्ववत् घुटनों एवं पैरों को कन्धों की चौड़ाई के समान अन्तर में रखें एवं पंजों को लिटाइए। गर्दन तथा शरीर को धीरे-धीरे पीछे की ओर झुकाइए। हथेलियां तलवों पर आ जाएं। झुकते वक्त श्वास लीजिए। यथाशक्ति इस अवस्था में स्वाभाविक श्वास लेते-छोड़ते हुए रुकिए। लम्बी श्वास लेकर धीरे-धीरे श्वास छोड़ते हुए वापस वज्रासन में लौटकर बैठें। पूर्ण स्थिति में जितना हो सके उतना पेट को बाहर की ओर करें और शरीर का पूरा भार पंजों पर डाल दें।

एक मिनट से तीन मिनट तक रुकें और दस बार दुहराइए। इस आसन से आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करने के लिए विशुद्धि अथवा अनाहत-चक्र पर ध्यान करें। इस आसन को आगे की ओर झुककर किए जाने वाले आसनों के बाद करने पर अधिक लाभ होगा।

लाभ – रीढ़ की सारी न्यूनताएं – टेढ़ापन, स्लिपडिस्क, स्पोण्डीलाइटिस, साइटिका आदि समाप्त होते हैं। फेफड़ों में श्वास रोकने की क्षमता बढ़ती है। जंघा, उदर और छाती प्रदेश के अतिरिक्त चर्बी घटती है। हृदयरोग एवं महिलाओं की मासिक धर्म सम्बन्धी समस्याएं दूर होती हैं। पाचन प्रणाली, विसर्जन प्रणाली एवं प्रजनन प्रणालियों के लिए लाभप्रद है।

(६) शशांकासन

विधि –वज्रासन में बैठिए। कमर के पीछे बाएं हाथ से दाईं कलाई पकड़ लीजिए। आंखें बन्द करें। श्वास लीजिए और श्वास छोड़ते हुए बिना नितम्बों को उठाए कमर से सामने की ओर तब तक झुकिए जब तक कि मस्तक फर्श से स्पर्श न करे। स्वाभाविक श्वास-प्रश्वास लें। पूरे शरीर एवं मन को ढीला छोड़ते हुए कुछ समय विश्राम करें। श्वास लेते हुए आरम्भिक स्थिति में वापस लौटिए।

शशांकासन

प्रकारान्तर — वज्रासन में बैठकर श्वास लेते हुए हाथों को सिर के ऊपर सीधा कीजिए और धड़ की सीध में रखें। श्वास छोड़ते हुए हाथों को बिना मोड़े धड़ को सामने की ओर तब तक झुकाइए जब तक मस्तक जमीन को स्पर्श न करे और कोहनियों को पृथ्वी पर टिका दें। कुछ कुम्भक के साथ अथवा स्वाभाविक श्वास के साथ रुककर श्वास लेते हुए आरम्भिक स्थिति में लौटें। क्षमता एवं आवश्यकता के अनुसार आराम से प्रत्येक बार एक से तीन मिनट तक रुकें और ऐसे दस बार दुहराइए।

लाभ —आध्यात्मिक दृष्टि से मूलाधार चक्र पर ध्यान करें अन्यथा स्वाधिष्ठान अथवा मणिपुर-चक्र पर ध्यान करें। इससे काम विकार दूर होता है। साइटिका के स्नायुओं को शिथिल करता है और एड्रिनल ग्रन्थियों को नियमित करता है। कुल्हों और गुदाक्षेत्र की मांसपेशियों को सामान्य रखता है। पाचन प्रणाली सक्रिय होती है। दमे के रोग को नियन्त्रित करने में उपयोगी है। क्रोधादि हर प्रकार के आवेश तथा भावनात्मक असन्तुलन को समाप्त करता है।

(७) योगमुद्रा

विधि — पद्मासन में बैठकर आँखें बन्द कर लीजिए। पीठ के पीछे बाएं हाथ से दाईं हाथ की कलाई को पकड़ लीजिए। लम्बी और गहरी श्वास लीजिए। धीरे-धीरे श्वास छोड़ते हुए शरीर को शिथिल करके धड़ को धीरे-धीरे सामने झुकाइए। माथे को जमीन

योगमुद्रा

पर टिकने तक झुकिए। कुछ समय तक इस स्थिति में कुम्भक अथवा सामान्य श्वास के साथ रहें। धीरे-धीरे गहरी लम्बी श्वास लेते हुए आरम्भिक स्थिति में लौटिए। नितम्ब को झुकते समय न उठाएं। ऐसे पांच बार दुहराइए। ध्यान का केन्द्र – आध्यात्मिक दृष्टि से मणिपुर-चक्र अथवा आज्ञा-चक्र। शारीरिक दृष्टि से श्वास पर।

लाभ – यह पेट और उससे सम्बन्धित शरीर के अन्य भागों की मालिश तथा कोष्ठबद्धता में लाभ करता है। रीढ़ की समस्त कशेरुकाओं को एक-दूसरे से अलग कर साफ व हल्का करता है। फलतः सुषुम्ना नाड़ी एवं मणिपुर-चक्र सम्यक् प्रकार से जाग्रत् होते हैं। उदर सम्बन्धी सभी रोग दूर होते हैं। पाचन एवं विसर्जन प्रणाली सुदृढ़ होती हैं। पौरुषग्रन्थि (Prostate gland) बढ़ती-घटती नहीं अपितु संतुलित रहती है। मोटापा कम करता है। मस्तिष्क के विकास के लिए अत्यन्त उपयोगी आसन है।

(८) बद्धपद्मासन

विधि – पद्मासन में बैठें। दाहिने हाथ को पीठ के पीछे ले जाकर उससे दाएं पैर का अंगूठा पकड़िए। बायें हाथ को भी पीठ के पीछे ले जाकर दाहिने हाथ पर क्रास करते हुए बाएं हाथ से बाएं पैर का अंगूठा पकड़िए। श्वास बाहर छोड़कर थोड़ा आगे झुकेंगे तो आसानी से पकड़ सकेंगे। आगे झुकते हुए माथे को जमीन पर टिकाइए। श्वास छोड़ते हुए इस स्थिति में आकर कुछ समय तक सामान्य श्वास के साथ रुकिए। लम्बी गहरी श्वास लेते हुए वापस आइए। ध्यान का केन्द्र – आध्यात्मिक दृष्टि से अनाहत चक्र। शारीरिक दृष्टि से बैठी हुई अवस्था में नासिकाग्र पर और झुकी हुई अवस्था में मणिपुर-चक्र। पांच बार दुहराइए।

बद्धपद्मासन

लाभ — उदर सम्बन्धी रोगों के लिए फायदेमन्द है। बच्चों के विकास तथा अविकसित सीने को पुष्ट और मजबूत करता है। महिलाओं में सन्तानोत्पत्ति के बाद पेट पर पड़ी झुर्रियां इससे दूर होती हैं। स्तनों में दूध की कमी की पूर्ति होती है। हाथ, गर्दन, कन्धे, पीठ आदि स्वस्थ होंगे। मिर्गी, खांसी, दमा, भगन्दर, हर्निया, वीर्य विकार, साइटिका आदि में अत्यन्त उपयोगी है।

(९) मत्स्यासन

विधि — पद्मासन में बैठिए। पीछे की ओर झुककर लेटिए। दोनों हाथों को आपस में बांधकर सिर के नीचे रखें अथवा पीठ के हिस्से को उठाकर गर्दन मोड़ते हुए सिर के ऊपरी हिस्से को जमीन पर टिकाइए। पैरों के अंगूठे को हाथों से पकड़िए। कोहनियां जमीन पर सटी रहें। अन्तिम स्थिति में लम्बी-गहरी श्वास लीजिए और छोड़िए। एक से पांच मिनट तक अभ्यास करें। जिनको टांसिल का दोष हो अथवा गले में खट्टापन रहता हो वे अन्तिम स्थिति में शीतकारी प्राणायाम कर सकते हैं। ध्यान का केन्द्र — आध्यात्मिक हेतु अनाहत-चक्र और शारीरिक लाभ हेतु मणिपुर-चक्र। इस आसन को सर्वांगासन के बाद करेंगे तो ज्यादा लाभ होगा।

मत्स्यासन

लाभ — उदर सम्बन्धी रोगों में अत्यन्त उपयोगी है। कोष्ठबद्धता एवं पीठ में रक्त के जमघट को दूर करता है। इस आसन का विकल्प सुप्तवज्रासन है।

विशेष — एक पैर सीधा रखकर दूसरे पैर को अर्द्धपद्मासन में रख लें। शेष क्रिया पूर्ववत् करें। आरम्भिक अभ्यासी के लिए यह एक सरल तरीका है। जो व्यक्ति इसे करना भी कठिन समझते हों वे दोनों पैरों को सीधा रखें। हाथों को बगल में हथेलियों से जमीन को दबाकर रखें और शेष क्रिया पूर्ववत् कर सकते हैं।

(१०) कुक्कुटासन

विधि — कुक्कुट का अर्थ है मुर्गा। पद्मासन में बैठकर पिंडलियों और जांघों के बीच

कुक्कुटासन

से हाथों को अन्दर कीजिए। अंगुलियों को सामने की ओर करते हुए हथेलियों को जमीन पर जमाइए। पूरे शरीर को हाथों के सहारे ऊपर उठाकर जितनी देर आराम से रुक सकें, रुकिए। स्वाभाविक श्वास चलता रहे। फिर वापस जमीन पर आइए। पांच बार दुहराए। ध्यान का केन्द्र — अनाहत-चक्र।

लाभ — हाथों, कन्धों व सीने को पुष्ट करेगा। आलस्य दूर होगा। सीने की चौड़ाई एवं हाथों की लम्बाई बढ़ेगी। यह सीने सम्बन्धी रोगों में अत्यन्त उपयोगी है।

(११) गर्भासन

विधि — गर्भ में स्थित बच्चे के समान दिखाई देता है इसलिए इसे गर्भासन कहते हैं। पद्मासन में बैठकर हाथों को पूर्ववत् पिण्डली एवं जांघ के बीच में प्रवेश कराकर इतना बाहर निकालें कि कोहनियां पिण्डलियों से बाहर हो जाएं। अब नितम्बों पर शरीर को संतुलित रखते हुए हाथों को ऊपर की ओर मोड़िए और कानों को पकड़िए। श्वास छोड़ते हुए कानों को पकड़ें। फिर स्वाभाविक श्वास के साथ

गर्भासन

यथाशक्ति अन्तिम स्थिति में स्थिर रहें। ध्यान का केन्द्र — मणिपुर चक्र अथवा श्वास पर। पांच-दस बार दुहराइए।

प्रकारान्तर — जो लोग पद्मासन में इसे न कर सकें वे उकड़ूं बैठकर पिण्डली एवं जांघ के बीच में से अन्दर की ओर लाकर कानों को पकड़ें और सिर को यथासम्भव सीधा करें। जैसे स्कूलों में बच्चों को मुर्गा बनाया जाता है।

लाभ — यह मन एवं उदर को संतुलित करता है। स्नायु-दौर्बल्यता को दूर करता है। अपने क्रोध, असन्तोष, उद्वेग, उत्तेजना पर काबू न पा सकने वाले लोग इस आसन का अधिक अभ्यास करें। पाचन क्रिया सुदृढ़ होती है।

(१२) तोलांगुलासन

विधि — पद्मासन में बैठकर पीठ के बल लेटिए। हथेलियों को नितम्बों के नीचे रखें। कोहनियों के सहारे धड़ भाग को इस तरह उठाइए कि शरीर का भार नितम्ब और कोहनियों पर सध जाए। पैरों को भी यथासम्भव उठाइए। लम्बी गहरी श्वास लेकर सिर को मोड़कर जालंधर-बन्ध लगाइए। बिना तनाव के यथा-शक्ति आराम से इस अन्तिम स्थिति में रुकिए। धीरे-धीरे श्वास छोड़ते हुए आरम्भिक स्थिति में वापस आइए। ध्यान का केन्द्र — मणिपुर-चक्र अथवा श्वास पर। अन्तिम स्थिति तौलने का साधन तराजू के समान होने से इसे तोलांगुलासन कहते हैं। एक से पांच मिनट रुकें और पांच बार दुहराइए।

लाभ — इस आसन से मोटापा दूर होता है। उदर और उससे सम्बन्धित सभी भाग दोष रहित होंगे। कंधे, पीठ, गर्दन व सीना मजबूत, पुष्ट एवं विशाल होते हैं।

तोलांगुलासन

(१३) गोमुखासन

विधि — बाएं पैर की एड़ी को दाहिने नितम्ब के समीप रखिए। दाहिने पैर को बाईं जांघ के ऊपर से क्रास करते हुए इस प्रकार स्थिर करें कि घुटने एक-दूसरे के ऊपर रहें। बाएं हाथ को पीठ के पीछे मोड़कर हथेलियों को ऊपर की ओर ले जाएं। दाहिना हाथ दाहिने कन्धे पर सीधा उठा लें। पीछे की ओर घुमाते हुए कोहनी से मोड़कर हाथों को परस्पर बांध लें। धड़ एवं सिर को सीधा तानें एवं मुड़े हुए दाहिने हाथ को ऊपर की ओर आराम से यथासम्भव तानिए। स्वाभाविक श्वास के साथ इस अवस्था में यथाशक्ति रुकें। नेत्र बन्द रखें फिर वापस आरम्भिक स्थिति में आकर विश्राम करें। पांच बार दुहराइए। ध्यान का केन्द्र — आज्ञा-चक्र अथवा श्वास पर। हाथ और पैर को उल्टाकर पांच बार दुहराइए।

गोमुखासन

लाभ — गठिया, साइटिका, बवासीर, जांघ एवं पैर के नाड़ी-दोष, अपच, मन्दाग्नि, पीठ दर्द, हाथों के दर्द को दूर करता है। यह मधुमेह रोग में अत्यन्त उपयोगी है। ब्रह्मचर्य की रक्षा होगी क्योंकि सहज ही मूल-बन्ध का अभ्यास होता है। अतः लैंगिक विकारों को दूर करता है। छाती को पुष्ट करता है।

प्रभेद — वाम जान्वासन और दक्षिण जान्वासन।

(१४) पश्चिमोत्तानासन

विधि — पैरों को सटाकर सीधे सामने फैलाकर बैठिए। शरीर को धीरे-धीरे आगे की ओर श्वास छोड़ते हुए झुकाइए। हाथों से पैरों के अंगूठे पकड़िये एवं माथे को घुटने के आगे पैरों पर अथवा घुटने पर ही टिकाइए। यदि हो सके तो हाथों की अंगुलियों को परस्पर फंसाकर तलवों के नीचे जमीन पर रखें, यह अन्तिम स्थिति है। आरम्भिक

अभ्यासी टखने को पकड़कर कर सकते हैं। हाथों को अंगूठे पकड़कर/टखने पकड़कर/पंजों के नीचे रखकर अपनी ओर खींचते हुए कोहनियों को पृथ्वी पर टिका दें। परन्तु पैरों को कहीं से भी मोड़ना नहीं एवं शरीर पर जोर भी न डालें, आराम से जितना हो उतना करें। स्वाभाविक श्वास के साथ इस स्थिति में यथाशक्ति रुकें। लम्बी गहरी श्वास लेते हुए आरम्भिक स्थिति में लौटिए। आध्यात्मिक लाभ के लिए स्वाधिष्ठान-चक्र पर ध्यान करते हुए अधिक समय तक रुकते हुए दस से पन्द्रह बार दुहराइए। शारीरिक लाभ के लिए श्वास पर अथवा मणिपुर-चक्र पर ध्यान करें।

पश्चिमोत्तानासन (१)

हृदय, साइटिका, दीर्घकालीन गठिया, पीठ दर्द एवं उदर के रोगी बिना योग-प्रशिक्षक के न करें। पश्चिम का अर्थ है पीठ, पीठ को विशेष रूप से तानने के कारण इसे पश्चिमोत्तानासन कहते हैं। यह एक महान् आसन है। शीर्षासन और सर्वांगासन के बाद साधक के लिए यह अति आवश्यक एवं अत्यन्त उपयोगी आसन है।

पश्चिमोत्तानासन (२)

लाभ — इससे ब्रह्मनाड़ी, सुषुम्ना और जठराग्नि जाग्रत् होते हैं। पेट, कमर एवं नितम्बों की अनावश्यक चर्बी को घटाकर स्वस्थ करता है। मोटापा, कोष्ठबद्धता, कब्ज़, बवासीर आदि से छुटकारा मिलता है। उदर संस्थान की समस्त ग्रन्थियों को क्रियाशील करता है। मधुमेह आदि रोगों में फायदेमंद है। स्त्रियों के लिए प्रजनन सम्बन्धी अंगों के रोगों को दूर करने में उपयोगी है। अब इस आसन को गत्यात्मक करें अर्थात् लेट जाएं, पैरों को सटाकर तानकर रखें। हाथों को भी सिर के ऊपर जमीन पर सीधे तानकर रखें। श्वास लेते हुए हाथों को बिना मोड़े धड़ भाग को उठाएं और सीधा बैठें। श्वास छोड़ते हुए पश्चिमोत्तानासन करें। वापस प्रथम लेटी हुई स्थिति में लौटें। इसे गत्यात्मक पश्चिमोत्तानासन कहते हैं। इससे पीठ दर्द एवं अन्य रीढ की हड्डी की समस्याएं दूर होती हैं।

यह आसन मस्तिष्क की नाड़ियों पर विशेष प्रभाव डालता है। इसलिए मानसिक संतुलन एवं मस्तिष्क के समस्त तनावों को दूर करने में आसन विशेषरूप से उपयोगी है।

(१५) जानुशिरासन (अर्द्ध-पश्चिमोत्तानासन)

विधि — सामने की ओर पैर फैलाकर बैठिए। बाएं पैर को मोड़कर इस प्रकार रखिए कि एड़ी पेरेनियम (जंघा के मूल प्रदेश) से छूती रहे एवं पंजा दाएं पैर की जांघ से सटा रहे। कमर, पीठ, सिर को सीधा रखकर श्वास भरते हुए हाथों को सिर के ऊपर सीधा तान लें। श्वास छोड़ते हुए आगे की ओर बिना पैरों व हाथों को मोड़े और झुकिए। पैर के अंगूठे को हाथों सें पकड़कर अपनी ओर खींचते हुए कोहनियों को जमीन पर टिकाइए। माथे को घुटने से स्पर्श करने दें। थोड़ी देर इस स्थिति में कुम्भक लगाए रहें। श्वास लेते हुए पहली स्थिति में लौटें। ध्यान का केन्द्र — स्वाधिष्ठान-चक्र।

जानुशिरासन

प्रकारान्तर — पैरों को सामने की ओर सीधे सटाकर फैलाकर बैठिए। बाएं पैर को मोड़कर दाईं जांघ पर स्थापित करें अर्द्ध-पद्मासन जैसे। शेष क्रिया जानुशिरासन के समान कीजिए।

यदि हो सके तो बाएं हाथ को पीठ के पीछे से घुमाकर बाएं पैर को पकड़िए।

इस प्रकारान्तर को अर्द्ध-पद्मपश्चिमोत्तानासन कहते हैं।

लाभ — पश्चिमोत्तानासन के सभी लाभ प्रायः इससे प्राप्त हो सकते हैं। विशेषतः यौनविकार, वीर्यदोष, मधुमेह, पैर के साइटिका, आंतों की गर्मी, वायु प्रकोप एवं मूत्रावरोध में उपयोगी है।

(१६) अर्धमत्स्येन्द्रासन

विधि — दोनों पैरों को सामने फैलाकर बैठें। श्वास भर कर दाहिने पैर को उठाकर बाएं घुटने के बाहर की ओर सीधा जमीन पर रखें। अब बाएं पैर को दाहिनी ओर मोड़कर एड़ी को दाहिने नितम्ब के पास रखें। बाएं हाथ को दाहिने पैर के बाहर की ओर से लेकर दाहिने पैर के टखने को अथवा अंगुलियों को पकड़ें। श्वास छोड़ते हुए बाएं हाथ से इस प्रकार तानिए कि दाहिना घुटना बाईं भुजा के समीप रहे। साथ-साथ शरीर को दाहिनी ओर मोड़ते हुए दाहिने हाथ को पीछे की ओर कमर के पास रखें। ग्रीवा एवं पीठ को अधिक से अधिक मोड़ते हुए पीछे की ओर दृष्टि करें। सामान्य श्वास के साथ इस अवस्था में यथाशक्ति रुकें, कुम्भक के साथ रुकेंगे तो अधिक लाभ होगा। श्वास लीजिए और छोड़ते हुए पहली स्थिति में लौटिए। विपरीत ओर से भी करें। पांच बार दुहराइए। ध्यान का केन्द्र — आध्यात्मिक लाभ के लिए आज्ञा-चक्र और शारीरिक लाभ के लिये स्वाधिष्ठान चक्र।

अर्धमत्स्येन्द्रासन

लाभ — रीढ़ की मालिश होती है इसलिए रीढ़ की समस्त समस्याएं जैसे साइटिका, स्पोंडिलाइटिस, सिर का माईग्रेन आदि दूर

होते हैं। पाचन प्रणाली को संतुलित करता है। मधुमेह, पुरानी पेचिश, पेट के कीड़े एवं अन्य पाचन सम्बन्धी रोगों से मुक्ति होती है। समस्त नाड़ी संस्थान पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। नसों की दुर्बलता एवं अन्य नाड़ी दोष दूर होते हैं। मस्तिष्क से संबंधित नाड़ियों को शक्तिशाली बनाता है।

(१७) पूर्णमत्स्येन्द्रासन

विधि — अर्द्ध पद्मासन की स्थिति में बाएं पैर को दाहिनी जांघ के मूल में रखें। दाहिने पैर को बाएं घुटने के बाएं बाजू में बाहर की तरफ से रखिए। तलवा भूमि पर समतल जमाएं। श्वास छोड़ते हुए दाहिनी ओर मोड़िए। बाएं हाथ से दाहिने पैर के टखने को पकड़िए या संभव हो तो अंगूठे अथवा पंजे को पकड़िए। दाहिने हाथ को पीछे की ओर घुमाकर दाहिने पैर के उठे हुए घुटने के समीप लाएं। हो सके तो स्पर्श करें। बाएं हाथ का सहारा लेकर दाहिने घुटने को दबाते हुए कमर को दाहिनी ओर यथासम्भव मोड़िए। अन्त में सिर को भी दाहिनी ओर मोड़कर पीछे की ओर देखें। सिर किसी प्रकार न झुकाएं। इस अन्तिम स्थिति में बिना तनाव के आराम से यथाशक्ति रुकें। अन्तिम अवस्था में सामान्य श्वास अथवा कुम्भक करें। वापस लौटते हुए श्वास लें अर्थात् पूरक करें। ध्यान का केन्द्र — आज्ञा-चक्र अथवा पीठ एवं उदर अथवा श्वास पर। विपरीत दिशा से भी पैर बदलकर करें।

लाभ — अर्धमत्स्येन्द्रासन में कहे सभी लाभ अधिक प्रभावशाली ढंग से शीघ्र प्राप्त होंगे।

पूर्णमत्स्येन्द्रासन

(१८) पादांगुष्ठासन

विधि — उकड़ूं बैठिए। एड़ियों को ऊपर उठाकर पंजों पर बैठिए। घुटनों को नीचे झुकाकर जांघों को जमीन के समानान्तर स्थिर करें। बाएं पैर की एड़ी को गुदा तथा जननेन्द्रिय के बीच सीवनी नाड़ी पर स्थापित करें। बाएं पैर की जंघा अथवा जंघा मूल पर अर्द्ध-पद्मासन की स्थिति में दाहिने पैर को इस प्रकार सावधानी से रखें कि शरीर का संतुलन बना रहे और शरीर का पूरा भार बाएं पैर के पंजे अथवा अंगूठे

पर हो। दोनों हाथों को ज्ञानमुद्रा में रखें। श्वास सामान्य रहे। ध्यान का केन्द्र — मूलाधार-चक्र। दूसरे पैर से भी इस क्रिया को करें।

लाभ — ब्रह्मचर्य पालन एवं धातुप्रमेह में लाभदायक है। स्वप्न-दोष का निवारक है। वात व रक्त सम्बन्धी बवासीर दूर होती है। नेत्र-दृष्टि कमजोर नहीं होती। पैरों विशेषतः पंजों एवं अंगूठे की शक्ति और लचीलापन बढ़ता है।

पादांगुष्ठासन

(१६) कूर्मासन

विधि — श्वास भरकर पैरों को दूर-दूर फैलाकर बैठिए। श्वास छोड़ते हुए सामने की ओर धड़ को झुकाइए। दोनों हाथों को घुटनों के नीचे से पीछे की ओर ले जाइए। माथे को जमीन पर टिकाइए। दोनों हाथों को कमर के पास अंगुलियों से परस्पर बांध लीजिए। शरीर को और घुटने को यथा-सम्भव जमीन की ओर आराम से दबाकर सामान्य श्वास के साथ अथवा कुम्भक लगाकर रहें। घुटनों को उठाकर हाथों को शिथिल करके श्वास लेते हुए प्रथम स्थिति में लौटिए। पांच बार दुहराइए। ध्यान का केन्द्र स्वाधिष्ठान या मणिपुर-चक्र अथवा निम्न उदर प्रदेश या श्वसन क्रिया पर।

कूर्मासन

लाभ — गुर्दों को शक्ति प्रदान करता है फलतः मूत्र-सम्बन्धी रोग दूर होते हैं। खिसकी हुई रीढ़ की कशेरुकाओं को यथास्थान स्थापित करता है। सिरदर्द व गर्दन-दर्द को दूर करता है। योग्य योग-प्रशिक्षक की देख-रेख में स्लिपडिस्क, साइटिका, हड्डियों के दीर्घकालीन दर्द के रोगी इसको सरल प्रकार से कर सकते हैं।

(२०) गोरक्षासन

विधि — दोनों पैरों को सामने फैलाकर बैठिए। घुटनों को मोड़िए और अपनी ओर लाइए। दोनों तलवों को मिलाकर पंजों को नाभि की ओर उठाकर शरीर के समीप रखिए। हाथों की हथेलियों को कैंचीनुमा स्थिति में रखते हुए उनमें एड़ियों को पकड़ें। कमर, रीढ़ व सिर सीधा रहे। सामान्य श्वास के साथ यथाशक्ति इस अन्तिम अवस्था में रहें। ध्यान का केन्द्र — आज्ञा-चक्र या नासिका दृष्टि अथवा श्वास पर। पांच बार दुहराइए।

गोरक्षासन (१)

लाभ — पूर्ण अभ्यासी इसमें ध्यान कर सकता है। पैरों एवं पंजों को लचीला बनाता है। मत्स्येन्द्रासन के सभी फल प्रायः मिलते हैं।

गोरक्षासन (२)

खड़े होकर किए जाने वाले आसन

(१) कटि चक्रासन

विधि — पैरों के मध्य में दो-तीन फुट का फासला छोड़कर सीधे खड़े हो जाइए। कन्धों की ऊँचाई पर भुजाओं को बगल में फैलाइए। शरीर के ऊपरी भाग (कटि भाग से) दाईं ओर मोड़िए। बायां हाथ दाएं कन्धे पर एवं दायां हाथ पीछे की तरफ घूमता हुआ कमर से लिपट जाए। अभ्यास को बाईं ओर से भी कीजिए। दस बार दुहराइए। श्वास सामान्य रहे। ध्यान का केन्द्र अनाहत-चक्र अथवा नाभि पर।

कटि चक्रासन

लाभ — यह कमर, पीठ, कुल्हों के मेरुदण्ड तथा शरीर के अन्य जोड़ों के तनाव को दूर करता है। हठयोग की शंख-प्रक्षालन क्रिया के आसन समूह का चौथा आसन है।

प्रकारान्तर — पूर्ववत् खड़े होकर नाभि के सामने हाथों की अंगुलियों को परस्पर बांध लीजिए। भुजाओं को सिर के ऊपर उठाइए और कलाइयों को घुमाकर हथेलियों को ऊपर की ओर पलटिए। अब कमर से शरीर के ऊपरी भाग को न मोड़ते हुए आगे की ओर झुकिए। दाईं-बाईं ओर घूमते हुए समकोण बनाइए। पीठ को सीधी रखते हुए हाथों पर दृष्टि रखें। चार बार घूमकर वापस हाथों को नाभि के सामने रखकर विश्राम करें। ऐसे पांच बार दुहराइये। हाथों को उठाते समय व दाईं ओर घूमते हुए श्वास लीजिए। शरीर को झुकाते समय बाईं ओर घूमते हुए एवं हाथों को नीचे लाते समय श्वास छोड़िए।

(२) ताड़ासन

विधि — पैरों के बीच पांच-छः इंच का फासला छोड़कर खड़े हो जाइए। भुजाओं को सिर पर सीधे उठाइए। अंगुलियों को बांधकर हथेलियों को ऊपर की ओर पलटिए। अपने हाथों की ओर दृष्टि कीजिए। एड़ियों को ऊपर उठाते हुए पूरे शरीर में ऐसे

ताड़ासन

खिंचाव लाइए जैसे कोई ऊपर से हाथ पकड़कर आपको ऊपर की ओर खींच रहा हो। अंगुलियों पर शरीर को संतुलित करते हुए यह क्रिया करें। धीरे-धीरे एड़ियों को वापस जमीन पर लाइए। ऐसे दस बार दुहराइए।

प्रकारन्तर १ — एड़ियों को उठाकर अंगुलियों पर खड़े होने के पश्चात् एक पैर को उठाकर आगे व पीछे की ओर झुलाइए। दूसरे पैर पर शरीर को संतुलित रखना है।

प्रकारान्तर २ — कलाइयों को सिर के ऊपर कैंचीनुमा बनाकर (क्रास रखकर) खड़े होइए। कमर से जमीन के समानान्तर शरीर को आगे की ओर झुकाइए। झटिति धड़ को एड़ियों पर उठाकर रीढ़ में खिंचाव पैदा करें और हाथों को दोनों बगल सीधे फैलाइए। वापस एड़ियों पर लौटते हुए शरीर को सीधा करें एवं हाथों को ऊपर कैंचीनुमा में लौटाइए।

उठते समय श्वास लें और नीचे आते समय अथवा सामने झुकते हुए श्वास छोड़ें। दस बार दुहराइए। शीर्षासन आदि सिर के बल किए जाने वाले आसनों के बाद अवश्य करना चाहिए।

लाभ — मलाशय एवं आमाशय की मांसपेशियों को विकसित करता है। आंतों को फैलाता है। मेरुदण्ड और स्नायु के विकास के लिए अवरोधकों को दूर करता है। यह आसन भी शंख–प्रक्षालन क्रिया के आसन समूह में से प्रथम है।

(३) तिर्यक् ताड़ासन

विधि — ताड़ासन में खड़े हो जाइए। एड़ियों को उठाकर अंगुलियों पर खड़े होकर पहले दाईं ओर फिर बाईं ओर क्रमशः झुकिए। बिना पैरों को मोड़े व हिलाए केवल कमर से झुकनी चाहिए। ऊपर उठते समय श्वास लें, झुकते हुए श्वास रोकें, नीचे की ओर आते समय श्वास छोड़ें। दस बार दुहराइए। ध्यान का केन्द्र — आज्ञा-चक्र अथवा श्वास पर।

तिर्यक् ताड़ासन

लाभ — ताड़ासन के प्रायः सभी लाभ इससे प्राप्त होंगे। यह शंख-प्रक्षालन आसन समूह का द्वितीय आसन है।

(४) त्रिकोणासन

विधि — पैरों के बीच दो-तीन फुट का फासला छोड़कर सीधे खड़े हो जाइए। कन्धों की ऊँचाई तक दोनों भुजाओं को बगल में फैलाइए। अपने दाएं हाथ को दाएं कान से सटाते हुए ऊपर की ओर सीधा उठाइए। श्वास लेकर उसमें खिंचाव पैदा करें। सांस छोड़ते हुए धीरे-धीरे बाईं ओर झुकिए। बाएं हाथ की हथेली को जमीन पर टिकाइए। दाएं हाथ की हथेली को जमीन की ओर मोड़िए, इससे दाएं हाथ में खिंचाव के साथ दायां बगल भी खिंचेगा। श्वास लेते हुए आरम्भिक स्थिति में लौटिए। यह क्रिया दाईं ओर से भी करें। दस बार दुहराइए। ध्यान का केन्द्र — मणिपुर-चक्र।

लाभ — स्नायविक विकार एवं तनाव, निराशा, आलस्य आदि को दूर करता है। कब्ज़ को दूर कर भूख बढ़ाता है। बढ़ती उम्र के बच्चों के लिये विशेष लाभकारी है।

त्रिाकोणासन

प्रकारान्तर १ — त्रिकोणासन की आरम्भिक स्थिति में खड़े होइए। शरीर को धीरे-धीरे दाहिनी ओर झुकाते हुए दाहिने हाथ से पंजे को स्पर्श करें और बाएं हाथ को बाईं बगल पर रखिए। घुटनों को न मोड़ें।

प्रकारान्तर २ — पूर्ववत् खड़े हो जाइए किन्तु हाथों को पीछे की ओर ले जाइए। दाएं हाथ से बाएं हाथ की कलाई को पकड़िए। शरीर को कमर से झुकाते हुए नाक से घुटने को छूने का प्रयास करें। क्रमशः एक बार दाएं घुटने और दूसरी बार बाएं घुटने को छुएं। हर बार वापस सीधे (प्रथम अवस्था में) खड़े हो जाएं।

प्रकारान्तर ३ — खड़े होकर भुजाओं को बगल में सीधे फैलाइए। शरीर को कमर से इतना झुकाएं कि समकोण बन जाए। धड़ को (घुटनों को मोड़े बिना) घुमाइए और बाएं हाथ से दाएं पैर का स्पर्श करें। दृष्टि आकाश की ओर फैले हुए दाएं हाथ की अंगुलियों पर रहे। इसी क्रिया को वापस सीधी अवस्था में लौटकर दूसरी ओर भी

करें। ऐसे २० बार दुहराइए। उठते हुए श्वास लें, घूमते समय कुम्भक करें और झुकते समय श्वास छोड़ें।

(५) सूर्य नमस्कार

संपूर्ण शरीर के सभी जोडों, मांसपेशियों एवं आन्तरिक अंगों की मालिश करने का यह एक अद्‌भुत एवं अत्यन्त प्रभावशाली अभ्यास है। यद्यपि योग-परम्परा में इसे आसनों में नहीं माना गया है। तथापि योग-विधियों के पूर्व इसका अभ्यास करने से योगाभ्यास अत्यन्त सरल हो जाता है।

सूर्य नमस्कार बारह आसनों का समूह है जो कि बारह मास के राशि चक्र के चिह्नों के सदृश है। इन्हें दो बार दुहराने से एक सूर्य नमस्कार पूरा होता है। इस अभ्यास का पूर्ण लाभ उठाने के लिए श्वास, चक्र, ध्यान एवं मन्त्र प्रयोग साथ-साथ करना चाहिए। वे बारह आसन समूह इस प्रकार हैं —

प्रार्थनासन

स्थिति १ — प्रार्थनासन — प्रार्थना की मुद्रा में पंजों को मिलाकर सीधे खड़े होइए। पूरे शरीर को शिथिल छोड़िए। श्वास सामान्य रहे। **ॐ हां—मित्राय नमः** — इस मन्त्र को मौखिक अथवा मानसिक रूप से उच्चारण कीजिए। अनाहत-चक्र पर ध्यान करें।

स्थिति २ - हस्तोत्तानासन — उसी स्थिति में खड़े रहें किन्तु हाथों को सिर के ऊपर उठाइए। दोनों भुजाओं की दूरी कंधों की चौड़ाई के बराबर हो। सिर और ऊपरी धड़ को थोड़ा पीछे झुकाते हुए भुजाओं को यथासम्भव पीछे की ओर झुकाइए। थोड़ी देर रुकिए। **ॐ ह्रीं रवये नमः** — इस मन्त्र का उच्चारण करें। श्वास लीजिए। विशुद्धि-चक्र पर ध्यान करें।

स्थिति ३ — पादहस्तासन — सामने की ओर झुकते हुए हाथ को (न हो सके तो अंगुलियों को) जमीन पर दोनों पैरों के बगल में टिकाइए। माथे से घुटनों को स्पर्श करें। पैरों को न मोड़ें। जोर भी न लगाएं। श्वास छोड़ते हुए इस अभ्यास को करें। **ॐ हूं सूर्याय नमः** — इस मन्त्र का जप करें। स्वाधिष्ठान-चक्र पर ध्यान करें।

हस्तोत्तानासन

पादहस्तासन

स्थिति ४ — अश्वसंचालनासन — बाएं पैर को जितना सम्भव हो सके उतना पीछे फैलाइए। इसे करते समय दाहिने पैर को केवल घुटनों से मोड़िए। हाथों को अपने स्थान पर और स्वयं स्थिर व सीधा रहें। सिर को पीछे की ओर झुकाइए। कमर को धनुषाकार मोड़िए। दृष्टि को भ्रूमध्य पर टिकाइए। श्वास लेते हुए इस अभ्यास को करें। ***ॐ हैं भानवे नमः*** — इस मन्त्र का उच्चारण करें। आज्ञा-चक्र पर ध्यान करें।

अश्वसंचालनासन

स्थिति ५ — पर्वतासन — दाएं पैर को सीधा करके बाएं पंजे के पास रखें। नितम्बों को ऊपर उठाइए और सिर को भुजाओं के बीच में से अन्दर की ओर लाइए। दोनों पैर एवं भुजाएं पर्वताकार में सीधी रहें। एड़ियों को जमीन से स्पर्श कराने का प्रयास कीजिए। पूरी क्रिया को श्वास छोड़ते हुए करें। ***ॐ ह्रौं खगाय नमः*** — इस मन्त्र का उच्चारण करें। विशुद्धि-चक्र पर ध्यान केन्द्रित करें।

पर्वतासन

स्थिति ६ — अष्टांग नमस्कारासन — शरीर को भूमि पर इस प्रकार लेटा दीजिए कि दोनों पैरों की अंगुलियां, दोनों घुटने, सीना, दोनों हथेलियां तथा ठुड्डी भूमि का स्पर्श करें। नितम्ब व आमाशय का भाग जमीन से थोड़ा ऊपर उठा रहे। इस क्रिया के दौरान कुम्भक लगाए रखें। **ॐ ह्रः पूष्णे नमः** — इस मन्त्र का जप करें। मणिपुर-चक्र पर ध्यान हो।

अष्टांग नमस्कारासन

स्थिति ७ — भुजंगासन — हाथों को सीधे करते हुए कमर से ऊपरी भाग के शरीर को ऊपर उठाइए। सिर को पीछे की ओर यथासम्भव झुकाइए। श्वास लेते हुए क्रिया करें। ***ॐ हां हिरण्यगर्भाय नमः*** — इस मन्त्र का जाप करें। ध्यान का केन्द्र — स्वाधिष्ठान-चक्र।

भुजंगासन

स्थिति ८ — पर्वतासन — स्थिति ५ की आवृत्ति करें। केवल मन्त्र में अन्तर है शेष क्रिया ५वीं स्थिति के समान करें। ***ॐ ह्रीं मरीचये नमः*** — इस मन्त्र का उच्चारण करें।

स्थिति ९ — अश्वसंचालनासन — दायां पैर मोड़िए और दाएं पंजे को हाथों के पास भीतर में जमाइए। स्थिति ४ की आवृत्ति करें। ***ॐ ह्रूं आदित्याय नमः*** — इस मंत्र का जाप करें।

स्थिति १० — पादहस्तासन — स्थिति ३ की आवृत्ति करें। ***ॐ ह्रैं सावित्रे नमः*** — इस मंत्र का जाप करें।

स्थिति ११ — हस्तोत्तानासन — स्थिति २ की आवृत्ति करें। ***ॐ ह्रौं अर्काय नमः*** — इस मंत्र का उच्चारण करें।

स्थिति १२ — प्रार्थनासन — स्थिति १ की भाँति करें। ***ॐ ह्रः भास्कराय नमः*** — इस मन्त्र का जाप करें।

इन्हीं १२ आसनों को थोड़े रूपान्तर से दुहराने पर एक सूर्य नमस्कार पूरा होगा। फर्क यह है कि चौथी स्थिति में दाएं पैर को पीछे ले जाइए और नवीं स्थिति में बाएं

पैर को मोड़िए और बाएं पंजे को हाथों के पास भीतर में जमाइए।

लाभः — आध्यात्मिक लाभ के लिये तीन से बारह चक्र तक धीमी गति से कर सकते हैं। शारीरिक लाभ के लिए थोड़ी तेजी अर्थात् मध्यम गति से तीन से मात्र बारह चक्र अथवा बिना थकान के जितना चक्र कर सकें उतना अभ्यास करें। इससे शरीर की समस्त प्रणालियों में संतुलन स्थापित होता है। विशेषतः बैठे रहकर कार्य करने वाले एवं अधिकतर समय बैठे व्यतीत करने वालों के लिए अत्यधिक लाभप्रद है। विद्यार्थियों के लिए विचारशक्ति को तेज व पैनी बनाने तथा स्मृति-शक्ति एवं स्फूर्ति को बढ़ाने में अत्यन्त उपयोगी है। नीरोग शरीर एवं अच्छे स्वास्थ्य की इच्छा वाले लोगों को सूर्य नमस्कार प्रतिदिन करना चाहिए।

(६) अर्धचन्द्रासन

विधि — शरीर को आधे चाँद की तरह मोड़ने के कारण इसे अर्धचन्द्रासन कहते हैं। दोनों पैरों को सटाकर खड़े हो जाइए। हथेलियां नमस्कार मुद्रा में हों। दोनों हाथों को सिर के ऊपर कानों से सटाकर सीधे तानिए। श्वास लीजिए। श्वास रोककर धीरे-धीरे बाईं ओर यथासम्भव झुकें। श्वास छोड़ते हुए वापस लौटिए। इसी प्रकार दाईं ओर करें। इस आसन को करते हुए आगे की ओर न झुकें। ध्यान का केन्द्र — मणिपुर-चक्र। पांच बार आवृत्ति करें।

अर्धचन्द्रासन

लाभ —पूरे ढाँचे को मजबूत एवं लचीला बनाता है। विशेषतः बड़ी आंत, रीढ़ की माँसपेशियां, स्नायुमण्डल, नितम्ब, घुटने, जंघाएं एवं पसलियों पर प्रभाव पड़ने से इन्हें पुष्ट करता है और उनमें स्थित रोग एवं दर्दादि दूर करता है।

प्रकारान्तर — दोनों पैरों को सटाकर खड़े हो जाइए। श्वास छोड़ते हुए पूरे शरीर को मोड़ते हुए दोनों हाथों को पैरों के बगल में रखिए। किन्तु जमीन पर न जमाइए। दाहिने पैर को पीछे की ओर खींचते हुए गर्दन को पीछे की ओर और पीठ को भीतर की ओर कमान की तरह झुकाइए। श्वास लेते हुए यथासम्भव करें। श्वास छोड़ते हुए वापस सीधे होइए। पांच बार आवृत्ति करें।

(७) पृष्ठासन

विधि — एक फुट के अन्तर से पैरों को रखकर खड़े हो जाइए। हाथों को उठाते हुए शरीर को कमर से पीछे की ओर झुकाइए। हाथों को घुमाकर पैरों के टखनों को पकड़िए। सिर को पीछे झुकाइए। शरीर का संतुलन बनाए रखते हुए यथासम्भव पूरे शरीर को विशेषतः पीठ एवं सिर को जमीन की ओर लाने का प्रयत्न करते हुए झुकाइए। वापस खड़े हो जाइए। श्वास लेकर आसन करना एवं छोड़ते हुए वापस खड़े होना चाहिए।

इस आसन को हृदय, रक्तचाप, पेट के अल्सर एवं पीठ के विशेष दोष वाले रोगी न करें। ध्यान का केन्द्र — मणिपुर-चक्र अथवा पीठ की मांसपेशियों पर।

लाभ — पीठ एवं उदर संस्थान को मजबूत करता है।

पृष्ठासन

(८) एकपादासन

विधि — दोनो पैरों को सटाकर सीधे खड़े रहिए। दोनों हाथों की अंगुलियों को आपस में बांधकर सिर के ऊपर सीधा तानिए। धीरे-धीरे सामने झुककर कमर, सिर और दोनों हाथों को एक सीधी रेखा में ले जाइए। अब शरीर के संतुलन को बनाए रखते हुए बाएं पैर को भी सीधी रेखा में शामिल करें। अर्थात् दाहिना पैर खम्बे के समान हो और उस पर बाई एड़ी, घुटना, नितम्ब, पीठ, सिर एवं दोनों हाथ एक सीध में जमीन के समानान्तर हों। आराम से यथासम्भव ऐसे ही रुकें और वापस खड़े होइए। इसी प्रकार दूसरे पैर से अभ्यास करें। पांच बार दुहराइए। हाथों को उठाते समय श्वास लें, झुकते हुए श्वास छोड़ें, अन्तिम अवस्था में स्वाभाविक श्वास रहे और वापस आते हुए श्वास लें। ध्यान का केन्द्र — शरीर के संतुलन पर।

एकपादासन

लाभ — पूरे शरीर को मजबूत एवं संतुलित तथा शिथिल करता है।

(९) गरुड़ासन

विधि — खड़े रहते हुए बाएं पैर को दाहिने पैर के ऊपर रखें फिर दाहिने घुटने को पीछे से लपेटकर बाएं पैर की दाहिनी पिण्डली के सहारे रखें। अब दोनों हाथों को कोहनियों के मध्य से इस प्रकार लपेटिए कि दोनों हथेलियां प्रार्थना (नमस्कार) की मुद्रा में हों। शरीर का संतुलन संभालते हुए बाएं पैर का अंगूठा जमीन को छूने तक नीचे झुकिए। फिर ऊपर हो जाइए। इस प्रकार दो-तीन बार दुहराइए। फिर हाथ-पैर खोलकर खड़े हो जाइए। अब दूसरे पैर से भी करें। ध्यान का केन्द्र — स्वाधिष्ठान-चक्र अथवा नासिकाग्र पर।

लाभ — अण्डकोषवृद्धि, कमर दर्द, स्लिपडिस्क, गठिया, साइटिका, पैरों की हड्डी एवं जोड़ों के दर्द, हाथ-पैर के वात, पैरों की गिल्टियां एवं गुदा और मूत्राशय के सकल दोष दूर होते हैं।

गरुड़ासन

(१०) बकध्यानासन

विधि — पैरों को दूर-दूर रखकर उकड़ूं बैठिए। हथेलियों को पैरों के सामने भूमि पर टिकाइए। कोहनियों को आगे की ओर थोड़ा झुकाइए। घुटनों को भुजाओं के बाहर की ओर रखें। धीरे-धीरे सामने की ओर झुकते हुए पैरों को जमीन से ऊपर उठाइए। आवश्यकता पड़े तो घुटनों को ऊपरी भुजाओं पर रख लें। पूरे शरीर के भार को हथेलियों पर संतुलित कर लें। सिर को थोड़ा उठाए रखिए। इस अवस्था में अन्तःकुम्भक लगाकर यथाशक्ति स्थिर रहें। एक से पांच बार आवृत्ति करें। नासिकाग्र पर दृष्टि बनाए रखें। उच्च रक्तचाप एवं मस्तिष्क के रोगी इसका अभ्यास न करें।

लाभ — मानसिक तनाव एवं चिन्ता दूर होती है। नाड़ी संस्थान में स्थिरता होगी। भुजाओं एवं कलाइयों को शक्ति प्रदान करता है।

बकध्यानासन

(११) वातायनासन

वातायनासन

विधि — सीधे खड़े होकर बाएं घुटने को मोड़कर बाएं पैर को दाहिनी जांघ के मूल में अर्द्ध-पद्मासन के समान रखें। दोनों हाथों को प्रार्थना की मुद्रा में रखें छाती के सामने। दाहिने पैर को मोड़ते हुए और शरीर को सीधा रखते हुए (बिना आगे या पीछे झुकाए) नीचे जमीन की ओर ले जाइए। यदि संभव हो तो बाएं घुटने को जमीन पर टिकाइए। पुनः धीरे-धीरे प्रथम अवस्था में आइए। इसी प्रकार दूसरे पैर से भी करें। प्रथम स्थिति में पूरक, नीचे उतरते एवं ऊपर उठते समय कुम्भक, अन्तिम अवस्था में सामान्य श्वास रहे और वापस सीधे खड़े होने पर श्वास छोड़ें। प्रत्येक पैर से पांच-पांच बार दुहराइए। ध्यान का केन्द्र — विशुद्धि-चक्र।

लाभ — पैरों के स्नायु मजबूत होने से पैरों के वात रोग दूर होते हैं। मधुमेह रोग से मुक्ति मिलेगी। ब्रह्मचर्य पालन में अत्यन्त उपयोगी है।

(१२) अष्टावक्रासन

विधि — पैरों को लगभग दो फुट दूर रखते हुए खड़े होइए। घुटनों को मोड़िए। पैरों के मध्य से बाईं हथेली को भूमि पर रखें। दाहिनी हथेली को दाहिने पैर के थोड़े सामने रखें। बाएं पैर को बाईं भुजा पर रखिए। भुजाओं के मध्य से बाईं भुजा की ओर से दाहिने पैर को इस प्रकार फैलाइए कि बाईं कोहनी दोनों जांघों के नीचे रहे। अब दोनों हाथों को कोहनी प्रदेश से मोड़िए। शरीर के पूरे भार को भुजाओं पर संतुलित कीजिए। आवश्यकता पड़े तो दोनों पैरों के पंजों को परस्पर बाँध लें। यह पूर्णावस्था है। शरीर के दूसरी ओर से भी इसका अभ्यास करें। सामान्य श्वास-प्रश्वास के साथ करें। ध्यान का केन्द्र — आज्ञा-चक्र अथवा स्वाधिष्ठान-चक्र।

लाभ — समस्त शरीर के नाड़ी एवं तन्तुओं को पुष्ट करता है।

अष्टावक्रासन

पेट के बल किए जाने वाले आसन

(१) भुजंगासन

विधि — पेट के बल लेट जाइए तथा पैरों को सीधा व लम्बा फैलाइए। हथेलियों को कन्धों के नीचे जमीन पर रखिए। माथे को जमीन से छूने दीजिए। पूरे शरीर को ढीला छोड़ें। धीरे-धीरे सिर एवं कन्धों को जमीन से ऊपर उठाइए। ऐसा करते वक्त श्वास लीजिए। सिर को जितना पीछे की ओर ले जा सकें, ले जाइए। दोनों हाथ सीधा होने तक ही नहीं बल्कि हाथों का सहारा लिए बिना पीठ के सहारे ऊपर उठने से लेकर पीछे झुकने तक की क्रिया करनी चाहिए। ध्यान रखें पीठ पर विशेष

तिर्यक् भुजंगासन

तनाव या अनावश्यक खिंचाव न पड़े। कमर से सिर तक का हिस्सा अर्द्ध-चन्द्र के समान गोलाकार हो। अब कुम्भक के साथ इस अन्तिम स्थिति में यथाशक्ति रुकें। श्वास छोड़ते हुए आराम से पहली स्थिति में लौटें। पूरी क्रिया के दौरान कमर के नीचे का हिस्सा स्थिर रखें। पांच बार दुहराइए। आध्यात्मिक लाभ हेतु विशुद्धि या आज्ञा–चक्र पर और शरीरिक लाभ हेतु श्वसन-क्रिया अथवा मणिपुर-चक्र पर ध्यान रखें।

पेट के अल्सर, हर्निया, आंत की बीमारियों, टांसिल से पीड़ित लोग योग्य योग-प्रशिक्षक की देख-रेख में करें।

लाभ — सर्वाइकल, स्लिपडिस्क, पीठ दर्द, मधुमेह, गुर्दे सम्बन्धी रोग, खाँसी, पेट सम्बन्धी रोग, दमा आदि रोगियों के लिए लाभदायक है। महिलाओं के विशेषतः प्रदर, कष्टदायक एवं अनियमित मासिक धर्म, अण्डाशय, गर्भाशय सम्बन्धी रोग दूर होते हैं। सामान्य रूप से मेरुदण्ड संस्थान को लचीला, स्वस्थ एवं पुष्ट करता है। साधकों को कुण्डलिनी जागरण में एवं पेट की सफाई में अत्यन्त उपयोगी है।

प्रकारान्तर १ — स्फिंक्स की आकृति — पेट के बल लेटकर हाथों को कन्धों के नीचे रखने के बदले हथेलियों से कुहनियों तक के भाग को सिर के बगल में सामने की ओर फैलाकर जमीन पर रखें। श्वास लेते हुए एवं सिर को ऊपर उठाते हुए नाभि से शरीर के ऊपरी भाग को भी उठाकर पीछे की ओर यथासम्भव मोड़िए। इस स्थिति में श्वास रोककर यथाशक्ति रखें। श्वास छोड़ते हुए प्रथम स्थिति में लौटिए। पांच बार दुहराइए।

प्रकारान्तर २ — सर्पासन — पेट के बल लेटकर हाथों को पीठ के ऊपर उल्टा करके रख लें। एक हाथ से दूसरे हाथ की कलाई पकड़ लें। दोनों हाथों व पीठ के स्नायुओं को तानते हुए सिर एवं सीने को जमीन से ऊपर उठाइए। सिर को पीछे की ओर झुकाइए। शेष क्रिया भुजंगासन के समान करें।

प्रकारान्तर ३ — तिर्यक भुजंगासन — भुजंगासन की अन्तिम स्थिति में आइए। सिर एवं धड़ को एक दिशा में मोड़कर पीछे की ओर थोड़ा घूमते हुए विपरीत दिशा के पैर की एड़ी को देखिए। इस क्रिया को दूसरी दिशा की ओर मोड़कर भी करें। दस बार दुहराइए। ध्यान रखें मुड़ते वक्त कुम्भक लगाएं।

प्रकारान्तर ४ — पूर्णभुजंगासन — भुजंगासन की अन्तिम स्थिति में आकर पैरों को घुटनों से मोड़िए। पैरों की अंगुलियों से सिर के पिछले हिस्से को छूने का प्रयत्न कीजिए। थोड़ी देर रुककर वापस प्रथम स्थिति में लौटिए।

(२) उत्तानपृष्ठासन

विधि – पेट के बल लेट जाइए। हाथों से एक-दूसरे की कोहनियों को पकड़ लें। सिर व सीने को थोड़ा सा उठाकर सीने के निचले भाग में रख लीजिए। भुजाएं मजबूती से जकड़ी रहें। तने हुए पैरों के घुटने से निचला भाग भी जमीन पर जमा रहे। इस आसन के दौरान घुटने एवं कोहनियां अपने स्थान से नहीं हटनी चाहिए। अब नितम्बों को उठाइए जिससे शरीर के धड़ भाग का भार हाथों और घुटनों पर पड़े। उदर भाग को पीछे की ओर खींचते हुए ठुड्डी व सीने को जमीन पर रखें। फिर आगे की ओर होते हुए प्रथम अवस्था में लौटिए। इसको दस बार दुहराइए। एकाग्रता अनाहत-चक्र पर हो। सामान्य श्वास के साथ करें अथवा उठकर पीछे की ओर जाते हुए श्वास लें एवं नीचे आते हुए श्वास छोड़ें।

लाभ – नितम्ब प्रदेश, कन्धों व पीठ के लिए अत्युत्तम है।

उत्तानपृष्ठासन (१)

उत्तानपृष्ठासन (२)

(३) शलभासन

विधि — हाथों को जांघों के नीचे रखिए। श्वास लेते हुए पैरों को खींचिए और हाथों को तानिए। बिना मोड़े पैरों को यथाशक्ति ऊपर उठाइए। कुछ देर तक कुम्भक लगाकर इस स्थिति में रहें। श्वास छोड़ते हुए आराम की प्रथम स्थिति में लौटिए। पांच बार कीजिए। ध्यान का केन्द्र — विशुद्धि-चक्र अथवा स्वाधिष्ठान-चक्र पर। इस आसन को पेप्टिक अल्सर, हर्निया व आंत के भयंकर रोग से पीड़ित तथा उच्च रक्तचाप एवं हृदय रोग के रोगी न करें।

शलभासन

लाभ — रीढ़ के विकार, पेट के विकार, वात-पित्त-कफ की विषमता आदि दूर होते हैं। फेफड़े, हृदय एवं शरीर के निचले भाग सशक्त एवं पुष्ट होते हैं।

प्रकारान्तर १ — अर्द्धशलभासन — पूर्व स्थिति में लेटकर हाथों को पूर्ववत् जांघों के नीचे रखें। फर्क इतना है कि अब आप केवल एक पैर को उठाएंगे और वापस रखेंगे। फिर दूसरे पैर से करेंगे। ऐसे दस बार करें। शेष क्रिया एवं लाभादि पूर्ववत्

अर्द्धशलभासन

ही हैं।

प्रकारान्तर २ — पूर्णशलभासन दोनों पैरों को एक साथ शलभासन के समान ऊपर उठाइए। अब बिना हाथ हिलाए या उठाए ठुड्डी, हाथों व कन्धों पर जोर देते हुए पैरों को शीघ्रतापूर्वक इस प्रकार उठाइए कि पैर की अंगुलियों से सिर को स्पर्श करें अथवा पंजों को सिर पर रख दें। यह अन्तिम अवस्था धीरे-धीरे अभ्यास द्वारा साध लेनी चाहिए। जोर-जबरदस्ती नहीं करनी है। वापस लौटते वक्त झटके से न उतारें, धीरे—धीरे सावधानी से पैरों को उतारें। अन्तिम अवस्था में सामान्य श्वास के साथ यथासम्भव रुकें। पैरों को ऊपर ले जाते व नीचे लाते वक्त श्वास रोक लें।

(४) धनुरासन

विधि — पेट के बल लेटिए। पैरों को घुटनों से मोड़िए। दोनों पैरों के टखनों को हाथों से पकड़िए। हाथों को सीधा कीजिए जिससे पैरों के स्नायुओं में खिंचाव हो। ऐसे करते हुए आप जांघों के साथ सिर और सीने को भी जमीन से यथासम्भव ऊपर की ओर उठाइए। सिर को पीछे की ओर थोड़ा झुकाइए। इस अवस्था में आगे-पीछे झूलिए। अन्तिमावस्था में कुम्भक लगाएं। पांच बार दुहराइए। ध्यान का केन्द्र — विशुद्धि-चक्र पर अथवा अनाहत-चक्र पर आध्यात्मिक लाभ के लिए एवं शारीरिक लाभ के लिए स्वाधिष्ठान या मणिपुर-चक्र पर।

धनुरासन

लाभ — कोष्ठबद्धता, मंदाग्नि, अजीर्ण, जिगर की कमजोरी को दूर करता है। चर्बी को हटाता है। पसलियों और आंतों को यथास्थान स्थापित करता है।

(५) मयूरासन

विधि — उकड़ूं बैठकर हथेलियों को दोनों घुटनों के बीच भूमि पर रखें। अंगुलियां पैरों की ओर हों। कोहनियों को सटाकर या एक-दूसरे के पास उदर के निम्न

भाग पर रखें। धीरे-धीरे सामने झुकिए। ऊपरी भुजाओं एवं कोहनियों पर उदर प्रदेश एवं शरीर के भार को टिकाइए। पैरों को पीछे की ओर सीधा करके तानिए। पैरों को जमीन से ऊपर उठाकर पूरे शरीर को एक सीध में जमीन के समानान्तर साधिए। संपूर्ण शरीर का संतुलन हथेलियों पर हो। इस पूर्णावस्था में यथासम्भव रुकें। पुनः पहली अवस्था में धीरे-धीरे लौटिए। शरीर को उठाते वक्त श्वास छोड़ें, पूर्णावस्था में बहिःकुम्भक एवं वापस लौटते हुए श्वास लीजिए। यदि पूर्णावस्था में सामान्य श्वास के साथ रुकना चाहें तो रुक सकते हैं किन्तु ध्यान रहे स्नायुओं विशेषतः उदर में किसी प्रकार का तनाव या दर्द न हो। ध्यान का केन्द्र — मणिपुर-चक्र अथवा संतुलन पर।

मयूरासन

लाभ — मयूरासन का अधिक लाभ उठाने के लिए दो बातें ध्यान में रखें। पहली बात यह कि — कम-से-कम दो सप्ताह तक दूध, चर्बीयुक्त पदार्थ, मांस, मदिरा आदि नशीले पदार्थ एवं देर से पचने वाला किसी भी प्रकार का गरिष्ठ भोजन तथा मसाले का सेवन पूर्णतः बन्द कर दें। दूसरी बात एक माह तक साग, फल, हरी सब्जी, चावल आदि सामान्य सुपाच्य सादा-सरल भोजन करें एवं प्रति सप्ताह लघु शंख-प्रक्षालन और कुंजल क्रिया का अभ्यास करें।

इस प्रकार एक माह तक पथ्यापथ्य एवं सफाई कर लेने के पश्चात् विषैले पदार्थों से मुक्ति पाने के लिए इस आसन का अभ्यास करें। शरीर सुडौल, मजबूत एवं कुण्डलिनी जागरण के योग्य बनता है। विशेषतः फोड़े, फुंसी आदि सब प्रकार के चर्म रोग के लिए रामबाण है। उदर विकार उनमें भी प्रमुखतः मधुमेह में अत्यन्त उपयोगी है। रीढ़ के विकार और पेट के कीड़े नष्ट होते हैं। वात-पित्त-कफ की विषमता दूर होने से सर्वरोगनाशक है। इस आसन के हंसासन एवं लोलासन प्रभेद हैं।

पीठ के बल किए जाने वाले आसन

(१) मकरासन II

इसी अध्याय के *ध्यान के आसन* नामक खण्ड में हमने अपने पूज्य गुरुदेव परमहंस स्वामी सत्यानन्द सरस्वतीजी के मत के अनुसार 'शिथिलीकरण आसन समूह' के अन्तर्गत पेट के बल लेटकर किए जाने वाले मकरासन I का वर्णन पृष्ठ ७६ में किया है।

लेकिन पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसन के रूप में हिमालय के सन्तों में प्रसिद्ध परम्परा के अनुसार वर्णन कर रहा हूँ। यद्यपि इसी को प्रकारान्तर से पूज्य गुरुदेव भी वर्णन करते हैं जिसको हमने इसी अध्याय के अन्तर्गत "वातनिरोधक अभ्यास" नामक "पवनमुक्तासन" के द्वितीय समूह के क्रमांक ४ में हिलना-डुलना नाम से वर्णन किया है।

विधि —पीठ के बल लेटिए। एड़ी व पंजों को सटाकर रखें। घुटने मोड़कर दोनों एड़ियों को नितम्बों के पास लाइए, जमीन से थोड़ा ऊपर ही रहने दें। दोनों हाथों को कंधों की सीध में दाएं-बाएं फैलाकर तानिए। हथेलियां ऊपर की ओर हों। श्वास भरते हुए घुटनों को दाईं ओर और सिर को बाईं ओर घुमाकर बाएं कान को पृथ्वी पर लगाएं। श्वास छोड़ते हुए वापस आइए। इस क्रिया को विपरीत दिशा से भी करें। दस बार दुहराइए। ध्यान का केन्द्र — स्वाधिष्ठान-चक्र।

इसमें ध्यान देने योग्य बात यह है कि पूरी क्रिया के दौरान पंजे जमीन को न छुएं। घुटनों को जब दाएं-बाएं मोड़ते हैं तब घुटनों से जमीन को छूने की कोशिश करें। हाथों को उठाना या अपने स्थान से हटाना भी नहीं। रीढ़ को यथाशक्ति मरोड़कर खिंचाव पैदा करना चाहिए।

मकरासन II

लाभ – श्वास सम्बन्धी रोग एवं मधुमेह में अत्यन्त उपयोगी है। कब्ज़ आदि उदर सम्बन्धी रोग दूर होते हैं। रीढ़ के दोष मिटता है और रक्तचाप संतुलित रहता है। पूरे शरीर की समस्त मांसपेशी, तन्तु एवं स्नायुमण्डल की मालिश हो जाने से पूरा शरीर पुष्ट एवं लचीला होता है।

प्रकारान्तर – पीठ के बल सीधा लेटिए। दाहिने पैर को घुटने से मोड़कर दाहिने एड़ि को बायीं जांघ के मूल में स्थापित करें। दोनों हाथों को सिर के ऊपर फैलाकर तानिए। हथेलियाँ ऊपर की ओर हों। श्वास भरते हुए मुड़े हुए घुटने को बायीं ओर झुकायें और जमीन को छूने की कोशिश करें। साथ ही सिर को दाइं ओर घुमाकर दाएं कान को पृथ्वी पर लगाएं। श्वास छोडते हुए वापस आइये। इस क्रिया को विपरीत दिशा से भी करें।

(२) चक्रासन

विधि – पीठ के बल लेटकर घुटनों को मोड़िए। एड़ियों को नितम्बों से सटाकर जमीन पर रखें। दोनो पैर करीब एक से डेढ़ फुट दूर हों। हथेलियों को जमीन पर कनपटियों के बगल में इस प्रकार उल्टा घुमाकर रखिए कि अंगुलियां कंधों की ओर हों। एक लम्बी गहरी श्वास लेकर कुम्भक लगाकर धीरे-धीरे पूरे धड़ को ऊपर उठाइए। सिर को भी धीरे-धीरे सरकाते हुए आधे शरीर के भार को सिर के ऊपरी भाग पर डालें। अब हाथों और पैरों को सीधे तानते हुए शरीर को पूरी गोलाई में ऊपर उठाइए। यथासम्भव ऊपर की ओर खींचे हुए कुछ क्षण रुकिए। धीरे-धीरे श्वास छोड़ते हुए पहले सिर पर थामते हुए वापस लेटी हुई स्थिति में लौटिए।

चक्रासन

इसकी पूर्ण अवस्था में हाथों व पैरों को अधिक-से-अधिक नजदीक लाने की कोशिश करनी चाहिए। अन्तिम अवस्था में हाथ और पैर सटाए हुए सामान्य श्वास लेते हुए यथाशक्ति रुक सकते हैं।

उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, पेट के अल्सर, अस्वस्थ आंत, अस्थि दोष, नेत्र दोष और ऊँचा सुनने वाले रोगी इसे न करें। ध्यान का केन्द्र – मणिपुर-चक्र अथवा श्वसन-क्रिया या स्वाधिष्ठान-चक्र।

लाभ – यह आसन सभी नाड़ियों एवं ग्रन्थियों के लिए लाभदायक है। स्त्रियों के प्रजनन सम्बन्धी कई रोगों को समूल नष्ट करता है। मस्तिष्क के सिरदर्द, माइग्रेन आदि अनेक रोग दूर होते हैं। लकवा रोग में लाभदायक है। शारीरिक एवं मानसिक कमजोरियां दूर होती हैं।

(३) सर्वाङ्गासन

विधि – पीठ के बल सीधे लेटिए। दोनों हाथ जमीन पर बाजू में तथा हथेलियां नीचे की ओर खुली रहें। हाथों का सहारा लेकर दोनों पैरों को धीरे-धीरे ऊपर उठाइए। हाथों को कोहनियों से मोड़िए और हथेलियों से दबाते हुए पीठ को सीधा कीजिए। धड़ एवं पैर ग्रीवा से समकोण बने और शरीर संतुलित रहे, ऐसे अपने आपको स्थिर कर लें। ठुड्डी का स्पर्श छाती से होने तक पीठ को सीधा कर सकें तो अत्युत्तम होगा। आरम्भ में श्वास लेकर कुम्भक कीजिए। ऊपर उठते एवं नीचे उतरते वक्त कुम्भक करें। बीच की अवस्था अर्थात् उठी हुई अवस्था में स्वाभाविक श्वास यदि आवश्यकता पड़े तो ले सकते हैं। ध्यान का केन्द्र आध्यात्मिक लाभ हेतु विशुद्धि-चक्र पर अन्यथा चुल्लिका ग्रन्थि या श्वसन-क्रिया पर।

उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, चुल्लिका ग्रन्थि, यकृत की समस्या और तिल्ली बढ़े हुए रोगियों को इस आसन को नहीं करना चाहिए।

सर्वाङ्गासन

सर्वाङ्गासन के बाद मत्स्यासान अवश्य

करना चाहिए। इस आसन में रहते हुए पैरों को तानना, मूलबन्ध एवं जालन्धर-बंध लगाना, धीरे -धीरे पैरों को सिर की ओर पृथ्वी के समानान्तर झुकाना, पद्मासन लगाना, एक पैर को घुटनों से मोड़ना, पैरों को हल्का घुमाना और कन्धरासन किया जा सकता है।

ध्यान रहे झटके से कोई क्रिया नहीं करनी है और उतरते वक्त पहले कमर के भाग तक धीरे-धीरे जमीन पर लेटकर कुछ क्षण रुकने के पश्चात् पैरों को जमीन पर लेटाने से अधिक लाभ होगा।

लाभ — जैसा नाम वैसा काम। शरीर के समस्त अंगों पर प्रभाव डालता है और शरीर का समुचित विकास करता है। मस्तिष्क में रक्तप्रवाह अधिक होने से मानसिक कमजोरियां और मनोवैज्ञानिक रोगों को दूर करता है। दमा, खाँसी, हाथी पांव, बवासीर, हाईड्रोसिल, प्रदर, मधुमेह आदि अनेकों रोग दूर होते हैं। विशेषतः आँख, कान, नाक एवं गला सम्बन्धी रोग, स्वप्नदोष, ब्रह्मचर्यखण्डन, बाँझपन, बच्चादानी की गड़बड़ी दूर होते हैं। स्मरण-शक्ति एवं मेधा-शक्ति बढ़ती है।

(४) विपरीतकरणी मुद्रा

विधि — यह आसन सर्वाङ्गासन की तरह ही है किन्तु सरल है। जिनकी गर्दन व पीठ की मांसपेशियां कठोर हैं तथा जो धड़ को सीधा नहीं कर सकते, उन्हें आरम्भ में इस आसन को करना चाहिए।

अन्तर यह है कि इसमें ठुड्डी का स्पर्श छाती से नहीं होता। धड़ जमीन से उठाकर ४५° (अंश) के कोणाकार में रखा

विपरीतकरणी मुद्रा

जाता है न कि सर्वाङ्गासन के समान ६०° (अंश) के कोण के समान। कुण्डलिनी जागरण सम्बन्धी क्रियाओं में इसका अधिक उपयोग है। श्वास, ध्यान, लाभ आदि शेष सारे क्रिया-कलाप सर्वांगासन के समान ही हैं।

अतिरिक्त लाभ यह है कि ललना-चक्र से स्रावित अमृत जो जठराग्नि में जाकर नष्ट होता था उसकी रक्षा होती है। अतः यह एक मुद्रा है क्योंकि शरीर के अन्दर नाभिमण्डल को सूर्य एवं जिह्वा आदि से युक्त मुँह को चन्द्र माना गया है। इस आसन में स्वाभाविक स्थिति (सूर्य नीचे, चन्द्र ऊपर) को तोड़कर उल्टा किया जाता है (सूर्य ऊपर, चन्द्र नीचे)। इसलिए इसे **विपरीतकरणी** कहते हैं। अम्लता, रक्ताल्पता, मधुमेह, मस्तिष्क के विकार, यौन ग्रन्थि के विकार आदि में इसका विशेष उपयोग है।

(५) हलासन

विधि — पीठ के बल लेटिए। हाथों को नितम्बों के बगल में रखें। हथेलियां ऊपर की ओर खुली रहें। पैरों को सीधे तानिए। दोनों पंजे व एड़ी को सटाकर रखिए। लम्बी गहरी श्वास लेकर पैरों को सीधे तने हुए ही श्वास छोड़ते हुए धीरे-धीरे ऊपर की ओर उठाइए। हाथों के बल उठने की कोशिश न करें किन्तु उदर की मांसपेशियों पर जोर डालते हुए पैरों को उठाइए। पैरों को सिर के पीछे ले जाकर अंगूठों को जमीन पर रखें। पैरों को कहीं से भी मोड़ना नहीं, अतः कमर व पीठ पूरा उठेगा एवं तुड्डी कण्ठकूप में लगेगा। अपने आप जालन्धर-बन्ध लगेगा। हाथों को कमर पर रखिए और धड़ को सहारा देते हुए यथाशक्ति इस अवस्था में बन्ध लगाए हुए अथवा स्वाभाविक श्वास के साथ रुकें। पहली स्थिति में वापस लौटिए। ध्यान रखें

हलासन

लौटते वक्त अन्तःकुम्भक लगाए हुए धीरे-धीरे रीढ़ की गोटियों को एक-एक करके क्रम से रखें कमर तक। कुछ क्षण रुकें। फिर मन्द गति से पैरों को जमीन पर लेटाइए। सामर्थ्य एवं समय के अनुसार पांच बार दुहराइए।

अन्तिम स्थिति में रहते हुए पैरों को फैलाना और सिर पर तने हुए पैरों को हाथों से पकड़ने की क्रिया को भी कर सकते हैं। जो लोग आरम्भ में इस आसन को नहीं कर सकते वे पूर्वाभ्यास के रूप में कमर तक जमीन पर लेटे हुए केवल पैरों को अपने पेट के ऊपर आकाश में उठाएं और उस अवस्था में पैरों को फैलाएं। वापस लौटें। ध्यान का केन्द्र — विशुद्धि-चक्र अथवा मणिपुर-चक्र पर।

लाभ — चर्बी घटाना, मन्दाग्नि दूर करना, पेडू को तनाव रहित करना तथा वृक्कों को स्वस्थ एवं व्यवस्थित करना। हड्डियों के कैल्शियम की रक्षा करता है और समस्त ग्रन्थियों को सक्रिय करता है। फेफड़ों में से दूषित वायु को निकालकर स्वस्थ करता है। बाँझपन को दूर करने में अत्यधिक प्रभावशाली है।

पूर्ण लाभ प्राप्त करने के लिए हलासन और पश्चिमोत्तानासन को एक साथ गत्यात्मक ढंग से लगातार तीन से पांच मिनट करें। लेकिन यह तब करना चाहिए जब रीढ़ की हड्डी पूर्णरूपेण लचीली हो अन्यथा लाभ के बजाए नुकसान होगा।

वृद्ध, दुर्बल, उच्च रक्तचाप, हृदय के रोग, साइटिका और स्लिपडिस्क के रोगी इसे कदापि न करें।

सिर के बल किए जाने वाले आसन

(१) मूर्धासन

विधि —दोनों पैरों को तीन-चार फुट की दूरी पर रखकर खड़े हो जाइए। शरीर को कमर से आगे झुकाइए। दोनों हाथों को अपने सामने २-३ फुट की दूरी में जमीन पर रखें। दोनों हाथों के मध्य भूमि पर सिर के ऊपरी भाग को रखें। यह प्रथम अवस्था है। दूसरी अवस्था में हाथों को उठाकर पीठ पर बांध लीजिए। एड़ियों पर उठिए। सिर एवं पैरों की अंगुलियों पर संपूर्ण शरीर को संतुलित रखें। कुछ रुककर वापस सीधे खड़े हो जाइए। पांच बार दुहराए। झुकते हुए और लौटते वक्त अन्तःकुम्भक लगाएं। सन्तुलनावस्था में सामान्य श्वास रखें। ध्यान का केन्द्र — सहस्रार-चक्र अथवा श्वसन-क्रिया पर हो।

लाभ — सिर को संपूर्ण शरीर का भार वहन करने एवं मस्तिक को अतिरिक्त रक्तप्रवाह सहन करने योग्य बनाता है।

मूर्धासन

(२) शीर्षासन

विधि — इस आसन को क्रमशः छः अवस्थाओं में करना उचित है।

प्रथमावस्था — वज्रासन में बैठिए। सामने झुककर कोहनियों को कन्धों के समानान्तर दूरी पर टिकाइए। अंगुलियों को आपस में फंसाकर जमीन पर रखिए। बंधी हुई अंगुलियों के समीप भूमि पर सिर के ऊपरी भाग (शीर्ष) को टिकाइए।

शीर्षासन (१)

समर्पित

—सुव्रतमुनि शास्त्री

पूज्य गुरुदेव महामहिम उत्तर भारतीय प्रवर्तक श्री भण्डारी पद्म चन्द्र जी महाराज

जन्म तिथि :
विजयदशमी
वि० सम्वत् 1974
ई० सन् 1917

दीक्षा तिथि :
माघवदी पञ्चमी
वि० सम्वत् 1991
ई० सन् 1934

प्रकाशकीय

अपने विद्या रसिक पाठकों को एक मूल्यवान् योग ग्रंथ भेंट करते हुए हमें बहुत प्रसन्नता हो रही है। योग विद्या बहुत प्रिय और प्राचीन है। पुरातन आचार्यों, ऋषि-महर्षियों ने इस विद्या पर विविध भाषाओं में अनेक ग्रंथों की रचना की है। जैन श्रमण परम्परा में भी प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश एवं कन्नड़ इत्यादि भाषाओं में योग ध्यानसाधना पर कितने ही ग्रंथ मिलते हैं। परन्तु वर्तमान में राष्ट्रभाषा हिन्दी में योग-परक ग्रंथ बहुत कम उपलब्ध हैं। प्रस्तुत ग्रंथ इसी कमी की पूर्ति का एक प्रशंसनीय प्रयास है।

हमारे परम श्रद्धेय राष्ट्रसन्त उत्तरभारतीयप्रवर्तक भण्डारी **श्री पद्मचन्द्र जी महाराज** के प्रशिष्य एवं परम श्रद्धेय उपप्रवर्तक **श्री अमरमुनि जी म०** के प्रथम अन्तेवासी डॉ० श्री सुव्रत मुनि शास्त्री जी म० ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से डॉ० श्री धर्मचन्द्र जी जैन के निर्देशन में आचार्य हरिभद्रसूरि की अनुपम योग विषयक कृति **योगबिन्दु** का तुलनात्मक एवं समीक्षात्मक अध्ययन कर पी-एच० डी० (डाक्ट्रेट) की उपाधि प्राप्त की। मुनि श्री सुव्रत जी म० की योग में विशेष रुचि है उसी का शुभ परिणाम है यह योग ग्रंथ—**योगबिन्दु के परिप्रेक्ष्य में जैन-योगसाधना का समीक्षात्मक अध्ययन**। इसके लिए हम डॉ० श्री सुव्रत-मुनि शास्त्री जी म० के आभारी हैं जिन्होंने अनथक परिश्रम करके यह ग्रंथरत्न तैयार किया है। इसके प्रकाशन में डॉ० श्रीयुत धर्मचन्द्र जैन, निर्देशक पालि प्राकृत विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रति भी हार्दिक कृतज्ञ हैं जिन्होंने इस ग्रंथ के संशोधन एवं प्रैस सम्बन्धी कार्य में निष्ठापूर्ण सहयोग प्रदान किया है।

प्रकृत ग्रंथ के प्रकाशन में उदारमना जिन महानुभावों ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया है, उनमें महातपस्विनी गुरुणी श्री हेमकुंवर जी म० सा० की सुयोग्य सुशिष्या महासती साध्वी श्री रविरश्मि जी महाराज के माता श्रीमती प्रसन्नादेवी धर्मपत्नी श्री ला० रत्नलाल जी

जैन के सुपुत्र श्रीविजयकुमार जैन, श्रीसुशीलकुमार जैन, श्रीपवन कुमार जैन मुक्तसर निवासी।

महासती श्री रविरश्मि जी म० के बुआ जी श्रीमती ईश्वरीदेवा जैन धर्मपत्नी श्री सुच्चामल जैन गीदड़वाहा मण्डी निवासी के सुपुत्र श्री कश्मीरीलाल जैन एवं कीमतीलाल जैन।

श्रीमती कैलाशवती जैन धर्मपत्नी स्व० श्री रत्नलाल जैन समाना निवासी के सुपुत्र श्रीअशोककुमार जैन, प्रधान एस० एस० जैन सभा समाना, श्रीसतीशकुमार जैन एवं श्रीवीरेन्द्र कुमार जैन।

श्री जगदीशचन्द्र जैन मालिक फर्म के० एल० जगदीश ब्रह्मपुरी लुधियाना। श्री भागमल कृष्णलाल बजाज, पद्मपुरमण्डी (राज०)।

ये उपर्युक्त सभी महानुभाव परम पूज्य गुरुदेव उ० भा० प्रवर्तक श्री भण्डारी जी म० के अनन्य भक्त हैं। धर्मध्यान और गुरुभक्ति में आप सभी की गहनरुचि है। हम इन सभी महानुभावों की आत्मवृद्धि की मंगल कामना करते हैं और इनके इस उदार सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद करते हैं साथ ही आशा है कि भविष्य में भी आपका हमें सहयोग मिलता रहेगा।

परम पूज्य राष्ट्रसन्त गुरुदेव उत्तरभारतीय प्रवर्तक भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी महाराज के हीरक जयन्ती महोत्सव पर इस ग्रंथ का प्रकाशन सोने में सौरभ जैसा बन गया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि इस ग्रंथरत्न से श्रावकजन अवश्य ही लाभान्वित होंगे।

मन्त्री
आत्मज्ञानपीठ, मानसा मण्डी,
भटिण्डा (पंजाब)

शुभाशंसा

जैनधर्मस्य आचार्येषु आत्मारामः प्रसिद्धः ।
आत्मारामस्य जैनस्य आचार्यस्य महात्मनः ॥१॥
विद्वांसस्तस्य वै शिष्याश्चत्वारः सागरोपमाः ।
ज्ञान-रत्नाकाराः सर्वे संस्कृतागम-कोविदाः ॥२॥

जैन धर्म के आचार्यों में प्रसिद्ध आचार्य श्री आत्माराम जी महाराज थे । उन आचार्य श्री आत्माराम जी महाराज के सागर के समान गम्भीर चार शिष्य हैं जो कि ज्ञान रत्नों से सम्पन्न और संस्कृत आगम ज्ञान से युक्त हैं ॥ ११२ ॥

श्री हेमचन्द्रः प्रथमो अपरो ज्ञानिनां मुनिः ।
तृतीयो रत्नमुनि, श्रीमान् तूर्यो वाग्मी मनोहरः ॥३॥

उनमें प्रथम श्री हेमचन्द्र जी महाराज, दूसरे श्री ज्ञान मुनि जी महाराज, तीसरे श्री रतनमुनि जी महाराज और चौथे श्री मनोहर मुनि जी महाराज हैं ॥ ३ ॥

श्री हेमचन्द्रस्य मुनेः जैनागम पारदृश्वनः ।
भण्डारी पद्मचन्द्रोऽयं मुख्यशिष्यो विराजते ॥४॥

श्री हेमचन्द्र जी म० जैन आगमों के पारगामी विद्वान् थे, उनके प्रमुख शिष्य हैं श्री भण्डारी पद्मचन्द्र जी महाराज ॥४॥

भारतोत्तर भागस्य निर्देष्टा प्रथितो यतिः ।
भण्डारी नामवाच्योऽसो मुनिराजो विराजते ॥५॥

श्री भण्डारी पद्मचन्द्र जी महाराज उत्तर भारत जैन संघ के निर्देष्टा-प्रवर्तक हैं और जन सामान्य में वे भण्डारी जी महाराज के नाम से विख्यात हैं ॥५॥

वाग्मी धर्मभृतां धुर्यस्तच्छिष्योऽमरो मुनिः ।
जैनागमविशेषज्ञो लोककान्तशशी यथा ॥६॥

धार्मिक जनता के आधार भूत, वाग्मी श्री अमर मुनि जी महाराज, श्री भण्डारी जी म० के शिष्य हैं जो कि लोक में चन्द्रमा के समान प्रिय हैं ॥६॥

आदित्य इव तेजस्वी सत्यधर्म-परायणः ।
शिष्येष्वन्यतमस् यस्तस्य सुव्रतो मुनिरात्मवान् ॥७॥

सूर्य के समान तेजस्वी और सत्य धर्म परायण श्री अमर मुनि जी महाराज के शिष्यों के प्रमुख आत्मार्थी सुव्रत मुनि जो है ॥७॥

संस्कृतं वाङ्मयं श्रुत्वा शास्त्रिकक्षामतीतरत् ।
एम०ए, श्रेणिमुत्तीर्य अभ्यस्य सर्ववाङ्मयम् ॥८॥

सुव्रत मुनि जी महाराज ने संस्कृत वाङ्मय का अध्ययन करके शास्त्री परीक्षा पास की, फिर हिन्दी एवं संस्कृत का अभ्यास करके उनमें एम० ए० किया है ॥८॥

जैनयोगमधिकृत्य प्रबन्धमलिखद् यतिः ।
विद्यापीठे कुरुक्षेत्रे सम्मानमतिलब्धवान् ॥९॥

जैन योग को आधार बना कर कुरुक्षेत्र विश्व विद्यालय के तत्त्वावधान में शोध प्रबन्ध लिखकर मुनि जी ने उच्च-सम्मान प्राप्त किया है ॥९॥

पी०एच०डी० पद प्राप्त सुव्रतो मुनिनांवरः ।
उदयं भाविनं काङ्क्षे युवकस्य मुनेरहम् ॥१०॥

पी०एच०डी० उपाधि प्राप्त श्रेष्ठ युवक मुनि सुव्रत जी म० के उज्जवल भविष्य की मैं शुभ आशंसा करता हूं ॥१०॥

यशोदेव शास्त्री
(साहित्य-दर्शनाचार्य)
पूर्व प्रधानाचार्य श्री सरस्वती संस्कृत कालेज
खन्ना मण्डी (पंजाब)

मुक्तसर निवासी स्व० ला० श्री रत्न लाल जी जैन एवं
उनकी धर्मपत्नी स्व० श्रीमती प्रसन्ना देवी जी जैन

श्री ईश्वरी देवी जैन
गिदड़बाहा

श्री ला० रत्न लाल जी जैन
समाना (पंजाब)

वाङ्मुख

मानव का चरम लक्ष्य आध्यात्मिक विकास की पूर्णता और उससे लब्ध प्रज्ञाप्रकर्षजन्य पूर्णबोध सर्वज्ञत्व व स्वस्वरूप-प्रतिष्ठा की उपलब्धि है। इस परमकैवल्य वा परिनिर्वाण लाभ में अन्यतम विशिष्ट साधन **योग** है। यह योग जगत् की प्राचीनतम विद्या है। कोई भी ऐसा दर्शन, सम्प्रदाय व मजहब नहीं है जो योग की महिमा से अछूता हो।

योग की महिमा अचिन्त्य है। अनेकों ऋषि, महर्षियों एवं तपस्वियों ने योग ध्यान साधना के बल पर अलौकिक सुख को पाकर अपने जीवन को सफल बनाया है। आज भी भारतभू की गिरिगुफाओं, उपत्यकाओं, वनों, एवं श्मशानों में यति, मुनि, साधु-सन्त इस विद्या के पारायण से ज्ञानाराधन एवं शाश्वत सुख की खोज में लगे हुए हैं। पाश्चात्य जगत् भी इस विद्या के गूढ रहस्य को जानने में अहर्निश प्रयासरत है।

इस आध्यात्मयोग के क्षेत्र में जैन ध्यान साधना का अपना विशिष्ट स्थान है। बढ़ चढ़कर एक से एक योगावचर, तपस्वी, आचार्य, सन्त यहां हुए हैं जिनमें से एक बहुश्रुतधर, प्रतिभासम्पन्न, महान लेखक, विद्वान्, आचार्य श्री हरिभद्रसूरि हैं। आपने ही सर्वप्रथम अपनी अनुपम कृतियों में योग का नूतन मौलिक गहन चिन्तन किया है।

मन, वचन एवं कर्म का आत्मा के साथ एकाकार हो जाना, उनका तदनुकूल चलना ही **योग** है। हरिभद्र सूरि ने धर्मसाधना के समग्र उपक्रम को ही योग का सार स्वीकार किया है—**मोक्खेण जोयणाओ, जोगो सव्वो वि धम्मवावारो** (योगविंशिका का० १)

मुझे अत्यन्त प्रसन्नता है कि 8वीं शताब्दी के इन पूज्य महायोगी आचार्यप्रवर हरिभद्र सूरि का अनुसरण करने वाले नवोदित युवक सन्त श्री सुव्रतमुनि शास्त्री नेसूरि की योगपरक चार रचनाओं में से अत्युपयोगी ग्रंथ **योगबिन्दु** को आधार बनाकर जैन वाङ्मय में योग साधना का तुलनात्मक एवं समीक्षात्मक शोध प्रबन्ध लिखा है जो आज **'योगबिन्दु के परिप्रेक्ष्य में जैन योगसाधना का समीक्षात्मक अध्ययन'** इस नाम से प्रकाश

में आ रहा है।

श्रीमुनिसुव्रत जी शास्त्री राष्ट्र शिरोमणि सन्त उत्तर भारतीय प्रवर्तक गुरुदेव भण्डारी श्रीपद्मचन्द्र जी महाराज के प्रशिष्य और हरियाणा केसरी वाणीभूषण उत्तर भारतीय उपप्रवर्तक श्रीअमर मुनि जी महाराज के सुयोग्य शिष्य हैं। आधुनिक भारतीय अनेक भाषाओं के ज्ञाता होते हुए भी शास्त्री जी का संस्कृत, प्राकृत एवं अपभ्रंश भाषाओं पर पूर्ण अधिकार हैं।

इसी कारण उपर्युक्त अपने खोजपूर्ण प्रबन्ध में आपने जैन-जैनेतर समस्त भारतीय वाङ्मय का आलोड़न-विलोड़न किया है और योगबिन्दु-गत **योगमाहात्म्य, योगाधिकारी,** योग के प्रकार—**अध्यात्मयोग, समता-योग, ध्यानयोग, भावनायोग** और **वृत्तिसंक्षययोग,** को विस्तार से स्पष्ट करते हुए योग साधना में आत्मा की स्थिति, उसका सर्वज्ञत्व, योग और कर्म, गुणस्थान और लेश्याओं की महत्ता का जैनदर्शनानुसार सम्यक् प्रतिपादन किया गया है। एतदर्थ आपको बहुशः साधुवाद।

इसके अतिरिक्त विद्वान् सन्त के द्वारा पूर्व में और भी अन्य कतिपय मौलिक ग्रंथों का प्रणयन किया गया है जिनमें-मानवता की प्रकाश किरणें एवं पद्मपराग विशेष उल्लेखनीय हैं। मुझे विश्वास है कि प्रकृत ग्रन्थ रत्न भी इसी कड़ी में ध्यानयोग के जिज्ञासुओं एवं शोधकर्त्ता पाठकों को अधिक उपयोगी सिद्ध होगा।

मैं शास्त्री जी के दीर्घजीवी योगसाधना की मंगलाकामना के साथ भविष्य में भी आपके द्वारा दुर्लभ जैन पाण्डुलिपियों के सम्पादन एवं प्रकाशन की अपेक्षा करता हूँ। ओम् शान्ति।

(डॉ० धर्मचन्द्र जैन)
रीडर
संस्कृत एवं प्राच्य विद्या संस्थान,
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र

डी-११५, विश्वविद्यालय परिसर
७ अक्टूबर, १९९१

प्रस्तावना

वस्तु में अहम् बुद्धि और अहम् में वस्तु बुद्धि दुःख जनक मोह का कारण है। वस्तु एवं अहम् का विघटीकरण तथा अहम् को वास्तविक अहम् में स्थापना, योग स्वरूप है।

व्यक्ति एक है, दृश्य एक है, दृष्टियाँ अनेक है। दृष्टि ही दृष्टा के लिए दृश्य स्वरूप निश्चित करती है। इसमें इन्द्रियदृष्टि अत्यन्त स्थूल हैं। ओघदृष्टि का प्रतिरूप है। भ्रम एवं माया की जननी है। आत्म दृष्टि सूक्ष्मतम है। योगदृष्टि का प्रतिरूप है। परिशुद्ध व यथार्थ ज्ञान की जननी है।

यह ओघदृष्टि, वस्तु-देह बुद्धि से उत्पन्न परिछिन्न होती है, जो वासना का उद्गम स्थान है। वासना का उद्भव असौन्दर्य में सौन्दर्य, अयथार्थ में यथार्थ तथा अशुद्धि में शुद्धि का बोध कराता है। भ्रम से उपरत यथार्थ में 'सत्यं, शिवं सुन्दरम्' का आत्यन्तिक अनुभवन ही योग है।

आचार्य हरिभद्रसूरि ने योग को ही संसार विच्छिन्नता का मूल कारण बतलाया है। योग उत्तम कल्पवृक्ष है, उत्कृष्ट चिन्तामणि रत्न है। योग सब धर्मों में प्रधान है तथा सिद्धि (मुक्ति) का अनन्य हेतु है।[1] वास्तव में संयोग की दासता एवं वियोग का भय संसार आबद्धता तथा अभाव रूप अतृप्ति का मूलकारण है एवं योग उसका परम व अचूक निवारण है।

योग एक आधार है व योग एक युक्ति है संसार सागर से पार उतरने के लिए।[2] योग एक तीक्ष्ण कुठार है, समस्त विपदाओं का उन्मूलन करने के लिए।[3] दुःख का जीवन के साथ जो संयोग है, उससे विमुक्त होना ही योग है।[4] योग से प्राप्त मनोनिग्रह ही संसार-दुःख से मुक्त होने का एक मात्र उपाय है।[5] इसी कारण गीता में भी ज्ञानी और तपस्वी की अपेक्षा योगी को अधिक श्रेष्ठ बताया है।[6] शास्त्रज्ञानी (द्रव्य ज्ञानी) एवं शारीरिक कष्ट रूप (द्रव्य तप) की अपेक्षा आत्म-स्थापना रूप योग इस-लिए श्रेष्ठ है क्योंकि आत्मस्थापना ही विद्वान् का ज्ञानी में एवं द्रव्य तप

का आत्म-विशुद्धि के परम कारण रूप भावतप में परिणमन का हेतु है।

ध्येय विहीन जीवन व्यर्थ क्रिया स्वरूप है। ध्येय विहीन साधक की तुलना **विवेक मार्तण्ड** में गधे के साथ की गई है[7]। जैसे गधा भी धूल से लथपथ रहता है, सदा सर्दी-गर्मी सहन करता है, पर उसका यह धूल में लोटना एवं सर्दी-गर्मी सहना व्यर्थ तथा उद्देश्य विहीन होता है, वैसे ही जिस साधक का संकल्प स्पष्ट नहीं है तब उसका धूल में जीवन व्यतीत करना तथा शारीरिक कष्टों को सहन करना केवल बाह्य आडम्बर मात्र है। उससे अन्तरशुद्धि रूप महत् लाभ उपलब्ध नहीं हो सकता। अतः किसी भी कार्य में संलग्न होने से पहले उसके उद्देश्य के प्रति स्पष्ट दृष्टि होना आवश्यक है। जीवन कोई न कोई ध्येय युक्त अवश्य ही होना चाहिए और केवल ध्येय युक्त ही नहीं, ध्येय भी उच्च होना आवश्यक है, अन्यथा विपरीत ध्येय जन्य परिणाम भी विपरीत ही होगा।

भारतीय संस्कृति का उच्चतम ध्येय है मोक्ष। संसार दुःख से विमुक्त होना ही परम पुरुषार्थ है[8] चाहे वह तत्त्वज्ञान हो, आचार हो, काव्य हो याकि नाटक मात्र, किन्तु काम विषयक कामशास्त्र का अन्तिम ध्येय चतुर्थ पुरुषार्थ मोक्ष ही है।[9] इस कारण भारतीय संस्कृति को आध्यात्मिक संस्कृति के नाम से अभिहित किया गया है।

भारतीय विचारकों का चिन्तन बहुमुखी रहा है। उन्होंने जीवन के आवश्यक पहलुओं पर गहन व तीव्र अनुभूति पूर्ण तथ्यों को उद्घाटित किया है। शारीरिक एवं पदार्थिक आयामो से उपरत एक ऐसा भी आयाम है जो बौद्धिक तर्क एवं चर्चाओं से परे है। जो केवल अनुभव जन्य है और उस अनुभव का जनक है—योग।

योग एक ब्रह्मविद्या है। उसकी गति क्षर से अक्षर की ओर है। योग कोई सम्प्रदाय या दर्शन विशेष न होकर जीवन के अन्तर रहस्य की प्राप्ति की सहज प्रक्रिया है। योग का कार्य दर्शनशस्त्र की तरह सिद्धान्तों का प्रतिपादन करना नहीं वरन् अन्तस् अनुभूतियों का जागरण है।

मोक्ष रूपी लक्ष्य सिद्धि का प्रधान व्यवधान है—मन और प्रधान सहयोगी भी है—मन। कहा भी गया है—**मन एव मनुष्याणां कारणं बन्ध मोक्षयोः**[10]। व्यास ने भी कहा है—

संसार की नदियाँ तो एक ही दिशा में बहती हैं लेकिन चित्तरूपी महानदी उभयवाहिनी है। ऊर्ध्वगामिनी कल्याण का कारण है और अधोगामिनी पतन का कारण। आध्यात्म का प्रथम सोपान है— चित्त का ऊर्ध्वारोहण—'चेतो महानदी उभतोवाहिनी, वहति कल्याणाय पापाय च।[11]

उमास्वाति ने सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान एवं सम्यक्चारित्र को मोक्ष मार्ग कहा है।[12] उसी को आचार्य हेमचन्द्र ने योग के नाम से अभिहित किया है।[13] आचार्य हेमचन्द्र योगशास्त्र में योग को परिभाषित करते हुए कहते हैं "धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चारों पुरुषार्थों मे मोक्ष अग्रणी है। योग उसका कारण है। सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन और सम्यक्चारित्र रूप रत्नत्रय ही योग है।"[14] आचार्य हरिभद्रसूरि ने उन समस्त साधनों को योग माना है जिनसे आत्मशुद्धि होती है और मोक्ष के साथ संयोग होता है।[15] उपाध्याय यशोविजय जी का भी यही अभिमत है।[16] आचार्य हरिभद्रसूरि के अनुसार आध्यात्मिकता एवं समता को विकसित करने वाला, मनोविकारों को क्षय करने वाला तथा मन, वचन एवं काया के कर्मों को संयत रखने वाला धर्म व्यापार ही श्रेष्ठ योग है।[17] यही भाव गीता में भी प्रकट हुआ है।[18]

महर्षि पतञ्जलि ने योग की परिभाषा देते हुए कहा है "चित्त की वृत्तियों का निरोध करना योग है।[19] याज्ञवल्क्य के अनुसार जीवात्मा का परमात्मा के साथ संयोग होना योग है।[20] विष्णुपुराण में योग की इन शब्दों में परिभाषा की गई है "आत्मप्रयत्न सापेक्षा विशिष्टा या मनोगतिः" विज्ञान भिक्षु ने अपने ग्रन्थ योगसारसंग्रह में कहा है "सम्यक् प्रज्ञायते"। बौद्ध परम्परा में योग शब्द समाधि या ध्यान के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। हठयोग साहित्य में भी इसी प्रकार की परिभाषा मिलती है। रघुवंश में इसका अर्थ सम्पर्क, स्पर्श आदि से लगाया गया है। गणित में योग का अर्थ जोड़/संकलन होता है। ज्योतिषशास्त्र में योग को संयुति, दो ग्रहों का संयोग, तारापुंज, समयविभाग इत्यादि के रूप में स्वीकार किया गया है। चिकित्साशास्त्र में योग का अर्थ अनेक प्रकार के चूर्ण के अर्थ में अभिप्रेत है।

The great theosophist Annie Besant Calls it a Science of Psychology. As Dr. R.V. Ranade says or Yoga is a complete science, It is based upon the eternal laws of higher life, and does not require the support of any other science or philosophied

system. It is a science of psychology in much wider and deeper perspective. It follows the laws of psychology, applicable to the unfolding of the whole consciousness of man on every plane.

Sri Aurobindo says that all life is either consciously or unconsciously or subconsciously a yoga. It consists in a methodised effort towards selfperfection by the expression of the potentialities latent in the being and a union of the human individual with the universal and transcendent existence. We see partially expressed in man and the cosmos.

All life, when we look behind its appearances, is a vast Yoga of Nature, attempting to realise her perfection in an ever increasing expression of her potentialities and to unite herself with her own divine reality.

According to Swami Vivekananda, Yoga may be regarded as a means of comparising one's evolution into a single life or a few years or even a few months of bodily existince. Yoga is a kind of compressed but concentrated and intense activity according to the temprament of an individual.

योग एक ऐसा प्रयत्न है जिसमें साधक सहज व स्वभाविक अवस्था में रहता हुआ अपने स्वरूप बोध के लिए सर्वदा प्रयत्नशील रहता है। यद्यपि भारतवर्ष की रत्नगर्भा वसुन्धरा पर उत्पन्न हुए आर्य पुरुषों ने साधना की विविध प्रक्रियाओं की ओर निर्देश किया है तथापि यह सदा सर्वदा अनुभूत तथ्य रहा है कि साधनावस्था में यन्त्र की भान्ति कोई निश्चित मार्ग नहीं बनाया जा सकता। प्रत्येक व्यक्ति के लिए कोई निर्धारित मूल्य स्थापित नहीं किये जा सकते। साधना सामूहिक नहीं, व्यक्ति परक होती है। कुछ साधक एकत्रित होकर साधना कर सकते हैं फिर भी उनके अनुभव निजपरक एवं मर्यादित ही रहेंगे।

मनुष्य स्वयं का मित्र है और शत्रु भी है। उसका अन्तर ज्ञान ही उसका परम मार्गदर्शक है। जब तक वह स्वयं अपनी समस्याओं के

सम्बन्ध में अभीप्सापूर्ण प्रयत्न व सार्थक परिणामगामी चिन्तन नहीं करता तब तक समाधान परे ही रहता है। प्रत्येक को स्वयं के प्रश्न का उत्तर स्वयं ही ढूढ़ना होता है। किसी के बनाए हुए समाधान किसी के काम नहीं आ सकते। वे उसे मार्गदर्शन एवं प्रेरणा अवश्य दे सकते हैं फिर भी समाधान तो उसका स्वयं का ही होगा। प्रारम्भ में, अन्य के दर्शाए हुए मार्ग में उपादेयता दृष्टिगत हो सकती है किन्तु अन्ततोगत्वा वे मार्ग उसका साथ नहीं दे पाते।

प्रत्येक व्यक्ति स्वयं में एक इकाई है। उसका स्वयं का व्यक्तित्व है, विशेषताएँ हैं, गुण दोष हैं। अतः व्यक्तिगत गुणदोषानुसार उसके व्यक्तित्वानुसार साधना का मूल स्वरूप एवं मूल ध्येय एक रहते हुए भी उत्तर स्वरूप एवं उत्तर ध्येय व्यक्ति से व्यक्ति परिवर्तित होते हैं। इसी उत्तरस्वरूप एवं उत्तर ध्येय के परिवर्तन ने योग में विविध विधाओं को जन्म दिया है। जैसे द्रव्य का मूल स्वरूप एक होते हुए भी उसकी पर्याय अनेक होती हैं। वैसे ही योग मूलतः एक होते हुए भी उत्तरप्रक्रियाओं व बाह्य स्वरूप की अपेक्षा विविध रूपों में प्रतीत होता है।

ये उपर्युक्त विविध रूप हमें तीन मूलधाराओं में मिलते हैं, वे धाराएं है—(१) वैदिक (२) बौद्ध एवं (३) जैन धारा।

ऋग्वेद में जहां योग संयोग अर्थों में मिलता है वहीं उपनिषदों विशेषकर पातञ्जलयोगदर्शन में आगत ध्यान एवं समाधि योग को ही दर्शाते हैं। इस तरह वैदिक दर्शन में योग से संयोग एवं ध्यान समाधि दोनों ही अर्थ अभिप्रेत हैं।

वस्तुतः योग का अत्यन्त परिष्कृत रूप हमें गीता में दृष्टिगोचर होता है। गीता में श्रीकृष्ण ने दो प्रकार की निष्ठा बतलाई है।[2] ज्ञान-निष्ठा और कर्मनिष्ठा इस अपेक्षा से योग भी दो प्रकार का है—ज्ञान-योग एवं कर्मयोग। भक्तियोग इन दोनों में ही समाविष्ट है क्योंकि बिना भक्ति, श्रद्धा और प्रेम के न तो ज्ञानार्जन हो सकता है और न ही कर्म कौशल्य प्रकट हो सकता है। अतएव भक्ति और कर्म में ही अनुस्यूत है।

बौद्ध दर्शन में भगवान् बुद्ध ने महर्षि पतञ्जलि की तरह आर्य अष्टाङ्गिकमार्ग को प्रबल प्रेरणा दी है। बौद्धाचार्यों ने अपनी कृतियों में सम्यक् समाधि, ध्यान व योग पर इसी अष्टाङ्गिक मार्ग में विस्तृत प्रकाश

डाला है। अतएव इसके लिए निकाय ग्रन्थों का परिशीलन अपरिहार्य है।

जैन धारा

जैन आगमों में योग शब्द प्रधानरूप से संयोग के अर्थ में व्यवहृत हुआ है। जैनाचार्यों ने अनेक ग्रन्थों में इसे ध्यान एवं समाधि के अर्थ में भी प्रयुक्त किया है। मन-वचन-काया का आत्मा के साथ सम्यक् योग मनोयोग, वचनयोग एवं काय-योग कहे जाते हैं[23]। मन, वचन और काय-योग का पूर्ण निरोध ज्ञानाराधक का लक्ष्य है। इनका गोपन करना गुप्ति कहलाता है, जो तीन हैं—मनोगुप्ति, वचनगुप्ति, और कायगुप्ति।[24], जीवन के लिए आवश्य क्रियार्थ सम्यक् रूप से प्रवृत्ति करना समिति कहलाता है, ये पांच हैं—ईर्या, भाषा, एषणा, आयाणभंडमत्त निक्खेवणा और उच्चारपासवण खेल जल्लमल्ल सिंघाण परिट्ठावणिया समिति।[25] यह समिति और गुप्ति साधक जीवन का प्राण है। यही योग का स्वरूप है।

आगम तथा निर्युक्तियों में योग, ध्यान सम्बन्धी वर्णन यत्र-तत्र आंशिक रूप से उपलब्ध होता है। इन्हें महर्षि पतंजलि रचित **योगसूत्र** सदृश सूत्रबद्ध तथा क्रमबद्ध करने का परिणामगामी एवं सफल प्रयास जैनाचार्यों ने भी किया हैं, जिनमें प्रमुखतः आचार्य श्री हरिभद्रसूरि, आचार्य हेमचन्द्र, उपाध्याय यशोविजयजी तथा आचार्य शुभचन्द्र के नाम उल्लेखनीय हैं।

आचार्य हरिभद्रसूरि ने योग सम्बन्धी दो प्राकृत में एवं दो संस्कृत में, इस तरह चार महत्वपूर्ण ग्रन्थों की रचना की है। **योगशतक** एवं **योग विंशिका** तथा **योगबिन्दु** एवं **योगदृष्टिसमुच्चय**। इसके अतिरिक्त संस्कृत में रचित **षोडशक प्रकरण** में भी योग का वर्णन मिलता है। आचार्य हेमचन्द्र ने **योगशास्त्र**, आचार्य शुभचन्द्र ने **ज्ञानार्णव** तथा उपाध्याय यशोविजयजी ने **आध्यात्मसार**, **आध्यात्मोपनिषद्** एवं **द्वात्रिंशत द्वात्रिंशिकाओं** की रचना की है, जिसमें योग सम्बन्धी गहन परन्तु सरल व स्पष्ट विवेचन दृष्टिगत होता है।

योगविंशिका में हरिभद्रसूरि ने योग के अस्सी भेद बतलाए हैं। सर्वप्रथम योग को पांच प्रकारों में विभक्त किया गया है,[26] जिनमें से प्रथम दो ज्ञानयोग एवं अन्य तीन कर्मयोग स्वरूप हैं।

(१) **स्थानयोग:** वीरासन, पद्मासन, पर्यङ्कासन इत्यादि द्वारा

योग स्थिरता का अभ्यास।

(२) **उर्ण (वर्ण) योग :** मंत्र (जप) के द्वारा शब्द उच्चारण के माध्यम से योग स्थिरता का अभ्यास।

(३) **अर्थयोग :** नेत्र आदि पदार्थों का वाच्यार्थ।

(४) **आलम्बन :** किसी पुद्गल विशेष पर मन का केन्द्रीकरण।

(५) **रहित योग :** निरालंब आत्मचिन्तन व आत्मलीनता रूप निर्विकल्प समाधि।

इन पांचों में से प्रत्येक को इच्छा, प्रवृति स्थिरता एवं सिद्धि इन चार भेदों में विभक्त किया गया है[27]।

(१) **इच्छा :** उपरोक्त क्रियाओं को करने का अंतर में उल्लास, उमंग का जागृत होना। यह अद्भुत भावों से युक्त तीव्र उत्कण्ठा इच्छा कहलाती है।

(२) **प्रवृति :** उपरोक्त क्रियाओं का उपशमभावपूर्वक यथार्थत: पालन प्रवृति कहलाता है।

(३) **स्थिरता :** इन क्रियाओं में सुदृढ़ता आने का नाम स्थिरता है।

(४) **सिद्धि :** जब साधक इन क्रियाओं पर पूर्णरूप से अधिकार प्राप्त कर लेता है, परिणामस्वरूप वह स्वयं तो आत्मशांति का अनुभव करता ही है किन्तु सम्पर्क में आने वाले अन्य व्यक्तियों को भी योग की ओर सहज रूप से उत्प्रेरित करता है तब वह सिद्ध योगी कहलाता है।[28]

उपरोक्त बीस भेदों में से प्रत्येक के और चार-चार भेद होते है[29]—

(१) **प्रीति अनुष्ठान :** योगिक क्रियाओं में अत्यधिक रूचि का उत्पन्न होना एवं रूचिपूर्वक उन प्रवृत्तियों में सन्नद्ध होना।

(२) **भक्ति अनुष्ठान :** उन क्रियाओं के प्रति अत्यधिक आदर और प्रेम रखते हुए उत्कृष्ट भावों से प्रयत्नशील होना।

(३) **आगमानुष्ठान :** शास्त्र वचनों को दृष्टिगत रखते हुए साधनानुरूप समुचित प्रवृत्ति करना।

(४) **असंगानुष्ठान :** साधना में जीवन का ओतप्रोत हो जाना धर्म का जीवन में एक रस हो जाना।

इस तरह योग के व्यवहार जन्य अस्सी भेद होते हैं। एक अन्य अपेक्षा से हरिभद्रसूरि ने **योगदृष्टिसमुच्चय**[30] में योग को तीन भागों में विभक्त किया है—

(क) **इच्छायोग :** जो धर्म/आत्म जागरण की इच्छा (आत्म-जिज्ञासा) किए हुए है, जिसने आगमश्रुत उसके अर्थ एवं शास्त्रीय सिद्धांतों को सुना हुआ है परन्तु अभी प्रमादवश जिसकी योग साधना में विकलता है ऐसे असंपूर्ण धर्मयोग को इच्छा योग कहते हैं।[31]

(ख) **शास्त्रयोग :** आगमश्रुत के ज्ञाता, श्रद्धावान् तीव्रबोधयुक्त तथा यथाशक्ति प्रमादरहित पुरुष की अविकल योग-साधना शास्त्रयोग कहलाता है।[32]

(ग) **सामर्थ्ययोग :** शास्त्र में जिसका उपाय दर्शाया गया है परन्तु शक्ति के उद्रेक/प्रबलता के कारण जिसका विषय शास्त्र से भी अतिक्रान्त है वैसा उत्तमयोग, सामर्थ्ययोग कहलाता है।[33]

जैन साधना पद्धति में योग हठपूर्वक नहीं वरन् योग का स्वरूप बड़ा ही सहज एवं स्वाभाविक है यह अनुभूत सत्य है कि मन को हठपूर्वक नियन्त्रण में करने का प्रयास मन को वश में करने रूप उपाय नहीं बन सकता। हठपूर्वक नियन्त्रित किया गया मन सहसा नियन्त्रण मुक्त होते ही स्वाभाविक वेग की अपेक्षा अति तीव्रगति से गतिमान् होता है। जो वर्षों से अर्जित साधना के पतन का कारण भी बन सकता है। योग को जीवन का सहजरूप देने हेतु जैनागमों में एक अत्यन्त सुन्दर शब्द आता है—"यत्ना"। कुछ भी करो यत्ना पूर्वक करो। यह बात **आचारांगसूत्र** में भी भगवान् महावीर के जीवनवृत्त का विवेचन करते हुए कही गई है।

भगवान् महावीर की तप साधना जागृति विवेक से युक्त थी। जिसके दो आधार थे—समाधि-प्रेक्षा और अप्रतिज्ञा। अर्थात् वे चाहे कितना ही कठोर तप करते लेकिन साथ में अपनी समाधि का सतत प्रेक्षण करते रहते और उनका यह तप किसी प्रकार के पूर्वग्रह/हठाग्रह युक्त नहीं था। इस से यह ज्ञात होता है कि भगवान् की तप साधना

सहज व समाधि युक्त थी।

आचारांगसूत्र[34] में और एक शब्द आता है—"आयतयोग" । इस का अर्थ वृत्तिकार ने मन-वचन-काया का संयतयोग किया है परन्तु इसकी अपेक्षा इसे तन्मयतायोग कहना अधिक उपयुक्त होगा। भगवान् किसी भी क्रिया को करते समय उसमें तन्मय हो जाते थे। यह योग अतीत की स्मृति और भविष्य की कल्पना से परे केवल वर्तमान में रहने की क्रिया में पूर्णतया तन्मय होने की प्रक्रिया है। वे भगवान् चलते, खाते-पीते, उठते-बैठते समय सदैव निरन्तर इस आयतयोग का ही आश्रय लेते थे[35]। वे चलते समय केवल चलते थे। वे चलते समय न तो इधर-उधर झांकते, न बातें या स्वाध्याय करते और न ही चिन्तन करते थे। यही बात खाते समय भी, वे केवल खाते थे, न तो स्वाद की ओर ध्यान देते, न चिन्तन, व बातचीत। वर्तमान क्रिया के प्रति वे पूर्ण जाग्रत एवं सर्वात्मना समर्पित थे।[36]

पाञ्जल योगसूत्र में वर्णित अष्टांगयोग जैन दृष्टि पर अधिक निर्भर है जैसे कि—(१) **यम :** यम पाँच हैं : अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह। जैन दृष्टि अनुसार पांच महाव्रत भी ये ही हैं। यही बात हरिभद्रसूरि ने भी कही है।[37] इतना अवश्य है कि इन व्रतों के प्रति **योगसूत्र** की अपेक्षा जैनदृष्टि अधिक सूक्ष्म है। **योगशास्त्र** के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रकाश में हेमचन्द्राचार्य ने व्रतों का विस्तृत वर्णन किया है।

(२) **नियम :** योग का द्वितीय चरण है नियम। यह नियम साधक-जीवन में तेजस्विता लाते हैं। पतंजलि के नियमों के समकक्ष हम **समवायाङ्गसूत्र** में बताए हुए बत्तीस योग संग्रह को रख सकते हैं[38]। मोक्ष की साधना को सुचारु रूप से सम्पन्न करने हेतु मन-वचन-काया के प्रशस्त व्यापार रूप यह बत्तीस योग संग्रह है। जैसे आलोचना आपत्सु दृढ़धर्मता, अनाश्रित उपधान, निष्प्रतिकर्मता, तितिक्षा, धृति, मति, सवेग, विनयोपगत प्रणिधि, अलोभता, निरपलाप इत्यादि।

(३) **आसन :** चित्त-स्थैर्य योग का प्राण है। इसकी सिद्धयार्थ काय-स्थैर्य का पद्धतिपूर्ण अभ्यास है। आसन का सम्बन्ध प्रत्यक्ष रूप से काया के साथ और परोक्षरूप से वचन एवं मन के साथ भी है। घेरण्ड

संहिता में ८४ लाख आसनों की चर्चा की गयी है। जिसमें ८४ आसन मुख्य हैं। इनमें भी शिवसंहिता में चार आसनों को मुख्यता प्रदान की गयी है—(१) सिद्धासन (२) पद्मासन (३) उग्रासन (४) स्वस्तिकासन।

जैनदर्शन में निर्जरा का पाँचवाँ भेद है—काय क्लेश, जिसकी तुलना पतंजलि के आसन के साथ आंशिक रूप से की जा सकती है। कायक्लेश तप चार प्रकार का है—

(१) आसन (२) आतापना (३) विभूषावर्जन (४) परिकर्म वर्जन। जैनागमों में कायक्लेश तप के अन्तर्गत निम्नोक्त आसन की चर्चा की गई है यथा—(१) **स्थान स्थितिक**: एक ही आसन में बैठे रहना। (२) **उत्कुटुकासनिक**: उकडू आसन में बैठना। (३) **वीरासनिक**: वीरासन में स्थित होना। (४) **नैषधिक**: पुट्ठे टिकाकर या पालथी लगाकर बैठना। (५) **आप्रावृतक**: खुजली आने पर देह को न खुजलाना।

इसके अतिरिक्त गोदोहिक, पद्मासन, पर्यंकासन का भी निर्देश किया गया है। आचार्य हेमचन्द्र ने **योगशास्त्र** के चतुर्थ प्रकाश में पर्यंकासन, वीरासन, वज्रासन, पद्मासन, भद्रासन, दंडासन, उत्कुटिकासन, गोदोहिकासन, कायोत्सर्गासन इत्यादि की चर्चा की है।[39]

पतंजलि ने आसन की परिभाषा करते हुए आसन को स्थिर सुख कहा है।[40] यही बात आचार्य हेमचन्द्र ने भी **योगशास्त्र** के चतुर्थ प्रकाश में आसनों की चर्चा करने के पश्चात् कही है। कि साधक के लिए वही आसन उपयुक्त है जो उसे चित्तस्थिरता में उपयोगी बने।[41] अभिप्राय यह है कि जिस प्रकार के आसन से ध्यान साधे जावे जिससे शरीर पर कोई विपरीत प्रभाव न पड़े अथवा शरीर के साथ किसी प्रकार का अन्याय न हो।

दशवैकालिकसूत्र में भी इसी अपेक्षा से कहा भी गया है कि यहाँ पर कायक्लेश तप का प्रधान ध्येय काया को क्लेश देना नहीं वरन् काया के क्लेश को सहन कर आसन सिद्धि द्वारा ध्यान में स्थिरता प्राप्त कर आत्मिक सुख को उपलब्ध करना है।

(४) **प्राणायाम**: प्राणों पर नियंत्रण प्राप्त करने का पद्धतिपूर्ण

अभ्यास प्राणायाम कहलाता है। इससे प्राणों से आबद्ध मन नियंत्रित हो जाता है। जैन परम्परा में पतंजलि इस वर्णित प्राणायाम को साधना की दृष्टि से निरुपयोगी माना गया है। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने **योगशास्त्र** में प्राणायाम की विस्तृत चर्चा की है। उनकी यह मान्यता भी रही है कि प्राणायाम मानव को अधिक लाभकारी नहीं है कारण कि प्राणों के निग्रह से शरीर में पीड़ा उत्पन्न होती हैं जिससे मन में चपलता उत्पन्न होती है। दूसरे पूरक, कुम्भक और रेचक क्रियाओं के करने में परिश्रम करना पड़ता है। इससे भी मन में संक्लेश उत्पन्न होता है और यह चित्तसंक्लेश मोक्ष में बाधक है।

एक अन्य अपेक्षा से चिंतन करने पर यह ज्ञात होता है कि जैनाचार्यों ने प्राणायाम को हठपूर्वक नियंत्रण के रूप में न लेकर सहज श्वास-दर्शन के रूप में स्वीकृत किया है। जैसे हमारे यहाँ पर कायोत्सर्ग को श्वासोच्छ्वास के साथ संलग्न किया गया है। आचार्य भद्रबाहु ने सांवत्सरिक कायोत्सर्ग १००४ उच्छ्वास प्रमाण, चातुर्मासिक ५००, पाक्षिक ३००, रात्रिक ५०, दैवसिक १०० उच्छ्वास प्रमाण बताया है।

(५) **प्रत्याहर** : इंद्रियों का अपने विषयों से रहित होकर चित्त के स्वरूप में तदाकार हो जाना प्रत्याहार है।[42] प्रत्याहार की तुलना हम निर्जरा का छठा भेद प्रतिसंलीनता के साथ कर सकते हैं। औपपातिकसूत्र में प्रतिसंलीनता चार[43] प्रकार की बतलायी गयी है।

(१) **इंद्रिय प्रतिसंलीनता** : इंद्रियों का गोपन करना।

(२) **कषाय प्रतिसंलीनत** : क्रोध, मान, माया, लोभ इन चारों आवेगों का निरोध।

(३) **योग प्रतिसंलीनता** : मानसिक, वाचिक एवं कायिक प्रवृतियों का गोपन।

(४) **विविक्त-शयनासन** : सेवनता : एकांत स्थान में निवास।

(६) **धारणा**, (७) **ध्यान और** (८) **समाधि** :

महर्षि पतंजलि ने धारणा, ध्यान एवं समाधि को संयम के नाम से अभिहित किया है।[44] पतंजलि के अनुसार किसी एक देश अथवा ध्येय में चित्त को बांधना वा लगाना **धारणा** है।[45] उस ध्येय में चित्त की

एकताननता अर्थात् चित्त का उसी ध्येय में स्थिर हो जाना **ध्यान है,**[46] और जब केवल अर्थ या ध्येयमात्र का प्रतिभास या प्रतीति रह जाए, चित्त का अपना स्वरूप शून्य हो जाए तब वह **समाधि** है।[47] महर्षि कपिल ने भी इसे ही समाधि कहा है।[48]

यदि मन को किसी स्थान में सेकंड भर धारण किया जाए तो उससे एक धारण होगी, यह धारणा द्वादश गुणित होने पर एक ध्यान और वह ध्यान द्वादश गुणित होने पर एक समाधि होती है।

जैनदर्शन में धारणा के स्थान पर 'एकाग्र मन सन्निवेशना' को ध्यान के पूर्व का चरण स्वीकार किया गया है। किसी एक आलंबन में मन की स्थापना करना इसका अर्थ है। **उत्तराध्ययनसूत्र** में इस 'एकाग्र मन सन्निवेशना' का फल चित्त-निरोध अर्थात् ध्यान बतलाया गया है।[49] उमास्वाति के अनुसार मन को चिन्तन का किसी एक आलंबन पर स्थिर हो जाना है।[50] **ध्यानशतक** अनुसार मन का किसी एक ही वस्तु पर अवस्थान ध्यान है।[51] **तत्वानुशासन** के अनुसार चित्त को विषय-विशेषपर केंद्रित करना ध्यान है।

संक्षेप में किसी एक अध्यवसाय पर चित्त का स्थैर्य ध्यान है। उस चित का विषयान्तर होना भावना, अनुप्रेक्षा तथा चिन्ता कहा जाता है। मनोयोग का निरोध ध्यान का प्रारंभिक स्वरूप है और अंतिम स्वरूप है तीनों योगों का पूर्ण निरोध। प्रथम धर्मध्यान, द्वितीय को शुक्लध्यान कहा जाता है। मध्य की स्थितियाँ धर्म एवं शुक्लध्यान की विविध भूमिकाएं हैं। शुक्लध्यान की तुलना समाधि के साथ की जा सकती है।

आचार्य हरिभद्रसूरि

पुरुष का अर्थ है—आत्मा तथा महापुरुष का अर्थ है—महान् आत्मा जिसके अस्तित्व में जनसाधारण से विशेष व महान् गुणों का आविर्भाव हुआ है। जिनका आदर्श स्वयं में एक आदर्श बन गया है। भगवान् महावीर की अहिंसा, बुद्ध की करुणा, राम की मर्यादा, मीरा की भक्ति वैसे ही आचार्य हरिभद्रसूरि स्वयं में योग का एक स्वर्णिम अध्याय बनकर रह गये। आप जैन समाज के सौभाग्य की एक पर्याय

थे। आपका समय वि० सं० ७५७ से ८२७ पर्यन्त 'हरिभद्रयुग' नाम से अभिहित किया गया है।

आपके प्रति श्री जिनेश्वर सूरि के वन्दनामय उद्गार कितने सार्थक हैं :—

आकाश मण्डल को प्रकाशित करने वाला सूर्य कहाँ ?
और स्वयं को उद्भासित करने वाला जुगनू कहाँ ?
वैसे ही आपके सद्वचन कहाँ ? और उनका
स्पष्टीकरण करने वाला मैं कहाँ ?[62]

आचार्य हरिभद्रसूरि चित्तौड़ के उद्भट ब्राह्मण विद्वान् थे। उन्होंने प्रतिज्ञा की थी कि जिसकी कही हुई बात उन्हें समझ में नहीं आयेगी, वे उनका शिष्यत्व ग्रहण करेंगे। एक समय कारणवश जैन उपाश्रय के निकट खड़े हुए उन्होंने साध्वी याकिनी महत्तरा द्वारा उच्चारित एक प्राकृत गाथा सुनी, जो उन्हें समझ में नहीं आयी। तुरन्त प्रतिज्ञानुसार उनका शिष्यत्व ग्रहण करने हेतु तत्पर हो गए। यहाँ पर स्वयं की प्रतिज्ञा के प्रति उनकी प्रामाणिकता दृष्टिगोचर होती है। पश्चात् साध्वी याकिनी महत्तरा के निर्देशानुसार आचार्य जिनभद्र के पास दीक्षित हुए। साधना पथ पर गतिमान् होते हुए उनका द्रव्यश्रुत विकसित भावश्रुत रूप में परिणमित हुआ और जैन साहित्य आलोक में वे एक तेजस्वी नक्षत्र के रूप में उदित हुए।

वास्तव में आप एक प्रज्ञा पुरुष थे। उनकी युग प्रतिष्ठित बहुश्रुतता एवं नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा के परिचायक योग, न्याय एवं जैन कथा साहित्य में जो रचनाएं प्रस्तुत की हैं वह उनके पश्चात् आने वाले आचार्यों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर रह गयीं।

आगमों एवं निर्युक्तियों में बिखरे हुए अंशों को एकत्रित व सूत्रबद्ध कर उस पर स्वयं के मौलिक चिन्तन के आधार पर उन्होंने जो योग विषयक ग्रंथ लिखे हैं वे बड़े ही अनूठे व अपने आप में एक नई शैली को लिए हुए है। उन्होंने जिस शैली का अनुसरण किया उसके दर्शन अन्यत्र नहीं होते। जनश्रुति अनुसार उन्होंने १४४४ प्रकरण ग्रंथों को जैन साहित्यधार में प्रवाहमान किया था। संस्कृत एवं प्राकृत भाषाओं पर आपका समान अधिकार था। आपने सांख्य, योग, न्याय, चार्वाक, बौद्ध

इत्यादि मतों पर आलोचनात्मक विवेचन भी प्रस्तुत किया है, परन्तु इस आलोचनात्मक विवेचन में भी आपने अन्य विचारकों के नामों को सादर उल्लेख किया है जो आपकी विनयशीलता व औदार्य का परिचायक है। जर्मन विद्वान हर्मन जैकोबी के शब्द हैं कि 'उन्होंने प्राकृत में लिखित जैनागमों की संस्कृत टीकाएं, निर्युक्तियां एवं चूणियाँ लिखकर जैन जैनेतर जगत् का अत्यंत उपकार किया हैं।'

योग-बिन्दु

परम पुरुष जिनेश्वर भगवन्त के चरण-पद्मों में श्रद्धायुत वंदनरूप मंगलाचरण के पश्चात् आचार्य हरिभद्रसूरि ने अनेकानेक विशिष्ट अभिव्यंजनाओं से युक्त योगबिन्दु नामक अतिमहत्वपूर्ण साहित्य कृति योग का विशद् वर्णन किया है। जिसमें हरिभद्रसूरि ने विभिन्न परंपराओं से उपरत हो उसके मूलतत्व का स्पर्श किया है। इस मूलतत्व का विद्वत्तापूर्ण विश्लेषण-विवेचन उनके सम्प्रदायमुक्त व विशाल दृष्टि-कोण का परिचायक है। परंपराओं की विभिन्नता होते हुए भी समस्त संकेत और सभी दृष्टियाँ उसी एक तत्व की ओर है जिसे जैन एवं वेदान्त में पुरुष, सांख्य में क्षेत्रजित् और बोद्ध में ज्ञान कहा गया है। वैसे ही हिंसा-विरति को जैनदर्शन में व्रत और **पातंजल योग** में यम के नाम से जाना जाता है। इसी आधार पर आचार्य श्री ने सम्यग्दृष्टि एवं बोधिसत्व का निरपेक्ष तुलनात्मक विवेचन प्रस्तुत किया है।

अव्याबाध सुख आपूरित शाश्वत जीवन प्रदान करने रूप अभ्यास, वह पथ है—योग। इस पथ का पथिक जीव तब होता है जब वह चरम पुद्गल परावर्तन में प्रवेश करता है अर्थात् कर्म शास्त्र की दृष्टि के अनुसार जब भव्य जीव आयुकर्म के सिवाय शेष सातकर्मों की स्थिति पल्योपम के असंख्यातवें भाग कम एक कोड़ा-कोड़ी सागरोपम के भीतर कर अपूर्व परिणामों द्वारा राग-द्वेष की दुर्भेद्य ग्रंथि को तोड़ देता है। ऐसी परिपक्व अवस्था आने पर ही जीव योग का अधिकारी बनता है। उस समय उसके भीतर योग के प्रति उत्कृट अभिरुचि, प्रेरणा व अदम्य उत्साह जागृत होते हैं। जिसके आधार पर वह उत्तरोत्तर विकासोन्मुख अवस्थाओं को पार करता हुआ चरम-लक्ष्य निर्वाण को प्राप्त कर लेता है।

भाग्य और पुरुषार्थ का वर्णन करते हुए हरिभद्रसूरि ने योग-बिन्दु में कहा है कि यह दोनों तत्त्व व्यक्ति के जीवन में समान महत्त्व रखते हैं। इनमें से जो अधिक बलवान् होता है वह जीवन-परिस्थियों को प्रभावित करता है। चरम पुद्गल परावर्तन के पूर्ववर्ती परावर्तनों में भाग्य पुरुषार्थ पर हावी होता है अर्थात् भाग्य बलवान् और पुरुषार्थ क्षीण होता है। चरम पुद्गल परावर्तन में पुरुष की उत्कर्षता उत्तरोत्तर वर्धित होती है। पुरुषार्थ के माध्यम से जीव भाग्य को वश में कर लेता हैं। यही साधक की अवस्था है। इसे ही एक अन्य रूप से अन्तरात्म-भाव भी कहा गया है। तीन प्रकार की आत्माएं—बहिरात्मा, अंतरात्मा और परमात्मा। पूर्ववर्ती परावर्तनों में स्थित जीव बहिरात्मा, चरम पुद्गल परावर्तन में प्रवेश करने पर पुरुषार्थ की तीव्रता बढ़ती तब वह अन्तरात्मभाव को उपलब्ध होता है। और यही भाव कारण बनकर कार्यरूप परमात्मभाव की उपलब्धि कराता है। चरम पुद्गल परावर्तन में स्थित जीव की विकासोन्मुख अवस्थाओं की चर्चा करते हुए पांच यौगिक अवस्थाएं वर्णित की गई है: (१) अध्यात्म (२) भावना (३) ध्यान (४) समता (५) वृत्तिसंक्षय।[53]

(१) **अध्यात्म** : अध्यात्मका सीधा सा अर्थ है—आत्मा का आत्मा में अधिष्ठित होना। स्व का स्व के सम्मुख होना। इसे योग-बिन्दु में इस प्रकार वर्णित किया गया है कि चारित्रगामी पुरुष का शास्त्रानुगामी तत्व-चिंतन, सेवित प्रमादमय भूलों को सम्यक् आलोचना व प्रतिक्रमण, देवादि के प्रति पूजनीयता तथा मैत्री आदि शुभ भावों से भावित अंतःकरण अध्यात्म कहलाता है।[54]

(२) **भावना** : सामायिक द्वात्रिंशिका के प्रथम श्लोक में आचार्य अमितगति ने चार भावनाएँ—मैत्री, प्रमोद, कारूण्य और माध्यस्थ को प्ररूपित किया है। जिसे बौद्ध दर्शन में चार ब्रह्म-विहार के नाम से जाना जाता है। अध्यात्मरत साधक को हरिभद्रसूरि ने इन्हीं उदात्तभावों को अंतकरण में उद्भूत कर उच्चत्तर आत्म-परिणामों को संप्राप्त करने हेतु निर्देश दिया है।

(३) **ध्यान** : शुभालम्बन पर चित्त की एकाग्रता ध्यान कहलाती है। जो दीपक की स्थिर लौ के समान स्थैर्य प्राप्त ज्योतिर्मय होता है तथा सूक्ष्म एवं गहनता युक्त होता है।

(४) **समता :** अविद्या द्वारा कल्पित इष्ट-अनिष्ट की वास्तविकता का बोध हो जाने पर इष्ट आकर्षण और अनिष्ट अनाकर्षण समाप्त हो, एक उपेक्षा, निःस्पृहता, निःसंगता का प्रादुर्भाव होता है उसे समता कहते है।[55]

(५) **वृत्तिसंक्षय :** आत्मा की कर्मों के साथ बन्ध होते रहने की जो अनादिकालीन वृत्ति है उसका संक्षय, सम्पूर्णरूप से क्षय हो जाना, मिट जाना वृत्ति संक्षय कहलाता हैं।[56] भावना, ध्यान और समता के सम्यक् अभ्यास से वृत्तिसंक्षय का आविर्भाव होता है।

योग की विभिन्न विधाओं की चर्चा करते हुए हरिभद्रसूरि ने साधन रूप जप सम्बन्धी उल्लेख भी किया है। उनके अनुसार जप किसी देव-मूर्ति के समक्ष, किसी द्रुमकुंज, सरोवर या नदीतट जैसे शुद्ध व नैसर्गिक स्थान पर करना चाहिए। जप में बाह्य-शुद्धि के साथ अंतरभावों का भी जपमय हो जाना अति-आवश्यक है। मन को हठपूर्वक जप में लगाने की अपेक्षा विक्षिप्तता का अनुभव होने पर कुछ समय विश्रांति के अनन्तर जप करना चाहिए। आचार्य श्री जी का यह सूचन उनके सहजतापूर्ण दृष्टिकोण को प्रस्तुत करता है।

साधनापथ पर अविरमित गति से बढ़ते हुए साधक प्रगतिसूचक संकेतरूप कुछ असाधारण विशिष्टताओं का भी अनुभव करता है। जैसे स्वप्न में देवदर्शन, किसी अन्य महापुरुष के दर्शन इत्यादि शुभ संकेतपूर्ण स्वप्नों का आना। यह स्वप्न मनोविकार जन्य न होकर यथार्थ प्रतीति से युक्त होते हैं तथा समय पाकर सत्य सिद्ध होते हैं।

कार्य-कारण भाव एक अटल वैधानिक नियम है। बिना कारण के कार्य घटित नहीं हो सकता, जो जैन-दर्शनानुसार पांच हैं। जिसे पंच-समवाय भी कहते हैं। यथा काल, स्वभाव, कर्म, नियति और पुरुषार्थ। हरिभद्रसूरि के अनुसार इसमें स्वभाव की प्रमुखता है। अन्य तत्वों के बीज स्वभाव में ही निहित हैं। वे इसी के सहायक रूप हैं।

हरिभद्रसूरि के मतानुसार चरम पुद्गलपरावर्तन में जो जीव नहीं है वे विभाववश सांसारिक भोगोपभोग में ही स्वयं को सुखी मानते हुए त्रिसंज्ञा आहार, भय और मैथुन में लिप्त रहते हैं। जिन्हें भवाभिनन्दी

की संज्ञा दी गई है।[57] ऐसे जीवों की धर्म-क्रिया केवल बाह्य-आडम्बर मात्र होती है जैसे श्रीमद् रायचंद्र ने आत्म-सिद्धि में कहा भी है।

"बाह्यक्रिया मां राचता अन्तर्भेद न कांई" भवाभिनन्दी की धर्म-क्रिया लोकानुरंजन तथा बाह्य-आडंबररूप हीन उद्देश्य से प्रेरित होने पर अंततः पापमय सिद्ध होती है। भवाभिनन्दी की यह धर्म-क्रिया लोकपंक्ति कहलाती है।[58] और दुःख का कारण बनती है। फिर भी अनाभोगिक मिथ्यात्वी की लोकपंक्ति रूप धर्म-क्रिया इतनी अनर्थकर नहीं होती पर हीन उद्देश्य को लेकर अभिगृहीत मिथ्यात्वी की धर्म-क्रिया अनर्थकर सिद्ध होती है।

आचार्य हरिभद्रसूरि ने **योग-बिन्दु** में चरम-पुद्गल परावर्तन को अतिमहत्वपूर्ण स्थान प्रदान किया है। चरम पुद्गल परावर्तन में स्थित जीव ही उनकी दृष्टि में योग का अधिकारी हैं। इनके पूर्ववर्ती परावर्तनों में न ही वह योग सम्मुख होता है न ही वह यथार्थ धर्म-क्रिया के आचरण से युक्त हो सकता है।[59] कारण उस समय उसकी परिणामदशा रूप योग्यता ऐसी नहीं होती कि वह योग सम्मुख हो सके। जैसे घृत, दधि इत्यादि बनने रूप योग्यता तृण में समाहित होते हुए भी जब तक वह तृण अवस्था में है तब तक घृत आदि प्राप्त नहीं हो सकते। आचार्य श्री ने स्वयं इस तथ्य की पुष्टि आचार्य गोपेन्द्र का तत् सम्बन्धी मत प्रकट करके की है।

संकल्पपूर्ण योग मार्ग पर गतिमान् साधक के लिए हरिभद्रसूरि ने समर्पण भाव को भी पूर्वसेवा, देव-पूजन इत्यादि के रूप में यथोचित महत्ता प्रदान की है। गुरु तथा देव के प्रति निष्ठा व भाव आपूरित हृदय, उनके दर्शन-पूजन तथा भक्ति व भक्तिमार्ग के प्रति रूचि। अद्वेष भावना पूर्व-सेवा कहलाती हैं। गुरु का अर्थ एक विशेष व्यक्ति मात्र न लेकर विशद दृष्टिकोण से माता-पिता, कलाचार्य, वृद्ध पुरुष, धर्मोपदेष्टा इत्यादि सत्पुरुषों को गुरु रूप स्वीकार किया है। और इनके प्रति विनययुक्त व्यवहार समादरभाव, यथा समय वंदन-पूजन का विधान किया है।[60] देव-पूजा के सम्बन्ध में सभी देवों की समादर भाव से अथवा किसी देव-विशेष का अन्य देवों के प्रति अद्वेषभाव रखते हुए पूजन का विधान है। विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह है कि यह पूर्वसेवा भी चरम-पुद्गल परा-

वर्तन में ही योगांगरूप है अन्यथा पूर्ववर्ती परावर्तनों में वह सांसारिक आसक्ति से युक्त होने के कारण योगांगरूप नहीं होती।

दान धर्म का प्रवेश-द्वार है। इसके महत्व को सिद्ध करते हुए आचार्य श्री ने सदाचरित पुरुष के लिए दान को भी योग के अन्तर्गत स्वीकृत करते हुए व्रतों, साधु-संत, पोड़ित, दुःखीजन कों पात्र बतलाया है। हेम चन्द्राचार्य रचित योगशास्त्र में वर्णित मार्गानुसारी को तरह यहां पर सदाचरण रूप विशेष बातों का उल्लेखकर हरिभद्रसूरि ने धर्म के प्रति अपनी व्यवहारिक व समग्रतापूर्ण दृष्टि का परिचय दिया है। साथ ही चन्द्रायाण, कृच्छ्र, भृत्युध्व पापसूदन इत्यादि पाप-नाशक तप का भी उल्लेख किया है।[61]

सर्वज्ञता की चर्चा करते हुए सांख्य एवं अन्य दार्शनिकों के मत का निरसन करते हूए युक्ति-युक्त सर्वज्ञता की सिद्धि करते हुए इस तथ्य को स्पष्ट किया है कि चेतना स्वयं ज्ञानमय है तथा चेतना और ज्ञान अभिन्न है जैसे अग्नि और उसकी उष्णता। अतः प्रत्येक अवस्था में चेतना ज्ञान-युक्त होती है। सांसारिक-अवस्था में कर्मावरण की तरतमतानुसार ज्ञान का प्रकटीकरण न्यूनाधिक हो सकता है पर सर्वथा अभाव असम्भव है। मुक्तावस्था सम्पूर्ण कर्म-क्षय की अवस्था है। अतः मुक्तात्मा सर्वज्ञता को उपलब्ध होती है।

अन्त में हरिभद्रसूरि का यह कथन अत्यन्त दृष्टव्य है कि प्रज्ञावान् पुरुष इस ग्रन्थ के मननीय तथ्यों पर चिंतनात्मक आलोचना कर स्वयं को इनमें से जो योग्य व सारभूत लगे उसे जीवन में समुचित स्थान प्रदान कर[63]। साथ ही वास्तविक महानता द्योतक अपनी लघुता प्रस्तुत करते हुए कहते है कि योग के महासागर से वह केवल योगबिन्दु रूप बूंद ही निकालकर समक्ष रख रहे है। इस महान् एवं प्रशस्त कार्य से जो पुण्य निष्पत्ति, शुभ संपत्ति अर्जित की है उसके हकदार स्वयं ही न होकर समस्त जीवों को भवरोग के संताप से विमुक्त कराने में सहायक बने ऐसी मंगल-भावना के द्वारा उन्होंने करुणा का शिखर-स्पर्श करने का अत्यन्त शुभ प्रयत्न किया है।

श्री सुव्रत मुनि जी पंजाब जैन स्थानकवासो परम्परा, में द्वितीय मुनि हैं जिन्होंने आचार्य हरिभद्रसूरि कृत 'योगबिन्दु पर समीक्षात्मक

अध्ययन करते हुए शोध ग्रन्थ लिखा है। यह ग्रन्थ नवीन शैली को लिए हुए सभी योग परम्पराओं की एकात्मता का वर्णन करता है।

योग के समीक्षात्मक अध्ययन के लिए हरिभद्रसूरि का स्थान सर्वोच्च है। योग को उच्च स्थिति पर ले जाने के लिए उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। आचार्य हरिभद्रसूरि के अनुसार सांसारिक दुःखों को समाप्त करने वाली सभी धार्मिक नैतिक शिक्षाएँ तथा आध्यात्मिक धाराएँ योग कहलाती हैं। योग के सही अभ्यास के लिए भिन्न-भिन्न व्यक्तियों द्वारा भिन्न-भिन्न उद्देश्यों से चार भागों का अनुसरण किया जाता है—प्रेम, भक्ति, आगम ज्ञान और अनासक्त भाव से। योग भक्ति से सम्बन्ध जोड़ने का मूल तत्त्व है, उसकी प्राप्ति का साधन है।

आचार्य हरिभद्रसूरि की महत्वपूर्ण कृति 'योग बिन्दु' पर डा० श्री सुव्रत मुनि जी ने सुन्दर विश्लेषण प्रस्तुत किया है। प्रथम अध्ययन में योग का महत्त्व दर्शाते हुए भारतीय धर्म दर्शन के सन्दर्भ में योग का समीक्षण किया है। द्वितीय अध्ययन में जैन योग के प्रणेता आचार्य हरिभद्रसूरि का समय, जीवनदर्शन, व्यक्तित्व और कृतित्व पर सुन्दर प्रकाश डाला है। तीसरे अध्ययन में योगबिंदु के आधार पर योग के अधिकारी और योग की पांच भूमियों का विशद विश्लेषण करते हुए योग साधना के विकास का वर्णन है। चतुर्थ अध्ययन में योग और ध्यान का सम्यक् विवेचन के साथ योग साधक के गुणस्थान ऊर्ध्वारोहण का क्रम बतलाया गया है। अन्त में भारतीय दर्शन में आत्मा का स्वरूप और जैनदर्शन से तुलनात्मक अध्ययन करते हुए आत्मा, कर्म, लेश्या और ध्यान पर गहन चिन्तन प्रस्तुत किया है।

वर्तमान में हमारी प्राचीन साधना विधियाँ, जो पूर्व जैनाचार्यों के जीवन का अनुप्राण थी, प्रायः लुप्त सी होती जा रही हैं। पुनः प्राचीन ग्रन्थों का अवगाहन कर उन साधना विधिओं को जनजीवन में संचारित किया जाए, यह आवश्यक हो गया है। जैसे आचार्य भद्रबाहु ने महाप्राण की साधना की थी तथा हरिभद्रसूरि और हेमचन्द्राचार्य के ग्रन्थों से भी उनके साधनामय जीवन के परिचय की झलक सम्प्राप्त होती है। मुनि श्री जी ने इस दिशा में एक अत्यन्त सार्थक पूर्ण प्रयास किया है जिससे प्रेरित होकर साधना इच्छुक, उत्साही मुनिजनों को इस ओर प्रयासरत रहना चाहिए।

परम श्रद्धेय उत्तर भारतीय प्रवर्तक पूज्य भण्डारी पद्मचन्द्र जी म० सा० जैन विद्या के अध्ययन/अध्यापन एवं प्रचार प्रसार में विशेष अभि-रूचि रखते है। आपने वस्तुतः इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। आपके ही अनुगामी सुशिष्य श्रद्धास्पद उपप्रवर्तक श्री अमरमुनि जी म० सा० जैन धर्म की महती प्रभावना कर रहे हैं। इसी शृंखला में आपने ही एक विद्वान् सन्त डॉ० सुव्रतमुनि जी म० सा० तैयार किए है। निश्चित ही जैन समाज के समक्ष आपका यह विद्वत्तापूर्ण सफल प्रयास है।

मुनि श्रीसुव्रत जी म० स्वभाव से मधुर, विचारों से उद्यमशील, कुशलवक्ता एवं उदीयमान लेखक हैं। आपकी कई सुन्दर रचनाएं पूर्व में प्रकाशित हो चुकी हैं। आपके प्रस्तुत शोध प्रबन्ध से युवापीढ़ी अवश्य ही अध्ययन की प्रेरणा लेकर योग ध्यान साधना में प्रवृत्त होगी। इसी मंगल मैत्री के साथ······

जैन स्थानक **शिवमुनि**

गंगावती

दिनांक २८-२-१९९१

सन्दर्भ

१. योगबिन्दु, गाथा ३७
२. संसारोत्तरणे युक्तिर्योगशब्देन कथ्यते। योग वासिष्ठ, ६-१/१३/३
३. योगः सर्वविपद्वल्लीविताने परशुः शितः। आचार्य हेमचन्द्र, योगशास्त्र, १/५
४. विद्याद् दुःख संयोग-वियोगं योगसंज्ञितम्। गीता, ६/२३
५. संसारस्योस्य दुःखस्य, सर्वोपद्रवदायिनः।
उपाय एक एवास्ति, मनसः स्वस्य निग्रहः॥ योगवाशिष्ठ ४/३५/२
६. तपस्विभ्योऽधिको योगी ज्ञानिभ्योऽपि मतोऽधिकः।
कर्मिभ्यश्चाधिको योगी तस्माद्योगी भवार्जुन !॥ गीता, ६/४६
७. विवेक मार्तण्ड
८. अथ त्रिविधदुःखस्यात्यन्तनिवृत्तिरत्यन्तपुरुषार्थः। महर्षिकपिल, सांख्य सूत्र
९. स्थविरे धर्मं मोक्षं च। कामसूत्र, अ० २ पृ० ११
१०. मैत्रायणी आरण्यक, ६/३४-३

११. चेतोमहानदी उभयतोवाहिनी। वहति कल्याणाय वहति पापाय। च योग-सूत्र, व्यास-भाष्य
१२. तत्वार्थ सूत्र, १/१
१३. मोक्षोपायो योगो ज्ञान-श्रद्धान्-चरणात्मकः, अभिधान चिन्तामणि। १/७७
१४. चतुर्वर्गेऽग्रणी मोक्षो योगस्तस्य च कारणम्।
ज्ञान-श्रद्धान चारित्ररूपं रत्नत्रयं च सः॥ योगशास्त्र, १/१५
१५. मोक्खेण जोयणाओ जोगो सव्वो वि धम्मवावारो।
परिसुद्धे विन्नेओ ठाणाइगओ विसेसेण॥ योगविंशिका, १
१६. मोक्षेण योजनादेव योगो ह्यत्र निरुच्यते। द्वात्रिंशिका
१७. अध्यात्मं भावना ध्यानं समता वृत्तिसंक्षयः।
मोक्षेण योजनाद्योग एष श्रेष्ठो यथोत्तरम्॥ योगबिन्दु, ३१
१८. योगस्थः कुरु कर्माणि संगं त्यक्त्वा धनञ्जय।
सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते॥ गीता, २/४८
१९. योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः। योग-सूत्र १/१२
२०. संयोगो योग इत्युक्तो जीवात्मपरमात्मनो।
२१. अप्पा मित्तममित्तं च, दुप्पट्ठिय सुपट्ठिओ। उत्तराध्ययनसूत्र
२२. दे० गीता ३/३
२३. सम्यग्योग निग्रहो गुप्तिः। तत्त्वार्थसूत्र अ० ९, सू ४
२४. तओ गुत्तीओ पण्णत्ताओ, तं जहा-मणगुत्ती-जाव-कायगुत्ती।
स्था० ३/१/३२६
२५. पंच समिईओ पण्णत्ताओ, तं जहा-ईरिया समिई—जाव-पारिट्ठावणिया समिई। स्था० अ० ५/३/४५७
२६. दुगमित्थकम्म जोगो तहा तियं नाण जोगो उ
ठाणुन्नत्थालंबण-रहिओ तन्तम्मि पंचहा एसो। योगविंशिका, २
२७. इक्किक्को य चउद्धा इत्थं पुण तत्तओ मुणेयव्वो।
इच्छापवित्ति थिरसिद्धिभेयओ समयनीई ए॥ वही, ४
२८. तज्जुत्त कहापीईइ संगया विपरिणामिणी इच्छा।
सव्वत्थुवसमसारं तप्पालणमो पवत्ती उ॥
तह चेव एयबाहग-चिंतारहियं थिरत्तणं नेयं।
सव्वं परत्थसाहग-रूवं पुण होइ सिद्धि त्ति॥ वही, ५, ६
२९. एयं च पीइभत्तागमाणुगं तह असंगया जुत्तं।
नेयं चउव्विहं खलु एसो चरमो हवइ जोगो॥ वही, १८

३०. इहैवेच्छादियोगानां स्वरूपमभिधीयते ।
योगिनामुपकाराय व्यक्तं योगप्रसंगतः ॥ योगदृष्टि समुच्चय, २

३१. कर्तुमिच्छोः श्रुतार्थस्य ज्ञानिनोऽपि प्रमादतः ।
विकलो धर्मयोगो यः स इच्छायोग उच्यते ॥ वही, ३

३२. शास्त्रयोगस्त्विह ज्ञेयो यथाशक्त्य प्रमादिनः ।
श्राद्धस्य तीव्रबोधेन वचसाऽविकलस्तथा ॥ वही, ४

३३. शास्त्रसन्दर्शितोपाय स्तदति क्रान्त गोचरः ।
शक्त्युद्रेकाद्विशेषेण सामर्थ्याख्योऽयमुत्तमः ॥ वही, ५

३४. आचारांग वृत्ति, मूलपत्र ३१२ (आचारांग सूत्र, सं० युवाचार्य मधुकर मुनि जी पृ० ३३६)

३५. आयत जोग मायसोहीए। आचारांगसूत्र ६/४/१०६

३६. अधिक के लिए देखिए—युवाचार्य मधुकर मुनि जी द्वारा सं० आचारांग सूत्र, पृ० ३३६

३७. मुख्ये तु तत्र नैवासौ बाधकः स्याद् विपश्चिताम् ।
हिंसादिविरतावर्थे यमव्रतगतो यथा ॥ योगबिन्दु, २९

३८. समवायांगसूत्र, बत्तीसवा समवाय। योगसंग्रह

३९. योगशास्त्र, चतुर्थप्रकाश, १२४

४०. स्थिरसुखमासनम्। योगदर्शन २/४६

४१. योगशास्त्र, चतुर्थप्रकाश, १३४

४२. स्वविषयासंप्रयोगे चित्तस्य स्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणां प्रत्याहारः। योग-दर्शन २/५४

४३. पडिसंलीणया चउव्विहा पण्णत्ता। तंजहा—(१) इंदियपडिसंलीणया (२) कसाय पडिसंलीणया (३) जोग पडिसंलीणया (४) विवित्तसयणासणसेवणया। औपपातिक तपोधिकार।

४४. त्रयमेकत्र संयमः। योगसूत्र ३/४

४५. देश बन्धश्चित्तस्य धारणा। वही ३/१

४६. तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम्। वही ३/२

४७. तदेवार्थमात्र निर्भासं स्वरूप शून्यमिव समाधिः। वही ३/३

४८. ध्यानं निर्विषयं मनः। महर्षिकपिल, सांख्यदर्शन ६/२५

४९. एगग्ग संन्निवेसेण निरोहं जणयइ। उत्तराध्ययन २९/२७

५०. एकाग्रचिन्तानिरोधो ध्यानम्। तत्वार्थसूत्र ९/२६

५१. चित्तावत्थाणमेगवत्थुम्मि छउमत्थाणं झाणं। ध्यानशतक, ३

५२. सूर्यप्रकाश्यं क्व नु मण्डलं दिवः
खद्योतकः क्वास्य विभासनोद्यतः।
क्व धीरा गम्यं हरिभद्र सद्वचः
क्वाधीरहं तस्य विभासनोद्यतः॥—जिनेश्वर सूरि
५३. योग-बिन्दु, गा० ३१
५४. वही, गा० ३५८
५५. वही, गा० ३६४
५६. वही, गा० ४०५
५७. वही, गा० ८६
५८. वही, गा० ८८
५९. वही, गा० ९४
६०. वही, गा० १११—११५
६१. वही, गा० १३१
६२. वही, गा० ५०७

प्राक्कथन

जीवन में प्रारब्ध से वातावरण और संगति का महत्व अधिक होता है। शुभ वातावरण एवं संसर्ग में रह रहे बाल मन पर पड़े हुए संस्कार बड़े प्रबल होते हैं। मेरा बचपन प्रायः अपने बाबा जी के चरणों में ही बीता है। वे प्रभु के परम भक्त थे और प्रायः रात्रि में ईश्वर भक्ति में तल्लीन हो जाया करते थे तब मैं भी उनकी इस तल्लीनता का कभी-कभी अनुकरण करता था। उनके इस भक्तिमय वातावरण एवं संगति तथा उनकी दृढ़ आस्था और अनुरक्ति ने मुझमें भी ऐसे ही भाव भर दिए कि आगे चलकर इसी प्रभाव के कारण मेरा मन आध्यात्मिकता की ओर आकृष्ट हुआ और मैंने सन्यास ले मुनि बाना धारण कर लिया।

मुनि का लक्ष्य भवसागर से पार होना है, जो कि योग के द्वारा ही सम्भव है जैसे कि **उत्तराध्ययनसूत्र** में भी कहा है कि—

जोए वहमाणस्स, संसारो अइवत्तई। (२७.२)

अर्थात् योग युक्त साधक संसार सागर को पार कर जाता है। जिस प्रकार अग्नि से स्वर्ण शुद्ध हो जाता है उसी प्रकार अविद्या और अज्ञानमल से मलिन आत्मा भी योगरूपी अग्नि से शुद्ध हो जाता—

मलिनस्य यथाहेम्नोवह्नेः शुद्धिर्नियोगतः।
योगाग्नेश्चेतसस्तद्वदविद्यामलिनात्मनः।। योगबिन्दु, श्लोक ४१

योग की इसी महिमा से मेरा मन योग के विशेष अध्ययन के लिए उत्प्रेरित हुआ।

अपनी इस मनीषा की चर्चा जब मैंने विद्वानों से की तो उन्होंने मेरे साधक जीवन को ध्यान में रखते हुए किसी योग परक ग्रन्थ पर कार्य करने का परामर्श दिया। पूज्य गुरुदेव उत्तर भारतीय प्रवर्तक श्रीभण्डारी पद्मचन्द्र जी महाराज ने आचार्य हरिभद्रसूरि के महत्व

पूर्ण ग्रन्थ **योगबिन्दु** का नाम सुझाया। अपनी भावना को लेकर जब मैंने स्वनाम धन्य डा० गोपिकामोहन भट्टाचार्य, अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र से परामर्श किया तो उन्होंने प्रसन्नता पूर्वक इस पर शोध कार्य करने की अपनी स्वीकृति प्रदान की।

आचार्य हरिभद्रसूरि जैनदर्शन के ही नहीं भारतीय वाङ्मय के उद्भट विद्वान् एवं योगविद्या के प्रौढ़ ज्ञाता थे। उनके विषय में यह भी स्पष्ट है कि आर्हत परम्परा में आचार्य हरिभद्रसूरि ही एक ऐसे दिव्य जीवन वैभव को लेकर उद्भाषित हुए जो अनेक दृष्टियों से अनुपम और अद्भुत थे। वे प्रारम्भ में चित्रकूट या चितौड़ के राजपुरोहित पद पर सुशोभित थे। एक विशेष घटना से उनकी आस्था जैनधर्म के साथ सम्पृक्त हुई। उनका अथाह ज्ञान अन्तर्मुखी हुआ और वे संसार-वासना से विरक्त होकर श्रमण जीवन में दीक्षित हो गए। शीघ्र ही अपने सतत् परिश्रम एवं क्षयोपशमजन्य प्रतिभा के बल से उन्होंने जैनधर्मदर्शन पर असाधारण अधिकार प्राप्त कर लिया। आगे चलकर उन्होंने अल्पसमय में ही मुमुक्षुजनों के कल्याण हेतु अनेक ग्रन्थों की रचना की। जो आगम व्याख्या और धर्मदर्शन आदि अनेक रूपों में प्रकाश में आए हैं। विद्वानों की दृष्टि से आपका समय सन् ७५७ से ८२७ तक माना जाता है।

जैन वाङ्मय के क्षेत्र में उनकी एक अनुपम देन है—उनका जैन योग साहित्य। आचार्य हरिभद्रसूरि की यह प्रमुख विशेषता है कि उन्होंने अपनी उच्च-एवं उदार दृष्टि से स्व-पर पन्थ का भेद किए बिना प्रत्येक से गुणग्रहण किया है। उनकी यह दृष्टि उनके योग साहित्य में स्पष्ट परिलक्षित होती है। हरिभद्रसूरि ने योगपरक चार रचनाएं लिखी हैं इनमें **योगबिन्दु** महत्वपूर्ण और असाधारण रचना है।

आचार्य हरिभद्रसूरि का यह ग्रन्थ अनेक योग परम्पराओं में प्रतिष्ठित ग्रन्थों के पूर्ण और यथार्थ अवगाहन के फल स्वरूप प्रणीत हुआ है। इसमें किसी रूढ़ परिभाषा अथवा शैली का आश्रय न लेकर एक नूतन शैली में सभी योग परम्पराओं के योग विषयक मन्तव्यों में एकता और अविरोध की स्थापना की गई है जैसा कि स्वयं ने कहा भी है—

सर्वेषां योगशास्त्राणामविरोधेन तत्त्वतः।
सन्नीत्यास्थापकं चैव मध्यस्थांस्तद्विदः प्रति। योगबिन्दु, श्लोक २

अर्थात् 'योगबिन्दु' में सभी योग शास्त्रों में जो मूलगामी अविरोधी वस्तु है उसी की स्थापना की गयी है। इसी कारण मैंने 'योगबिन्दु' को अपने शोध का विषय चुना है।

इसमें योग की परम्पराओं के विचारों को दृष्टि में रखते हुए 'योग-बिन्दु' में आगत योग विषयक तत्त्वों का सम्यक् अध्ययन किया गया है। इसी दृष्टि को ध्यान में रखकर प्रकृत प्रबन्ध को भी पांच अध्यायों में वर्गीकृत किया गया है।

प्रथम अध्याय **भारतीयवाङ्मय में योग साधना और योगबिन्दु** में योग का माहात्म्य, योग शब्द का अर्थ विश्लेषण करते हुए उसकी व्याख्या विभिन्न मतों के आधार पर की गई है। फिर योग विषयक वाङ्मय विशेषकर वैदिक, बौद्ध एवं जैन योग परक ग्रन्थों में योग की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है। अन्त में 'योगबिन्दु' के सन्दर्भ में योग का समीक्षण किया गया है।

दूसरे अध्याय में **योगबिन्दु के प्रणेता आचार्य हरिभद्रसूरि** के प्रामाणिक जीवनवृत्त को प्रस्तुत किया गया है। युक्ति युक्त तथ्यों के द्वारा उनका समय निर्धारण करते हुए सूरि के अनुपम और गौरवशाली व्यक्तित्व की विविध विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया है, इसमें विशेषकर उनका साधुत्व, समाजसेवा, गुरुभक्ति, साहित्यिकदेन, उनकी शैली और दूसरे विद्वानों के प्रति उनकी उदारता आदि गुणों को प्रस्तुत किया गया है। इसी में आचार्य हरिभद्रसूरि के कृतित्व का भी उल्लेख करते हुए उनकी बहुमान्य प्रमुख-प्रमुख रचनाओं का समुचित परिचय आदि भी दिया गया है।

योगबिन्दु की विषय वस्तु नामक तीसरे अध्याय में योग के अधिकारी एवं अनधिकारी की चर्चा हुई है। योगबिन्दु में वर्णित योग भूमियों-**अध्यात्म, भावना, ध्यान, समता और वृत्तिसंक्षय** का यथोचित ढंग से वर्णन किया गया है और पुनः योग के विकास क्रम की विस्तार से चर्चा की गई है।

योगः ध्यान और उसके भेद नामक चतुर्थ अध्याय के प्रारम्भ में ध्यान की महिमा का सम्यक् प्रतिपादन किया गया है। इसके बाद योग के सन्दर्भ में गुणस्थानों का भी क्या महत्त्व है? इसका विवेचन किया गया

है। साधक छठे गुणस्थान से लेकर तेरहवें गुणस्थान तक की श्रेणी को कैसे पार करता है ? इस पर भी विशेषरूप से यहां प्रकाश डाला गया है।

पांचवे अध्याय **योगबिन्दु और तत्त्वविश्लेषण** में जैन दृष्टि से आत्मा का स्वरूप उसका कर्तृत्व, भोक्तृत्व तत्त्वज्ञत्व तथा उसके सर्वज्ञत्व पर जैन दृष्टि से समीक्षात्मक अध्ययन किया गया है। इसके अतिरिक्त यहां आठकर्मों का वर्गीकरण कर जीव के साथ उनके सम्बन्ध का भी विवेचन किया गया है। इसके बाद कर्म उनका कर्तृत्व-अकर्तृत्व और कर्म एवं लेश्या एवं उनका परस्पर सम्बन्ध आदि विषयों की चर्चा करते हुए लेश्या के भेद एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया है। अन्त में योग और उसके फल>ज्ञान तथा मुक्ति मार्ग : सम्यक्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र पर चर्चा की गई है। अनन्तर बन्ध और उसके कारणों का विवेचन करके निर्वाण के स्वरूप को समझाया गया है। इस प्रकार योगबिन्दु के परिप्रेक्ष्य में जैनयोग विषयक तत्त्वों का विश्लेषण एवं समीक्षण करने का प्रयास किया है।

इस शोध प्रबन्ध के सन्दर्भ में सर्वप्रथम में पूज्य गुरुदेव परमकृपालु, उत्तरभारतीय प्रवर्तक श्री भण्डारी पद्मचन्द्र जी महाराज एवं परम श्रद्धेय गुरुदेव श्री अमर मुनि जी महाराज का अतीव कृतज्ञ हूं और उनकी अपार कृपादृष्टि एवं शुभ-आशीर्वादों को इसका मूल स्रोत मानता हूं। आपका सम्यक् निर्देशन स्नेह एवं प्रेरणा निरन्तर मिलती रही है। आपके असीम कृपाभाव को शब्दों की परिसीमित परिधि में नही बांधा जा सकता। आपका मैं चिरऋणी हूं। आपके चरणों में आते ही आपने मुझे विद्याध्ययन में प्रवृत्त किया और यहां तक पहुंचाया है। अतः यह सब आपकी कृपा का प्रसाद है। जो इस रूप में प्रकट हुआ है।

श्रद्धेय प्रवर विद्वद्रत्न श्री रत्न मुनि जी महाराज का भी मैं कृतज्ञ हूं। जो मेरे विद्या व्यासंग में मुझे प्रारम्भ से ही सहयोग देते रहे हैं और इस शोध कार्य में भी कई ग्रंथ उपलब्ध कराए हैं।

परम श्रद्धेय उपप्रवर्तक तपस्वी श्री सुदर्शन मुनि जी महाराज एवं उपप्रवर्तक परमादरणीय श्री प्रेमसुख जी महाराज का शुभ आशीर्वाद तथा उदार सहयोग मुझे समय-समय पर मिलता रहा है। अतः इनका भी मैं आभारी हूं। महासती साध्वी रत्न श्री पवनकुमारी जी महाराज

की सुशिष्या साध्वी श्री जितेन्द्र कुमारी जी महाराज ने भी अनेक ग्रंथ इस कार्य में उपलब्ध कराए हैं। अतः मैं उनके मंगलमय भविष्य की की कामना करता हूं।

श्रमणसङ्घीय युवाचार्य डा० शिवमुनि जी महाराज का भी मैं चिरऋणी हूं जिन्होंने प्रस्तुत ग्रंथ की प्रस्तावना लिखकर मुझे अनुगृहीत किया है। आपका सहयोग सदैव स्मरण रहेगा और भविष्य में भी ऐसे ही सहयोग की अपेक्षा के साथ आपका धन्यवाद करता हूं। यहां मैं महासती परम विदुषी उपप्रवर्तिनी साध्वी रत्न श्री रविरश्मि जी महाराज का भी साधुवाद करता हूं ग्रंथ प्रकाशन में जिनकी महती प्रेरणा रही है।

मेरे इस भागीरथ कार्य में द्वितीय स्थान है विद्वद्वर्य स्व० डॉ० गोपिकामोहन भट्टाचार्य अध्यक्ष, संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र का। उनकी सहृदयता और निष्काम उदारता से ही मेरा विषय विश्वविद्यालय में स्वीकृत हुआ, उनकी मूक प्रेरणा ज्ञान-साधना में मुझे प्रतिपल मार्ग दर्शन प्रदान करती रहेगी। उनके प्रति मेरा हार्दिक धन्यवाद है।

इस शोध प्रबन्ध के सन्दर्भ में महत्वपूर्ण स्थान है धर्मनिष्ठ, सन्त सेवक डॉ० श्रीयुत, धर्मचन्द्र जैन, पालि प्राकृत विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र का। जिनके आत्मीयतापूर्ण उदारमार्ग दर्शन में मैंने यह शोध प्रबन्ध तैयार किया है। आप से समय-समय पर बहुमूल्य सुझाव तो मिले ही, साथ में कितने ही अप्राप्य ग्रंथों को भी आपने निजी संग्रह और विभागीय पुस्तकालय से उपलब्ध कराकर हर प्रकार से सहायता दी है। उनकी इस उदारता के लिए मैं हृदय से आभारी हूं और भविष्य में भी इसी उत्तम सहयोग की आकांक्षा के साथ आपके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं।

डॉ० ब्रह्ममित्र अवस्थी, लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विद्या पीठ, दिल्ली डॉ० जे० सी० राय प्रधानाचार्य, एम० एम० एच० कालेज, गाजियाबाद एवं प्रो० ज० महेशचन्द भारतीय गाजियाबाद का भी मैं आभार मानता हूं। आप सभी से मुझे अनेक बहुमूल्य सुझाव और सहयोग प्राप्त हुए हैं। जैन धर्म दर्शन के प्रौढ़ विद्वान् श्री जयप्रसाद त्रिपाठी का भी सादर स्मरण करता हूं जिन्होंने भी समय-समय पर

अनेक उपयोगी सुझाव दिए हैं।

इस अवसर पर मैं अपने परम उपकारी समादरणीय पितामह श्री बनवारी लाल जी उपाध्याय का भी श्रद्धापूर्ण स्मरण करता हूं जिनकी दयादृष्टि से ही मैं ज्ञानाराधन में और युवावस्था मे अध्यात्म साधना में प्रवृत्त हुआ हूं। मैं उनका अत्यन्त ऋणी हूं। श्री रामपाल जी शर्मा एवं अपने अग्रज श्रीकृष्णपाल उपाध्याय के योगदान की भी मंगल कामना करता हूं। सुश्रावक श्री जे० डी० जैन गाजियाबाद की सेवाभक्ति भी इस कार्य में प्रशंसनीय है। अतः गुरुभक्तों का भी साधुवाद करता हूं जिन्होंने इस ग्रंथ के प्रकाशन में अपना उदार आर्थिक सहयोग दिया है। श्री के० एल० जैन एवं मास्टर श्री उग्रसेन जैन सफीदों तथा श्री सुशील कुमार जैन अम्बाला छावनी का भी साधुवाद करता हूं जिनका समय व समय सहयोग हमें मिलता रहा।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्याल कुरुक्षेत्र की लायब्रेरी के प्रबन्धकों को भी मैं साधुवाद देता हूं जिन्होंने मुझे अनेक ग्रंथ उपलब्ध कराए हैं। आचार्य श्री अमरसिंह जैन पुस्तकालय मानसा मण्डी के प्रबन्धकों का भी साधुवाद है जहां के भी कई ग्रंथों का मैंने सदुपयोग किया। प्रकाशक, मंत्री श्री आत्मज्ञानपीठ, मानसा मण्डी को भी साधुवाद देता हूं जिनके परामर्श से प्रकृत ग्रंथ का प्रकाशन सम्भव हो सका। श्री यशपाल जी सहगल मालिक मुद्रक प्रैस तथा उनके सभी सहयोगियों का भी मैं धन्यवाद करता हूं जिनकी तत्परता, लगन एवं सौजन्य से ग्रथ प्रकाशन में महती सहायता मिली है। अन्त में मैं उन सभी महानुभावों के प्रति भी अपनी कृतज्ञता प्रगट करता हूं जिनका प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष- रूप से मुझे सहयोग प्राप्त हुआ है।

विजय दशमी —सुव्रत मुनि शास्त्री

जैन स्थानक,
गन्नौर मण्डी, सोनीपत (हरियाणा)
दिनांक १७-१०-१९९१

संकेत विवरण

अंगु० नि०	: अंगुत्तर निकाय
अध्या० रा०	: अध्यात्म रामायण
अनु०	: अनुवाद
अभि० को० भा०	: अभिधर्म कोश भाष्य
अभि० दे० बौ० सि० वि०	: अभिधर्म देशना : बौद्ध सिद्धान्तों का विवेचन
अभि० प्र०	: अभिधम्मत्थसंग्गहो प्रकाशिनी टीका
अयो० का०	: अयोध्याकाण्ड
अर्थविनि०	: अर्थविनिश्चयसूत्र निबन्धन
आ०	: आस्रव (आश्रव)
आ० नि०	: आवश्यकभाष्यनिर्युक्ति
उ०	: उद्देश
उत्त०, उत्तरा० सू०	: उत्तराध्ययनसूत्र
उपदेश पद प्र०	: उपदेशपद प्रकरण
उपा० दशाङ्ग०	: उपासकदशाङ्गसूत्र
ऐतरेय ब्रा०	: ऐतरेयब्राह्मण
कीजि०	: कीजिए
कुवलयमा०	: कुवलयमालाकहा
गा०	: गाथा
गो०	: गोम्मट्टसार
जिनसहस्र०	: जिनसहस्रनाम स्तोत्र
ज्ञाना०, ज्ञानार्ण०	: ज्ञानार्णव
त०सू०, तत्त्वा०, तत्त्वा० सू०, तत्त्वार्थसू०	: तत्त्वार्थसूत्र
तत्त्वानु०	: तत्त्वानुशासन
तत्त्वार्थवा०	: तत्त्वार्थवार्तिक
तु०	: तुलना
द०	: दर्शन
दशवै०	: दशवैकालिक सूत्र

दे०	:	देखिए
ध्या०श०, ध्यानश०	:	ध्यानशतक
नं०	:	नम्बर
नो०	:	नोट
टी०	:	टीका
पंचवि०	:	पंचविंशति
परमात्मप्र०	:	परमात्मप्रकाश
परि०	:	परिशिष्ट, परिशीलन
पा० यो०	:	पातञ्जलयोगसूत्र
पा० यो० द०, पात० यो० द०	:	पातञ्जलयोगदर्शन
पुग्गलप०	:	पुग्गलपञ्ञाति
पृ०	:	पृष्ठ
प्र०	:	प्रथम, प्रकरण
प्र० अ०	:	प्रथम अध्ययन
बार० अनु०	:	बारह अनुप्रेक्षा
बु० च०, बुद्ध० च०	:	बुद्धचरित
भगवतीआ०	:	भगवती आराधना
भा०	:	भाग
भा०	:	भावना
भा० श०	:	भाव शतक
भू	:	भूमिका
म० नि०, मज्झिमनि०	:	मज्झिमनिकाय
महापु०	:	महापुराण
मि०	:	मिलाइए
मिलिन्द०	:	मिलिन्दपञ्ह (मिलिन्दप्रश्न)
यो०दृ०समु०, योग दृ० स०, योगदृष्टि समु०	:	योगदृष्टिसमुच्चय
यो० प्र०	:	योग प्राभृत
यो० बि०	:	योगबिन्दु
यो० वि०, योगवि०	:	योगविंशिका
यो० श०	:	योगशतक
यो० शा०	:	योगशास्त्र
ललित०	:	ललितविस्तर

लोकतत्वनि०	:	लोकतत्वनिर्णय
वि०	:	विवरण
वैशेषिक द०	:	वैशेषिक दर्शन
विसु०	:	विसुद्धिमग्ग
शा० रस०	:	शान्तसुधारस
शा०वा०समु०, शास्त्रावार्ता समु० शास्त्र०वा०, शास्त्रवा० समु०	:	शास्त्रवार्तासमुच्चय
श्लो०	:	श्लोक
श्रु०	:	श्रुतस्कन्ध
षोडषक०	:	षोडषकप्रकरण
षड्० समु०, षड्दर्शनसमु०	:	षड्दर्शनसमुच्चय
सं० नि०	:	संयुक्त निकाय
समदर्शी हरि०	:	समदर्शी आचार्य हरिभद्रसूरि
सम० हरि०	:	समदर्शी आचार्य हरिभद्रसूरि
समु०	:	समुच्चय
सर्वा० सि०	:	सर्वार्थसिद्धि
सू०	:	सूत्र
सूत्रकृत०	:	सूत्रकृतांग
स्था०	:	स्थानांगसूत्र
स्वा०	:	स्वामी
स्वामीका०	:	स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षा
हरि० प्र० क० सा० आ०	:	हरिभद्रसूरि के कथासाहित्य का आलोचनात्मक परिशीलन
हरि० चरि०	:	हरिभद्रसूरिचरित
हि० अनु०	:	हिन्दी अनुवाद

विषय सूची

(ग) **हरिभद्रसूरि का व्यक्तित्व** (62— 77)

भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधिसन्त, समाज के यथार्थ सेवक, गुरुभक्त हरिभद्र, एक सफल टीकाकार हरिभद्रसूरि, कथा साहित्य में हरिभद्रसूरि का स्थान, **अन्य विशेषताएं**—समत्व दृष्टि और औदार्यगुण, तुलनात्मक दृष्टि, बहुमानवृति, स्व-परम्परा को नवीन दृष्टिदाता, भेदभाव मिटाने में कुशल एवं समन्वयकार हरिभद्र

(घ) **हरिभद्रसूरि का कृतित्व** (77—102)

(क) दार्शनिक ग्रन्थ, (ख) कथा साहित्य, (ग) योग-साहित्य, (घ) ज्योतिषपरक रचनाएं, (ङ) स्तुति-साहित्य, (च) आगमिक प्रकरण आचार एवं उपदेशात्मक रचनाएं : अप्राप्त वृत्तिग्रन्थ, आगम-टीकाएं अथवा वृत्तियों, व्याख्या प्रधान ग्रन्थ तथा अन्य उपलब्ध स्वतन्त्र भाष्य, वृत्ति एवं टीका ग्रन्थों की सूची, (क) **प्रमुख रचनाओं का परिचय** : (1) अनेकान्त जयपताका, (2) अनेकान्तवादप्रवेश, (3) अनेकान्तसिद्धि, (4) द्विजवदनचपेटा, (5) धर्मसंग्रहणी, (6) लोकतत्वनिर्णय, (7) षड्दर्शन-समुच्चय, (8) शास्त्रवार्तासमुच्चय, (9) सर्वज्ञसिद्धि (10) अष्टक प्रकरण, (11) उपदेशपद, (12) धर्मबिन्दु, (13) पंचवस्तुग, (14) पंचासग, (15) बीस विंशिकाएं, (16) संसारदावानल, (17) श्रावकधर्म, (18) श्रावकधर्मसमास, (19) हिंसाष्टक, (20) स्याद्वादकुचोदपरिहार, (21) सम्बोधप्रकरण, (ख) **अप्राप्त एवं उल्लिखित ग्रंथ** : (1) अनेकान्त प्रघट्ट, (2) अनेकान्तसिद्धि, (3) अर्हत् श्रीचूडामणि, (22) दरिसण सत्तरि, (23) षोडशकप्रकरण, (24) चैत्यवन्दनसूत्रवृत्ति, (ग) **कथा परक साहित्य** : (25) समराइच्चकहा, (26) धूर्ताख्यान, (घ) **योग सम्बन्धी रचनाएं** : (27) योगविंशिका, (28) योगशतक, (29) योग-दृष्टिसमुच्चय और (30) योगबिन्दु

योग बिन्दु के परिप्रेक्ष्य में जैनयोग साधना
का
समीक्षात्मक अध्ययन

परिच्छेद–प्रथम

भारतीय वाङ्मय में योगसाधना और योगबिन्दु

(क) योग का माहात्म्य :

योग साधना का प्रारम्भ कब हुआ ? इस विषय में निश्चित रूप से कुछ कह पाना सम्भव नहीं है फिर भी लगता है और जैसे कि सभ्यता के अवशेषों में प्रमाण भी मिलते हैं, योग साधना का प्रचलन तभी से हुआ होगा जब मानव ने अपने जन्म के बाद बोलना सीखा, कारणकि चिन्तन, मनन एवं विजनन शक्ति मानव के स्वाभाविक गुणों से भिन्न नहीं है ।

प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति की खोजों से ज्ञात होता है कि योग, साधना, ध्यान लगाना, कायोत्सर्ग करना, पद्मासन मुद्रा में ध्यानमग्न होना आदि वैदिककाल से भी पहले के भारतीयों की दैनिक चर्या का एक महत्त्वपूर्ण अंग था ।

उपलब्ध वेद, बौद्ध एवं जैनागम, उपनिषद्, पुराण, दर्शन एवं कर्मकाण्ड तथा ज्ञानप्रधान समस्त पौर्वात्य एवं पाश्चात्य दर्शन योग, समापत्ति एवं ध्यान साधना की महिमा से ओतप्रोत है । वैदिक युग से लेकर आधुनिकयुग तक भी हम देखें तो पाते हैं कि आज भी योग की वही महिमा, गरिमा एवं उतनी ही अधिक आवश्यकता है जितनी कि पहले थी । पौर्वात्य ही क्या, समस्त पाश्चात्य जगत के मानव आज योग साधना के रहस्य की खोज में भटक रहे हैं । अतः योग का माहात्म्य स्वतः सिद्ध हो जाता है । हरिभद्रसूरि के वचनों में भी योग सर्वश्रेष्ठ, कल्पवृक्ष, चिन्तामणिरत्न, सभी धर्मों में प्रधान और सिद्धिरूप मोक्षपद प्राप्ति का सुदृढ़ सोपान है ।[1] वास्तव में योग ही भयंकर भवरोग के समूलघात की रामबाण औषधि है ।

---

१. योगः कल्पतरु श्रेष्ठो योगश्चिन्तामणिः परः ।
योगः प्रधानं धर्माणां योगः सिद्धेः स्वयंग्रहः ॥ योगबिन्दु, श्लो० ३७

योग शब्द का अर्थ :

'योग' शब्द संस्कृत में 'युज् धातु' में 'घञ्' प्रत्यय के मेल से बनता है। यद्यपि संस्कृत व्याकरण में 'युज्' नाम की दो धातुएं मिलती हैं, इनमें से एक का अर्थ 'जोड़ना' है[1], जबकि दूसरी का 'मन: समाधि'[2] अर्थात् 'मन को स्थिर करना' है। सामान्यतया दर्शन में योग का अर्थ- सम्बन्ध करना अथवा चित्त को स्थिर करना ही लिया गया है।

वैदिक साहित्य में योग शब्द :

प्राचीन साहित्य में सर्वप्रथम **ऋग्वेद** में 'योग' शब्द मिलता है, यहां इसका अर्थ 'जोड़ना' मात्र है।[3] ईसा पूर्व ७ वीं शदी तक रचित साहित्य में 'योग' शब्द 'इन्द्रियों को प्रवृत्त करना' इस अर्थ में प्रयुक्त हुआ है तथा ई०पू० ५ वीं से ६ वीं शदी तक रचित साहित्य में इन्द्रियों पर नियन्त्रण रखना' इस अर्थ में 'योग' शब्द का प्रयोग हुआ है'[4] जबकि उपनिषद् साहित्य में योग पूर्णत: आध्यात्मिक अर्थ में मिलता है[5]। कुछ एक उपनिषदों में योग साधना का विस्तृत वर्णन मिलता है।[6]

इस प्रकार **ऋग्वेद** में जोड़ने के अर्थ में प्रयुक्त 'योग' शब्द उपनिषद् काल तक आते-आते शरीर, इन्द्रिय एवं मन को स्थिर करने की साधना के अर्थ में भी प्रयोग किया जाने लगा।

महाभारत में योग के विभिन्न अंगों का विवेचन प्राप्त होता है।[7] **स्कन्दपुराण** में कई स्थानों पर योग की चर्चा है।[8] **भागवतपुराण** में

---

१. 'युज़ीयोगे' । हेमचन्द्र धातु पाठमाला, गण-७

२. 'युजि च समाधो:' । वही, गण-८

३. क त्त धा नो योग आ भु वत्, नधीनां योगमिन्त्विति ।
ऋग्वेद १. ५. ३; १. १८. ७

४. दार्शनिक निबन्ध (अंग्रेजी), पृ० १७६

५. अध्यात्म योगाधिगमेन देवं मत्वा धीरो हर्षशोकौ जहाति ।
कठोपनिषद् १, २, १२

६. दे० योगराजोपनिषद् अद्वयतारकोपनिषदादि

७. दे० महाभारत, शान्ति०, अनुशासन० और भीष्मपर्व

८. दे० स्कन्दपुराण, भाग १, अ० ५५

योग की चर्चा के साथ-साथ 'अष्टांगयोग' की व्याख्या, गरिमा तथा योग से प्राप्त होने वाली अनेक लब्धियों का वर्णन किया गया है।[1] **योगवाशिष्ठ** के छह प्रकरणों में योग के विभिन्न सन्दर्भों की व्याख्या आख्यानकों के माध्यम से की गई है।[2]

'योग' शब्द इस समय तक आते-आते इतना व्यापक और प्रचलित हो गया था कि गीता[3] के अठारह के अठारह अध्याय 'योग' और साधना के उपदेशों से ओतप्रोत है। वहां मिलता है जैसे—'ऊँ' तत्सत् इति **श्रीमद्भगवत् गीता** उपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे अर्जुन-विषादयोगो नाम प्रथमोऽध्याय :।

पातञ्जलयोगदर्शन चित्तवृत्तिनिरोध को योग बतलाता है।[4] इसके अतिरिक्त '**न्यायदर्शन**' में भी योग को उचित स्थान दिया गया है[5]। **वैशेषिकदर्शन** के प्रणेता कणाद ने यम-नियम आदि पर काफी जोर दिया है[6] जबकि **ब्रह्मसूत्र** के तीसरे अध्याय में आसन एवं ध्यान आदि योग के अङ्गों का विस्तृत वर्णन किया गया है। इसी कारण से सम्भवतः महर्षि ने इसका नाम ही साधनापाद रखा है।[7]

सांख्यदर्शन में भी योग विषयक अनेक सूत्र मिलते हैं।[8] **तन्त्रयोग** के अन्तर्गत आदिनाथ ने हठयोग सिद्धान्त की स्थापना की है।[9] इसका उद्देश्य यौगिक क्रियाओं द्वारा शरीर के अंग-प्रत्यंग पर प्रभुत्व तथा मन की स्थिरता प्राप्त करना है। **महानिर्वाणतन्त्र** और **षटचक्रनिरूपण**

---

१. दे० भागवतपुराण २. २८. ११. १५. १९. २०
२. दे० योगवाशिष्ठ, वैराग्य, मुमुक्षु, व्यवहार, उत्पत्ति, स्थिति, उपशम और निर्वाण प्रकरण
३. दे० श्रीमद्भगवद्गीता, अ० प्रथम का अन्त
४. दे० पात०यो० द०, १,२
५. दे० न्यायदर्शन, ४. २. ३६; ३. २. ४०; ४०. २. ४६
६. दे० वैशेषिकदर्शन, ६. २. २. ८
७. दे० ब्रह्मसूत्र, ४.१.७.११
८. रागोपहित ध्यानम्। सांख्यसूत्र, ३. ३०
वृत्तिनिरोधात् तत्सिद्धि। वही, ३. ३१
९. महानिर्वाणतंत्र, अध्याय-३

ग्रन्थों में योगसाधना का विस्तार पूर्वक वर्णन हुआ।[1]

बौद्धदर्शन में योग शब्द :

भगवान् बुद्ध ने योगसाधना को विरासत में प्राप्त किया था। अतः उन्होंने ज्यों का त्यों तो नहीं, कुछ परिवर्तन के साथ उसे अपने वचनों में ग्रहण कर लिया। अराडकलाम और उद्दकरामपुत्र जैसे ध्यानयोगी आचार्य भगवान् बुद्ध के गुरु थे। इन आचार्यों के अन्य शिष्यगण भी यत्र-तत्र ध्यानयोग की शिक्षा-दीक्षा देते थे। बुद्ध ने भी इन दोनों आचार्यों से **नैवसंज्ञानासंज्ञायतन (आरूप्य ध्यान)** तक का योगाभ्यास किया था[2] फिर भी वे उससे सन्तुष्ट नहीं हुए और वे स्वच्छन्द एवं स्वतन्त्र साधना में तत्पर हो गए।

बोधि प्राप्त करने से पूर्व तथागत बुद्ध ने स्वयं श्वासोच्छ्वास के निरोध करने का प्रयत्न किया था। वे अपने शिष्य अग्गिवेस्सन से कहते भी हैं कि 'मैं श्वासोच्छ्वास का निरोध करना चाहता था इसलिए मैं मुख, नाक एवं कर्ण में से निकलते हुए सांस को रोकने का प्रयत्न करता रहा'।[3]

त्रिपिटक के अध्ययन से भी हमें मिलता है कि भगवान् बुद्ध जब कभी थोड़ा-सा भी समय खाली पाते थे तो वे उसी समय एकान्तचिन्तन में लग जाते थे, ध्यान में लीन हो जाते थे, समाधि में तल्लीन हो जाते थे। इसकी पुष्टि **मज्झिमनिकाय, ललितविस्तर**[4] और बुद्धचरित[5] आदि

---

१. पटचक्रनिरूपण, पृ० ६०, ६१, ८२, ९०

२. विस्तृत अध्ययन के लिए दे०—अभिधर्मदेशना : बौद्ध सिद्धान्तों का विवेचन, पृ० १७८

३. दे० वही, पृ० १७९ फुट नोट नं० २

४. दे० (क) मज्झिमनि० भाग २, पृ० ४८४-८७

(ख) तस्य मे भिक्षवे एतदभवत्-यदहं पितुरुद्याने जम्बुच्छायाम् निषण्णो विविक्तं कामैर्विविक्तं पापकैरकुशलैर्धर्मैः सवितर्कं सविचारं विवेकजं प्रीतिसुखं प्रथमं ध्यानमुसंपद्य व्याहार्षं यावच्चतुर्थध्यान-मुपसंपद्य व्याहार्षं स्यात्स मार्गो बोधेर्जातिजरामरणदुःखसमुदया-नामसम्भवायास्तंगमायेति। तदनुसारि च मे विज्ञानमभूत। स मार्गो बोधेरिति। ललित०, पृ० १९३

५. दे० बु०च०, १२, १०१

ग्रन्थों से भी होती है।

भगवान् बुद्ध स्वयं अपने शिष्यों को भी बार-बार ध्यान करने की समाधिस्थ होने की प्रेरणा देते हैं, वे कहते हैं कि— एतानि भिक्खवे, रुक्खमूलानि, एतानि सुञ्ञागारानि, झायथ, भिक्खवे, मा पमादत्थ मा पच्छा विप्पटिसारिनो अहुत्थ। अयं वो अम्हाकं अनुसासनीति।[1]

यही उनका उपदेश था कि 'भिक्षुओ! ध्यान करो, ध्यान करने में प्रमाद मत करो।' वे सदैव समाधि या ध्यान की प्रशंसा करते थे। वे कहते थे कि जो ध्यानयोगी है उनका मन स्वस्थ एवं प्रसन्न रहता है। उसे समाधि सिद्ध होती है, जो सम्यक् समाधिस्थ हैं उसे ही ध्यान लाभ होता है।[2] ध्यान में लीन होने से धर्म प्राप्त होता है, जिससे परमपद की प्राप्ति होती है, जो दुर्लभ, शान्त, अजर, अमर और अक्षय है।[3] ध्यानयोग से समाहित चित्त से युक्त भिक्षु अनेक सिद्धियों को प्राप्त करता है तथा उसका विनिपात भी कभी नहीं होता, वह सम्बोधि परायण होकर निर्वाणगामी होता है।

इस प्रकार बौद्धधर्म में भी योगसाधना का अत्यन्त महत्त्व है। वह निर्वाणलाभ का सफल मार्ग है। कोई भी ऐसा बौद्ध सम्प्रदाय अवशिष्ट नहीं है जो ध्यानयोग की महत्ता पर प्रकाश न डालता हो।

इसमें भी कोई सन्देह नहीं रह जाता कि सत्त्व योग के द्वारा ही विशेष बन्धन को प्राप्त करता है और योग ही वह निमित्त है, जिससे प्राणी भवबन्धन से मुक्त हो जाता है। अतः योगमार्ग विषम है जैसे कहा भी है कि—

---

१. दे० सं०नि० २.१३३, पृ० १२१ तथा तुलना कीजिए-एतानि वो भिक्षवोऽरण्यायतनानि वृक्षमूलानि शून्यागाराणि पर्वतकन्दरगिरिगुहापलाल-पुञ्जानि अभ्यवकाशश्मशानवनप्रस्थप्रान्तानि शयनासनानि अध्यावसत। ध्यायत, भिक्षवो मा प्रमाद्यत। मा पश्चात् विप्रतिसारिणो भविष्यथ। इदमनुशासनम्। अर्थविनि०, पृ० ६७

२. दे० बु०च०, १२.१०५

३. दे० वही, १२.१०६

योगतो हि लभते विबन्धनं।
योगतोऽपि किलमुच्यते नरः ॥
योगवर्त्मविषमं गुरोर्गिराः।
बोध्यते तदखिलं मुमुक्षुणाम् ॥[1]

योगी सुख-दुःख की कल्पना से परे होता है क्योंकि वह यथार्थ स्वरूप का वेत्ता होता है। उसे सुख-दुःख के होने पर भी उनकी अनुभूति नहीं होती।[2] आर्चाय कहते हैं कि-यदि यह योग रूपी कल्पवृक्ष उन्मत हाथी से अथवा मिथ्याज्ञानरूपी अग्नि के द्वारा नष्ट नहीं किया जाता है तो इसमें कोई सन्देह नहीं कि योगी निश्चितरूप से ही स्वाभीष्ट मुक्तिपद को प्राप्त कर लेता है[3] कारण कि उत्तम सुख वही है जो योग से उत्पन्न हुआ है, जो काम एवं विषय वासना की पीड़ा से विरहित, शान्त, निराकुल और स्थिर है तथा जिसमें जन्म, जरा, एवं मृत्यु का विनाश हो जाता है।[4] इसी से योग विषय वासना से उत्पन्न दुःख से रहित माना गया है।

जैनागमों में योग शब्द :

भारतीय दर्शन परम्परा में जैन दर्शन और उसमें भी योग, ध्यान साधना को सबसे अधिक महत्त्व दिया गया है। यहां 'योग' शब्द कई अर्थों में प्रयुक्त हुआ है।[5] यथा संयम, निर्जरा, संवर आदि अर्थों में भी योग शब्द का प्रयोग किया गया है। इसके अतिरिक्त मन, वचन और काय की प्रवृत्ति के अर्थ में भी यह प्रयुक्त होता है।[6]

---

१. दे० पञ्चविंशति, १०.२६
२. वही, १०.२१
३. वही, १०.३५
४. निरस्तमन्मथातङ्कम् योगजं सुखमुत्तमम्।
शमात्मकं स्थिरं स्वस्थं जन्ममृत्युजरापहम् ॥ यो० प्रा०, ६.११, पृ० २००
५. (क) सावज्जं जोगं पच्चक्खामि।
(ख) समाणं जोगणं।
(ग) जोगहीणं। आवश्यकसूत्र, पृ० २०. २५
वत्तीसार जोगसंगेहिं। समवांगसूत्र, सूत्र ३२ वां
६. तिविहे जोगे पणत्ते जं जहा-मणजोगे, वइजोगे, कायजोगे। स्था० १.३.६

संयम के अर्थ में योग :

उत्तराध्ययनसूत्र में अनेकशः 'योग' शब्द का प्रयोग किया गया है जैसे कि 'जोगवं उवहाणं'[1] योगवान् तथा इसी सूत्र में कहा गया है कि वाहन को वहन करते हुए बैल जैसे अरण्य को लांघ जाता है वैसे ही योग को वहन करते हुए वह साधक मुनि संसाररूपी अरण्य को पार कर जाता है—

> **वाहणे वहमाणस्स कंतारं अइवत्तई।**
> **जोए वहमाणस्स संसारो अइवत्तई ॥**[2]

यहां योग का अर्थ संयम है। **सूत्रकृतांगसूत्र** में भी 'जोगवं'[3] शब्द आता है जो संयम के अर्थ को बतलाता है जबकि **स्थानांगसूत्र** में 'जोगवाही'[4] शब्द समाधि में स्थिर 'अनासक्त पुरुष' के लिए प्रयुक्त हुआ है।

मन वचन काय के अर्थ में योग शब्द :

उत्तराध्ययनसूत्र[5] और **तत्त्वार्थसूत्र**[6] आदि ग्रन्थों में मन-वचन-काय के व्यापार के अर्थ में भी 'योग' शब्द प्रयुक्त हुआ है किन्तु यहां मन, वचन और काय के व्यापार की प्रेरणामात्र दी गई है। उसीमें आगे बतलाया गया है कि योगों के व्यापार से आस्रव और उनके निरोध से संवर होता है[7] और इसके बाद इससे मुक्तिपद की प्राप्ति होती है।

---

१. उत्तरा० सू०, अ० ११

२. वही, २७,२

३. जयवं विहराहि जोगवं, अणुपाणा पंथा दुरुत्तरा।
अणुसासणमेव पक्कम्मे, वीरेहिं सम्मं पवेदियं ॥
सूत्रकृतांग सूत्र, प्रथम श्रुतस्कन्ध, २. १. ११

४. स्थानांगसूत्र, स्थान १०

५. (क) जोगपच्चक्खाणेणं अजोगत्तं जणयइ। उत्तरा० सूत्र २९. ३८
(ख) जोगसच्चेणं जोगं विसोहेइ। वही २९. ५३
(ग) मणसमाहरणयाएणं सएग्गं जणयइ। वही, २९.५७

६. तत्त्वार्थसूत्र ६.१-२

७. आस्रवनिरोधः संवरः। वही ९.१

आचारांगसूत्र जो सबसे प्राचीन जैन आगम है, उसमें साधुयोगी के लिए धूत-अवधूत शब्दों का प्रयोग हुआ है।[1] 'भावनायोग' भी जैन-दर्शन का मुख्यअंग है। भावनायोग, योग को पुष्ट करने के लिये प्रयुक्त होता है। **सूत्रकृतांगसूत्र** में बतलाया गया है कि जिसकी भावना की शुद्धि हो जाती है, वह पुरुष किनारे पर स्थित नाव के समान **विश्राम** करता है अर्थात् भवसागर से पार हो जाता है।

जैनागम में मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग को आस्रव कहा गया है।[3] ये ही आस्रव के पांच भेद भी हैं। इनमें भी मिथ्यात्व, कषाय एवं योग की प्रमुखता है क्योंकि अविरति और प्रमाद, कषाय के ही विस्तारमात्र हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जैनागम में वर्णित आस्रव शब्द चित्तवृत्ति का ही पर्यायवाची है अर्थात् योगदर्शन सम्मत चित्तवृत्ति ही जैनागम में आस्रव है।

जैनागमोत्तरवर्ती ग्रन्थों में योग शब्द :

आठवीं शताब्दी में आचार्य हरिभद्रसूरि ने जैनागमों में यत्र-तत्र विकीर्ण हुए योग सम्बन्धी तथ्यों को स्वतन्त्ररूप से संग्रहीत किया और परम्परा से चली आ रही वर्णन-शैली को तत्कालीन विद्यमान परिस्थिति और लोकरुचि के अनुरूप नया मोड़ दिया। उन्होंने उसे और अधिक परिष्कृत एवं विस्तृत कर जैनयोग साहित्य में अभिनव युग को जन्म दिया। उनके द्वारा रचित योग ग्रन्थ[4] स्वतः इसके प्रमाण हैं। उक्त ग्रन्थों में उन्होंने केवल जैन परम्परा के अनुसार योग साधना का वर्णन करके ही सन्तोष कर लिया हो सो ऐसी बात नहीं अपितु **पातञ्जलयोगसूत्र** में वर्णित योगसाधना एवं परिभाषाओं की

---

१. आचारांगसूत्र १.६. १८१

२. भावणाजोगसुद्धप्पा, जले णावा व आहिया।
नावा व तीरसम्पन्ना, सव्वदुक्खाति उट्टइ ॥ सूत्रकृतांगसूत्र, प्रथम स्क० अ० १५ गा० ५

३. पंच आसवदारा पण्णता तं जहा-मिच्छत्तं, अविरई, पमायो, कसाया जोगा समवायांगसूत्र, समवाय-५

४. योगबिन्दु, योगदृष्टिसमुच्चय, योगशतक और योगविंशिका

तुलना करने तथा उनमें उपलब्ध साम्य को बतलाने का प्रयत्न भी उन्होंने किया है ?[1] आचार्य हरिभद्रसूरि ने योग की परिभाषा करते हुए बतलाया कि मोक्ष से जोड़ने वाला धर्म व्यापार ही योग है ।[2]

इसके बाद आचार्य हेमचन्द्र की अनुपम रचना **योगशास्त्र** आता है। **योगशास्त्र** में आचार्य हेमचन्द्र ने योग का स्वरूप प्रतिपादित करते हुए कहा है कि योग वह है जो धर्म, अर्थ काम और मोक्ष का कारण हो[3]। इस व्याख्या के अनुसार सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन और सम्यक्चारित्र रूप रत्नत्रय ही योग सिद्ध होता है। इसी रत्नत्रय को आचार्य उमास्वाति ने अपनी प्रसिद्ध रचना **तत्त्वार्थाधिगमभाष्य** में बहुत पहले ही मोक्ष का मार्ग घोषित किया था[4] जबकि इस विषय में मुनि मंगलविजय ने आचार्य हरिभद्र का ही अनुसरण किया है ।[5]

इसके अतिरिक्त दिगम्बर परम्परा के महान् आचार्य शुभचन्द्र ने भी **ज्ञानार्णव** नामक योग ग्रन्थ लिखा है जो योग परम्परा में विशिष्ट स्थान रखता है। आचार्य हेमचन्द्र के **योगशास्त्र** और **ज्ञानार्णव** में विषय साम्य और शब्द साम्य काफी मिलता है। अतः योग के लक्षण के विषय में इनमें समानता परिलक्षित होना स्वाभाविक है। जैसे आचार्य हेमचन्द्र ने मोक्ष को मुख्य पुरुषार्थ माना है ऐसे ही आचार्य शुभचन्द्र भी मोक्ष को प्रमुख पुरुषार्थ मानते है। अन्तर केवल इतना ही हैं कि आचार्य हेमचन्द्र

---

१. समाधिरेष एवान्यैः सम्प्रज्ञातोऽभिधीयते ।
सम्यक्प्रकर्षरूपेण वृत्त्यर्थं ज्ञानतस्तथा ।
असम्प्रज्ञात एषोऽपि समाधिर्गीयते परैः
निरुद्धाशेषवृत्त्यादि तत्स्वरूपानुवेधतः ॥ योगबिन्दु, श्लोक ४१९-२१

२. (क) मुक्खेण जोयणाओ, जोगो सव्वो वि धम्मवावारो । योगविंशिका, गा० १

(ख) अध्यात्मभावना ध्यानं समता वृत्तिसंक्षयम् ।
मोक्षेण योजनाद्योगः एष श्रेष्ठो यथोत्तरम् ॥ योगबिन्दु, श्लोक ३१

३. चतुर्वर्गेऽग्रणी मोक्षो, योगस्तस्य च कारणम् ।
ज्ञानश्रद्धानचारित्ररूपं, रत्नत्रयं च सः ॥ योगशास्त्र, अ० १, श्लोक १५

४. सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः । तत्त्वार्थसूत्र अ० १.१

५. धर्मव्यापारत्वं योगस्य लक्षणं विदुः । योग प्रदीप २.३

ने मोक्षप्राप्ति का कारण सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र को माना है जबकि आचार्य शुभचन्द्र ने मोक्ष प्राप्त कराने का साधन 'ध्यान' को स्वीकार किया है। वे कहते हैं कि—हे आत्मन्! तू संसार के दुःखों के विनाशार्थ ज्ञान रूपी सुधारस को पी और संसाररूपी समुद्र के पार होने के लिए ध्यान रूपी जहाज का अवलम्बन कर।[1]

इसके बाद उपाध्याय यशोविजय के योग ग्रन्थों पर हमारी दृष्टि जाती है। उपाध्याय यशोविजय का आगम ज्ञान, चिन्तन-मनन और योगानुभव विस्तृत एवं गम्भीर था। उन्होंने **अध्यात्मसार**, तथा **अध्यात्मोपनिषद्** आदि योगपरक ग्रन्थ लिखे हैं जिनमें जैन मान्यताओं का स्पष्ट एवं रोचक वर्णन करने के अतिरिक्त अन्य दर्शनों के साथ जैन-दर्शन की समानता का भी उल्लेख किया गया है।

उपाध्याय ने **अध्यात्मसार** ग्रन्थ के योगाधिकार प्रकरण में प्रमुख रूप से योग पर अपना चिन्तन प्रस्तुत किया है। यहां उन्होंने योग को चार भागों में बांटा है और उन्होंने पहले कर्मयोग फिर ज्ञानयोग और उसके बाद ध्यानयोग पर आरूढ होकर मुक्ति लाभ की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला है।[2]

(ख) योग विषयक वाङ्मय

भारतीय वाङ्मय में योग विषयक ओजस्वी विचार अपने मूलरूप में अत्यन्त प्राचीन है। सर्वप्राचीन ग्रन्थ **ऋग्वेद** में योग द्वारा प्राप्त अलौकिक शक्तियों का वर्णन, **कठ-तैत्तिरीय** आदि उपनिषदों में योग की परिभाषा, **महाभारत** और **गीता** जैसे दिव्य ग्रन्थों में वर्णित योग विषयक प्रचुर सामग्री को देखकर योग ध्यान-साधना की अतिव्यापकता एवं प्राचीनता का अनुमान सहज ही ज्ञात हो जाता है।

भारतीय साहित्य चाहे वह वैदिक हो या बौद्ध अथवा जैन सभी में

---

१. भवक्लेशविनाशाय पिब ज्ञानसुधारसम्।
कुरु जन्माब्धिमत्येतुं ध्यानपोतावलम्बनम्। ज्ञानार्ण० ३.१२

२. कर्मयोगं समभ्यस्य ज्ञानयोगसमाहितः।
ध्यानयोगं समारुह्य मुक्तियोगं प्रपद्यते॥ अध्यात्मसार, १४.८३

उपलब्ध योग सम्बन्धी प्रमुख ग्रन्थों का संक्षिप्त विवरण यहां प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है जिससे योग की परम्परा और उसके विकास क्रम का परिचय प्राप्त हो सकेगा।

१—वैदिक वाङ्मय में

जैसा कि नाम से ही ज्ञात होता है इस परम्परा के प्रमुख ग्रन्थ वेद हैं। वेदों में भी सब से प्राचीन **ऋग्वेद** है। फिर क्रमशः **यजुर्वेद, सामवेद** और **अथर्ववेद** आते हैं। तत्पश्चात् उपनिषद्, पुराण, महाभारत, गीता और इसके बाद बाकी सभी स्वतन्त्र योग परक ग्रन्थ समाहित होते हैं।

१—ऋग्वेद

इस विश्वविख्यात वेद ग्रन्थ में बीज रूप में अनेक योग परक मन्त्र मिलते हैं।[1] ऐसे ही **यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद** मे भी यत्र-तत्र योग सम्बन्धी उल्लेख प्राप्त होते हैं। वहां योगाभ्यास तथा योग द्वारा प्राप्त विवेकख्याति के लिए प्रार्थना की गयी है कि ईश्वर की कृपा से हमें योगसिद्धि, विवेकख्याति तथा ऋतम्भरा प्रज्ञा प्राप्त हो। वह ईश्वर अणिमा आदि सिद्धियों के साथ हमारी और आवे।[2]

वैदिक साहित्य में ही उपनिषदों का भी वैशिष्ट्य सर्व विख्यात है। यों तो उपनिषदों में योग शब्द, 'आध्यात्मिक' अर्थ में मिलता है[3] फिर भी विभिन्न उपनिषदों में योग एवं योग साधना का विस्तृत वर्णन किया गया है, जिसमें जगत् जीव और परमात्मा सम्बन्धी बिखरे हुए विचारों में योग की चर्चाएं अनुस्यूत हैं।[4]

---

१. स धानो योग आभुवत्। ऋग्वेद १.५.३
   (ख) स धीना योगमिन्वति। वही १.१८.७
   (ग) कदा योगो वाजिनो रासभस्य। वही, १.४.६
२. सामवेद, ३०१.२१०. ३; अथर्ववेद २०. ६६. १
३. (क) अध्यात्मयोगाधिगमेन देवं मत्वा धीरो हर्षशोकौ जहाति। कठोपनिषद्, १. २. २१
   (ख) तां योगमिति मन्यन्ते स्थिरामिन्द्रियधारणाम्। अप्रमत्तस्तदा भवति योगो हि प्रभवाप्ययौ॥ वही, २.३.११
४. तैत्तिरीयोपनिषद्, २.४

मैत्रेयी एवं श्वेताश्वतर आदि उपनिषदों में तो स्पष्ट और विकसित रूप में योग की भूमिका प्रस्तुत हुई है। यहां तक कि योग योगोचित्त स्थान, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और कुण्डलिनी आदि का विस्तार से वर्णन प्राप्त होता है। जिनमें केवल योग का ही वर्णन हुआ है, ऐसे उपषिदों की संख्या २१ है।[1]

२—पुराणों में

भागवतपुराण, स्कन्धपुराण, गरुड़पुराण और पद्मपुराण आदि में कई स्थलों पर योग की चर्चा हुई है। **भागवतपुराण** में तो स्पष्ट रूप से अष्टांग योग की व्याख्या, महिमा, तथा अनेक लब्धियों का वर्णन मिलता है।[2] **महाभारत** के विभिन्न पर्वों में योग के विभिन्न अंगों का विवेचन एवं विश्लेषण उपलब्ध होता है।[3]

३—गीता में

योग की व्यवस्थित एवं सांगोपांग भूमिका प्रस्तुत करने में श्रीमद् भगवत् **गीता** का अपना विशिष्ट स्थान है। **गीता** में विभिन्न योग पद्धतियों का संग्रह दिखाई पड़ता है, जिनका प्रमुख उद्देश्य एक है। इसमें कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग और समत्वयोग आदि का विशेष उल्लेख है।

---

१. (१) योगराजोपनिषद् (२) अद्वयतारकोपनिषद् (३) अमृतनादोपनिषद् (४) अमृतबिन्दूपनिषद् (५) मुक्तिकोपनिषद् (६) तेजोबिन्दूपनिषद् (७) त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् (८) दर्शनोपनिषद् (९) ध्यानबिन्दूपनिषद् (१०) नादबिन्दूपनिषद् (११) पाशुपतब्राह्मणोपनिषद् (१२) मण्डलब्राह्मणोपनिषद् (१३) महावाक्योपनिषद् (१४) योगकुण्डल्योपनिषद् (१५) योगचूडामण्युपनिषद् (१६) योगतत्त्व-उपनिषद् (१७) योगशिखोपनिषद् (१८) वाराहोपनिषद् (१९) शाण्डिल्योपनिषद् (२०) ब्रह्मविद्योपनिषद् (२१) हंसोपनिषद्।

२. भागवतपुराण, ३.२८; ११.१५; १९-२०

३. विस्तृत अध्ययन के लिए दे०-महाभारत, शान्तिपर्व, अनुशासनपर्व एवं भीष्मपर्व।

गीता में निषेधात्मक और विधेयात्मक दोनों ही प्रकार के योगों की चर्चा हुई है जैसे कर्मफल की इच्छा का न होना,[1] विषयों के प्रति आसक्त न होना, समत्वयोग[2] निष्कामता[3] आदि।

इस प्रकार गीता के अठारह अध्यायों में अठारह[4] प्रकार के योगों का उल्लेख है जिनमें अनेकविध साधनाएं बतलाई गई हैं जैसे सभी कार्य भगवान् को अर्पण करना[5] एवं अवस्थाओं में संतुष्टि[6] और मन को एकाग्र करना आदि।

समभावयोग

गीता के अनुसार विशेष प्रकार के कर्म करने की कुशलता, युक्ति अथवा चतुराई योग है।[7] जब आत्मा का आत्मा के द्वारा साक्षात्कार

---

१. कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भू मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि॥ गीता, २.४७ तथा ४.२०

२. योगस्थ कुरु कर्माणि संगं त्यक्त्वा धनञ्जय।
सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते॥ वही, २.४८

३. यस्य सर्वे समारम्भाः कामसंकल्पवर्जिताः। वही, ४.१९

४. (१) ज्ञानयोग ३.३; १३.२४ (२) भक्तियोग १४.२६ (३) आत्मयोग १०, ६८; ११.४७ (४) बुद्धियोग १०.१०, १८.५७ (५) सातत्ययोग १०.९ १२.१ (६) शरणागतियोग ९.३२, १८.६४ (७) नित्ययोग ९.२२ (८) ऐश्वरीय योग ९.५; ११.४ (९) अभ्यासयोग ८.८, १२.९ (१०) ध्यान योग १२.५२ (११) दुःखसंयोग-वियोग योग ६.२३ (१२) सन्यासयोग ६.२; ९.२८ (१३) ब्रह्मयोग ५.२१ (१४) यज्ञयोग ४.२८ (१५) आत्म-संयम योग ४.२७ (१६) देवयोग ४.२५ (१७) कर्मयोग ३.३, ५.२, १३.२४ (१८) समत्वयोग २, २८; ६.२९

५. ये तु सर्वाणि कर्माणि मयि संन्यस्य मत्परः।
अनन्येनैव योगेन मां ध्यायन्त उपासते॥ गीता १, २७

६. यत्रोपरमते चित्तं निरुद्धं योगसेवया।
यत्र चैवात्मनात्मानं पश्यन्नात्मनि तुष्यति॥ वही ६.२०

७. बुद्धियुक्तो जहातीह उभे सुकृतदुष्कृते।
तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम्॥ वही २.५०

होता है, उस समय मनुष्य को पूर्ण सन्तोष मिलता है और परम आनन्द की अनुभूति में वह लीन हो जाता है। इस अवस्था में स्थित होकर वह विचलित नहीं होता।[1] यही योगमुक्ति की पहचान है, जहां पहुंचकर सत्त्व सुख-दुःख, हानि, लाभ, सिद्धि-असिद्धि में समान रहता है। इसी समभाव का नाम योग है।[2]

इस प्रकार **गीता** में प्रत्येक योग का वास्तविक अथवा स्वरूप-भूत लक्षण वर्णित है और हर हालत में आत्म-संयम, कामना, त्याग, प्राणिमात्र से प्रेम और निंदा-स्तुति में समभाव आदि गुणों की अपेक्षा रखी गयी है फिर भी कर्म-योग, राजयोग, भक्तियोग, एवं ज्ञानयोग में क्रमशः कर्म, ध्यान, भक्ति एवं ज्ञान पर विशेष जोर दिया गया है।[3]

संक्षेप में **गीता** एक मानव जीवन का विधान है। यह बुद्धि के द्वारा सत्य का अनुसंधान है और सत्य को मनुष्य की आत्मा के अन्दर क्रियात्मक शक्ति देने का प्रयत्न भी है। इसलिए प्रत्येक अध्याय के उपसंहारपरक वाक्य से यह स्पष्ट हो जाता है, जो एक अनिश्चितकाल से प्राप्त होता आ रहा, वह यह कि यह एक योगशास्त्र है अथवा ब्रह्म सम्बन्धी दर्शनशास्त्र का धार्मिक अनुशासन शास्त्र मात्र।[4]

४—स्मृतियों में

सम्पूर्ण स्मृतियों को आचार-विचार एवं नीतियों की अमूल्य निधि कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी क्योंकि इनमें वैदिक परम्परा विहित समस्त आश्रमों[5] का विस्तृत वर्णन किया गया है। **याज्ञवल्क्य स्मृति, मनुस्मृति** आदि में साधकों के अनेक कर्त्तव्यों और गृहस्थों के सत्कर्मों की चर्चा मिलती है।[6]

---

१. गीता ६. २०-२१
२. वही २.४८, तथा ३.१६
३. दे० जैन योग का आलोचनात्मक अध्ययन, पृ० १८
४. (राधा०) भारतीय दर्शन, भाग-१, पृ० ४६१
५. चत्वारा: आश्रमा: ब्रह्मचारी-गृहस्थ-वानप्रस्थ-परिव्राजका:। वाशिष्ठस्मृति, पृ० २०६
६. संध्या स्नानं जपो होमस्त्राध्यायदेवतार्च्यनम्……षट् कर्माणि दिने दिने। पाराशरस्मृति, ३६

वर्णों तथा आश्रमों के सम्यक् धर्म का पालन करने से ही मोक्ष की उपलब्धि होती है।[1] इस अवस्था में साधक अपनी इन्द्रियों पर संयम भी रखता है जिससे उसकी सारी क्रियाओं का सम्पादन उचित रूप से होता है। यही कारण है कि गृहस्थाश्रम में भी धर्म पालन करने से मोक्ष प्राप्ति का विधान किया गया। यौगिक क्रियाओं के अभ्यास के द्वारा[2] इन्द्रियों पर[3] विजय प्राप्त करना यम-नियम एवं अहिंसा आदि क्रियाओं तथा योगाभ्यास से आत्मदर्शन[4] करना आदि इन प्राचीन स्मृतियों में योग सम्बन्धी सभी क्रियाओं का वर्णन मिलता है जिससे मोक्षलाभ होता है। अतः ये स्मृति ग्रन्थ मोक्ष के सोपान हैं।

योगवासिष्ठ

योगवासिष्ठ वैदिक संस्कृति का एक ऐसा प्राचीन ग्रन्थ है जिसमें प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से मुख्यतः योग का निरूपण हुआ है तथा उसकी कथाओं, उपदेशों और प्रसंगों आदि से संसार सागर से निवृत्त होने की भी युक्ति बतलायी गयी है।

इसमें मन का विस्तृत वर्णन है। मन को ही शक्तिशाली एवं पुरुषार्थ का सहायक माना गया है। यहां तक कि मन के ही पूर्ण शान्त होने पर ब्रह्मत्व की उपलब्धि होती है।[5] मन को शान्त करने के अनेक उपायों का भी उल्लेख किया गया है। यहां यह बतलाया गया है कि संकल्प करना ही मन का कार्य है। मन ही ऐसा शस्त्र है जिसके द्वारा

---

१. योगशास्त्रं प्रवक्ष्यामि संक्षेपात् सारमुत्तमम्।
यस्य च श्रवणाद् यान्ति मोक्षमेव मुमुक्षवः॥ हारीत स्मृति, ८.२

२. प्राणायामेन वचनं प्रत्याहारेण च इन्द्रियम्।
धारणाभिवशकृत्वा पूर्वं दुर्धर्षणं मनः॥ वही ८.४

३. अरण्यनित्यस्य जितेन्द्रियस्य सर्वेन्द्रियप्रीतिनिवर्तकस्य।
अध्यात्मचिन्तागतमानसस्यध्रुवा ह्यनावृत्तिमवेक्षकस्य॥
वासिष्ठस्मृति, २५८

४. इज्याचारदमाहिंसादानं स्वाध्यायकर्मणाम्।
अयं तु परमो धर्मो यद्योगेनात्मदर्शनम्॥ याज्ञवल्क्य स्मृति, ८

५. योगवासिष्ठ, ५.८, ६.९

सत्त्व कर्म-बन्धन में फँसता है और उसी के द्वारा वह उन कर्म बन्धनों की कड़ियों को तोड़कर मुक्ति रमा की प्राप्त करता है। अतः मन की पूर्णशान्ति का माध्यम योग ही है। मन के स्थिर होने पर साधक जागृति, स्वप्न, एवं सुषुप्ति से भिन्न तुरीयावस्था की स्थिति में पहुंचने में समर्थ होता है। इन्हीं अवस्थाओं का विस्तृत विवेचन **योगवासिष्ठ** में मिलता है।[१]

५—पातञ्जलयोगसूत्र

योग का व्यवस्थित एवं प्रामाणिक वर्णन करने का श्रेय महर्षि पतञ्जलि को ही जाता है। योगविद्या के प्रवर्तकों में महर्षि पतञ्जलि अग्रगण्य आचार्य है।

महर्षि पतञ्जलि ने अनेक प्राचीन ग्रन्थों में बिखरे हुए योग विषयक विचारों की अपनी असाधारण प्रतिभा के द्वारा सजा-धजा कर **योगसूत्र** नामक ग्रन्थ का प्रणयन किया। निःसन्देह यह ग्रन्थ उनकी उद्‌भट प्रतिभा और गम्भीर मेधाशक्ति का प्रतीक है।

योगसूत्र चार पादों में विभक्त है। प्रथम पाद में योग का लक्षण, उसक स्वरूप तथा उसकी प्राप्ति के उपायों का वर्णन है। द्वितीय पाद का नाम साधना पाद है। इसमें दुःखों के कारणों पर प्रकाश डाला गया है। तृतीय विभूति पाद में धारणा, ध्यान-समाधि एवं सिद्धियों का वर्णन है तथा चतुर्थ कैवल्य नामक पाद में चित्त का स्वरूप तथा कैवल्य प्राप्ति का प्रतिपादन किया गया है।

६—अद्वैतदर्शन में

भारतीय दर्शनों में वेदान्त दर्शन अपना विशिष्ट स्थान रखता है। यह दर्शन केवल सैद्धान्तिक ही नहीं, व्यवहारिक भी है। इसमें परम लक्ष्य मोक्ष प्राप्ति के लिए उन साधनों पर विचार किया गया है जो योग साधना के लिए अनिवार्य हैं।

अद्वैत वेदान्त के अनुसार माया के कारण ही जीव संसार में भ्रमण

---

१. वही, ४.१६,१५-१८; ५.७८.१०

करता है। आत्म दर्शन में मग्न रहकर तथा योग पर आरूढ होकर ही साधक इस भवसागर से पार हो सकता है।[1] ब्रह्मसूत्र के तीसरे अध्याय में आसन एवं ध्यान आदि योगाङ्गों का वर्णन किया गया है। इसी कारण इसका नाम साधना पाद रखा गया है।[2]

७—सांख्यदर्शन

पातञ्जलयोग सांख्य सिद्धान्त की नींव पर ही खड़ा है। दूसरे, सांख्यदर्शन में योग की महत्ता इससे भी सिद्ध है कि गीता के दूसरे अध्याय को सांख्ययोग ही कहा गया है। सांख्यसूत्र (सांख्यदर्शन) का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि वहां पर योग विषयक अनेक सूत्र हैं।[3]

८—वैशेषिकदर्शन में

वैशेषिकदर्शन के प्रणेता कणाद ने योग के अंग-यम-नियम ध्यान एवं धारणा आदि पर बहुत बल दिया है।[4] इतने से ही वैशेषिकदर्शन में योग की महत्ता सिद्ध हो जाती है।

९—न्यायदर्शन में

न्यायदर्शन में भी योग का समुचित वर्णन मिलता है।[5]

२—वैदिकतर वाङ्मय : बौद्ध

बौद्धधर्म में आत्मा को छोड़कर यदि कोई ऐसी वस्तु है, जो

---

१. उद्धरेदात्मनात्मानं मग्नं संसारवारिधौ।
योगारूढत्वमासाद्य सम्यग्दर्शननिष्ठया॥ विवेकचूडामणि, श्लोक ९

२. ब्रह्मसूत्र, ४.१.७-११

३. रागोपहतिर्ध्यानम्। सांख्यसूत्र ३.३
वृत्तिनिरोधात् तत् सिद्धिः। वही, ३.३१

४. अभिषेचनोपवासब्रह्मचर्य गुरुकुलवास वानप्रस्थ
यज्ञदानप्रोक्षणदिङ्नक्षत्रमन्त्रकालनियमाश्चादृष्टाय।
वैशेषिकद०, ६. २. २; ६. २.८

५. (क) समाधिविशेषाभ्यासात्। न्यायदर्शन. ४. २. ३६
(ख) अरण्यगुहापुलिनादिषु योगाभ्यासोपदेशः। वही, ४. २. ४०
(ग) तदर्थं यमनियमाभ्यासात्मसंस्कारो योगाच्चात्मविध्युपायैः॥
वही, ४. २. ४६

पुनर्जन्म करती है तो वह है एक मात्र सत्त्व का 'चित्त'। हम चाहे जिस नाम से भी पुकारें किन्तु बौद्धों ने इसके चित्त और चैतसिक भेद कर इन्हें अनेक भेदों में बांटा है। ८६ अथवा १२१ भेद तो चित्त के ही हैं और फिर ५२ प्रकार का चैतसिक होता है। ध्यान योग के क्षेत्र में चित्त की ११ वृत्तियों को आचार्यों ने अधिक महत्त्व दिया है।

१. विसुद्धिमग्ग

यह पालि साहित्य का एक अमूल्य ग्रन्थरत्न है। इसके लेखक आचार्य बुद्धघोष हैं, जिनका समय ईसा की चौथी शदी स्वीकार किया गया है। बुद्धघोष ने **विसुद्धिमग्ग** के अतिरिक्त प्रायः निखिल पालि साहित्य पर अट्ठकथाएं भी लिखी है।

विसुद्धिमग्ग का अर्थ निर्वाण प्राप्ति का पवित्र मार्ग है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि **विसुद्धिमग्ग** में आचार्य बुद्धघोष ने साधकों के लिए योगाभ्यास की युक्तियों को सरल एवं सुबोध भाषा में निबद्ध किया है। इसमें इतना मात्र ही नहीं है, गृहस्थों के लिए भी जगह-जगह पर इसमें सद्धर्म का उपदेश दिया गया है। बौद्ध-धर्म का ऐसा कोई अंग अवशिष्ट नहीं, जो **विसुद्धिमग्ग** में प्रतिपादित न किया गया हो। स्वयं बुद्धघोष कहते हैं कि चारों आगमों के बीच स्थित होकर यह **विसुद्धिमग्ग** उनके यथार्थ अर्थ को प्रकाशित करेगा।

विसुद्धिमग्ग की रचना बुद्धघोष ने सिंहल में जाकर की थी। यह दो गाथाओं पर आधारित है, वे हैं—

१—**प्रश्न रूप में**—अन्तो जटा बहि जटा, जटाय जटिता पजा।
तं तं गोतम पुच्छामि, को इमं विजट्ये जटं॥

२ **उत्तर में** —सीले पट्ठाय नरो सपञ्ञो चित्त पञ्ञञ्च भावयं।
आतापी निपको भिक्खु सो इमं विजट्ये जटं॥

इस तरह यह कृति बुद्धघोष के पाण्डित्य का निदर्शन है। यह पूर्णतः शील, समाधि और प्रज्ञा को विस्तार से ललित शैली में स्पष्ट करता है।

विसुद्धिमग्ग में २३ अध्याय हैं, जो तीन भागों में विभक्त हैं। प्रथम दो भागों में शील के भिन्न-भिन्न प्रकार और उसे उपार्जन करने के उपायों पर गहन चिन्तन किया गया है। ३-१३ परिच्छेदों में विसुद्धिमग्ग की उच्चतर सीढ़ियों का वर्णन है। इसे ही बौद्धों के यहां समाधि कहा गया है। १५-२३ परिच्छेदों में प्रज्ञा का निरूपण है। प्रज्ञा की परिभाषा करते हुए बतलाया गया है कि स्कन्ध, आयतन, धातु, इन्द्रिय, सत्य और प्रतीत्यसमुत्पाद ये सभी प्रज्ञा की भूमियां हैं।

२. अभिधम्मत्थसंगहो

यह ग्रन्थ रत्न भी पालि भाषा में निबद्ध है। इसके रचयिता बर्मा निवासी आचार्य अनिरुद्ध हैं। विद्वानों ने इनका समय चौथी शदी का उत्तरार्ध और पांचवी शदी का पूर्वार्द्ध स्वीकार किया है। अनुरुद्धाचार्य बुद्धघोष और वसुबन्धु के प्राय: समसामयिक हैं।

अभिधम्मत्थसंग्गहो का आधार बौद्ध धर्म का तृतीयपिटक अभिधम्म (अभिधर्म) पिटक है। इसी कारण उसे अभिधम्मपिटक का प्रवेश द्वार कहा गया है। इससे इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। इसका एक दूसरा महत्त्व और भी है और वह है कि बाद के आचार्यों ने इस पर टीका पर टीकाएं लिखीं हैं। इनकी संख्या लगभग १९ हैं, जिनमें से निम्न ११-१२ प्रमुख हैं। वे हैं—

(१) अभिधम्मत्थसंग्गह टीका
(२) अभिधम्मत्थविभावनी टीका
(३) अभिधम्मत्थसंग्गह सङ्क्षेप टीका
(४) परमत्थदीपिनी टीका
(५) अंकुर टीका
(६) नवनीत टीका
(७) अभिधम्मत्थ दीपक
(८) विभावनी टीका
(९) परमत्थसरूपभेदनी
(१०) अभिधम्मत्थसंग्गहभाषा टीका
(११) अभिधम्मत्थग हत्थदीपनी
(१२) अभिधम्मत्थप्रकाशिनी टीका

अभिधम्मत्थसंगहो की शैली सरल एवं सुललित है। इसका मुख्य विषय चित्त, चैतसिक, रूप और निर्वाण है जिनका वर्णन ग्रन्थ के प्रारम्भिक छः परिच्छेदों में मिलता है। बाद के तीन परिच्छेदों मे बौद्ध धर्म के कतिपय जटिल प्रश्नों का समाधान किया गया है। इन परिच्छेदों के नाम हैं—चित्तसंग्रह, चैतासिकसंग्रह, पण्णिकसंग्रह, वीथिसंग्रह, वीथिमुक्त संग्रह, रूपसंग्रह, समुच्चयसंग्रह, प्रत्ययसंग्रह तथा कर्म स्थान-संग्रह। इस तरह अभिधर्म के समस्त तत्त्वों, धर्मों को इनमें कहीं संक्षप म तो कहीं विस्तार से समझाया गया है। बौद्धदेशों में अभी भी ज्ञानाभ्यास का प्रारम्भ **अभिधम्मत्थसंगहो** से ही कराया जाता है। जैसे भारत में गीता घर-घर पढ़ी जाती है वैसे ही बर्मा में **अभिधम्मत्थसंगहो** का महत्त्वपूर्ण स्थान है। यही सब इस कृति की महत्ता प्रगट करते हैं।

३. अभिधर्मकोश

अभिधर्मकोश हीनयान और महायान को जोड़ने वाला बौद्धों का महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। कुछ विद्वानों के अनुसार यह वैभाषिकों का प्रतिनिधित्व करता है जबकि कुछ एक के मत में यह सर्वास्तिवाद के सिद्धान्तों का प्रतिपादक प्रौढ़ ग्रन्थ है। इस अनुपम रचना के रचयिता विश्वख्याति प्राप्त विद्वान् आचार्य वसुबन्धु हैं। आप अपने समय में अपने विषय के सूक्ष्म ज्ञाता रहे हैं।

प्रारम्भ में आपका जीवन वैभाषिक बौद्धों की सेवा में बीता और बाद में आप अपने बड़े भाई असंग के प्रभाव से योगाचार बौद्धमत में में दीक्षित हो गए। आपका समय चौथी शताब्दी स्वीकार किया जाता है।

आपकी प्रमुख दो रचनाओं—**अभिधर्मकोश** एवं **विज्ञप्तिमात्रता-सिद्धि** ने आपको विद्वद् जगत में सर्वाधिक यश दिलाया है। अभिधर्मकोश और विज्ञप्तिमात्रतासिद्धि का महत्त्व इससे और भी बढ़ जाता है कि बाद के अनेक आचार्यों ने इन पर भाष्य एवं टीकाएं लिखी हैं।

अभिधर्मकोश पर स्वयं वसुबन्धु ने भाष्य भी लिखा है। इस तरह **अभिधर्मकोशभाष्य** आपकी प्रसिद्ध रचना है। अनन्तर छठी एवं ७वीं शदी के दो चीनी विद्वानों—परमार्थ और ह्वेनसांग ने इस पर पृथक्-

पृथक् अनुवाद लिखे। इसके बाद आचार्य यशोमित्र ने **अभिधर्मकोश-भाष्य** पर एक विस्तृत व्याख्या **अभिधर्मकोशभाष्य** व्याख्या नामक ग्रन्थ लिखा, जो भाष्य के साथ पहले जापान से प्रकाशित हुआ है। पश्चात् १९७२ में वाराणसी से श्रीद्वारिकादास शास्त्री ने इसे पुनः सम्पादित किया है। **अभिधर्मकोशभाष्य** अपने मूल में १९६७ में जायसवाल रिसर्च इन्स्टीट्यूट पटना से भी प्रकाशित हुआ है। इसके सम्पादक प्रह्लाद प्रधान हैं।

अभिधर्मकोशभाष्य में कुल मिलाकर ६०० कारिकाएं हैं। इन्हें आठ परिच्छेदों में बांटा गया है। धातु, इन्द्रिय, लोक, कर्म, अनुशय, ज्ञान, पुद्गल और ध्यान इन विषयों पर इसमें विस्तार से तर्क सम्मत अध्ययन किया गया है। लगता है यह ग्रन्थ अत्यन्त गूढ़ है कारण कि अभी तक इसका देवनागरी में अनुवाद नहीं किया जा सका।

४. अभिधर्मदीप

यह विशाल काय विभाषा ग्रन्थ अभिधर्मकोश को आधार बनाकर लिखा गया है। इसके लेखक आचार्य दीपाकर हैं जिनका समय ४५०-५५० के मध्य माना जाता है। आचार्य दीपाकर ने अभिधर्मदीप पर स्वयं एक व्याख्या अथवा वृत्ति भी लिखी थी। इसी वृत्ति के साथ इस ग्रन्थ का पूरा नाम **अभिधर्मदीपवृत्ति** मिलता है।

इस ग्रन्थ की खोज पं० राहुल सांकृत्यायन ने अपनी तिब्बत की यात्रा के दौरान की थी जो मूल रूप में आज भी बिहार रिसर्च इंस्टीट्यूट पटना में सुरक्षित है। विस्तृत भूमिका के साथ इसे सम्पादित कर डा० पद्मनाभ जैनी ने १९५७ में उक्त शोध संस्थान से ही प्रकाशित कराया है।

इस गन्थ में ५९७ कारिकाएं और आठ अध्याय हैं। स्कन्ध, आयतन, धातु, इन्द्रिय, लोक, कर्म, अनुशय, मार्ग, ज्ञान और समाधि इन विषयों का इसमें विस्तार से सम्यक् विवेचन किया गया है। इसके अतिरिक्त अभिधर्मदीप में महापुरुष के ३२ लक्षणों तथा ८० अनुव्यञ्जनों का भी वर्णन मिलता है। यही इसकी अपनी विशेषता भी है।

५. अर्थविनिश्चयसूत्र

इस ग्रन्थ की उपलब्धि भी स्व० पं० राहुल सांकृत्यायन को ही हुई थी। इसका मूल लेखक अज्ञात है किन्तु ८वीं शताब्दी के नालन्दा बिहार के प्रौढ़ भिक्षु एवं आचार्य वीरश्रीदत्त ने इस पर निबन्धन नामक टीका लिखी है। इसके दो प्राचीन संस्करण भी मिलते हैं। दोनों की भाषा तिब्बती है। पहला तिब्बती व्याख्या के साथ मिलता है जबकि दूसरे में तिब्बती अनुवाद के साथ संस्कृत व्याख्या भी है।

अर्थविनिश्चयसूत्र के प्रतिपादन की अपनी शैली है। प्रारम्भ में प्रतिपादित किए जाने वाले विषयों की सूची दी गई है। फिर उनका एक के बाद एक प्रश्न करके विशेष व्याख्यान किया गया है। उदाहरण के लिए भिक्षुओ ! पाँच स्कन्ध उपादान कौन से हैं ? जैसे कि वे हैं—रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार एवं विज्ञान।

इसमें प्रतिपादित विषय हैं—स्कन्ध, उपादानस्कन्ध, धातु, आयतन, प्रतीत्यसमुत्पाद, आर्यसत्य, इन्द्रिय, ध्यान, आरूप्यसमापत्ति, ब्रह्मविहार, प्रतिपत्, समाधि, स्मृत्युपस्थान, सम्यक्प्रहाण, ऋद्धिपाद, पञ्चेन्द्रिय, बल, बोध्यङ्ग, अष्टाङ्गिकमार्ग, आनापानस्मृति, स्रोत-आपत्ति, तथागतबल, वैशारद्य, प्रतिसवित्, आवेणिकधर्म, महापुरुषलक्षण और अनुव्यञ्जन।

यह गन्थ निबन्धन टीका के साथ डा० एन० एच० सान्तानी के द्वारा सम्पादित होकर १९७० में जायसवाल शोध संस्थान पटना से प्रकाशित हुआ है।

६. अभिधर्मामृत

यह अनुपम कृति सम्राट् कनिष्क कालीन आचार्य घोषक की एक मात्र रचना है। **अभिधर्मामृत** अभिधर्म का सार है, जो मूलरूप में चीनी अनुवाद में थी। इस रचना का निबन्धन आचार्य घोषक ने कहां बैठकर किया, कहना कठिन है। सन् १९५३ में विश्वभारती शान्ति निकेतन से प्रकाशित तथा भिक्षुशान्ति शास्त्री द्वारा सम्पादित यह ग्रन्थ चीनी संस्करण का संस्कृत रूपान्तर है। विषय वस्तु के विभाजन एवं उसके वर्गीकरण करने की शैली अभिधर्मामृत की अपनी विशेषता है। कुछ

हमें **अभिधर्मकोश** में ज्यों के त्यों मिल जाते हैं जबकि कतिपय विषयों का प्रतिपादन पालि महावग्ग से मिलता जुलता है। विषय प्रतिपादन यद्यपि संक्षिप्त है, फिर भी धर्मों की संख्या एवं गणना में पूर्ण साम्य है। इसमें १५ अध्याय हैं, जिनमें दानशील, लोक, धातु एवं गति, स्थित्याहभव, कर्म, उसके भेद, स्कन्ध, धातु, आयतन, संस्कार, प्रतीत्यसमुत्पाद, अनुशय, अनास्रव, पुद्‌गल, ज्ञान, ध्यान, संकीर्ण समाधियां, बोधिपाक्षिकधर्म चार आर्यसत्य और मिश्रकसंग्रह मुख्य हैं। इसमें शीर्षक के अनुरूप ही विषय का विस्तार से विवेचन किया गया है। ध्यान एवं चित्त की वृत्तियों का अध्ययन १० से १३ तक के अध्यायों में किया गया है।

७. अभिधर्मसमुच्चय

अभिधर्मसमुच्चय की भी अपनी नवीन शैली है। प्रायः जो **अर्थविनिश्चयसूत्र** से मिलती-जुलती है। यह संस्कृत भाषा में निबद्ध है। सम्पादन भी प्रह्लाद प्रधान ने किया है और यह रचना १९५० में शान्ति निकेतन से प्रकाशित की गई है। इस ग्रन्थ की खोज करने वाले भी बौद्ध विद्वान् राहुल सांकृत्यायन हैं। इसके चीनी और तिब्बती ऐसे दो अनुवाद भी मिलते हैं। चीनी भाषा का अनुवाद ७वीं शदी में ह्वेनसांग ने किया था तथा तिब्बती भाषा में अनुवाद ज्ञानमित्र ने। कुछ विद्वान् इसका पांचवा परिच्छेद प्रक्षिप्त मानते हैं।

अभिधर्मसमुच्चय में कुल पाँच परिच्छेद हैं। प्रथम के तीन भाग हैं इसे त्रिधर्म परिच्छेद कहा गया है। स्कन्धधातु तथा उनके विकल्पों, विविध नयों सम्प्रयोगों पर प्रकाश डाला गया है। इसके बाद समन्वयांगम परिच्छेद है, जो विनिश्चय समुच्चय कहा गया है। दूसरे परिच्छेद में आर्यसत्यों का वर्णन है। तीसरे धर्मविनिश्चय परिच्छेद में द्वादशांग प्रवचन है। इसमें प्रतीत्यसमुत्पाद की परिचर्चा की गई है। चतुर्थ में प्राप्ति विनिश्चय पुद्‌गल और अभिसमय व्यवस्थान का प्रतिपादन मिलता है। अन्तिम पांचवा सांक्थय विनिश्चय परिच्छेद है जिसमें तर्कशास्त्र के वाद, जल्प-वितण्डा आदि पर संक्षेप में प्रकाश डाला गया है।

८. ललितविस्तर

ललितविस्तर नववैपुल्य सूत्रों में से एक है। यह महायान बौद्धों

का पूज्य ग्रन्थ है। इसका दूसरा नाम महाव्यूह भी मिलता है। इसकी रचना प्रथम शदी ईसा पूर्व मानी जाती है। इसका चीनी अनुवाद ३०० ई० में हुआ था। सन् १६७५ में इसके कुछ अध्यायों का अनुवाद अंग्रेजी विद्वान् लोफमान ने किया था जो वर्लिन से प्रकाशित हुआ है। इसी के १५ अध्यायों का अंग्रेजी अनुवाद भारतीय विद्वान् डा० राजेन्द्र लाल मित्रा ने सन् १८८१-१८८६ के मध्य किया था। सन् १८८४-१८९२ के बीच एनल द मूसें गिने फ्रेंच विद्वान् ने इसका फ्रेंच अनुवाद कर छः जिल्दों में प्रकाशित कराया था। डा० पी० एल० वैद्य ने दरभंगा से **ललितविस्तर** का देवनागरी में सम्पादन कर मूल रूप में उसे प्रकाशित कराया है, जो उपलब्ध होता है और कतिपय विश्वविद्यालयों में पढ़ाया भी जाता है।

ललितविस्तर में भगवान् बुद्ध के अवतरण एवं उनकी पृथ्वी पर की गयी ललित क्रीड़ाओं का मिश्रित संस्कृत भाषा में विस्तार से वर्णन किया गया है। वैसे तो यह पद्यमय रचना है फिर भी इसमें पुरानी परम्परा का भी दर्शन होता है। बीच-बीच में गाथाएं भी पायी जाती हैं। गौतम बुद्ध की प्रारम्भिक ध्यान साधना इसमें द्रष्टव्य है।

९. दशभूमीश्वरसूत्र

यह रचना भी नववैपुल्यों में से एक है। धर्मरक्षक ने २९७ ई० में दशभूमीश्वर का चीनी अनुवाद किया था। इस ग्रन्थ में बोधिसत्व की साधना पर प्रकाश डाला गया है। बोधिसत्व की साधना दशभूमियों पर आधारित है। वे भूमियां हैं—प्रमुदिता, विमला, प्रभाकरी, अर्चिष्मती, सुदुर्जया, अभिमुखी, दूरङ्गमा, अचला, साधुमती और धर्ममेघा। ध्यान साधना के क्षेत्र में दशभूमीश्वर का अपना महत्व है। इसका देवनागरी संस्करण दरभंगा से प्रकाशित हुआ है।

१०. समाधिराज सूत्र

यह रचना भी महायानी है और यह भी नववैपुल्यों में गिनी जाती है। इसका अपरनाम **चन्द्रप्रदीप** भी मिलता है। योगाचार की दृष्टि से इसमें विभिन्न समाधियों पर विस्तार से अध्ययन किया गया है। समाधि का चरमोत्कर्ष उसके सर्वज्ञत्व की प्राप्ति में होता है। यह ग्रन्थ भी दरभंगा से प्रकाशित हुआ है। सम्पादक डा० पी० एल० वैद्य हैं।

११. बोधिचर्यावतार

इसकी भी गणना नववैपुल्यों में की जाती है। इस कृति के लेखक ७वीं शदी के आचार्य शान्तिदेव हैं। सन् १९०२ में इसका पहला रूसी संस्करण निकला था। वारनेट ने इसका अंग्रेजी में अनुवाद किया था। इसी का सन् १९०२ में ही लावाले पुसे ने पेरिस से फ्रेंच अनुवाद भी प्रकाशित किया था। इसी संस्करण में प्रज्ञाकरमति द्वारा इस पर कृत पञ्जिका टीका भी प्रकाशित की गई थी। इस ग्रन्थ पर इटालियन और जर्मन अनुवाद भी मिलते हैं।

यह महायान का आचार ग्रन्थ है। बोधिसत्व के आदर्श के जानने के लिए यह अनुपम रचना है। इसमें १९ परिच्छेद हैं। बोधिसत्व का स्वरूप उनकी चर्चा तथा उनकी विनय शीलता आदि का बहुत ही सांगोपांग वर्णन किया गया है। बोधि का अर्थ **'निर्मलज्ञान, अथवा प्रज्ञा'** है। यही बोधिसत्व का एक मात्र लक्ष्य है। बोधिसत्व परार्थी होता है, दूसरों को कष्टों में देखकर उसका हृदय करुणा से आप्लावित हो जाता है। वह उमके दुःखों को भोगने के लिए नरक में भी रहना पसन्द करता है। इन सबके पीछे उनका एक मात्र उद्देश्य होता है, सर्वज्ञत्व की उपलब्धि करना, जो योग साधना के बिना प्राप्त नहीं हो सकती। शून्यवाद के रहस्य को जानने के लिए यह ग्रन्थ विशेष महत्त्व रखता है। इसका देव नागरी संस्करण भी उपलब्ध है।

१२. शिक्षासमुच्चय

यह आचार्य शांतिदेव की दूसरी रचना है। इसका ८१६-८३८ ई० के बीच तिब्बती अनुवाद किया गया था। इसका सन् १८९७ में रूसी संस्करण भी निकला था। इसके अतिरिक्त एक अन्य संस्करण १९०२ और १९२२ में अंग्रेजी अनुवाद के साथ प्रकाशित किया गया था।

इस ग्रन्थ में १९ परिच्छेद और २६ कारिकाएं है। इसमें ऐसे भी कतिपय ग्रन्थों का उल्लेख मिलता है जो आज लुप्त प्राय: हैं। बोधिसत्व की ध्यान साधना पर इसमें विस्तार से प्रकाश डाला गया है। महायान दर्शन के अध्ययन के लिए यह नितान्त भजनीय है।

१३. बुद्धचरित

इसके रचनाकार प्रथम शदी के बौद्धदार्शनिक अश्वघोष हैं। इनकी अब तक उपलब्ध तीन कृतियों में बुद्धचरित विशिष्ट है। यह महाकाव्य है जो संस्कृत के महाभारत और रामायण के बाद गिना जाता है किन्तु दुर्भाग्य यह है कि यह विद्वानों की दृष्टि में पूरा का पूरा अभी तक उपलब्ध नहीं हो सका। प्रथम सर्ग का ३-५ भाग, २ से १३ तथा १४वें सर्ग का १-२ भाग में यह मिलता है। वैसे तो कुछ समय पूर्व प्रो० चौधरी द्वारा जॉन्सन के अंग्रेजी संस्करण के आधार पर २८ सर्गों का एक हिन्दी संस्करण मूल के साथ प्रकाशित किया गया है। बुद्धचरित में बुद्ध के जन्म से लेकर निर्वाण प्राप्ति तक का साङ्गोपांग वर्णन किया गया है, जो साधना-बोध के लिए उपयोगी है।

जैन वाङ्मय

आध्यात्मिक दृष्टि से प्राचीन जैन आगमों की भारतीय वाङ्मय में महत्त्वपूर्ण देन रही है। प्रायः सभी आगमों में साधक की जीवन चर्या एवं योग साधना विषयक दिशानिर्देश और नियमोपनियमों का विस्तार से वर्णन हुआ है। सभी विद्याओं के बीज जो कुछ अन्यत्र नहीं मिलते, मूल रूप से जैन आगमों में एकत्र प्राप्त होते हैं क्योंकि जैन परम्परा निवृति प्रधान और अधिक प्राचीन है। इसमें मुनि के आचार-विचार एवं व्यवहार तथा आत्मविकास का अंगोपांग सहित विश्लेषण किया गया है। मुनि को ही दूसरे शब्दों में योगी कहा जाता है। अतः योग सम्बन्धो चर्चा और योग के विकास का वर्णन प्रचुर रूप से जैन आगमों में उपलब्ध होता है।

जब जैन वाङ्मय पर विचार किया जाता है तब हम पाते हैं कि उसकी आचार भूत भित्ति तो आध्यात्मिक ही है। क्या योग अथवा ध्यान याकि समाधि सभी विषयों पर जितना गहन चिन्तन जैन वाङ्मय में किया गया है उतना अन्यत्र मिलना दुर्लभ है।

जैन धर्म-दर्शन यद्यपि निवृत्ति प्रधान है फिर भी वह सत्वों की प्रवृत्ति पर भी उतना ही बल देता है जितना कि निवृत्ति पर किन्तु सत्व तो अधिकांश प्रवृत्ति की ओर उन्मुख होते हैं, निवृति की ओर उतना नहीं कारण कि जैन दर्शन की निवृत्ति मार्ग भी अपनाना अधिक सरल

नहीं जितना कि निवृत्ति प्रधान अन्य वैदिक दर्शन पाये जाते हैं।

५. हते निष्पीडिते ध्वस्ते जन्तुजाते कदर्थिते।
स्वेन चान्येन यो हर्षस्तद्धि सा रौद्रमुच्यते॥ ज्ञाना० २६.४

वाले, असत्यभाषी, झूठी गवाही देने वाले, असत्य से सम्बन्धित जितने भी कार्य हैं, उनमें मन लगाकर यह सोचना कि मैं किस प्रकार का झूठ बोल कर, अपना स्वार्थ सिद्ध करूं और लोगों में निर्दोष भी कहला सकूँ इत्यादि रूपों को धारण करने वाला मृषानुबन्धी दूसरे प्रकार का रौद्र-ध्यान है।[1]

जो मनुष्य कल्पनाओं के समूह से पाप रूपी मैल से मलिन चित्त होकर कुत्सित चेष्टाएं करें, उसे निश्चय करके मृषानन्द नामक रौद्र-ध्यानी बतलाया गया है।[2] मृषानन्दी सत्त्व मनोवाञ्छित फल प्राप्ति के लिए झूठ को सत्य बतलाकर लोगों को ठगता है और अपने को दूसरों से चतुर समझता है।

(३) चौर्यानन्द रौद्रध्यान

तीव्र क्रोध, द्वेष, लोभ आदि के वशीभूत होकर परद्रव्य हरण करने के लिए उपाय सोचना, चोरी के संकल्प से लेकर चोरी करने तक जितनी भी क्रियाएं प्रक्रियाएं हैं वे सभी चौर्यानन्द रौद्रध्यान के अन्तर्गत आती हैं। किसी के अधिकार वाली वस्तु का अपहरण करना चोरी है, ऐसी चेष्टाओं वाले चिन्तनमनन को स्तेयानुबन्धी या चौर्यानन्द रौद्रध्यान कहते हैं[3] और जो चोरी के कार्यों के उपदेश के आधिक्य से युक्त है अथवा चौर्यकर्म में चातुर्य एवं चोरी के कार्यों में ही दत्तचित्त है वह चौर्यानन्द रौद्रध्यान है।[4]

(४) विषय संरक्षणानुबन्धी रौद्रध्यान

इन्द्रियों के विषयों शब्द आदि की लालसाओं का पूर्ण करने के

---

१. ध्यान शतक, गा० २०

२. असत्यकल्पनाजालकश्मली कृतमानसः ।
चेष्टते यज्जनस्तद्धि मृषारौद्रं प्रकीर्तितम् ॥ ज्ञाना०, २६.१६

३. दे० स्थानांगसूत्र १२ पर व्याख्या, पृ० ६८१, भगवतीसूत्र, शतक २५ उद्दे०७ पर भाष्य तथा दे० औपपातिक सूत्र, तपोधिकार
तथा-तह तिव्वकोहलहाउलस्समूओव धायणमणज्जं ।
परदव्वहरणचित्तं परलोयावायनिरवेक्ख ॥ ध्यान शत०, गा २१

४. चौर्योपदेशबाहुल्यं चातुर्यं चौर्यकर्मणि ।
यच्चौर्यैकपरं चेतस्तच्चौर्यानन्द इष्यते ॥ ज्ञाना०, २६.२४

लिए भोग्य पदार्थों का जुटाना, उन्हें सुरक्षित रखने के लिए भोगों के प्रधान साधन रूप धन की रक्षा करना, परिग्रह में लीन रहना, नीति-अनीति, न्याय-अन्याय आदि की उपेक्षा करके धन-संग्रह करने की चिन्ता करना, सभी को शंका की दृष्टि से देखना जो-जो उस धन के भागीदार हैं, उनसे द्वेष करना, इत्यादि रूपों में किया गया चिन्तन ही विषय संरक्षानुबन्धी रौद्रध्यान है।[1] क्रूर परिणामों से युक्त होकर तीक्ष्ण अस्त्र-शस्त्र से शत्रुओं को नष्ट करके, उनके ऐश्वर्य तथा सम्पत्ति को भोगने की इच्छा रखना अथवा शत्रु से भयभीत होकर अपने धन, स्त्री, पुत्र राज्यादि के संरक्षार्थ भांति-भांति की चिन्ता करना ही विषय संरक्षणानुबन्धी रौद्रध्यान है।[2]

इस प्रकार रौद्रध्यानी सर्वदा अपध्यान में लीन रहता है और दूसरे प्राणियों को पीड़ा पहुंचाने के उपाय सोचता रहता है। फलतः वह भी दूसरों के द्वारा पीड़ित होता है, ऐहिक परलौकिक भय से आतंकित होता है। अनुकम्पा से रहित, नीचकर्म में निर्लज्ज एवं पाप में आनन्द मनाने वाला होता है। इस तरह यह रौद्रध्यान संसार का मूल तथा नरक गति का कारण है।[3]

रौद्रध्यान के लक्षण

शास्त्रकारों ने रौद्रध्यानी के चार लक्षण बतलाए हैं[4]—

---

१. स्थानांगसूत्र १२ पर व्याख्या, पृ० ६८१, भगवतीसूत्र, शतक २५, उद्दे० ७ पर व्याख्या, औपपातिकसूत्र, तपोधिकार
तथा—सदाइविसयसाहणधणसारक्खणपरायणमणिट्ठं।
सव्वाभिसंकणपरोवधायकलुसाउलं चित्तं। ध्यान श०, गा० २२

२. आरोप्य चापं निशितैः शरैर्निकृत्य वैरिव्रजमुद्धताशम्।
दग्ध्वा पुरग्रामवराकराणि प्राप्स्येऽहमैश्वर्यमनन्यसाध्यम्॥ ज्ञाना० २६ ३०-३३

३. रोद्दज्झाणं संसारवद्धणं नरयगइमूले॥ ध्यान शतक, गाथा २४

४. रुद्दस्सणं झाणस्स चत्तारिलक्खणापण्णता तं जहा-ओसण्णदोसे, बहुदोसे, अन्नाणदोसे, आमरणंतदोसे। स्थानां०, प्र०उ०, सूत्र १२
भगवतीसूत्र उद्दे० ७, शतक २५; तथा—
लिंगाइतस्स उस्सण्ण बहुलनानाविहामरण दोसा।
तेसिंचिय हिंसाइस बाहिरकरणोवउत्तस्स॥ ध्यान श०, गा० २६

(१) रौद्रध्यानी की प्रवृत्ति हिंसादि पांच आस्रवों में पाई जाती है। जिसकी प्रवृत्ति दोषों के सेवन में लगी हुई है और जिसमें प्रायः द्वेष अर्थात् दूसरों को मारने अथवा उन्हें किसी न किसी तरह नुकसान पहुंचाने की तीव्र इच्छा रहती है।

(२) रौद्रध्यानी की प्रवृत्ति दोषों में बहुलता होने के कारण उसमें पापों की अधिकता पाई जाती है।

(३) रौद्रध्यानी की प्रवृत्ति अज्ञानमयी होती है क्योंकि कुशास्त्रों के अध्ययन से उसके ऐसे ही संस्कार बन जाते हैं।

(४) यह रौद्रध्यानी स्वकृत पापों का अन्त तक प्रायश्चित नहीं करता। यही रौद्रध्यानी के चार लक्षण हैं किन्तु आचार्य शुभचन्द्र क्रूरता, दण्ड, पारुष्यता, वञ्चकता और कठोरता ये चार रौद्रध्यान के लक्षण मानते हैं।[1]

रौद्र ध्यानी की लेश्याएं

इस ध्यानी के परिणाम चूंकि क्रूर होने हैं अतः इसकी लेश्याएं भी अप्रशस्त अर्थात् कृष्ण नील और कापोत होती हैं।[2] रौद्रध्यान प्रायः पंचम गुणस्थान पर्यन्त पाया जाता है।[3] यह क्षायोपशमिकभाव है इसका काल अन्तर्मुहूर्त पर्यन्त होता है। इस ध्यान का आधार (object) सदैव खोटी वस्तु ही होती है।[4]

आर्त एवं रौद्र दोनों ही ध्यान निन्दनीय हैं। ये प्रायः आरम्भ परिग्रह और कषायों से मलिन अन्तःकरण वाले ग्रहस्थों में स्वभावतः

---

१. क्रूरता दण्डपारूष्यं वञ्चकत्वं कठोरता।
निस्त्रिंशत्वं च लिङ्गानि रौद्रस्योक्तानि सूरिभिः॥ ज्ञाना० २६.३७

२. कापोय-नील-कालालेस्साओ तिव्वसंकिलिट्ठाओ।
रोद्दज्झाणोवगयस्स कम्मपरिणाम जणियाओ। ध्यान श०, गा २५
तथा—कृष्णलेश्याबलोपेतं श्वभ्रपातफलाङ्कितम्।
रौद्रमेतद्धि जीवानां स्यात्पञ्चगुणभूमिकम्॥ ज्ञानार्णव, २६.३६

३. अविरय देसासंजय जणमणसंसेवियमहण्णं। ध्यान शत०, गा० १३

४. क्षायोपशमिको भावः कालश्चान्तर्मुहूर्तकः।
दुष्टाशयवशादेतदप्रशस्तावलम्बनम्॥ ज्ञानार्णव, १६.३९

पाये जाते हैं।[1] कभी-कभी ये यति-मुनियों में भी पूर्व कर्म के उदय से पाये जाते हैं। बाहुल्य से ये संसार के कारण हैं।[2] ये दुर्ध्यान हैं, जो जीवों के अनादि काल के संस्कार से बिना ही यत्न के स्वतः निरन्तर उत्पन्न होते हैं।[3] अतः दोनों ही सयत्न त्याज्य हैं।

३. धर्म ध्यान

धर्म का चिन्तन ही धर्मध्यान है। तब प्रश्न उठता है कि धर्म किसे कहते हैं ?

धर्म का स्वरूप

धर्म शब्द का प्रयोग भारतीय वाङ्मय में अनेक अर्थों में किया गया है। **अथर्ववेद** में इसका प्रयोग धार्मिक क्रियाओं और संस्कारों से उत्पन्न होने वाले गुण के अर्थ में मिलता है।[4] **छान्दोग्योपनिषद्** में धर्म-शब्द का प्रयोग आश्रमों में विलक्षण कर्त्तव्यों की ओर संकेत करता है।[5] **महाभारत** के अनुशासन पर्व में[6] अहिंसा के लिए और वनपर्व में[7] आनृशंस्य के लिए **परम धर्म** शब्द का उल्लेख किया गया है। **मनुस्मृति** में आचार को ही धर्म माना गया है।[8]

धर्म शब्द की निष्पत्ति संस्कृत की 'धृ' धारणे धातु से हुई है।[9]

---

१. इत्यार्त्तरौद्रे गृहिणामजस्रं ध्याने सुनिन्द्ये भवतः स्वतोऽपि।
परिग्रहारम्भकषायदोषैः कलङ्किते‌ऽन्तःकरणे विशङ्कम् ॥
वही, २६.४१

२. क्वचित्क्वचिदमी भावाः प्रवर्त्तन्ते मुनेरपि।
प्राक्कर्मगौरवाच्चित्रं प्रायः संसारकारणम् ॥ वही, २६.४१

३. वही, २६.४३

४. अथर्ववेद. ९.१७

५. छान्दोग्योपनिषद्, १.१३

६. महाभारत, अनुशासनपर्व ११५.१

७. वही, वनपर्व, ३७३.७३

८. आचारः प्रथमो धर्मः। मनुस्मृति, १.१०८

९. धारणात् धर्म इत्याहुः। वाल्मीक रामायण ७.५

इसका अर्थ होता है—धारण करना।[1] कुछ विद्वान् इसे 'धृ' धरणे धातु से निष्पन्न मानते हैं, जिसका अर्थ हैं—धरना अर्थात् जैसे एक वस्तु को किसी स्थान से उठाकर दूसरे स्थान पर धर देना धर्म है, उसी प्रकार संसार के प्राणियों को बुरी गति में जाने से जो बचाता है या दुःखों से छुटकारा दिलाता है, साथ ही उत्तम सुख की प्राप्ति भी जो कराता है अथवा उच्चगति में ले जाता है, वह धर्म ही तो है।[2]

धर्म गिरे हुए जीवों को उठाकर उन्नत या उच्च स्थान पर स्थापित करता है। इसी लिए यह धर्म है। इस पर जब गहराई से विचार करते हैं तो ज्ञात होता है कि धारण करने और धरने में कोई तात्त्विक अन्तर नहीं हैं, अपितु ये दोनों ही एक दूसरे पर निर्भर हैं। धर्म में दोनों ही बातें आ जाती हैं। जो जीव संसार के दुःखों में उलझ कर पतित बना पड़ा है, वह यदि उनसे छुटकारा चाहता है तो वह धर्म को धारण करेगा और धर्म भी उसे पतित स्थान से उठाकर उत्तम सुख वाले स्थान में पहुंचा देगा।

इस संसार में जितने भी जीव हैं वे भी सभी दुःखी हैं। अतः सभी कोई ऐसा स्थान चाहते हैं जहां पर थोड़ासा भी दुःख न हो। ऐसे अभीष्ट स्थान पर जो जीव को पहुंचाता है, वही धर्म है।[3]

---

१. दे० धर्मदर्शन मनन और मूल्यांकन, पृ० ५

२. यस्माज्जीवं नरकतिर्यग्योनिकुमानुषदेवत्वेषु प्रपतन्तं धारयतीति धर्मः। उक्त च दुर्गतिप्रसृतान् जीवान् यस्माद्धारयते यतः।
धत्ते चैतान् शुभस्थाने तस्माद् धर्म इति स्थितः। दशवैका०, जिन० चूर्णि, पृ० १५
देशयाभि समीचीनं धर्मं कर्मनिवर्हणम्,
संसार दुःखतः सत्वान् यो धरत्युत्तमे सुखे॥ रत्नकरण्डक श्रावकाचार, श्लोक १.२

३. (क) इष्टे स्थाने धत्ते इति धर्मः। सर्वार्थसिद्धि, ९.२
(ख) धर्मो नीचैः पदादुच्चैः पदे धरति धार्मिकम्।
तत्राजवञ्जवो नीचैः पदमुच्चैस्तदव्ययः॥ पंचाध्य०, उत्तरार्ध, श्लोक श्लोक ७१५
(ग) धत्ते नरकपाताले निमज्जज्जगतां त्रयम्।
योजयत्यपि धर्मोऽयं सौख्यमत्यक्षमङ्गिनाम्॥ ज्ञाना०, धर्म भावना, २.१२ पृ० ४६
(घ) महापुराण, २.२७
(च) तत्त्वार्थवार्तिक, ९.२.३

प्रवचनसार की तात्पर्याख्यावृत्ति[1] के कर्त्ता के अनुसार धर्म वह है—'जो मिथ्यात्व, राग आदि में हमेशा सँसरण कर रहे भवसंसार से जो प्राणियों को ऊपर उठाता है और विकार रहित शुद्ध चैतन्यभाव में परिणत करता है।' **परमात्मप्रकाशकार** के अनुसार धर्म जीव को मिथ्यात्व, रागादि परिणामों से बचाता है और उसे अपने निजी शुद्धभाव में पहुंचा देता है[2] जिससे सत्त्व अहर्निश कल्याण मार्ग में संलग्न रहता है।

महापुराण[3] और **चारित्रसार**[4] में भी धर्म के विषय में यही आशय प्रकट किया गया है। **द्रव्यसंग्रह** की टीका में भी ऐसा ही मिलता है।[5]

जैन आचार्यों ने धर्म का स्वरूप बताते हुए कहा है कि धर्म उत्कृष्ट मंगल है और वह अहिंसा, संयम और तप रूप है।[6] जबकि तीर्थंकरों ने धर्म को दश लक्षण वाला बतलाया है। वे हैं—उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन और ब्रह्मचर्य।[7] इन धर्मों पर वृत्ति लिखते हुए आचार्य अभयदेव ने जो व्याख्या की है, वह भी उपर्युक्त चर्चा की पुष्टि करती है।[8] **समवायांगसूत्र**[9] और **तत्त्वार्थ**-

१. मिथ्यात्वरागादिसंसरणरूपेण भावसंसारे प्राणिनमुद्धृत्य निर्विकारशुद्धचैतन्ये धरतीति धर्मः। प्रवचनसार, तात्पर्याख्यावृत्ति, ७.६

२. भाव विसुद्धणु अप्पाणउ धम्मभणे विणु लेहु।
चणइदुक्खहं जो धरइ जीव पडंतउएहु ॥ परमात्म प्र०, २.६८

३. महापुराण, २.३७

४. चारित्रसार, गा० ३

५. निश्चयेन संसारपतन्तमात्मानं धरतीति विशुद्धज्ञान-दर्शनलक्षण-निजशुद्धात्मा भावनात्मभावनात्मको धर्मः। व्यवहारेण तत्साधनार्थदेवेन्द्रादिवन्द्यपदे धरतीत्युत्तमक्षमादिदशप्रकारो धर्मः। द्रव्यसंग्रह, टीका, पृ० ३५

६. धम्मो मंगलमुकिट्ठं अहिंसा संयमो तवो। दशवै०का० १.१

७. दसविहे समणधम्मे पण्णत्ते तं जहा-खंती, मुत्ती, अज्जवे, मद्दवे, लाघवे, सच्चे, संजमे, तवे, चियाए, बंभचेरवासे ॥ स्थानांगसूत्र १०.१६

८. खंतीयमद्दवज्जव मुत्ती तव संजमे य बोद्धव्वे।
सच्चं सोयं आकिंचण बंभं च जइ धम्मो। स्थानांगसूत्र वृत्ति पत्र १८३

९. दसविहे समण धम्मे पण्णत्ते, तं जहां-खंती, मुत्ती, अज्जवे,
मद्दवे, लाघवे, सच्चे, संजमे, तवे, चियाए बंभचेरवासे ॥ समवायांग १०

सूत्र[1] में भी ऐसा ही मिलता है।

स्वामि कार्तिकेय ने अपने ग्रंथ **स्वामीकार्तिकेयानुप्रेक्षा** में पूर्व कथित दश लक्षण रूपधर्म से भिन्न परिभाषा दी है। उनके अनुसार वस्तु का जो स्वभाव है वही धर्म है। क्षमा आदि दश प्रकार के भाव धर्म है। रत्नत्रय (सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र) धर्म है और जीवों की रक्षा करना भी धर्म है।[2] इस प्रकार सत्वों का जो स्वभावरूप सदाचरण है वही वास्तविक धर्म है।

वत्थु सुहावो धम्मो, खमादि दस विहो धम्मो रयणत्तयं च धम्मो और **जीवाणं रक्खणं धम्मो** में अलग-अलग जिन भावों की अभिव्यक्ति की गई है, वे सब इसमें समाहित हो जाते हैं। आत्मा का अपना जो मूल स्वभाव है, उसके जो निजी परिणाम है, उस स्वभावरूप परिणमन को चारित्र में प्रतिफलित होना बतलाया गया है। इसलिए चारित्र ही धर्म है—**चारित्तं खलु धम्मो**।[3]

रयणत्तयं च धम्मो जिस दृष्टि से कहा गया है वह धर्म के व्यवहारिक-सांसारिक दृष्टिकोण को लक्षित करता है। ऐसे ही **जीवाणं रक्खणं धम्मो** भी व्यवहारिक दृष्टिकोण को ही अभिव्यक्त करता है। और **चरित्तं खलु धम्मो** की दृष्टि निश्चयात्मक और आध्यात्मिक धरातल पर खड़े रहने वाले की दृष्टि है अर्थात् नीचे से ऊपर की ओर देखने से **रयणत्तयं च धम्मो** का कथन किया गया है, जबकि ऊपर से देखने वाली दृष्टि से **चरित्तं खलु धम्मो** का कथन किया गया है। इस प्रकार ये चाहे देखने में भिन्न प्रतीत होते हैं फिर भी तात्त्विक दृष्टि से इनमें कोई अन्तर नहीं है। संक्षेप में कहा जा सकता है कि मानव का आचरण ही धर्म है।

धर्म ध्यान का अधिकारी

यह प्रशस्त ध्यान माना गया है कारणकि इस ध्यान से जीव का

---

१. उत्तमः क्षमामार्दवार्जवशौचसत्यसंयमतपस्त्यागाकिञ्चन्यब्रह्मचर्याणि धर्मः। तत्त्वार्थसूत्र, ९.६

२. धम्मो वत्थु सुहावो खमादिभावो य दसविहो धम्मो।
रयणत्तयं च धम्मं जीवाणं रक्खणधम्मो॥ स्वामिकार्ति०, ४.७८

३. दे० प्रवचनसार, गा० ७

उत्थान होता है और आत्म चिन्तन की ओर प्रवृत्त होने से रागभाव का उपशम होता है। अतः यह आत्मविकास का प्रथम सोपान है। स्थानांग-सूत्र में इस ध्यान को श्रुत, चारित्र और धर्म से युक्त बतलाया गया है।[1] धर्मध्यान उसमें होता है जो दशविध धर्मों का पालन करता है तथा प्राणियों की रक्षा करने के लिए सदा तत्पर रहता है।[2] प्रमाद से रहित तथा जिनका मोह क्षीण होने लगा है ऐसे ज्ञानी ही धर्मध्यान का अधिकारी है।[3]

धर्मध्यानी के लिए ध्याता, ध्येय, ध्यान उसका फल, स्वामी, ध्यान का स्थान, काल और अवस्था, ध्यान योग्य मुद्राओं को अच्छी प्रकार समझ लेना चाहिए।[4]

निर्विघ्न ध्यान देश, काल एवं परिस्थति के अनुसार सम्पादित होता है[5] और इसके लिए ज्ञान, दर्शन, चारित्र और वैराग्य उपेक्षित है जिनसे सहज मन को स्थिर किया जाता है, कर्मास्रव अवरुद्ध होता है ओर वीतराग भाव को प्राप्त किया जाता है। आचार्य शुभचन्द्र[7] और हेनचन्द्र ने[8] ध्यान की सफलता के लिए मैत्री, प्रमोद, कारुण्य और माध्यस्थ इन चार भावनाओं का चिन्तन उपयोगी बतलाया है।

धर्मध्यान की सिद्धिहेतु आवश्यक निर्देश

ध्यान की सिद्धि के लिए विभिन्न निर्देश प्राचीन आचार्यों ने दिए हैं—जैसा कि 'ध्याता ऐसी जगह कभी ध्यान न करे जहां स्त्री, पशु व

---

१. स्थानांगसूत्र ४.२४७
२. तत्त्वार्थाधिगमसूत्र, स्वोपज्ञ भाष्य ६.२६
३. दे० ध्यानशतक, गा० ६३
४. तत्त्वानुशासन, श्लोक ३७
५. वही, श्लोक ३८-३९
६. ध्यानशतक, गाथा ३०-३४
७. चतस्रो भावना धन्याः पुराणपुरुषाश्रिताः।
मैत्र्यादयश्चिरं चित्ते विधेया धर्मस्य सिद्धये॥ ज्ञानार्णव, २७.४
८. मैत्रीप्रमोदकारुण्य माध्यस्थानि नियोजयेत्।
धर्मध्यानमुपस्कर्तुं तद्धि तस्य रसायनम्॥ यो० शा०, ४.११७

क्षुद्र प्राणी आदि हों। वह साधक ऐसे निर्जन स्थान पर चला जाए, जहां किसी भी प्रकार की बाधा की सम्भावना न हो और वह किसी भी जगह दिन अथवा रात्रि में ध्यान करने के लिए बैठ सके।[2] यह भी निर्देश है कि ध्यान का आसन सुखदायक होना चाहिए जिससे ध्यान में स्थिरता बनी रहे।[3]

धर्म ध्यान की विधि

ध्याता पुरुष जब ध्यान करने के लिए उद्यत हो तब उसे इन बातों का भी ध्यान रखना चाहिए—

(१) ऐसे आरामप्रद आसन पर बैठे कि जिससे लम्बे समय तक बैठने पर भी मन विचलित न हो।

(२) दोनों ओंठ मिले हुए हों।

(३) दोनों नेत्र घ्राण के अग्र भाग पर स्थापित हों।

(४) दांत इस प्रकार रखें कि ऊपर के दांतों के साथ नीचे के दांतों का स्पर्श न हो।

(५) मुख मण्डल प्रसन्न हो।

(६) पूर्व या उत्तर दिशा में मुख हो।

(७) प्रमाद से रहित हो।

(८) मेरुदण्ड को सीधा रखकर सुव्यवस्थित आकार से बैठें।[4]

ध्यान बैठकर, लेटकर अथवा खड़े होकर किसी भी आसन में किया

---

१. तत्त्वानुशासन, श्लोक ९०-९५

२. कालोऽवि सोच्चिय जहिं जोगसमाहाणमुत्तमं लहइ।
न उ दिवसनिसावेलाइ नियमणं झाइणो भणियं॥ ध्यानश०, गा० ३८

३. जायते येन येनेह विहितेन स्थिरं मनः।
तत्तदेव विधातव्यमासनं ध्यानसाधनम्॥ यो० शा०, ४.१३४

४. सुखासनसमासीनः सुश्लिष्टाधरपल्लवः।
नासाग्रन्यस्तदृग्द्वन्द्वोदन्तैर्दन्तान् संस्पृशन्॥
प्रसन्नवदनः पूर्वाभिः मुखो वाप्युदङ्मुखः।
अप्रमत्तः सुस्थानो ध्याता ध्यानोद्यतो भवेत्॥ वही, ४.१३५-१३६

जा सकता है।[1] साधक समस्त चिन्ताओं से मुक्त होकर आत्म स्वरूप में लीन हो जाए। यह नहीं सम्भव है जहाँ शोरगुल झगड़ा और दूषित वातावरण न हो तथा ऐसा स्थान निर्जन, पहाड़, गुफा आदि ही हो सकता है।[2]

धर्मध्यान के भेद-प्रभेद

शास्त्रकारों ने धर्म ध्यान के प्रमुख चार भेद बतलाए हैं[3], यहां पर क्रमशः उनका विवेचन किया जाता है।

१. आज्ञाविचय धर्मध्यान

प्रमाणपूर्वक बोध कराने वाले प्रवचन को 'आज्ञा' कहते हैं और अर्थों का निर्णय करना 'विचय' कहलाता है। आज्ञा द्वारा पदार्थों के स्वरूप से परिचित होना और अरिहन्त भगवान् की आज्ञा को सत्य मानकर दृढ़ श्रद्धा के साथ तत्त्वों का चिन्तन-मनन करने के लिए मनोयोग लगाना आज्ञाविचय धर्मध्यान है।[4] इस प्रकार से इस ध्यान में मुख्यतः सर्वज्ञ वचनों का आलम्बन लिया जाता है और मन को सूक्ष्म से

---

१. जच्चिय देहावत्था जियाणझाणोवरोहिणी होई।
   झाइज्जा तदवत्थो ठिओ निसण्णो निवण्णो वा॥ ध्यान श०, गा० ३९

२. रागादिवागुराजालं निकृत्याचिन्त्यविक्रमः।
   स्थानामाश्रयते धन्यो विविक्तं ध्यानसिद्धये॥ ज्ञानार्णव, २७.२०
   तथा—तीर्थं वा स्वस्थताहेतु यत्तद्वा ध्यानसिद्धये।
   कृतासनजयो योगी विविक्तं स्थानमाश्रयेत्॥ यो० शा०, ४.१२३

३. दे० भगवतीसूत्र, शतक २५, उद्दे० ७, स्थानांगसूत्र ४० उ० सूत्र १२;
   औपपातिकसूत्र तपोधिकार।
   तथा—(क) आज्ञापायविपाकानां संस्थानस्य च चिन्तनात्।
   इत्थं वा ध्येयभेदेन धर्मध्यानं चतुर्विधम्॥ यो० शा०, १०.७
   (ख) आज्ञापायविपाकानां क्रमशः संस्थितेस्तथा।
   विजयो यः पृथक् तद्धि धर्मध्यानं चतुर्विधम्॥ ज्ञाना० ३३.५
   तथा—तत्त्वानुशासन, श्लोक ९८

४. दे० (क) स्थानांगसूत्र, पर व्याख्या, पृ० ६८४
   (ख) योगशास्त्र ४.८-९
   (ग) ज्ञानार्णव, अ० ३०

सूक्ष्मता की ओर बढ़ाया जाता है।

२. अपायविचय धर्मध्यान

संसार में जितने भी अनर्थ होते हैं। उन सब का मूल कारण राग, द्वेष, कषाय, प्रमाद, आसक्ति एवं मिथ्यात्व है। इन राग-द्वेषादि दोषों से छुटकारा पाने के लिए मनोयोग लगाना 'अपायविचय' धर्मध्यान है।[1] योगशास्त्र के अनुसार राग-द्वेष से उत्पन्न दुर्गति के कष्टों का चिन्तन 'अपायविचय' धर्मध्यान है।[2] इस ध्यान में कर्मों के विनाश के उपायों पर सोचा जाता है।[3]

३. विपाकविचय धर्मध्यान

निश्चयनय की दृष्टि से आत्मा का स्वरूप विशुद्ध निर्मल, सत्, चित् और आनन्द रूप है, किन्तु कर्मों के कारण आत्मा के वे गुण दब जाते हैं। कर्मफल का अवसर आने पर उसके विषय में शास्त्र निर्दिष्ट सिद्धान्तों के अनुरूप चिन्तन करना, कर्म सिद्धान्त में उपयोग लगाना एवं जिस रूप में विपाक का उदय हो रहा हो उसके मूल का अन्वेषण करना विपाकविचय धर्मध्यान है।[4] 'विपाक' शब्द कर्मों के शुभ-अशुभ फल के उदय का द्योतक है। अतः कर्मों की विचित्रता अथवा कर्मफल के क्षण-क्षण में उदित होने की प्रक्रियाओं के बारे में विचार करना विपाकविचय धर्मध्यान है[5] अभिप्राय यह है कि इस ध्यान में द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की दृष्टि से चिन्तन किया जाता है कि उदय, उदीरणा कैसे और

---

१. स्थानांगसूत्र, पृ० ६८४

२. रागद्वेषकषायाद्यैर्जायमानान् विचिन्तयेत्।
यत्रापायांस्तदपायविचयध्यानमिष्यते। यो० शा०, १०.१०

३. अपायविचयं ध्यानं तद्वदन्ति मनीषिणः।
अपायः कर्मणां यत्र सोपायः स्मर्यते बुधैः॥ ज्ञानार्णव, ३४.१

४. दे० स्थानांगसूत्र, पृ० ६८१

५. स विपाकः इति ज्ञेयो यः स्वकर्मफलोदयः।
प्रतिक्षणसमुद्भूतश्चित्ररूपः शरीरिणाम्॥ ज्ञानार्णव, ३५.१
तथा—प्रतिक्षणसमुद्भूतो यत्र कर्मफलोदयः।
चिन्त्यते चित्ररूपैः स विपाकविचयोदयः॥ यो० शा०, १०.१२

किस कारण से होती है तथा उनको नष्ट कैसे किया जा सकता है ।[1]

४. संस्थानविचय धर्मध्यान

लोक, द्वीप, समुद्र, द्रव्य, गुण-पर्याय, जीव आदि सभी पदार्थ किसी न किसी संस्थान अर्थात् आकार को लिए हुए हैं । संस्थान रहित अर्थात् निराकार कुछ भी नहीं है, लोक के अन्तर्वर्ती सभी पदार्थ संस्थान वाले हैं, उनका चिन्तन करना अथवा पिण्डस्थ, पदस्थ, रूपस्थ इनमें से किसी एक में मनोयोग देना संस्थानविचयधर्मध्यान है ।[2]

अनादि अनन्त किन्तु उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य परिणामी स्वरूप वाले लोक की आकृति का जिस ध्यान में विचार किया जाता है वह संस्थानविचय धर्मध्यान है ।[3] इस ध्यान में संसार के नित्य-अनित्य पर्यायों का चिन्तन होने से वैराग्य की भावना दृढ़ होती है और साधक शुद्ध आत्म स्वरूप की ओर बढ़ता है ।

किसी भी कार्य में सफलता के लिए अभ्यास नितान्त अपेक्षित है । ध्यान की सफलता के लिए भी अभ्यास की महती आवश्यकता है । ध्यान में सफलता के लिए पहले किसी स्थूल पदार्थ को आलम्बन बनाया जाता है फिर भी साधक स्थूल से सूक्ष्म की ओर बढ़ता है[4] ।

आलम्बन को ही दूसरे शब्दों में ध्येय कहा जाता है । ध्येय के चार भेद किए गए हैं—

---

१. कर्मजातं फलं दत्तं विचित्रमिह देहिनाम् ।
आसाद्य नियतं नाम द्रव्यादिकचतुष्टयम् ॥ ज्ञानार्णव, ३५.२

२. दे० स्थानांगसूत्र, पृ० ६८४

३. अनाद्यनन्तस्य लोकस्य स्थित्युत्पत्तिव्ययात्मनः ।
आकृतिं चिन्तयेत् यत्र संस्थानविचयस्तु सः ॥ यो० शा०, १०-१४
तथा, ज्ञानार्णव, अध्याय ३६

४. (क) अलक्ष्यं लक्ष्यसम्बन्धात् स्थूलात् सूक्ष्मंविचिन्तयेत् ।
सालम्बाच्च निरालम्ब तत्त्ववित् तत्त्वमञ्जसा ॥ ज्ञाना०, ३३,४
(ख) स्थूले वा यदि वा सूक्ष्मे साकारे वा निराकृते ।
ध्यानं ध्यायेत स्थिरं चित्तं एकप्रत्ययसंगते ॥ योगप्रदीप, श्लोक १३६

(१) पिण्डस्थ, (२) पदस्थ (३) रूपस्थ और (४) रूपातीत।[1] इन्हें ही संस्थानविचय ध्यान के चार भेद बतलाया गया है।[2]

(१) पिण्डस्थध्यान

पिण्ड का अर्थ है—शरीर। इसका अभिप्राय है—शरीर के विभिन्न अंगों पर मन को केन्द्रित करना। **योगशास्त्र** तथा **ज्ञानार्णव** के अनुसार इसके पांच भेद हैं—

> (१) पार्थिवी, (२) आग्नेयी (३) वायवी, (४) वारुणी और (५) तत्त्ववती।[3] इन्हें धारणा भी कहा जाता है।

इन पांच धारणाओं के माध्यम से साधक उत्तरोत्तर आत्मकेन्द्रित ध्यान में स्थित होता है।

(१) पार्थिवी[4]

सर्वप्रथम साधक को पार्थिवी धारणा में हम जिस पृथ्वी पर रहते हैं उसका नाम तिर्यग्लोक अथवा मध्यलोक है। मध्य लोक एक रज्जु, प्रमाण विस्तृत है। इस मध्यलोक के बराबर लम्बे चौड़े क्षीरसागर में जम्बूद्वीप के बराबर एक लाख योजनविस्तार वाले और एक हजार पंखुड़ियों वाले कमल का चिन्तन करना चाहिए। उसके बाद उसके मध्य में केसराएं हैं और उसके अन्दर देदीप्यमान पीली प्रभा से युक्त मेरु पर्वत के बराबर एक लाख योजन ऊंची कर्णिका है, ऐसा चिन्तन करना

---

१. पिण्डस्थं च पदस्थं रूपस्थं रूपवर्जितम्।
चतुर्धा ध्येयमाम्नातं ध्यानस्यालम्बनं बुधैः॥ यो० शा०, ७.८
तथा योगसार, श्लोक ९८

२. पिण्डस्थं च पदस्थं च रूपस्थं रूपवर्जितम्।
चतुर्धा ध्यानमाम्नातं भव्यराजीवभास्करैः॥ ज्ञाना०, ३७.१

३. पार्थिवी स्यादथाऽऽग्नेयीमारुतीवारुणी तथा।
तत्त्वभूः पञ्चमी चेति पिण्डस्थे पञ्च धारणा॥ यो० शा०, ७.९
तथा—पार्थिवी स्यात्तथाग्नेयी श्वसना वाथ वारुणी।
तत्त्वरूपवती चेति विज्ञेयास्ता यथाक्रमम्॥ ज्ञानार्णव, ३७.३

४. दे० योगशा० ७.१०-१२; ज्ञानार्णव, ३७.४-९; योग प्रदीप, २०.४,५,८

चाहिए। उस कर्णिका के ऊपर एक उज्ज्वल सिंहासन है और उस सिंहासन के ऊपर आसीन होकर कर्मों का समूल-उन्मूलन करने में उद्यत अपने आपका चिन्तन करना चाहिए। चिन्तन की इस प्रक्रिया को पार्थिवी धारणा और पिण्डस्थ ध्यान कहते हैं।

(२) **आग्नेयीधारणा**[1]

इस धारणा के विषय में बतलाया गया है कि साधक नाभि के भीतर सोलह पंखुड़ी वाले कमल का चिन्तन करें और तत्पश्चात् उस कमल की कर्णिकाओं पर अर्हं महामन्त्र की स्थापना करके उसकी प्रत्यक पंखुड़ी पर क्रमशः अ, आ आदि सोलह स्वरों को स्थापित करना चाहिए। फिर ऐसा चिन्तन करे कि उस महामन्त्र से धुंआ निकल रहा है तथा अग्नि की ज्वाला ऊपर उठ रही है। इसके बाद हृदय में आठ पंखुड़ी से युक्त अधोमुख कमल की अर्थात् अष्ट कर्मों की कल्पना करे। पुनः उसे चिन्तन करना चाहिए कि नाभिस्थित कमल से उठी प्रबल ज्वालाओं से वे कर्म नष्ट हो रहे हैं और 'र' से व्याप्त हासिया चिन्ह से युक्त धूम रहित अग्नि प्रज्वलित है, ऐसा चिन्तन करे।

इसके बाद वह चिन्तन करे कि देह एवं कर्मों को दग्ध करके अग्नि दाह का अभाव होने के कारण धीरे-धीरे वह शान्त हो रहा है। शरीर से बाहर तीन कोण वाले स्वस्तिक से युक्त और अग्निबीज 'रेफ' से युक्त जलते हुए वह्निपुर का चिन्तन उसे करना चाहिए। अनन्तर शरीर के अन्दर महामन्त्र के ध्यान से उत्पन्न हुई शरीर की ज्वाला से तथा बाहर की वह्निपुर की ज्वाला से देह और आठ कर्मों से बने कमल को तत्काल भस्म करके अग्नि को शान्त कर देना चाहिए। इस तरह के चिन्तन को 'आग्नेयीधारणा' कहते हैं।

---

१. विचिन्तयेत्तथानाभौ कमलं षोडशच्छदम्।
कर्णिकायां महामन्त्रं प्रतिपत्रं स्वरावलिम्॥
रेफबिन्दु कलाक्रान्तं महामन्त्रे यदक्षरम्।
तस्य रेफाद्विनिर्यान्तीं शनैर्धूमशिखां स्मरेत्॥ यो० शा०, ७.१३-१४ तथा १५-१८
तथा—ततोऽसौ निश्चलाभ्यासात्कमलं नाभिमण्डले।
स्मरत्यतिमनोहारि षोडशोन्नतपत्रकम्॥
रेफरुद्धं कलाबिन्दुलाञ्छितं शून्यमक्षरम्।
लसदिन्दुच्छटाकोटिकान्ति व्याप्तहरिन्मुखम्॥ ज्ञानार्णव, ३७.१० एवं १२ तथा अधिक के लिए दे० वही, गा० १८-१९

(३) वायवीधारणा[1]

इस धारणा में साधक पूर्व वर्णित आग्नेयी धारणा के पश्चात् समग्र तीनों लोकों को भरने वाले, पर्वतों को चलायमान करने वाले और समुद्र को क्षुब्ध करने वाले प्रचण्ड पवन का चिन्तन करता है और इसके बाद वह आग्नेयीधारणा में देह और अष्ट कर्मों के जलने पर जो राख बनी थी उसे उड़ा देने का चिन्तन करता है। अपने दृढ़ अभ्यास से वह उस पवन को शान्त भी कर देता है जिससे चिन्तन एवं ध्यान में और साधुता आती है। वही वायवीधारणा है।

(४) वारुणीधारणा

वारुणीधारणा में अमृत-सी वर्षा करने वाले मेघों से व्याप्त आकाश का चिन्तन किया जाता है। अनन्तर 'अर्ध चन्द्राकार कलाबिन्दु से युक्त वरुण बीज 'वं' से उत्पन्न हुए अमृत के समान जल से आकाश-तल भर गया है तथा पहले जो राख उड़ी थी वह इस जल से धुल कर साफ हो रही है' ऐसा साधक चिन्तन करता है।

इस प्रकार इस अमृत वर्षा का चिन्तन होना ही वारुणीधारणा है।[2]

---

१. ततस्त्रिभुवनाभोगं पूरयन्तं समीरणम्।
चालयन्तं गिरीनब्धीन् क्षोभयन्तं विचिन्तयेत्॥
तच्चभस्मरजस्तेनशीघ्रमुद्धूयवायुनां।
दृढाभ्यास: प्रशान्तिं तमानयेदिति मारुती॥ योगशास्त्र ७.१९,२०
तथा—विमानपथमापूर्य संचरन्तं समीरणम्।
स्मरत्यविरतं योगी महावेगं महाबलम्॥
चालयन्तं सुरानीकं ध्वनन्तं त्रिदशाचलम्।
दारयन्तं घनव्रातं क्षोभयन्तं महार्णवम्॥ ज्ञानार्णव, ३७,२०-२१
तथा दे० गा० २२-२३

२. (क) स्मरेद्वर्षत्सुधासारैर्घनमालाकुलं नभ:।
ततोऽर्धेन्दु समाक्रान्तं मण्डलं वारुणांकितम्॥ यो० शा० ७.२१
तथा २२

(ख) वरुण्यां स हि पुण्यात्मा घनजालचितं नभ:।
इन्द्रायुधतडिद्गर्जच्चमत्काराकुलं स्मरेत्॥ ज्ञाना० ३७.२४ तथा
दे० अधिक के लिए २५, २६-२७

(५) तत्त्ववतीधारणा

इसमें सात धातुओं से रहित चन्द्रमा के समान उज्ज्वल तथा सर्वज्ञ के समान शुद्ध आत्म स्वरूप का चिन्तन करना बतलाया गया है। पुनः सिंहासनस्थ अतिशयों से युक्त महिमासम्पन्न अपने शरीर में स्थित निराकार आत्मा का चिन्तन करना चाहिए। यही तत्त्ववती धारणा है। इस पिण्डस्थ ध्यान का अभ्यास करने वाला योगी मोक्ष के अनन्त सुख को प्राप्त करता है।[1]

इन धारणाओं से युक्त पिण्डस्थ ध्यान का अभ्यास करने वाले साधक पर दुष्ट विधाएं उच्चाटन मारण आदि का कोई प्रभाव नहीं होता और शाकिनी, पिशाच आदि शक्तियां भी उसके समक्ष निस्तेज हो जाती हैं। दुष्ट हाथी, सिंह आदि हिंसक प्राणी भी उस साधक पर घात करने में असमर्थ रहते हैं।[2]

पदस्थध्यान

इस ध्यात के अन्तर्गत साधक अपने को बार-बार एक ही केन्द्र पर स्थिर करता है और मन को अन्य विषयों से पराङ्मुख बनाकर केवल सूक्ष्म वस्तु को ध्यान का विषय बनाता है। अपनी रुचि तथा अभ्यास के अनुसार मन्त्राक्षर पदों का आलम्बन करके जो ध्यान किया जाता है,

---

१. (क) सप्तधातुविनाभूतं पूर्णेन्दुविशदद्युतिम्।
सर्वज्ञकल्पमात्मानं शुद्धबुद्धिः स्मरेत्ततः॥ यो० शा०, ७.२३ तथा २४-२५

(ख) सप्तधातुविनिर्मुक्तं पूर्णचन्द्रामलत्विषम्।
सर्वज्ञकल्पमात्मानं ततः स्मरति संयमी॥ ज्ञाना०, ३७.२८ तथा अधिक के लिए दे० गा० २९-३०

२. (क) अश्रान्तमितिपिण्डस्थे कृताभ्यासस्य योगिनः।
प्रभवन्ति न दुर्विधा मन्त्रमण्डलशक्तयः॥ यो० शा० ७.२६ तथा २७-२८

(ख) विद्यामण्डलमन्त्रयन्त्रकुहककूराभिचाराः क्रियाः,
सिंहाशीविषदैत्यदन्तिशरभा यान्त्येव निःसारताम्।

(ग) शाकिन्यो ग्रहराक्षसप्रभृतयो मुञ्चन्त्यसद्वासनां।
एतद्ध्यानधनस्य सन्निधिवशाद् भानोर्यथाकौशिकाः॥ ज्ञाना० ३७.३३

उसे पदस्थ ध्यान कहते हैं।[1] पदस्थ का अर्थ ही है पदों (अक्षरों) पर ध्यान केन्द्रित करना। इस ध्यान का मुख्य आलम्बन है—शब्द, क्योंकि आकाशादि स्वर तथा ककरादि व्यंजन से ही शब्दों की उत्पत्ति होती है। अतः इसे वर्णमातृका ध्यान भी कहते हैं[2], जो पांच प्रकार से निष्पन्न होता है।

अक्षरध्यान के बाद शरीर के तीन केन्द्रों अर्थात् नाभिकमल, हृदय-कमल और मुखकमल की कल्पना की जाती है और नाभिकमल में सोलह पंखुड़िया वाले कमल की कल्पना करके उसमें अ, आ आदि सोलह स्वरों का ध्यान करने का विधान है।[3]

हृदयकमल में कर्णिका एवं पत्रों सहित चौबीस दल वाले कमल की कल्पना करके उस 'क' वर्ग आदि पांच वर्गों के व्यंजनों का ध्यान करने का विधान है[4] तथा मुखकमल में अष्ट पत्रों से सुशोभित कमल के ऊपर प्रदक्षिणा क्रम से विचार करते हुए प्रत्येक य, र, ल, व, श, ष, ह, इन आठ वर्णों का ध्यान करने का विधान है।[5] इस प्रकार से ध्यान करने वाला योगी सम्पूर्ण श्रुत का ज्ञाता हो जाता है और उसका संदेह नष्ट हो जाता है : **श्रुतज्ञानाम्बुधेः पारं प्रयाति विगतभ्रमः।**[6]

---

१. क) यत्पदानि पवित्राणि समालम्ब्य विधीयते।
तत्पदस्थं समाख्यातं ध्यानं सिद्धान्तपारगैः॥ यो० शा० ८.१
(ख) पदान्यालम्ब्य पुण्यानि योगिभिर्यद्विधीयते।
तत्पदस्थं मतं ध्यानं विचित्रनयपारगैः॥ ज्ञाना० ३८.१

२. (क) संस्मरन मातृकामेवं स्यात् श्रुतज्ञानपारगः॥ यो० शा०, ८.४
(ख) ध्यायेदनादिसिद्धान्तप्रसिद्धां वर्णमातृकाम्।
निःशेषशब्दविन्यासजन्मभूमिं जगन्नुताम्॥ ज्ञाना०, ३८.२

३. दे० योगशा० ८.२

४. वही, ८.३
तथा—चतुर्विंशतिपत्राढ्यं हृदि कञ्जं सकर्णिकम्।
तत्र वर्णानिमान्ध्यायेत्संयमी पञ्चविंशतिम्॥ ज्ञाना० ३८.४

५. (क) वक्त्राब्जेऽष्टदले वर्णाष्टकमन्यत्ततःस्मरेत्। योगशास्त्र. ८.४
(ख) ततो वदनराजीवे पत्राष्टकविभूषिते।
परं वर्णाष्टकं ध्यायेत्सञ्चरन्तं प्रदक्षिणम्॥ ज्ञानार्णव, ३८.५

६. वही, ३८.६

मन्त्र एवं वर्णों के ध्यान में समस्त पदों का स्वामी 'अर्हं' माना गया है, जो रेफ से युक्त कला एवं बिन्दु से आक्रान्त अनाहत मन्त्रराज है।[1] इस ध्यान के विषय में बतलाया गया है कि साधक को एक सुवर्ण-कमल की कल्पना करके उसके मध्यवर्ती कर्णिका पर विराजमान निष्कलंक निर्मल चन्द्र की किरणों जैसे आकाशवाणी एवं सम्पूर्ण दिशाओं में व्याप्त 'अर्हं' मन्त्र का स्मरण करना चाहिए। तत्पश्चात् मुखकमल में प्रवेश करते हुए भ्रूलता में भ्रमण करते हुए, नेत्र पत्रों में स्फुरायमान होते हुए, भालमण्डल में स्थित होते हुए, उज्ज्वल चन्द्रमा के साथ स्पर्धा करते हुए ज्योतिर्मण्डल में भ्रमण कर सम्पूर्ण अवयवों में व्याप्त कुंभक के द्वारा इस मन्त्रराज का चिन्तन एवं मनन करना चाहिए।[2]

इस प्रकार इस मन्त्रराज की स्थापना करके मन को क्रमशः सूक्ष्मता की ओर 'अर्हं' मन्त्र पर केन्द्रित किया जाता है अर्थात् अलक्ष्य में अपने को स्थिर करने पर साधक के अन्तःकरण में एक ऐसी ज्योति प्रकट होती है। जो अक्षय तथा इन्द्रियों के अगोचर होती है।[3] इस ज्योति का नाम आत्मज्योति है तथा इसी से साधक को आत्मज्ञान की प्राप्ति होती है।

प्रणव का ध्यान

इसमें साधक हृदयकमल में स्थित शब्द ब्रह्म-वचन विलास की उत्पत्ति के अद्वितीय कारण, स्वर, व्यंजन से युक्त, पंच परमेष्ठी के वाचक मूर्धा में स्थित-चन्द्रकला से झरते हुए अमृत के रस से सराबोर

---

१. यद्वामन्त्राधिपं धीमानूर्ध्वाधोरेफसंयुतम् ।
कलाबिन्दुसमाक्रान्तमनाहतयुतं तथा ॥ यो० शा०, ८.१८
तथा मिलाइए ज्ञानार्णव, ३८.७-८

२. (क) कनकाम्भोजगर्भस्थं सान्द्रचन्द्रांशुनिर्मलम् ।
गगने संचरन्तं च व्याप्नुवन्तं दिशः स्मरेत् ॥ यो० शा० ८.१९
तथा दे० वही, ८.२०-२२
(ख) ज्ञानार्णव, ३८.१६-१९

३. क्रमात्प्रच्याव्य लक्ष्येभ्यस्ततोऽलक्ष्ये स्थिरं मनः ।
दधतोऽस्य स्फुरत्यन्तर्ज्योतिरत्यक्षमक्षयम् ॥ ज्ञानार्णव, ३८.२८

महामन्त्र प्रणव का ध्यान करता है[1]। इसकी विशेषता यह है कि वह स्तम्भन कार्य में पीत, वशीकरण में लाल, क्षोभित कार्य में मूंगे के समान, द्वेष में कृष्ण, कर्मनाशक अवस्था में चन्द्रमा के समान उज्ज्वल वर्ण का होता है।[2] इस ध्यान से यह सूचित होता है कि ओंकार का ध्यान आश्चर्यजनक एवं लौकिक कार्यों के लिए भी उपयोगी होता है और कर्मक्षय में भी उपयोगी होता है।

पंच परमेष्ठी मन्त्र का ध्यान

इसके अन्तर्गत आठ पंखुड़ी वाले सफेद कमल का चिन्तन होता है। उस कमल की कर्णिका में स्थित सात अक्षर वाले **नमो अरिहंताणं** इस पवित्र मन्त्र का चिन्तन किया जाता है। फिर साधक सिद्ध आदिक चार मन्त्रों का दिशाओं के पत्रों में क्रमशः अर्थात् पूर्वदिशा में **नमो सिद्धाणं** का, दक्षिण दिशा में **नमो आयरियाणं** का पश्चिम दिशा में **नमो उवज्झायाणं** का और उत्तर दिशा में **नमो लोए सव्वसाहूणं** का चिन्तन करता है। विदिशा वाली चार पंखुड़ियों में अनुक्रम से चार चूलिकाओं का अर्थात् आग्नेय कोण में **एसो पंच णमुक्कारो** का, नैऋत्य-कोण में **सव्वपावप्पणासणो** का, वायव्य कोण में **मङ्गलाणं च सव्वेसिं** का और ईशान कोण में **पढमं हवइ मंगलं** का ध्यान होता है।[3]

आचार्य शुभचन्द्र के अनुसार पूर्वादि चार दिशाओं में तो **नमो अरिहंताणं** आदि का तथा चार विदिशाओं में क्रमशः रत्नत्रय **सम्यग्-दर्शनाय नमः, सम्यग्ज्ञानाय नमः सम्यक्चारित्राय नमः** तथा **सम्यक्तपसे**

---

१. तथा हृत्पद्ममध्यस्थं शब्द ब्रह्मैककारणम्।
स्वरव्यञ्जनसंवीतं वाचकं परमेष्ठिनः॥ यो० शा०, ८.२९ तथा ३०
तथा मिलाइए ज्ञानार्णव, ३८.३३-३५

२. पीतं स्तम्भेऽरुणं वश्ये क्षोभणे विद्रुमप्रभम्।
कृष्णं विद्वेषणं ध्यायेत् कर्मघातिशशिप्रभम्। यो० शा०, ८.३२
तथा—जाम्बूनदनिभं स्तम्भे विद्वेषे कज्जलत्विषम्।
ध्येयं वश्यादिकं रक्तं चन्द्राभं कर्मशातने॥ ज्ञाना० ३८.३७

३. अष्टपत्रेसिताम्भोजे कर्णिकायां कृतस्थितिम्।
आद्यं सप्ताक्षरं मन्त्रं पवित्रं चिन्तयेत्ततः॥ यो० शा० ८.३३ व ३४

नमः का चिन्तन किया जाता है ।[1]

इस मन्त्र के ध्यान के विषय में कहा है कि इस लोक में जिन योगियों ने आत्यन्तिकी मोक्ष लक्ष्मी को प्राप्त किया है, उन सभी ने एक मात्र इसी महामन्त्र की आराधना की है ।[2]

इसके अतिरिक्त कुछ ऐसे भी मन्त्र हैं जिनका नित्य प्रति जप करने से मनोरोग शान्त होते हैं, कष्टों का निवारण होता है और कर्मों का आस्रव अवरुद्ध हो जाता है, क्योंकि यह मत्र पंच पदों तथा पंच परमेष्ठी की महिमा से ओतप्रोत है। षोडशाक्षर मन्त्र है—**अरिहंत-सिद्ध-आयरिय-उवज्झाय-साहू**[3], छः अक्षरों का जप है—**अरिहंत-सिद्ध**, चार अक्षर वाला है—**अरिहंत**, दो अक्षरों वाला है—**सिद्ध** एव एक अक्षर वाला है **अ** ।[4] इन मन्त्रों का जप पवित्र मन से करना चाहिए, क्योंकि समस्त कर्मों को दग्ध करने की शक्ति इन्हीं में समाविष्ट है ।[5]

इसी प्रकार **ओं, ह्रां, ह्रीं, ह्रूं, ह्रौं, ह्रः असि आ उसा नमः** इस पंचाक्षरमयी विद्या का जप करने से साधक संसार के कर्मबन्धन सदा-सदा के लिए तोड़ देता है[6] और एकाग्र चित्त से मंगल, उत्तम, शरण पदों का जाप करता हुआ मोक्षलाभ करता है ।[7]

---

१. दिग्दलेषु ततोऽन्येषु विदिक्पत्रेष्वनुक्रमात् ।
सिद्धादिकं चतुष्कं च दृष्टिबोधादिकं तथा ॥ ज्ञाना० ३८.४०

२. वही, ३८.४१

३. गुरुपंचकनामोत्था विद्या स्यात् षोडशाक्षरा ।
जपन्शतद्वयं तस्याश्चतुर्थस्याप्नुयात्फलम् ॥ यो० शा० ८.३८
तथा—मिलाइए-स्मर पंचपदोद्भूतां महाविद्यां जगन्नुताम् ।
गुरुपंचकनामोत्थां षोडशाक्षरराजिताम् ॥ ज्ञानार्णव. ३८.४८

४. दे० ज्ञानार्णव, ३८.५०-५३

५. वही, ३८.५४

६. पञ्चवर्णमयी पञ्चतत्त्वा विद्योद्धृता श्रुतात् ।
अभ्यस्यमाना सततं भवक्लेशं निरस्यति ॥ यो० शा० ८.४१
तथा मिलाइए ज्ञानार्णव ३८.५५-५६

७. यो० शा०, ८.४२ तथा तुलना कीजिए-ज्ञानार्णव, ३८.५७

'क्ष्वीं' विद्या का जाप करने का भी विधान है, जिसे भाल प्रदेश पर स्थित करके एकाग्र मन से चिन्तन करने से कल्याण होता है।[1] अतः साधक को कभी ललाट पर क्ष्वीं विद्या का तो कभी नासाग्र पर प्रणव ॐ का तथा कभी शून्य अथवा अनाहत[2] का अभ्यास करना चाहिए। इससे अनेक सिद्धियों तथा निर्मल ज्ञान का उदय होता है।[3]

इस प्रकार पदस्थ ध्यान में पदों का आलम्बन चित्त को एकाग्र करने हेतु लिया जाता है और जप विधियों का अभ्यास किया जाता है, इससे अनेक लब्धियां प्राप्त होती हैं किन्तु जो राग-द्वेषादि से पूरित होकर ध्यान करता है, उसको कोई भी सिद्धि नहीं मिलती।[4]

इन मन्त्र पदों के अभ्यास से विलीन हुए समस्त कर्मों के बाद आत्मा के शुद्ध स्वरूप का प्रतिभास होता है[5] और उस स्वरूप में उपयोग प्राप्त होने से घातिया कर्मों का नाश हो जाता है, और केवलज्ञान की उपलब्धि होती है यही इसका फल है। यही निर्वाण व मुक्ति भी है।

रूपस्थ ध्यान

इस ध्यान में साधक अपने मन को तीर्थंकर अथवा सर्वज्ञदेव पर

---

१. शशिबिम्बादिवोद्भूतां स्रवन्तीममृतं सदा।
विद्या क्ष्वीं इति भालस्थां ध्यायेत्कल्याणकारणम्॥ यो० शा० ८.५७
तथा—स्मरसकलसिद्धविद्यां प्रधानभूतां प्रसन्नगम्भीराम्।
विधुबिम्बनिर्गतामिव क्षरत्सुधार्द्रां महाविद्याम्॥ ज्ञानार्णव, ३८.८१

२. उबिन्द्वाकारहरोर्ध्वरेफबिन्द्वानवाक्षरम्।
भालाधः स्यन्दिपीयूषबिन्दुं विदुरनाहतम्॥ ज्ञानार्णव, पृ० ३६८ पर उद्धृत गाथा १

३. नासाग्रे प्रणवःशून्यमनाहतमितित्रयम्।
ध्यायन् गुणाष्टकं लब्ध्वा ज्ञानमाप्नोति निर्मलम्॥ यो० शा० ८.६०
तथा—नासाग्रदेशसंलीनं कुर्वन्नत्यन्तनिर्मलम्।
ध्याताज्ञानमवाप्नोति प्राप्य पूर्वं गुणाष्टकम्॥ ज्ञाना० ३८.८७

४. वीतरागस्य विज्ञेयाध्यानसिद्धिध्रुवं मुनेः।
क्लेश एव तदर्थं स्याद्रागार्त्तस्येह देहिनः॥ वही, ३८.११४

५. विलीनाशेषकर्माणं स्फुरन्तमतिनिर्मलम्।
स्वं ततः पुरुषाकारं स्वाङ्गगर्भगतं स्मरेत्॥ ज्ञाना० ३८.११६

केन्द्रित करता है। वह तीर्थंकर के गुणों एवं आदर्शों को अपने समक्ष रखता है तथा उन्हें अपने जीवन में आरोपित करता हुआ अपने चित्त को स्थिर करता है। अरिहन्त के स्वरूप का आलम्बन करके की जाने वाली साधना ही रूपस्थध्यान कहलाती है।[1]

रूपस्थध्यान का साधक राग-द्वेषादि विकारों से रहित, शान्त कान्तादि समस्त गुणों से युक्त तथा योग मुद्रा समन्वित, अमन्द आनन्द के प्रवाह को बहाने वाले जिनेन्द्र देव के दिव्य भव्य रूप का निर्मल चित्त से ध्यान करने वाला योगी भी रूपस्थध्यान वाला होता है।[2] वह सर्वज्ञदेव परम ज्योति का आलम्बन करके उनके गुणों का बारम्बार चिन्तवन करता हुआ अपने मन में विक्षेप से रहित होकर उनके स्वरूप को प्राप्त करता है।[3] जबकि इसके विपरीत राग-द्वेष का ध्यान करने वाला स्वयं रोगी द्वेषी बन जाता है।[4] कारण कि साधन के परिणाम जिन-जिन भावों से युक्त होते हैं, उन्हीं के अनुरूप वे परिणत हो जाते हैं। साधक की आत्मा उस-उस भाव से वैसी ही तन्मयता को प्राप्त हो जाती है जैसे निर्मल स्फटिकमणि जिस वर्ण से युक्त होता है वह तद्रूप हो जाता है।[5] अतः जगत् के अद्वितीय नाथ शिवस्वरूप निष्कलंक

---

१. सर्वातिशययुक्तस्य केवलज्ञानभास्वतः ।
अर्हतां रूपमालम्ब्य ध्यानं रूपस्थमुच्यते ॥ यो०शा० ९.७
तथा—आर्हन्त्यमहिमोपेतं सर्वज्ञं परमेश्वरम् ।
ध्यायेद्देवेन्द्रचन्द्रार्कसमान्तस्थं स्वयम्भुवम् ॥ ज्ञानार्णव, ३९.१

२. रागद्वेषमहामोहविकारैरकलङ्कितम् ।
शान्तं कान्तं मनोहारिसर्वलक्षणलक्षितम् ॥
तीर्थङ्करपरिज्ञातयोगमुद्रा मनोरमम् ।
अक्षाणरमन्दमानन्दनिःस्यन्दं दददद्भुतम् ॥ यो०शा० ९.८-९ तथा १०

३. (क) अनन्यशरणं साक्षात्संलीनैकमानसः ।
तत्स्वरूपमवाप्नोति ध्यानी तन्मयतां गतः ॥ ज्ञानार्णव, ३९.३२
(ख) योगी चाभ्यासयोगेन तन्मयत्वमुपागतः ।
सर्वज्ञीभूतमात्मानमवलोकयति स्फुटम् ॥ यो०शा० ९.११

४. दे० यो०शा०, ९.१३

५. दे० वही, ९.१४

वीतराग भगवान् का ध्यान करना चाहिए ।[1]

रूपातीतध्यान

रूपातीत ध्यान का अर्थ है—निराकार, चैतन्य स्वरूप, निरंजन सिद्ध परमात्मा का ध्यान[2] अथवा जिस ध्यान में ध्यानी मुनि चिदानन्द-मय शुद्ध अमूर्त परमाक्षररूप आत्मा को आत्मा से ही स्मरण करते हैं, यही रूपातीत ध्यान कहलाता है ।[3]

इस ध्यान में ध्याता और ध्येय का भेद समाप्त होकर एक रूपता प्रकट होती है अर्थात् साधक सिद्ध स्वरूप को प्राप्त हो जाता है । इस-लिए ध्याता और ध्येय की इस एकरूपता को समरसी भी कहा जाता है ।[4]

इस प्रकार पिण्डस्थ, पदस्थ, रूपस्थ तथा रूपातीत ध्यानों द्वारा क्रमशः शरीर, अक्षर, सर्वज्ञदेव और सिद्धात्मा का चिन्तन किया जाता है क्योंकि स्थूल ध्येयों के बाद क्रमशः सूक्ष्म और सूक्ष्मतर ध्येय का ध्यान करने से मन में स्थिरता आती है और ध्याता एवं ध्येय में कोई अन्तर नहीं रह जाता ।

---

१. त्रैलोक्यानन्दबीजं जननजलनिधेर्यानपात्रं पवित्रं
लोकालोकप्रदीपं स्फुरदमलशरच्चन्द्रकोटिप्रभाढ्यम् ।
कस्यामप्यग्रकोटौ जगदखिलमतिक्रम्य लब्धप्रतिष्ठं
देवं विश्वैकनाथं शिवमजनघं वीतरागं भजस्व ॥ ज्ञानार्णव, ३९.४६

२. अमूर्तस्य चिदानन्दरूपस्य परमात्मनः ।
निरन्जनस्य सिद्धस्य ध्यानं स्याद्रूपवर्जितम् ॥ यो०शा० १०.१

३. चिदानन्दमयं शुद्धममूर्तं परमाक्षरम् ।
स्मरेद्यत्रात्मनात्मानं तद्रूपातीतमिष्यते ॥ ज्ञानार्णव, ४०.१६

४. अनन्यशरणीभूय स तस्मिन् लीयते तथा ।
ध्यातृध्यानोभयाभावे ध्येयेनैक्यं तथा व्रजेत् ॥
सोऽयं समरसिभावस्तदेकीकरणं मतम् ।
आत्मा यदपृथक्त्वेन लीयते परमात्मनि ॥ योगशास्त्र २०.३-४
तथा—पृथक्भावमतिक्रम्य तथैक्यं परमात्मनि ।
प्राप्नोति स मुनिः साक्षाद्यथान्यत्वं न बुध्यते ॥ ज्ञानार्णव, ४०,३०

धर्मध्यान के चार आलम्बन

धर्म ध्यान की सफलता के लिए शास्त्रों में इसके चार आलम्बनों का कथन किया गया है।[1] वे हैं—वाचना, पृच्छना, परिवर्तना और अनुप्रेक्षा।

(१) वाचना

विनय, संवर और निर्जरा पूर्वक सूत्रों का पठन पाठन करना वाचना है।

(२) पृच्छना

शंका होने पर गुरुओं से पूछना एवं मन को समाहित करना पृच्छना है।

(३) परिवर्तना

अध्ययन किए हुए शास्त्रों की पुनरावृत्ति करते रहना परिवर्तना है।

(४) अनुप्रेक्षा

सूत्र में वर्णित भावों का विशेष चिन्तन मनन करना तथा अनुसंधान पूर्वक अध्ययन करना, भूले हुए सूत्र एवं अर्थों पर पुनःपुनः उपयोग लगाकर उन्हें स्मरण करना अनुप्रेक्षा है। इन चार आलम्बनों से धर्म ध्यान में सफलता प्राप्त होती है।

धर्मध्यान के चार लक्षण[2]

शास्त्रों में इसके चार लक्षण बतलाए गए हैं। जिस आत्मा में धर्म

---

१. धम्मस्सणं झाणस्स चत्तारि आलंवणा पण्णत्ता तं जहा वायणा, पडिपुच्छणा, परियट्टणा, अणुप्पेहा। स्थानांगसूत्र, सूत्र १२, प्र०उ०
तथा—दे० भगवतीसूत्र, उ० ७. शतक २५; औपपातिकसूत्र तपोधिकार

२. धम्मणस्सणं झाणस्स चत्तारिलक्खणा पण्णत्ता, तं जहा, आणारुई, णिसग्गरुई, सुत्तरुई, ओगाढरुई। स्थानां० सूत्र १२, प्र०उ०; भगवती सूत्र, ३०६, शतक २५०; औपपातिक सूत्र, तपोधिकार
तथा—आगमउवएसाणाणिसग्गओजं जिणप्पणीयाणं।
भावाणं सद्दहणं धम्मज्झाणस्स तं लिगं॥ ध्यान, शतक गा० ६७

का अवतरण हो जाता है उसमें स्वभाविक रूप से चार प्रकार की रुचि उत्पन्न हो जाती है, उन्हीं से मालूम हो जाता है कि साधक के मन में धर्मध्यान अंकुरित हो गया है, वे लक्षण हैं—

(१) **आज्ञारुचि**

सूत्रों की व्याख्या को **आज्ञा** कहते हैं अथवा आप्त वचन ही **आज्ञा** है। अरिहन्त सर्वोत्कृष्ट आप्त हैं। इसलिए उनकी वाणी ही **आज्ञा** है। इस आज्ञा के अनुकूल जीवन यापन करने वाले श्रेष्ठ साधक भी आप्त ही हैं। अतः उनकी आज्ञा में रुचि उत्पन्न होना ही आज्ञारुचि है।

(२) **निसर्गरुचि**

बिना किसी उपदेश के स्वतः ही जातिस्मरणज्ञान के रूप में देव-गुरु-धर्म मे रुचि होना ही निसर्गरुचि है।

(३) **सूत्ररुचि**

सूत्रों के अध्ययन, चिन्तन एवं मनन में रुचि होना ही सूत्ररुचि है।

(४) **अवगाढ़रुचि**

द्वादशाङ्ग का विस्तार पूर्वक ज्ञान प्राप्त करके जो श्रद्धा जागृत होती है अथवा गुरुओं के उपदेश से जो श्रद्धा उत्पन्न होती है, वह अवगाढ़रुचि है।[1]

धर्मध्यान की अनुप्रेक्षाएं

धर्मध्यान की चार अनुप्रेक्षाएं शास्त्रों में कही गई हैं[2] वे हैं—
(१) एकत्वानुप्रेक्षा, (२) अनित्यानुप्रेक्षा, (३) अशरणानुप्रेक्षा, (४) संसारानुप्रेक्षा।

(१) एकत्व भावना से भावित होना अर्थात् एक आत्मा ही अपना है, ऐसा चिन्तन करना **एकत्वानुप्रेक्षा** है।
(२) संसार में आत्मा के लिए कोई भी स्थान, पर्याय अथवा शक्ति शरणभूत नहीं हैं, ऐसा चिन्तन करना **अशरणानुप्रेक्षा** है।
(३) संसार के सभी पदार्थ अनित्य हैं, ऐसा चिन्तन करना **अनित्यानुप्रेक्षा** है।

---

१. विशेष के लिए दे०—स्थानांगसूत्र, प्रथम भाग, पृ० ६८५

२. धम्मस्सणं झाणस्य चत्तारि अणुप्पेहाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—एगाणुप्पेहा, अणिच्चाणुप्पेहा, असरणाणुप्पेहा, संसाराणुप्पेहा। स्थानांग सूत्र, प्र०उ० सूत्र १२, तथा भगवतीसूत्र ३०६, शतक २५; औपातिकसूत्र, तपोधिकार

(४) चारों गतियों और सभी अवस्थाओं में होने वाले आत्मा के आवागमन का चिन्तन करना **संसारानुप्रेक्षा है।**

इनमें से पहली अनुप्रेक्षा के ज्ञान की परिपक्वता विज्ञानरूप, संयम और तप में दृढ़ता लाने वाली वैराग्य की जननी है। तीसरी भावना आसक्ति को हटा कर निर्मोहत्व को जगाती है और चतुर्थ त्यागभावना को पुष्ट करती है।

धर्मध्यान की लेश्याएं

धर्मध्यान में स्थित साधक के भावों के अनुसार तीव्र, मन्द और मध्यम प्रकार की पीत, पद्म एवं शुक्ल ये तीन लेश्याएं होती हैं। जैसे-जैसे ध्यान की तीव्रता बढ़ती जाती है वैसे ही वैसे क्रमशः साधक का चित्त अधिकाधिक विशुद्धि वाला होता जाता है[1] और लेश्याएं भी विशुद्धतर होती जाती हैं। इसी कारण आचार्य शुभचन्द्र धर्मध्यान में शुक्ललेश्या ही मानते हैं।[2]

धर्म ध्यान के इस विश्लेषण एवं भेद प्रभेदों के द्वारा योगी ध्यान की स्थिरता को प्राप्त करता है। उसका चित्त किसी एक ही ध्येय में केन्द्रित हो जाता है। ऐसी स्थिति में योगी शरीरादि परिग्रहों एवं इन्द्रियादिक विषयों से सर्वथा निवृत होकर निज स्वरूप में अवस्थित हो जाता है।[3] उस अवस्था में प्राप्त आनन्द अनुभवगम्य होता है, जो कि इन्द्रियों से अगम्य होता है।[4] इस ध्यान को साधना वही कर सकता है, जो प्राणों के नाश होने का अवसर आने पर भी साधना का परित्याग नहीं करता, जो जीवों के सुःख दुःख का ज्ञाता, परीषह विजेता मुमुक्षु,

---

१. होन्ति कम्मविशुद्धाओ लेस्साओ पीयपद्मसुक्काओ।
धम्मज्झाणोवगयस्स तिव्वमंदाइ भेयाओ ॥ वही, गा० ६६
तथा—धर्मध्याने भवेद् भावः क्षायोपशमिकादिकः।
लेश्याक्रमविशुद्धा स्युः पीतपद्मसिताः पुनः ॥ यो०शा०, १०.१६

२. अतिक्रम्य शरीरादिसङ्गानात्मन्यवस्थितः।
नैवाक्षमनसो योगं करोत्येकाग्रताश्रितः ॥ ज्ञानार्णव, ४१.११

३. अस्मिन्नितान्तवैराग्यव्यतिषंगतरङ्गिते।
जायते देहिनां सौख्यं स्वसंवेद्यमतीन्द्रियम् ॥ यो०शा० १०.१७

४: वही, ७.२-७

रागद्वेषादि एवं निन्दा-प्रशंसा से मुक्त है, जो समता धारी है, परोपकार में रत और जो प्रशस्त बुद्धि भी है।

४. शुक्लध्यान

शुक्ल का अर्थ है—धवल, किन्तु यहां इसे विशद (निर्मल) के अर्थ में ग्रहण किया गया है। यह सर्वोत्तम ध्यान है। इसकी पूर्णता केवलज्ञान की प्राप्ति में होती है। शुक्लध्यान का मूल हेतु कषायों का निश्शेषतः क्षय होना अथवा उपशम होना बतलाया गया है।[1] ध्यानशतक में शुक्लध्यान का स्वरूप इस प्रकार बतलाया गया है कि 'जो निष्क्रिय, इन्द्रियातीत ध्यान, धारणा से रहित है और जिसमें चित्त अन्तर्मुख है, वह शुक्लध्यान है।[2] शुक्लध्यान की अवस्था प्रत्येक साधक को सहज उपलब्ध नहीं होती। इसको धारण करने का अधिकार उसे ही होता है, जो वज्रऋषभ नाराच संहनन और संस्थान वाला, ग्यारह अंग एवं चौदह पूर्वो का ज्ञाता है, जिसका आचरण विशुद्ध है, ऐसा वह मुनि ही शुक्लध्यान के समस्त अंगों का धारक होता है[3] अर्थात् विचक्षण ज्ञान के पुञ्जीभूत सत्त्व विशेष को ही शुक्लध्यान की अवस्था धारण करने का सुयोग मिलता है।

शुक्लध्यान के भेद

आगमों[4] एवं योग ग्रंथों[5] में शुक्लध्यान के चार भेद प्रतिपादित

---

१. (क) कषायमलविश्लेषात्प्रशमाद्वा प्रसूयते।
यतः पुंसामतस्तज्ज्ञैः शुक्लमुक्तं निरुक्तिकम् ॥ ज्ञाना० ४२.६

(ख) शुचं क्लमयतीति शुक्लं, शोकं गलपयतीत्यर्थः। ध्यानशतक, श्लोक १ पर टीका

२. निष्क्रियं करणातीतं ध्यानाधारणवर्जितम्।
अन्तर्मुखं च यच्चित्तं तच्छुक्लमिति पठ्यते ॥ ज्ञानार्णव, ४२.४

३. आदिसंहननोपेतः पूर्वज्ञः पुण्यचेष्टितः।
चतुर्विधमपि ध्यानं स शुक्लं ध्यातुमर्हति ॥ वही, ४२.५
तथा योगशास्त्र, ११.२

४. सुक्के झाणे चउव्विहे चउप्पडोआरे पण्णते, तं जहां-पुहुत्तवियक्के सवियारी, एगत्तवियक्केअवियारी, सुहुमकिरिए, अणियट्ठी, समुच्छिन्नकिरिए अवयडिवाई स्थानांगसूत्र १२, पृ० ६७५

५. ज्ञेयं नानात्वश्रुतविचारमैक्यं श्रुताविचारं च।
सूक्ष्मक्रियमुत्सन्नक्रियमिति भेदैश्चतुर्धा तत् ॥ यो० शा० ११.५

किए गए हैं। वे हैं—पृथकत्व वितर्कसविचारी, (२) एकत्व वितर्क अविचारी, (३) सूक्ष्मक्रिया-अनिवृत्ति और (४) उत्सन्न क्रिया अप्रतिपाती।

(१) पृथकत्ववितर्क सविचारी

पृथकत्व, वितर्क एवं विचार ऐसे इन तीन शब्दों के प्रयोग से यह पद बना है। पृथकत्व का अर्थ है—एक द्रव्य के आश्रित उत्पाद आदि पर्यायों का पृथक्-पृथक् भाव से चिन्तन करना। वितर्क शब्द श्रुत ज्ञान का परिचायक है और शब्द से अर्थ में और अर्थ से शब्द में तथा एक योग से दूसरे योग में संक्रमण करना ही सविचारी है। जब कोई ध्यान करने वाला पूर्वधर हो तब पूर्वगत श्रुत के आधार पर और पूर्वधर न हो तब अपने में सम्भावित श्रुत के आधार पर किसी भी जड़ या चेतन द्रव्य में उत्पत्ति, स्थिति और द्रव्य आदि पदार्थों का नैगम आदि विविध नयों के द्वारा चिन्तन करना और यथासम्भावित श्रुतज्ञान के आधार पर किसी एक द्रव्य से दूसरे द्रव्य पर, किसी एक पर्याय से दूसरे पर्याय मर, एक शब्द से दूसरे शब्द पर तथा एक अर्थ से दूसरे अर्थ पर, एक योग से दूसरे योग पर विचारधारा को प्रवाहित करना, विचार सहित ध्यान को ही पृथक् वितर्क सविचारी शुक्लध्यान कहते हैं।[1]

---

१. (क) स्थानाङ्गसूत्र, पृ० ६८७-८८

(ख) उप्पायट्ठिइ भंगाइ पज्जयाणं जमेगवत्थुंमि।
नाणानयाणुसरणं पुव्वगय सुयाणुसारेणं॥
सविचारमत्थवं जणजोगंतरओ तयं पढमसुक्कं।
होइ पुहुत्तवितक्कं सविचारमरागभावस्स॥ ध्यानशा० ७७-७८

(ग) एकत्रपर्यायाणां विविधनयानुसरणं श्रुताद्द्रव्ये।
अर्थव्यञ्जनयोगान्तरेषु संक्रमणयुक्तमाद्यं तत्॥ यो०शा० ११.६

(घ) पृथक्त्वेन वितर्कस्य वीचारो यत्र विद्यते।
सवितर्कं सवीचारं सपृथक्त्वं तदिष्यते॥ ज्ञानार्णव, ४२.१३

(ङ) समाधितन्त्र, श्लोक ६२

(२) एकत्वश्रुत अविचारी

इस ध्यान में भी श्रुत के आधार पर ही अर्थ, व्यञ्जन और योग के संक्रमण से रहित एक पर्याय विषयक ध्यान किया जाता है।[1] इसमें वितर्क का संक्रमण नहीं होता और इसके विपरीत एक रूप में स्थिर होकर चिन्तन किया जाता है। जहां पहले प्रकार के ध्यान के अन्तर्गत योगी का मन अर्थ, व्यञ्जन और योग में चिन्तन करते हुए एक ही आलम्बन में उलट फेर करता है, वहीं इस ध्यान में योगी का मन स्थिरत्व को धारण कर सबल हो जाता है और आलम्बन का उलटफेर भी बन्द हो जाता है इसके साथ ही एक ही द्रव्य के विभिन्न पर्यायों के विपरीत एक ही पर्याय को ध्येय बना लिया जाता है। इस तरह जिसने प्रथम ध्यान के द्वारा अपने चित्त को जीत लिया है, जिसके समस्त कषाय शान्त हो गए हैं तथा जो कर्मरज को सर्वथा नष्ट करने के लिए तत्पर है ऐसे साधक हो द्वितीय ध्यान के धारक बनते हैं।[2] फलतः इस ध्यान की सिद्धि होने के बाद सदा के लिए घातिया कर्म विनष्ट हो जाते हैं।[3] आत्मा की अत्यन्त विशुद्ध अवस्था केवलदर्शन एवं केवलज्ञानमय हो जाती है[4] जिससे योगी साधक को सम्पूर्ण जगत् हस्तामलकवत् दृष्टिगोचर होने लगता है।[5] केवली इतना समर्थ होता है कि वह समस्त संसार के भूत, भविष्य एवं वर्तमान इन तीनों कालों की घटनाओं को एक साथ निरन्तर जानता है, वह उसे प्रत्यक्ष देखता है। केवली अनन्तसुख, अनन्तवीर्य आदि चार अनन्त चतुष्टय के धारी होते हैं।[6] समस्त जगत् इनके चरणों में

---

१. जं पुण सुणिक्कंपं निवाय सरणप्पईवमियचित्तं।
उप्पाय ठिइ भंगाइ याणमेगंमि पज्जाए।
अवियारमत्थवंजणजोगंतरओ तयं वितिय सुक्कं।
पुव्वगय सुयालंबणमेगत्तवितक्कमविचारं। ध्यानश० ७९-८० तथा दे० यो०शा० ११.७

२. अविचारो वितर्कस्य यत्रैकत्वेन संस्थितः।
सवितर्कमवीचारं तदेकत्वं विदुर्बुधाः॥ ज्ञाना० ४२.१४

३. दे० यो०शा०, ११.२२

४. दे० ज्ञानार्णव, ४२.३०

५. योगशास्त्र, ११.२३

६. दे० ज्ञानार्णव, ४२.४४

नतमस्तक हो जाता है। सभी उनके धर्म प्रवचनों-उपदेशों को अपनी-अपनी भाषा में समझते हैं। वे जहां भी जाते हैं वहां किसी भी प्रकार का दुःख, महामारी अथवा दुर्भिक्ष आदि नहीं होते। ऐसे केवललब्धि प्राप्त तीर्थङ्कर देव सहज रूप से स्व-पर कल्याणकारी होते हैं। तीर्थंकर नामकर्म के उदय के कारण उन्हें अनेक देव देवाङ्नाएं आकर वन्दना करने लगते हैं। उनके उपदेश श्रवण के लिए देवों द्वारा वृहद् समवशरण की रचना की जाती है। पशु-पक्षी सभी आपसी वैर-भाव छोड़कर उनके पास एक स्थान पर बैठते हैं और सभामण्डप के मध्य में स्थित तीर्थंकर भगवान् चार शरीर के रूप में (चतुर्मुख) दिखाई देते हैं।[1] यद्यपि इन्हें अनेक अन्य लब्धियों भी प्राप्त होती हैं, परन्तु उनका भोग करने की उनकी इच्छा नहीं होती।

जिन साधकों के तीर्थङ्कर नाम कर्म का उदय नहीं होता, वे भी अपने इस ध्यान के बल से केवलज्ञान को प्राप्त करते हैं। आयुष्कर्म के निःशेष क्षय होने तक ये साधारण जीवों को उपदेश देते हैं और अन्त में आयु के क्षय होने पर निर्वाण प्राप्त करते हैं।[2] इस प्रकार चाहे तीर्थंकर हों अथवा सामान्य केवली, जिन्होंने योग के चरमोत्कर्ष को प्राप्त कर लिया है, वे विशुद्ध आत्मा परमात्मा हैं और वे ही हम सभी के ध्यातव्य हैं।

(३) सूक्ष्मक्रिया प्रतिपाति

चौदहवें गुणस्थान में प्रवेश करने से पूर्व आयुष्कर्म के अन्तर्मुहूर्त शेष रहने पर जब केवली भगवान् मन और वचन इन दो योगों का सर्वथा निरोध कर लेते है, और उनके काययोग का भी निरोध हो जाता है, तब उस समय केवली भगवान् की कायिकी उच्छ्‌वास आदि सूक्ष्मक्रिया ही रह जाती है। उनके इस योग का क्रम है कि पहले स्थूल काययोग के आश्रय से मन और वचन के स्थूल योग को सूक्ष्म बनाया जाता है। उसके बाद मन और वचन के सूक्ष्मयोग का आलम्बन करते हैं। मन और वचन के सूक्ष्मयोग का भी जब निरोध कर लिया जाता है, तब वह सूक्ष्मक्रिया प्रतिपाती शुक्लध्यान पूर्ण होता है। यह क्रिया

---

१. दे० यो० शा० ११.२४-४४

२. तीर्थङ्कर नाम संज्ञं न यस्य कर्मास्ति सोऽपि योगबलात्।
उत्पन्नकेवलः सन् सत्यायुषि बोधयत्युर्वीम्॥ यो०शा० ११.४८

तेरहवें गुणस्थान की है ।[1]

यहां यह भी ध्यान देने योग्य है कि जब कभी वेदनीय नाम और गोत्रकर्मों की स्थिति आयु कर्म से अधिक होती है, तब वे तीर्थङ्कर अथवा सामान्य केवली, वेदनीय, नाम और गोत्र कर्म को आयुष्कर्म के समान के लिए समुद्घात किया करते हैं[2] जिससे केवली तीन समय में अपने आत्मप्रदेशों को दण्ड, कपाट एवं प्रस्तर के रूप में फैला देते हैं और चौथे समय में सम्पूर्ण लोक में व्याप्त हो जाते हैं । लोक में अपने आत्म-प्रदेशों को व्याप्त करके योगी तीनों घातिया कर्मों (वेदनीय, नाम और गोत्र) की स्थिति घटाकर उन्हें आयुकर्म के बराबर कर लेते हैं। तत्पश्चात् उसी क्रम में वे आत्म प्रदेशों को पूर्ववत् शरीर में प्रविष्ट कर अवस्थित होते हैं । इस प्रकार समुद्घातक्रिया पूर्ण हो जाती है ।[3]

समुद्घात करने के पश्चात् आध्यात्मिक विभूतियों से सम्पन्न तथा अचिन्तनीय वीर्य से युक्त वह योगी बादरकाययोग का अवलम्बन करके बादरवचनयोग और बादरमनोयोग का शीघ्र निरोध कर लेते हैं । फिर सूक्ष्मयोग में स्थित होकर बादरकाययोग का निरोध करते हैं क्योंकि बादर काययोग का निरोध किए बिना सूक्ष्मकाययोग का निरोध सम्भव नहीं है । अनन्तर सूक्ष्मकाययोग के अवलम्बन से सूक्ष्ममनोयोग और सूक्ष्म-वचनयोग का भी निरोध हो जाता है इसके बाद सूक्ष्मकाययोग से सूक्ष्म-क्रिया नामक तीसरा शुक्लध्यान धारण किया जाता है ।[4]

इस ध्यान में योगी को मोक्ष प्राप्ति का समय समीप आ जाने पर तीन योगों में मनोयोग एवं वचन का निरोध होकर भी केवल सूक्ष्मकाय-योग की क्रिया अर्थात् श्वासोच्छ्वास ही शेष रहता है ।[5] इस प्रकार इसमें

---

१. स्थानांगसूत्र, व्याख्या, पृ० ६८६ तथा
मिला०-ध्यान श० गा० ८१; ज्ञाना० ४२.४२, यो०शा० ११.४९

२. यदायुरधिकानि स्यु: कर्माणि परमेष्ठिनः ।
समुद्घातविधिं साक्षात्प्रागेवारभते तदा ॥ ज्ञाना० ४२.४३
तथा—आयु: कर्मसकाशादधिकानि स्युर्यदान्यकर्माणि ।
तत्साम्याय तदोपक्रमते योगी समुद्घातम् ॥ यो० शा० ११.५०

३. ज्ञानार्णव ४२.४६, ४७; यो०शा० ११.५१-५२

४. ज्ञानार्णव ४२.४८-५१; योग शा० ११.५३-५५

५. योगशा० ११.८ तथा अध्यात्मसार, ५.७८

मन, वचन एवं काय का निरोध होता है और काययोग के अन्तर्गत केवल श्वांस जैसी सूक्ष्मक्रिया ही अवशिष्ट रहती है। साधक योगी अन्तिम समय में इसका भी त्याग करके मुक्त हो जाता है।[1]

(४) उत्सन्न क्रियाप्रतिपाति

यह ध्यान चौदहवें गुणस्थान से होता है। इसमें उपर्युक्त ध्यान की अवशिष्ट सूक्ष्मक्रिया की भी निवृत्ति हो जाती है तथा अ, इ, उ, ऋ, ऌ इन पांच ह्रस्व स्वरों का उच्चारण करने में जितना समय लगता है उतने समय में केवली भगवान् शैलेशी अवस्था को प्राप्त हो जाते हैं, जहां वे पर्वत की भांति निश्चल रहते हैं।[2] यहां पर केवलज्ञानी उपान्त्य में ७२ कर्म प्रकृतियों तथा इसके भी अन्तिम समय में अवशिष्ट १३ कर्म प्रकृतियों को भी नष्ट कर देते हैं।[3] इस प्रकार समस्त कर्मों का नाश करके केवली भगवान् इस संसार से पूर्णतः अपना सम्बन्ध समाप्त कर लेते हैं और सीधे ऊर्ध्वगमन करके लोक के शिखर सिद्धशिला पर विराजमान हो जाते हैं कारण कि उससे आगे लोकाकाश नहीं है और न ही धर्मास्तिकाय ही है। अतः आगे गति नहीं है। यह सिद्ध परमात्मा लोक के शिखर पर अवस्थित होकर स्वाभाविक गुणों के वैभव से परिपूर्ण अनन्तकाल तक रहता है।[4]

शुक्लध्यानी के लक्षण

जो मुमुक्षु शुक्लध्यान में अवस्थित है, उसकी पहचान कैसे हो सकती है, इसकी जानकारी के लिए आगम संग्रह कर्त्ताओं ने चार लक्षण बतलाए हैं।[5] वे हैं—(१) अपीड़ित (२) असम्मोह (३) विवेकयुक्त

---

१. स्थानांगसूत्र व्याख्या, पृ० ६८६

२. योगशा० ११.५६-५७

३. ज्ञानार्णव, ४२.५२ एवं ५४

४. अवशेषविनिर्मुक्तो लोकाग्रं समये प्रभुः।
धर्माभावे ततोऽप्यूर्ध्वगमनं नानुमीयते॥
धर्मो गतिस्वभावोऽस्त्यधर्मः स्थिति लक्षणः।
तयोर्योगात्पदार्थानां गतिस्थिती उदाहृतः॥ वही, ४२.६०-६१

५. सुक्कस्स णं झाणस्स चत्तारि लक्खणा पण्णत्ता, तं जहा-अव्वहे, असम्मोहे, विवेगे, विउस्सग्गे। स्थानांगसूत्र १२, पृ० ६७६
तथा भगवतीसूत्र शतक २५, उद्देशक ७, औपपातिकसूत्र ३० तपोधिकार

और (४) ममता से रहित।

(१) **अपीड़ित**

इस प्रकार अनेक विद्वानों ने अपने-अपने ढङ्ग से योग की परिभाषायें की हैं, परन्तु योगियों के मुकुटमणि, योगि शिरोमणि पतञ्जलि ने योग की परिभाषा इस प्रकार की है:—योगश्चित्त-वृत्तिनिरोधः[३]। अर्थात् योग चित्त की वृत्तियों के रोक देने का नाम है। चित्त की वृत्तियाँ क्या हैं? उनके रोकने का भाव क्या है? इन प्रश्नोंके समझे बिना परिभाषा का भाव समझा नहीं जा सकता। इन प्रश्नों के समझने से पहले यह समझ लेना उपयोगी होगा कि चित्तकी इन वृत्तियों के रोकने की जरूरत क्यों होती है?

जीवात्मा और उसका कर्तृत्व

योग दर्शन, ईश्वर जीव और प्रकृति तीनों की स्वतन्त्र सत्ता स्वीकार करता है। इनमें से जीव है जिसके कर्तृत्व में सहायता देने के लिए इस दर्शन की रचना हुई है। वेद में ईश्वर को

---

(२) डाक्टर रेले के शब्द ये हैं:—"Yoga is the science which raises the capacity of the human mind to respond to higher vibrations, and to perceive, catch and assimilate the infinite conscious movements going on arround us in the Universe. (The mysterious Kundalini by Dr. Vasant G. Rele. p. 10 & 11)

(३) योग दर्शन १ । २

"वाचिव्याहृतायाम्"¹ कहा गया है। अर्थात् ईश्वर वाच्य के वाचक व्याहृति 'भूर्भुवःस्वः' हैं। भू सत्तायाम् धातु से 'भूः' सत् के अर्थ से और भुवः का अर्थ अवकल्कने धातु से चित्त है और स्वः आनन्द को कहते हैं। इस प्रकार 'भूर्भुवः स्वः' के अर्थ सच्चिदानन्द हैं। 'भूर्भुवः स्वः' अथवा सच्चिदानन्द शब्द पर विचार करने से जीव के कर्तृत्व का उद्देश्य निश्चित हो जाता है। सत् प्रकृति को कहते हैं, सत्+चित् जीव का नाम है, सच्चिदानन्द ईश्वर को कहते हैं। सच्चित जीव की एक ओर प्रकृति का गुण सत् और दूसरी ओर ब्रह्म का स्वरूप आनन्द है। प्रश्न यह है कि जीव को अपने कर्तृत्व का उद्देश्य, किस को प्राप्त करना, बनाना चाहिये ? सत् जो प्रकृति का गुण है वह जीव को पहले ही से प्राप्त है इसलिये प्राप्त की प्राप्ति का यत्न व्यर्थ है परन्तु ब्रह्म का स्वरूप 'आनन्द' जीव को अप्राप्त है इसलिये जीव के कर्तृत्व का अन्तिम उद्देश्य आनन्द को प्राप्त करना ठहरता है। उस (जीव) के पूरे उद्देश्य को इस प्रकार कह सकते हैं।

"प्राप्त संसार (प्रकृति रूप जगत्) को इस प्रकार काम में लाना चाहिये कि जिससे वह अन्त में आनन्द स्वरूप ब्रह्म की प्राप्ति का साधन बन जावे।" आत्मा के स्वाभाविक गुण ज्ञान और प्रयत्न हैं। जीव का यह ज्ञान और प्रयत्न (कर्म) रूप, पुरुषार्थ जीव के बाहर (जगत्) में भी काम करता है और जीवके अन्दर भी। जब वह बाहर काम करता है

---

१ देखो यजुर्वेद अध्याय ८ मन्त्र ३४

तब उसका नाम बहिर्मुखी वृत्ति होता है और जब अन्दर काम करता है तब उसका नाम अन्तर्मुखी वृत्ति होता है। जीव चूँकि प्रयत्नशील है इसलिये दोनों वृत्तियों में से एक न एक सदैव जारी रहती है। यदि बहिर्मुखी बन्द होती है तो स्वयमेव अन्तर्मुखी वृत्ति काम करने लगती है और जब अन्तर्मुखी वृत्ति बन्द होती है तब बहिर्मुखी वृत्ति स्वतः अपना काम जारी कर देती है। बहिर्मुखी वृत्ति जब जारी रहती है तब जीव अन्तःकरणों के माध्यम से जगत् में इन्द्रियों द्वारा काम किया करता है परन्तु अन्तर्मुखी वृत्ति होने पर वह आत्मानुभव और परमात्मदर्शन किया करता है।

योग दर्शन की शिक्षा

महामुनि पतंजलि ने अपने कल्याणकारी दर्शन में उपर्युक्त उद्देश्य को लक्ष्य में रखते हुए, इसीलिये शिक्षा यह दी है कि जगत् को इस प्रकार काम में लाओ कि जिससे यह भी अधिक से अधिक काम की वस्तु सिद्ध हो और अन्तिम उद्देश्य की पूर्ति का साधन भी बन सके। इसके लिये उन्होंने दो कर्त्तव्य बतलाये हैं:—

पहला कर्त्तव्य—चित्त की वृत्तियों को एकाग्रित करना॥ चित्त के इस प्रकार एकाग्र हो जाने से मनुष्य को, संसार अधिक से अधिक सुखदायक बन सकता है।

सांसारिक सुख का कारण

सांसारिक सुख की तह में घुसने से पता लगता है कि दुनियाँ में सुख जिसे कहते हैं वह न अच्छे अच्छे स्वादिष्ट भोजनों में है, न

अच्छी अच्छी क़ीमती पोशाकों के पहनने में है और न संसार के अन्य विषयों में। सुख असल में चित्त की एकाग्रता में है। भोजनादि जिस विषय के साथ भी चित्त लग जाता है, वह विषय सुखदाई प्रतीत होने लगता है और जिस विषय के साथ चित्त नहीं लगता वह रूखा सूखा निस्सार सा प्रतीत होने लगता है। एक मनुष्य अपने अनुकूल अत्यन्त स्वादिष्ट भोजन करते हुए उसका आनन्द ले रहा है, परन्तु अचानक पुत्र की मृत्यु की खबर सुनने और चित्त के भोजन से हट कर पुत्र की स्मृति की ओर चले जाने से अब वह भोजन सुखदाई नहीं रहा। अब उसका एक एक लुक़मा गले में अटकता है। कारण स्पष्ट है; अब चित्त भोजन के साथ नहीं रहा। अस्तु! योग दर्शन ने चित्त की एकाग्रता की उपयोगिता बतलाते हुये शिक्षा यह दी है कि इस चित्त की एकाग्रता को इस प्रकार काम में लाना चाहिये कि जिससे उसका मुँह चित्त के निरोध की ओर फेरा जा सके।

चित्त का निरोध क्यों होना चाहिये?

जब तक चित्त एकाग्रित रहता है, तब तक चित्त की वृत्तियाँ अपने काम में लगी हुई हैं और तत्परता के साथ अपना काम कर रही हैं। यहाँ तक आत्मा की बहिर्मुखी वृत्ति ही काम करती है। चित्त की एकाग्रता बहिर्मुखी वृत्ति की सीमा के अन्तर्गत ही है। परन्तु उद्देश्य अन्तर्मुखी वृत्ति का जागृत करना है। उसके जागृत करने या काम में लाने का साक्षात् साधन अज्ञात है।

इसलिये असांक्षात् साधन से काम लिया जाया करता है और वह असांक्षात् साधन यह है कि चित्त की वृत्तियों का निरोध करके वहिर्मुखी वृत्तिका काम बन्द कर दिया जावे। इसीलिये योग दर्शन में चित्त की वृत्तियों में निरोध का विधान किया गया है। बहिर्मुखी वृत्ति के बन्द होने से अन्तर्मुखी वृत्ति स्वयमेव जागृत होकर अपना काम करने लगती है।

चित्त और उसकी वृत्तियाँ

चित्त को यदि एक-सरोवर मानें तो उस सरोवर में उठी हुई लहरों को चित्त की वृत्तियाँ मानना पड़ेगा। इस चित्त रूपी सरोवर का एक किनारा बुद्धि से मिला हुआ आत्मा रूपी गंगा की ओर है और उसका दूसरा विरोधी किनारा इन्द्रियों से मिला हुआ जगत् की ओर है। चित्त रूपी सरोवर में उठने वाली वृत्ति रूपी लहरें पाँच प्रकार की हैं—(१) प्रमाण अर्थात् प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम (आप्तोपदेश) (२) विपर्य्यय अर्थात् मिथ्या ज्ञान (३) विकल्पअर्थात वस्तु शून्य कल्पितनाम (४) निद्रा सोना (५) स्मृति अर्थात् पूर्व श्रुत और दृष्ट पदार्थ का स्मरण*। चित्त में जितनी अच्छी वा बुरी वृत्तियाँ हो सकती हैं, वे सभी इन्हीं पाँच प्रकारों के अन्तर्गत हुआ करती हैं। इन वृत्तियों को समष्टि रूप से अच्छा या बुरा नहीं कह सकते। इनमें दोनों प्रकार की बातें सम्मिलित हैं। परन्तु हैं ये सब की सब इन्द्रियों के माध्यमसे जगत् की ओर

---

* देखो योग दर्शन १। ६

जाने वाली। ऊपर जो कुछ वर्णन हुआ है उसको एक चित्र से जो नीचे दिया गया है भली प्रकार समझा जा सकेगा:—

आत्मा रूपी गंगा और उसकी नहर

चित्र में (क) चिन्ह वाली आत्मा रूपी गंगा है—(ख) उसकी नहर है—(ग) बुद्धि

(क)

आत्मा रूपी गङ्गा (झ) (अन्तर्मुखी वृत्ति)

(घ)

बुद्धि (ग)

(च) चित्त रूपी सरोवर

चित्त की वृत्तियां रूपी नहर

आत्मा रूपी गङ्गा की नहर

(ख) बहिर्मुखी वृत्ति

(छ) इन्द्रियाँ

(ज)

इन्द्रिय विषय मय-जगत्

अर्थात् बहिर्मुखी वृत्ति रूपी नहर का प्रारम्भ है। (च) चित्त

रूपी सरोवर और (घ) उसकी वृत्ति रूपी लहरें हैं। (छ) इन्द्रियाँ और (ज) इन्द्रिय विषय रूप संसार है। (झ) गंगा और नहर के पुल के फाटक जिनके खोलने और बन्द करने से पानी चाहे गंगा की धारा में बहाया जा सकता है चाहे नहर में भेजा जा सकता है। चित्त की वृत्तियों से निरुद्ध होने का भाव यह है कि (झ) रूपी पुल के फाटकों में से वे फाटक बन्द हो गये जिनमें होकर गंगा का, वहिर्मुखी वृत्ति रूप जल, गंगा की नहर रूपी जगत् में जाया करता था। इसका मतलब यह हुआ कि चित्त की वृत्तियों के निरुद्ध हो जाने से अब आत्मा की वहिर्मुखी वृत्ति बन्द होगई। इसका अनिवार्य परिणाम यह निकलता है कि आत्मा की अन्तर्मुखी वृत्ति जागृत हो गई। गंगा का जल यदि नहर में न जायगा तो आवश्यक है कि गंगा अपनी धारा में वहे। बस योग के अद्वितीय आचार्य्य महामुनि पतंजलि का आशय इस योग दर्शन की रचना से केवल इतना ही था कि चित्त की वृत्तियों के निरोध द्वारा आत्मा की वहिर्मुखी वृत्ति को बन्द करके उसकी अन्तर्मुखी वृत्ति को जागृत कर दें। योग दर्शन में जितने भी साधन वतलाये गये हैं वे इसी परिणाम पर पहुँचाने के अचूक साधन हैं।

चित्त की एकाग्रता

अच्छा, यदि चित्त की वृत्तियों के निरुद्ध हो जाने ही से योगी

के उद्देश्य की पूर्ति हो सकती है तो फिर चित्त की एकाग्रता का बीच में अड़ंगा किस लिये लगाया गया। उत्तर स्पष्ट है कि चित्त को एकाग्र किये बिना, निरुद्ध नहीं कर सकते। एक उदाहरण से यह बात स्पष्ट हो जावेगी। एक अत्यन्त चञ्चल और खिलाड़ी बालक है। अनेक प्रकार के खेलों में सदैव व्यग्र रहता है। इष्ट यह है कि इस बालक को इन खेलों से हटा कर शिक्षा प्राप्ति के श्रेष्ठ कार्य में लगाया जावे। बालक से जब यह कहते हैं कि तुम इन खेलों को छोड़ दो तो वह हूँ, हां, कह कर बात टाल देता है परन्तु अपनी शरारत से बाज नहीं आता। अब क्या करना चाहिये? एक बुद्धिमान् गुरु, जिसने मनुष्य स्वभाव का भली भाँति अध्ययन किया था, मिल जाता है। उस गुरु ने बालक के साथ खेलना शुरु करके उसे रज़ामन्द कर लिया कि उसके बहुसंख्यक खेलों में से सब से अच्छे एक खेल को खेलें और बाकी सबको छोड़ देवें। बालक ऐसा ही करने लगा। बालक का अब जब कि एक ही खेल रह गया तो वह गुरु के कहने से कभी कभी उसे भी छोड़ देने लगा। अन्त में कुछ काल के बाद उससे वह खेल भी छूट गया और वह अनेक अच्छे कामों में लग गया। चित्त का भी ठीक यही हाल है, उसकी चञ्चलता को छुड़ा कर जब तक उसे एक काम में नहीं लगाते तब तक उससे सब कुछ छूट जाना अत्यन्त कठिन काम है। इसीलिये चित्त को एकाग्र करना निरुद्ध करने के लिये अनिवार्य्य था। अब प्रश्न यह है कि अच्छा, इस चित्त को एकाग्र किस प्रकार किया जावे?

योग के आठ अङ्ग

योग दर्शन में इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये आठ अंगों का विधान किया गया है। वे अंग इस प्रकार हैं:—(१) यम,(२) नियम, (३) आसन, (४) प्राणायाम, (५) प्रत्याहार, (६) धारणा, (७) ध्यान और (८) समाधि।

योग के ये आठ अंग किस प्रकार चित्त की एकाग्रता के साधन हैं, यही बात है जो यहां प्रकट की जाती है:—

१—यम

कर्म विज्ञान का यह प्रारम्भिक पाठ है कि मनुष्य को यह समझ लेना चाहिये कि सुख दुःख प्राप्ति के दो साधन होते हैं। एक मनुष्य के अपने कर्म फल और दूसरा अन्यों के कर्म। इसीलिये मनुष्य के दो कर्तव्य ठहराये गये हैं कि वह अपने को भी अच्छा बनावे और अपने को अच्छा बनाने के साथ ही अन्योंको भी अच्छा बनावे"[1]। एक मनुष्य अपने को कितना ही अच्छा क्यों न बना लेवे परन्तु यदि उसके पड़ोसी बुरे हों तो वह कभी सुख और शांति से नहीं रह सकता उसे सदैव अपने पड़ोसी के दुष्ट कर्मों से दुखी होना पड़ेगा। यदि कोई व्यक्ति योग की प्रक्रिया को काम में लाना चाहता है तो यह अत्यन्त आवश्यक है कि उसके चारों ओर शांति

---

१ आर्य्यसमाज के ९ वें नियम में इसीलिये प्रकट किया गया है कि मनुष्य को अपनी ही उन्नति में सन्तुष्ट नहीं होना चाहिये किन्तु सब की उन्नति में अपनी उन्नति समझनी चाहिये।

का वातावरण हो अन्यथा वह कुछ भी नहीं कर सकता। इसी लिये योग के आठ अंगों में सब से पहले शान्ति का वातावरण उत्पन्न करने का विधान किया गया है। उस वातावरण के उत्पन्न करने का साधन "यम" है। यम के अन्तर्गत ५ बातें हैं जिनको आचरण में लाने से वायु-मंडल सुधरा करता है:—(१) अहिंसा (२) सत्य (३) अस्तेय (४) ब्रह्मचर्य (५) अपरिग्रह।

अहिंसा—मन, वाणी और क्रिया से किसी भी प्राणी को तकलीफ न देना। योगी जब पूर्ण रूप से अहिंसक हो जाता है तब उसके प्रति समस्त प्राणी वैर का त्याग कर देते हैं। अमरीका के तपस्वी थौरियो के लिये लिखा है कि जब वह वाल्डन नामक झील के किनारे रहता हुआ अहिंसा का अभ्यास करता था[2] तो उसके शरीर से शहद की मक्खियाँ लिपट जाती थीं, परन्तु कोई उसे डसती न थी, बिच्छू पाँवों से चिपट जाते थे परन्तु वे भी उसे डंक नहीं मारते थे। इसी प्रकार की बात, महाकवि बाण ने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ "हर्ष चरित" में लिखी है। उसने एक जगह लिखा है कि एक बार राजा हर्षवर्धन एक तपोभूमि में गया जहाँ का आचार्य दिवाकर था और जहाँ अनेक ब्रह्मचारी शिक्षा पाते थे, वहाँ राजा ने देखा कि उन अहिंसक गुरु शिष्यों के प्रभाव से सिंहों ने उनके लिये हिंसा वृत्ति का त्याग

---

१ योग दर्शन २। ३५

2 Walden by Thoreau.

दिया था और वे उनकी तपोभूमि में उसी प्रकार रहते थे जैसे पाले हुए घरेलू कुत्ते।

सत्य—मन, वचन और क्रिया तीनों में सत्य के प्रतिष्ठित होने से योग दर्शन के भाष्यकार व्यास के लेखानुसार, योगी की वाणी अमोघ हो जाती है और फिर वह जो कुछ भी कहता है वह सत्य ही हो जाता है। यदि वह किसी को कह दे कि तू धार्मिक हो जा, तो वह धार्मिक हो जाता है इत्यादि।[1]

अस्तेय—मन, वाणी और क्रिया किसी से भी चोरी न करना और न चोरी की भावना रखना।

ब्रह्मचर्य—शरीर में उत्पन्न हुये रक्त वीर्य की रक्षा करते हुये लोकोपकारक विद्याओं का अध्ययन करना। मनुष्य के भीतर ब्रह्मचर्य से "मातृवत्परदारेषु" की भावना उत्पन्न होकर योगी को संसार के लिये निर्दोष बना देती है।

अपरिग्रह—धन के संग्रह करने, रखने और खोये जाने, धन की इन तीन अवस्थाओं को दुःखजनक समझ उससे अधिक, जिससे जीवन यात्रा पूरी हो सके, धन की इच्छा न करना अपरिग्रह कहा जाता है।

योगी इन पाँच बातों पर आचरण करने से अपने को इस योग्य बना लेता है कि जिससे उसे दूसरे के कर्मों से दुखी न होना पड़े।

---

१ देखो योग दर्शन २। ३६ का व्यासभाष्य।

(२) नियम—

अपने कर्म के फल से भी दुखी न होना पड़े इस लिये योगी को नियमों का पालन करना चाहिये। वे नियम ये हैं:—

शौच—बाह्य और अन्तःकरणों को शुद्ध रखना।

सन्तोष—पुरुषार्थ से जो कुछ प्राप्त हो उस से अधिक की इच्छा न करना और अन्यों के धनादि को अपने लिये लोष्टवत समझना।

तप—शीतोष्ण, दुःख सुखादि को एक जैसा समझते हुये नियमित और संयमित जीवन व्यतीत करना।

स्वाध्याय—ओङ्कार का श्रद्धा-पूर्वक जप करना और वेद, उपनिषदादि उद्देश्य साधक ग्रन्थों का निरन्तर अध्ययन करना।

ईश्वर प्रणिधान—ईश्वर का प्रेम हृदय में रखते और ईश्वर को अत्यन्त प्रिय और परम गुरु समझते हुये, अपने समस्त कर्मों को उसके अर्पण करना।

ये पांच नियम हैं। इनके पालन करने से मनुष्य अपने को इस योग्य बना लेता है कि अधर्म और पाप से सम्पर्क न रख सके। इन ५ यमों के पालन करने से मनुष्य नियमों के पालन करने में समर्थ हुआ करता है और नियमों के पालने से यमों के अनुकूल आचरण रखने में अभिरुचि बढ़ा करती है।

(३) आसन—

आसन सुख पूर्वक बैठने को कहते हैं। यद्यपि आसनों की

संख्या ८४ कही जाती है और उनमें से प्रत्येक की उपयोगिता भी है परन्तु राजयोग में आसन सुख पूर्वक बैठने ही का नाम है जिससे वह किसी आयन्दे की, की जाने वाली क्रिया में, विघ्न-कारक न हो सके।

आसन की एक और उपयोगिता—और वह उपयोगिता यह है कि वह भूख के कम लगने का कारण होता है। इसके समझने के लिये यह समझ लेना आवश्क है कि प्राण और अपान की, इस सम्बन्ध में, उपयोगिता, अनुपयोगिता क्या है?

प्राण और अपान पर एक वैज्ञानिक दृष्टि—जो श्वास बाहर जाता है उसे प्राण (Expired Air) कहते हैं और जो अन्दर आता है उसे अपान (Inspired Air)। प्राण में कारबोनिक एसिड गैस (Carbonic Acid) की औसत प्रायः ४·२८ फीसदी होती है। दिन की अपेक्षा रात्रि में यह शरीर से अधिक निकल जाता है। भूख की इच्छा, अनिच्छा, कारबोनिक एसिड गैस के शरीर से अधिक और कम निकलने पर निर्भर होती है। शरीर के हिलने जुलने' व्यायाम करने, चलने फिरने, भोजन करने आदि से, बैठे रहने की अपेक्षा, यह गैसशरीर से अधिक निकल जाती और इसीलिये भूख अधिक लगती है। भूख, प्यास की इच्छा भी अभ्यास में बाधक हुआ करती है इसीलिये योग का तीसरा अंग आसन (बिना किसी प्रकार की गति किये, शान्ति के साथ एक ढंग से बैठे रहना) ठहराया गया हैं.जिससे भूख भी बाधक न हो सके। पातंजल योगाभ्यास

के लिये पद्मासन अन्य आसनों की अपेक्षा अधिक उपयोगी सिद्ध हुआ है।

मिताहार—भोजन करने के बाद कारबोनिक एसिड के शरीर से निकलने की मात्रा, भोजन न करके भूखा रहने की अपेक्षा, अधिक बढ़ जाती है। सीक्वीन (Sequin) एक विद्वान् के अनुभव में यह बात आई है कि जब वह उपवास करता था तो केवल १२१० घन इञ्च शुद्ध वायु (Oxygen) काम में आता था परन्तु भोजन करने के बाद पाचन क्रिया के मध्य १६०० घन इञ्च प्राण प्रद (Oxygen) व्यय हुआ। कारबोनिक एसिड के शरीर से कम निकलने के उद्देश्य ही से जिससे भूख बाधक न हो सके योगी कभी उपवास भी करता है और कभी अल्पाहार ग्रहण करता है और मिताहारी (नियमित आहार वाला) तो उसे सदैव होना ही चाहिये। कोई कोई अभ्यासी दिन में कुछ भी नहीं खाते केवल रात्री में थोड़ा सा भोजन किया करते हैं। ऐसे योगी नक्त-भोजी कहलाते हैं।

कारबोनिक एसिड के निर्माता तत्व——जिस कारबोनिक ऐसिड गैस के शरीर से अधिक निकल जाने से भूख अधिक लगा करतीहै वह १२ अंश कार्बन और ३१ अंश प्राणप्रद (Oxygen) वायु से मिल कर बना करता है। यह यदि वायु में चार या पांच भी प्रति-शतक हो तो ऐसी वायु में कोई चीज भी न जल सकेगी। अस्तु अधिक प्राण-प्रद के काम में

आने का अभिप्राय यही हुआ कि कारबोनिक एसिड शरीर से अधिक निकला।

गुफाओं में रह कर अभ्यास करना— उष्ण ऋतु की अपेक्षा शीतकाल में, शीतोष्ण (Temperature) में शीत की अधिकता से भी कारबोनिक एसिड शरीर से अधिक निकलता है और इसीलिये भूख भी अधिक लगा करती है। इसी कारण से पुराने योगी, मांद में रहने वाले पशुओं की भांति, गुफाओं में रहा करते थे क्योंकि जितना भी बाहर का शीतोष्ण, प्राणियों के भीतरी शीतोष्ण के निकट होगा उतनी ही भूख कम लगेगी। कारण स्पष्ट है कि ऐसे वाह्य शीतोष्ण में शीत की मात्रा अधिक नहीं हो सकती, इसलिये भूमध्य रेखा के समीपवर्ती रहने वालों की अपेक्षा ध्रुव देश के समीपवर्ती प्राणियों को भूख की इच्छा अधिक हुआ करती है। एक बात और भी है और वह यह कि जो स्थान चारों ओर से घिरे होते हैं जैसे गुफा, उनमें रहने वाले, कारबोनिक एसिड, उन स्थानों में, रहने वालों की अपेक्षा जो चारों ओर से खुले रहते हैं, कम खर्च करते हैं। इसी लिये उन्हें भूख भी कम सताती है। इन कारणों से योगियों को छोटे द्वार वाली गुफाओं में रहना अधिक रुचिकर होता है।

कम बोलना अथवा मौनावलम्बन—यदि मनुष्य चुप रहे तो उसकी अपेक्षा, नियत समय में बोलने अथवा उच्च स्वर से बोलने वाले, अधिक कारबोनिक एसिड व्यय करते हैं इसीलिये

योगी मौन रहना अपने लिये अधिक अच्छा समझते हैं। इससे भी वे भूख की चिन्ता से मुक्त रहते हैं।

चित्त की एकाग्रता की उपयोगिता—चित्त से काम लेने की अपेक्षा उसे स्थान विशेष, भ्रूमध्यादि में एकाग्रित कर देने से भी कारवोनिक एसिड कम खर्च होता है इसलिये योगियों को चित्त की एकाग्रता का अभ्यास करने से भी भूख का कष्ट कम हो जाता है।

एक परीक्षण—पृथ्वी के सूखे भाग में रहने वाला एक जन्तु विशेषतः "बोम्बस" [Bombus] जाति में से था, आध घण्टे तक शान्ति से गति शून्य रहा। फल यह हुआ कि उसके श्वास गहरे और लम्बे हो गये। उन श्वासों की मात्रा एक मिनट में ८५ रही। वह जन्तु इसी हालत में १४० मिनट जब रह चुका तब उसके श्वासों की संख्या एक मिनट में केवल ४६ रह गई। इसके बाद १८० मिनट गुजरने पर उसके श्वास गिनती में आने के अयोग्य हो गये।"[1]

अधिक बैठने की आदत से भूख कम हो जाती है—
चलने फिरने और शारीरिक परिश्रम करने की अपेक्षा, चुपचाप बैठ कर कुछ न करने या दिमागी काम करने से, भूख कम लगने

---

१ इस परीक्षण का उल्लेख किसी ग्रन्थ से जो (Natural History) पर था, डाक्टर पाल ने अपने एक निबन्ध में किया है (A Treatise on the Yoga Philosophy by Dr. N. C. Paul p. 4 & 5).

लगती है क्योंकि इससे श्वास की संख्या कम हो जाने से कार-बोनिक एसिड के खर्च होने की मात्रा भी कम हो जाती है। जिन लोगों को बैठने का अधिक काम रहता हो उन्हें भोजन सदैव कम करना चाहिये और भोजन में दूध या ऐसी ही कोई हलकी और दस्तावर गिज़ा खानी चाहिये।

जलाशय के किनारे अभ्यास की उपयोगिता—पृथ्वी के उस भाग में जहाँ नमी अधिक हुआ करती है, वहाँ के रहने वाले सूखे भाग में रहनेवालों की अपेक्षा कारबोनिक एसिड कम खर्च करते हैं। इसीलिये उन्हें भूख भी कम तकलीफ़ देती है। मनु ने अपने धर्म शास्त्र में इसीलिये जलाशय के किनारे सन्ध्या आदि के करने का विधान किया है।

पहाड़ पर अभ्यास की उपयोगिता—समुद्र के धरातल की अपेक्षा उससे ऊँचे स्थान पहाड़ आदि में, वहाँ के रहने वाले कारबोनिक एसिड कम व्यय करते हैं इसलिये पहाड़ तपस्या और अभ्यास के लिये अधिक उपयोगी स्थान समझे जाते हैं।

शीतल जल पान—जो लोग ठण्डा पानी अधिक पिया करते हैं वे कारबोनिक एसिड़ अधिक खर्च किया करते हैं इसी लिये अभ्यास करने वाले अल्पाहार के साथ अल्प जल ही पान किया करते हैं।

अधिक मोटेपन की अनुपयोगिता—जो लोग अधिक मोटे और भारी होते हैं वे भी अधिक कारबोनिक एसिड खर्च करते हैं और इसीलिये उन्हें अधिक और अनावश्यक भूख लगा

करती है। योग शास्त्र की अपेक्षा,सम्पत्ति शास्त्र की दृष्टि से, ऐसे लोग, किसी देश के लिये, अधिक हानिकारक होते हैं। कई आदमियों का भोजन यह अकेले ही चट कर जाते हैं और उसके बदले में काम कम से कम करते या कर सकते हैं। योगी अपने को सदैव हल्का और चुस्त इसी लिये बना लिया करते हैं कि जिस से भूख कम तक़लीफ दे।

अधिक भोजन से आयु का ह्रास—अधिक भोजन करने से मनुष्य की आयु भी कम हो जाती है। इतिहास गवाही देता है कि औस्तन जो लोग अल्पाहारी थे उनकी आयु अधिक हुई। उदाहरण के लिये देखिये:—

सं०	नाम व्यक्ति	आयु
(१)	सेन्ट एन्थोनी (St. Anthony)	१०५ वर्ष
(२)	जेम्स दी हरमिट (James the Hermit)	१०४ ,,
(३)	अरसेनियस जो राजा अरकेडियस का शिक्षक था (Arsenius, tutor of the Emperor Arcadius) ...	१२० ,,
(४)	साइमन (Simon the Stylite)	११२ ,,
(५)	रोमोल्ड (Romauld)	१२० ,,

डाक्टर पाल ने कैसियन [Cassian] के हवाले से लिखा है कि इन लोगों का भोजन २४ घण्टे में १२ औंस रोटी और पर्याप्त मात्रा में जल था।

१२ औंस रोटी के निर्माता वस्तु—इस १२ औंस रोटी में क्या क्या और कितनी-कितनी वस्तुयें होती थीं उनका विवरण इस प्रकार है:—

(१) जल	२३०४	ग्रेन
(२) कार्बन (Carbon)	१५३४.८	,,
(३) प्राणप्रद वायु (Oxygen)	१५२४	,,
(४) हाईड्रोजन (Hydrogen)	२०५.२	,,
(५) नाइट्रोजन (Nitrogen)	७२	,,
(६) नमक	१२०	,,

अतः स्पष्ट है कि २४ घण्टे में उपर्युक्त पुरुषों ने १५०० ग्रेन से कुछ अधिक कारबोनिक एसिड खर्च किया और ६ बार से कम एक मिनट में श्वास लिया। कम भोजन करने या बिल्कुल न करने से श्वास की संख्या कम हो जाती है जैसा कि कहा जा चुका है, शरीर का ह्रास भी कम हो जाता है और इसीलिये आयु की वृद्धि होती है।

आसन के प्रकरण में ऊपर जो कुछ कहा गया है उस से आसन की उपयोगिता भली भाँति प्रकट होती है। अब प्राणायाम पर विचार कीजिये।

(४) प्राणायाम

योगांगों में प्राणायाम की बड़ी उपयोगिता है। योग दर्शन में बतलाया गया है कि प्राणायाम से प्रकाश पर जो तमादि का

आवरण आ जाता है वह क्षीण हो जाता है[1] और प्रत्याहार आदि आगे के अङ्गों के सिद्ध करने की योग्यता भी आ जाती है[2]। प्राणायाम से इनके सिवा शारीरिक और मानसिक उन्नति भी होती है जिसका विवरण नीचे दिया जाता है:—

प्राणायाम और शारीरिकोन्नति—प्राणायाम से शारीरिक उन्नति किस प्रकार होती है इस बात के जानने के लिये एक दृष्टि शरीर के अन्दर होने वाले अनिच्छित कार्य्यों में से, हृदय और फेफड़े के कार्य्यों पर, डालनी चाहिये।

हृदय का स्थूल कार्य—समस्त शरीर से अति सूक्ष्म नलियाँ हृदय में आती हैं और हृदय से समस्त शरीर में जाया करती हैं। पहली नलियाँ "शिरा" और दूसरी "धमनि" कहलाती हैं। शिराओं का काम यह है कि समस्त शरीर से अशुद्ध रक्त शुद्ध होने के लिये हृदय में लाया करें। हृदय, उस रक्त को, फेफड़े द्वारा, शुद्ध करता है और शुद्ध रक्त को, धमनियों के द्वारा, समस्त शरीर में, भेज दिया करता है। रक्त अशुद्ध क्यों होता है? इस का कारण यह है कि समस्त शरीर व्यापार में उसका प्रयोग होता है। शुद्ध रक्त में कुछ चमक लिये हुये अच्छी सुरखी होती है परन्तु शरीर-व्यापार में आने से वह अशुद्ध हो जाता है और उस में कुछ मैलापन आ जाता है। शुद्ध रक्त में (Oxygen) काफी मात्रा में रहता है। काम में आने से यह मात्रा कम होकर उस

---

१ योग दर्शन २ । ५२

२ योग दर्शन २ । ५३

की जगह एक विषैली वायु (Carbonic Acid Gas) रक्त में आ जाती है और इसी परिवर्तन से रक्त का रंग मैला, स्याही माइल हो जाता है। हृदय में जब अशुद्ध रक्त शिराओं के द्वारा पहुँचता है तो हृदय उसे फेफड़े में भेजता है।

फेफड़े का काम—यहीं से फेफड़े का काम शुरू होता है। फेफड़े स्पंज को भांति असंख्य छोटे छोटे घटकों (Cells) का समुदाय है। एक शरीर-वैज्ञानिक ने हिसाब लगाया है कि लम्बाई चौड़ाई मात्र में फैला देने से फेफड़ा १४००० वर्गफ़ोट जगह घेरेगा। ये घटक एक मांस पेशी (डायेफ्राम=Diaphragm) की चाल से खुलते और बन्द होते रहते हैं। जब ये घटक खुल जाते हैं तब एक ओर से तो हृदय से अशुद्ध रक्त और दूसरी ओर से श्वास के द्वारा लिया हुआ शुद्ध वायु दोनों उन्हें भर देते हैं। प्रकृति का एक विलक्षण नियम उनमें काम करता है। उस नियम के वशीभूत होने से जिसमें जो वस्तु नहीं होती वह दूसरे से खींच लेता है। रक्त में तो शुद्ध वायु (Oxygen) नहीं होता वह उसे श्वास के द्वारा आये हुए वायु में से अलग कर लेता है। और श्वास द्वारा लिये हुये वायु में कार्बन वायु नहीं होता। वह उसे अशुद्ध रक्त में से ले लेता है। इसका परिणाम यह होता है कि रक्त में से कार्बन वायु के निकल जाने और शुद्ध वायु के आ जाने से वह शुद्ध हो जाता है। इस प्रकार शुद्ध हुआ रक्त धमनियों के द्वारा शरीर में चला जाता है और अशुद्ध हुई वायु निःश्वास के द्वारा बाहर निकल जाती है। यह कार्य प्रतिक्षण हुआ करता है।

हृदय की धड़कन—हृदय से रक्त का शुद्ध होने के लिये फेफड़े में एक बार जाना और फेफड़े से शुद्ध होकर रक्त का हृदय में वापिस आ जाना, इन्हीं दो क्रियाओं से हृदय की धड़कन बनती है। औसतन एक मिनट में ७२ ऐसी धड़कनें, एक प्रौढ़ पुरुष के हृदय में, हुआ करती हैं। विशेष अवस्थाओं में, आयु के न्यूनाधिक होने आदि कारणों से, धड़कनों की संख्या भी न्यूनाधिक हो जाया करती है। २४ घन्टे में इस प्रकार, एक शरीर-शास्त्रज्ञ के हिसाब से, २५८ मन रक्त हृदय से शुद्ध होने के लिये आता और इतना ही शुद्ध होकर फेफड़े से हृदय में वापिस चला जाता है। इस धड़कन की आवाज "लब+डप" शब्दों के उच्चारण जैसी होती है।

फेफड़े में शुद्ध वायु न पहुंचने का परिणाम—अस्तु! अब विचारणीय बात यह है कि यदि हृदय से रक्त शुद्ध होने के लिये फेफड़े में जावे परन्तु श्वास द्वारा पर्याप्त वायु फेफड़े में न पहुंचे या सब कोषों [घटकों] में जहाँ रक्त पहुँच चुका है, शुद्ध वायु न पहुँचे तो उसका परिणाम क्या होगा।

फेफड़े के मुख्यतया तीन भाग हैं (१) ऊपरी भाग जो प्रायः गर्दन तक है (२) मध्य भाग जो दोनों ओर हृदय के इधर उधर हैं (३) निम्न भाग जो "डाये फ्राम" के ऊपर दोनों ओर हैं। साधारण रीति से जो श्वास लिया जाता है वह पूर्ण श्वास नहीं होता इसीलिये फेफड़े के सब भागों, अथवा सब भागों के

समस्त घटकों में नहीं पहुँचता तो ऊपरी भाग फेफड़े का रोगी होना शुरू हो जाता है और अन्त में वह "ट्यूबर क्यूलोसिस" (Tuberculosis) जैसे रूप को ग्रहण कर लेता है, इसी प्रकार फेफड़ों के मध्य और निम्न भागों के रोगी हो जाने से खाँसी, श्वास, निमोनिया और जीर्ण-ज्वरादि अनेक रोग, जो फेफड़ों से सम्बन्धित हैं, होने लगते हैं। इस प्रकार पर्याप्त वायु फेफड़ों में न पहुँचने से जहाँ एक ओर फेफड़े से सम्बन्धित रोग उत्पन्न होते हैं तो दूसरी ओर रक्त शुद्ध नहीं होने पाता और वह बिना शुद्ध हुए, अशुद्ध रक्त ही हृदय में लौट कर वहाँ से समस्त शरीर में धमनियों के द्वारा फैल जाता है। बार बार इस प्रकार दूषित रक्त के शरीर में फैलने से मामूली खाज से लेकर कुष्ट रोग तक हो जाया करते हैं। इन सब दुष्परिणामों से बचने के लिये आवश्यक है कि प्राणायाम के द्वारा फेफड़ों के समस्त भागों में, वायु बहुतायत से पहुँचा करे। जिससे उन्हें भी पुष्ट बनाया जावे और रक्त को भी उपर्युक्त दोषों से पृथक रक्खा जावे।

प्राणायाम से कारबोनिक एसिड के निकलने में कमी—प्राणायाम के सम्बन्ध में एक विद्वान् ने जिसका नाम वीरार्ट (Vierordt) था अनेक परीक्षण किये और उन परीक्षणों का फल यह निकला कि जब मनुष्य निःश्वास रहा तो कारबोनिक एसिड गैस बहुत कम मात्रा में उसके शरीर से निकली[1] जिसका

---

1 A Treatise on the Yoga Philosophy by N. C. Paul P. 8-14.

फल स्वाभाविक रीति से यह हुआ कि वह भूख के कष्ट से मुक्त रहा।

जप से भूख में कमी—प्राणायाम के साथ जप भी किया गया। जप चाहे प्राणायाम के साथ किया गया या विना प्राणायाम के परन्तु था वह मानसिक ओ३म् का जप, तो प्रत्येक दशा में फल यह निकला कि कारबोनिक एसिड गैस कम मात्रा में निकली। उपवास के बाद जिस क्रिया से भूख कम से कम लगती है वह ओ३म् का मानसिक जप है। यदि मनुष्य प्रतिदिन १२००० वार ओ३म् का जप किया करे तो उसे बहुत थोड़े भोजन की जरूरत रह जाती है। जप से कुम्भक की अवधि भी वढ़ती है और जिन शब्दों से भी कुम्भक की मात्रा वढ़ती है वह मूर्च्छोत्पादक (Hypnotic word) समझे जाते हैं। डक्टर रैकलिफ (Dr. Radcliff) का कहना है कि एक लड़का ४५० वार "कप (Cup) शब्द के उच्चारण करने से सो गया। जप की अवस्था में केवल ८ औंस रोटी-दाल खाना भूख के निवारणार्थ पर्याप्त समझा गया है। अनेक वार परीक्षण करने से भी ऐसा ही प्रमाणित हुआ है।

एक उदाहरण—एक बच्चे का शीतोष्ण, जिसके श्वास जल्द जल्द चला करते हैं १०२·५ (F) होता है परन्तु एक बूढ़े आदमी का, जिसके लिये कम भोजन की जरूरत हुआ करती है शीतोष्ण (Temperature) केवल ६६·५ (F) होता है। एक चिड़िया जिसका टेम्प्रेचर १०६ से १०६ तक होता है, केवल

1. A Treatise on the Yoga by H.C. Paul p. 13

तीन दिन बिना भोजन के जिन्दा रह सकती है परन्तु एक साँप जो चिड़िया की अपेक्षा थोड़ी गर्मी रखता है, थोड़ा पुरुषार्थ करता है और इसीलिये थोड़ी कारबोनिक एसिड निकालता है, ३ मास और इससे भी अधिक बिना भोजन के जीवित रह सकता है। इसी प्रकार प्राणायाम का जितना भी अधिक अभ्यास होगा उतनी ही कम भूख लगेगी और आयु की वृद्धि भी होगी।

मेंढक और प्राणायाम—कुछ एक प्राणियों के नाम यह दिखलाने के लिये अङ्कित किये जाते हैं कि वे एक मिनट में कितने श्वास लेते हैं:—

सं०	नाम प्राणी			कितने श्वास एक मिनट में लेते हैं
१	कबूतर	—	—	३४
२	मामूली चिड़िया	—	—	३०
३	बतख	—	—	२१
४	बन्दर	—	—	३०
५	मनुष्य	—	—	१२
६	सुअर	—	—	३६
७	कुत्ता	—	—	२८
८	बिल्ली	—	—	२४
९	बकरी	—	—	२४
१०	घोड़ा	—	—	१६
११	मेंढक	—	—	३

इस चित्र से प्रकट है कि मेंढक सब से कम श्वास लेता है।

मेंढ़क के लिये, विद्वानों ने बतलाया है कि वह ११० वर्ष तक जीवित रहता है। नवम्बर के मध्य में यह जमीन के नीचे चला जाता है और फिर ५ मास के बाद अप्रेल के मध्य में निकलता है। इस प्रकार यह ५ मास तक बिना भोजन और बिना श्वास के रहा करता है।

(५) प्रत्याहार—

इन्द्रियों का अपने विषयों से पृथक् हो जाना प्रत्याहार कहलाता है। इन्द्रियों का अपने विषयों से पृथक् होने का अर्थ यह है कि आत्मा का सामर्थ्य जो बहिर्मुखी वृत्ति द्वारा चित्त और इन्द्रियों के माध्यम से व्यय हो रहा था अब काम में आने से रुक गया और रुक कर आत्मा में लौट गया। इसीलिये प्रत्याहार का उद्देश्य योग जगत् में आत्म-शक्ति का एकत्रीकरण समझा जाता है। आत्म-शक्ति शरीर से पृथक् होकर, शरीर में, जो ममता मनुष्य जोड़े रखता है, उसे दूर कर देने का कारण बन जाती है और तब योगी शरीर को आत्मा से पृथक्, आत्मा के हाथ का शस्त्रवत्, समझने लगता है और अपना अधिकार समझता है कि उसे जब चाहे, हाथ की वस्तु की तरह, पृथक् कर दे। जब योगी यम, नियम का पालन करते हुये भोजनादि की व्यवस्था, योगियों की मर्यादानुकूल, रखने लगता है और प्राणायाम का अभ्यास करते हुये १० मिनट तक श्वास रोके रखता है तब उसको अपनी इन्द्रियों पर अधिकार हो जाता है। और वह धारणा के अभ्यास करने में समर्थ होता है।

(६) धारणा—

चित्त का किसी केन्द्र पर केन्द्रित कर देना, धारणा कही जाती है। जो शक्ति प्रत्याहार के अभ्यास से एकत्रित हुई है उसे नाभि-चक्र, नासिका के अग्रभागादि पर लगा देना धारणा है। प्रत्याहार से इन्द्रियों पर अधिकार होता है तो धारणा से मन अधिकृत हुआ करता है। जब प्राणायाम का अभ्यास इतना अधिक बढ़ जाता है कि योगी २१ मिनट ३६ सेकिण्ड बिना श्वास के रह सके तब इससे अनायास धारणा की सिद्धि हो जाती है। धारणा की सिद्धि से, 'ध्यान' के अभ्यास करने के योग्य, योगी हो जाता है।

(७) ध्यान —

योगदर्शन में, धारणा में ज्ञान का एकसा बना रहना, ध्यान कहा गया है।[1] इसका तात्पर्य यह है कि जिस लक्ष्य पर चित्त एकाग्र हुआ है, इस एकाग्रता का ज्ञान, एकसा (निरन्तर) बना रहे। सांख्य के आचार्य्य महामुनि कपिल ने ध्यान की परिभाषा एक दूसरे प्रकार से की है। उन्होंने "ध्यानं निर्विषयं मनः[2]।" सूत्र के द्वारा मन के निर्विषय होने का नाम ध्यान बतलाया है। परन्तु भाव दोनों का एक ही है। जब मन किसी लक्ष्य पर एकाग्र हो रहा है तब निश्चित है कि वह निर्विषय है क्योंकि "युगपज्ज्ञानानुत्पत्तिर्मनसो लिङ्गम्[3]" की व्यवस्थानुसार, मन एक समय में, दो विषयों को, ग्रहण नहीं कर सकता। विषय का अभिप्राय,

(१) योगदर्शन ३।२। (२) सांख्य दर्शन। (३) न्याय दर्शन १।१।१६।

साधारणतया, इन्द्रिय विषय ही होता है, इसलिये जब मन किसी लक्ष्य पर एकाग्रित है और एकाग्रता में निरन्तरता है, तब यह योग दर्शनानुसार ध्यान है और इस ध्यान में मन निर्विषय है। सांख्य दर्शन में यही बात इस प्रकार वर्णित है कि जब मन निर्विषय है तो वह ध्यान की अवस्था में है। स्पष्ट है कि भाव दोनों का एक ही है। प्राणायाम का अभ्यास इतना हो जाने पर जिससे योगी ४३ मिनट १२ सेकिण्ड श्वास रोके रक्खे, यह ध्यान की अवस्था योगी को प्राप्त हो जाती है।

(८) समाधि—

ध्यानावस्था में ध्याता, ध्यान और ध्येय इन तीनों का ज्ञान योगी को बना रहता है, परन्तु जब यह हालत हो जाती है कि ध्याता भूल जाता है कि वह ध्याता है और यह भी कि ध्यान रूपी कोई क्रिया वह कर रहा है, इसका भी उसे ज्ञान नहीं रहता और केवल ध्येय ही उसके लक्ष्य में रह जाता है, तब इस अवस्था का नाम समाधि कहा जाता है। इस अवस्था में योगी को दुःख, सुख, शीतोष्णादि का कुछ भी ज्ञान नहीं रहता, अब उसकी दृष्टि में न कोई मित्र है न शत्रु। न किसी बात में वह अपना मान समझता है और न अपमान। सोना, चाँदी, मिट्टी के ढेले से अधिक प्रतिष्ठा की वस्तु उसके लिये बाक़ी नहीं रह जाती। प्राणायाम के द्वारा जब एक घण्टा २६ मिनट और २४ सेकिण्ड तक योगी बिना श्वास के रहने लगता है, तब उसे समाधि की सिद्धि हो जाती है।

अष्टांग योग का परिणाम

जब इस प्रकार से योगी अष्टांग योग का अभ्यास करता है तब इससे उसका चित्त स्थिर रीति से एकाग्र हो जाता है और इस चित्त की एकाग्रता से उसे सम्प्रज्ञात योग की सिद्धि हो जाती है।

योग के दो भेद

योग के दो भेद हैं (१) सम्प्रज्ञात (२) असम्प्रज्ञात। इन्हीं को सबीज और निर्बीज समाधि भी कहते हैं। सम्प्रज्ञात योग के समझने के लिये, इस योग के चार भेदों को, समझना चाहिए। इन भेदों का समष्टि नाम "समापत्ति" है।

समापत्ति और उसके चार भेद

जब चित्त की वृत्ति क्षीण हो जाती है और वह स्फटिकमणि के सदृश, निर्मल होकर ग्रहण (इन्द्रिय), ग्रहीता (अहङ्कार विशिष्ट-आत्मा) और ग्राह्य (इन्द्रियों के विषय) में, स्थित होती हुई उन्हीं के से रूप को प्राप्त हो जाती है, तब इस अवस्था का नाम योग दर्शन की परिभाषा में समापत्ति होता है, इस (समापत्ति) के चार भेद हैं:—

(१) सवितर्का—चित्त का किसी स्थूल पदार्थ (वृक्ष, गौ आदि) की तदाकारता प्राप्त कर लेने पर जब तक शब्द अर्थ और इन दोनों के मेल से जो ज्ञान होता है, उनके विकल्प का ज्ञान रहे तो वह सवितर्का है।

(२) निर्वितर्का—जब उसी स्थूल पदार्थ की तदाकारता होने पर केवल अर्थ का ज्ञान रह जावे तब निर्वितर्का समापत्ति कही जाती है।

(३) सविचारा—जब किसी सूक्ष्म वस्तु (सूक्ष्म भूत अथवा प्रकृति) की तदाकारता के साथ शब्द अर्थ और ज्ञान का विवेक बाक़ी रहे तब सविचारा।

(४) निर्विचारा—और जब केवल अर्थ का ज्ञान बाक़ी रह जावे तब निर्विचारा समापत्ति कही जाती है।

इन चारों भेदों की सिद्धि होने पर सम्प्रज्ञात या सबीज समाधि की सिद्धि हो जाती है। भेदों पर दृष्टिपात करने से स्पष्ट है कि इन में, चित्त की एकाग्रता, स्थूल या प्रकृति पर्यन्त सूक्ष्म विषयों तक, सीमित रहती है अर्थात् आत्मा की बहिर्मुखी वृत्ति ही काम करती रहती है। जब तक यह अवस्था चित्त की रहती है, तब तक चित्त एकाग्रता की सीमा में रहता है। चित्त की एकाग्रता की सीमा भी निर्विचारा समापत्ति में, इस जगह तक है, जहां चित्त अलिंग (प्रकृति) में एकाग्र हो जाता है।[1] इस के बाद चित्त की एकाग्रता और एकाग्रता का लक्ष्य, सूक्ष्म विषय दोनों की समाप्ति होकर, आत्मा की बहिर्मुखी वृत्ति का क्षेत्र भी समाप्त हो जाता है। इस के बाद चित्त के निरोध की सीमा का प्रारम्भ होता है। इस सीमा में घुसने से पहिले, जो योग्यता योगी को, सम्प्रज्ञात योग की सिद्धि से, प्राप्त हो जाती है उसका कुछ उल्लेख कर दिया जावे तो अच्छा होगा। इस योग्यता का नाम योगदर्शन में विभूति रक्खा गया है।

योग की विभूति

योग की विभूति समझने से पहले संयम शब्द को समझ

---

1 देखो योग दर्शन 1 । ४५

लेना आवश्यक है। चित्त की एकाग्रता की योग्यता के भेद से, जो दर्जे, योगी के हो जाते हैं, वे तीन हैं :—

(१) धारणा की योग्यता वाले।

(२) ध्यान की योग्यता वाले।

(३) समाधि की योग्यता वाले।

इन तीनों योग्यताओं को एक साथ काम में लाने का नाम ही संयम है।[1] संयम कर सकने वाले योगी की, योग्यता के सम्बन्ध में, यह समझ लेना चाहिये कि जगत् में जो काम किये जा सकते हैं; चाहे उन्हें कोई साधारण पुरुष (अयोगी) असंभव ही क्यों न समझता हो, वे सभी काम, सम्प्रज्ञात समाधि सिद्ध योगी द्वारा, किये जा सकते हैं। उदाहरण के लिये कतिपय विभूतियों का यहां उल्लेख किया जाता है :—

पहली विभूति[2]—कहा गया है कि तीनों परिणामों[3] में संयम करने से अतीत (भूत) और अनागम (भविष्य) का ज्ञान योगी को हो जाता है[4]। साधारण स्त्री पुरुषों के लिये यह बात असम्भव समझी जाती है परन्तु योगी के लिये सर्वथा

(१) योग दर्शन ३। ४।

(२) योग दर्शन की टीका में, जो विभूतियों की संख्या पड़ी है, उन्ही के अनुसार, यहाँ जिस विभूति का भी उल्लेख किया जायगा, उन पर, संख्या, डाली जायंगी।

(३) योग दर्शन ३। १३

(४) योग दर्शन ३। १६

सम्भव है। संसार में, सम्भव— असम्भव शब्दों का प्रयोग, प्रयोग करने वाला, अपनी योग्यता को, लक्ष्य में रख कर ही किया करता है। एक बलशाली पुरुष के लिये २५—३० मन का पत्थर, अपनी छाती पर रख लेना, सम्भव है परन्तु एक निर्बल पुरुष के लिये, यह काम असम्भव है, अस्तु!

विभूति की व्याख्या—विभूति की सम्भावना समझने के लिये अतीत और अनागत शब्दों का भाव समझ लेना चाहिये। मनुष्य के अन्तःकरणों में, चित्त, वासना, स्मृति और संस्कारों का भंडार है। अन्तःकरण का, सविस्तार विवरण, आगे दिया जायगा। चित्त में, ये स्मृति और वासना आदि जन्म जन्मान्तर से, संगृहीत रहती हैं। सूक्ष्म शरीर की, स्थूल शरीर के साथ, मृत्यु न होने से, वह चित्त बराबर हज़ारों लाखों वर्ष से, जीवात्मा के साथ, बना रहता है और इसलिये अतीत (भूत) काल की स्मृति आदि भी, उस में, बनी रहती है। साधारण पुरुष उन्हें नहीं जान सकता परन्तु संयम करने से योगी के लिये, चित्त की स्मृति आदि का, पुराना भंडार ऐसा ही प्रत्यक्ष हो जाता है जैसे संसार के अन्य वर्तमान पदार्थ।

अनागत की सत्ता, फल अथवा कार्य्य-रूप में, होती है और उस का कारण, मनुष्य के वर्तमान और भूतकालिक किये जा रहे और किये गये कर्म, हुआ करते हैं। मनुष्य जितने भी कर्म करता है वे सब भी चित्त में अङ्कित रहते हैं और इन्हीं को कर्म की रेखा कहते हैं। योगी संयम द्वारा चित्त को साक्षात

कर के उन्हें और उन के द्वारा आयन्दे होने वाले इष्ट या अनिष्ट को भली प्रकार जान लिया करता है। इस प्रकार अतीत और अनागत दोनों का ज्ञान योगी को हो जाया करता है। इस में कुछ भी असम्भवता या अस्वाभाविकता नहीं है। अवश्य कोई भी योगी अतीत और अनागत का उतना ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकता है जितना ईश्वर को है, सो इसका दावा भी, विभूति सूचक सूत्र में, नहीं किया गया है।

दूसरी विभूति—दूसरी विभूति यह है कि योगी को अन्य प्राणियों (पशु पक्षी आदि) की बोली का ज्ञान हो जाता है। यह कुछ बहुत विलक्षण बात नहीं है। अनेक विद्वान्, जिन्होंने, अपना समय, पशु पक्षियों के विवरण जानने में, व्यय किया है, बहुत से पशु पक्षियों की बोली समझने लगते हैं।

चौथी विभूति—दूसरों के चित्त का ज्ञान प्राप्त कर लेना योगियों के लिये तो कुछ भी दुस्तर नहीं है जब कि आकृति विद्या (Science of facial expression) आदि के जानने वाले अयोगी विद्वान् भी, बहुत सी बातें, दूसरों के चित्त की इन विद्याओं की सहायता से जान लिया करते हैं।

नवमी विभूति—"सूक्ष्म, व्यवहित (आड़ में रहने वाली, चीजें) और दूर का ज्ञान हो जाना।" ये सूक्ष्म और व्यवहितादि शब्द, आँखों की योग्यता को कसौटी मानकर बनाये गये हैं। आँखों की रोशनी के लिये दीवार मनुष्य-शरीर आदि बाधक हैं। और वे आँख के प्रकाश को रोक लेते हैं उसे

पार नहीं जाने देते। परन्तु ऐसी रोशनी हैं जिनके लिये शरीरादि बाधक नहीं हैं जैसे "ऐक्स-रे" (X-Ray) जब योगी इतना शक्ति-सम्पन्न हो जाता है कि मन और चित्तादि से उसी प्रकार काम ले सके जैसे कि आँखों से लिया जाता है तब उसके लिये शरीर और दीवार आदि की आड़ नहीं रहा करती और उसे सूक्ष्म, दूर और आड़में होने वाली वस्तुओं का ज्ञान होजाया करता है।

दसवीं विभूति—"सूर्य में संयम करने से भुवन का ज्ञान हो जाना।" शरीर के अन्दर, जो रीढ़ की हड्डी में, नाड़ी है उसे सुषुम्णा या ध्रुव और उसके इधर उधर जो नाड़ियां हैं उन्हें इडा और पिंगला कहते हैं। इन्हीं का पारिभाषिक नाम ध्रुव, चन्द्र और सूर्य है, इन्हीं नाड़ियों में से सूर्य नाड़ी में संयम करने से भुवन का ज्ञान होजाता हैं। यह बात कुछ भी आश्चर्य्य की नहीं रहती यदि बेतार की तारवर्क़ी (Wireless telegraphy) की कार्य्य-प्रणाली को समझ लिया जावे। उसका बहुत स्थूल रूप यहां दिया जाता है।

बेतार की तार वर्क़ी की स्थूल-कार्य्य प्रणाली—इस कार्य्य प्रणाली का सुगमता से ज्ञान हो जाय इसके लिये चित्र (ज) और (ट) देखिये:—

१—"अ,क,ख" बेतार की तारवर्क़ी का खम्भा है। "त, ग," दूसरा खम्भा है जहाँ खबर भेजनी है।

अ
त
वायु
वायु
वायु
वायु
वायु
वायु
वायु
वायु
वायु
चित्र ट
चित्र ज
क
थ
न
ध
प
द
च
छ
ख
ग

२—अ क वायु में सीधा खड़ा रहता है, उसका सिरा (अ) ऐसे मसाले से भर दिया जाता है जिस से बिजली इस रास्ते से खम्भे से निकल न सके।

३—"घ" जहाँ वहुत वेग के साथ बिजली पैदा होती है।

४—च और छ वे पुरजे हैं जहाँ बिजली की चोटें उत्पन्न होती हैं अर्थात् ऊपर का पुरजा 'च' नीचे के पुरजे 'छ' से इतने वेग से टकराता है कि प्रति क्षण अनेक चोटें उत्पन्न होती रहती हैं।

५—ग. पृथिवी है और ख के द्वारा "अ क" का सम्बन्ध पृथिवी से है। "अ क" एक तरफ वायु से और दूसरी ओर पृथिवी से सम्बन्धित है।

६—"घ"में विद्युत् उत्पन्न होता है और उसी विद्युत् से "च," "छ" से टकराकर, शीघ्रता से, चोटें मारता है। उन चोटों के प्रभाव से उत्पन्न हुआ विद्युत "अ क" तक "द, ध, न" के रास्ते से पहुँच कर नीचे ऊपर घूमने लगता है। यदि अ क की नोक 'अ' खुली होती तो बिजली, उधर से निकल कर, वायु में चली जाती, परन्तु उसके बन्द होने के कारण, वह विद्युत्, उसी अ,क खम्भे में वेग पकड़ता है और अत्यन्त वेगवान होजाने पर "अ,क" खम्भे के चारों ओर वृत्ताकार होकर घूमने लगता है जैसा चित्र (ट) में दिखाया गया है। "अ क" में धनात्मक(Positive) और ऋणात्मक (Negative) बिजलियां, एक दूसरे के बाद, घूमा करती हैं। इसी विद्युत

में जो समाचार कि "त थ" में भेजना है, वह मौजूद रहता है। वायु में भी दोनों प्रकार का विश्वव्यापी विद्युत् रहता ही है। इस लिये "अ,क" के चारों ओर घूमने वाला सन्देशपूर्ण विद्युत, वायुवाले विद्युत् में, होकर "त थ" के चारों ओर उपरोक्त प्रकार से घूमने वाले विद्युत् में पहुँच जाता है और इस प्रकार वह सन्देश पूर्ण विद्युत् "त थ" खम्भे में पहुँच जाता है जैसा कि चित्र (ज) में दिखाया गया है। और सन्देश जहां भेजना था वहां वह ले लिया जाता है।

विभूति का विवरण

यह है बेतार के तारवर्क़ी की कार्य्य प्रणाली। इसको लक्ष्य में रखते हुये, जब हम शरीर पर, दृष्टि डालते हैं तो वह भी विद्युत् का एक यन्त्र कहा जा सकता है। मनुष्य के मस्तिष्क और हृदय में से एक ओर धनात्मक, और दूसरी ओर ऋणात्मक विद्युत् बहता और उत्पन्न होता रहता है। पृथ्वी और सूर्य्य में उपस्थित ऋणात्मक और धनात्मक विद्युत्, शरीर के विद्युत् को खींचते रहते हैं। प्राणायाम करते हुये जब बल पूर्वक रेचक और देर तक ठहरने वाला बाह्य-कुम्भक किया जाता है, और दुहराया तिहराया जाता है तब शरीर पसीना पसीना हो जाता है, नसें तड़पने लगती हैं, रक्त में उबाल सा आने लगता है, चेहरा सुर्ख़ हो जाता है, हृदय की धड़कन मध्यम पड़ने लगती है, नब्ज़ छूटने सी लगती है और हृदय तथा मस्तिष्क दोनों में विद्युत् का वेग बहुत बढ़ जाता है। इस अवस्था को प्राप्त हुये शरीर की तुलना बेतार की तारवर्क़ी यन्त्र से करो।

शरीर और यन्त्र की समता

सुषम्णा का निचला भाग मूलाधार पृथ्वी स्थानीय है और यहीं से इडा और पिंगला (चन्द्र+सूर्य्य) एक दूसरे को काट कर मस्तिष्क की ओर चलती हैं। इन नाड़ियों को "अ,क,ख" स्कन्ध स्थानी समझें। इनकी ऊपरी नोक अ "ब्रह्मरन्ध्र" चक्र है। जिस "घ" प्रकार में विद्युत् उत्पन्न होकर "अ,क,ख" में पहुँचता है इसी प्रकार, योगी, प्राणायम के द्वारा, उदय होते हुये सूर्य्य से, विद्युत् ग्रहण करने के अभ्यास से, वहु मात्रा में विद्युत् ग्रहण करता तथा उसमें रेचक और पूरक द्वारा चोट लगने के सदृश, वेग उत्पन्न करता इस वेग में आये हुये विद्युत् को, कुण्डलिनी मुद्रा के अभ्यास से, योगी सूर्य्य, चन्द्र और ध्रुव नाड़ियों में ब्रह्मरन्ध्र की ओर भेजता है। इस अभ्यास को करते हुये योगी, गीता के निम्न वाक्यानुकूल, अपने शरीर के सभी द्वारों को जहाँ से विद्युत और प्राण बाहर जा सकते थें, वन्द किये रखता है:—

सर्वद्वाराणि संयम्य मनो हृदि निरुध्य च।
मूर्ध्न्याधायात्मनः प्राणमास्थितो योग-
धारणाम्॥ (गीता ८। १२)

जिस प्रकार "अ" नोक के वन्द होने से विद्युत् की चोटों के निकलने का मार्ग वन्द रहता है इसी प्रकार इन सूर्य्य, चन्द्र और ध्रुव, शरीर में खड़ी नाड़ियों के द्वार, बन्द होने से विद्युत् बाहर न जाकर इन्हीं नाड़ियों और शरीर के चारों ओर घूम कर

वायु में रहने वाले विश्वव्यापी विद्युत् से मेल करके, उनके अन्तर्गत जो भी क्रियायें, होती हैं अथवा जो कुछ उनके अन्दर निहित होता है, उन सब परोक्ष की बातों का ज्ञान प्राप्त कर लेता है। इन क्रियाओं के साथ योगी, अपनी धारणा, ध्यान और समाधि से उत्पन्न शक्ति को भी सूर्य्यादि नाड़ियों में (संयम द्वारा) लगा कर, इन क्रियाओं में, सीमा और अत्यन्त उत्तेजना भी पैदा कर देता है जिससे इष्ट सिद्धि में और भी अधिक सुलभता हो जाती है। अतः स्पष्ट है कि सूर्य्य नाड़ी में संयम करके योगी शरीर से बाहर परोक्ष रूपी भवन का ज्ञान प्राप्त कर लिया करता है।

ग्यारहवीं और बारहवीं विभूतियों में आये तारा व्यूह का अर्थ शरीरस्थ सूक्ष्मातसूक्ष्म नाड़ी हैं जो इन्हीं सूर्य, चन्द्र और ध्रुव नाड़ियों से मिल कर नाड़ी गुच्छक (Nervous System) और सूर्य्यादि चक्र (Plaxus) बनाती हैं जिनका और जिनकी गति आदि का ज्ञान, इन्हीं चक्रों द्वारा, सूर्य, चन्द्र और ध्रुव नाड़ियों में संयम से, योगी को हो जाया करता है।

तेरहवीं विभूति नाभि, शरीर का केन्द्र, समझी और मानी जाती है। केन्द्र में संयम करने से शरीर रचना का ज्ञान हो जाना स्पष्ट ही है। अन्य विभूतियों के सम्बन्ध में जो ज्ञातव्य था वह सूत्रों की व्याख्या में अङ्कित किया जा चुका है। सम्प्रज्ञात समाधि सिद्ध योगी की अपूर्व योग्यताओं का वर्णन करने के बाद, अब असम्प्रज्ञात योग की ओर चलना चाहिये और देखना चाहिये कि चित्त की वृत्तियों का निरोध, किस प्रकार किया जा सकता है।

चित्त की वृत्तियों का निरोध

जिस समय, चित्त की वृत्तियों की, एकाग्रता हो जाने से, मन और इन्द्रियां, योगी के वश में हो जाती हैं, तब वह अपनी उपलब्ध सामर्थ्य से, मन और इन्द्रियों के काम को बन्द करके, जागृतावस्था को, सुषुप्तावस्थावत् बना देता है। इसका फल यह होता है कि मन और इन्द्रिय दोनों का, काम रुक जाने से, आत्मा की बहिर्मुखी वृत्ति का काम बन्द हो जाता है। दोनों वृत्तियों में से, एक न एक सदैव जारी रहती हैं, जैसा पहला कहा जा चुका है, इसलिये बहिर्मुखी वृत्ति के बन्द होने का अनिवार्य्य फल यह होता है कि अन्तर्मुखी वृत्ति जागृत हो जाती है। इस अन्तर्मुखी वृत्ति के जागृत होने का तात्पर्य यह है कि चित्त की वृत्तियां निरुद्ध हो गईं। इतना जान लेने पर अब यह बतलाने चेष्टा की जाती है कि साक्षात् साधन, चित्त की वृत्तियों के रोकने के, क्या हैं?

चित्त की वृत्तियों के रोकने के कुछ एक सहायक साधन

किस साधन से कौन सी वृत्ति निरुद्ध हो जाती है, अब यह बतलाया जाता है:—

चित्त की वृत्तियां ५ हैं। उनमें से

(१) स्मृति वृत्ति का निरोध, आसन की सिद्धि और प्राणायाम के अभ्यास से, होता है।

(२) निद्रावृत्ति का निरोध, प्रत्याहार और धारणा के अभ्यास से, होता है।

(३) विकल्प वृत्ति का निरोध, ध्यान से, होता है।

(४) विपर्यय वृत्ति का निरोध, समाधि से, होता है। इस प्रकार इन ४ वृत्तियों के निरुद्ध हो जाने से, पांचवीं प्रमाण वृत्ति स्वयमेव निरुद्ध हो जाती है।

वृत्तियों के निरोध का कोशों पर प्रभाव

(१) स्मृति वृत्ति के निरोध से, अन्नमय कोष का आवरण, बाधा रहित हो जाता है।

(२) निद्रा वृत्ति के निरोध से, प्राणमय कोष निर्दोष हो जाता है।

(३) विकल्प वृत्ति के निरोध से, मनोमय कोष का परित्याग हो जाता है।

(४) विपर्यय वृत्ति के निरोध से, विज्ञानमय शरीर परित्यक्त हो जाता है।

इस प्रकार बचा हुआ केवल आनन्दमय कोष होता है जो अन्त में शरीर के साथ छूट जाता है।

वृत्तियों के निरोध होने पर योगांगों का अवस्थाओं पर प्रभाव

(१) प्राणमय से, जागृत अवस्था पर।

(२) प्रत्याहार से, स्वप्नावस्था पर।

(३) धारणा से, सुषुप्तावस्था पर।

(४) ध्यान से मूर्च्छावस्था पर।

(५) समाधि से, मृत्यु पर।

अधिकार प्राप्त करके योगी स्वेच्छया अपने स्वरूप (आत्म स्वरूप) में प्रतिष्ठित होता है।

आसन की सिद्धि का अभिप्राय

स्मृति के निरोध के लिये आसन की सिद्धि की बात ऊपर कही गई है। जहां तक राजयोग का सम्बन्ध है, आसन साधने के लिये अनेक प्रकार के आसनों के अभ्यास की जरूरत नहीं है किन्तु पद्मासनादि में से किसी एक आसन में ४ घण्टे ४८ मिनट या कम से कम ३ घण्टा ३६ मिनट पर्यन्त विना दुःख और विना किसी अंग के हिलाये बैठे रहना, यह आसन की पूर्वाङ्ग सिद्धि है। इसके बाद अन्नमय (स्थूल) शरीर का संयमन करके उसी आसन में, विना गिरे (लेटे), सो सकना यह आसन की अन्तिम सिद्धि है।

चित्त की वृत्तियों के निरोध पर्यन्त विवरण देने के बाद अब यह बतला देना आवश्यक है कि किस प्रकार कोई नया आदमी जिसे योगाभ्यास करने की इच्छा हो, अभ्यास कर सकता है।

योगाभ्यास का क्रियात्मक रूप, यमों का साधना

सब से पहली बात, जो जिज्ञासु में होनी चाहिए, और जिसके विना, कोई भी, योग की दुनियाँ में, दाखिल नहीं हो सकता, श्रद्धा है। किसी पुरुष को भी, जिसका हृदय श्रद्धा से शून्य है, योग नहीं आ सकता।

श्रद्धा

श्रद्धा किसे कहते हैं । श्रद्ध (श्रत+धा) सचाई के धारण करने का नाम है । सचाई का ज्ञान तर्क से हुआ करता है और ज्ञान होने पर उसे हृदय में धारण कर लेना, श्रद्धा कहलाता है । हृदय में धारण कर लेने का अभिप्राय यह है कि मनुष्य उस के विपरीत आचरण न कर सके । श्रद्धा रखते हुये सब से पहले, यमों के हृदय में धारण करने का, अभ्यास करना चाहिये । अभ्यास किस प्रकार हो ? यमों में से एक अहिंसा को लेकर, वह प्रकार बतलाया जाता है:—

(१) सब से पहिले अहिंसा के ग्रहण और धारण करने की प्रबल इच्छा मनुष्य के हृदय में होनी चाहिये ।

(२) उसे ऐसे ग्रन्थों का अध्ययन करते रहना चाहिये जिस में अहिंसा की श्रेष्ठता बतलाते हुये, हिंसा के दोष दिखलाये गये हों ।

(३) अभ्यासी जहाँ रहता हो वहाँ मोटे अक्षरों में "अहिंसा परमो धर्मः" । इस या ऐसे ही वाक्यों को, आमने सामने, इधर उधर, चारों ओर मोटे कागज़ पर लिख कर टाँग ले, जिस से बिना इच्छा के, अनायास, अभ्यासी की दृष्टि, उस पर पड़ती रहे ।

(४) प्रातः काल उठते ही, बिस्तर छोड़ने से पहले, उसे अहिंसा पालन रूप व्रत को धारण करते हुये, ईश्वर से प्रार्थना करनी चाहिये कि उस का प्रयत्न सफल हो । उसे उच्च स्वर से

३ वार यह उच्चारण करना चाहिये कि "मैंने अहिंसा पालने का व्रत लिया है; मैं कदापि कोई कार्य्य उस व्रत के विपरीत न करूँगा"। और समयों में भी इस व्रत का स्मरण करते रहना चाहिये।

(५) रात्रि में सोते समय फिर उपर्युक्त वाक्य को, उस के एक एक शब्द को, भली प्रकार ध्यान में रखते हुये, उच्च स्वर से, उच्चारण कर के, ईश्वर से, उस की पूर्ति की प्रार्थना, करते हुये, सो जाना चाहिये, इस प्रकार, कि सोते समय के अन्तिम विचार, यही हों।

कम से कम एक मास तक, इस क्रिया को, इसी प्रकार काम में लाना चाहियें। इस के बाद अहिंसा के साथ सत्य को शामिल कर के पूरे दूसरे मास में अहिंसा और सत्य दोनों के, सम्मिलित व्रत के ग्रहण करने की चेष्टा, करनी चाहिये। जो अहिंसा परक वाक्य कमरे में चारों ओर लगाये गये थे अब उस के स्थान में यम परक पूरे सूत्र को जिस में पाँचों यमों का वर्णन है[1] लगा लेना चाहिये। इस बात का पूरा पूरा ध्यान रखना चाहिये कि कोई काम इस व्रत के विपरीत न हो। यदि कभी भूल से कोई विपरीत कार्य्य हो जाय तो उस का उसी दिन प्रायश्चित्त कर लेना चाहिये।[2] दो मास बीतने पर अब

(१) सूत्र ३० पाद (२)

(२) ऐसे अवसरों पर दो प्रकार के प्रायश्चित्त उपयोगी होते हैं। (क) या तो एक दिन उपवास कर लिया जाय (ख) या रात्रि में दो घण्टे सार्थक गायत्री मन्त्र जप लिया जावे।

पाँचों यमों को अपने वृत्त में सम्मिलित कर के उन सब का उपर्युक्त भाँति अभ्यास करे। यह अभ्यास (सम्पूर्ण) तीसरे मास तक जारी रखना चाहिये। यह यमों का प्रारम्भिक अभ्यास है।

नियमों का अभ्यास

यम के अभ्यास में ३ मास व्यतीत कर के, ३ मास नियमों के अभ्यास में, इस प्रकार व्यतीत करने चाहियें कि यम वाले सूत्र के साथ नियम वाले सूत्र को[1] शामिल कर के अब चौथे मास से, व्रत में, दोनों सूत्रों को, सम्मिलित कर के, समस्त उपर्युक्त क्रियायें दोनों सूत्रों के सम्बन्ध में करनी चाहियें। इस प्रकार छः मास तक, तो पूर्ण तत्परता से, ये अभ्यास करने चाहियें। उस के बाद इस बात को सदैव ध्यान में रखना चाहिये कि यम और नियम के विपरीत आचरण करने से अभ्यासी कभी योगी नहीं बन सकता, इसलिये उन्हें (यम नियमों को) सदैव ध्यान में रखते हुए दूसरी क्रियायें करनी चाहियें।

आसन का अभ्यास

यम और नियमों के अभ्यास के साथ साथ ही आसन और प्राणायाम दोनों का अभ्यास किया जा सकता है। आसन का अभ्यास पद्मासन[2] से शुरू करो। पद्मासन से बैठ कर बिना हिले

---

(१) देखो योग दर्शन पाद २ सूत्र ३२।

(२) यदि किसी को किसी कारण से यह पद्मासन अनुकूल न

जुले, बिना शरीर की स्थिति बदले, जितनी देर बैठ सकते हो बैठो। जब न बैठ सको तब आसन-भंग करके किसी प्रकार से भी बैठ कर दो चार मिनट आराम लेकर, फिर उसी आसन का अभ्यास शुरू कर दो। कम से कम दो घण्टे तक यह अभ्यास करते हुए देखो कि कितनी वार तुम्हें आसन भंग करने के लिये विवश होना पड़ा। दूसरे दिन इच्छा रक्खो कि उससे कम मात्रा में आसन भंग हो। इसी प्रकार उत्तरोत्तर आसन के भंग होने की मात्रा, कम करते करते यहाँ तक पहुँच जाओ, कि दो घण्टे में, एक वार भी आसन भंग न करना पड़े। जब दो घण्टे, एक आसन से बैठने का अभ्यास पूरा हो जावे, तब इस अभ्यास को बढ़ा कर कम से कम इतना कर लेना चाहिये कि जिससे ३ घंटा ३६ मिनट तक एक आसन से बैठा जा सके। इतना अभ्यास कर लेने से आसन सिद्ध हुआ समझा जा सकता है।

प्राणायाम का अभ्यास

आसन के अभ्यास के साथ साथ ही प्राणायाम का अभ्यास भी शुरू किया जा सकता है। अच्छा तो यह होता है कि एक घण्टा एक आसन से बैठने का अभ्यास कर लेने के बाद प्राणायाम शुरू किया जावे। प्राणायाम का अभ्यास इस प्रकार करना चाहिये कि पहले केवल रेचक का अभ्यास किया जावे अर्थात् नियमित आसन से बैठ कर मुँह बन्द रखते हुए नाक से श्वास

हो तो वह अन्य किसी सुगम आसन से बैठ कर यह अभ्यास कर सकता है। शीर्षासन आदिकों की गणना, सुगम आसनों में, नहीं है।

निकाल दो, कुछ क्षणों के बाद फिर निकाल दो। इस प्रकार बीच बीच में बहुत थोड़ा थोड़ा अवकाश दे दे कर श्वास निकालते रहो, जब इसमें असाधारणता न मालूम पड़े, तब इसे छोड़ कर पूरक (श्वास भीतर ले जाने) का अभ्यास करो और यह भी रेचक की तरह थोड़ा थोड़ा अवकाश देकर, बराबर करते जाओ। जब इसमें भी असाधारणता न मालूम पड़े तो इसे छोड़ कर अब पूरा प्राणायाम करना शुरू कर दो। इस प्रकार कि पहले रेचक करो और रेचक करके बाह्य कुम्भक करते हुए बिना श्वास लिये रहो। जब चित्त घबड़ाने लगे तब पूरक करके आभ्यन्तर कुम्भक रखते हुए श्वास को भीतर ही रोके रक्खो। जब भीतर और अधिक श्वास न रोका जा सके तब फिर रेचक करते हुए दूसरा प्राणायाम शुरू करदो। इस प्रकार प्रारम्भ में यह अभ्यास १५ मिनट से शुरू करके क्रमशः बढ़ाते हुए एक घण्टे तक पहुँचाओ और यत्न करो कि आभ्यन्तर कुम्भक तीन मिनट तक हो जावे। इतना हो जाने पर समझना चाहिए कि अभ्यासी का प्राणायाम की दुनियां में प्रवेश हुआ और अब वह अनेक प्रकार के प्राणायाम कर सकता है। प्राणायाम की जरूरत समाधि पर्यन्त रहती है। जो चित्र नीचे दिया जाता है उससे प्रकट होगा कि प्राणायाम में कितनी उन्नति कर लेने से अभ्यासी, प्रत्याहार आदि योग के अन्तिम अंगों की सिद्धि कर सकता है। प्राणायाम की प्रत्येक क्रिया के साथ, ओ३म् का मानसिक जप करते रहना चाहिये। इस जप का विवरण आगे दिया जायगा।

सं०	योगाङ्ग	पूरक	कुम्भक	रेचक
(१)	प्राणायाम	१२ सेकिंड	३२४ सेकिंड	२४ सेकिंड
(२)	प्रत्याहार	"	६४८ "	"
(३)	धारणा	"	१२९६ "	"
(४)	ध्यान	"	२५९२ "	
(५)	समाधि	"	५१८४ "	"

नोट (२)—रेचक और पूरक का अभ्यास इसप्रकार करना चाहिए जिस से वे उपर्युक्त अवधि ही में पूरे हुआ करें। १५-२० दिन में, ध्यान रखने से, यह होजाया करता है। पूरक और रेचक की मात्रा, आरम्भ में कम की जासकती है परन्तु उनमें निस्बत यही रहनी चाहिए।

नोट (३) कुम्भक की मात्रा, ५१८४ सेकिंड अथवा एक घण्टा २६ मिनट २४ सेकिंड हो जाने पर, समाधि लगना प्रारंभ हो जाता है।

प्रत्याहार—प्रत्याहार का शब्दार्थ पीछे खींच लेना, पीछे हटा लेना, इन्द्रिय-दमन आदि है। यहाँ योग-दर्शन में इस अंग का उद्देश्य यह है कि आत्मा की शक्ति, जो बहिर्मुखी वृत्तिद्वारा, समस्त इन्द्रियों और शरीर के अन्य अंगों में फैली हुई है, उसे एकत्रित करलेना। जिस का फल यह होता है कि इन्द्रियों का अपने विषयों से समागम बन्द हो जाता है और इस प्रकार इन्द्रियां निगृहीत हो जाती हैं। इसकी सिद्धि के दो साधन हैं।

(१) प्राणायाम का अभ्यास बढ़ा कर इतनी योग्यता रेचक पूरक और कुम्भक की कर लेनी चाहिए जो ऊपर वाले चित्र में, प्रत्याहार के सामने, अंकित हैं।

(२) अभ्यासी को, अपने हृदय को, निम्नांकित भावों से भर लेना चाहिए।

(क) मैं आत्मा हूँ। शरीर मेरे कार्यों का साधन औजार की तरह मेरे अधिकार में है।

(ख) मैं शरीर से पृथक् हूँ और शक्ति, विचार और चेतना का केन्द्र हूँ।

(ग) मैं अमर हूँ। मेरा कभी नाश नहीं हो सकता।

अपने–अपने विषयों के संग से रहित होने पर इन्द्रियों का चित्त के रूप में अवस्थित हो जाना प्रत्याहार है।

6. धारणा

"दशबन्धः चित्तस्य धारणा"

चित्त को किसी एक विशेष में स्थिर करने का नाम धारणा है।

7. ध्यान

"तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम्।"

ध्यान धारण शक्ति का प्रसार है।

8. समाधि

"तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरुप–शून्यमिव समाधिः।

केवल ध्येय मात्र की प्रतीति होती है चित्त का अपना स्वरूप शून्य हो जाता है वही (ध्यान ही) समाधि कहलाता है।

3.2 शरीर रचना

जीवधारी के शरीर की रचना पंच महाभूतो (आकाश, वायु, अग्नि, जल एवं पृथ्वी) से हुई है। इन पाँच तत्वों का प्रतिनिधित्व हमारे शरीर की पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ करती हैं। अकाश का गुण है शब्द, और शब्द हम कान से सुनते है। वायु का गुण है स्पर्श, स्पर्श हम त्वचा से करते हैं। अग्नि का गुण

है प्रकाश, प्रकाश हम आँखों से देखते हैं। जल का गुण है स्वाद, स्वाद का अनुभव हमें जिह्वा से होता है। पृथ्वी का गुण है गंध, गंध का ज्ञान हमें नासिका से होता है। इसके अलावा पाँच कमेन्द्रियाँ है – (मुख, हाथ, पांव, लिंग और गुदा)

पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ पाँच कर्मेन्द्रियां शरीर के संस्थान ग्रंथियाँ आदि 24 तत्वों से हमारे शरीर का संचालन होता है। इन सब पर शासन करने वाला है मन। मन पर शासन करने वाली बुद्धि। बुद्धि का शासक अहंकार और उसका स्वामी है जीवात्मा।

शरीर में सब संस्थानों का एक अपना मुख्य कार्य है जो उन अंगों को स्वस्थ रखने में सहायक होते है।

1.	अस्थि संस्थान	–	हड्डियाँ
2.	संधि–संस्थान	–	संधियाँ
3.	मांस संस्थान	–	मांसपेशियाँ
4.	रक्त और रक्त वाहक संस्थान	–	जैसे हृदय, धमनी और शिरा
5.	श्वासोच्छवास संस्थान	–	जिनसे हम साँस लेते है जैसे नासिका, टेंटुआ (गर्दन) फुफ्फुस आदि।
6.	पोषण संस्थान	–	मुख, दाँत, मेदा, (आमाशय)छोटी बड़ी आँते, यकृत।
7.	मूत्र वाहक संस्थान	–	गुर्दा, मूत्राशय आदि।
8.	वात या नाड़ी संस्थान	–	मस्तिष्क, नाड़ियाँ, बात सूत्र आदि।
9.	विशेष ज्ञानेन्द्रियाँ	–	चक्षु, कान, त्वचा, नासिका, और जिह्वा।
10.	उत्पादक संस्थान	–	अंड, शिश्न, योनि, गर्भाशय आदि।

इसके अतिरिक्त और भी कई प्रकार की ग्रंथियाँ है जो हमारे शरीर में कार्य करती है।

योगासनों का प्रभाव रीढ़, मांस पेशियों, रक्त संस्थान, नाड़ी संस्थान तथा पाचन यंत्रों पर पड़ता है। हृदय, फेफड़े तथा मस्तिष्क से इनका घनिष्ठ संबंध है इसलिए इन सब अंगों के कार्यो एवं रचना की संक्षिप्त व्याख्या, योगशिक्षा के भाग 2 में दी जा रही है।

मेरुदण्ड (रीढ़) – गर्दन, पीठ और कमर के बीच में रीढ़ होती हैं। इसे 26 भाग होते है। जो आपस में बंधे रहते हैं। हमारे शरीर के स्वास्थ्य और यौवन का संबंध इसी रीढ़ के स्वस्थ होने से है। रीढ़ में जितनी लचक रहेगी ये 26 मोहरें

साफ रहेंगे, इनके मुड़ने–तुड़ने में रुकावट नहीं होगी और हमारा स्वास्थ्य और यौवन भी बना रहेगा इन 26 अस्थियों में से 7 गर्दन में 12 पीठ में, 5 कमर में और शेष दो कमर के नीचे गुदाके पास होती है जो नौ के जोड़ से दो बनती है। इन्हीं के मध्य से सिर के पिछले भाग से सुषुम्ना नाड़ी निकल कर गुदाद्वार के पास तक आती है। जो सारे शरीर का नियंत्रण करती है।

मांसपेशियाँ – अस्थि पिंजर के भीतर शरीर के कार्य को चलाने के लिये कोमल अंग होते है। जो सौत्रिक तन्तुओं द्वारा इन अस्थियों से जुड़े रहते हैं। अस्थियों को ढकने तथा ग्रंथियों और अन्य कोमल अंगों की रक्षा के लिये मांसपेशियाँ होती हैं। जिनसे शरीर सुडौल बनता है। मांस का यह विशेष गुण है कि यह सिकुड़ कर मोटा और छोटा हो जाता है फिर अपनी पूर्व दशा को प्राप्त कर लेता है। मांस की सिकुड़ने को ''संकुचन'' और फैलने को ''प्रसार'' कहते है।

गतियाँ – हमारे शरीर में दो प्रकार की गतियाँ होती है। एक वे जो हमारी इच्छानुसार होती है जैसे – चलना, फिरना,बोलना, हाथ उठाना, भोजन चबाना आदि। क्योंकि ये गतियाँ इच्छा के आधीन होती है इस लिये इन्हें ऐच्छिक गति कहते हैं।

दूसरी गतियाँ वे हैं जो हमारे बस में नही है हम उनको अपनी इच्छा से रोक नहीं सकते और जो रुके उन्हें चला नहीं सकते उन्हें अनैच्छिक गतियाँ कहते हैं जैसे हृदय की धड़कन आंत्रगति, आंखों पर प्रकाशीय प्रभाववश गति आदि।

3.3 रक्त संस्थान फुफ्फुस और हृदय

हृदय

मनुष्य का हृदय उसकी बंद मुठ्ठी से बहुत कुछ मिलता जुलता है और वह छाती में बाईं तरफ फेफड़ों के बीच में स्थित है जिसे अक्सर तेज दौड़कर आने के बाद तथा घबराहट के समय तेज से धड़कता हुआ अनुभव किया जा सकता है। सारे शरीर को हृदय से रक्त देने तथा उसे वापस हृदय में लाने के लिये दो प्रकार की नलियाँ होती है जो सारे शरीर में फैली रहती है इनमें से कई तो बाल से भी बारीक होती है रक्त को ले जाने वाली ये नलियाँ ''धमनियाँ'' कहलाती है जबकि अशुद्ध रक्त को हृदय में वापस लाने वाली नालियाँ ''शिराएँ''

हृदय की दाईं ओर दायाँ, और बाईं ओर बायाँ फेफड़ा है। हृदय एक थैली के समान आवरण से ढका रहता हैं। जिसे ''हृदय कोश'' कहते हैं। हृदय मांस से निर्मित एक कोष्ठ है, जिसके भीतर रक्त भरा रहता है। यह भीतर से दो भागों में विभक्त रहता है। इन दोनों का आपस में कोई सम्बन्ध नहीं होता है प्रत्येक द्वार सौत्रिक तन्तु से निर्मित है। और वे नीचे तरफ को ही खुलते हैं।

आकृति 8 : हृदय की रचना

आकृति 9 : फेफड़ों में रक्त का शुद्धीकरण

इसलिए रक्त ऊपर के भाग से नीचे की ओर आ तो सकता है लेकिन ऊपर की ओर जा नहीं सकता इस प्रकार हृदय में चार भाग होते है। हृदय कभी एक सा नहीं रहता । वह कभी सिकुड़ता है तो कभी फैलता है। सिकुड़ने और फैलने से उसकी धारणा शक्ति घटती बढ़ती रहती है। फुफ्फुस रक्त को शुद्ध करने वाला अंग है इन अंगों में सम्पूर्ण दायाँ भाग अशुद्ध तथा बायाँ भाग शुद्ध रक्त का लेनदेन करता है। हृदय के कोष्ठ रक्त को आगे की ओर धकेल कर फैलने लगते है। और शीघ्र ही पूर्ण दशा को प्राप्त होते है। यह कार्य एक मिनट में 70 से 75 बार होता है। जिसे हम नाड़ी स्पन्दन भी कहते है। छोटे बच्चों में हृदय की घड़कन तेज और बुढ़ापा आने पर यह मन्द पड़ जाती हैं।

हृदय एक बार में 60 से 80 ग्राम रक्त पम्प करता है। हृदय एक मिनट में 5 से 8 लीटर के लगभग रक्त शरीर को भेजता है यह क्रम जीवन पर्यन्त चलता रहता है।

3.4 श्वासक्रम

वायु का नासिका द्वारा फेफड़ों में जाना और बाहर निकलना ''श्वासक्रम'' कहलाता है। श्वास सदा नाक से ही लेना चाहिये मुख से नहीं। नासिका में इस प्रकार के यंत्र हैं, जो श्वास को पहले छान कर गरम करते है। फिर उसे फेफड़ों में भेजते हैं। इस प्रकार कोई भी विकार नासिका द्वारा फेफड़ों में नहीं पहुँच सकता जबकि मुख में इस प्रकार के यंत्र नहीं है।

साधारण स्वस्थ मनुष्य एक मिनट में 13 से 20 बार तक श्वास लेता है। बचपन में यह संख्या अधिक होती है। शारीरिक परिश्रम से जैसे– व्यायाम, भागना, दौड़ना, खेलकूद आदि में यह संख्या अधिक हो जाती है। खड़े रहने में और दिन के समय में साँस जल्दी–जल्दी चलती है।

मस्तिष्क

योगासन एवं प्राणायाम की पूरी व्यवस्था मस्तिष्क तथा नाड़ी मंडल को स्वस्थ व शान्त करने की है। ताकि मस्तिष्क शरीर के अंगों को चला सके और उन पर नियंत्रण रख सके। मस्तिष्क दो भागों में बटा हुआ है। ''वृहद् मस्तिष्क'' और ''लघु मस्तिष्क''।

आकृति 6 : श्वसन–संस्थान

आकृति 7 : कूपिकाएँ और केशिकाएँ

मस्तिष्क सारे शरीर के कार्य को नाड़ी सूत्रों द्वारा चलाता है। ये नाड़ी सूत्र डोरी के समान परत होते है। सभी नाड़ियां एक समान नहीं होती है।

ये नाड़ियाँ मुख्यतः दो प्रकार की होती हैं जैसे कि वे नाड़ियाँ जिनका पेशियों की गति से सम्बन्ध होता है। ''चालक नाड़ियाँ'' कहलाती है। और वे नाड़ियाँ जिनका चेतना या संवेदन से सम्बन्ध है, संवेदनिक नाड़ियाँ कहलाती है। लेकिन कुछ नाड़ियाँ मिश्रित रहती हैं।

सुषुम्ना की रचना

योग में सुषुम्ना का बड़ा नाम आता है। चक्रों का होना भी इसी पर माना गयाहै। इन चक्रों के खुलने से व्यक्ति पूरी तरह तनाव मुक्त निरोगी व विश्राम की स्थिति में रहता है। सुषुम्ना नाड़ी मंडल का वह भाग है जो कपाल के महाछिद्र से प्रारम्भ होकर रीढ़ में से उसके आखिरी मोहरे से ऊपर वाले मोहरे तक आता है। सुषुम्ना कुछ बेलनाकार और रस्सी की सी होती है। इसका पिछला भाग मध्य रेखा में दबा रहता है। इन नाड़ियों के बाएँ भाग को ''इड़ानाड़ी'' मंडल तथा दाएँ भाग को ''पिंगला नाड़ी'' मंडल कहते हैं। इनका सीधा संबंध नासिका की इड़ा (चन्द्र नाड़ी) पिंगला (सूर्य नाड़ी) से होता है।

पाचन तंत्र

शरीर में अनेक क्रियाएँ चलती रहती है। जिसके लिये ऊर्जा की आवश्यकता होती है। तथा क्रियाओं के संचालन में कई कोशिकाएँ या ऊतक टूट–फूट जाते है। अतः इनके निर्माण व ऊर्जा की पूर्ति के लिए आहार की आवश्यकता होती है।

आहार के निम्न घटक होते हैं।

1. कार्बोहाइड्रेट
2. प्रोट्रीन
3. वसा
4. विटामिन
5. लवण
6. पानी

हम इन घटकों को भोजन के रूप में करते है। उसे उसी रूप में अवशोषित नहीं किया जाता हैं। अतः भोजन को पाचन की आवश्यकता होती है।

पाचन – जटिल यौगिक को सरल यौगिक में बदलनेकी क्रिया पाचन कहलाता है। हमारे शरीर में भोजन के लिये 10 मी. लम्बी एक माँसल नलिका होती है। जिसे आहार नाल कहते है। इसके निम्न भाग होते है।

मुह ग्रसिका – ग्रास नलिका आमाशय, ग्रहणी, छोटी आंत, बड़ी आंत मलद्वार

मुँह – यह पाचन प्रणाली का मुख्य द्वार है इसमें एक प्रकार का रस स्त्रवित होता है जो मुँह को हमेशा तर रखता है मुँह में भोजन को चबाने की क्रिया सम्पन्न होती है।

ग्रसनी– मुख गुहा के पीछे का कीप की तरह का भाग होता है। यह 5 से.मी. लम्बी होती है। यह ग्रसनी के बाद 26 से.मी. लम्बी नली होती है। जो ग्रीवा से होती हुई कशेरुका तक स्थित है।

आमाशय– ग्रास नलिका का अंतिम भाग एक फूली हुई थैली में खुलता है। जिसे अमाशय कहते हैं। यह आहारनाल की सबसे बड़ी गुहा है यहां भोजन का पाचन होता है।यह 26 से. मी. लम्बा तथा चौड़ाई 10 से. मी. होता है।

ग्रहणी– यह आमाशय के दूसरे छोर से शुरु होता है। यह 52 से.मी. लम्बा अर्ध चंद्राकार होता है।

छोटी आँत – यह 6 1/2 मी. लम्बी 2 से.मी. चौड़ी नलिका होती है। इसकी लम्बी नलिका उदर

में कुण्डली के समान लिपटी रहती है।

बड़ी आँत – यह पाचन प्रणाली का अंतिम भाग होता है जो छोटी आँत को चारों ओर से घेरे रहती है। इसकी लम्बाई 2 मी. तथा चौड़ाई 7से.मी. होती है। बड़ी आँत का अंतिम भाग घूमकर नीचे मलाशय में आता है।

गुदाद्वार – आहार नली का अंतिम छोर शरीर के बाहर की ओर एक द्वार के रूप में खुलता हैं। जिससे मल विसर्जित होता है। वह मलद्वार कहलाता है।

ग्रहणी क्षत
(DUODENAL ULCER)

अध्याय : चार

4.1 आसन का तात्पर्य और प्रकार

आसन का तात्पर्य :– '' आसन शरीर की वह स्थिति हैं जिसमें आप अपने शरीर और मन को शान्त स्थिर एवं सुख से रख सकें।

'' स्थिरसुखमासनम्''

सुख पूर्वक बिना कष्ट के एक ही स्थिति में अधिक से अधिक समय तक बैठने की क्षमता को आसन कहते है।

योग शास्त्रों में परम्परा के अनुसार चौरासी लाख आसन हैं ये जीव जन्तु के नामों पर आधारित है। इन आसनों के बारे में कोई नहीं जानता इसलिए चौरासी आसनों को ही प्रमुख माना गया है। और अब कालान्तर में बत्तीस आसन ही प्रसिद्ध हैं।

आसनों को अभ्यास शारीरिक, मानसिक एवं अध्यात्मिक रूप से स्वास्थ्य लाभ एवं उपचार के लिए किया जाता है।

आसनों को दो समूहों में बाँटा गया है:–

1. गतिशील आसन
2. स्थिर आसन

1. गतिशील आसन:– वे आसन जिनमें शरीर शक्ति के साथ गतिशील रहता है।
2. स्थिर आसन :– वे आसन जिनमें अभ्यास को शरीर में बहुत ही कम या बिना गति के किया जाता है।

आसनों को विभिन्न रूपों में बाँटा गया है। जैसे प्रारंभिक समूह के आसन '' वायु निरोधक अभ्यास '' शक्ति बंध के आसन, बैठकर, खड़े होकर, झुककर, मुड़कर, लेटकर, ध्यान के आसनों के रूप में किये जाते है।

''आसनानि समस्तानि यावन्तो जीवजन्तवः।

चतुरशीतिलक्षाणि शिवेन कथितं पुरा ।।

तेषां मध्ये विशिष्टानि षोडशेन शतं कृतम्

तेषां मध्ये मर्त्यलोके द्वात्रिंशदासनं शुभम्

4.2 स्वस्तिकासन

स्थिति – स्वच्छ कम्बल या वस्त्र पर पैर फैलाकर बैठें।

विधि– बाएँ पैर को घुटने से मोड़कर दाहिनी जंघा और पिंडली के बीच इस प्रकार स्थापित करें कि बाएँ पैर का तल छिप जाए तत्पश्चात् दाहिने पैर के पंजे और तल को बाएँ पैर के नीचे से जांघ और पिंडली के मध्य स्थापित करने से स्वस्तिक आसन बन जाता है। ध्यान मुद्रा में बैठें तथा रीढ़ सीधी कर श्वास खींचकर यथाशक्ति रोकें। इस क्रिया को पैर बदलकर भी करें।

चित्र क्र. 4.1

लाभ–

1. पैरो का दर्द, पसीना आना, दूर होता है।
2. पैरों का गर्म या ठण्डापन दूर होता है। ध्यान हेतु श्रेष्ठ आसन है।

4.3 भद्रासन

विधि–

1. वज्रासन में बैठ जाइए।
2. घुटनों को जितना सम्भव हो सके, दूर–दूर कर लीजिए।
3. पैरों की अंगुलियों का संपर्क जमीन से बना रहें।
4. अब पंजों को इतना अलग करिए कि उनके बीच में नितम्ब फर्श पर जम जाएँ।
5. बिना किसी तनाव के घुटनों का फासला और बढ़ाइए। हाथों को

चित्र क्र. 4.2

घुटनों पर रखिए हथेलियाँ नीचे की ओर रहें।

6. जब शरीर सुख की स्थिति में हो तब (नासिकाग्र दृष्टि) दृष्टि और मन को नाक के अग्र भाग पर स्थिर कीजिए।

लाभ— मूलाधार चक्र क्रियाशील होता है।

4.4 गोमुखासन

विधि—

1. दोनों पैर सामने फैलाकर बैठें। बाएँ पैर को मोड़कर एड़ी को दाएँ नितम्ब के पास रखें।
2. दाएँ पैर को मोड़कर बाएँ पैर के ऊपर इस प्रकार रखें कि दोनों घुटनें एक दूसरे के ऊपर हो जाएँ।
3. दाएँ हाथ को ऊपर उठाकर पीठ की ओर मोड़िए तथा बाएँ हाथ को पीठ के पीछे नीचे से लाकर दाएँ हाथ को पकड़िए। गर्दन व कमर सीधी रहे।
4. एक ओर से लगभग एक मिनट तक करने के पश्चात् दूसरी ओर से इसी प्रकार करें।

चित्र क्र. 4.3

टीप— जिस ओर का पैर ऊपर रखा जाए उसी ओर का (दायाँ/बायाँ) हाथ ऊपर रखें ।

लाभ—

1. अण्डकोषवृद्धि एवं आन्त्रवृद्धि में विशेष लाभप्रद है।
2. धातु रोग, बहुमूत्र एवं स्त्री रोगों में लाभकारी है।
3. यकृत, गुर्दे एवं वक्षस्थल को बल देता है। संधिवात, गठिया को दूर करता है।

4.5 गोरक्षासन

विधि—

1. दोनों पैरों की एड़ी तथा पंजे आपस में मिलाकर सामने रखिए।
2. अब सीवनी नाड़ी (गुदा एवं मूत्रेन्द्रिय के मध्य) को एड़ियों पर रखते हुये उस पर बैठ जाइए। दोनों घुटनें भूमि पर टिके हुए हों। हाथों को ज्ञानमुद्रा की स्थिति में घुटनों पर रखें।

चित्र क्र. 4.4

लाभ–

1. मांस पेशियों में रक्त संचार ठीक रूप से होकर वे स्वस्थ होती है।
2. मूलबंध को स्वाभाविक रूप से लगाने और ब्रह्मचर्य कायम रखने में यह आसन सहायक है। इंद्रियों की चंचलता समाप्त कर मन में शान्ति प्रदान करता है। इसलिए इसका नाम गोरक्षासन है।

4.6 अर्द्धमत्स्येन्द्रासन

विधि–

1. दोनों पैर सामने फैलाकर बैंठें। बाएँ पैर को मोड़कर एड़ी को नितम्ब के पास लगाएँ।
2. बाएँ पैर को दाएँ पैर के घुटनें के पास बाहर की ओर भूमि पर रखें।
3. बाएँ हाथ को दाएँ घुटने के समीप बाहर की ओर सीधा रखते हुये दाएँ पैर के पंजे को पकड़ें।
4. दाएँ हाथ को पीठ के पीछे से घुमाकर पीछे की ओर देखें।
5. इसी प्रकार दूसरी ओर से इस आसन को करें।

चित्र क्र. 4.5

लाभ–

1. मधुमेह एवं कमर दर्द में लाभकारी है।
2. पृष्ठ देश की सभी नस–नाड़ियों में (जो मेरुदण्ड के इर्द–गिर्द फैली हुई है) रक्त संचार को सुचारु रूप से चलाता है।
3. उदर विकारों को दूर कर आँखों को बल प्रदान करता है।

4.7 योगमुद्रासन

स्थिति– भूमि पर पैर सामने फैलाकर बैठ जाइए।

विधि–

1. बाएँ पैर को उठाकर दाईं जांघ पर इस प्रकार लाइए कि बाएँ पैर की एड़ी नाभि के नीचे आए।
2. दाएँ पैर को उठाकर इस तरह लाइए कि बाएँ पैर की एड़ी के साथ नाभि के नीचे मिल जाए।

चित्र क्र. 4.6

3. दोनों हाथ पीछे ले जाकर बाएँ हाथ की कलाई को दाहिने हाथ से पकड़े। फिर श्वास छोड़ते हुए सामने की ओर झुकते हुए नाक को जमीन से लगाने का प्रयास करें। हाथ बदलकर किया करें। पुनः पैर बदलकर पुनरावृत्ति करें।

लाभ– चेहरा सुंदर, स्वभाव विनम्र व मन एकाग्र होता है।

4.8 उदराकर्षण या शंखासन

स्थिति– काग आसन में बैठ जाइए।

विधि–

1. हाथों को घुटनों पर रखते हुये पंजों के बल उकडू (कागासन) बैठ जाइए। पैरों में लगभग एक सवाफुट का अन्तर होना चाहिए।
2. श्वास अन्दर भरते हुये दाएँ घुटने को बाएँ पैर के पंजे के पास टिकाइए तथा बाएँ घुटनें को दाईं तरफ झुकाइए। गर्दन को बाईं ओर से पीछे की ओर घुमाइएँ व पीछे देखिए। थोड़े समय रुकने के पश्चात् श्वास छोड़ते हुए बीच में आ

चित्र क्र. 4.7

जाइए। इसी प्रकार दूसरी ओर से करें।

लाभ–

1. यह शंखप्रक्षालन की एक क्रिया है।
2. सभी प्रकार के उदर रोग यथा कब्ज, मन्दाग्नि, गैस, अम्लपित्त, खट्टी–खट्टी डकारें का आना एवं बवासीर आदि निश्चित रूप से दूर होते हैं।
3. आँत, गुर्दे, अग्नाशय तथा तिल्ली संबंधी सभी रोगों में लाभप्रद है।

4.9 आकर्ण धनुरासन

विधि–

1. दाहिने पैर को मोड़कर बाएँ पैर पर रखिए।
2. बाएँ हाथ से दाहिने पैर का अंगूठा तथा दाएँ हाथ से बाएँ पैर का अंगूठा पकड़िए।
3. श्वास अन्दर भर कर दाएँ पैर को बाएँ कान के पास लाइए। कुछ समय इस स्थिति में रुक कर पुनः दण्डासन की स्थिति में आ जाइए इसी तरह दूसरे पैर से करें।

चित्र क्र. 4.8

4.10 विपरीतकरणी आसन

यह आसन सर्वांगासन की भांति ही है। यह सर्वांगासन से सरल है। अतः प्रारंभिक अवस्था में इसका अभ्यास करना चाहिये।

जिनकी गर्दन की मांसपेशियाँ कठोर हैं तथा जो धड़ को सीधा नहीं कर सकते, उन्हें इस आसन का अभ्यास करना चाहिये।

विधि–

1. पीठ के बल सीधे लेट जाइए।
2. दोनों हाथ जमीन पर बाजू में तथा हथेलियाँ नीचे की ओर खुली रहें।
3. हाथों का सहारा देकर दोनों पैरों को

चित्र क्र. 4.9

धीरे–धीरे ऊपर उठाइए।

4. हाथों को कोहनियों से मोड़िए तथा हथेलियों से दबाव डालकर पीठ को 45 अंश के कोण पर ही रखें।
5. ठुड्डी का स्पर्श छाती से नहीं किया जाता है।

लाभ–

1. जठराग्नि तेज होती है।
2. भूख लगती है, शरीर स्वस्थ रहता है।
3. चेहरा तेजस्वी रहता है बाल जल्दी सफेद नहीं होते है।
4. दिमागी ताकत बढ़ती है।
5. पैरों की सूजन, हाथी पांव की प्रांरभिक सूजन ठीक हो जाता है।
6. कण्ठमाला, फोड़े, मुँहासे, खाज आदि रक्त विकार तथा अन्य रोगों से मुक्ति मिलती है।

4.11 सर्वांगासन

स्थिति – दरी या कम्बल बिछाकर पीठ के बल लेट जाएँ।

विधि– दोनों पैरों को धीरे–धीरे उठाकर 90 अंश तक लाएँ बाहों और कोहनियों की सहायता से शरीर के निचले भाग को इतना ऊपर ले जाएँ कि वह कंधो पर सीधा खड़ा हो जाए पीठ को हाथों का सहारा दें हाथों के सहारे से पीठ को दबाएँ कण्ठ से ठुड्ठी लगाकर यथाशक्ति रखें। फिर धीरे–धीरे पूर्व अवस्था में पहले पीठ को जमीन से टिकाएँ फिर पैरों को भी धीरे–धीरे सीधा करें।

चित्र क्र. 4.10

लाभ–

1. थायराइड को सक्रिय एवं स्वस्थ बनाता है।
2. मोटापा, दुर्बलता, कद वृद्धि की कमी एवं थकानादि विकार दूर होते हैं।
3. एड्रिनल, शुक्र ग्रन्थि एवं डिम्ब ग्रन्थियों को सबल बनाता है।

4.12 हलासन

स्थिति– भूमि पर पीठ के बल लेट जाइए। दोनों पैर आपस में मिले हुए और शरीर से चिपकाकर हाथ बगल में रखें। दोनों पैरों को एक साथ उठाकर श्वास छोड़ते हुए सिर को पीछे जाने दें। पैरों को सिर के पीछे भूमि पर टिका दें। श्वास की गति सामान्य रहेगी। धीरे–धीरे वापस आएँ।

चित्र क्र. 4.11

समय– 30 सेकेण्ड

लाभ–

1. मेरुदण्ड को स्वस्थ एवं लचीला बनाता है।
2. निम्न रक्तचाप (लो ब्लड प्रेशर) को दूर करता है।
3. रक्त संचार (ब्लड सर्कुलेशन) ठीक करता है।
4. कमर, पेट का मोटापा दूर होता है। शरीर की दुर्गन्ध दूर होती है, मुख की कान्ति एवं नेत्रों की ज्योति बढ़ती है।

आवश्यक निर्देश :–

1. पूर्व कक्षाओं के आसनों का अभ्यास आवश्यकतानुसार करायें:– ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटिचक्रासन, पादहस्तासन, कोणासन, द्विकोणासन, त्रिकोणासन, गरूड़ासन, वज्रासन, मार्जारीआसन, उष्ट्रासन, सुप्तवज्रासन, पश्चिमोत्तानासन, नौकासन, चक्रासन, मत्स्यासन, भूजंगासन, शलभासन, धनुरासन आदि।
2. पवनमुक्तासन भाग 1 से 20 तक ।
3. शवासन का अभ्यास आसन के अन्त में कराएँ।

अध्याय : पाँच

सूर्य नमस्कार

सूर्य नमस्कार बारह आसनों का योग है इसमें शरीर के सम्पूर्ण अंगों का आसन होता है इससे आत्म विश्वास, आत्मबल की वृद्धि एवं शरीर के समस्त विकार दूर हो जाते हैं। सूर्य से प्रार्थना करें कि हे सूर्य भगवान! हमारे अन्दर आत्मबल व मनोबल की वृद्धि हो इस भाव से सूर्य का ध्यान करें।

ओ३म् –तेजोऽसि तेजो मयि धेहि।

ओ३म् – वीर्यमसि वीर्यं मयि धेहि।।

ओ३म् – बलमसि बलं मयि धेहि।

ओ३म् – ओजोऽस्योजो मयि धेहि।।

ओ३म् – मन्युरसि मर्न्युमयि धेहि।

ओ३म् – सहोऽसि सहो मयि धेहि।।

प्रथम अवस्था (प्रणाम आसन)

ओ३म् मित्राय नमः

विधि– कम्बल या दरी पर पूर्व की ओर मुख करके खड़े हो जाएँ। पैरों की एड़ी व पंजे मिले हों, दोनों हाथों को जोड़कर प्रणाम की मुद्रा में छाती पर रखें।

द्वितीय अवस्था (हस्तउत्तानासन)

ओ३म् रवये नमः

विधि – दोनों नासिका रन्ध्रों से श्वास भरते हुए सामने से दोनों हाथों को ऊपर उठाते हुए गर्दन सहित पीछे ले जाएँ व ऊपर देखें, सिर दोनों हाथों के मध्य में रखें।

तृतीय अवस्था (पादहस्तासन)

ओ३म् सूर्याय नमः

विधि– दोनों नासिका रन्ध्रों से धीरे–धीरे श्वास छोड़ते हुए सामने की ओर कमर से झुके, हथेलियाँ पैरों के दोनों ओर भूमि को स्पर्श करने का प्रयास करें एवं सिर को घुटने पर लगाने का प्रयास करें। ध्यान रहे घुटने न मुड़ने पाए।

चतुर्थ अवस्था (अश्वसंचालनासन)

ओ३म् भानवे नमः

विधि– श्वास खीचकर बाएँ पैर को यथा शक्ति पीछे ले जाएँ और पंजे को भूमि पर स्थापित करें, दाहिना घुटना ऊपर उठाकर सीने को तानें सामने देखते हुए श्वास को सामान्य रखें अश्व की भांति शरीर को रखें। ध्यान रहे दाहिना पैर व दोनों हाथ समानान्तर अवस्था में हो।

पंचम अवस्था (पर्वतासन)

ओ३म् खगाय नमः

विधि– धीरे से श्वास लेते हुए आगे वाले पैर को पीछे ले जाएँ तथा पैरों के अंगुलियों व हाथों में दबाव देते हुए नितम्बों को ऊपर उठाए तथा दृष्टि नाभि पर रखें।

षष्ठम अवस्था (अष्टांगनमन आसन)

ओ३म् पूष्णे नमः

विधि– शरीर के आठ अंगों को धरती पर स्पर्श कराएँ पहले दोनों घुटनों, छाती दोनों हाथ ठुड्ठी व पैर से जमीन को स्पर्श करें। श्वासप्रश्वास सामान्य रखें।

सप्तम अवस्था (भुजंगासन)

ओ३म् हिरण्यगर्भाय नमः

विधि – जमीन पर पेट के सहारे लेट जाएँ व दोनों हाथों के सहारे श्वास अन्दर भरते हुए धीरे–धीरे छाती के भाग को नाभि तक ऊपर उठाएँ तिलक के स्थान को देखने का प्रयास करें।

अष्टम अवस्था (पर्वतासन)

ओ३म् मरीचये नमः

विधि– श्वास खीचतें हुए दोनों पैरों के पंजों के सहारे झुक जाएँ व कमर के भाग को पर्वत की भांति ऊपर उठा लें व नाभि को देखने का प्रयास करें।

नवम अवस्था (अश्वसंचालनासन)

ओ३म् आदित्याय नमः

विधि– चतुर्थ अवस्था की तरह एक पैर को दोनों हाथों के मध्य में ले आएँ व घुटनों को मोड़कर छाती को घुटनों पर लगाकर ऊपर की ओर देखने का प्रयास करें दूसरे पैर को यथा सामर्थ्य घुटने जमीन पर स्पर्श करते हुए स्थित रहें।

दशम् अवस्था (पादहस्तासन)

ओ३म् सवित्रे नमः

विधि– तृतीय अवस्था की भांति श्वास लेते हुए पीछे पैर को आगे की ओर ले जाएँ। दोनों हथेलियों से जमीन स्पर्श करते हुए सिर को घुटने पर यथा सम्भव स्पर्श करने का प्रयास करें।

एकादश अवस्था (हस्तउत्तानासन)

ओ३म् अर्काय नमः

विधि— द्वितीय अवस्था की तरह श्वास अन्दर भरते हुए धीरे–धीरे कमर से शरीर को सीधा करें और हाथों को गर्दन सहित यथा सम्भव ऊपर से पीछे ले जाने का प्रयास करें।

द्वादश अवस्था (प्रणाम आसन)

ओ३म् भास्कराय नमः

विधि— श्वास छोड़ते हुए दोनों हाथों को जोड़ते हुए हृदय स्थल पर लाएँ व सूर्य भगवान को धन्यवाद दें।

लाभ— सूर्य नमस्कार यौगिक व्यायामों में सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि इस एक व्यायाम से मनुष्य आसन मुद्रा और प्राणायाम के लाभ से लाभान्वित होता है। फेफड़ों के अन्दर शुद्ध प्राणवायु का प्रचुर मात्रा में संचार होनेके कारण अभ्यासी का शरीर सूर्य के समान कान्तिवान बन जाता है। शरीर के सभी अंग इससे प्रभावित होते हैं। फलस्वरूप सीना चौड़ा व पुष्ट होता है, भुजाएँ सुन्दर, कमर पतली, जंघा पिण्डली और पैर अतिसुन्दर हो जाते हैं। चर्म सम्बन्धी बीमारियाँ दूर होती है, जठराग्नि को प्रदीप्त कर उदर सम्बन्धी विकारों का विनाश कर उदर की अनावश्यक चर्बी को कम कर देता है। मेरुदण्ड और कमर लचीली हो जाती है। आलस्य और अतिनिद्रा दूर होती है।

सावधानी— हार्निया के रोगी इसे न करें।

उच्चरक्त चाप के रोगी न करें।

प्राणायाम

चित्र क्र. 5.2

प्राण का अर्थ ऊर्जा अथवा जीवनी शक्ति है तथा आयाम का तात्पर्य ऊर्जा को नियंत्रित करना है। इस नाड़ी शोधन प्राणायाम के अर्थ में प्राणायाम का तात्पर्य एक ऐसी क्रिया से है जिसके द्वारा प्राण का प्रसार विस्तार किया जाता है तथा उसे नियंत्रण में भी रखा जाता है।

नाड़ी शोधन प्राणायाम

किसी भी ध्यानात्मक आसन में बैठें। पीठ कमर गर्दन सिर लंबवत् सीधा रखें। पैरों के घुटने भूमि पर टिके रहें।

प्रथम चरण मे बायाँ हाथ बाएँ घुटने पर रखें। दाएँ हाथ की तर्जनी और मध्यमा को भ्रूमध्य पर रखें। अंगूठे से दाहिना तथा अनामिका से आवश्यकतानुसार बाईं नासिका रंध्र बंद करें। बाईं नासिका से पूरक करें तथा पुनः उसी से रेचक करें दाहिना स्वर बंद रहेगा। इस प्रकार इसे पाँच बार करें। पुनः ऐसा ही दाईं नासिका रंध्र से करें। बाईं नासिका बंद रखें। एक नासिका रंध्र से एक बार श्वास लेने और छोड़ने को एक चक्र कहा जाता है।

द्वितीय चरण में दाईं नासिका रंध्र को अंगूठे से बंद करें, बाईं से पूरक करें। अब बाईं नासिका रेचक रंध्र को चौथी अंगुली से बंद कर दाईं से रेचक करें। पुनः दाईं से पूरक कर बाईं से रेचक करें। यह एक चक्र पूरा हुआ।

लाभ–

1. नाड़ी शोधन प्राणायाम से मन शान्त और प्रसन्न रहता है।
2. साधक आनन्द और सुरक्षा का अनुभव करता है।
3. इड़ा और पिंगला नाड़ियों में प्राण का प्रवाह समान होता है तथा इन से विषाक्त तत्व विलग होते हैं।
4. नाड़ियाँ शुद्ध होती है।

अनुलोम–विलोम प्राणायाम

विधि– ध्यान के किसी भी आसन में बैठे। बाईं नासिका से श्वास धीरे–धीरे भीतर खीचें श्वास यथाशक्ति रोकने (कुम्भक) के पश्चात दाएँ स्वर से श्वास छोड़ दें। पुनः दाईं नसिका से श्वास खींचे यथाशक्ति श्वास रुकने (कुम्भक) के बाद बाएँ स्वर से श्वास धीरे–धीरे निकाल दें।

जिस स्वर से श्वास छोड़े उसी स्वर से पुनः श्वास लें और यथाशक्ति भीतर रोककर रखें। क्रिया सावधानी पूर्वक करें, जल्दबाजी न करें।

लाभ – 1. शरीर की सम्पूर्ण नस नाड़ियाँ शुद्ध होती है।

2. शरीर तेजस्वी व फूर्तीला बनता है।

3. भूख बढ़ती है।

4. रक्त शुद्ध होता है।

सावधानी– 1. नाक पर अंगुलियों को रखते समय उसे इतना न दबाएँ कि नाक की स्थिति टेढ़ी हो जाए।

2. श्वास की गति सहज ही रहे।

3. कुम्भक को अधिक समय तक न करें।

शीतली प्राणायाम

किसी भी आराम दायक आसन में बैठिए घुटने जमीन पर टिके हो तथा पीठ कमर गर्दन और सिर सीधे रहें। हाथों को घुटनों पर रखे। जीभ अधिक से अधिक बाहर निकाल कर उसे नाली की तरह मोड़ लीजिए। मुड़ी हुई जीभ तथा मुख से श्वास खींचिए मानों आप हवा को चूसते हुए पेट के भीतर ले जा रहे हैं। जीभ को सामान्य स्थिति में लाकर मुख के भीतर ले जाइए तथा मुख बंद कर धीरे–धीरे नासिका से श्वास छोड़ें।

चित्र क्र. 5.3

लाभ– 1. इस प्राणायाम से रक्त की अशुद्धता दूर होती है।

2. उच्च रक्त चाप में पर्याप्त राहत मिलती है।

3. मानसिक आत्मिक तथा मांसपेशियों के तनाव दूर होते हैं।

4. गहरी शान्ति का अनुभव होता है।

5. इस प्राणायाम से प्यास की तीव्रता में भी कमी आती है।

सावधानी– इस प्राणायाम का अभ्यास शीतकाल में न करें

शीतकारी प्राणायाम

किसी भी आरामदायक आसन में सीधे बैठें। घुटने जमीन से लगाए रखें। जीभ को पलटकर तालू से सटा लीजिए। दाँतों को भींचकर होठों को अधिक से अधिक खुला रखें। दाँतों के बीच से मुख द्वारा श्वास लीजिए। होठों को बंदकर धीरे–धीरे नाक से श्वास को छोड़िए।

लाभ – इसके लाभ और प्रभाव शीतली प्राणायाम के समान है।

चित्र क्र. 5.4

भस्त्रिका प्राणायाम

विधि– ध्यान के किसी सुखद आसन में बैठें। मेरुदण्ड सीधे रहे। नेत्र बंद और शरीर शिथिल रखें।

प्रथम अवस्था–

बाएँ हाथ को बाएँ घुटने पर रखें दाहिने हाथ को मस्तक पर भ्रूमध्य के पास रखें। प्रथम एवं द्वितीय अंगुली को कपाल पर रखें अंगूठा दाएँ नथुने के बाजू में तथा तीसरी अंगुली को बाएँ नथुने के बगल में रखें। अंगूठे से दाहिने नथुनें को बंद करें बाएँ नथुने से जल्दी–जल्दी 20 बार श्वास लें। यह क्रिया उदर के फूलने एवं पिचकाने के साथ जल्दी–जल्दी लयबद्ध हो, फिर एक पूरक कर दोनों नथुनों को अुगूठे एवं तृतीय अंगुली से बंद करे लें जालंधर एव मूलबंध या कोई एक का अभ्यास कर क्षमता अनुसार रुककर बंधों को शिथिल कर रेचक करें। दाहिनी ओर से ठीक यही क्रिया दुहराएँ यह एक आवृति है इसी प्रकार तीन आवृति करें।

द्वितीय अवस्था–

पूर्व स्थिति अनुसार बैठकर दोनों हाथों को दोनों घुटनों पर रखें, अब दोनों नासाछिद्रों से एक ही साथ 20 बार लय बद्ध श्वसन करें। दीर्घ पूरक कर श्वास रोकिए जालंधर एवं मूलबंध या कोई एक का अभ्यास करें। क्षमता अनुसार समय पश्चात बंधों को शिथिल कर रेचक करें। इसकी भी तीन आवृति करें।

लाभ– 1. फेफड़े मजबूत बनते हैं। श्वास रोग, क्षय रोग में लाभकारी होता है।

2. गले के सभी प्रकार के जलन एवं पुराने कफ को दूर करता है।
3. जठराग्नि को प्रदीप्तकर पाचन शक्ति बढ़ाता है।
4. मन को स्थिरता एवं शान्ति प्रदान करता है।

विशेष– इस प्राणायाम में फेफड़ों का उपयोग लोहार की धौकनी की तरह होता है।

सावधानी– गर्मी की अधिकता में इसे न करें। दुर्बल प्रकृति के व्यक्ति/बच्चे इसे न करें या धीरे–धीरे करें। बलपूर्वक श्वसन क्रिया न करें। हृदय रोगी व उच्च रक्तचाप वाले इसे न करें या कुशल योग निर्देशक की सलाह पर करें।

कपालभाति प्राणायाम

विधि– इस प्राणायाम का शाब्दिक अर्थ है मस्तिष्क की आभा को बढ़ाने वाली क्रिया। इस प्राणायाम की स्थिति ठीक भस्त्रिका के ही समान होती है परन्तु इस प्राणायाम में मात्र रेचक अर्थात श्वास की शक्ति पूर्वक बाहर छोड़ने में जोर दिया जाता है। श्वास लेने में जोर न देकर छोड़ने में ध्यान केन्द्रित किया जाता है। इस प्राणायाम में पेट के पिचकाने और फुलाने की क्रिया पर जोर दिया जाता है। इस प्राणायाम को यथाशक्ति अधिक से अधिक करें।

लाभ–
1. हृदय, फेफड़े एवं मस्तिष्क के रोग दूर होते हैं।
2. कफ, दमा, श्वास रोगों में लाभदायक है।
3. मोटापा, मधुमेह, कब्ज एवं अम्लपित्त के रोग दूर होते हैं।
4. मस्तिष्क एवं मुखमण्डल का ओज बढ़ता है।

भ्रामरी प्राणायाम्

स्थिति– किसी ध्यान के आसन में बैठें।

विधि– आसन में बैठकर रीढ़ को सीधा कर हाथों को घुटनों पर रखें। तर्जनी को कान के अन्दर डाले। दोनों नाक के नथुनों से श्वास को धीरे–धीरे (ॐ) शब्द का उच्चारण करने के पश्चात् मधुर आवाज में कण्ठ से भौंरे के समान गुंजन करें। नाक से श्वास को धीरे–धीरे बाहर छोड़ दें। पूरा श्वास निकाल देने के पश्चात्

चित्र क्र. 5.5

भ्रमर की मधुर आवाज अपने आप बंद होगी। इस प्राणायाम को 3–5 बार करें।

लाभ–

1. मन की चंचलता दूर होती है एवं मन एकाग्र होता है।
2. उच्च रक्तचाप पर नियंत्रण करता है।
3. हृदय रोग के लिए फायदेमंद है।
4. वाणी तथा स्वर में मधुरता आती है।
5. पेट के विकारों का शमन करती है।

अध्याय – छः

6.1 मुद्राएँ

1. ज्ञानमुद्रा

विधि– किसी भी आसन में बैठकर करें। तर्जनी अँगुली को मोड़कर अंगूठे के मध्य में लगा दें और शेष तीनों अंगुलियों को आपस में मिलाकर सामने की ओर फैला दें। हाथों को घुटने पर रखें। हथेलियों नीचे की ओर रखें। ऐसा करने में ज्ञानमुद्रा बनती है। इस मुद्रा के करने से शरीर में गरिमा शक्ति का विकास होता है। साधक को तीनों गुणों (सतोगुण, रजोगुण, तमोगुण) को वश में करने के लिए इस मुद्रा का उपयोग किया जाता है। सिद्ध योगी इसी मुद्रा में बैठते हैं।

चित्र क्र. 6.1

2. चिन्मुद्रा

विधि– किसी भी आसन में सुख पूर्वक बैठकर अंगूठे से तर्जनी अंगुली को मिलाएँ और सभी अंगुलियों को सीधा रखें हाथ की स्थिति घुटने पर ऊपर की ओर खुला रहे।

चित्र क्र. 6.2

3. ब्रह्माञ्जलि मुद्रा

विधि– किसी भी आसन में बैठकर करें। बाईं हथेली पर दाईं हथेली रखने से अञ्जलि के रूप में ब्रह्माञ्जलि बनती है। इसे नाभि के नीचे आसनबद्ध एड़ियों पर रखा जाता है। इसको करने से अभ्यासी के शरीर के अन्दर हलकापन का विकास होता है। लघिमा शक्ति ब्रह्माञ्जलि मुद्रा को सिद्ध कर लेने से प्राप्त होती है। साधक यदि इस मुद्रा को सिद्ध कर लेते हैं तो उन्हें व्यावहारिक जीवन में भी सफलता प्राप्त होती है।

चित्र क्र. 6.3

6.2 बंध

योग्याभ्यास का यह छोटा परन्तु अत्यन्त महत्वपूर्ण वर्ग है यह अन्तः शारीरिक प्रक्रिया है। इस अभ्यास के द्वारा व्यक्ति शरीर के विभिन्न अंगो तथा नाड़ियों को नियन्त्रित करने में समर्थ होता है। बन्ध का शाब्दिक अर्थ हैं, बाँधना या कड़ा करना। इस अभ्यास के लिए आवश्यक शारीरिक क्रियाओं का वर्णन ही इस वर्ग के अन्तर्गत किया गया है। शरीर के भिन्न– भिन्न अंगो को धीरे से परन्तु शक्तिपूर्वक संकुचित एवं कड़ा किया जाता है। रक्त का जमाव दूर होता है। यह अंग विशेष रूप से सम्बंधित नाड़ियों के कार्यो को नियमित करता है। परिणामतः शारीरिक कार्य एवं स्वास्थ्य में उन्नति होती है।

बन्ध शारीरिक अभ्यास है, परन्तु अभ्यास के सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त विचारों एवं आत्मिक तरंगों में प्रवेश कर ये चक्रों पर सूक्ष्म प्रभाव डालते हैं। सुषुम्ना नाड़ी में प्राण के स्वतंत्र प्रवाह में अवरोध उत्पन्न करने वाली ब्रह्मग्रन्थि, विष्णुग्रन्थि तथा रुद्रग्रन्थि इस अभ्यास से खुल जाती है। इस प्रकार आध्यात्मिक शक्ति उत्पन्न होती है। उच्च अभ्यासी सुषुम्ना नाड़ी की जकड़न का अनुभव कर सकते है। यह आध्यात्मिक शक्ति की उच्च अवस्था को प्राप्त व्यक्ति यह ज्ञात करेंगें कि यह अनुभव ठीक वैसा ही जैसा चक्रों के जागरण के समय होता है

जालन्धर बन्ध

स्थिति – पद्मासन, सिद्धासन या वज्रासन में सीधे बैठ जाइए।

विधि–

1. श्वास को अन्दर भर लीजिए। दोनों हाथ घुटनों पर टिके हों अब ठोड़ी को थोड़ा नीचे झुकाते हुए कण्ठकूप में लगाइए।
2. दृष्टि भ्रूमध्य में स्थित कीजिए। छाती आगे की ओर तनी हुई होगी। यह बंध नाड़ी जाल के समूह को बांधे रखता है।

लाभ –

1. कंठ मधुर एवं सुरीली होती है।
2. गले के सभी रोगों में लाभप्रद है।

चित्र क्र. 6.4

उड्डीयान बन्ध

स्थिति – ध्यान के किसी भी आसन पद्मासन या सिद्धासन में बैठिए।

विधि – 1. घुटने भूमि पर सटा कर रखने का प्रयास करें।

2. हथेलियों को घुटनों पर रखें। श्वास बाहर निकालकर पेट को ढ़ीला छोड़िए जालन्धर बन्ध लगाते हुये छाती को थोड़ा ऊपर की ओर उठाइए।

चित्र क्र. 6.5

3. उदर की मांसपेशियों को अधिक से अधिक ऊपर तथा भीतर की ओर संकुचित कीजिए अर्थात पेट को कमर से लगा दीजिए। यह पूर्णावस्था है।

4. यथाशक्ति करने के पश्चात पुनः श्वास लेकर पूर्ववत दुहराइए। प्रारम्भ में तीन बार करना पर्याप्त है।

मूलबन्ध

स्थिति – पद्मासन या सिद्धासन में बैठ जाइए।

विधि–

1. हथेलियों को घुटनों पर रखिए।
2. नेत्र बन्द रखिए।
3. पूरे शरीर को शिथिल कीजिए।
4. लंबी सांस लीजिए (पूरक) और रोक लीजिए (अंतःकुम्भक)
5. मूलाधार प्रदेश के स्नायुओं में आकुंचन क्रिया करते हुए उन्हें ऊपर की ओर खींच कर रखना। यह अंतःकुम्भक की पूर्णावस्था है।

चित्र क्र. 6.6

6. क्षमतानुसार स्थिर रहिए। तत्पश्चात स्नायुओं को ढीला कीजिए।
7. धीरे–धीरे श्वास छोड़िए (रेचक क्रिया)

लाभ –

1. मूलाधार चक्र की जागृति कर कुण्डलिनी जागरण में सहायक है।
2. कोष्ठबद्धता और बवासीर दूर कर जठराग्नि को तेज करता है।
3. वीर्य को ऊर्ध्वगामी बनाता है।

महाबंध –

जब तीनों बन्ध एक साथ लगाया जाता है तब उसे महाबन्ध या त्रिबन्ध कहते हैं।

6.3 दृष्टि

1. नासाग्रदृष्टि – इसमें दृष्टि नाक के अग्रभाग पर स्थित की जाती है। इसमें पंच तत्वों का दर्शन होता है। आकाश, वायु, अग्नि, पृथ्वी और जल इनके तात्विक रहस्य इसी दृष्टि से प्राप्त होता है।

2. मध्यदृष्टि – इसमें दृष्टि टीका लगाने वाले स्थान पर अर्थात् आज्ञाचक्र पर रखते हैं। इससे प्रकाश या ज्योति का दर्शन होता है।

3. अर्धउन्मीलितदृष्टि – इसमें आधी आँखें खुली हुई और आधी बंद होती है। इसके अभ्यास से शाम्भवी और उन्मनी मुद्राओं की सिद्धि होती है।
(शिव की अधखुली आँखें)

4. समदृष्टि– समदृष्टि में निगाह बिलकुल सामने रहती है तथा आँखें खोलकर स्थिर रखते हैं। त्राटक का अभ्यास करने वालों के लिये यह दृष्टि अधिक उपयोगी है।

5. नेत्र बंद या अन्तःदृष्टि – आँखें सहजरूप से बन्द रखते हैं। ध्यान के लिये सबसे अच्छी है।

6.4 षटकर्मः–

कुंजल क्रिया

आवश्यक सामग्री– गुनगुना जल, ठंडा जल, नमक, जग, गिलास

विधि– उकडू बैठ जाइए। लगभग छः गिलास गुनगुना पानी लीजिए और जितनी जल्दी हो सके, इसे पी लीजिए। खड़े होकर आगे झुकिए। दाहिने हाथ की तर्जनी और मध्यमा को गले में अधिक से अधिक अन्दर डालिए। नाखून छोटे तथा साफ हों। इसके बाद जिह्वा के पिछले भाग पर मध्यमा से दबाव डालिए। इससे वमन होगा और पेट का सम्पूर्ण जल तेजी से बाहर आ

चित्र क्र. 6.7

जाएगा। जल के पूर्णतः निकलते तक जिह्वा पर दबाव डाले रहिए।

समय– प्रतिदिन प्रातः काल शौच निवृति के बाद बिलकुल खाली पेट में यह क्रिया करें।

लाभ– कुंजल से अमाशय में स्थित कफ, पित्त, एवं बिना पचा हुआ अन्न आदि बाहर निकल जाता है। कफ रोग, श्वास, दमा अम्लपित्त, में काफी लाभदायक। सिर में चक्कर आने में भी यह क्रिया लाभदायक है। बाद में इसे सप्ताह में एक बार भी किया जा सकता है।

चित्र क्र. 6.8

सावधानी– अभ्यास के 20 मिनट बाद तक अन्न ग्रहण न करें।

सीमाएँ– दमा, पेट के नासूर, हृदय विकार व हार्निया में निर्देशक से सलाह लेकर करें।

जलनेति

आवश्यक सामग्री– जलनेति पात्र, गुनगुना जल, नमक

विधि– खड़े होकर या कागासन में बैठकर यह क्रिया किया जा सकता है। जलनेति पात्र में हाथ की ऊपरी त्वचा को सहने लायक गुनगुना जल लें। नमक, अश्रुजल के समान नमकीन हो। नेति पात्र के टोंटी को जो श्वास हमारा चल रहा है उसमें या बाईं नासिका छिद्र में डालें। सिर को थोड़ा तिरछा करें। थोड़ी देर के लिये श्वास रोंके बाद में मुँह खोलकर मुँह से श्वास लें। जल का प्रवाह एक नाक से होकर दूसरे नाक छिद्र से बाहर निकालें।

चित्र क्र. 6.9

यह क्रिया स्वाभाविक रुप से होगी। इसमें लोटे की स्थिति, सिर का झुकाव सही हो तथा श्वसन क्रिया मुँह से हो। दोनों नासिका छिद्रों से बारी–बारी क्रिया करें। पश्चात् जल पात्र हटा लें। नासिका को बिलकुल शुष्क करें। दोनों पैरों को पास में लाएँ दोनों हाथ पीछे बांध कर रखें। कमर से सामने की ओर झुके। सिर ऊपर उठा रहे। 30 सेकण्ड तक इस स्थिति में रुकें रहे। झुकी स्थिति में ही नासिका से धौंकनी की तरह श्वसन क्रिया करें।

पुनः सीधे खड़े हो जाएँ। एक नथुना बंद कर खुले नथुने से तीव्र गति से श्वास लें

व छोड़े, इससे नासिका का जल कण बिलकुल निकल जाता है।

लाभ (जलनेति)– यह अभ्यास जुकाम तथा वायु रन्ध्र दोष (sinusitis) के उपचार में मदद करता है। आँख,कान, गले की अनेक बीमारियों जैसे बहरेपन, दृष्टि दोष, गले की कौड़ी का बढ़ना, श्लेष्मा झिल्ली आदि दोषो के निवारण में मदद करता है। मिर्गी या अपस्मार, उन्माद, विक्षेप, अत्यधिक सिरदर्द, अनियंत्रित, क्रोध आदि विकारों पर अच्छा प्रभाव डालता है।

सावधानी– जल का प्रवाह सिर्फ नासिका से हो, गले या मुंह से नहीं। यदि ऐसा है तो सिर की स्थिति हमारी ठीक नहीं हैं।

सीमाएँ– नासिका से रक्तस्राव की दीर्घकालीन बीमारी की अवस्था में योग्य निर्देशक की सलाह पर ही करें।

●●●

अध्याय – सात

स्थूल एवं सूक्ष्म व्यायाम

स्थूल व्यायाम की क्रियाएं–

1. हृदय गति अथवा एंजिन दौड़।
2. सर्वांग पुष्टि
3. उर्ध्वगति
4. उत्कूर्दन
5. रेखागति

1. एंजिन दौड़

स्थिति– समावस्था में खड़े रहें।

विधि– अंगूठा छिपाकर मुठ्ठियाँ बद करें। कोहिनियाँ कमर से सटाएँ। कोहनी से हाथ मोड़कर जमीन से समान्तर सामने की ओर फैलाएँ। करतल भाग एक दूसरे के सामने रखें। श्वास को खींचकर बाएँ पैर को घुटने तक 90^0 के कोण पर उठाएँ। दाहिने हाथ को सामने फैकें। श्वास को छोड़कर दाहिने हाथ और बाएँ पैर पूर्व स्थिति में लाएँ। श्वास को छोडें तुरन्त श्वास खींचकर दाहिना पैर घुटने तक 90^0 के कोण तक उठाएँ बाएँ हाथ को सामने फैकें। श्वास को छोड़कर दाहिना पैर और बायाँ हाथ पूर्व स्थिति में लाएँ। क्रिया को इस प्रकार आठ–दस बार करने के पश्चात् श्वासप्रश्वास के साथ जल्दी–जल्दी अपने स्थान पर दौड़े थकान आने पर क्रिया समाप्त करें।

चित्र क्र. 7.1

लाभ – हाथ व पैरों का दर्द मिटता है। शरीर की स्थूलता कम होती है। सीना जंघाएँ और पिण्डलियाँ पुष्ट बनकर उनका दर्द मिटता है। दौड़ लगाने वाले साधकों के लिए विशेष लाभकारी है। शरीर फुर्तीला और शक्तिशाली बनकर साधक अधिक समय तक काम करने की क्षमता प्राप्त करता है।

2. सर्वांग पुष्टि

स्थिति– दोनों पैरों को फैलाकर खड़े हो।

विधि– दोनों पैरों को फैलाकर सीधे खड़े हो जाएँ। अंगूठा छिपाकर हाथों की मुठ्ठियाँ बन्द करें। दोनों हाथों को नीचे झुकाकर बाएँ टखने के पास बायाँ हाथ नीचे और दाहिना हाथ कलाई के ऊपर स्थापित करें। श्वास को खींचकर धीरे–धीरे दोनों हाथों को नीचे से ऊपर की ओर बाएँ कन्धे के बाजू से सिर तक ले जाएँ और दाहिने टखने की ओर श्वास को छोड़ें। दाहिना हाथ नीचे ओर बायाँ ऊपर रखें। पुनः श्वास खींचकर दोनों हाथों को नीचे से ऊपर दाहिने कन्धे तक लाते हुए सिर के ऊपर तक ले जाएँ। बाईं ओर मुड़ते हुए दोनों हाथों को बाएँ कन्धे से नीचे की ओर बायें टखने तक लाएँ। श्वास को छोड़ें हाथ को बदल बदलकर बायाँ हाथ नीचे और दाहिना हाथ ऊपर रखें। इस प्रकार क्रिया को तीन बार करें।

चित्र क्र. 7.2

लाभ–

1. इस क्रिया के माध्यम से समस्त अंग पुष्ट बनते हैं।
2. शरीर लचीला बनकर साधक का ठिगनापन दूर होता है।
3. क्षय–रोगियों के लिए विशेष लाभकारी है।
4. फेफड़ों के रोग दूर होते हैं।
5. कमर व पीठ का दर्द मिटता है।
6. पाचन क्रिया तीव्र बनती है।
7. शरीर सुन्दर व कांतिवान बनता है।
8. उम्र में प्रथम 20 वर्ष तक साधक की लम्बाई बढ़ती हैं।

3. उर्ध्वगति

स्थिति– समावस्था में खड़े रहें।

विधि– श्वास को खीचतें हुए बाएँ पैर को 90^0 कोण पर ऊपर उठाएँ। बाएँ हाथ को कन्धे के बाजू में फैलाकर कोहिनी से मोड़ते हुए सिर की ओर ऊपर उठाएँ हाथ को सिर के ऊपर ताने हथेलियाँ सामने रखें। श्वास छोड़कर बाएँ पैर को जमीन पर

टिकाएँ। बाएँ हाथ को सिर के ऊपर फैलाएँ श्वास को खींचकर दाहिने पैर की जमीन से 90° अंश कोण पर ऊपर उठाएँ दाहिने हाथ को कन्धे के बाजू में फैलाकर कोहनी से मोड़ते हुए सिर की ओर ले जाएँ। श्वास को छोड़कर दाहिने पैर को जमीन पर टिकाते हुए दाहिने हाथ को सिर के ऊपर फैलाएँ। बाएँ हाथ को बाएँ कन्धे के बाजू में फैलाकर कोहिनी से मोड़ते हुए सिर की ओर ले जाएँ। इस प्रकार क्रिया को धीरे–धीरे 8 से 10 बार करने पश्चात् अपने स्थान पर दौड़ते हुए यथाशक्ति करें। थकान आने पर क्रिया को समाप्त करें।

चित्र क्र. 7.3

लाभ–

1. हाथ और पैर पुष्ट बनते है।
2. फेफड़े के रोग नष्ट होते हैं।
3. शरीर स्थूलता दूर होती है।
4. हाथ और पैर ठन्डे होने की शिकायत दूर होती है।
5. जंघाओं का मोटापा दूर होता है।
6. खिलाड़ी साधकों के लिए विशेष लाभकारी है।

उत्कूर्दन

स्थिति– समावस्था में खड़े रहें।

विधि– अंगूठा छिपाकर दोनों हाथों की मुठ्ठियाँ बन्द करें। दोनों हाथों को कन्धों के सामने जमीन से समानान्तर फैलाएँ। हथेली एक दूसरे के सामने रखें। श्वास को खींचकर दोनों हाथों को सामने से चक्राकार में घुमाते हुए कुहनी से मोड़कर कमर से सटायें। हाथों को जमीन से समानान्तर रखें। श्वास को छोड़ें श्वास को अन्दर खींचते हुए उछलकर दोनों एड़ियों से नितम्ब को ठोकें। श्वास छोड़ते हुए हाथों को कन्धों के सामने फैलाएँ और पैरों को जमीन से टिकाएँ। इस प्रकार क्रिया को पाँच बार करें।

चित्र क्र. 7.4

लाभ–

1. उम्र के प्रथम 20 वर्ष तक साधक की लम्बाई बढ़ती है।

2. कुण्डली जागरण में सहायक है।

3. हाथ और पैर पुष्ट बनते हैं। तथा उनका दर्द मिटता है।

4. नितम्ब व जंघाएँ पतली बनती है।

5. सीना चौड़ा, और पुष्ट बनता है।

6. फेफड़ों के रोग नष्ट होते हैं।

5.रेखागति

स्थिति– 1. समावस्था में खड़े रहे।

विधि– श्वास को खींचकर बाएँ पैर की एड़ी को ऊपर उठाकर बाजू से अर्द्धचक्राकार ले जाते हुए दाहिने पैरे के अंगूठे के आगे रखें। श्वास को खींचकर दाहिने पैर की एड़ी को ऊपर उठाकर बाजू से अर्द्ध चक्राकार घुमाते हुए बाएँ पैर से अंगूठे के आगे रखें श्वास छोड़ें। सामने देखते हुए 10 कदम आगे चलें।

चित्र क्र. 7.5

2. श्वास को खींचकर दाहिने पैर की एड़ी को ऊपर उठाकर दाहिनी ओर अर्द्धचक्राकार में पीछे की ओर से दाहिने अंगूठे को बाईं एड़ी के पीछे खड़ा करें। श्वास छोड़ें एवं पुनः श्वास खींचकर बाएँ पैर की एड़ी को ऊपर उठाकर बाईं ओर अर्द्ध चक्राकार घुमाते हुए बाएँ अंगूठे को दाहिनी एड़ी के पीछे रखें। इस प्रकार 10 कदम पीछे चलें। चलते समय सामने देखें।

लाभ– मन एकाग्र होता है। इसके निरन्तर अभ्यास से पतली रस्सी या तार पर चलने की क्षमता साधक को प्राप्ति होती है। आरक्षक सैनिक और सर्कस में काम करने वाले व्यक्तियों के लिए विशेष लाभकारी है। शरीर सन्तुलित बनकर पुष्ट बनता है।

7.2 यौगिक सूक्ष्म व्यायाम

मानव शरीर की रचना बड़ी विचित्र है। इसक निर्माण में किसी प्रकार की कोई कमी

चित्र क्र. 7.6

नहीं है। इसकी रचना सर्व प्रकार से पूर्ण है। कई अंगों से मिलकर एक दिमाग बनता है जिसे संस्थान कहा गया है। अतः भाग सक्रिय रहे इसके लिए यौगिक सूक्ष्म व्यायाम बहुत उपयोगी है। सूक्ष्म व्यायाम 17 तत्वों को प्रभावित करता है। पाँच प्राण–प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान पाँच कर्मेन्द्रियाँ–हस्त, पाद,वाक्, गुदा, मूत्रेन्द्रिय, पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ चक्षु, नासिका, कान, त्वचा, जिह्वा मन और बुद्धि, इस तरह 17 तत्व प्रभावित होते हैं।

सूक्ष्म व्यायाम के आविष्कारक स्वामी कार्तिकेय एवं लिपिबद्धकर्ता स्वामी धीरेन्द्र ब्रह्मचारी हैं। इसमें 48 क्रियाएँ हैं जिससे समुचित शरीर का व्यायाम हो जाता है।

1. यौगिक सूक्ष्म क्रियाएँ

क्रिया नं. 1 यौगिक प्रार्थना

समावस्था–एड़ी, पंजा अंगूठा मिलाकर सीधे खड़े होकर सामने की ओर देखें हाथों को जंघा से सटाएँ करतल भाग अन्दर की ओर रखें, इसे समावस्था कहते हैं।

विधि– हाथ जोड़कर अंगूठे को गले पर स्थापित करें। भुज बल्लियों से वक्षस्थल को दबाएँ। श्वास को सामान्य रखें मन एकाग्र होने पर हाथों को ढीला छोड़ें, कम से कम आधा मिनिट भगवान् का ध्यान करें।

लाभ–
1. मन की एकाग्रता बढ़ती है।
2. मानसिक शान्ति ओर आत्म साक्षात्कार के लिए लाभकारी है।
3. मनोवहा नाड़ियों पर दबाव होने के कारण मन को संयम में लाया जाता है।
4. मानसिक रोग ठीक होते हैं।

2. उच्चारण स्थल व विशुद्ध चक्र शुद्धि

स्थिति– समावस्था में खड़े होंगे।

विधि– बाएँ हाथ की कनिष्ठिका अनामिका मध्यमा और तर्जनी चारों को गले पर स्थापित करें, करतल भाग अन्दर की ओर रखें, दाहिने हाथ की तर्जनी को बाएँ पर उल्टा स्थापित करें, दोनों हाथों को कन्धों के सीध में रखें, गर्दन को इसी अवस्था में रखते हुए हाथों को बाजू से पूर्व अवस्था में लाएँ। 25 बार सीने के बल श्वासप्रश्वास करें, क्रिया को समाप्त करें ध्यान को विशुद्ध चक्र या कण्ठ पर केन्द्रित करें।

लाभ–
1. कण्ठ की समस्त नाड़ियाँ जहाँ वात पित्त, कफ की मात्राएँ एकत्र हो जाती हैं

इस क्रिया को करने से वे पेट में चली जाती हैं और शब्दों का उच्चारण स्पष्ट होने लगता है।

2. हकलाना और तुतलाना जैसे विकार ठीक होते हैं। कटु स्वर मधुर बनता है।
3. संगीतज्ञों के लिए विशेष लाभकारी है।
4. मस्तिष्क के विचार ठीक होते हैं।
5. विचार शक्ति की वृद्धि होती है।

चित्र क्र. 7.7

3. बुद्धि तथा धृति शक्ति विकासक

स्थिति– समावस्था में खड़े हों।

विधि– गर्दन को धीरे–धीरे ऊपर ले जाएँ। भ्रूमध्य (दोनों भौंए के बीच) में देखें, क्रिया को इस कल्पना के साथ करिए जिसमें दुर्बद्धि हटकर उनका विकास हो, वह तीव्र प्रखर हो, 25 बार श्वास–प्रश्वास सीने के बल करें। ध्यान को शिखा मण्डल या चोटी पर केन्द्रित करें।

चित्र क्र. 7.8

लाभ–
1. शिखा मंडल के रोग दूर करने में सहायक हैं।
2. वृद्धि विकसित होती है।
3. शरीर के इन्द्रियों में शारीरिक व मानसिक क्षमता बढ़ती है।
4. इच्छा शक्ति अथवा संकल्प शक्ति का प्रादुर्भाव होता है।
5. मन्द बुद्धि तीव्र होती है।

4. स्मरण शक्ति विकासक

स्थिति– समावस्था में खड़े रहें।

विधि– पैर के अंगूठे के अन्दाजन 4½ फिट दूरी पर देखें। क्रिया को इस कल्पना के साथ

करें कि हम विस्मरण को दूर कर स्मरण शक्ति तीव्र ओर प्रखर कर रहे हैं तथा उसका विकास कर रहे हैं। 25 बार सीने के बल श्वासप्रश्वास करें।

ध्यान को तालु स्थान पर रखें।

लाभ–

1. तालु स्थान से शिखा मंडल तक के अंगों का हिस्सा कफ विकार से मुक्त होता है।
2. मस्तिष्क की थकान दूर होती है। विस्मृति दूर होती है।
3. विक्षिप्त अवस्था पागलपन ठीक करने में सहायक है।
4. मानसिक शक्ति तीव्र बनती है।

चित्र क्र. 7.9

5. मेधा शक्ति विकासक

स्थिति– समावस्था में खड़े रहें।

विधि– ठुड्डी कण्ठ में लगाएँ, नेत्र बन्द रखें। 25 बार श्वासप्रश्वास सीने के बल करें ध्यान को गर्दन के पीछे गठीले स्थान पर (वीरेवाहा नाड़ी का स्थान है) केन्द्रित करें। क्रिया को समाप्त कर पूर्व स्थिति में आएँ।

लाभ–

1. कण्ठ की ग्रन्थियों की शुद्धि होती है।
2. सहस्त्रार चक्र से निकलने वाला अमृत शरीर को तथा मनको विकसित करने में सहायक है।
3. शरीर से आलस्य, निद्रा जैसे दोष ठीक होते हैं ओर ऊर्जा शक्ति तीव्र बनती है।
4. शरीर के कफ विकार ठीक होते हैं। विस्मरण व बुद्धि मन्दता भी ठीक हो जाते हैं।
5. साधक का शरीर फुर्तीला और आकर्षक बनता है।

चित्र क्र. 7.10

6. नेत्र शक्ति विकासक

स्थिति– समावस्था में खड़े रहें।

विधि– नाक के अग्र भाग को देखते हुए गर्दन को धीरे–धीरे ऊपर की ओर ले जाएँ। टीका, बिन्दी, तिलक लगाने वाले स्थान को लगातार अपलक देखना है, आरम्भ में आधा मिनट देखें, नेत्रों में आँसू आने पर वैसे ही सूखने दें, श्वास को सामान्य रखें धीरे–धीरे सामान्य स्थिति में वापस आएँ। ध्यान नेत्रों पर रखें।

चित्र क्र. 7.11

लाभ–

1. नेत्रों की ज्योति बढ़ती है, आँखों से आँसू आना, कम दिखाई देना आदि विकार नष्ट होते हैं।
2. आकर्षण शक्ति का प्रादुर्भाव होता है, साधक दूसरे व्यक्ति जो प्रभावित करने की क्षमता प्राप्त करता है।
3. त्राटक क्रिया के लिए सहायक है। मन एकाग्र बनाकर चित्त शुद्धि होती है।
4. इसके निरन्तर अभ्यास से और अधिक समय बढ़ाने से चश्मा छूट सकता है।

7. कपोल शक्ति विकासक

स्थिति – समावस्था में खड़े रहें।

विधि – हाथों की अंगुलियों को परस्पर मिलाए अंगूठे से नाक बन्द करें, गर्दन को ऊपर ले जाएँ। मुँह को काक चोंच की तरह बनाएँ जिस तरह सीटी बजाते हैं। इस प्रकार आठ अंक मन में गिनते हुए मुँह से श्वास को अन्दर खींचे तुरन्त मुख को बन्द करें। गालों को फुलाएँ नेत्र बन्द रखें ठुड्डी को कण्ठ में स्थापित करें। 32 अंक तक मन में गिनते हुए श्वास को रोकें–तत्पश्चात् गर्दन सीधी कर अंगूठा हटाकर सोलह अंक तक मन में गिनते हुए नाक से श्वास को बाहर छोडें। श्वास को रोकते समय कनिष्ठका सीने पर रखें। दोनों हाथों को कन्धों के सीध में रखें क्रिया को तीन बार दुहराइए।

चित्र क्र. 7.12

लाभ–

1. साधक दीर्घायु बनता है।
2. प्यास कम होती है।
3. मुख के रोग दूर होते हैं।
4. दाँत मज़बूत और मुँह की दुर्गन्ध दूर होती है।
5. मुख प्रफुल्लित होकर गालों की झुर्रियों, चेहरों के फोड़े, फुन्सियाँ ठीक होते हैं। सौंदर्य प्रसाधनों की आवश्यकता नहीं होती है।
6. सिर दर्द, नेत्र दोष, पेट की गर्मी, बालों का पकना, झड़ना आदि विकार ठीक होते हैं। चेहरे की नस नाड़ियाँ फुर्तीली बनती है।

8. कर्ण शक्ति विकासक

स्थिति – समावस्था में खड़े रहें।

विधि– हाथ के अंगूठे से कान बन्द करें तर्जनी से नेत्र और मध्यमा से नाक को बन्द करें। क्रिया नम्बर सात के समान गर्दन को ऊपर ले जाएँ। आठ अंक तक मुँह से श्वास भरे गालों को फुलाएँ ठुड्डी कण्ठ में लगाएँ। 32 अंक तक मन में गिनते हुए श्वास को रोकें। दोनों हाथों को कन्धों के सीध में रखें। तथा जमीन के समानान्तर रखें। गर्दन को सीधा कर मध्यमा हटाते हुए नाक से 16 अंक में श्वास को बाहर छोड़ें। क्रिया तीन बार करें।

चित्र क्र. 7.12

लाभ–

1. कान से आने वाला मैल,कान का बहना, कम सुनाई देना आदि विकार नष्ट होते हैं।
2. कर्ण रन्ध्र की शक्ति जागृत होती है और वे पुष्ट बनते हैं।
3. कान, नाक आँख और मुँह बन्द करने से सुषुम्ना नाड़ी का मार्ग शुद्ध होता है जिनके कारण विविध प्रकार के नाद सुनाई देते हैं।
4. प्राणायाम के लिए विशेष लाभकारी क्रिया है।

9. ग्रीवा शक्ति विकासक नं. 1 भाग क.

स्थिति – समावस्था में खड़े रहें।

विधि– (क) श्वास खींचते हुए गर्दन को बाएँ कंधे के सीध में ले जाएँ बिना रुके गर्दन को दाहिने ओर लाएँ, श्वास छोड़े दाहिने कंधे से सीध में देखें। क्रिया को इसी तरह 10 बार दोहराएँ।

(ख) श्वास खींचकर गर्दन को नीचे से ऊपर की ओर ले जाएँ। ऊपर देखें, श्वास छोड़कर गर्दन को नीचे, की ओर वापस लाएँ। क्रिया को 10 बार करें।

चित्र क्र. 7.13

चित्र क्र. 7.13.ब

10. ग्रीवा शक्ति विकासक नं. 2

स्थिति– समावस्था में खड़े रहें।

विधि– ठुड्डी कण्ठ में लगाएँ। नेत्र बन्द न करें। श्वास खींचकर रोकें, सिर को बाएँ कंधे की ओर से चक्राकार में घुमाते हुए सामने लाएँ श्वास छोड़ें, पुनः श्वास भरें। चक्राकार में दाहिनी ओर से बाईं ओर सिर को वापस लाएँ। पूर्ण चक्र होने पर श्वास छोड़ें। प्रयास करें कि दोनों समय गर्दन को इतना झुकाएँ कि कान कंधे से स्पर्श करने का प्रयास करें। कंधों को न उठाएँ। क्रिया को तीन बार करें।

चित्र क्र. 7.14

11. ग्रीवा शक्ति विकासक नं. 3

स्थिति– समावस्था में खड़े रहें।

विधि– श्वास छोड़कर पेट पिचकाएँ, श्वास खींचकर पेट फुलाते हुए गले की नसें तानें। क्रिया को 10 बार करें।

क्रिया नं. 9, 10, 11 के लाभ

चित्र क्र. 7.15

1. ग्रीवा के समस्त दोष दूर होते हैं। गर्दन का मोटापा कम होता है।
2. टॉन्सिल, कण्ठमाला आदि रोग ठीक होते हैं।
3. स्वर मधुर व सुरीला बनता है। हकलाहट और तुतलापन जैसे विकार ठीक होते हैं। गर्दन पुष्ट और मजबूत बनती है।

12. स्कन्ध तथा बाहुमूल शक्ति विकासक

स्थिति– समावस्था में खड़े रहें।

विधि– अंगूठा छिपाकर मुठ्ठी बन्द करें क्रिया नं. सात और आठ की तरह गर्दन को ऊपर ले जाएँ काकचोंच बनाएँ आठ अंक मन में गिनने तक मुँह से श्वास को अन्दर खींचे। मुँह को बन्द करके गालों को फुलाएँ ठुड्डी कण्ठ में लगाएँ नेत्रों को बन्द रखें। 32 अंक मन में गिनते हुए कन्धों को ताकत के साथ नीचे ऊपर घुमाए हाथों को कड़ा रखें। कोहनी से हाथ को न मोड़े गर्दन को सीधा कर 16 अंक में नाक से श्वास को बाहर छोड़ें। कन्धों का हिलाना बन्द करें। क्रिया तीन बार दुहराएँ।

चित्र क्र. 7.16

लाभ–

1. कन्धों की हड्डियाँ ओर मांस पेशियाँ शुद्ध बनाकर शक्तिशाली बनती है।
2. कन्धें सुडौल व सुन्दर बनते है। कन्धों का दर्द मिटता है। गर्दन के विकार ठीक होते है।

13. भुजबंध शक्ति विकासक

स्थिति – समावस्था में खड़े रहें।

विधि – अंगूठा छिपाकर मुठ्ठी बन्द करें कोहनी से हाथ को मोड़कर कोहनी से अंगुली तक

का हिस्सा जमीन से समानान्तर रखें। श्वास खींचकर हाथ को कन्धों के सामने फेकें। श्वास छोड़कर हाथों को पूर्व स्थिति में लाएँ। क्रिया को 5 से 10 बार दुहराएँ। हाथों को पूर्व स्थिति में लाएँ।

चित्र क्र. 7.17 चित्र क्र. 7.17.ब

लाभ–
1. भुजाओं व कन्धों का दर्द मिटता है।
2. भुजबन्ध पुष्ट बनते हैं।
3. स्थूल भुजाएँ सन्तुलित बनती हैं।
4. आरक्षक व सैनिक के लिए लाभकारी है।

14. कोहनी शक्ति विकासक

स्थिति– समावस्था में खड़े रहें।

विधि– (क) अंगूठा छिपाकर मुठ्ठी बन्द करें। कोहनियाँ कमर से सटाएँ। करतल भाग आगे व कर पृष्ठ पीछे रखें। श्वास को लेते हुए कोहनी से हाथ को मोड़कर कन्धे तक लाएँ श्वास छोड़कर हाथ को पूर्व स्थिति में ले जाएँ। इस तरह दस बार करें।

चित्र क्र. 7.18 अ चित्र क्र. 7.18 ब चित्र क्र. 7.18 स चित्र क्र. 7.18 द

(ख) हाथ की मुठ्ठियाँ खोलें। अंगुलियाँ सटाएँ। करतल आगे करपृष्ठ पीछे रखें। कोहनियाँ कमर से सटाएँ भाग क के समान विधि को दस बार करें।

लाभ–
1. कोहनी का दर्द मिटता है।
2. हड्डियों के जोड़ पुष्ट बनते हैं।
3. कोहनियाँ सुन्दर व आकर्षक बनती हैं।

15. भुजबल्ली शक्ति विकासक

स्थिति – समावस्था में खड़े रहें।

विधि–
(क) श्वास खींचकर बाएँ हाथ को बांजू से कन्धें के ऊपर ले जाएँ। भुजबन्ध को कान से स्पर्श कराएँ हथेली बाहर की ओर रखें, श्वास छोड़कर स्थिति में लाएँ, क्रिया 10 बार करें।

(ख) श्वास खींचकर दाहिने हाथ को बाजू से कन्धें के ऊपर ले जाएँ, भुजबन्ध कान से स्पर्श करें हथेली का तल भाग बाहर की ओर रखें। श्वास छोड़ते हुए हाथ को नीचे लाएँ। क्रिया दस बारे करें।

(ग) श्वास खींचकर दोनों हाथों को बाजू से कन्धों के ऊपर ले जाएँ, हथेली का तल भाग बाहर की ओर रहे भुजबन्ध कान से स्पर्श करें, श्वास छोड़कर हाथों को पूर्व स्थिति में लाएँ क्रिया को दस बार करें।

चित्र क्र. 7.19

लाभ–
1. भुजाएँ पुष्ट व बलशाली बनती है।
2. कोहनी से कलाई का हिस्सा सन्तुलित बनकर उसके दर्द मिटते हैं, भुजबल्लियाँ शक्तिशाली बनकर हाथों से कार्य करने की क्षमता बढ़ती है।

16. पूर्ण भुजा शक्ति विकासक भाग क

स्थिति– समावस्था में खड़े रहें।

विधि–
(क) अंगूठा छिपाकर बाएँ हाथ की मुठ्ठी बन्द करें, मुठ्ठी खड़ी रखें, हाथ को कन्धे के सामने जमीन के समानान्तर फैलाएँ, हाथ को कड़ा करें, श्वास को कड़ा करें श्वास खींचकर रोके, हाथ को चक्राकार में दस बार ऊपर से नीचे

घुमाएँ, कोहनी से हाथ को मोड़कर श्वास छोड़ते हुए हाथ को समाने फेंके।

भाग (ख) भाग 'क' के समान बाएँ हाथ को नीचे से ऊपर दस बार घुमाएँ, कोहनी से हाथ को मोड़कर श्वास छोड़ते हुए हाथ को सामने फेकें।

चित्र क्र. 7.20 अ चित्र क्र. 7.20 ब

भाग (ग) अंगूठा छिपाकर दाहिने हाथ की मुठ्ठी बन्द करें, कन्धें के सामने हाथ को जमीन से समानान्तर फैलाएँ, श्वास खींचकर रोकें, दाहिने हाथ को चक्राकार में दस बार ऊपर से नीचे घुमाएँ, कोहनी से हाथ मोड़कर श्वास छोड़ते हुए हाथ सामने फेकें क्रिया समाप्त करें।

भाग (घ) भाग ग के समान विधि को नीचेसे ऊपर घुमाते हुए दस बार करें।

(च) अंगूठा छिपाकर मुठ्ठी बन्द करें, दोनों हाथ की कन्धें के सामने जमीन से समानान्तर फैलाएँ, विधि को दस बार भाग क, ख, ग के समान ऊपर से नीचे घुमाकर पूरा करें।

लाभ–
